ORI
954.42
Ran/His
E5883



BOMBAY BRANCH
OF THE
ROYAL ASIATIC SOCIETY.
TOWN HALL, BOMBAY.

Digitized with financial assistance from
Avinash Alegaonkar
on 29 July, 2018

RAJSTHÂN RATNÂKAR

HISTORY OF THE GUHIL PRINCES

OF

RAJPUTANA

PART 1ST.] [No. II.

Compiled by Babu Ram Narayan

UDAIPUR

1913 A. D.

55883

LIBRARY OF THE BOMBAY BRANCH OF THE ROYAL ASIATIC SOCIETY

राजस्थान रत्नाकर

राजपूताने के गुहिलवंशी राज्यों का इतिहास

हिन्दी भाषा में

भाग प्रथम] [तरङ्ग २

बाबू रामनारायण रचित

उदयपुर


संवत् १९७० विक्रमी, सन् १९१३ ईसवी

श्रीहरिश्चन्द्र त्रिवेदी प्रबन्धकर्त्ता के प्रबन्ध से

वैदिक-यन्त्रालय, अजमेर में मुद्रित.

प्रथमवार १००० प्रति } { मूल्य फीप्रति २)

55883



BOMBAY BRANCH OF THE ROYAL ASIATIC SOCIETY

INTRODUCTION.

A *great want* was felt for an ancient and modern history of Rajputana in vernacular. Colonel Tod's Annals and Antiquities of Rajsthan are full of valuable material, but his narrative of early events is brief and not so accurate as can be expected, and almost all the authors have compiled their works from the main source of Colonel Tod's history and not adopted any independent line. A long time ago I had compiled a brief history of Rajputana and of the various Rajput tribes, chiefly based on the latest researches. On account of its being a voluminous work it could not be printed out all at once, consequently I made up my mind to have it published in parts, and my First volume appeared in the year 1909 A. D. This is the Second which I humbly put before the public. Though I do not say that this work of mine can be considered as sufficient from the historical point of view, yet it will render some assistance to the students of history in solving many complex problems in the history of the Guhil princes of Meywar. I hope my errors, if there be any, will be forgiven and corrected by generous-minded readers.

The history of the Guhil dynasty is very interesting and instructive, not only owing to its antiquity but also to its chivalric events. In greatness, in the spirit of manly independence, in invincible patriotism and courage, the Guhil Kings of Meywar were model Hindu princes. They cheerfully bore privations and patiently endured all afflictions, nay even death, to save their country and creed from the hands of their opponents the Muslim conquerors rather than submit to them. The secret of success of the Guhil princes of Meywar chiefly

lies in their motto—'जो दृढ़ रक्खे धर्म को, तिहिं रक्खे करतार' Heaven preserves him who adheres steadfastly to his faith. Hundreds of powerful kingdoms flourished, decayed and died in the past two thousand years, but the Ranas of Meywar are still holding their sway over the same part of the country which their ancestors conquered about 1300 years ago.

Although to find out an entirely authentic and systematic history of such an ancient dynasty is a hopeless task, yet whatever has been written in this book is not merely on the support of the family traditions, but so far as possible, every effort has been made to corroborate those traditions with ancient inscriptions of the house discovered upto date, and old Persian histories and other works available. It is evident that the old traditions are not altogether without foundation but there is truth in them to a limited extent.

A brief investigation into the etymology of the name of Meywar will not be out of place here. What was the oldest name of this part of Rajputana cannot be told with certainty but the discovery of ancient coins, and an old Stupa in Nagri, the oldest village in India about seven miles to the east of Chitorgarh, help us to form an idea that in the time of the great Hindu emperor Maharaja Ashoka, the grandson of Chandra Gupta Maurya, that village was the capital of the country or province of Sivi or Sibi, which stretched to the border of Maru to the north, and Malwa to the east. The name of its capital was Majhamika (Madhyamika). Many of the coins found there by Mr. Carlleyle bear the legend 'मझमिकाय सिबिजनपदस' (Majhamika of Sibi province). The Jain writers have also mentioned the name Majhamika, and it is also to be found in the Great Commentary (महाभाष्य) of Patanjali. In Vrihat Sanhita of Barahmihar, the well-known Hindu astronomer of the 5th century, Saivya are mentioned as a nation or people. It is said that Chatarang Mori, the king of Majha

mika, build the fort of Chitorgarh. Other coins found in the vicinity bear the legend 'मालवानांजय' (triumph to Malwas). An old book Baisantar Jatak of the Baudh religion describes that Sand the father of Baisantar was the king of Sibi country and his capital was Jaitur. This Jaitur may be the old name of Chitor, as the Arab writers of the 8th century also mention Jitur or Jayatur.* Sibi, afterwards known as Siwalik (I think on account of its containing $1\frac{1}{4}$ lacs of villages, there may be some exaggeration in it), contained the districts of Mandor, Nagor and Hansi Hisar &c. &c. The Greek king Eukratidas, the successor of Minander or Malind invaded Majhamika in second century B. C.

The Scythians or Saks and Kushans from the north-west invaded India and ousting the Greeks and many Hindu kings in the North India, spread themselves far and wide into the country. Among these Scythians there was a tribe of Meds whose original home may be Media a province of Persia, and they might have migrated to India in the 3rd or 4th centuary. So far as the discovery goes the Meds were none other than the Mews or Mers of present age who settled down in Sindh, Saurashtra, Gujrat, Malwa and in parts of Rajputana. The Minas may be an offshoot of the Meds.† After the name of the Meds the country was called Medpat or Meywar (the abode of Mews or Meds). The old Arab writers called Meds by the name Mand, and I think the name Mandor was given in consequence of being the city of Mands. I cannot say exactly whether the Meds were under the subjection of the Maurya kings of Malwa, but it can safely be avowed that Guhadatta and Bāpā the founders of Guhil dynasty must have conquered the country from Mews as well as from Mauryas. Accord-

* Archiological Survey of India vol. VI. page 196.

† Sir H. Elliot's History of India vol. I Appendix page 519.

ing to Alberuni the country was called Meywar in the beginning of the 11th century.

As regards the lineage of Guhadatta, the founder of the dynasty, I think, Colonel Tod has rightly traced him out to be a member of the royal family of Balabhipur in Saurashtra, and a Khshatriya prince of the solar race (सूर्य्यवंश). A family priest rendered assistance, saved the life of an infant prince from his enemies, and made him known as his own son, hence Bāpā and his descendants were also understood to be Brahmins, as Abulfazla the famous historian and minister of Emperor Akbar observes. It is probable that further discoveries may throw more light in confirming the above views.

Guhadatta and his sons ruled over some parts of Bhumat. Shiladitya, fourth in generation, conquered a large portion of the territory from Meds, and was also recognised as a Diwan or deputy to god Siva by the holy sage Harit of Pashupatya sect, who was an influential high priest at that time. This Shiladitya, also called Bappa or Bapa, flourished in 703 Vikram era or 646 A. D. as known from his inscription discovered in Bhumat. The earliest capital of the Guhils was Nagda, now a village near the shrine of Eklingji where many ruins of old temples are still to be seen.

The tradition goes that Asaditya the father of Kalbhoj and grandson of Siladitya founded the town of Aghatpur or Ahar, now a village about a mile to the east of Udaipur. Like Bhagirath, Asaditya devoted himself to the worship of Mother Ganges, who being pleased with his devotion appeared in a dream to the prince and granted him the boon of her making an appearance near the town Ahar. Next morning a stream was seen flowing at the place and since that time it has become a sacred locality bearing the name Gangodbhaw. An old

inscription of Bhartri Bhat II of the year 1000 Vikram era or 943 A. D. bears testimony that Gangodbhaw was held a sacred place of pilgrimage in his time. This Asaditya could be no other but the Mahendra of the inscriptions whose date can sefely be assigned at nearly 683 A. D. Either Mahendra or his son or grandson might have constructed a pond where the sacred stream was flowing which now bears the name of गंधर्वसेन का कुण्ड (the pond of Gandarwasen). For the town of Ahar the people say that its old name was Tambawati Nagri, but I think, owing to their ignorance of the fact, they had adopted this name which is given to many other old cities too; ancient inscriptions of the middle of the 10th century make its mention by the name of Aghatpur.

Bhartri Bhat I the great grandson of Mahendra was ruling at the end of the 8th century. Some of his descendants settled in Chatsu a town in Jaipur State. Chatsu is also known by the name of Tambawati Nagri.* Bhatewar, a village 20 miles east of Udaipur, was also founded either by this Bhartri Bhat or Bhartri Bhat the Second. The name of Bhartrihari of Ujjain is associated with both of the above places. If we direct our attention towards the cause of the error we can see that people forgot the Guhil prince Bhartri Bhat, and the books of बैताल पच्चीसी, भर्तृहरि निर्वेदनाटक and others of later oirgin spread the name and fame of the Bhartrihari of Ujjain the supposed son of Gandharwasen so much, that wherever they met with the name of Bhartrihari, they jumped to the conclusion that he was no other but the Bhartrihari of Ujjain. I think, the same erroneous ideas may have found their way into people's minds in the case of Bhartrihari Shatak a well-nown poem in the Sanskrit language, it is also considered to be a work from the pen of Bhartrihari of Ujjain, although in the poem itself the author has not revealed his name. In all probability the Shataks

* Archiological Survey of India Report vol. VI page 116.

are a collection from the older poets or the author might have changed the sentiments of others into his own style. We do not find any of the stanza in the Shataks quoted in the works composed before the 8th century under the name of Bhartrihari. But in सुवृत्तितिलक, दशरूपावलोक, शार्ङ्गधरपद्धति, सुभाषितावली, ध्वन्यालोक, अलंकारशेखर, काव्यप्रकाश, कुवलयानन्द, सरस्वतीकण्ठाभरण, &c., &c., we find the stanzas from the Shataks quoted under the name of Bhartrihari as well as anonymously. All the above-mentioned works have been composed after the 9th century, and the author of the Shataks may have lived about a hundred years or so before them. That time quite agrees with the time of Guhil Bhartrihari and not with that of Bhartrihari of Ujjain who is supposed to have lived in 57 B. C. Dr. Peterson, M. Regnaud, Professor Wilson, and other European Sanskrit scholars also designate the same date to the Shataks. Under these circumstances why may not the Guhil Rajrishi Bhartrihari be considered the compiler of the said poem? The early Guhil princes were well-versed in Sanskrit, and no doubt Guhil Bhartrihari was a devotee to god Siva and a disciple of the Nath Yogis. He might have renounced or abdicated his throne in favour of his son or brother and may have become a mendicant according to a custom much in vogue in former times.

By this time the Guhil princes of Meywar were strong enough to protect themselves from the attacks of the neighbouring rulers of Chauhan, Parmar and Rathour tribes. Their descendants founded many petty principalities in different parts of Rajputana, as mentioned in Rawal Samar Singh's inscription of Vikram Sambat 1331 (1274 A. D.) "ब्रूमहे गुहिलवंशमपारशाखं" (there are innumerable branches of the Guhil dynasty). Prince Allat or his father Bhartrihari the Second may have transferred the seat of government from Nagda to Aghatpur, in the middle of the 10th century, which continued to be the capital fo

about 300 years and hence the Guhilots are called Ahariyas. No particular cause of this change can be imagined except this, that Aghatpur might have been considered a healthier and safer place than Nagda.

The Chauhans of Ajmer and Nadol were the powerful enemies of the Guhils of Meywar, and a constant hostility was going on between them. One of the Guhil princes named Ambaprasad was killed by a Chauhan prince of Ajmer. Although this hostility ceased for a time when there were mutual matrimonial alliances, but among Rajputs the keen desire for land conquest is a temptation strong enough to shuffle off all guarantee for peace by such relations. Nearly at the end of the 12th century the Chauhans of Nadol seized the territories of the Guhils in the reign of Guhil prince Samant Singh, but Samant Singh's son Kumar-Singh reconquered it with the assistance of the Solanki king of Gujrat.

At the same time some family dispute arose among the Guhils, and Ran Singh or Karna Singh, the elder son of prince Vikram Singh, was not installed to the Gaddi, but his younger brother Mahan Singh's son Khshem Singh succeeded his grandfather. Although the Ekling Mahatmya and the inscriptions of Rana Kumbh Karna describe Ran Singh as a prince of Meywar but his name is not to be found in the geneology given in the inscription of Rawal Samar Singh who ruled about a century after Ran Singh. Ran Singh had two sons, Mahap and Rahap. Mahap was the founder of the Dungarpur family, and Rahap was that of the Rana family of Sisoda, a village near Kumbhal Garh; his descendants were called "Sisodiyas", the present ruling princes of Meywar.

Maharajadhiraj Jaitra Singh, who sat on the Gaddi of Aghatpur in 1213 A. D., was an enterprising, gallant, and prudent prince. The

Chauhans of Nadol and Ajmer and the Solankis of Gujrat received a crushing defeat at the hands of Sultan Shahabuddin Gori and his general Qutbuddin Aibak. Jaitra Singh welcomed the opportunity, destroyed Nadol and seized the fort of Chitorgarh which was in the possession of the Solanki kings of Gujrat, who captured it from the Parmar kings of Malwa about the middle of the 12th century. In or about the year 1243 A. D. the seat of government was transferred from Aghatpur to Chitorgarh. Sixty years later Sultan Alauddin Khilji of Dehli invaded Chitorgarh which was taken after a long seige, and Rawal Ratna Singh and his gallant Rajputs gave away their lives in defending the fort. That time Rana Lakhamsi of Sisoda came to Chitor in aid of Rawal Ratna Singh and fell in battle with his seven sons. As Ratna Singh had no male issue to succeed him, therefore Ari Singh the youngest son of Rana Lakhamsi was seated on the throne of Chitorgarh. He also sacrificed his life fighting against the Muslim army. For about 35 years Chitorgarh was in the hands of the kings of Dehli and about the middle of the 14th century it was reconquered by Rana Hamir the son of Rana Ari Singh.

From Rana Hamir the power of the rulers of Chitorgarh began to rise and the Ranas of Chitor were looked upon as the paramount Hindu power in this part of India. Rana Kumbh Karna was the most valliant, powerful, and enlightened prince who fought many battles with the Mohamadan kings of Dehli, Gujrat, and Malwa, and defeated them on several occasions. The supremacy of the Ranas of Meywar was acknowledged by almost all the Hindu Rajas of Rajputana, Malwa, and Gujrat. Rana Sanga was another brave son of Meywar who in the hope of gaining sovereignity of Delhi, called Emperor Babar to arms and faced him with an army of two hundred thousand cavalry. Unfortunately the day was lost and the Rana died soon after his defeat.

This loss of battle was a severe blow to the progress of Meywar. Although the Rajput army was much more numerous than the Mugal forces and not a whit behind in courage, the excellent military discipline and formidable artillery of the enemy more than counterbalanced the superiority in number and ultimately decided the day against the Rana. At the same time the breach of union between Rana Ratna-Singh and his younger brother Vikrmaditya for the throne of Chitor; the invasion and capture of the capital by Bahadur Shah Gujrati; and ultimately the conquest of the country by Emperor Akbar and the partitioning policy adopted by him loosened the well-twisted cord of loyalty of the nobles and knights of Meywar; were successive blows struck to uproot the strength of the Ranas. Instead of making a common cause and national unity against a foreign foe, the princes of Rajsthan took the bait and became subject to humiliation thereby. However Rana Pratap Singh fought bravely for his independence. In spite of making several attacks, and by the capture of Chitorgarh, Akbar the Great could not bring the Ranas under his subjugation. Emperor Jahangir at last subdued them, and Rana Amar Singh made peace with the Emperor but on honorable terms. Emperor Aurangzeb again invaded Meywar, Rana Raj Singh made a gallant stand, but at last his son Jai Singh contracted a treaty with the Emperor. This last prolonged trial of the arms of Meywar made the country so weak that afterwards it fell an easy prey to the attacks and incursions of the Marhattas. They plundered the country mercilessly, robbed the Ranas of their power and property, and changed the fruitful land into a desert. Depredations of those marauders totally reduced the strength and spirit of Meywar. Many of her districts were conveyed to Holkar and Sindhiya as security for the payment of money on the condition that as soon as the promised sum would be realised from the income of the pledged districts, they would be restored to Meywar, but it has not been done so up-to-date.

The friendly intervention of the British Government by means of a treaty concluded in 1818 with the Honorable English East India Company saved the sinking country from the clutches of cruel Pathans and crafty Marhattas, and the kindly assistance and security afforded by the just, benign, and the most powerful British Raj, brought peace and prosperity all over the country and security for life or property was firmly established than ever before. Surely the continuous warfare and prolonged hostilities afforded no considerable opportunities to the Guhil princes to divert their attention to the work of reform or the culture of arts and sciences. But happily those troublous and gloomy times have long rolled by, and peace and tranquility are reigning supreme in the land. If the leading princes warmly embrace the golden opportunity of this golden age and devote themselves to the physical, moral, social, and intellectual culture of themselves and their subjects, it will not only make up the loss, due to external and irresistible causes, sustained in the past, but will secure a place for them among the leading nations of the globe as regards civilization, power, and prestige.

A brief history of Dungarpur, Banswara, and Pratapgarh States has also been given. With regard to the lineage of the Rawals of Dungarpur it is generally believed that they are lineally descended from the princes of Chitorgarh, but certain assertions to the contrary as shown in the book do not fail to cast a ray of doubt over the truth of the general belief.

The manners and customs of the Guhil House and their older administrative systems have been adequately and admirably described by Colonel Tod in his "Rajsthan" and no further repetition of them was deemed desirable.

Udaipur,
24th September 1913 A.D.

D. RAM NARAYAN.

* प्रस्तावना *

जगद्विख्यात शूरशिरोमणि हिन्दूपति गुहिलवंशावतंश श्रीमन्मेदपाटेश्वरों के नाम और यश को कौन नहीं जानता है. यह उसी राजवंश के रत्नाकररूपी इतिहास का दूसरा तरङ्ग है. इसके इतने विलम्ब से निकलने का कारण मैं पहिले प्रस्ताव में प्रकाशित कर चुका हूं कि आगे के अङ्कों का समय पर प्रकट होना हिन्दी भाषा के प्रेमियों की रुचिपर निर्भर है. यद्यपि प्रथम अङ्क की भूमिका में मैंने इन तरङ्गों के प्रकट होने का क्रम कुछ भिन्न रक्खा था, परन्तु क्योंकि सूर्य्यवंश के संक्षिप्त प्राचीन इतिहास का प्रवेश प्रथम अङ्क में होजाने से यही उचित समझा गया कि राजस्थान रत्नाकर के प्रथम भाग में राजपूताने के उन राज्यवंशों का इतिहास भी साथ ही दे दिया जावे, जो सूर्य्यवंशी प्रसिद्ध हैं.

आजकल प्रायः ऐसी कल्पना कर लेते हैं कि भारत में पहिले क्रमवार इतिहास लिखने की प्रणाली नहीं थी. भारतीय विद्यार्थियों का अन्य धर्म व अन्य जाति के सभ्यों से लिखे हुए अपने देश के इतिहासों को विद्यालयों व कालेजों में पढ़ने से ऐसा ध्यान बंधना, और तदनुसार कतिपय देशी विद्वानों का भी भारत के कई देशी राज्यों के प्राचीन इतिहास का अन्धकार में होना बतला कर प्रचलित प्राचीन रिवायतों को निरी निर्मूल समझ लेना कोई आश्चर्य्य की बात नहीं है. मैं अपने प्रथम तरङ्ग की अंगरेज़ी भूमिका में लिख चुका हूं कि भारत के राज्यों में ऐतिहासिक वृत्त लिखे जाने की प्रथा पहिले थी परन्तु जब से मुसल्मानों का उपद्रव आरम्भ हुआ रात दिन के लड़ाई झगड़ों से राजा लोगों का ध्यान इधर न रह सका, संस्कृत विद्या का अभावसा होता रहा, पुस्तकें प्रायः नष्ट हो गईं, इसलिये वे इतिहास सूक्ष्मरूप से काव्यों व प्राचीन रिवायतों में रह गये, और पिछले इतिहास लिखने वालों की अज्ञानता से उन रिवायतों में कई ऐसे फेर फार हो जाना ही उन की सत्यता में सन्देह उत्पन्न कराने का कारण हुआ. हिन्दीभाषा में हमारे देश के इतिहाससम्बन्धी बहुत ही थोड़े ग्रन्थ प्रकाशित हुए हैं, और महाभारत रामायण पुराणादि प्राचीन ग्रन्थों में बहुत कुछ प्रक्षिप्त अंश के प्रवेश होजाने, और उनमें वर्णन कीहुई कई आलङ्कारिक कथाओं के अर्थ वेद वेदाङ्ग के आशय से भिन्न समझे जाने वा कवियों ने प्राकृतिक दृश्यों को सरल रीति से समझाने के वास्ते रूपक बांध कर जो कथायें लिखीं उनको सत्य मान बैठने ही से हमारे इतिहास की यह दशा हुई अतः भारतीय विद्वानों का ध्यान इस तर्फ आकर्षित होकर उन कल्पित कथाओं का स्पष्टार्थ बतलाना और ऐतिहासिक वृत्तों को उनसे पृथक् करने का श्रम करना भारतीय इतिहास का गौरव बढ़ाने के लिये परम आवश्यक व उपयोगी है.

इस पुस्तक में चवदवीं शताब्दी के मध्य तक का इतिहास लिखने में मुख्य साधन प्राचीन शिलालेख दानपत्रादि ही हैं; उसके पीछे बीच के वृत्त, अर्थात् १४ वीं से १७ वीं शताब्दी के मध्य तक, समय २ पर लिखे हुए शिलालेखों, फारसी तवारीख़ों, और मूंता नैणसी की ख्यात आदि के आधार पर लिखे गये हैं; १८ वीं शताब्दी के मध्य तक का वृत्तान्त प्रायः कर्नल् टॉड के राजस्थान, और कविराज सूरजमल मिश्रण कृत वंश-भास्कर से लिया है; और अन्तिम भाग का मुख्य आधार ऐचीसन्स ट्रीटीज व गवर्नमेण्ट ऐड्मिनिस्ट्रेटिव् रिपोर्ट्स् आदि पर है. अन्त में मेरे जिन मित्रों से मुझे इस पुस्तक के लिखने में सहायता मिली उन सब का मैं सविनय धन्यवाद मानता हूं.



विषयसूची.

	पृष्ठाङ्क.
प्रकरण पहिला–मेवाड़ राज्य—	
भूगोल, गढ़, झीलादि	१–१०
उदयपुर नगर, धुलेव, एकलिङ्गजी, नाथद्वारा	१०–१४
मनुष्यगणना, भील मीने, सिक्का, आय व सेना	१६–१८
प्रकरण दूसरा—	
राजवंश	१८–३०
गुहदत्त (गुहिलवंश का उत्पादक) व बापा	३०–३६
अपराजित से जैत्रसिंह तक	३६–४३
जैत्रसिंह से रावल रत्नसिंह तक	४३–५३
पश्चादवलोकन	५३–५६
प्रकरण तीसरा—	
सीसोदे की शाखा	५७–६७
प्रकरण चौथा —	
राणा हमीर से मोकलजी तक	६७–७६
राणा कुम्भकर्ण या कुम्भाजी	७६–८५
राणा रायमल्ल व सङ्गामसिंह या सांगाजी ...	८५–१०१
राणा रत्नसिंह, विक्रमादित्य, उदयसिंह, प्रतापसिंह व पश्चादवलोकन	१०२–१३२
प्रकरण पांचवां—	
राणा अमरसिंह, कर्णसिंह, जगत्सिंह, राजसिंह ...	१३३–१५३
राणा जयसिंह, अमरसिंह दूसरा, सङ्गामसिंह, जगत्सिंह दूसरा...	१५३–१६५
राणा प्रतापसिंह दूसरा, राजसिंह दूसरा, अर्सीजी, हमीरसिंह ...	१६५–१७०
महाराणा भीमसिंह व पश्चादवलोकन	१७०–१७८
प्रकरण छठा—	
महाराणा जवानसिंह, सर्दारसिंह, स्वरूपसिंह, शम्भूसिंह, सज्जनसिंह	१७९–१९१
महाराजाधिराज महाराणाजी श्री सर फतहसिंहजी ...	१९२–१९९
वंशावली	२००–२०२
प्रकरण सातवां—	
राज्य मेवाड़ के अव्वल दर्जे के सर्दार ...	२०३–२२९
प्रकरण आठवां—	
शाहपुरा, बनेड़ा, बाघोर, शिवरती, करजाली ...	२३०–२४०
प्रकरण नवम—डुंगरपुर राज्य	२४१–२५६
प्रकरण दशम—बांसवाड़ा राज्य	२५७–२६६
प्रकरण एकादश—	
प्रतापगढ़ राज्य	२६७–२७९
शेष संग्रह	

ओ३म्

मेवाड़ राज्य का इतिहास.

(प्रकरण पहिला)

भूगोल

मेदपाट या मेवाड़ यह नाम इस देश का पहले यहां मेवजाति के बसने से पड़ा है. सन् ईसवी की ग्यारहवीं सदी के फारसी मुवर्रेख़ अबूरीहान अलबेरूनी ने भी इस देश का नाम मेवाड़ ही लिखा है *.

भारतवर्ष के सर्व राज्यों में मेवाड़ का राज्य सबसे अधिक प्राचीन और प्रतिष्ठित है जो हाल में २३ अंश ४६ कला से २५ अंश ५६ कला उत्तर अक्षांश और ७३ अंश १ कला से ७५ अंश ४६ कला पूर्व देशान्तर के दर्मियान पूर्वोत्तर कोण से पश्चिम दक्षिण कोण तक क़रीब १८६ मील लम्बा और पश्चिमोत्तर कोण से पूर्व दक्षिण कोण तक क़रीब ११२ मील चौड़ा है.

---

* मेववाड़ या मेवों का स्थान, मेद या मेव क़ौम उत्तरी हिन्दुस्तान से आई हुई अनार्य्य क़ौमों में से है. संस्कृत कोषों में उन को म्लेच्छ और महाभारत में ऐरावत कुल के नागवंशी लिखा है. मेवात और मेवल के प्रदेश अब भी मेवों के नाम से मशहूर है, मगर अब वे लोग मुसलमान हो गये हैं. जनरल कन्निंघाम लिखते हैं कि "मेव अपने को राजपूत बतलाते और कहते हैं कि भड़ोच के शहीदसालार ने हम को मुसलमान बनाये. उनमें १२ शाखा हैं—५ यादव, ५ तँवर, १ कछवाहा, १ बड़गूजर" (आर्कियालाजिकल् सर्वे रिपोर्ट २० सफा २२).

मेवाड़ का संस्कृत नाम मेदपाट पुराने लेखों में मिलता जिस का अर्थ भी मेवों का देश है.

उत्तरी सीमा अजमेर मेरवाड़े का अङ्गरेज़ी इलाक़ा; पूर्वमें कोटा बूंदी के राज्य, सेंधिया के परगने जावद नीमच और टोंक का परगना नींबाहेड़ा * और प्रतापगढ़ का राज्य है; दक्षिण में बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ के राज्य; दक्षिण पश्चिम में मही-कांठे का इलाक़ा और पश्चिम में अर्बली पहाड़ मेवाड़ को मारवाड़ से जुदा करता है. कोटे का राज भैंसरोड़गढ़ के पास सिर्फ एक नोकपर मिलता जिसके दक्षिण में रामपुरे का पर्गना है जो अब हुलकर के अधिकार में है. दक्षिण पूर्व में कई राज्यों के इलाके मिलते हैं. टोंक व ग्वालियर व इन्दोर के राज्यों के कुछ विभाग मेवाड़ राज्य से चारों तर्फ घिरे हुए हैं. ऐसे ही मेवाड़ का पर्गना पालसोड़ा नीमच से १२ मील दक्षिण पूर्व ग़ैर इलाक़ों से घिरा है.

मेवाड़ राज्य का रक़बा १२६६१ मील मुरब्बा है, जिसमें ½ ज़मीन पोवल है. आब-पाशी प्रायः कूवों से होती है. तालाब इस राज्य में छोटे बड़े क़रीब १०० हैं परन्तु उनसे सिंचाई बहुत कम होती है.

इस प्रदेश का उत्तरी व पूर्वी भाग खुला हुआ मैदान और उपजाऊ है, परन्तु दक्षिण पश्चिम बहुतसी पहाड़ियों और घने जङ्गल झाड़ियों से आच्छादित है, बीच बीच में जगह २ खेती के लायक ज़मीन और चरागाहें आगई हैं. दक्षिण में डूंगरपुर की हद्द से लेकर पश्चिम में सिरोही की सीमातक सारा प्रदेश पहाड़ी होने के कारण मगरा कहलाता है. इस हिस्से में बस्ती बहुधा जङ्गली भीलों की है जो एक जगह गांव या शहर बसाकर नहीं रहते, किन्तु दूर दूर पहाड़ियों के ढाल या चोटी पर झोंपड़े बांधकर बसते हैं. इनके गांव "पाल" कहलाते जो संस्कृत शब्द पल्ली का प्राकृत रूप है. इन पहाड़ी हिस्सों में बहुधा स्थान सजल होने से वहां साग, हलदू, सीसम आदि क़ीमती काठ के दरख़्त हैं, परन्तु विशेष कर बड़, बेर, बंवूल, ढाक, गूलर, खैर, खेजड़ा, जामन, आम, महुवा, नीम, पीपल, सालर, सिरस और इमली के पेड़ होते हैं. यदि जङ्गलों का बाक़ायदा बन्दोबस्त होकर उपरोक्त काठ की किस्म सुधारी जावे और तुन, महागनी, चन्दनादि दूसरे उम्दा पेड़ लगाने की कोशिश कीजावे तो उस हिस्से की आमदनी में इज़ाफा होना मुमकिन है. अभी कुल जंगल क़रीब ४६०० मील मुरब्बा में है इसमें जहां रखत है वह प्रायः शिकार के या राज्य के ख़र्च को घास, लकड़ी के वास्ते काम में आता, बाक़ी हिस्सा सब के लिये खुला हुआ है उसमें अकसर गर्मी के दिनों में आग भी लगा करती है.

* दरअसल ये पर्गने मेवाड़ राज्य के हैं जो सेंधिया व हुल्कर को बतौर रहन सौंप गये थे.

मेवाड़ का राज छोटे मोटे १५ ज़िलों में बँटा हुआ है जहां एक एक हाकिम रहता और उन ज़िलों के मातहत छोटे छोटे पर्गनों में नायबहाकिम व थानेदार रहते हैं. ज़िला हाकिम को दीवानी, फौजदारी और माल के इख्तियारात हासिल होते और वही फैसला देनेवाला और वही तामील करानेवाला होता है. इन ज़िलों में से दस में तो पैमायश होकर मालगुज़ारी का पक्का बन्दोबस्त होगया बाक़ी में पुराने ढंग पर कच्ची तहसील से लाटा कूंता होता है.

पैमाइशी ज़िले:—

१ गिरिवा*—इसके ताल्लुक़ तीन छोटे पर्गने हैं—ऊंटाला, लसाड़िया और माहोली.

२ छोटी सादड़ी—इस में करजू और पालसोड़ा दो पर्गने.

३ कपासण—इसमें जासमा और आकोला के पर्गने हैं.

४ चित्तोड़—इसमें नगावली और कणेरा के पर्गने.

५ रासमी—गलूंड का एक पर्गना है.

६ भीलवाड़ा—इसके ताल्लुक़ पुर व मांडल के पर्गने.

७ सहाड़ा—इसमें रायपुर, रेलमगरा और हुरड़ा के पर्गने हैं.

८ मांडलगढ़—कोटड़ी का एक पर्गना है.

९ जहाज़पुर—इसमें कूवाखेड़ा और रूपान के पर्गने हैं.

१० राजनगर.

कच्ची तहसील के ज़िले सायरा, कुम्भलगढ़, खमनोर, मगरा और बाघोर हैं. यदि मेवाड़ का राज्य १३॥ हिस्सों में बांटा जावे तो उनमें से खालसा ३॥, जागीर ७, भूम और शासन के २ भाग समझना चाहिये.

पहाड़—अर्बली पहाड़ का सिलसिला मेरवाड़े व दीवेर के पास मेवाड़ में दाख़िल होकर दक्षिण व दक्षिण पश्चिम की तर्फ फैला है. ये पहाड़ प्रायः सजल और घास पात

* गिरिवा (गिरिवाह) के दो विभाग हैं अन्दरूनी व बेरूनी. देवारी के पहाड़ी सिलसिले के भीतर का भाग अन्दरूनी और बाहर का बेरूनी गिरिवा कहलाता है. अन्दरूनी गिरिवा में कच्ची तहसील है.

व पेड़ों से ढँके हैं जिनमें शेर, साँभर, रोझ, चीते, हरिण और सूवर वग़ैरह वनपशु रहते हैं. पूर्व में चित्तोड़ से आगे पथार की पर्वतश्रेणी शुरू होकर हाड़ोती में चलीगई है.

खान से निकलनेवाली चीज़ें—मांडलगढ़ पर्गने में बीगोद गांव के पास लोहा निकलता, जावर गांव में पहिले जस्ते व चांदी की खानें थीं, कहीं कहीं तांबा भी मिलता है. भीलवाड़े के पास अरणी, दरीबा और पुर में लाल तामड़े की खानें हैं. चित्तोड़ ज़िले में सीरोड़ी गांव के पास मादलदे की खान का काला पत्थर अच्छा साफ और मज़बूत होता है. राजनगर में सङ्गमर्मर की क़िस्म का सफेद पत्थर निकलता, परन्तु वह मकराने के मुवाफ़िक मुलायम और सफेद नहीं होता है. महाराणा साहब के कई महल उसी पत्थर से बने हुए हैं.

ख़ास पैदायश—गेहूं, जव, चना, मक्की, कपास, अफयून, तिल, तम्बाकू और ईख हैं, परन्तु बाहर जानेवाली तिजारती चीज़ों में तिल, अफयून और कपास ही मुख्य हैं. मेवाड़ की रूई की दर दिसावर में कम होती है, परन्तु जो यहां भी उम्दा क़िस्म का कपास पैदा करने के वास्ते तजरुबा किया जावे तो सम्भव है कि मौजूदा क़िस्म में तरक़्क़ी होकर राज और प्रजा दोनों को लाभ होवे. ऐसे ही अफयून की खेती भी मेवाड़ की प्रजा को लाभ पहुंचाने और राज्य के हासिल में एक बड़ी रक़म बढ़ानेवाली थी परन्तु अब सर्कार अंगरेज़ी का चीना सर्कार से अहदनामा होजाने के कारण भारत की अफयून का बाज़ार चीन में बन्दसा होगया व होता जाता है इस अवस्था में मेवाड़ दर्बार की तर्फ से राज व प्रजा दोनों के हितसाधन के निमित्त अफयून के एवज़ ईख या किसी दूसरी ऐसी चीज़ की पैदावरी बढ़ाई जावे कि जिससे मुल्क का व्यौपार बढ़कर उस में किसी प्रकार की क्षति न आवे. व्यौपार ही की वृद्धि से प्रत्येक देश के राजा प्रजा अपने २ परिश्रम, विद्या व बुद्धिबल, कलाकौशल और न्याय के अनुसार सुख सम्पत्ति प्राप्त कर सक्ते हैं.

नदियां—मेवाड़ की सब से बड़ी नदी बनास कुम्भलमेरु के पास उणवाड़ा से निकलकर नाथद्वारा, कोठारिया, गलूंड, रासमी आदि दक्षिण भागों को सींचती, मेवाड़ के बीचोबीच होकर जहाजपुर पर्गने में बहती हुई चम्बल में जामिली है. चम्बल भी पूर्व की तर्फ पर्गने कूवाखेड़ा और भैंसरोड़गढ़ के नीचे क़रीब ३६ मीलतक मेवाड़ राज्य में बहती है. बेड़च, गोगूंदे के पश्चिम तर्फ पहाड़ों से निकलकर उदयसागर की झील में गिरती और वहां से नाले के तौर पीछी बाहर आकर आकोले के पास व चित्तोड़गढ़ के

उत्तर पश्चिम बहती हुई बीगोद के निकट बनास में जा मिलती है, जहां मेदालिन नामकी एक और छोटीसी धारा के शामिल होजाने से वह स्थान त्रिवेणी का सङ्गम कहलाता है. गम्भीरी नदी पर्गने छोटी सादड़ी में से निकलकर चित्तोड़ के पास बेड़च में मिलजाती है. कोठारी, ज़िले भीलवाड़ा में बहकर बनास में जामिलती. खारी, देवगढ़ के पास पहाड़ों में से निकलती और आसींद व शम्भूगढ़ के क़रीब बहती हुई मेवाड़ व अजमेरे के अंगरेज़ी इलाक़े के बीचमें होकर बनास के शामिल होजाती है. चन्द्रभागा, इलाक़े मगरे मेरवाड़े से आमेट व सर्दारगढ़ के पास होती हुई गलूंड के निकट बनास में मिलती है. गोमती, पश्चिमी पहाड़ों से आकर राजसमुद्र में गिरती है. दक्षिण पूर्व में सोमनदी, महीसागर या महो नदी में जाकर मिली है. चम्बल और बनास को छोड़ दूसरी सब नदियां बर्साती हैं, गर्मी के मौसम में उनका पानी सूखजाता है.

झील—मेवाड़ में चार बड़ी झीलें हैं—ढेवर अथवा जयसमुद्र, राजसमुद्र, उदयसागर और पीछोला. इनके सिवा फतहसागर आदि कई बड़े बड़े तालाब हैं. जयसमुद्र, उदयपुर से ३४ मील दक्षिण महाराणा जयसिंहजी की बनाई हुई (सं० १७३३ से सं० १७५० वि० तक) संसारभर की बनावटी झीलों में सब से बड़ी है. लम्बाई इसकी क़रीब ६ मील और ज़ियादा से ज़ियादा चौड़ाई क़रीब ५ मील की है. पहाड़ों के दो नाकों के बीच क़रीब एक हज़ार फुट लम्बा और ६५ फुट ऊंचा पत्थर का बन्द बँधा हुआ है जिसकी चौड़ाई मूल में ५० फुट और ऊपर १५ फुट की है, क्योंकि इस झील के चारों ओर जंगल पहाड़ियों के आजाने से बहुतसे शिकारी पशुओं का वहां निवास रहता और क़ुदरती शोभा वहां की विचित्र होने से वर्त्तमान महाराणा साहब ने पाल पर महल व बाग़ आदि बनवाकर उस भूमि को विशेष रमणीय बनादी है.

दूसरी झील राजसमुद्र, उदयपुर से ३५ मील पूर्वोत्तर महाराणा राजसिंहजी प्रथम की बनवाई हुई (वि० सं० १७३२) है. लम्बाई तीन मील और चौड़ाई १॥ मील, जब लबालब भरजाती तो सचमुच छोटासा समुद्र ही दिखलाई पड़ता है. बन्द सफेद पत्थर का सतह समन्दर से २११४ फुट की ऊंचाई पर मज़बूत बना हुआ है जहां नौचोकी नाम की छतरियां बहुत सुन्दर और किनारे पर कांकड़ोली का क़स्बा जो वल्लभसम्प्रदायी वैष्णवों का तीर्थस्थान है व श्रीद्वारिकानाथजी का मन्दिर गोकुलिये गोस्वामीजी के अधिकार में है. महाराणा राजसिंहजी ने यह झील दुर्भिक्ष में अपनी प्रजा को पालने के वास्ते एक करोड़ रुपये से अधिक ख़र्च कर बनवाई थी.

तीसरी झील उदयसागर, उदयपुर से ६ मील पूर्व महाराणा उदयसिंहजी की (सं० १५९७ से १६२८ वि० तक) बनवाई हुई क़रीब २॥ मील लम्बी और १॥ मील चौड़ी है. दो पहाड़ियों के बीच बड़ी ऊंचाई से झील का नाला बड़े झरने के मुवाफ़िक गिरता है.

चौथा पीछोला, राजधानी उदयपुर के पास महाराणा लाखाजी के वक़्त में बना कहते हैं * लम्बाई उसकी सवा दो मील और चौड़ाई करीब १॥ मील है.

फतहसागर, वर्त्तमान महाराणा साहब का बनवाया हुआ क़रीब १॥ मील लंबा और १ मील चौड़ा है, पाल की लंबाई २८०० फुट है.

गढ़—मशहूर व मज़बूत गढ़ इस राज्य में तीन है, चित्तोड़गढ़, कुम्भलमेरु या कुम्भलगढ़ और मण्डलगढ़. चित्तोड़गढ़ उदयपुर से ६५ मील ईशान कोण में क़रीब सवा तीन मील लम्बा एक पहाड़ी पर बनाहुआ है जिसकी ऊपरी सतह अधिक से अधिक आधे मील के लगभग चौड़ी है,(यह गढ़ सतह समन्दर से १८३५ फुट की ऊंचाई पर है. पहाड़ी धावड़े के दरख़्तों से ढकी हुई और उसकी चट्टानों को कारीगरों ने छीलकर बुर्जनुमा बनादी हैं. गढ़पर चढ़ते हुए मार्ग में सात दर्वाज़े पड़ते हैं. ऊपर कई छोटे छोटे ताल तलइयां, नाल खाल, चश्मे और कुण्ड निर्मल जल से भरे रहते अर्थात् जैसे मायावी मनुष्य ने अपनी महनत से इस गढ़ को मज़बूत और दुश्मनों के दांत खट्टे करने वाला बनाया वैसे ही क़ुदरत ने भी उस पहाड़ी को सजल और सरसब्ज़ रक्खा है. ऊपर चढ़ने को बड़ा रास्ता केवल एक ही है. इसके सिवा पूर्वी तर्फ एक छोटासा द्वार सूरजपोल और उत्तर की तर्फ लाखोटा की बारी है. प्रसिद्ध तो ऐसा है कि मौर्य्यवंशी राजा चित्राङ्गद ने यह गढ़ बनवाया था. ऊपर चढ़ते ही एक कुण्ड आता है जो अबतक चतरंगमोरी का कुण्ड कहलाता है. चित्तोड़गढ़ से क़रीब ७ मील पूर्व नगरी नामका एक गांव है जिसका प्राचीन नाम "मध्यमिका" था, वहां स्तूप व प्राचीनलेख व सिक्के मिलने से प्रत्यक्ष है कि मौर्य्यवंशी राजा अशोक व उसकी सन्तान का राज्य वहां बहुत अर्से तक रहा हो और महाराजा अशोक या उसके कुछ पीछे किसी प्रतापी मौर्य्य राजा ने यह गढ़

---

* हंटर के हिन्दुस्तान के गैज़ेटीयर में मेवाड़ के हाल में पीछोले का ताल महाराणा उदयसिंहजी का बनवाया हुआ लिखा है. सम्भव है कि उदयपुर बसने के पूर्व वहां एक टेकरी पर पीछोली नाम की बस्ती थी, उसी पर इस तालाब का नाम पीछोला पड़ा हो, जो पहिले छोटा तालाब हो जिसे महाराणा उदयसिंहजी ने बड़ा बनवाया हो.

बनवाया हो. गढ़ पर सं० ७८४ वि० (सन् ७२७ ई०) का मानमोरी का लेख टॉड साहब को मिलने से स्पष्ट है कि उस समय तक मालवे के मौर्य्य राजाओं का वहां अधिकार था. जब परमारों ने मालवा लिया *, तब चित्तोड़गढ़ भी धारानगरी के अधीश्वरों के हाथ आया. गुजरात के सोलङ्की राजा जयसिंह सिद्धराज ने जब मालवे के परमार राजा यशोवर्मन् को सं० ११९४ वि० के लगभग परास्त कर क़ैद किया उस वक़्त चित्तोड़गढ़ भी परमारों से गुजरात के सोलंकियों के हस्तगत हुआ †. कुमारपाल के लेख चित्तोड़गढ़ पर मिलने से स्पष्ट है कि उसके वक़्त तक चित्तोड़गढ़ गुजरात के सोलंकी राजाओं के अधिकार में था. (सोलङ्की राजा भीमदेव दूसरे के वक़्त में अणहिलपुर पर कुतबुद्दीन ऐबक ने चढ़ाई कर अधिकार करलिया और फिर धोलके के बाघेलों ने, जो सोलंकियों के सामन्त थे, स्वतन्त्रता इख्तियार कर, सं० १३०० वि० के लगभग राणा वीरधवल के पुत्र प्रतापमल्ल या बीसलदेव ने अपने स्वामि से गुजरात का राज्य छीन लिया, उसी अर्से में गुहिलवंशी राजा जैत्रसिंह ने चित्तोड़गढ़ विजय कर उसे अपनी राजधानी बनाया.) विक्रम संवत् १३५९-६० (सन् १३०३ ई०) में देहली के सुल्तान अलाउद्दीन ख़िलजी ने, जिसका लक़ब सिकन्दरसानी था, चित्तोड़गढ़ पर चढ़ाई की. अर्से तक महारावल रत्नसिंह ने वीरता के साथ बादशाह का मुक़ाबला किया, परन्तु अन्त में जोहर कर आप अपने सर्दार व भाई बेटों सहित युद्ध में काम आये. कहते हैं कि उस जोहर में राणी पद्मावती कई हज़ार स्त्रियों सहित दुश्मनों से अपना धर्म बचाने को जीती आग में जलमरी थी. सुल्तान अलाउद्दीन ने क़िला फतह कर अपने बड़े पुत्र ख़िज़रख़ां के सुपुर्द किया व फिर कुछ अर्सेतक जालोर के चहुवाण, बादशाह की तर्फ से,

* मौर्य्यों तथा अन्य राजाओं को जीतकर चन्द्रावती के परमारवंशी राजा कृष्णराज या उपेन्द्र ने विक्रम की नवीं शताब्दी के मध्य मालवे का महाराज्य प्राप्त किया हो.

† हेमचन्द्राचार्य्य के द्व्याश्रयकोष से पाया जाता है कि जब गुजरात के सोलङ्की राजा भीमदेव प्रथम ने आबू के परमार राजा धंधुक को जो उसका सामन्त था, परन्तु किसी कारण से वह (भीमदेव) उससे अप्रसन्न हो गया था, सज़ा देने के वास्ते अपने दण्डनायक पोरवाड़ महाजन विमलशाह को भेजा था जिसने आबू छीन लिया व राजा धंधुक ने भाग कर धार के परमार महाराजा भोज की शरण ली जो उस वक्त चित्तोड़गढ़ में रहता था.

वहां के हाकिम रहे, अन्त में सीसोदा के राणा हमीर ने चित्तोड़ पर पीछा अपना झंडा फहराया. यह चित्तोड़ का पहिला शाका प्रसिद्ध हुआ.

दूसरा हमला इस गढ़ पर गुजरात के बादशाह बहादुरशाह का सं० १५९२ वि० (स० १५३५ ई०) में महाराणा विक्रमादित्य के समय में हुआ, उस वक़्त भी मेवाड़ के उमराने हज़ारों राजपूतों समेत पवित्र चित्तोड़गढ़ की रक्षा में अपने प्यारे प्राण निछावर कर दिये थे, परन्तु आख़िर गढ़ शत्रु के हाथ में गया. जब बहादुरशाह दिल्ली के शाहन्शाह हुमायूं से शिकस्त खाकर भागा तो महाराणा ने गढ़ पर पीछा अधिकार जमा लिया, यह दूसरा शाका था.

तीसरा जबर्दस्त हमला मुग़ल शाहन्शाह अकबर का सं० १६२४ वि० (स० १५६७ ई०) में महाराणा उदयसिंह के समय में हुआ. उस वक़्त भी बादशाह आप साढ़े चार महीने तक गढ़ को घेरे पड़ा रहा और गो कि महाराणा गढ़ छोड़कर पहाड़ों में चले गये थे, परन्तु उन के वीर नमकहलाल सर्दारों ने जीतेजी गढ़ पर मुसलमानों का क़दम न पड़ने दिया, हज़ारों क्षत्रियों के अलावा तीस हज़ार प्रजागण ने भी अपने रुधिर से इस पर्वत की भूमिको सींचीं और भरसक चित्तोड़ की रक्षा की. अन्त में बहुत मँहगे मोल गढ़ बादशाह के हाथ आया और फिर एक अर्से तक मुग़लों का उस पर अधिकार रहा. शाहन्शाह जहांगीर ने महाराणा अमरसिंह प्रथम से सन्धि होजाने पर चित्तोड़गढ़ पीछा मेवाड़ दर्बार के सुपुर्द इस शर्त से किया कि उसकी मरम्मत न कराई जावे, यह तीसरा शाका था. औरङ्गज़ेब आलमगीर ने चित्तोड़ पीछा महाराणा राजसिंह से ले लिया और फिर भी वहां कई वर्षतक मुसलमान हाकिम रहे. इस तरह बड़े बड़े धक्के सहने, शत्रुओं के आधीन रहने और अन्त में महाराणा उदयसिंह का चित्तौड़गढ़ छोड़कर उदयपुर को अपनी राज्यधानी बनालेने से उस गढ़ की शोभा में न्यूनता आकर वह उजाड़सा हो गया. पहिले वह किस ओज पर था उसको बतलाने के वास्ते सर टामस रो ने, जो स० १६१५ ई० में इंगलिस्तान के बादशाह जेम्स प्रथम की तर्फ से शाहन्शाह जहांगीर के दर्बार में एलची होकर आया था, जो हाल चित्तोड़गढ़ की बिगड़ी दशा का लिखा है उसका ख़ुलासा दर्ज करता हूं "ख़ास चित्तोड़ का नगर एक पहाड़ पर जो ऊपर से चपटा है, बसा हुआ है. शहरकोट क़रीब दस मील के घेरे में है, अब भी उस में एकसौ से ऊपर मन्दिर और कई बड़ी बड़ी इमारतों के खंडहर दीख पड़ते हैं और कई पत्थर के स्तम्भ खुदाई के काम के बने हुए हैं. करीब एक लाख पक्के मकानों की ढुंढवाड़ वहां होवेगी. पहाड़ पर चढ़ने को सङ्गीन चट्टानों में कटा हुआ एकही मार्ग है जिसमें

गोहिल—यह गोभिल या गौहिल्य का प्राकृत रूप है, गुहदत्त की सन्तान के गुहिल और गौहिल्य दोनों नाम मिलते हैं. काठियावाड़ में भावनगर, पालीताणा, लाठी; और रेवाकांठा में राजपीपला के राजा गोहिल वंश के हैं; परन्तु वे अपने को दक्षिण में पैठणपुर (प्रतिष्ठानपुर) के राजा शालिवाहन के वंशज चन्द्रवंशी राजपूत मानते और कहते हैं कि हमारे पुरुषा पहिले दक्षिण में राज करते थे फिर मारवाड़ में लूनी नदी के किनारे खेड़गढ़ में आकर बीस पीढ़ी तक राज्य किया. वहां मेहवा में डाभी राजपूत भी थे जिन से शत्रुता हो जाने के कारण उन को परास्त करने के लिये राठौड़ों से सहायता ली जिन्होंने दोनों को दग़ा से मार कर खेड़गढ़ पर अधिकार कर लिया. * वह राठौड़ सर्दार कन्नौज के महाराजा जयचन्द का पोता सीहाजी था.

इस में दो बातें विचारणीय हैं—प्रथम तो जिस शालिवाहन को विक्रम का जीतने वाला और शक संवत् का चलाने वाला मानते हैं वह उस संवत् का चलाने वाला नहीं, क्योंकि सम्भव है कि प्रतिष्ठानपुर का राजा शालिवाहन और लेखों का सातवाहन एक ही हों. वह राजा आंध्रभृत्य वंश का था. उसी वंश के दूसरे राजा वासिठी पुत्र पुलुमायी के नाशिक के लेख में राजा शातकर्णी को शक यवन और पल्हवों का नाश करने वाला कहा है. वह शातकर्णी और गाथा सप्तशती का कर्त्ता सातवाहन एक ही राजा हों क्योंकि गाथा सप्तशती के अन्त में लिखा है कि "इति श्रीमत्कुन्तलजनपदेश्वर प्रतिष्ठानपत्तनाधीश शतकर्णोपनामक द्वीपिकर्णात्मज मलयवतीं प्राणप्रिय·····हालाद्युपनामक श्री सातवाहननरेन्द्र निर्मिता." उसी सातवाहन ने खखरात (क्षहरात) वंश को निर्मूल किया था; और क्षहरात वंशी राजा शक राजाओं के क्षत्रप (सामन्त) थे; महाक्षत्रप नहपान के जमाई उषवदात और प्रधान अय्यम के लेखों से पाया जाता है कि नहपान शक सं० ४६ तक मौजूद था अतः स्पष्ट है कि नहपान के पीछे होने वाले राजाओं को विजय करने वाला शालिवाहन शक संवत् का प्रचारक नहीं हो सक्ता. इस के अतिरिक्त शक संवत् की

---

* **छप्पय**—चन्द्रवंशि सरदार गोत्र गौतम बक्खाणूं ।
शाखा माधविसार झके प्रवरत्रण जाणूं ॥
अग्निदेवउद्धार देव चामुण्डादेवी ।
पांडवकुल परमाण आद्य गोहिल चलएवी ॥
विक्रम बध करनारनृप शालिवाहन चक्रवै थयो ।
ते पछी तेज ओलादनो सोरठमां सेजक भयो ॥

ग्यारहवीं शताब्दी तक के प्राचीन लेखों में उस संवत् के साथ शालिवाहन का नाम नहीं मिलता, इस से यही अनुमान कर सक्ते हैं कि यह नाम उस संवत् के साथ पीछे से जुड़ा है.

दूसरा-सीहाजी राठौड़ के खेड़धर छीन लेने पर गोहिल सेजकजी का काठियावाड़ में जाना. इस में हमें प्रथम सीहाजी का समय जानना चाहिये. कर्नल् टॉड ने तो सं० १२६८ वि० (स० १२११ ई०) में सीहाजी का मारवाड़ में आना माना है; एक लेख जो हाल में पाली (मारवाड़ में) के पास बीठ गांव में मिला उससे सं० १३३० वि० (१२७३ ई०) में सेत-कंवर के पुत्र सीहा का परलोकवास होना पाया जाता है. * परन्तु उपरोक्त दोनों संवत्सरों के बहुत पहिले गोहिल काठियावाड़ में मौजूद थे. भावनगर राज्य के मांगरोल बन्दर की सीढ बावड़ी के सिंह संवत् ३२ (वि० सं० १२०२=ई० सन् ११४५) के लेख से सिद्ध है कि सहार का पुत्र और सोमराज का पिता सहजिग गोहिल उस वक्त वहां था. यदि यह सहजिग और गोहिलों का सेजकजी एक ही पुरुष हों तो वह सीहाजी का समकालीन कदापि नहीं हो सक्ता, अतः गोहिलों का यह कथन, "कि हम चन्द्रवंशी" हैं. समीचीन नहीं जान पड़ता है.

मेरी समझ में तो कर्नल् टॉड का यह लेख सही हो कि "गोहिल और गुहिल एक ही हैं, गोहिल अपने प्राचीन इतिहास के भूल जाने से अपने को गुहिलोतों से भिन्न मानते हैं." सम्भव है कि जिस शालिवाहन को गोहिल दक्षिण के पैठणपुर का राजा और शक संवत् का प्रचारक समझते हैं वह गुहिल राजा नरवाहन का पुत्र और शक्तिकुमार का पिता शालिवाहन हो जिस का समय सं० १०२८-३४ वि० के दर्मियान था. उसके किसी पुत्र या वंशज ने खेड़गढ़ में अपना राज स्थापन किया हो. विक्रम की बारहवीं शताब्दी के अन्त में मारवाड़ के राठौड़ों ने गोहिलों को निकाल कर खेड़गढ़ उन से ले लिया तब वे गुजरात के सोलङ्की या जूनागढ़ के चूड़ासमा राजाओं की सेवा में जा रहे हों. वहां सहजिग को अणहिलवाड़े की हद पर कुछ जागीर मिली. सेजकजी के ज्येष्ठ पुत्र राणोजी की सन्तान भावनगर वाले, दूसरे पुत्र साहजी के वंशज पालीताणा वाले, और तीसरे सारंगजी के वंश के लाठीवाले हैं.

---

* मुझे इस लेख की सचावट में सन्देह है, तदुपरान्त यह विषय भी अब तक सन्दिग्ध ही है कि मारवाड़ के महाराजा, कन्नोज के गाहड़वाल वंशी महाराजा जयचन्द की सन्तान हैं, क्योंकि दन्तकथा के सिवा कोई प्राचीन लेख अब तक इस मन्तव्य को पुष्ट करने वाला नहीं मिला है.

चार दर्वाज़े पड़ते हैं. आज तो यह स्थान जङ्गली जानवरों का घर बन रहा है". चित्तोड़-गढ़ पर अब थोड़ीसी बस्ती रह गई है, कई बड़े बड़े देवमन्दिर व दो कीर्त्तिस्तम्भ अब तक बने हैं. छोटा स्तम्भ तो जैनमती बघेरवाल महाजन सहिनाय के पुत्र जीजा ने बनवाया था. यद्यपि उस के लेख में संवत् नहीं दिया है तथापि लिपि पर अनुमान करने से शायद वह विक्रम की तेरहवीं शताब्दी में बना हो और बड़ा स्तम्भ महाराणा कुम्भकर्ण ने सं० १५०५ वि० (स० १४४८ ई०) में बनवाया; जो नौ मञ्जिला और ऊपर चढ़ने को उसके भीतर १२७ सीढ़ियां घूमदार बनी हुई हैं. इस स्तम्भ में हिन्दू देवताओं की प्रायः सब ही मूर्त्तियां खुदी हुई हैं जिन को मुसलमानों ने बेडौल कर दीं. तलहटी में चित्तोड़ का क़स्बा क़रीब दो हज़ार घर की बस्ती का है जिसके बाहर गम्भीरी नदी पर एक पुराना पुल बना हुआ है. वहां वाले तो उस को राणा लक्ष्मणसिंह का बनवाया हुआ कहते हैं, परन्तु उसकी बनावट और उस में मन्दिरों के कई पत्थर लगे रहने से जान पड़ता है कि चौदहवीं सदी में मुसलमानों ने बनाया हो.

कुम्भलमेरु या कुम्भलगढ़—उदयपुर से क़रीब ५० मील उत्तर में है. यह गढ़ महाराणा कुम्भकर्ण ने सं० १५१५ वि० (स० १४६८ ई०) में अपने नाम पर बनवाया था. ऊंचाई उस की सतह समन्दर से क़रीब ३५६८ फुट है और मेवाड़ मारवाड़ की सरहद पर दो मील लम्बा बना हुआ है, तलहटी में केलवाड़े का छोटासा क़स्बा है जो कभी सीसोदियों की राजधानी रहा था और उसी से सीसोदिये केलवुरिये भी कहलाते हैं.

मांडलगढ़—उदयपुर से क़रीब ११० मील पूर्व सतह समंदर से १७८३ फुट की ऊंचाई पर है. गढ़ पर थोड़ीसी बस्ती के सिवा केवल पुरानी दीवारों के निशान रह-गये हैं. अच्छा जलाशय केवल एकही है जिसे सागर कहते यह एक गहरा खड्डा है जो बर्साती जल से भरजाता है. टॉडसाहब लिखते हैं कि यह गढ़ एक चहुवाण ठाकुर ने अपने नौकर मगडू नामी भील के नाम पर बनवाया जिसके द्वारा उसे पारस पत्थर प्राप्त हुआ था. राज्य बूंदी के इतिहास वंशभास्कर में लिखा है कि "अस्थिपाल से बारहवीं पीढ़ी में मण्डन नामी राजा हुआ जिससे उज्जैन के पँवार राजा लल्ल ने आसेर छीन लिया. मंडन भागकर मेवाड़ में आया, उस वक्त चित्तोड़ का रावल तेजसिंह मंडोवर के पड़िहार राना अज्ज से लड़ रहा था. मण्डन ने मेवाड़ का कुछ इलाक़ा दबाकर वहां अपने नाम पर मण्डनगढ़ बनवाया. जिसे अब मांडलगढ़ कहते हैं". कुछ भी हो, यह गढ़ चौदहवीं सदी में चहुवाणों ने बनवाया था. मांडलगढ़ से कुछ आगे मेनाल नामी गांव चहुवाणों

की प्राचीन राजधानी कही जाती है, जहां सं० १२२६ वि० का पृथ्वीराज का लेख मिला. ऐसे ही मेनाल से ४ कोश आगे बींझोली में चहुवाण महाराजा सोमेश्वर का बड़ा लेख सं० १२२६ वि. का और ग्यारहवीं बारहवीं शताब्दी के बने हुए कई मठ मन्दिर मौजूद हैं.

खास शहर—उदयपुर, पीछोला झील के पूर्वी तट पर क़रीब ३ मील के घेरे में पक्की शहरपनाह के अन्दर पुराने ढंग का बसा हुआ नगर है. आबादी सन् १९११ ई० की मनुष्यगणना के अनुसार ३३२२९ मनुष्यों की, नगर के चारों ओर पांच छः मीलके अन्तर से ऊंचे ऊंचे पर्वतों का घेरा आगया है वह ऐसा मालूम देता है कि मानो उदयपुर की रक्षा के वास्ते क़ुदरत ने पहाड़ों की दीवार बनादी हो. इनके बीच में कोसों की समतल भूमि में कहीं तो जङ्गल झाड़ी, कहीं नदी नाले और कहीं ताल तलैयों के आजाने, आसपास के पर्वतों के सघन घन वृक्षावली से आच्छादित रहने, थोड़े थोड़े अन्तर से छोटे छोटे गांवों की बस्ती जिनके पास जोते बोये हुए खेत और चरते हुए पशुओं के झुण्ड, इसी प्रकार के अनेक प्राकृतिक मनोहर दृश्य इस सरज़मीन को ऐसी शोभायुक्त बनाते हैं कि देखनेवाले का मन लुभाजाता है. शहर के दक्षिण भाग में ऊंचाई पर पीछोला के किनारे राज्यमहल क़रीब १५०० फुट की लम्बाई और ८०० फुट की चौड़ाई में बहुत विस्तीर्ण और छटादार बने हुए हैं. पुराने महलों के आगे शम्भुनिवास और शिवनिवास के सुन्दर और शान्दार महलात लाखों रुपये की लागत से महाराणा शम्भुसिंहजी और वर्त्तमान महाराणा साहब श्रीफतहसिंहजी ने बनवाये हैं. महलों के नीचे ही महाराणा सज्जनसिंहजी का लगाया हुआ सज्जननिवास बाग़ परमरमणीय और भारतवर्ष में अद्वितीय है. उसमें जगह जगह फव्वारे छूटते, एक तर्फ शेर चीते रींछ अपने पिंजरों में दहाड़ते और दूसरी तरफ चीतल रोझ सामर हरिण अपने रमने में कलोलें करते हैं. बाग़ से मिली हुई दक्षिण तरफ की पहाड़ी पर, जिसे माछला मगरा कहते, एकलिङ्गगढ़ नामी एक छोटासा टूटा फूटा गढ़ है. महलों से दक्षिण तरफ बड़ीपाल पर होकर पीछोले के किनारे २ एक सड़क खास ओदी को जाती जिसके एक अलंग पर सघन वन से ढँकी हुई पहाड़ी और दूसरी ओर झील का निर्मल नीर बहुतही सुहावना लगता है. आगे खुल हुए मैदान व पहाड़ी के ढाल में जगह जगह शिकार के मूल बने हुए हैं जहां सैकड़ों बरन हज़ारों बनशूकर निर्भयता से नाना प्रकार के पाक खाकर पुष्ट बने हुए आनन्द के साथ दौड़ते फिरते हैं, क्योंकि उनको सिवा अपने अन्नदाता के बर्छे व बन्दूक के और किसी का भय ही नहीं. यहां की शोभा भी निराली ही है, झील का निर्मल जल उससे सटीहुई पहाड़ी की चट्टानों से टकराता है, वृक्षावली और वनवेलियां सघनता के साथ छाई हुई हैं और

हरीभरी भूमिवाले इस मनोहर स्थान में केवल बक सारस राजहंस तीतर मोर शुक सारिका श्यामा कोकिल कपोत तूती आदि पक्षियों के कलरव के सिवा चारों ओर शान्ति अपनी सुखमय छटा दर्शाती है. चातुर्मास्य में कई साधु संन्यासी नागे नाथ यहां पहाड़ी की ढाल में पर्णकुटियां बनाकर आ ठहरते और वर्षाऋतु बिताते हैं उस वक्त सचमुच यह स्थल भारतवर्ष के प्राचीन काल के तपोवन सा प्रतीत होता है, अन्तर इतना ही है कि मृगछौनों के बदले वनशूकरों के बच्चे निर्भयता से विचरते, हवन की वेदियों के स्थानापन्न धूनियां जलतीं, वेदचर्चा की जगह पेटचर्चा की बातें होतीं, विद्याभ्यास के वास्ते आये हुए ब्रह्मचारियों के एवज़ दमबाज़ गंजेरी भंगेरियों का जमघट लगा रहता और सुगंधित हवन धूम की जगह गांजे तम्बाकू के धूएं के गोट छाये रहते हैं.

झील में महाराणा जगतसिंहजी पहले और दूसरे के बनवाये हुए जगमन्दिर जगनिवास के सुन्दर आवास और बाग़ ऐसे दिखलाई देते कि मानो दो मनोहर बनावटी टापुओं को पंख काटकर पानी पर तैरने के वास्ते छोड़ दिये हों. इनके अलावा किनारों पर दुतर्फा कई बड़े बड़े मकान देवमन्दिर और पक्के घाट बने हुए हैं. नगर में महाराणा जगतसिंहजी प्रथम का बनवाया हुआ जगदीश का एक विशाल शिखरबन्द मन्दिर है जिसके श्वेत पत्थर में नक्काशी का काम अच्छा बना है. इस मन्दिर के पीछे ही महाराणा हाईस्कूल की इमारत है. शहर के बाहर उत्तरी तरफ सर्कार अङ्गरेज़ी के एजेण्ट रेजीडेण्ट मेवाड़ के रहने की कोठी व बाग़ और कई दूसरे बंगले बने हुए हैं. वहीं स्काचप्रेस विटीरियन् मिशन का गिर्जाघर और कुछ दूरी पर अङ्गरेज़ी डाकखाने व तारघर के मकानात हैं. उत्तरी तरफ रेजीडेंसी से क़रीब एक मील देवाली गांव के पास महाराणाजी श्रीफतहसिंहजी के नाम पर बना हुआ फतहसागर का ताल और कनाटबन्द है. बन्द के नीचेही सहेलियों की बाड़ी के महल और बाग़ को विद्यमान महाराणा साहब ने ऐसे छटादार बनवा दिये हैं कि नन्दनवनकी शोभा भी उनसे बढ़कर न होगी.

सच पूछा जावे तो उदयपुर नगर भी राजपूताने की काशी है. वही पुराने ढङ्ग की टेढ़ी बांकी तंग गलियां, जगह २ शिवालय, झील के किनारे सुन्दर पक्के घाट और छोटे मोटे शिखरबन्द व सादे देवमन्दिर, प्रभात के समय सहस्रों नर नारियों का घाटों पर स्नान पूजा करना, सैकड़ों सुन्दर पनिहारियों का जल भरना, नगर में जहां तहां सूर्य्य के सांडों का घूमना, बहुतसे जोगी जङ्गम साधु संन्यासी और मंगतगणों का सदा गली गली में सदा लगाते रहना आदि, परन्तु यहां के प्राकृतिक दृश्यों के आगे तो पुरानी काशी भी कुछ चीज़ नहीं है.

शहर से क़रीब दो मील पश्चिम बांसदरा पहाड़ पर महाराणा सज्जनसिंह की बनवाई हुई सज्जनगढ़ की इमारत सतह समन्दर से १९०० फुट की ऊंचाई पर है. वर्षाऋतु में यहां से दूर दूर तक की हरी भरी पहाड़ियों और मैदान की विचित्र शोभा नज़र आती है.

पूर्व की तरफ़ क़रीब एक मील पर आघाटपुर या आहाड़ नाम की पुरानी बस्ती है जो पहिले गुहिलोतों की राजधानी थी उसी के नाम से सीसोदिये आहड़िये भी कहलाते हैं. पास ही गङ्गोद्भव नामी स्थान में मेवाड़ के महाराणों की श्मशानभूमि और छतरियां हैं. यहां एक प्राचीन कुण्ड और उसके बीच में शिवालय है, लोग उसको गन्धर्वसेन का कुण्ड कहते परन्तु वह स्थान विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी में बना हुआ है. कुण्ड की दीवारें और मध्य का मन्दिर जर्जरित होकर गिर पड़े थे, अब कोठारी बलवन्तसिंह हाकिम महकमे ख़ास राज्य मेवाड़ के परिश्रम व उद्योग से उसका जीर्णोद्धार हो गया है. शहर के बाहर पूर्व दक्षिण में सैण्ट्रल जेल की इमारत है जहां आजकल क़ैदी लोग उम्दा २ दरियां और गालीचे आदि बनाते हैं. पूर्व में क़रीब ७ मील की दूरी पर महाराणा राजसिंह प्रथम का बनवाया हुआ देवबारी का दर्वाज़ा और वहां से ६ मील ईशान नाहरमगरे के जङ्गल में श्री दर्बार के महल बाग़ और अच्छे २ शिकार के मूल बने हुए हैं. शर्दऋतु में वनशूकरों के आखेट को अकसर महाराणा साहब यहां पधारा करते हैं.

उदयपुर से दक्षिण क़रीब १॥ मील गोवर्द्धन विलास की बस्ती और महाराणा स्वरूपसिंहजी के बनवाये हुए महल और ताल हैं. वहां से ३६ मील के लगभग धुलेव नामके क़स्बे में जैनियों के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव का मन्दिर बड़ा तीर्थस्थान है जहां दूर दूर देशों के हज़ारों जैनी यात्री दर्शन को आते हैं. मन्दिर में एक लेख "विक्रमादित्य संवत् १५७२ वर्षे वैशाख शुदि ५ सोमवार" का है, परन्तु बनाने वाले भट्टारकादि के नाम स्पष्ट पढ़े नहीं जाते. धुलेव से क़रीब ८ मील दक्षिण खैरवाड़े की छावनी है जहां मेवाड़ की भील पल्टन और साहब कमाण्डिङ्ग आफीसर या सुपरिण्टेण्डेण्ट हिलीट्राक्ट्स मेवाड़ रहते हैं. उदयपुर से खैरवाड़े होकर एक सड़क अहमदाबाद तक गई है जिस पर पहिले बम्बई के माल की आमद रफ्त होती थी परन्तु अब रेल खुलजाने से वह रास्ता थोड़ा चलता है. खैरवाड़े से क़रीब ४० मील पश्चिम कोटड़े में एक और छोटीसी अंगरेज़ी छावनी है. यहां भूमिये सर्दारों के छोटे २ ठिकाने होने से वह इलाक़ा भूमट कहलाता है. भूमिये ठाकुर राजपूत हैं परन्तु दीर्घकाल से भीलवाड़ में रहने व भीलों से सम्बन्ध होने के कारण दूसरे राजपूतों का रिश्ता उन से टूट गया है. ये लोग मेवाड़ दर्बार को खैरवाड़े के अंगरेज़ी अफ़सर की मार्फ़त मुक़र्ररा रक़म ख़िराज की अदा करते हैं.

उदयपुर से क़रीब १४ मील उत्तर पहाड़ों में श्री एकलिङ्ग महादेव का प्रसिद्ध मन्दिर और कैलाशपुरी नाम की छोटीसी बस्ती है जहां एकलिङ्गजी की सेवा करने वाले गुसांईजी रहते हैं. पास ही गुहिलोतों की प्राचीन राजधानी नागह्रद या नागदा नामी क़स्बे के खण्डहर और टूटे फूटे देवमन्दिर अब तक दिखलाई देते हैं *. कैलाशपुरी से १६ मील उत्तर पूर्व बनास नदी के तट पर बसे हुए नाथद्वारे नगर में श्रीनाथजी का प्रसिद्ध मन्दिर वैष्णवों का बड़ा तीर्थस्थान है. हिन्दुस्तान के हरेक हिस्से से यात्री यहां दर्शन को आते और लाखों रुपये भेट करते हैं जिसका विशेष भाग श्रीनाथजी के भोग निमित्त महाप्रसाद बनने में ख़र्च होता है. दिन रात में मूर्त्ति की आठ झांकी होती हैं. यह मूर्त्ति वैष्णवमतान्तर्गत वल्लभ सम्प्रदाय की है. इस सम्प्रदाय के आचार्य श्रीवल्लभ स्वामी, जिन को उनके मतानुयायी आचार्य्यजी महाप्रभुजी कहते, दक्षिण देशनिवासी तैलङ्ग ब्राह्मण लक्ष्मण भट्ट के पुत्र थे. आपत्ति का मारा लक्ष्मणभट्ट अपनी गर्भवती स्त्री समेत जन्मभूमि छोड़ कर काशी की तरफ जाता था कि मार्ग में सं० १५३५ वि० वैशाख बदि ११ को उसके पुत्र पैदा हुआ. बालक की पालना करने में अपने को असमर्थ पाकर माता पिता उस को वहीं वन में छोड़ गये, परन्तु जंगली जानवरों से उसको बचाने के वास्ते उस के चारों ओर दूर दूर आग जला दी. दैवयोग से थोड़ी ही देर पीछे एक ब्राह्मण उधर आ निकला और उसने तुरन्त प्रसव हुए बालक को अकेला वन में देख उठा लिया और अपने घर लाकर उस की पालना करने लगा, नाम उस का वल्लभ रक्खा. बड़े होने पर वल्लभस्वामि ने विद्याभ्यास के उपरान्त विष्णु स्वामि के मत का उपदेश करना और कण्ठी बांधकर लोगों को अपने शिष्य बनाना शुरू किया. इन के मुख्य शिष्य ८४ थे जो चौरासी वैष्णव कहलाते हैं. काशी में जाकर वल्लभ स्वामि ने शास्त्रार्थ किया और गोकुल मथुरा होते हुए गुजरात में आये जहां उनका मत बहुत फैला.

वल्लभ स्वामि के पुत्र का नाम विट्ठलरायजी था जिनका जन्म सं० १५७२ वि० पौष वदि ९ को हुआ था. उन को गुसांई (गोस्वामि) की पदवी दी गई तभी से उनकी सन्तान गुसांई कहलाने लगी. विट्ठलरायजी के सात पुत्र सात स्वरूप कहलाये जिनमें बड़े गिरि-

* यहां जैनमत की एक विशाल मूर्त्ति है जिसे अद्भुतजी कहते हैं. उस पर सं० १४९४ वि० माघशुदि ११ गुरुवार का एक लेख है जिससे पाया जाता है कि उस वंश (ओसवाल) के साह साहण व सारङ्ग ने श्रीशान्तिनाथ की यह अद्भुत मूर्त्ति बनवाकर स्थापन की थी.

धरजी के वंश में नाथद्वारे के गुसांईजी होने से वे टीकेत कहलाते हैं, २ गोविन्दरायजी, ३ बालकृष्णजी, ४ गोकुलनाथजी, ५ रघुनाथजी, ६ यदुनाथजी, ७ घनश्यामजी.

इन सातों ने गोकुल के पास गोवर्द्धन पर्वत पर सात जुदी जुदी मूर्त्तियां बालकृष्ण की स्थापन कीं (गोकुल में रहने से वे गोकुलिये गुसांई भी कहलाते हैं). जब देहली के मुग़ल शाहन्शाह औरङ्गज़ेब आलमगीर ने मत द्वेष से हिन्दू धर्मगुरुओं को सताना शुरू किया तब गोकुल के गुसांई भी उस के अन्याय से तङ्ग आकर अपनी अपनी मूर्त्तियों को ले गोकुल से भाग निकले. टीकेत गिरिधरजी के वंश के श्रीनाथजी की मूर्त्ति को लिये महाराणा राजसिंहजी प्रथम के अहद में मेवाड़ में आये, महाराणा ने आदर सहित उनको सीहाड़ गांव में ठहराये, जहां अब नाथद्वारे का नगर बसता है. दूसरे विट्ठलनाथजी भी यहीं आकर रहे, तीसरे द्वारिकानाथजी को नाथद्वारे से आठ मील आगे कांकड़ोली में स्थापन किये, चौथे मथुरेशजी कोटे में गये, पांचवें गोकुलचन्द्रमाजी और छठे मदनमोहनजी कामबन इलाके भरतपुर में, और सातवें गोकुलनाथजी पीछे गोकुल ही में पधारे. उदयपुर राज्य में नाथद्वारे कांकड़ोली के गुसांईजी राजाओं के समान हाथी घोड़े फौज दास दासी आदि ठाट पाट से रहते, इस के अलावा अपने २ इलाके में दीवानी फौजदारी के इख्तियारात भी उन को हासिल हैं. ये गुसांई गृहस्थ होते और बड़ा बेटा अपने पिता का उत्तराधिकारी होता है.

उदयपुर से क़रीब ८० मील पूर्वोत्तर कोण में अजमेर से नीमच जाने वाली राजपूताना मालवा रेलवे लाइन पर भीलवाड़े का बड़ा क़स्बा मेवाड़ में एक अच्छा व्यौपार का स्थान है, वहां कलई के बर्त्तन अच्छे होते हैं.

आबो हवा—मेवाड़ की आमतौर पर आरोग्यदायक है न तो अधिक शीत सताता और न उष्णता से तन पिघलता है. वर्षा का औसत क़रीब २४ इञ्च का है. वर्षा के अन्त कार कार्तिक महिनों में मैलेरियल् ज्वर (मौसमी बुख़ार) हुआ करता है, परन्तु बहुतायत से नहीं. अलबत्ता पहाड़ी स्थानों के जल में खनिज पदार्थ और वनस्पति के अवयवों की विशेषता से वहां के निवासी तापतिल्ली आदि रोगों से पीड़ित रहते हैं. सात आठ साल से भयंकर प्लेग (बद रोग) का प्रकोप इस देश पर होने लगा है. इस दुष्ट रोग के चार हमले होचुके जिनमें हज़ारों मनुष्यों का वह संहार कर गया है. लोगों के दिलों में उस की ऐसी आतङ्क जमगई है कि उस के आगमन का नाम सुनते ही घरबार छोड़ बनवास धारण करलेते हैं क्योंकि यही एक उपाय उससे बचने का है.

भाषा—मेवाड़ में सब जगह मेवाड़ी हिन्दी बोली जाती है, कुछेक उच्चारण व शब्दभेद से हम उसको तीन तरह की कह सक्ते हैं. दक्षिण पश्चिम की तरफ भीलवाड़ और बागड़ में बागड़ी अर्थात् भीलों की बोली है जो बहुत कर मेवाड़ी और गुजराती का मिश्रण है, परन्तु भीली भाषा में कितने ही शब्द उनकी असली प्राकृत बोली के हैं. पूर्व वा पूर्वोत्तर ख़ास मेवाड़ में मेवाड़ी, और जहाजपुर मांडलगढ़ खैराड़ की तरफ खैराड़ी बोली जाती है. राज्य के महकमों में अशुद्ध नागरी लिपि में विशेषतः उर्दू भाषा लिखी जाने का प्रचार है.

शफाख़ाने—ख़ास शहर उदयपुर में एक बड़ा अस्पताल 'लैंसडौन हास्पिटल्' और एक ज़नाना अस्पताल, वाल्टर फीमेल हास्पिटल् है, दर असल पहिले एक अस्पताल महाराणा सज्जनसिंहजी ने 'सज्जन अस्पताल' नाम से स्थापन किया था, परन्तु जब लार्ड लैंसडौन वाइसराय व गवर्नर जनरल् हिन्द उदयपुर में आये तो उन के स्मारक में अस्पताल की इमारत नई बनवाई जाकर सज्जन अस्पताल का नाम लैंसडौन अस्पताल में बदल दिया गया. ऐसे ही जनाना अस्पताल मेवाड़ के एक रेजीडेंट कर्नल् सी० के० एम० वाल्टर साहब की कोशिश व सलाह से स्थापन हुआ इसलिये उस अस्पताल के साथ उन का नाम जोड़ा गया. इन दोनों अस्पतालों के सिवा स्काचप्रेसबिटीरियन् चर्च के पादरियों का एक शेफर्ड मिशन अस्पताल भी है. मुफसिल्लात में रियासत की तरफ से बड़े २ सब ही ज़िलों में १३ अस्पताल खुले हुए हैं.

शिक्षाविभाग—शिक्षा का प्रचार अब तक मेवाड़ में कम हुआ है अङ्गरेज़ी आदि भाषा में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये ख़ास राज्यधानी में भी कोई साधन नहीं है. उदयपुर में एक हाईस्कूल है जहां एंट्रेंस तक पढ़ाई होती, इस के अलावा संस्कृत पढ़ाने को जुदा अध्यापक भी है और लड़कों के स्कूल ही से मिला हुआ एक छोटासा स्कूल लड़कियों का भी है जहां क़रीब एकसौ लड़कियां हिन्दी लिखना पढ़ना सीखती हैं. यह स्कूल महाराणा शम्भुसिंहजी ने अपने व अपने गार्डियन पण्डित रत्नेश्वर के नाम पर "शम्भुरत्न पाठशाला" कहकर स्थापन किया था. नगर में तीन ब्रैंच स्कूल भी हैं. दिहात में कुल ३६ पाठशाला हैं जिन में से चित्तोड़, भीलवाड़े और जहाजपुर में हिन्दी के साथ मिडल और लोअरमिडल क्लास तक अंगरेज़ी भी पढ़ाई जाती है बाक़ी सब स्कूलों में हिन्दी की प्रारम्भिक शिक्षा दीजाती है. इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या २८२८ है. अर्थात् मेदपाट देश की जनसंख्या में ४२५ आदमियों के पीछे एक आदमी को साधारण हिन्दी लिखने पढ़ने की शिक्षा मिलती है. शिक्षा विभा-

ग में गत वर्ष क़रीब २४४५०) रुपये ख़र्च हुए, जिन में से राज्यधानी में प्रत्येक छात्र के पीछे क़रीब १५॥) रु० और दिहात में ६।-) प्रति वर्ष ख़र्च पड़े. राज्य की पाठशालाओं के सिवा शहर व दिहात में पादरियों के भी स्कूल हैं.

आबादी—सन् १९११ ई० की मनुष्यगणना के अनुसार मेवाड़ राज्य की आबादी १२९३७७६ मनुष्यों की है जिनमें १०८८६७१ हिन्दू, ४५७५२ मुसलमान, २३७ ईसाई, और २२ पारसी हैं, बाक़ी १५९०९४ भील मीने वग़ैरह जंगली क़ौमें हैं उन में भील मीनों का हिस्सा अधिक है. राज के योद्धाओं में राजपूत से दूसरे नम्बर पर भील ही समझे जाते हैं अतः यहां कुछ इस जाति का वर्णन करना अन्यथा न होगा.

भील, हिन्दुस्तान के असली बाशिन्दे, एक बहुत प्राचीन जंगली क़ौम है जो विशेषतः विन्ध्याचल, सतपुड़ा, पथार और आबू के पहाड़ी हिस्सों में आबाद है. महाभारत में एकलव्य भील का जिक्र है जिसने द्रोणाचार्य से बाणविद्या सीखना चाहा था परन्तु उसने भील समझ कर उसे शिष्य न बनाया. भील जाति अपने को हिन्दू समझती परन्तु उनमें हलाल हराम का विचार कम है, गौ और बैल को भी खाते हैं, मुसलमान और ईसाइयों से परहेज़ करते, यदि उन में का कोई विधर्मी हो जावे तो वे उसे बिटला हुआ (भ्रष्ट) ख़याल करते हैं जब तक कि वह उन के दस्तूर के मुवाफ़िक प्रायश्चित्त न कर लेवे. प्रायश्चित्त की क्रिया में उस मनुष्य के सिर पर जलती हुई आग का ठीकरा रखते और उससे पाड़ा वा बकरा और मदिरा दण्ड में लेकर पीछा पंक्ति में मिलाते हैं. भीलों के मुख्य देवता भैरव और माता हैं. मत उनका कुछ भी नहीं. भूत, प्रेत, डाकन, भोपा के बड़े क़ायल होते हैं. डाकन के वहम में बिचारी कितनी ही निरपराधी बूढ़ी स्त्रियों के प्राण पहिले बड़ी यातना के साथ हरे जाते थे परन्तु अब सुराज्य होने से ऐसी हत्या होना बन्द हो गया है.

भील लोग एक स्थान पर इकट्ठे होकर नहीं बसते, अलग २ ऊंचे मुकामों पर खोले या झोंपड़े बांध कर रहते हैं. उनके गांव को पाल कहते हैं प्रत्येक पाल में एक गमेती या मुखिया होता जिसकी दूसरे भील बड़ी इज्ज़त करते और उसका हुक्म मानते हैं. आपस के झगड़े उनमें पञ्चायत से तै होते, शराब बहुत पीते और महुवे के पेड़ों को अपना धन समझते हैं. जंगली होने पर भी उनकी स्त्रियों में कई बातें सभ्यता की पाई जाती हैं. वे शराब बहुत कम पीतीं मज़दूरी कर के अपना और अपने पति व बाल बच्चों का पेट भरतीं बड़ों का विनय करतीं और लड़ाई के वक़्त शराब के घड़े सिर पर धर कर मर्दों को पिलाती हैं, एक भील दो तीन या अधिक भी स्त्रियां कर लेता है.

पहले भील लोग बहुधा चोरीपेशा होते और खेती बाड़ी या मिहनत मज़दूरी करना पसन्द नहीं करते थे, परन्तु जब से देश की इन्तज़ामी हालत सुधरी तब से उनका फिसाद मिटकर उन्होंने खेती बाड़ी और मज़दूरी इख्तियार की है. बहुतसे तो घास, लकड़ी, बांस, बल्ली आदि जंगली पैदाइशी चीज़ें लाकर शहर में बेचते और बहुत से मज़दूरी करके अपना पेट भरते हैं, आपत्काल के वास्ते कुछ सञ्चय अब तक थोड़े करते हैं, जो कुछ मिलता वह खाने पीने में खर्च हो जाता इसलिये वे लोग प्रायः दरिद्री ही रहते हैं, यहां तक कि जाड़े से बचने के वास्ते तन ढकने को पूरा कपड़ा तक मयस्सर नहीं आता. भीलों का मुख्यशस्त्र तीर कमान है. उन में भी राजपूतों की नांई चहुवाण, पंवार, पड़िहारादि जातियां हैं.

मीने भी भीलों के मुवाफिक ही असभ्य जाति है परन्तु वे कुछ सुधरे हुए होते हैं. शायद वे भटकने वाली विदेशी कौमों में से व पुराणों के मौनगण हों. मीणों में तीन दर्जे पाये जाते हैं—जयपुर इलाक़े व उससे आगे के मीणे "उजले मीने" कहलाते, गाय बैल का गोश्त नहीं खाते और दूसरे मीणों से कुछ शाइस्ता होते हैं. हिन्दू उन के हाथ का जल पीते हैं. दूसरे खैराड़ी मीणे, जो मेवाड़ की पूर्वी हद्द पर रहते, वे मेरों से बहुत कुछ मिलते हैं, खान पान का उन में कुछ विचार नहीं, अकसर डकैत और चोरी पेशा होते परन्तु बहादुर और मुस्तैद. तीसरे दर्जे के मीणे भीलों से मिलते हुए हैं, परन्तु वे अपने को मीने कहते हैं, उन का खाना पीना और ब्याहशादी भीलों के साथ नहीं होता और उनकी स्त्रियां शराब बिलकुल नहीं पीती हैं.

ऊंचे वर्ण के हिन्दू तो इन जातियों को पतित समझ कर उन से छूते तक नहीं, परन्तु पादरी लोग उनको अपने मत में लाने का पूरा प्रयत्न करते हैं और बहुधा ऐसे लोग अपने देशभाइयों से तिरस्कृत होने के कारण ईसामसीह पर ईमान लाकर लाखों ईसाई बन गये हैं.

सिक्का—राजपूताने के अन्यान्य विभागों के मुवाफिक प्राचीनकाल में मेवाड़ में भी द्रम्म ही चलते थे. महाराणा कुम्भाजी से पूर्व होनेवाले मेवाड़ के महाराणों के कोई सिक्के अबतक पाये नहीं गये. चांदी के सिक्कों में गदिये, जो ईरान के ससानियन् राजाओं के सिक्के थे, उदयपुर व उसके आस पास मिलने से कईएक यूरोपियन् विद्वानों ने उदयपुर के राजवंश का ईरान के ससानियन् वंश के साथ सम्बन्ध दृढ़ करने में एक प्रमाण सा मान लिया है, परन्तु उनकी यह कल्पना निर्मूल है. गदिये सिक्कों को भारतवर्ष में लाने वाले श्वेतहूण थे और सम्भव है कि पीछे उनकी नक़ल यहां भी की गई हो. महा-

रावल समरसिंह तक तो मेदपाट में द्रम्म (दाम) का प्रचार होना पाया जाता है फिर महाराणा कुम्भकर्ण, संग्रामसिंह, विक्रमादित्य, व बणवीर ने अपने नाम के सिक्के चलाये. स० १६७५ हि० १६ रबिउस्सानी (ता० २३ अक्टूबर स० १५६७ ई०) को शाहंशाह अकबर ने चित्तोड़गढ़ फतह कर वहां अपना सिक्का जारी किया. महाराणा संग्रामसिंह दूसरे के वक़्त (सं० १७७० वि० में) उन के प्रधान पंचोली बिहारीदास ने दिल्ली के बादशाह फर्रुख़सियर से इजाज़त हासिल कर ख़ास शहर उदयपुर में टकसाल खोली और उदयपुरी रुपया चलाया, जो आज तक मेवाड़ राज्य का मुख्य सिक्का है. चित्तोड़ की टकसाल बादशाह शाहआलम के वक़्त में जारी हुई. जहां से चित्तोड़ी रुपया निकलता था. पहले चित्तोड़ी रुपये की दर उदयपुरी से कुछ बढ़ी हुई थी. तीसरी टकसाल भीलवाड़े में थी जहां से भीलाड़ी रुपया निकलता जो उदयपुरी १॥) के बराबर था. महाराणा भीमसिंह ने चांदोड़ी रुपया चलाया जो उदयपुरी ॥।) के बराबर है परन्तु अब उसका चलन बन्द सा हो गया है. महाराणा स्वरूपसिंह ने अपने नामपर स्वरूपशाही रुपया चलाया जिस के एक तर्फ "चित्रकूट उदयपुर" और दूसरी तर्फ "दोस्तिलंधन" की छाप है. इन्हीं महाराणा ने चांदोड़ी व स्वरूपशाही अशर्फियां भी चलाईं परन्तु उनका चलन आम तौर पर न हुआ. तांबे के पैसे मेवाड़ में प्रायः तीन प्रकार के चलते हैं—त्रिशूलिया, भीलाड़ी और धींगला.

राजमेवाड़ की ख़ालसे की आमदनी क़रीब ३७५०००) सालियाना, रियासत की फौज में १४१८६ पैदल, ५५०० सवार, २८७ तोप और १३२८ जवान तोपख़ाने आदि मुतफ़र्रिक़ सीगों के हैं. सर्कार अंग्रेज़ी में रियासत की सलामी १६ तोप की है. * और ब्रिटिशगवर्नमेण्ट के साथ सं० १८१८ ई० में जो सन्धि हुई उस की शर्तों के बमूजिब मेवाड़ दर्बार को अपने राज्य का सब तरह पूरा पूरा इख्तियार हासिल है.

---

* आमदनी व फौज आदि की संख्या यहां "ऐचीसन्सट्रीटीज" के अनुसार लिखी है, परन्तु जहां तक मुझे मालूम है राज्य मेवाड़ की आमदनी इतनी नहीं है.

प्रकरण दूसरा.

राजवंश.

मेदपाटेश्वरों का मूल पुरुष गुहदत्त या गुहिल किस वर्ण में उत्पन्न हुआ और उस का आदि स्थान कहां था ? इन प्रश्नों के उत्तर भिन्न भिन्न समय में भिन्न २ रीति से दिये हुए मिलते हैं. इस राजवंश की कुलक्रमागत कथाओं के अनुसार तो उदयपुर के महाराणा सूर्य्यवंशी क्षत्रिय माने जाते हैं. शाहंशाह अकबर के मंत्री व मुवर्रख़ अबुल्-फज़ल् ने लिखा है कि "उदयपुर वाले अपने को नौशेरवां आदिल की औलाद में समझते हैं" और पिछले कितनेक फारसी मुवर्रखों ने केवल इसी फिक़रे पर उदयपुर के आली ख़ान्दान को ईरान के ससानियन्वंशी सिद्ध करने के लिये कई ख़याली घोड़े दौड़ाये और उन्हीं के आधार पर कर्नल् टॉड ने भी दो एक बातें अपनी तर्फ से मिलाकर उस दावे को पुष्ट करने और गुहिलवंशियों को ईसाई माता की सन्तान ठहराने का परिश्रम किया है. ऐसा भी लिखा मिलता है कि एक ब्राह्मण ने राणा के बुज़ुर्गों की सहायता की थी इसलिये उसी वर्ण के प्रसिद्ध हुए. यह भी जनश्रुति है कि बापा रावल की माता ने सती होते वक़्त अपने बालक पुत्र को एक ब्राह्मणी के सुपुर्द किया और उस ब्राह्मणी ने अपने पुत्र तुल्य उसको पाला इसलिये वह (बापा) ब्राह्मण प्रसिद्ध हुआ. कोई कहते हैं कि बापा के बुज़ुर्गों का राज्य बलभीपुर शत्रुओं ने छीन लिया और राजवंश के सब लोग युद्ध में मारे गये तब एक स्वामिभक्त पुरोहित बालक राजकुमार को किसी ढब से बचाकर मेवाड़ की तर्फ लेआया, कालपाकर उसी के वंश का एक राजपुत्र जो ब्राह्मण का बालक समझा जाता था, बड़ा होने पर हारीतराशि नाम के योगी के आशिष और शङ्कर की कृपा से महापराक्रमी होकर राजा होगया इत्यादि.

गुहिल वंश के अनेक प्राचीन लेखों में, ग्यारहवीं शताब्दी से सोलहवीं शताब्दी तक, इस वंश की उत्पत्ति का वर्णन ऐसे मिलता है "विप्रकुलानंदन महीदेव गुहदत्त आनंदपुर से आया उस के नाम पर उसका वंश गुहिल कहलाया."

ऐसे ही मूलस्थान के सम्बन्ध में कुलक्रमागत कथा के अनुसार तो यही माना जाता है कि गुहदत्त के पूर्वजों का राज्य सौराष्ट्र प्रान्त में बल्लभीपुर में था, जब बल्लभी का

शत्रुओं ने नाश किया तो एक सगर्भा राणी ने ईडर के पास पहाड़ों में आकर पनाह ली वहां गुहदत्त उत्पन्न हुआ.

इन उपरोक्त बातों का यथावत् निर्णय होने के वास्ते यद्यपि आज तक कोई प्रामाणिक प्राचीन पुस्तक या शिलालेख उस समय का न मिला जब कि गुहदत्त ईडर की तर्फ आया था, परन्तु उससे क़रीब ४०० वर्ष पीछे के एक लेख ने इस बात पर कुछ प्रकाश डाला और उसी के आधार पर पिछले लेखों में इस विषय का वर्णन किया गया हो ऐसा ख़याल स्वाभाविक रीति से उत्पन्न होता है. इस के पूर्व कि हम उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयत्न करें, एक सर्वमान्य सिद्धान्त को हमें लक्षपूर्वक ध्यान में रखना चाहिये और वह सिद्धान्त यह है कि संसार भर के प्राचीन इतिहासों का, (विशेषतः भारतवर्ष के) चाहे वह किसी जाति व्यक्ति या किसी देश या स्थान विशेष से सम्बन्ध रखते हों, मूलाधार प्राचीन रिवायतें ही हैं. लेखनी की नोक पर चढ़ने के पूर्व प्राचीन बातों की स्थिति ख्यातों के रूप ही में रही है. पहिले नियमपूर्वक इतिहास लिखकर सुरक्षित स्थानों में रखने की पृथा शायद न हो और जो हो भी तो निरंतर लड़ाई झगड़ों के लगे रहने से राजा लोगों को तो प्रायः इस तर्फ ध्यान देने का अवसर बहुत कम मिलता था इसलिये वह कार्य कवियों या पण्डितों के हस्तगत रहता, यही कारण है कि समय समय पर लेखों में वंशावली तक में अन्तर पड़ता गया अर्थात् जिस वक़्त जितना मिलसका उतना उसी प्रकार लिखा गया, क्योंकि ख्यातों में समय पाकर न्यूनाधिक फेरफार हुआ ही करते हैं तदनुसार समय २ के लेखों में भी एक ही विषय के वर्णन में विभिन्नता पाई जाती है. एक ही वंश के अनेक प्राचीन लेखों में लेखक (रचयिता) के समय से सौएकवर्ष पूर्व होने वाली घटनाओं के उल्लेख थोड़े बहुत अन्तर के साथ मिलते हैं और वे इतिवृत्त भी संक्षेप रूप में, कई एक विषयों में तो यहां तक फेरफार होजाते कि आज कल के पुरातत्त्ववेत्ताओं को उन में सत्यासत्य का निर्णय करना कठिन सा प्रतीत होता है. हमारे धर्मग्रन्थ पुराणादि और राजवंशों के इतिहास इस के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं.

आहाड़ा गुहिल वंश के प्राचीन लेखों पर दृष्टिपात करें तो प्राचीनतर लेख शीलादित्य का सं० ७०३ वि० का है, जिस में उस राजा को न तो ब्राह्मण और न नागर लिखा है, केवल और और विशेषणों के साथ उसको देव द्विज और गुरुजनों को आनन्द देने वाला कहा है. दूसरा चाटसू का भर्तृभट (भट) के वंशज का लेख जिस में संवत् नहीं दिया है, शायद उस लेख का भर्तृभट मल्लट का पुत्र हो, उस में भर्तृभट को ब्रह्मक्षत्रवंश

का लिखा है. तीसरे आघाटपुर के शक्तिकुमार के सं० १०३४ वि० के लेख में यह श्लोक है "आनन्दपुर विनिर्गत विप्रकुलानन्दनो महीदेवः। जयति श्री गुहदत्तः प्रभवः श्री गुहिल वंशस्य" आनन्दपुर से निकला हुआ विप्रकुल को आनन्द देने वाला गुहिलवंश का उत्पादक महीदेव गुहदत्त जय को प्राप्त होता है. चौथे चित्तोड़गढ के रावल समरसिंह के सं० १३३१ वि० के लेख से यह पाया जाता है कि आनन्दपुर से आकर च्यारों समुद्रों वाली पृथ्वी की वेदी पर यज्ञस्तम्भ स्थापन करने वाले बीतरागबप्प नामी विप्र ने हारीतराशि के चरणों की उपासना की. पांचवें अचलगढ़ पर उपरोक्त रावल के सं० १३४२ के लेख में दिया है कि हारीत से बप्प ने क्षत्रत्व लिया और अपना ब्रह्मत्व उस को दिया. छठे कुम्भलगेरु की मामादेव की प्रशस्ति (सं० १५१७ वि०) महाराणा कुम्भकर्ण की, उस में भी रावल समरसिंह की सं० १३३१ वि० की प्रशस्ति का श्लोक है. सातवें एकलिङ्ग महात्म्य में दिया है कि आनन्दपुर में वैजवाप गोत्र का नागरकुलनंदन महीदेव विजयादित्य था, उस का पुत्र द्विजवर्य्य केशव, केशव का नागाराउल, उस का पुत्र भोगाराउल, भोगाराउल का असाधर और असाधर का पुत्र श्रीदेव था. श्रीदेवका सर्वज्ञ और सर्वज्ञ का पुत्र महादेव, जिस के गुहदत्त पैदा हुआ जिस के नाम से आज तक वंश जगत में प्रसिद्ध है. फिर यह प्राचीन श्लोक उद्धृत किया "यदुक्तं पुरातनैः कविभिः" "आनन्दपुरसमागत विप्रकुलानन्दनो महीदेवः। जयति श्रीगुहदत्तः प्रभवः श्रीगुहिल वंशस्य" आठवें, विक्रम की अठारहवीं शताब्दी के आरम्भ में होने वाला मोंता नैणसी अपनी ख्यात में लिखता है कि "आदिमूल उत्पत्ति ब्रह्मपण क्षत्री जाणां, आणंदपुर सिणगार नयर आहोर बखाणां"

पहिले कही हुई वंश परम्परागत रिवायत का मूल उपरोक्त लेखों में बतलाने के पूर्व हम आर्य्यावर्त्त के प्राचीन सामाजिक व्यवहार को भी एक नज़र देखलें कि आर्य्य या हिन्दू जाति में वर्णव्यवस्था के नियम हज़ारों वर्षों से कैसे चले आते हैं. वर्णों में ब्राह्मण सर्वोत्कृष्ट और सर्वोपरि माना गया है और भारत के इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिल सक्ते हैं कि बड़े २ क्षत्रिय महराजों ने ब्राह्मणत्वप्राप्ति की कामना से राज्य पाट छोड़ तपस्या की और कइयों ने उस पद को प्राप्त भी किया. ऐसे ही शिष्टाचार से क्रमवार उच्च वर्ण में चढ़ते जाने का नियम किसी समय इस कर्मभूमि में प्रचलित होने का पता भी हम को अनेक आर्ष ग्रन्थों से लगता है, परन्तु सर्वोच्च ब्राह्मणवर्ण में से एक दर्जे नीचे उतर कर क्षत्रिय बनने का प्रयत्न किसी ब्राह्मण ने किया हो ऐसा पाया नहीं जाता. अतः गुहदत्त या बापा या उस की सन्तान का, जो क्षत्रिय कुल के थे, अपने सदा-

चारों से ब्राह्मण बनने का दावा करना तो नीतिसङ्गत, धर्मसङ्गत और न्यायसङ्गत है, परन्तु उस के विरुद्ध ब्राह्मण होके क्षत्रिय बनना सर्वथा असङ्गत है. मेदपाट के गुहिल-वंशी राजा सदा से सद्धर्म और सदाचार के आधार रहे और राजर्षि कहलाये हैं फिर वे अपने को ब्राह्मण कहैं इस में आश्चर्य ही क्या है ? संसारिक सुख सम्पत्ति के लिये धर्मत्याग करने वाला यह वंश नहीं है.

अब हम उपरोक्त लेखों की विवेचना करैं. प्रथम शीलादित्य के लेख में तो विप्र या महीदेव कोई शब्द है ही नहीं. भर्तृभट्ट के वंशज बालादित्य के लेख में "ब्रह्मक्षत्रान्वित" पद से अभिप्राय ब्राह्मक्षात्र धर्म से युक्त होने का है जैसा कि राजा का कर्तव्य है, या यूं कहैं कि गुहिल वंश का मूलपुरुष क्षत्रियकुल का बालक होने पर भी ब्राह्मण सम्बन्ध से ब्राह्मण प्रसिद्ध हुआ हो. आघाटपुर के शक्तिकुमार के लेख में गुहिल वंश की उत्पत्ति और शक्तिकुमार तक वंशावली दी है. उसका "आनन्दपुर विनिर्गत विप्रकुलानंदनो" वाला प्रथम श्लोक एकलिङ्ग महात्म्य में होना और वहां यह पाठ देना कि "यदुक्तं पुरातनैः कविभिः" स्पष्ट किये देता है कि वह लेख महाराणा कुम्भाजी के समय के या उन से पहले के पण्डितों ने पढ़ा था, परन्तु कुछ भी कारण हो, लेख उन से शुद्ध पढ़ा नहीं गया ऐसा प्रतीत होता है क्योंकि यति ज्ञानचन्द की की हुई नकल में तो "आनन्दपुर विनिर्गत विप्रकुलानंदनो महीदेवः" और एकलिङ्ग महात्म्य में "आनन्दपुर समागत विप्रकुलानंदनो महीदेवः" पाठ है, तदुपरान्त न तो एकलिङ्ग महात्म्य में, न कुम्भलमेरु की प्रशस्ति में और न चित्तोड़गढ़ की प्रशस्ति में वंशावली आघाटपुर के लेख से मिलती है. रही यति ज्ञानचन्द की की हुई नकल, सो वह तो किसी प्रकार से विश्वास योग्य नहीं क्योंकि ज्ञानचन्द ने प्राचीन लेखों के पढ़ने में कैसी २ भूलें की हैं यह विद्वानों पर विदित है.

जुदा जुदा लेखों से शक्तिकुमार तक वंशावली.

आघाटपुर के लेख में जैसा कि मिला, व कदमाल के दानपत्र में.	चित्तोड़गढ़ के सं० १३३१ के लेख में.	आबू के सं० १३४२ के लेख में.	एकलिङ्ग महात्म्य में.	कुम्भलमेरु की प्रशस्ति में.	ज्ञानचन्द के पढ़ने अनुसार टाड राजस्थान में.
गुहदत्त	बप्प	बप्पक	गुहदत्त	गुहदत्त	गुहदत्त
भोज	गुहिल	गुहिल	बप्प	बप्प	भोज
महीन्द्र	भोजराज	भोज	कालभोज	अपराजित	महीन्द्र
नाग	शील	शील	खुमांण	महीन्द्र	नाग
शील	कालभोज	कालभोज	गोविन्द	कालभोज	शील
अपराजित	मत्तट	भर्तृभट	आलू	खुमांण	अपराजित
माहेन्द्र	भर्तृभट	सिंह	सिंहु	मत्तट	महेन्द्र
कालभोज	सिंह	महायिक	शक्तिकुमार	श्रीसिंह	कालभोज
खुमांण	महायक	शुम्भाण	शालिवाहन		खुमांण
मत्तट	खुमांण	अल्लट	नरवाहन		भर्तृभट
भर्तृभट	अल्लट	नरवाहन			सिंहजी
सिंहजी	नरवाहन	शक्तिकुमार			अल्लट
खुमांण दूसरा	शक्तिकुमार				नरवाहन
महायक					शालिवाहन
खुमांण तीसरा					शक्तिकुमार
भर्तृभट दूसरा					
अल्लट					
नरवाहन					
शालिवाहन					
शक्तिकुमार					

"आनन्दपुर विनिर्गत विप्रकुलानन्दनो महीदेवः जयति श्रीगुहदत्तः प्रभवः श्री गुहिल वंशस्य" इस श्लोक का अर्थ जैसा कि पहले लिख आया हूं "आनन्दपुर से निकला हुआ विप्रकुल को आनन्ददेनेवाला श्री गुहदत्त महीदेव, श्री गुहिल वंश का उत्पादक, जय को प्राप्त होता है" इतना ही है. इस में कोई पद ऐसा नहीं दीखता जिससे यह सिद्ध होता हो कि

गुहदत्त ब्राह्मण वंश का था. श्लोक में विप्रकुलानन्दनो, और महीदेव, दोविशेषण गुहदत्त के हैं. प्रथम से तो विप्रकुलका, ऐसा अर्थ निकलता ही नहीं, रहा दूसरा महीदेव, सो यह यौगिक शब्द है जिसकी रूढ़ि ब्राह्मण अर्थ में होना पाया नहीं जाता. संस्कृत के कोष वाचस्पत्य, शब्दकल्पद्रुम, शब्दार्थचिन्तामणि, वामन आप्टे की संस्कृत इंगलिश डिक्शनेरी और अमरकोष इन में महीदेव शब्द कहीं नहीं मिलता. खास ब्राह्मण के अर्थ को बतलाने वाला शब्द 'भूदेव' है "द्विजात्यग्रजन्म भूदेव वाडवाः विप्रश्च ब्राह्मणः असौ षट्कर्मा यागादिभिर्युतः" इत्यमरः। हां किसी ने भू का पर्याय शब्द महि होने से महिदेव का अर्थ ब्राह्मण का लिया हो, जैसा कि तुलसीदासादिने, तो उससे यह नहीं कहा जासक्ता कि महीदेव शब्द की ब्राह्मण के अर्थ ही में रूढ़ि है. यहि हम भू या महिको जुदा करदें तो अन्त का देव शब्द ब्राह्मण और क्षत्रियराजा दोनों अर्थ का वाचक है और प्राचीन कोषकारों व कवियों ने देव शब्द का राजा के अर्थ में प्रयोग किया है यथा—कादम्बरी के रचयिता बाणभट्टने कई जगह राजाके लिये देव शब्द लिखा है. चण्डालकन्या राजा शूद्रक को वैशम्पायन शुक का वर्णन करते वक्त कहती है "देव ! विदित सकल शास्त्रार्थः" महाराज ! यह शुक सर्व शास्त्रों के अर्थ को जानता है. राजा शूद्रक प्रतिहारी को आज्ञादेता है कि अन्तःपुर से वैशम्पायन (शुक) को ला ! प्रतिहारी कहती है "यथा ज्ञापयति देवः" स्वामी की जो आज्ञा. अमरकोष में देव शब्द राजा के अर्थ का सूचक बतलाया है. वि० सं० १०१६ के अलवर के गुर्जर प्रतिहार राजा मथनदेव के लेख में, जो कन्नौज के प्रतिहार राजाओं का सामन्त था, कन्नौज के महाराजों के नाम के आगे देव शब्द लगाया है " परम भट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर श्री क्षितिपालदेव पादानुध्यात् परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर श्री विजयपालदेव पादानामभिकल्याण विजय राज्ये" * ऐसे ही महोबा के चन्देलवंशी राजाओं के सं० १०५५, ११०७ ११६० वि० के दानपत्रों में विद्याधरदेव, विजयपालदेव, देववर्मदेव, पृथ्वीवर्मदेव, कीर्त्तिवर्मदेव, नरवर्मदेव नाम हैं † आज भी कई क्षत्रिय राजाओं के नाम के पीछे देव शब्द लगाने की प्रथा है, अतः स्पष्ट है कि महीपति या महीन्द्र के तुल्य महीदेव शब्द भी क्षत्रियकुलोत्पन्न राजा के अर्थ का सम्बोधक है फिर गुहदत्त को क्षत्रिय न मान कर ब्राह्मण बतलाना केवल कुत्सितकल्पना है.

* एपिग्राफिया इण्डिका जिल्द १ पृष्ठ २६१

† इण्डियन ऐंटीक्वेरी जिल्द १६ पृष्ठ १०१

अब ध्यान दीजिये ! कि काल पाकर लेखों व रिवायतों में कैसे २ फेर फार होते गये. आघाटपुर के लेख में बप्पक का नाम और हारीत की कथा नहीं, समरसिंह के समय में विप्रकुल के साथ यह कथा जुड़ी, गुहदत्त को कहीं तो बापा का पिता और कहीं पुत्र बतलाया; पीछे एकलिङ्गमहात्म्य के रचयिता ने "विप्रकुलानन्दनो" की जगह "नागर-कुलमंडन" कर दिया और गुहदत्त को नागरब्राह्मण ठहराया. सम्भव है कि विजयादित्य केशव असाधर श्रीधर सर्वज्ञादि नाम जो पुरोहित महादेव के पुरुषाओं के हों उनके साथ भोगा (भोज) नागा (नाग) नाम गुहदत्त के पिता पितामह के मिलाकर सब को एक ही वर्ण व एक ही वंश के बनादिये हों; साथ ही गुहदत्त को राजा भी कहा और उसके पुत्र बप्पक को विप्र बतला कर एकलिंगजी की कृपा से राजलक्ष्मी पाने वाला लिखा आदि. एकलिंगमहात्म्य ही के समय की लिखी हुई महाराणा कुम्भकर्ण की कुम्भलमेरु या मामादेवकी प्रशस्ति में नागरकुल की लीला नहीं है उसमें गुहदत्त के वास्ते लिखा है:—

"श्रीमानभून्नृपतिर्गुहिलाभिधानो, धर्माच्छ्रुशासवसुधांमधुजित्प्रभावः" "यस्माद्भोगुहिलवर्णनयाप्रसिद्धां, गौहिल्यवंश भवराजगणो-व्रजातिम्"..

(बप्प का पुत्र) श्रीमान् गुहिल नाम का राजा हुआ जिसके नाम से उसके वंशज गौहिल्य कहलाये. इसके आगे "आनंदपुरे पूर्व गुहदत्ताभिधानोनृपः"..... ।१२८। (फिर पत्थर टूटजाने से पढ़ा नहीं जाता) आनन्दपुर में पूर्व गुहदत्त नाम का राजा था, * कुम्भकर्ण के पुत्र महाराणा रायमल्ल के समय में बने हुए एकलिङ्गपुराण में बापा को शिवशर्म्मा का पुत्र बतलाया और लिखा कि हारीत के मरने पर बाप्प को एकलिंगजी ने चित्तोड़ का राज दिया. † उन्हीं रायमल्ल के समय के नाडलाई के एक लेख में यह इबारत है "श्रीसूर्य्यवंशीय महाराजाधिराज श्रीशिलादित्यवंशे श्रीगुहिदत्त,

* मालूम होता है कि कुम्भलमेरु की प्रशस्ति में यह श्लोक चित्तोड़गढ़ के महारावल समरसिंह के लेख से लिये गये हैं.

† एकलिङ्ग पुराण का शिवशर्मा जिसे बापा का पिता बतलाया है शायद एकलिङ्ग महात्म्य का महादेव हो क्योंकि शिव और महादेव एकही देवता के नाम हैं. इस ग्रंथ का नाम भी एकलिङ्गमहात्म्य ही है परन्तु दूसरे एकलिङ्ग-महात्म्य से भिन्न बतलाने के कारण मैंने उसको एकलिङ्ग पुराण लिखा है.

राउल श्रीबप्पाक श्रीखुम्माणादि महाराजान्वये" ऐसेही एकलिङ्गमहात्म्य और एकलिङ्ग पुराण दोनों में बापा के समय में भी अन्तर है जिसका वर्णन आगे किया जावेगा.

इसके अतिरिक्त इन महात्म्य व उसी समय के शिलालेखों में गुहदत्त बापा आदि को राउल या रावल उपाधि से विभूषित किया जिससे यह कल्पना उत्पन्न हुई कि शायद गुहदत्त व बापा, रावल गोत्र के ब्राह्मण या रावल फिर्के के योगी हों, या हारीत रावल बाबा हो जिसके कारण बापा व उसके वंशजों ने रावल पदवी अपने नाम के पूर्व लगाई. मैं कहता हूं कि उपरोक्त भ्रममूलक लेखही ऐसी शङ्काओं के कारण हैं नहीं तो गुहिल-बंश के उनसे प्राचीनतर लेखों में समरसिंह या उसके पिता तेजसिंह के पूर्व होने वाले राजाओं के नाम के पूर्व कहीं भी रावल शब्द नहीं है. शीलादित्य को शीलादित्य नरपति, भर्तृभट व उसके पुत्रादि को नृप, बापा को क्षितिपति, और शालिवाहन, शक्तिकुमार व अल्लट को राजा मेदिनीपति या भूपति करके लिखे हैं. इस रावल शब्द पर कर्नल टॉड ने तो विचित्र कल्पना की है कि स्काइथिया (शकस्थान) से आये हुए स्केण्डिनेविया के राजा भी रावल पदवी रखते थे और नार्मण्डी फतह करने वाली जाति रोलेण्ड या रोली कहलाती थी, रावल उसीसे मिलता हुआ है. मेदपाटाधिपति तेजसिंह और उनके पुत्र समर-सिंह के लेखों में उनको राजकुल, महाराजकुल और समस्त महाराजकुल करके लिखा है. ऐसेही सं० १२८७ वि० के आबू के एक लेख में चन्द्रावती के परमार राजा महामण्डले-श्वर सोमसिंह के नाम के पहले महाराजकुल शब्द है. सं० १३०६ वि० के जालोर के चहुवाण राव उदयसिंहदेव के लेख में उसकी पदवी महाराजकुल और सं० १३३५-४२ के लेखों में उसके पुत्र समरसिंह को भी महाराजकुल व समस्त महाराजकुल कहा है. राउल, रावल या महारावल शब्द राजकुल या महाराजकुल के प्राकृतरूप हैं, जिसका अर्थ योगी ब्राह्मणादि का नहीं है. संस्कृत कोषों में कुल शब्द का अर्थ अग्रणी या शिरो-मणि का भी दिया है, * तदनुसार राजकुल (राउल) महाराजकुल (महाराउल) और समस्त महाराजकुल से अभिप्राय राजाओं वा समस्त महाराजाओं में अग्रणी या शिरोमणि होने का है न कि रावल बाबा का.

पाठक! अब आपके ध्यान में आगया होगा कि गुहदत्त व उसके पुत्र पौत्रादि क्षत्रिय कुलोत्पन्न राजा के बालक थे, कालकी गति से अपने ब्राह्मण पुरोहित के घर में पालन

* वामन आप्टे की संस्कृत इङ्गलिश् डिक्शनेरी—कुलं Front or fore शब्दकल्पद्रुम—कुलं—अग्रम् इति महाभारतं.

पोषण पाने से ब्राह्मण प्रसिद्ध होगये थे. अब यह बतलाऊंगा कि गुहदत्त के पुरुषा बल्लभी के राजबंश में से थे.

पुरोहित का गोत्र प्रायः क्षत्रियों का गोत्र होता ही है अतः सम्भव है कि एकलिङ्ग-महात्म्य का महादेव, जिसे गुहदत्त का पिता बतलाया है, गुहिलबंश का पुरोहित आनन्दपुर का निवासी बैजबाप गोत्र का नागर ब्राह्मण हो इसी से गुहिलवंशी बैजबाप गोत्र के कहलाये. आनन्दपुर में बैजबाप गोत्र के नागर ब्राह्मणों के होने का पता हमको बाघेला राजा बीसलदेव के प्रधान नागर नानाक की प्रशस्ति से लगता है. * अब यह जानना चाहिये कि वह कौनसा आनन्दपुर था जहां से महादेव आया क्योंकि आनन्दपुर नाम के कितने ही नगर हैं. एक आनन्दपुर बम्बई इहाते में ज़िले केरा ताल्लुके आनन्दपुर का मुख्य नगर अहमदाबाद से ४० मील दक्षिण है; दूसरा उत्तरी काठियावाड़ में एक छोटे ठिकाने का भी नाम आनन्दपुर है, तीसरा बड़नगर का भी प्राचीन नाम आनन्दपुर था; चौथा आनन्दपुर एकलिंगमहात्म्य में चित्तोड़गढ़ के पास बतलाया है आदि. बलभी के राजा शीलादित्य सप्तम का अलीनाका दानपत्र बतलाता है कि आनन्दपुर नाम का कोई नगर बल्लभी के राज्य में था "ॐ स्वस्तिश्री आनन्दपुर समावासित जयस्कन्धावारे प्रसभप्रणतामित्राणाम्" आदि. जहां तक समझ में आता बल्लभी राज्य का आनन्दपुर केरा ताल्लुके का आनन्दपुर हो परन्तु बड़नगर का भी बल्लभी के राज्य में होना सम्भव है और हम उसी आनन्दपुर को गुहिलबंश के प्राचीन लेखों का आनन्दपुर मानना समीचीन समझते हैं जो गुहदत्त के पुरुषाओं के अधिकार में था. बल्लभी के राजबंश के जितने दानपत्रादि आज तक मिले हैं वे उस राजबंश के पूरे पूरे इतिहास को प्रकट करने में अपूर्ण हैं. सम्भव है कि जैसे हर्षवर्धन और गुर्जरबंशी राजा दद्दप्रशान्तराग ने बल्लभी पर चढ़ाइयां की वैसेही पहले भी गुर्जरों ने, जो बल्लभी के पड़ौसी थे, बल्लभीपर विजय किया हो या शायद परस्पर के विरोध ही से किसी राजवंशी पुरुष के कुटुम्ब पर आपत्ति आई हो इसका पता नहीं लग सके परन्तु इतना तो कह सके हैं कि गुहदत्त के बंश पर (बल्लभी के राज्य में) किसी तर्फ से आफत आने पर स्वामिभक्त पुरोहित राजकुमार गुहदत्त को लेकर मेवाड़ की तर्फ आया जिसकी पुष्टि कुल क्रमागत रिवायत और राजविलास के हिन्दी काव्य से होती है जिस में लिखा है:—

पच्छिम दिशा प्रसिद्ध, देश सोरठ धर दीपत ।
नगर वल्लिका नाथ, जंगकरि आसुर जीपत ।

* इंडियन ऐंटीकेरी जिल्द ११ पृष्ठ १०२

राजत श्रीरघुबंश, पाट रघुनाथ परम्पर ।
अहादित्य नृप गरुअ, धरा रछिपाल धर्मधुर ।
हय गय सुयान पायक हसम, अंतेउर परिवार अति ।
ननंदन तेह नरिंद ने, गाढ़ी पूरब कर्मगति ॥

हिन्दुस्तान की तो क्या बरन तमाम दुनियां की तवारीख़ों में ऐसी मिसाल शायद ही कोई मिले कि उदयपुर के राजबंश के मुवाफ़िक़ किसी दूसरे बंश ने ज़माने के सैंकड़ों ऊंच नीच सहते, आफतें झेलते, हिम्मत और बहादुरी के साथ प्रजा और धर्म की रक्षा के वास्ते स्वदेशी और अन्यदेशी ज़बर्दस्त दुश्मनों का मुक़ाबला करते और लड़ाइयां लेते हुए, अपने कुलधर्म, मानमर्य्यादा और स्वतंत्रता में स्थिर रहकर क़रीब १३०० वर्ष के दीर्घकाल तक एकही देश में अपना अटल राज बना रक्खा हो. भारतवर्ष के क़रीब सबही राजा महाराजा उदयपुर के महाराणा को अपना सर्दार और बुज़ुर्ग मानते चले आये हैं. भारतवासी हिन्दू उनको "हिन्दवा सूरज" कहैं, इसमें तो कोई विचित्र बात नहीं, परन्तु हिन्दुओं के मुख़ालिफ़ मुसलमान क़ौम के बड़े बड़े बादशाह शाहन्शाह और नामी मुवर्रख़ों ने भी उनकी बुज़ुर्गी को तसलीम किया है.

क़ौम राजपूत के वास्ते तारीख़फ़िरिश्ता में लिखा है कि "वे आर्य्य क्षत्रिय नहीं, अपने मालिकों से राज छीनकर राजा बन बैठे हैं. राजा विक्रमादित्य के पीछे राजपूतों ने तरक़्क़ी की है. मुसलमानों के हिन्दुस्तान में आने से पहिले खुदमुख्तार राजपूत रईस इस मुल्क में थे, मगर सुल्तान महमूद ग़ज़नवी और उसकी औलाद ने बहुतों को ज़ेर किये, शिहाबुद्दीन ग़ोरी ने अजमेर व देहली के राजाओं को जीता, और बाक़ी रहे सहे को अमीर तैमूर व उसकी औलाद ने तावे कर अपने फर्मांवर्दार बनाये, यहां तक कि जहांगीर बादशाह के ज़माने तक विक्रमादित्य के समय का कोई पुराना राजबंश न रहा, लेकिन राना ही एक राजा है जो दीन इसलाम के ज़ाहिर होने पेश्तर भी मौजूद थे और आजतक हुक्मरानी करते हैं".

बाबर बादशाह ने अपनी किताब तुज़के बाबरी में इनको बड़ा माना है. तुज़के जहांगीरी में शाहन्शाह जहांगीर लिखता है "ज्योतिषियों और रम्मालों ने (मुनज़्ज़िमान व अख्तर शनासान) आज रात को अजमेर की तर्फ़ रवाना होने की शुभ घड़ी देखी उसी मुवाफ़िक़ ता० २ शाबान दोशम्बा को सात घड़ी रात गये उस तर्फ का इरादा कर के फीरोज़ी व इक़्बाल के साथ राजधानी आगरे से बाहर हुआ. इस इरादे में दो बातें

थीं एक तो ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती के रौज़े की ज़ियारत और दूसरी राना अमरसिंह मक़हूर (जिस पर क़हर या क्रोध हो) को दफे रफे करना जो हिन्दुस्तान के मौतबिर ज़मींदारों और राजाओं में है और उसके व उसके बुज़ुर्गों के बड़प्पन और सर्दारी को इस वलायत के तमाम राजा व राय क़बूल करते हैं और दीर्घकाल से उनके वंश में दौलत और रियासत चली आई है. मुद्दत तक पूर्व में उनका राज रहा उस वक्त राजगी का ख़िताब रखते थे; फिर दक्षिण की भूमि में आये और वहां कई प्रदेशों पर अधिकार कर लिया और राजा के एवज़ रावल की पदवी धारण की; वहां से मेवात के कोहिस्तान (पहाड़ी देश) में आये और रफ्ते २ चित्तोड़गढ़ पर क़ब्ज़ा किया. उस तारीख़ से आज तक कि मेरा आठवां सन् जुलूस है (सन् १६१२ ई०), १४७१ वर्ष गुज़रते हैं जिन में से १००२ वर्ष में २६ रावल और राना अमरसिंह तक ४६६ वर्ष में २६ राना हुए. इस मुद्दत में उन्होंने वलायत हिन्द के किसी बादशाह की इताअत में सिर न झुकाया और अकसर लड़ाई झगड़े करते रहे. चुनाचे हज़रत फिर्दोसमकानी (बाबर) के ज़माने में इस वलायत (हिन्द) के तमाम राजा राय व ज़मींदारों को लेकर राना सांगा ने एक लाख अस्सी हज़ार सवार व उतने ही पायदल से बाबर के साथ जंग किया था. अल्लाताला की मदद व क़िस्मत के ज़ोर से इसलाम की फौज को काफिरों पर फतह हासिल हुई. इस लड़ाई का मुफस्सिल हाल हज़रत फिर्दोसमकानी की लिखी हुई मौतबिर किताब में दर्ज है. मेरे वालिद बुज़ुर्गवार ने, जिनकी क़ब्र सदा रौशन रहे !, इन सर्कशों (राणा) के दफे करने में बहुत कोशिश की और फौजें भेजीं और अपने बारहवें सन् जुलूस में (सन् १५६७ ई०) चित्तोड़गढ़ को बर्बाद करने, जो दुनिया के मज़बूत क़िलों में से है, और राना के मुल्क को तबाह करने के वास्ते इरादा किया और उस गढ़ को च्यार माह दो दिन के घेरे के बाद राना अमरसिंह के पिता व उसके साथियों से सख्त जंग करके फतह किया व उस (गढ़) का नाश कर दिया. फिर भी कई वार पादशाही लश्कर ने उसको (राना को) यहांतक तंग किया कि क़ैद होजावे या ख़राब व आवारा होवे मगर इतने पर भी उस मुहिम्म का ख़ातिरख्वाह इंसराम न हुआ. एकवार आख़िरी ज़माने में आप तो दखन फतह करने में लगे और मुझको बड़ा लश्कर देकर मौतबिर उमरा समेत राना पर भेजा. कारण विशेष से, जिसका ज़िकर यहां करने में तूल होगा, दोनों बातें सूरतपिज़ीर न हुईं. मैंने तख्त पर बैठते ही राना के मुल्क पर फौज भेजी, जिसका सर्दार फर्ज़न्द पर्वेज़ था और जो उमरा उस वक्त राजधानी में हाज़िर थे उनको उस लश्कर में साथ दिये और तोपख़ाना भी, क्योंकि हरेक काम वक्त पर पूरा होता है, उस वक्त अभागे खुस्रो का झगड़ा उठ गया और मुझको लाचार पंजाब की

तरफ उसके पीछे जाना पड़ा इसलिये राजधानी की हिफ़ाज़त के वास्ते पर्वेज़ को पीछा बुलालिया. ग़र्ज़ कि उस वक़्त भी राना की मुहिम्म जैसी कि चाहिये सर न हुई. जब खुज़ो की बग़ावत मिटगई और मैं आगरे आया तो महाबतख़ां और अबदुल्लाख़ां की मातहती में ज़बरदस्त फौजें भेजीं. उस वक़्त से आज तक फौजें जाती रहीं मगर मुहिम्म हस्ब दिलख्वाह पूरी न हुई. मैंने विचार किया कि जबतक मैं खुद इधर मुतवज्जो न होऊं यह काम कभी पूरा होने का नहीं और आगरे से रवाना हुआ".

गुहिलवंश की २४ शाखा:—गहलोत, अहाड़ा, सीसोदिया, पीपाड़ा, मांगलिया, हुल, फेलवा, मंगरोपा, गोधा, आसायच, भीमला, बोसा, धोरणिया, बुढ़ावला, बुटिया, गोतमा, मालिया, मोटसिरा, गोदारा, मोर, टीबणा, माहिल, तिवड़किया, चन्द्रावत.

इतिहास.



यद्यपि ऐसे प्राचीन राजवंश का सविस्तर प्राचीन इतिहास शुद्ध रीति से लिखना तो कठिन ही नहीं किन्तु दुस्तरसा है तथापि इस वंश के कितनेक प्राचीन शिलालेख, दानपत्र, कई पुस्तक व अन्यान्य लेखों व वंश परम्परागत रिवायतों के आधार से जो कुछ हाल प्राप्त होसका वह पाठकों के सन्मुख रखता हूं.

पहिले लिख आया हूं कि इस वंश का मूलपुरुष गुहदत्त सुराष्ट्र में वल्लभीपुर के राजवंश का हो जो अपने पुरोहित आनन्दपुर के नागर ब्राह्मण महादेव के साथ ईडर के पास भूमट इलाके में आया और काल पाकर वहां उसने कुछ अधिकार प्राप्त करलिया. गुहदत्त की सन्तान गुहिल, गुहिलपुत्र, गुहिलोत या गहलोत, गौहिल्य या गोहिल प्रसिद्ध हुई. गुहदत्त के इधर आने का ठीक समय तो नहीं बतला सक्ता परन्तु उससे चौथी पीढ़ी में होने वाले शील या शीलादित्य का एक लेख सं० ७०३ वि० (सन् ६४६ ई०) और शील के पुत्र अपराजित का लेख सं० ७१८ वि० (सन् ६६१ ई०) का मिलने से स्पष्ट है कि गुहदत्त विक्रम की सातवीं शताब्दी के मध्य या उससे कुछ पूर्व इधर आया हो.

आघाटपुर के शक्तिकुमार के लेख में गुहदत्त के पीछे भोज महेन्द्र और नाग तीन नाम मिलते हैं जिनका कुछ भी हाल मालूम नहीं हो सक्ता केवल दन्तकथा से नागादित्य या नाग के निस्बत इतना जाना जाता है कि जब वह शत्रुओं के हाथ से मारा गया तो उसकी स्त्री अपने बालक पुत्र बप्पक या बापा को एक ब्राह्मणी के सुपुर्द कर आप अपने पति के साथ सती होगई और वह ब्राह्मणी उस बालक को लेकर नागदा (नागह्रद)

गांव में आरही. क्योंकि गुहिलवंश का इतिहास ख़ास कर बापा ही से शुरू होता है अतः हमें यहां यह निश्चय करना है कि बापा किसी राजा का विरुद या पदवी थी या उसका असली नाम था.

ग्यारहवीं शताब्दी पहिले के गुहिलवंश के किसी प्राचीन लेख में बाप्प बापा या बप्पक ऐसा कोई नाम नहीं मिलता है. हां एकलिङ्गजी में लकुटीश के प्राचीन मन्दिर में सं० १०२८ वि० (स० ९७१ ई०) का एक लेख है जो बिगड़ जाने से पूरा नहीं पढ़ा जाता उस में लिखा है कि गुहिल वंश में श्री बप्पक राजा हुआ * चवदवीं शताब्दी के शिलालेखों और उनसे डेढ़सौ दोसौ वर्ष पीछे बने हुए एकलिङ्गमहात्म्य व मामादेव की प्रशस्ति और एकलिङ्ग पुराण में गुहदत्त या गुहा को बापा का पुत्र भी बतलाया, परन्तु

* "अस्मिन्नभूद्गुहिल (गो) त्र नरेन्द्रचन्द्रः श्री बप्पकः क्षितिपतिः क्षिति-पीठरत्नम्" यद्यपि इस पर ऐसा अनुमान हो सक्ता है कि बप्पक किसी राजा का असली नाम हो परन्तु कई दूसरे प्राचीन लेखों में जहां बप्प शब्द नाम के वास्ते आया है वहां "बप्पार्थ, बप्पभट्टी, बप्पस्वामिन्" आदि पाठ हैं और हम देखते हैं कि वल्लभीपुर के कई दानपत्रों में बप्प या बाव, जो बप्प का प्राकृतरूप है, पूज्य या पिता के अर्थ में दिया गया है जैसे शीलादित्य चौथे के दानपत्र में "परमभट्टारक महाराजाधिराजपरमेश्वर श्रीबावपादानुध्यात" (इण्डियन ऐंटीक्वेरी जिल्द ५ पृष्ठ ११२); और शीलादित्य सप्तम के अलीना के दानपत्र में "परममाहेश्वर परमभट्टारक महाराजाधिराजपरमेश्वर श्रीबप्पपादानुध्यातः परमभट्टारक महाराजाधिराज श्रीशीलादित्य देव" ऐसेही आगे भी कई जगह बप्प शब्द लिखा है. (कार्पस इंस्क्रिप्शनम् इण्डिकेरम् जिल्द ३ सफा १७३). वल्लभी के कई दानपत्रों में "बप्पपादानानुध्यात्" पाठ है ऐसेही नेपाल के महाराजाधिराज शिवदेव व महासामन्त अंशुवर्म्मा के लेखों में भी "बप्पभट्टारक" पद है. इस के अलावा सं० १०२८ वि० के नरवाहन के लेख से ६ वर्ष पीछे के आघाटपुर के शक्तिकुमार के लेख में जो वंशावली दी है उसमें बप्प नाम का कोई राजा नहीं, इसलिये ऐसा मानने में कोई बाधा नहीं है कि वल्लभीपुर के राजाओं की शैलीपर बप्प पदवी उस राजा की थी जो गुहदत्त का पिता था और दूसरा राजा उसी वंश परम्परागत बप्प पदवी का धारण करने वाला अपराजित का पिता शीलादित्य हुआ जो मेदपाट के गुहिलवंश का मुख्यपुरुष था.

यह बप्प मेदपाट का राजा नहीं हो सक्ता क्योंकि जब सं० ७१८ वि० के अपराजित के लेख में उसको गुहिल लिखा है तो स्पष्ट है कि गुहदत्त उससे पहिले हुआ था. *

महारावल समरसिंह के आबू के लेख में यह भी वर्णन है कि गुहिल वंश की कई शाखा प्रशाखा हैं उसी वंश में बप्पक हुआ जिसने दुष्टों के भेदरूपी कीचड़ से संग्राम में पृथ्वी को तरबतर करदी इसी से इस देश का नाम मेदपाट पड़ा † वहां नागह्रद नाम का एक नगर है जहां हारीतराशि व उसके कई शिष्य तपस्या करते थे बापा की सेवा से प्रसन्न होकर हारीत ने उसे राज दिया. ऐसा प्रसिद्ध है कि एक (पांव के) सोने के कड़े के द्वारा हारीत ने क्षात्र तेज बापा में आरोपित किया और भक्ति द्वारा बापा ने ब्रह्मअंश हारीत को दिया. ‡

अबुल्फ़ज़ल अपनी किताब आईन अकबरी में सूबे अजमेर के ताल्लुक़ चित्तोड़ के हाल में लिखता है कि "यहां के ज़मीन्दार को पहिले रावल कहते थे अब बहुत दिनों से राना कहते हैं, जो गहलोत क़ौम से हैं, अपने को नौशेरवां आदिल की औलाद में समझता है. कालकी विचित्रगति से इनके पुरखा बराड़ देश में जाकर परनाले (बम्बई इहाते में कोल्हापुर ?) के ज़मीन्दार होगये थे. अब से आठसौ वर्ष पहिले (स० ७९५ ई० के क़रीब) परनाला दुश्मन ने लेलिया और बहुतसे मारे गये. बापा नाम एक छोटे लड़के को उसकी मा वहां से लेकर मेवाड़ में आई और राजा मण्डलीक भील के पास पनाह ली. (बापा) जब बड़ा हुआ गायें चराने लगा और शिकार मारने, यहांतक कि बहादुरी में नाम पागया और राजा के पास रहने लगा और उसका दीवान बनगया.

* "राजश्रीगुहिलान्वयामलपयोराशौ स्फुरद्दीधितिध्वस्तध्वान्तसमूहदुष्टसकल-व्यालावलेपान्तकृत् श्रीमानित्यपराजितः ।"

† "मेदःक्लेदभरेणदुर्जनजनस्याप्लावितःसंगरे देशःक्लेशकथापकर्षणपटुर्यो बप्पकेनोच्चकैः । लावण्योत्करनिर्जितामरपुरःश्रीमेदपाटाभिधामाधत्तेस्म सएषशेषनगरश्रीगर्वसर्वंकषः । ७ ।"

‡ इससे यह भी अर्थ निकल सक्ता है कि हारीत की सहायता से बापा को राज्य मिला. समय पाकर वृत्तों में कैसे फेरफार होजाते हैं, टॉड लिखता है कि स्वर्ग को चढ़ते हुए हारीत ने बापा के मुख में थूका.

जब राजा मरा तो उसके च्यार भतीजे राज के वास्ते आपस में झगड़ने लगे आख़िर सब की यह राय हुई कि बापा हमारा सर्दार होवे और उसके कहने से न फिरें. बापा ने इन्कार किया, एक दिन इन च्यारों में से एक की उंगली में से खून निकला जिससे उसने बापा के तिलक लगा दिया और दूसरों ने भी उसे अफ़सर क़बूल किया. बापा ने राज का झण्डा खड़ा किया. यह रिवाज अब तक चला जाता है कि जिसको राजा बनाते उस के ललाट पर आदमी के लोहू से टीका लगाते हैं. फिर उस कृतघ्नी ने (बापा ने) उन च्यारों लड़कों को मारडाला और हरंज नामी एक तपस्वी को जंगल में जानवर समझ कर मारने को तीर सांधा, तपस्वी ने मनकी सफ़ाई से यह बात जान कर बापा को इत्तिला दी तब लज्जित होकर सेवा करने लगा. एक दिन (तपस्वी ने) उसे राजा होने का बरदान दिया, जिसका अजीब क़िस्सा बयान करते हैं. सीसोदा गांव में रहने से इस ख़ान्दान को सीसोदिया कहते हैं. पहले एक ब्राह्मण ने इन्हें मदद दी थी इसलिये उसी वर्ण से मशहूर हुए.

बापा के निस्बत टॉड साहब का बयान थोड़े से अन्तर के सिवाय अबुल्फ़ज़ल से मिलता है. टॉड ने बापा के पिता का नाम नागादित्य और पुत्र का नाम अपराजित देकर बापा का बिरुद शैलाधीश (यह शीलादित्य का बिगाड़ है) लिखा है. जन्म सं० ७७१ वि० मौर्य्यों से चित्तोड़ लेने का सं० ७८४ वि० और देहान्त सं० ८७१ वि० दिया है. बापा के पिता नागादित्य को जब भीलों ने मारडाला तो बीरनगर (बड़नगर) की एक ब्राह्मणी बालक बापा को नागहद गांव में लेगई जहां वह गायें चराता था. बन में उसे शिवलिङ्ग और हारीत ऋषि के दर्शन हुए. बापा ने ऋषि की सेवा की जिससे प्रसन्न होकर हारीत ने उसे एकलिङ्गजी का दीवान बनाया. हारीत के मरने पर बापा अपने मामा मानमोरी के पास चित्तोड़ चला गया जहां उसे जागीर मिली. इसी अर्से में असुरों ने चित्तोड़ पर चढ़ाई की * बापा उन के मुक़ाबले को भेजा गया उसने दुश्मन को शिकस्त देकर भगा दिया. ग़ज़नी या गयनी (क्याम्बे या खम्भात) से सलीम को निकाल कर चावड़ों को वहां का राज्य दिया और दीवबन्दर के राजा ईसपगोल चावड़े की बेटी से विवाह किया जिससे अपराजित उत्पन्न हुआ. † पीछा लौटकर बापा ने

* कर्नल टॉड ने यह चढ़ाई ख़लीफ़ावलीद के सेनापति मुहम्मद क़ासिम की बतलाई है.

† शीलादित्य या बप्पक के समय में भीनमाल के चावड़ों का राज्य सिरोही के आसपास था, वसन्तगढ़ के सं० ६८२ वि० (स० ६२५ ई०) के लेख से पाया जाता है कि उस वक्त राजा वर्मलात का सामन्त राउजिल वज्रभट

चित्तोड़गढ़ मौर्य्यों से छीन लिया, अपनी पदवी रावल और हिंदुआसूरज रक्खी, छत्तीस वर्ष चित्तोड़ का राज्य कर के सं० ८२० वि० (सन् ७६३ ई०) में मुसलमान हो खुरासान की तर्फ़ चला गया जहां इस्पहान, कन्दहार, कश्मीर, इराक़, ईरान, तूरान व क़ाफ़रिस्तान के रईसों की बेटियों से विवाह किये, जिनसे १३० पुत्र बापा के हुए, उन्हीं की सन्तान नौशेरिया पठान कहलाती है. आख़िर एकसौ वर्ष की उमर में बापा वहीं मर गया.

अब यह निश्चय करना है कि गुहिलवंश में बापा या बप्पक पदवी का धारण करने वाला राजा कौन था ? एकलिङ्गमहात्म्य व एकलिङ्ग पुराण में दिये हुए बापा के समय को सही समझकर किसी ने तो कालभोज, किसी ने महेन्द्र और किसी ने खुमांण को बापा बतलाया है परन्तु जब कि पिता और पुत्र (कुम्भाजी और रायमल्लजी) के समय के बने हुए एकलिङ्गमहात्म्य और एकलिङ्ग पुराण ही में इस विषय में मतभेद हैं तो वह क्योंकर सही समझा जासक्ता है. पहला कहता है कि सं० ८१० (वि०) में बाप्प श्री एकलिङ्गशंकर से वर प्राप्त करके पहला राजा हुआ * दूसरा लिखता है कि बाप्प को हारीत ऋषि की सेवा मिली और उसके मरने पर चित्तोड़ का राज एकलिंगजी ने बाप्प को दिया. सं० ८१० वि० में उसने राज अपने पुत्र को देकर संन्यास लिया. † अर्थात् एक सं० ८१० में बापा को राज मिलना कहता और दूसरा उसी संवत् में उसकी मृत्यु बतलाता है. ऐसे ही अबुलफ़ज़ल और कर्नल टॉड के दिये हुए सं० ८५२ व सं० ८२० वि० भी सही नहीं है. न तो कालभोज न महेन्द्र और न खुमांण बापा पदवी के धारण करनेवाले थे, परन्तु पहला बप्पक या बापा कहलानेवाला राजा गुहदत्त से पांचवीं पीढ़ी में

का पुत्र अर्बुददेश का स्वामी था. भीनमाल निवासी प्रसिद्ध माघकवि अपने शिशुपालवध काव्य में लिखता है कि मेरा दादा सुप्रभदेव राजा वर्मलात का मुख्य मंत्री था. ऐसेही शक सं० ५५० (वि० सं० ६८५ ई० सन् ६२८) में ज्योतिष के ग्रन्थ स्फुटब्रह्मसिद्धान्त का रचयिता जिष्णु का पुत्र ब्रह्मगुप्त लिखता है कि मैंने चापवंशी (चावड़े) राजा व्याघ्रमुख के राज्य में यह ग्रन्थ लिखा. इस से पाया जाता है कि वर्मलात भी चावड़ावंश का हो और गुहिलवंश का सम्बन्ध उसवक़्त चावड़ों से हुआ हो.

* "यदुक्तं पुरातनैः कविभिः। आकाशचन्द्रदिग्गजसंख्येसंवत्सरे बभूवाद्यः। श्रीएकलिङ्गशङ्करलब्धवरोबाप्पभूपालः।"

† "राज्यं दत्त्वा स्वपुत्राय अथर्वणमुपागतः। खचन्द्रदिग्गजाख्येच वर्षेनागह्रदे मुने"।

होने वाले नाग या नागादित्य का पुत्र और अपराजित का पिता शील या शीलादित्य था जिसको कर्नल् टॉड ने शैलाधीश लिखा है. आघाटपुर के शक्तिकुमार के लेख में शील के पिता का नाम नाग दिया है, वैसेही कर्नल् टॉड भी बापा के पिता का नाम नागादित्य बतलाता है, और कुम्भलमेरु की महाराणा कुम्भाजी की मामादेव की प्रशस्ति में साफ लिखा है कि गुहिलवंश में भोज राजा हुआ उसका पुत्र नाग और नाग का पुत्र बप्प था *. उसी शीलादित्य या बप्प का एक लेख भूमट इलाके में जूड़ा पट्टे के सामोली गांव में मिला † जिसमें लिखा है कि सं० ७०३ (वि०) के कार्तिक में नरपति शीलादित्य के राज्य समय में वटनगर के जेक आदि महाजनों ने अरण्यवासिनी देवी का मन्दिर बनवाया. ‡ भूमट ही का स्थान था जहां प्राचीन रिवायत के अनुसार गुहदत्त आकर रहा था अतः हम बाप्प या शीलादित्य का समय सं० ७०३ से सं० ७१८ वि० के मध्य का मानते हैं अर्थात् सं० ७१०-१५ वि० के लगभग तक शीलादित्य राजा रहा फिर उसका पुत्र अपराजित गद्दी पर बैठा.

बापा के निस्बत जो कथायें पीछे से लिखी गई कि उसके पिता नागादित्य के मारे जाने पर बाल्यावस्था में उसे एक ब्राह्मणी नागदे में लाई और वहां हारीत ऋषि की कृपा से उसने राज पाया, मौर्य्यों से चित्तोड़गढ़ लिया, रावल और चक्रवा पदवी धारण की, फिर मुसलमान होकर खुरासान की तर्फ़ चला गया, वह नंदीगण का अवतार था, शापवश मनुष्यजन्म पाया, ३६ हाथ की धोती पहनता और ४ बकरे रोज खाता था आदि आदि, मेरे नजदीक तो ये सब घड़ंत हैं. शीलादित्य के लेख पर अनुमान हो सक्ता है कि वह भूमट इलाके में पहिले से छोटा राजा था, बल पाकर राज्य बढ़ाने को

* "अथ राजवर्णनं । अतः श्री राजवंशोऽत्र प्रवक्तव्यः ।" "तस्मिन् गुहिलवंशे भूद्भोजनामावनीश्वरः । तस्मान्महींद्रनागाह्वो बप्पाख्यश्चापराजितः । १३६ ।"

† यह लेख पण्डित गौरीशङ्कर हीराचन्द ओझा को मिला था जो उसने अजमेर म्यूजियम के भेट कर दिया है.

‡ "जयति विजयीरिपूनां (णां) देवद्विजगुरुजणा (ना) नन्दी श्रीशीलादित्योनरपति (:) स्वकुलाम्बर चंद्रमा पृथ्वी । जयति वटनगरविनिर्गत महाजनंजेकप्रमुखं । .....। एभिर्गुणैर्युतां तत्र (जे) कमहत्तर (:) श्रीअरण्यवासिण्या (न्या) देवकुलंचक्रे महाजनादिष्ट (:).....७०० ३ कार्ति....."

उत्तर पूर्व की तर्फ़ बढ़ा हो और भुजबल से बहुतसा इलाक़ा जीत लिया. शङ्कर का उपासक था उचित समझ कर हारीत राशि ने उसे अपना रक्षक माना और एकलिङ्गजी का दीवान बनाया हो. बापा ने नागह्रद या नागदे में अपनी राजधानी स्थापन की * जो फिर सैकड़ों वर्षों तक गुहिलोतों का पाटस्थान रहा; चित्तोड़ गुहिलोतों के हाथ में बापा से क़रीब ६०० वर्ष पीछे आया था जैसा कि आगे बतलाया जावेगा.

राजा अपराजित—नरनाथ शील या शीलादित्य या बापा का पुत्र था जो सं० ७११ या १६ वि० (सन् ६५४ ई०) के लगभग नागदह की गद्दी पर बैठा. अपने पिता के प्राप्त किये हुए राज्य को उसने तरक्की दी. उसके समय का एक शिलालेख सं० ७१८ वि० (सन् ६६१ ई०) मार्गशीर्ष सुदि ५ का उदयपुर से १४ मील उत्तर कुण्डेश्वर के मंदिर के बाहर मिला, वह असली लेख उदयपुर के विक्टोरिया हॉल में रक्खा है. उसमें लिखा है कि गुहिलवंशी राजा अपराजित ने शिव के पुत्र महाराज बराहसिंह को अपना सेनापति बनाया था. बराहसिंह की स्त्री यशोमति ने एक विष्णु का मंदिर बनवाया. मालूम होता है कि गुहिलवंशी राजा सदा से सब ही मत मतांतरों के आश्रयदाता रहे हैं. उपर्युक्त लेख में यह श्लोक है:—

शिवात्मजाखण्डितशक्तिसम्पदुर्यः समाक्रान्तभुजङ्गशत्रुः।
तेनेन्द्रवत्स्कन्दइवप्रणेता वृतो महाराजवराहसिंहः॥

---

* हारीतराशि शैवमत की पाशुपत शाखा का कनफटा योगी था. इस मत का प्रचारक भट्टारक लकुटीश या लकुलीश शिव का अवतार माना जाता है, उसका मठ गुजरात में कायाविरोहण या कारोहण गांव में है. लकुटीश के चार शिष्यों के नाम पर इस मत में ४ शाखा हुई, कौशिक, गार्ग्य, कौरुष और मैत्रेय. एकलिंगजी के गुसांई अपने को हारीत के स्थानाधिप बतलाते हैं. पहिले तो यहां के गुसांई भी कनफटे नाथ ही होते थे परन्तु कुछ अर्से से यह नियम नहीं रहा है.

यह भी सम्भव है कि शीलादित्य के पिता नागादित्य ने अपने नाम पर नागह्रद का क़स्बा बसाकर वहां राजधानी की हो.

उदयपुर के महाराणा अब तक दीवानजी कहलाते और राज के पट्टे पर्वानों में भी " श्रीदीवाणजी आदेशात् " ऐसा लेख होता है.

इसमें श्लेष है अर्थात् शिव के पुत्र बराहसिंह की तुलना कार्तिकस्वामी से की है, जैसे " शिवात्मज " कार्तिक शिव का पुत्र और बराहसिंह शिव नामी पुरुष का पुत्र; " अखण्डित शक्तिसम्पत् " जिसकी शक्तिरूप सम्पत्ति कभी खण्डित नहीं हुई; समाक्रांत भुजङ्ग शत्रुः " कार्तिकस्वामि के पक्ष में तो यह अर्थ है कि भुजंगशत्रु अर्थात् मोर को जिसने अपना वाहन बनाया और बराहसिंह के पक्ष में मयूर से मौर्य्य (क्षत्रियों) की कल्पना हो सक्ती है अर्थात् जिसने मौर्य्यों को पराजित किया. इसपर यह अनुमान हो सक्ता है कि अपराजित या उसके पिता (बप्प) के समय मौर्य्यों से युद्ध होकर उनका कुछ इलाक़ा गुहिलोतों के हाथ आया हो और आश्चर्य्य नहीं कि इसी पर बापा का मौर्य्यों से अपराजित के पीछे चित्तोड़ लेने की रिवायत चली हो.

महेन्द्र, * कालभोज, शुम्माणयाखुमांण और मत्तट राजा हुए. मत्तट का पुत्र भर्तृभट था. चाटसू गांव इलाके जयपुर में गुहिल बालादित्य का एक लेख मिला है,

---

* आबू की महारावल समरसिंह की प्रशस्ति में महेन्द्र के वास्ते यह श्लोक लिखा है:—

शीलः सलीलकरवालकरालपाणिर्भेजे भुजेन तदनु प्रतिपक्षलक्ष्मीं उत्साहभावगमकां पुलकां दधानो वीरः स्वयं रसइव स्फुटबद्धदेहः । १४ । चोड़स्त्रीरतिखंडनः कुलनृप-श्रेणीशिरोमंडनः कर्णाटेश्वरदण्डनः प्रभुकलामैत्रीमनोनंदनः । तत्सूनुर्नयमर्मनर्मसचिवः श्रीकालभोजक्षमापालः कालकराल कर्कशधनुर्दण्डप्रचण्डोऽजनि । १५ ।

(भावार्थ) शील स्वभाव और लीला सहित तलवार से विकराल हस्तवाले उस राजा ने पराक्रम द्वारा शत्रुओं की लक्ष्मी को अपने आधीन किया. परम उत्साही वह राजा साक्षात् वीररस ही का स्वरूप था. चोड़ देश की नारियों की रति का खंडन करनेवाला (उनके पतियों को मारनेवाला), नृपकुलसमूह का शिरोमणि, कर्णाटेश्वर को दण्ड देनेवाला और राजनीति में निपुण था. नीति और नर्म में प्रवीण उसका पुत्र कालभोज राजा हुआ, जिसका धनुष्काल सा भयंकर और दण्ड देने में प्रचण्ड था.

चोड़ कर्णाट देश जीतना कवि की अतिशयोक्ति नहीं, सम्भव है कि महेन्द्र ने वे देश विजय किये हों और इसी पर गुहिलोतों का राज पहले दक्षिण देश में था ऐसी रिवायत प्रसिद्ध हुई हो.

वह बालादित्य इसी भर्तृभट का वंशज हो *. लेख का आशय यह है कि ब्रह्मक्षत्रान्वित् गुहिलवंश में राजा भर्तृभट हुआ, उसका पुत्र ईशानभट, ईशानभट का उपेंद्रभट, उसका पुत्र गुहिल, गुहिल का पुत्र धनिक और उसके आउकनामी पुत्र हुआ. आउक का पुत्र कृष्णराज और उसका पुत्र शङ्करगण था जिसने गौड़ो को जीता. शङ्करगण का पुत्र हर्षराज और उसका पुत्र गुहिल दूसरा था. जिसका विवाह परमारवंश के राजा वल्लभराज की पुत्री रज्झा से हुआ. गुहिल का पुत्र भट्ट और भट्ट के बालादित्य, बालार्क या बालभानु उत्पन्न हुआ जिसने चहुवाण शिवराज की पुत्री रट्टवा के साथ विवाह किया. बालादित्य के इस राणी से वल्लभराज विग्रहराज और देवराज उत्पन्न हुए. भर्तृभट के पीछे सिंह, खुम्माण दूसरा, महायक, और खुमांण तीसरा क्रमवार गद्दी बैठे, कर्नल् टॉड ने खुमांण नाम का एक ही राजा बतलाकर उसका समय सं० ८१२-३६ वि० का दिया है और खुमांणरासा नामक ग्रन्थ उसी समय में बना हुआ मानकर (जो बहुत पीछे विक्रम की १७ वीं शताब्दी में लिखा गया) लिखा कि ख़लीफा मामूरशीद से खुमांण ने २४ लड़ाइयां लड़ीं. वह ठीक नहीं है क्योंकि कभी कोई ख़लीफा आप हिंदुस्तान में नहीं आया था. सम्भव है कि खुमांणरासा खुमांण पहले के नाम पर बना हो, उसमें दिया हुआ खुरासान पुत्त महमून, मामू नहीं लेकिन सुलतान महमूद ग़ज़नवी हो, कवि ने कीर्ति बढ़ाने के वास्ते प्रसिद्ध महमूद को पराजित करने का यश खुमांण को दिया जैसा कि चारण भाटों के काव्यों में अकसर होता है. खुमांण तीसरे के पीछे भर्तृभट दूसरा गद्दी बैठा यह राजा गुहिलवंश की राजलक्ष्मी को बढ़ानेवाला था. आघाटपुर के शक्तिकुमार के लेख में उसका बिरुद त्रैलोक्य तिलक दिया है † राष्ट्रकूट (राठौड़) वंश की कन्या महालक्ष्मी से विवाह किया जिसके गर्भ से अल्लट उत्पन्न हुआ. राणी महालक्ष्मी हस्तिकुंडी (हथूंदी) के राजा मम्मठ की पुत्री हो.

राजा अल्लट-इसका लेख सं० १०१० वि० वैशाख सुदि ७ का उदयपुर के बाहर सांडेश्वर महादेव के मंदिर में लगा हुआ है. वास्तव में यह लेख बराह के मंदिर का

---

* उस लेख में संवत् नहीं परन्तु लिपि के आधार पर वह विक्रम की दशवीं शताब्दी का कहा जा सक्ता है.

† भर्तृपुर (भटेवर) का गांव जिसका उल्लेख महारावल समरसिंह के लेख में मिलता है शायद भर्तृभट ही का बसाया हुआ हो. गुहिलोतों की एक शाखा भी भटेवरा नाम की है.

है जो अल्लट राजा के समय में बना था. मन्दिर की सम्भाल के वास्ते कई राजकीय व प्रजा के बड़े बड़े पुरुषों की कमेटी नियत हुई थी जिनके नाम इस लेख में हैं. मन्दिर के खर्च के वास्ते जो कर नियत हुआ वह इस तरह पर था कि "हाथी" (हाथी का मालिक) एक द्रम्म, घोड़ा दोरूपक, शृङ्गी (सींगवाले पशु) द्रम्म का चालीसवां भाग, पुराने वस्त्रालङ्कार बेचनेवाला सवामण धान, शुक्लपक्ष की एकादशी के दिन सब कंदोई हाट-प्रति एक एक लोटी दूध, जुगारी एक वक्त जीता हुआ द्रव्य, प्रत्येक घाणी से एक पल (४ रुपये भर) तेल, रन्धनी एक रूपक, माली एक फूलमाला रोज देवे. उस लेख से यह भी पाया जाता है कि अल्लट की राजधानी में कर्णाट, मध्यदेश, लाट और टाक देशादि के व्यौपारी आते थे जिन्होंने मधुरिपु (विष्णु) की पूजा के निमित्त दान दिया था. सम्भव है कि अल्लट ने नागहूदपुर से अपनी राजधानी आघाटपुर (आहाड़) में बदली हो जहां यह मन्दिर बनाया गया था. * लेख में अल्लट के पिता का नाम देने के एवज़ उसको राणी महालक्ष्मी का पुत्र लिखा है, अतः शायद उस वक्त राजा के बालक होने से महाराणी राजकाज सम्भालती हो. शक्तिकुमार के लेख से पाया जाता है कि अल्लट ने हूणवंशी (हम नहीं जानते कि वह श्वेतहूण ही थे या परमार) राजकुमारी हरियादेवी से विवाह किया था जिसने हर्षपुर का गांव बसाया.

राजा नरवाहन—इसका एक लेख सं० १०२८ वि० (स० ६७१ ई०) का एकलिंगजी के निज मन्दिर के ऊपर लकुलीश के प्राचीन मन्दिर में मिला है जिसमें बप्पक का नाम मिलता है. लेख ख़राब होजाने से पूरा पढ़ा नहीं जाता † शक्तिकुमार के लेख से जाना जाता है कि नरवाहन का विवाह चहुवाण जेजय की पुत्री के साथ हुआ था. राष्ट्रकूट राजा धवल (हस्तिकुण्डी का) के सं० १०५३ वि० माघ सुदि १३ के लेख से पाया जाता है कि जब मालवे के परमार महाराजा मुंजराज ने (जिसके उपनाम वाक्पतिराज, अमोघवर्ष और उत्पलराज भी थे) मेवाड़ पर चढ़ाई की तो धवल ने मेवाड़ की सहायता की थी. शायद यह चढ़ाई नरवाहन के समय में हुई हो. ध्रुः

---

* आघाटपुर (जिसका पुराना नाम तांबावती कहते) अल्लट से बहुत पहिले बसा था. यहां भर्तृभट प्रथम के सं० १००० वि० के लेख से भी एक वराह के मंदिर बनने का पता लगता है वह मंदिर अब तक मौजूद है.

† लेख के वास्ते देखो भावनगर इंस्क्रिप्शन्स भाग १ पृष्ठ १५.

ध्रुः भंक्त्वा घाटंघटाभिः प्रकटमिवमदं मेदपाटे भटानां
जन्ये राजन्य (ज) न्ये जनयति जनता (ता) रणं मुंजराजे

एशियाटिक सोसाइटी बङ्गाल का जर्नल जिल्द ६२ भाग पहिला स० १८९३ ई० पृष्ठ ३११.

राजा शालिवाहन—नरवाहन का पुत्र था इसका कुछ भी हाल नहीं मिलता है.

राजा शक्तिकुमार—आघाटपुर (आहाड़) के पास हरसिद्धि माता के मन्दिर की सीढ़ी में लगा हुआ शक्तिकुमार का एक त्रूटक लेख मिला, और दूसरा आहाड़ ही में सं० १०३४ वि० वैशाख शुक्ला प्रतिपदा का कर्नल टॉड को मिला, जिससे पाया जाता है कि उस वक़्त राजधानी आहाड़ में थी. किसी धनाढ्य वणिक् ने शक्तिकुमार के राज्य में वटस्थान में नन्नुक स्वामि का मन्दिर बनवाया. * शक्तिकुमार के पीछे अम्बाप्रसाद गद्दी बैठा. पृथ्वीराजविजय नामी पुस्तक में लिखा है कि आघाटपुर का राजा अम्बाप्रसाद अजमेर के चहुवाण राजा वाक्पतिराज से मारा गया. उसने छुरिका से उसका मुख चीर डाला †. अम्बाप्रसाद के पीछे शुचिवर्म, नरवर्म, कीर्तिवर्म, योगराज, वैरट और हंसपाल राजा हुए. कुम्भलमेरु की मामादेव की प्रशस्ति से पाया जाता है कि हंसपाल ने आघाटपत्तन (आहाड़) में गढ़ व महल बनवाये थे.

राजा वैरिसिंह—मध्यप्रदेश के जबलपुर ज़िले में नर्मदा तटपर भेरघाट के लेख से, जो चेदी के कलचुरि राजा गयकर्णदेव के समय का चेदि सं० ६०७=वि० सं० १२१३ व ई० सन् ११५६ का है, तथा कदमाल के दानपत्र से हम वैरिसिंह का समय विक्रम की बारहवीं शताब्दी के मध्य में ठहरा सक्ते हैं. इस राजा का यश दूर दूर तक विख्यात था और बड़े २ सामन्त उसको प्रणाम करते थे. ध्रु

---

* इस असली लेख का पता नहीं, परन्तु कर्नल् टॉड के गुरु यति ज्ञानचन्द के हाथ की उसकी एक नक़ल पंडित गौरीशङ्कर हीराचन्द ओझा को मांडल गांव (मेवाड़) में ज्ञानचन्द के भण्डार से मिली जो पंडित देवदत्त भंडारकर ने इंडियन ऐण्टीकेरी जिल्द ३९ जून सन् १९१० ई० के पृष्ठ १२१ में छपवाई है. उसके देखने से जाना जाता है कि लेख में बहुतसी अशुद्धियां हैं सम्भव है कि वे अशुद्धियां उस लेख के ठीक ठीक नहीं पढ़े जाने से ज्ञानचन्द ने की हों.

† यह वाक्पतिराजा दूसरा, गोविन्दराज दूसरे का उत्तराधिकारी था.

ध्रु अस्ति प्रसिद्धमिह गोभिलपुत्रागोत्रं तत्रजनिष्ट नृपतिः किल हंसपालः ।
शौर्य्यावसज्जितनिरर्गलसैन्यसंघनम्रीकृताविलमिलद्विपुचक्रवालः । १७ ।
तस्याभवत्तनुभवःप्रणमत्समस्तसामन्तशेखररशिरोमणिरञ्जिताङ्घ्रिः ।
श्रीवैरिसिंहवसुधाधिपतिर्विशुद्धबुद्धेर्निधिर्न परमार्थिजनस्यचोच्चैः । १८ ।

राजा विजयसिंह–वैरसिंह का पुत्र, सं० ११७३ वि० स० १११६ ई० में विद्यमान था, क्योंकि उदयपुर से क़रीब ४ मील उत्तर पालड़ी गांव के पास एक शिव-मन्दिर में राजा विजयसिंह का सं० ११७३ जेठ बदि (३) रविदिन का लेख है उस में वैरिसिंह का भी नाम है. विजयसिंह का विवाह मालवे के परमार महाराजा उदयादित्य की पुत्री श्यामलदेवी से हुआ था जिस के एक कन्या आल्हणदेवी या अल्हणदेवी उत्पन्न हुई जो चेदी के कलचुरि राजा गयकर्णदेव के साथ व्याही गई थी. आल्हणदेवी का पुत्र नरसिंहदेव गयकर्णदेव के पीछे चेदी राज्य का स्वामी हुआ. परमार उदयादित्य, प्रसिद्ध परमार महाराजा भोजदेव का रिश्तेदार था जो भोज के मारे जाने पर मालवे का राजा हुआ और जिसने चेदी के कलचुरि राजा को विजय कर अपना खोया हुआ राज पीछा प्राप्त किया था. सं० ११४० वि० तक उसने राज किया. गयकर्णदेव की दूसरी पुत्री कर्पूरदेवी का विवाह अजमेर के चहुवाण महाराजा सोमेश्वरदेव के साथ हुआ जिस के पेट से प्रसिद्ध पृथ्वीराज चहुवाण और उस का भाई हरिराज उत्पन्न हुए.

विजयसिंह के पीछे अरिसिंह, फिर उसका बड़ा भाई चोड़सिंह, और फिर चोड़सिंह का अग्रज विक्रमसिंह आघाटपुर की गद्दी पर बैठे.

स वैरिसिंहोह्यनयद्रिपूणां कुलानि गम्भीरगुहागृहाणि ।
स्वयञ्चतेषामधिशय्य चक्रे पुराणि दूरावजितालिकानि । १९ ।

तस्मादजायत समस्तजनाभिवन्द्यः सौन्दर्य्यशौर्य्यभरभङ्गुरिताहितश्रीः ।
पृथ्वीपतिर्विजयसिंह इति प्रवर्द्धमानः सदा जगति यस्य यशःसुधांशुः । २० ।

तस्याभवन् मालवमण्डलाधिनाथोदयादित्य सुता सुरूपा ।
शृङ्गारिणीश्यामलदेव्युदारचरित्रचिन्तामणिरर्चितश्रीः । २१ ।

मेनायामिवशङ्करप्रणयिनी क्षोणीभृतान्नायकाद्वीरिण्यामिव शुभ्रभानु
वनिता दक्षात्प्रजानांसूजः । तस्मादल्हणदेव्यजायत जगद्रक्षाक्षमाद्भूपते
रेतस्यान्निजदीर्घवंशविशदंप्रेखत्पताकाकृतिः । २२ ।

विवाहविधिमाधाय गयकर्णनरेश्वरः ।
चक्रे प्रीतिम्परामस्यां शिवायामिव शङ्करः । २३ ।

एपिग्राफिआ इण्डिका जिल्द २ पृष्ठ १०.

राजा विक्रमसिंह–सं० १२००–१० वि० के लगभग राज पर हो. एकलिङ्ग-महात्म्य में उस का नाम श्रीपुञ्ज भी दिया है और लिखा है कि उसीसे आघाटपुर के राज्य में दो शाखा फटीं. उसका बड़ा पुत्र कर्णसिंह (रणसिंह) आहोर का स्वामि हुआ हो और छोटे भाई महणसिंह का पुत्र क्षेमसिंह आघाटपुर की गद्दी पर बैठा. सीसोदे की शाखा का वर्णन आगे किया जावेगा. महारावल समरसिंह की आबूकी प्रशस्ति में विक्रमसिंह के वर्णन में लिखा है कि विक्रमसिंह ने शत्रुओं की कथाओं की समाप्ति कर दी, और क्षेमसिंह ने अपने भुजबल से शत्रुरूप कण्टक को उखाड़ फेंका. उसकी सेना ने पृथ्वी पर कल्याण फैलाया, थोड़ा रक्तपान करने से प्रसन्न हो नाचती हुई प्रेतस्त्रियां रस-भरे उद्गारों से कपालों में रुधिर भर अपने पतियों को देतीं और वे प्रसन्न होकर पीते और संग्रामभूमि में क्षेमसिंह के यश को गाते हैं.

राजा सामन्तसिंह–क्षेमसिंह का पुत्र था. सं० १२३०–५० वि० के दर्मियान राज पर हो, उस के समय में नाडोल के चहुवाण राजा आल्हणदेव के पुत्र केल्हण के छोटे भाई कीर्तिपाल या कीतू ने नाडोल से जुदा होकर जालोर अथवा सुवर्णगिरि पर अपना स्वतंत्र राज स्थापन कर लिया था. कीर्तिपाल को उसके पिता ने नाडलाई आदि १२ गांव जागीर में दिये थे. नाडोल के चहुवाण उस वक़ गुजरात के सोलंकियों के आधीन थे. जब सुल्तान कुतबुद्दीन ऐबक़ ने स० ११६४ ई० में नैहरवाले (अणहिलवाड़ा) पर दुबारा चढ़ाई की तब आबू पहाड़ के नीचे कायद्रां गांव के पास आबू के परमार राजा धारावर्ष और राय केल्हण (फारसी तवारीख़ों में करन लिखा है) नाडोल के राजा ने सुल्तान का मार्ग रोक उससे घोर युद्ध किया था, उसी वक़ कुतबुद्दीन ने नाढोल भी फतह की थी. कीर्तिपाल भी उस युद्ध में अपने भाई के साथ हो. केल्हण के पीछे कीर्तिपाल जालोर और नाडोल दोनों राज्यों का स्वामी होगया था. उसने मेवाड़ पर चढ़ाई की और राजधानी आघाटपुर पर अधिकार करलिया. सम्भव है कि सामन्तसिंह के पिता के समय ही से यह चहुवाणों का उपद्रव उठ गया हो. सामन्तसिंह ने आबू के परमारों से चंद्रावती लेने का भी प्रयत्न किया हो क्योंकि आबूपर वस्तुपाल के जैनमन्दिर की सं० १२६७ वि० की प्रशस्ति में लिखा है कि आबू के परमार राजा धारावर्ष के छोटे भाई प्रल्हादनदेव ने सामन्तसिंह के साथ लड़ाई में बड़ी वीरता बतलाई और उसकी तलवार ने गुजरात के राजा की रक्षा की * यद्यपि लेखों में नहीं मिलता तथापि

* सामन्तसिंहसमितिक्षितिविक्षतौजः श्रीगुर्जरक्षितिपरक्षणदक्षिणासिः ।
प्रल्हादनस्तदनुजोदनुजोत्तमारिचारित्रमत्रपुनरुज्वलयांचकार ॥ ३८ ॥
भावनगर इंस्क्रिपशन्स भाग २ पृष्ठ १७४.

सम्भव है कि सामन्तसिंह का शरीर रणभूमि में रिपु के सन्मुख युद्ध में पतन हुआ हो और राजधानी छूट जाने से आघाटपुर के राजकुटुम्ब ने सीसोदे या केलवाड़े में अपने भाइयों के पास जाकर निवास किया हो. *

राजा कुमारसिंह—सामन्तसिंह का भाई था उसने अपना खोया हुआ राज पीछा लेने के वास्ते गुजरात के सोलङ्की राजा भीमदेव दूसरे से सहायता ली. सीसोदे में उस वक़्त राणा भुवनसिंह राज करता था उसने भी अपने भाई का साथ दिया और कुमारसिंह ने चहुवाणों से अपना देश पीछा लिया. रावल समरसिंह के आबू के लेख में इस के वास्ते सिर्फ़ इतना ही लिखा है कि शोम्माण (खुम्माण) के वंश से राजलक्ष्मी का वियोग होकर वह शत्रु के हाथ में चली गई थी सो कुमारसिंह खोई हुई भूमि को पीछी लाया, † परन्तु मामादेव की प्रशस्ति में वर्णन है कि कीतू नाम के राजा ने देश पर अधिकार कर लिया था वह पीछा लिया, और गुजरात के राजा के प्रसाद से आघाटपुर पाया. ‡ कुमारसिंह के पीछे महणसिंह या मथनसिंह गद्दी बैठा और मथनसिंह का उत्तराधिकारी उसका छोटा भाई पद्मसिंह हुआ जिसका कुछ हाल नहीं मिलता है.

महाराजाधिराज जैत्रसिंह या जयन्तसिंह—पद्मसिंह का पुत्र था. सं० १२७० वि० (सन् १२१३ ई०) के लगभग राजगद्दी पर सुशोभित हुआ. + अपने भुजबल से शत्रुओं का मर्दन कर गुहिलवंश की मानमर्य्यादा और राजलक्ष्मी की वृद्धि करने में

---

* आश्चर्य्य नहीं कि सामन्तसिंह के साथ पृथ्वीराज चहुवाण का सम्बन्ध हो क्योंकि वह उस का समकालीन था आबू की प्रशस्ति में सामन्तसिंह के वास्ते लिखा है कि उस के सर्वस्व को सामन्तों ने हरण कर लिया.

† शोम्माणसन्ततिवियोगविलक्षलक्ष्मीं नेताथदृष्टविरहां गुहिलान्वयस्य । राजन्वतींवसुमतीमकरोत् कुमारसिंहस्ततोरिपुगतामपहृत्यभूयः । ३७ ।

‡ भ्राताकुमारसिंहोभूत्स्वराज्यग्राहिणंपरं । देशान्निष्काशयामास कीतूसंज्ञं नृपं तु यः । स्वीकृतमाघाटपुरं गुर्जरनृपतिं प्रसाद्ययेन नृपत्वे लब्धे तदनुश्रीमहणसिंहोभूत् । १५१ ।

+ एकलिङ्गजी के मन्दिर के एक स्तम्भ पर सं० १२७० वि० का जैत्रसिंह का एक लेख है सम्भव है कि वह उन के गद्दीनशीनी के समय का हो.

यह राजा परम शूरवीर नीतिज्ञ और समय का लाभ लेने वाला हुआ. अपने पड़ौसी राजाओं को निर्बल पाकर उसने जहां तहां उनको पराजित किये और सिन्ध और दिल्ली के मुसलमान बादशाहों व उनके सेनापतियों के साथ भी सङ्ग्राम कर अपने अपूर्व बल बुद्धि का परिचय दिया.

उदयपुर से ८ मील उत्तर चीरवा गांव के सं० १३३० वि० कार्तिक सुदि प्रतिपदा के महारावल समरसिंह के लेख से पाया जाता है कि नागह्रद के राजा (गुहिल) मथनसिंह के पुत्र पद्मसिंह ने योगराज नामी क्षत्रिय सामन्त को नागह्रद का तलारत (फौजदार) बनाया और चीरकूप (चीरवा) गांव जागीर में दिया जहां उसने योगराजेश्वर महादेव और योगेश्वरी देवी के मन्दिर बनवाये. योगराज के ४ पुत्र थे; पेमराज, महेन्द्र, चम्पक और क्षेम. जब सुरत्राण (सुल्तान) की सेना ने नागह्रद का भङ्ग किया तो भूताला गांव के युद्ध में पेमराज पञ्चत्व को प्राप्त हुआ. * यह युद्ध जैत्रसिंह के समय में हुआ था. पेमराज के छोटे भाई महेन्द्र के पुत्र बालाक का शरीर जैत्रसिंह के साथ कोट्टड़क (कोटड़ा) गांव में त्रिभुवन राणक के मुक़ाबले में पतन हुआ और उस की स्त्री उस के साथ सती हुई † यह त्रिभुवन राणक गुजरात का अन्तिम सोलङ्की राजा त्रिभुवनपाल हो जो भीमदेव दूसरे के पीछे गद्दी पर बैठा था, उसी से जैत्रसिंह ने चित्तोड़गढ़ लिया हो. योगराज के चौथे पुत्र क्षेम को जैत्रसिंह ने चित्रकूट की तलारती (क़िलेदारी) दी. उसके पौत्र रत्न ने विक्रान्त रत्न (न मालूम किससे अभिप्राय है) शत्रु के साथ चित्रकूट की तलहटी में भीमसिंह सहित युद्ध किया ‡ रत्न के पुत्र का नाम मदन था जिसने जेसल के लिये उत्थूणक (गांव) के रणांगण में जैत्रमल्ल के साथ पञ्चलगुड़िक से प्रहार कर अपना बल बतलाया + भीमसिंह के पुत्र राजसिंह को पितृक्रमागत चित्रकूट की तलारती समरसिंह

---

* नागद्रहपुरभङ्गे समंसुरत्राणसैनिकैर्युद्ध्वा ।
भूताह्वकूटे पमराजः पञ्चतां प्राप । १६ ।

† बालाकः कोट्टड़कग्रहणे श्रीजैत्रसिंहनृपपुरतः ।
त्रिभुवनराणकयुद्धे जगाम युद्धापरंलोकम् । १९ ।

‡ विक्रान्तरत्नं समरे स रत्नः सपत्नसंहारकृतप्रयत्नः ।
श्रीचित्रकूटस्यतलाट्टिकायां श्रीभीमसिंहेन समं ममार । २६ ।

+ यः श्रीजेसलकार्य्येभवदुत्थूणकरणांगणेप्रहरन् ।
पञ्चलगुडिकेन समं प्रकटबलो जैत्रमल्लेन । २८ ।

ने दी उसने भोजदेव (मालवे का परमार राजा) रचित त्रिभुवन नारायण (विष्णु) के मन्दिर में पार्थिवपूजा से शिव की परिचर्या की *.

इस प्रशस्ति का रचने वाला मुनिरत्न श्रीरत्नप्रभसूरिका शिष्य पार्श्वचन्द्र था जिसने वहां चैत्रगच्छ की कुछ वंशावली भी दी है कि " गगनतारक बुधकविकलावतों के घर चैत्रगच्छ में श्रीभद्रेश्वर सूरि गुरु हुए, जिनके पट्ट पर श्री देवभद्र सूरि, फिर श्रीसिद्धसेन सूरि, जिनेश्वर सूरि, विजयसिंह सूरि, भुवनचन्द्र सूरि और रत्नप्रभ सूरि आचार्य्य क्रमवार हुए. श्रीरत्नप्रभसूरि श्रीतेजःसिंह राज (गुहिल) और श्रीमद्विश्वलदेव (बाघेला राजा बीसलदेव) के पूज्य थे." उस वक्त श्री एकलिंगजी में शिवराशि नाम का योगीश्वर अधिष्ठाता था.

हंमीरमदमर्दन नामी ग्रन्थ में भी लिखा है कि "तुरुष्कों की सेना ने मेवाड़ को उजाड़ दिया, वहां उस वक़ जयतल (जयन्तसिंह) राज करता था. अन्त में तुरुष्क पराजित हुए" मुसलमानों की चढ़ाइयों और घरू झगड़ों से गुजरात में सोलंकियों का राज निर्बल हो गया था यहां तक कि महाराजा भीमदेव दूसरे के मरने पर सं० १३०० वि० (स० १२४३ ई०) के लगभग बीरधवल का पुत्र बीसलदेव बाघेला अपने स्वामि सोलंकियों से राज छीन कर आप गुर्जर देश का स्वतंत्रराजा बन बैठा. इस गड़बड़ के समय में रावल जैत्रसिंह ने चित्तोड़ के प्रसिद्ध दुर्ग पर जो सोलंकियों के हाथ में था अधिकार कर वहां सं० १३०० वि० स० १२४३ ई० के आसपास अपनी राजधानी स्थापन की † ऊघनिर्युक्ति नामक जैन पुस्तक के अन्त में, जो आघाटपुर के रहने वाले किसी पोरवाड़ महाजन की स्त्री ने लिखवाकर किसी जैन साधु के भेट किया था, लेखक ने लिखा है कि सं०

* श्रीभोजदेवरचितत्रिभुवननारायणाख्यदेवगृहे ।
यो विरचयतिस्म सदाशिवपरिचर्यां स्वशिवं लिप्सुः । ३१ ।

इस श्लोक से स्पष्ट है कि परमार महाराजाधिराज भोजदेव तक तो चित्तोड़गढ़ परमारों के आधीन था और वहां भोजदेव ने त्रिभुवन नारायण का मन्दिर बनवाया था.

† चीरवेकी प्रशस्ति में जैत्रसिंह की प्रशंसा में यह श्लोक मिलता है:—

न मालवीयेन न गौर्जरेण न मारवेशेन न जांगलेन ।
म्लेच्छाधिनाथेन कदापि मानो म्लानिं ननिन्येऽवनिपस्य यस्य । ६ ।

१२८४ वि० में जैत्रसिंह के राज्य में यह पुस्तक लिखा गया. अतः सं० १२८४ वि० तक आघाटपुर में राजधानी होना सम्भव है.

आबू पर अचलेश्वर के मठ की प्रशस्ति में लिखा है कि जैत्रसिंह ने नड्डूल (नाडोल) का नाश किया, सिन्धुकों को हराया और तुर्कों को भगाया * नाडोल में उस वक़्त जालोर के चहुवाण राजा समरसिंह के पुत्र उदयसिंह का राज था. सं० १२७८ वि० में सिन्ध देश के मुसल्मान सुल्तानों की चढ़ाइयां गुजरात पर होने का पता हम को तारीख़ फिरिश्ता से मिलता है जिस में सिंध के हाल में लिखा है कि "स० ६२० हि० (स० १२२१ ई०=सं० १२७८ वि०) में सुल्तान जलालुद्दीन ठट्टे पहुंचा. वहां का राजा, जिस का नाम हबशी था और समूरा जाति का था, अपने माल असबाब और कुटुम्ब को किश्तियों में चढ़ाकर किसी टापू में भाग गया, सुल्तान ने ठट्टे में डेरा जमाया और देवल के मंदिर को जो ठट्टा शहर के हद्द में है तोड़ा और वहां जामेमस्जिद बनवाई, फिर वलायत नहरवाले (अणहिलवाड़ा) की तर्फ़ लश्कर भेजा और उसे फतह किया." वही लश्कर गुजरात को जाता हुआ या फतह कर लौटता हुआ मेवाड़ से गुजरा होगा, जिसे जैत्रसिंह ने तीन तेरह किया. ऐसे ही तुर्कों (मुसलमानों) की अन्य चढ़ाइयों का पता भी फारसी तवारीख़ों से लगता है जो चित्तोड़ पर हुई थीं. फिरिश्ता लिखता है कि देहली का सुल्तान नासिरुद्दीन महमूद किसी सबब से अपने भाई जलालुद्दीन पर नाराज़ हुआ, सुल्तान के ग़ज़ब से अपनी जान बचाने को जलालुद्दीन ने भाग कर चित्तोड़ के पहाड़ों में शरण ली इसलिये सन् ६४६ हि० (स० १२४७ ई०=सं० १३०३ वि०) में सुल्तान फौज लेकर चित्तोड़ आया, सात आठ महीने तक वहां पड़ा रहा मगर जब सूरत कामयाबी की नज़र न आई तो पीछा लौट गया. इसी बादशाह के अहद में उसके नायब अलगख़ां ने भी जो पीछे गयासुद्दीन बलबन के लकब से देहली का बादशाह हुआ था स० ६५१ हि० (स० १२५२ ई०=सं० १३०८ वि०) में रणथम्भोर, हाड़ोती, और चित्तोड़ पर चढ़ाई की थी. बादशाह नासिरुद्दीन ने हांसी का ज़िला अलगख़ां से लेकर उसे नागोर जागीर में बख़्शी, वहां आते ही उसने रणथम्भोर की तर्फ़ रुख़ किया जहां

* नड्डूलमूलंकषबाहुलक्ष्मीस्तुरुष्कसैन्यार्णवकुम्भयोनिः ।
अस्मिन् सुराधीशसहासनस्थे ररक्षभूमीमथजैत्रसिंहः । ४२ ।
अद्यापिसिन्धुकचमूरुधिरावमत्तसंघूर्णमानरमणीपरिरम्भणेन ।
आनंदमन्दमनसः समरे पिशाचाः श्रीजैत्रसिंहभुजविक्रममुद्गृणंति । ४३ ।

रायबाहड़देव (चहुवाण) राज करता था और फिर चित्तोड़ आया * सं० १३१० या १३१२ वि० तक जैत्रसिंह ने राज किया हो.

रावल तेजसिंह—रावल जैत्रसिंह के पुत्र, सं० १३१२ व १५ वि० (स० १२५५-५८ ई०) के लगभग राज्य पर बैठे. इनके कई लेख सं० १३१७ से सं० १३२८ वि० तक मिले हैं एक लेख में इनकी पदवी महाराजाधिराज परमेश्वर परमभट्टारक दी है † इनकी पटराणी का नाम जयतल्लदेवी था जिसने चित्रकूट पर श्यामपार्श्वनाथ का मन्दिर बनवाया, वह महारावल समरसिंह की माता थीं आबू पर सं० १३४२ वि० के लेख में तेजसिंह के वास्ते लिखा है कि उसने खड्गधारा में पर्यटन कर लक्ष्मी ली और अपनी यशराशि कों दिशा दिशा में फैलाया ‡

जैत्रसिंह की प्राप्त की हुई राजलक्ष्मी को तेजसिंह ने बढ़ाया यहां तक कि मेवाड़ की बढ़ती दौलत देख द्वेषवश या चित्तोड़ पीछा लेने के अभिप्राय से, गुजरात के बाघेले राजा प्रतापमल्ल या बीसलदेव ने मेवाड़ पर चढ़ाई की जैसा कि बीसल के सं० १३१७ के दानपत्र से पाया जाता है—"मेदपाटदेश कलुष राज्यवल्ली कन्दोच्छेदन कुद्दाल" अर्थात् मेदपाट देश की उत्पाती राजलता का मूलनाश करने को वह (बीसलदेव) कुद्दाल के समान था, परन्तु वीरों के हाथ पड़ी हुई वसुधा का पीछा मिलना दुर्लभ है. जालौर के चहुवाण राव चाचगदेव की राणी लक्ष्मी देवी की पुत्री रूपादेवी के सं० १३४० वि० के लेख से पाया जाता है कि उसका विवाह तेजसिंह के साथ हुआ था और उसके क्षेत्रसिंह नामी पुत्र हुआ, शायद उस तेजसिंह से मुराद गुहिल महारावल तेजसिंह से हो.

* इलियट साहब की हिस्टरी आफ इण्डिया जिल्द २ सफा ३७०.

† "संवत् १३१७ वर्षे महाशुदि ४ आदित्यदिने श्रीमदाघाटदुर्गे महाराजाधिराज परमेश्वर परमभट्टारक उमापतिवरलब्ध प्रौढ़प्रतापसमलंकृत श्रीतेजसिंह देवकल्याणविजयराज्ये" (जैनी विजयसिंहाचार्य्य के श्रावक प्रतिकमण सूत्रचूर्णि: के अन्त में—मिस्टर पीटर्सन की ५ वीं रिपोर्ट पृष्ठ २१).

‡ उप्तंमौक्तिकबीजमुत्तमभुवि त्यागस्यदानाम्बुभिः सिक्त्वा सद्गुरुसाधनेन नितरामादाय पुण्यंफलान् ॥ राज्ञाऽनेन कृपाणकोटिमटता स्वैरं विगाह्याश्रियः । पश्चात्केपिविवर्द्धिता दिशि दिशि स्फारायशोराशयः ॥ ४५ ॥

कर्नल् टॉड रावल तेजसिंह को समरसिंह का दादा और अजमेर के चहुवाण राजा बीसलदेव का समकालीन बतलाकर उस के गद्दी बैठने का समय सं० ११२० वि० बतलाता है वह सही नहीं क्योंकि तेजसिंह अन्तिम बीसलदेव चहुवाण (सं० १२२० वि० स० ११६३ ई०) से भी क़रीब एक सौ वर्ष पीछे हुआ था.

महारावलसमरसिंह–रावल तेजसिंह के पुत्र, सं० १३२८-३० वि० के दर्मियान चित्तोड़ की गद्दी पर बैठे. बड़े शूरवीर, साहसी, दानी और प्रजापालक थे, मेवाड़ राज को बहुत कुछ तरक्क़ी दी. इन के अहद में गुजरात के बाघेलों से सन्धि हो जाने के कारण इन्हों ने गुर्जरदेश को तुर्करूपी समुद्र में डूबते हुए बचाया था * मुसलमानों की यह चढ़ाई गुजरात पर ज़रूर सं० १३४२ वि० (स० १२८५ ई०) के पूर्व हुई होगी जब कि वहां सारंगदेव बाघेला राज करता था. यद्यपि फारसी तवारीख़ों में पहले पहल देहली के सुल्तान अलाउद्दीन ख़िल्जी के समय में सं० १३५४ वि० (स० १२९७ ई०) में बादशाही सेनापति अलफखां वनुसरतखां का गुजरात के राजा कर्णदेव बाघेले को शिकस्त देकर उस की राणी कमलादेवी को बादशाह के हरम में भेजना और फिर राजा की पुत्री देवलदेवी का भी क़ैद होकर देहली पहुंचने और शाहज़ादे ख़िजरख़ां की बेगम बनने का हाल मिलता है, परन्तु सम्भव है कि उससे पहिले नासिरुद्दीन महमूद के समय में कोई बादशाही सूबा या सेनापति गुजरात में गया हो तब समरसिंह ने बाघेलों को सहायता दी हो.

समरसिंह के समय के चार लेख चित्तोड़ आबू व चीरवे में मिलते हैं. आबू के सं० १३४२ वि० मार्गशिरसुदि १ (स० १२८५ ई०) के लेख से पायाजाता है कि वहां अचलेश्वर महादेव के स्थानाधीश भावाग्नि के शिष्य भावशङ्कर योगी के उपदेश से समरसिंह ने सुवर्णदण्ड सहित मठ आबू पर कराया. एकलिङ्ग गांव में, त्रिभुवन में प्रख्यात ऐसे सभाधीशचक्रस्वामि के शिवालयों के समूह में नागरब्राह्मण प्रियपटु के पुत्र चित्तोड़

---

* आद्यक्रोडवपुःकृपाणविलसद्दंष्ट्राङ्कुरायःक्षणा-
न्मग्नामुद्धरतिस्म गुर्जरमहीमुच्चैस्तुरुष्कार्णवात् ।
तेजःसिंहसुतः सएषसमरः क्षोणीश्वरग्रामणीराधत्तेबलिकर्णयोध ॥
(इं० ऐंटीक्वेरी जि० १६ सफा १४५).

निवासी वेदशर्मा ने प्रशस्ति लिखी. दूसरे दो लेख सं० १३३१ व सं० १३३५ वि० के हैं * आबू के लेख में समरसिंह से पहिले होने वाले गुहिलवंशी राजाओं की वंशावली व थोड़ा बहुत ऐतिहासिक वर्णन मिलता है.

समरसिंह के समय में भी मुसलमानों की चढ़ाई चित्तोड़ पर होने का पता लगता है. जिनप्रभसूरिरचित जैन पुस्तक तीर्थकल्प में (जो समरसिंह से कुछ पीछे लिखा गया हो) लेख है कि सं० १३५६ वि० (सन् १३०० ई०) में सुलतान अलाउद्दीन (खिलजी) का छोटा भाई अल्लूखां (अलफखां) गुजरात को जाता हुआ चित्तोड़ आया, समरसिंह ने दण्ड (नज़राना) देकर देश की रक्षा की †. इससे स्पष्ट है कि सं० १३५६ वि० तक महारावल समरसिंह राज्य करते थे. सं० १३५७ या ५८ वि० में अपने पुत्र रत्नसिंह को राज्य देकर स्वर्ग को सिधाये.

स रत्नसिंहं तनयं नियुज्य, स्वचित्रकूटाचलरक्षणाय ।
महेशपूजा हतकल्मषौघः, इलापति स्वर्गपतिर्बभूव ॥

भाषा कविता के पुस्तक पृथ्वीराज रासे में समरसिंह के साथ पृथ्वीराज चहुवाण की बहन पृथा बाई का व्याह होना और पृथ्वीराज की सहायता पर समरसिंह का सुल्तान शिहाबुद्दीन गोरी के साथ युद्ध में मारा जाना आदि वृत्त बिलकुल ग़लत लिखे हैं. ऐसे ही कर्नल टॉड का यह लेख भी सही नहीं है कि समरसिंह के समय में गुजरात के सोलङ्की राजा जयसिंह सिद्धराज ने चित्तोड़ फतह किया था क्योंकि सिद्धराज सं० ११९९ वि० (स० ११४२ ई०) में समरसिंह से क़रीब १६० वर्ष पहिले मर चुका था.

महारावल रत्नसिंह—महारावल समरसिंह का पुत्र सं० १३५८ वि० (स० १३०१ ई०) के क़रीब गद्दी बैठे. सं० १७३२ वि० (स० १६७५ ई०) माघ शुक्ल १५ की महाराणा राजसिंह प्रथम की राजसमुद्र की प्रशस्ति में समरसिंह के पीछे कर्णसिंह का

---

* भावनगर इंस्क्रिपशन्स भाग १ सफा ७४ और एशियाटिक् सोसाइटी बङ्गाल के जर्नल जिल्द ५५ सफा ४८.

† अहतेरससयछप्पनविक्कमवरिसे अल्लावद्दीणसुरताणस्स कणिट्ठोभायाअल्लूखाननामाधिज्जो दिल्लीपुराओमंतिमदिवपरिओ गुज्जरधरंपट्टिओ चित्रकूडाहिवई (इ) समरसीहेणं दंडंदानं मेवाड्डदेसोतयारक्खिओ.

(इण्डियन ऐंटीक्वेरी जिल्द २६ सफा १९४).

गद्दी बैठना लिखा है रत्नसिंह का नाम ही वंशावली में नहीं, उस को लखमसी का भाई बतलाया है. तदनुसार कर्नल् टॉड ने भी कर्णसिंह को समरसिंह का पुत्र और उत्तराधिकारी मानकर सं० १२४६ वि० (स० ११९३ ई०) में उसका गद्दी बैठना लिखा है, वह सही नहीं है. प्रथम तो राजप्रशस्ति में दिये हुए प्राचीन वृत्त व वंशावली दूसरे प्राचीनतर लेखों से नहीं मिलते इसलिये प्रामाणिक नहीं. तदुपरान्त उस में लिखा है कि यह वृत्तान्त भाषा रासा से (जो पृथ्वीराज रासे से मुराद है) लिया गया, यही कारण गड़बड़ होने का है *. कुम्भलमेरु की प्रशस्ति व फारसी तवारीखों से साफ़ ज़ाहिर होता है कि समरसिंह के पीछे उनके पुत्र रत्नसिंह गद्दी बैठे थे.

गद्दी बैठने के थोड़े ही अर्से पीछे अर्थात् सं० १३६० वि० (स० १३०३ ई०) में देहली के सुलतान अलाउद्दीन खिल्जी की चढ़ाई चित्तोड़ पर हुई जिस का कारण रावल रत्नसिंह की राणी पद्मनी या पद्मावती बतलाया जाता है. अलाउद्दीन एक ज़ालिम और अय्याश पादशाह था जब उस ने पद्मनी के रूप की प्रशंसा सुनी उस का चित्त ऐसा व्याकुल हुआ कि धर्माधर्म का विचार त्याग तत्काल अपना दूत रावल के पास भेज कहलाया कि राणी को भेज देवे. "रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाय पै बात न जाई" भला रत्नसिंह कब ऐसी अनीति का सहन कर सक्ता था, उस ने दूत का निरादर कर लौटा दिया. जब खूनी और विश्वासघाती शाह ने सुना कि मेरा मनोर्थ पूरा नहीं हुआ, तुरन्त असंख्य दल जोड़ चित्तोड़ पर चढ़ आया. रावल ने भी अपना सामान दुरुस्त कर मुक़ाबले पर कमर कसी और घमसान युद्ध हुआ जिस में दोनों तर्फ के बहुत से शूरवीर मारे गये. अन्त में सुलह की बात चीत हुई, रावल ने सुलतान को गढ़ पर ले जाकर अपना महमान किया. गो कि सुलतान थोड़े से आदमियों को साथमें लेगया था परन्तु ज्यों ही रावल उससे मिलने को आया कि झट पहिले सङ्केत के अनुसार बादशाही आदमी रावल को उठाकर गढ़ के नीचे अपने लश्कर में ले आये और वहां क़ैद कर दिया. जब यह समाचार पद्मनी ने सुने विचारा कि इस वक़्त बल से सिवा हानि के कोई लाभ होना नहीं

* "वध्वागोरिपति दैवात्स्वर्यातः सूर्यबिंबमित ।
भी (भा) खा रासा पुस्तकेस्यः युद्धस्योक्तोस्ति विस्तरः ॥ २७ ॥"

पृथ्वीराज रासे के अनुसार वृत्त लिखने से पिछले समय में राजपूताने के कई राज्यों के इतिहास में बहुत अशुद्धता आ गई है. मैंने अपने रचे हुए पृथ्वीराजचरित्र में सप्रमाण बतलाया है कि रासे का पुस्तक ऐतिहासिक दृष्टि से किसी काम का नहीं उस में जहां तहां मनघड़न्त घटनाओं का वर्णन है.

अतः युक्तिपूर्वक पति के प्राण बचाना चाहिये. उसने प्रेम भरे वाक्यों से पादशाह को पत्र लिखा कि मैं आती हूं, मेरी दासियों के वास्ते सातसौ डोलियां भिजवा दीजिये. दुष्ट की बाछैं खिल गईं, राणी उन डोलियों में शस्त्रबन्द राजपूतों को बिठाकर बादशाही लश्कर में पहुंची और सुलतान को कहलाया कि हरम में जाने के पूर्व यदि आज्ञा हो तो अपने पति से अन्तिम प्रणाम कर आऊं. उस मूढ़ ने विना विचारे आज्ञा दी. राणी वहां पहुंची जहां रावल कैद था. वीर राजपूतों ने डोलियों से निकलकर तलवारें सूंतलीं शाही रखवालों का काम तमाम किया और तत्काल रावल को लेकर राणी ने गढ़ का मार्ग लिया, दोनों कुशलता पूर्वक अपने घर जा पहुंचे. इधर सुल्तान को ख़बर होते ही मार काट शुरू की परन्तु जब देखा कि अब मेरा कुछ बस नहीं चलेगा अपनासा मुंह लेकर पीछा दिल्ली चलागया. थोड़े ही अर्से पीछे फिर चित्तोड़ को आघेरा और सख्त लड़ाई के बाद रावल के कई अच्छे २ सर्दार व भाई बेटे खेत रहे तब रावल ने सुलह चाही परन्तु वह मारा गया. रावल रत्नसिंह की मृत्यु के पीछे राजपूत सर्दारों ने रावल के निकट रिश्तेदार अरसेन (अरिसिंह) को राणा बनाकर गढ़ की रक्षा के वास्ते नियत किया, जीते जी अरिसिंह ने गढ़ दुश्मन के हाथ न आने दिया. जब वह युद्ध में पतन हुआ तो राजपूतों ने जौहर कर गढ़ के दर्वाज़े खोल दिये. जब सुल्तान गढ़ पर पहुंचा तो पद्मनी की धधकती हुई चिता देखकर उस का जी जल गया क्योंकि राणी हज़ारों स्त्रियों के साथ अपना सत बचाने के वास्ते जीती आग में जल मरी थी.

फिरिश्ता ने यह वृत्त थोड़े फेर के साथ लिखा है कि सुल्तान, राय रत्नसेन को कैद कर देहली ले गया और कहा कि अगर रिहाई चाहते हो तो रानी को बुलाओ ! राय ने अपने आदमी भेजे कि पहाड़ों में से पद्मनी को ले आवे. राजपूत, राय के हुक्म को सुनकर दिलगीर हुए और बहुत सिरज़नी की अन्त में चाहा कि राजा को ज़हर देकर मार डाले ताकि ऐसी बदनामी न उठाना पड़े परन्तु राणी की चतुराई और वीरता से रत्नसेन भी छुट गया और धर्म भी रह गया. फिरिश्ता के बयान से राजा का मारा जाना पाया नहीं जाता वह लिखता है कि वह (राय) आदमी इकट्ठे कर चित्तोड़ पर हमले करने लगा तब पादशाह ने क़िला ख़िजरख़ां से लेकर राजा के भाञ्जे के सुपुर्द किया, उसने थोड़े ही अर्से में वहां बहुतसा सामान जमा करलिया, तमाम राजपूत खुश होकर उस से मेल करने लगे, पादशाह की ज़िन्दगी तक बहुतसे तुहफे भेजता रहा और पांच हज़ार सवार व दस हज़ार पैदल से पादशाही लश्कर में चाकरी देता था *.

* यह पद्मनी का किस्सा शेरशाहसूर की पादशाहत में मलिक मुहम्मद जायसी

तारीख़ फीरोज़शाही में भी लिखा है कि बर्सात के मौसम में जंग जारी रखने से सुल्तान (अलाउद्दीन) की फौज को चित्तोड़ के मुहासरे में बहुत नुक़्सान पहुंचा.

अमीर खुस्रौ अपनी तारीख़ अलाई में इस चढ़ाई का हाल इस तरह पर लिखता है, "ता० ८ जमादुस्सानी स० ७०२ हि० को नक्कारों की ज़ोर की आवाज़ ने पादशाह का देहली से कूच करना ज़ाहिर किया जो चित्तोड़ फ़तह करने की ग़र्ज़ से था. मुसन्निफ इस मुहिम्म में साथ था. ता० ११ मुहर्रम स० ७०३ हि० (स० १३०३=ई० सं० १३६० वि०) को क़िला फ़तह हुआ. राय भागगया मगर फिर हाज़िर आया और उसका सिर काटा गया. हिन्दू कहते हैं कि जहां कांसी पीतल के बर्तन होवें वहां बिजली गिरती है और राय का चेहरा डर से पीतल के मुवाफ़िक पीला पड़ गया था. तीसहज़ार हिन्दुओं को क़तल करने बाद (पादशाह ने) चित्तोड़ का राज अपने बेटे ख़िजरख़ां को बख्शा और (चित्तोड़) का नाम ख़िज़राबाद दिया, लालछत्र, ज़रदोज़ी (या पांचें) का ख़िलत और दो निशान भी अता किये, एक हरा और दूसरा काला. और शाहज़ादे पर लालपन्ने निछावर किये. फिर पादशाह दिल्ली लौटा. शुकर है खुदा का कि उसने (पादशाह ने) हिन्द के राजाओं को इसलाम की शरह के बमूजिब अपनी कुफरज़न तलवार से ऐसे क़त्ल करने का हुक्म दिया. अगर इस मर्तबा काफिर अपना हक़ चाहता तो पक्के सुन्नी क़सम खाकर कहते हैं कि काफिर का कोई हक़ नहीं है. †"

ने पद्मावत नाम से हिन्दी कविता में लिखा है जिसमें पद्मनी को सिंहलद्वीप के राजा की बेटी लिखकर रत्नसेन के पिता का नाम चित्रसेन दिया है. मालूम होता है कि उसने सिर्फ एक मशहूर रिवायत के आधार पर एक क़िस्सा घड़कर अपनी शाइरी बतलाई है. पादरी फ्रेङ्कोइसकेट्रो ने "हिस्टरी ऑफ दी मुग़लज़ाई नैस्टी" में पद्मनी का क़ज़िया अकबर के वक्त में होना लिखमारा. अबुलफ़ज़ल ने भाटों से यह कहानी लिखी हो और वैसेही फिरिश्ता ने भी किसी पुरानी पुस्तक के आधार पर कहा हो. परन्तु अमीर खुस्रौ उसका कुछ भी ज़िकर नहीं करता. शायद अपने मालिक को बदनामी से बचाने के वास्ते उसने ऐसी घटना छोड़ दी हो और साथही प्राणों का भी भय था परन्तु जो अमीर खुस्रौ का लेख सही समझा जावे, जो खुद इस लड़ाई में मौजूद था, तो आश्चर्य्य नहीं कि कमला देवी की हक़ीकत के आधार पर पद्मनी का क़िस्सा घड़ा गया हो. कर्नल टॉड ने पद्मनी को लखमसी के काका भीमसिंह की राणी लिखी है.

† सर ऐच. इलियट की तारीख़ हिन्दुस्तान जिल्द ३ सफा ७६.

महारावल रत्नसिंह की सहायता के लिये रीसोदे से राणा भड़ लखमसी अपने भाई बेटों सहित आये थे उन्होंने दुश्मनों के साथ लड़ाई में अपने प्राण दिये. चित्तोड़ की राजगद्दी पर रत्नसिंह के वंश का ख़ातमा हुआ. अबुलफ़ज़्ल लिखता है कि रत्नसेन के मरने पर उसका(ख़ेश) भाई बन्धु अरसेन राणा गद्दी पर बिठाया गया. जब वह जंग में काम आया तो गढ़ फतह हुआ. उसका बेटा हमीर पहाड़ों में रहता था. क़िला राव मालदेव चौहान के सुपर्द किया गया*.

यहां हम तनिक ठहर कर मेवाड़ राज्य की पिछली ६५० वर्ष की अवस्थाओं पर एकनज़र डालें तो यही कहना पड़ेगा कि धीरे धीरे परन्तु निरन्तर उद्योग करते रहने, आपत्काल में धैर्य्य धारण कर पुरुषार्थ को हाथ से न देने, और प्रत्येक काम धर्माधर्म के विचार के साथ करने ही से मेवाड़ का राज्य चिरायु हुआ है. जिस वक़्त इस राज्य की

---

* यह मालदेव जालौर के चहुवाण राव सामन्तसिंह का छोटा पुत्र था. सामन्तसिंह के बाद जालौर की गद्दी पर कान्हड़देव बैठा था. जब वह सुल्तान अलाउद्दीन ख़िल्जी के दर्बार में देहली हाज़िर हुआ तो एक दिन बादशाह ने कहा कि "आज हिन्दुस्तान में किसी राजा की ताक़त नहीं कि हमारे लश्कर का मुक़ाबला कर सके" कान्हड़देव से न रहा गया, अर्ज़ की कि मैं मुक़ाबला कर सक्ता हूं. बादशाह को बहुत नागवार गुज़रा, परन्तु चुप होकर उसे वतन की रुख़सत दी और अपनी एक लौंडी गुलबहिश्त को फौज देकर जालौर भेजी. उसने इस बीरता से गढ़ पर हमला किया कि कान्हड़देव में मुक़ाबले की ताव न रही. क़रीब था कि क़िला फतह होवे कि वह लौंडी अचानक बीमार होगई. उसका बेटा लड़ाई में मारागया और शाहीफौज भागी तब कमालुद्दीन भेजा गया, उसने जालौर फतह की, राव कान्हड़देव अपनी औरतों व बालबच्चों समेत मारागया. कान्हड़देव पर जालौर के राज का ख़ातमा हुआ, सम्भव है कि मालदेव पादशाही नौकरी में जारहा हो. कर्नल् टाड लिखता है कि रावल कर्णसिंह की पुत्री जालौर के राव को ब्याही थी जिससे रणधवल पैदा हुआ, कर्ण के मरने पर दग़ा से चहुवाणों ने रणधवल को चित्तोड़ की गद्दी पर बिठा दिया. उस वक़्त एक रणधवल मौजूद ज़रूर था जो पादशाही चाकरी में रहता था. मलिक ख़ुस्रो की मदद कर वह सुलतान क़ुतबुद्दीन मुबारिकशाह ख़िलजी को स० १३२३ ई० (सं० १३७९ वि०) के क़रीब मारने में शरीक था. मलिक ख़ुस्रो ने तख़्त पर बैठकर उसे राय रायान की पदवी दी थी. (इलियट की तारीख़ हिन्दुस्तान जिल्द ३ सफ़ा २२३).

बुनियाद क़ायम हुई वह ज़माना सामान्यतः सारे भारतवर्ष के वास्ते बड़े भारी परिवर्तन का था-अर्थात् राज्यपरिवर्त्तन और धर्मपरिवर्त्तन. सन् ईसवी से क़रीब ५०० वर्ष पूर्व बौद्ध धर्म का प्रचार शाक्यमुनि गौतम बुद्ध से होना आरम्भ हुआ था. और उससे क़रीब २५० वर्ष पीछे महाराजा चन्द्रगुप्त मौर्य्य के पौत्र महाराजाधिराज अशोक ने उसको वह तरक़्क़ी दी थी कि हिमालय से सिंहलद्वीप तक और करांची से ब्रह्मा तक भारत के चारों कोनों में तो बौद्धमत का अनहद नाद सुनाई देता ही था परन्तु बाहर भी चीन, जापान, तिब्बत, अफ़ग़ानिस्तानादि एशिया के प्रायः सबही देशों में उस मत की दुन्दुभी बज गई थी. जातपांत के भेदाभेद और कितनेक अन्ध विश्वासों पर बौद्धमत ने कुठार का काम किया और विरोधियों ने जो लीलाएं रच रक्खी थीं उन सब का पर्दा फाश किया. यद्यपि महाराजा अशोक जैसे प्रतापी, धर्मानुरागी, न्यायशील और दयालु दो एक राजा और होजाते तो सारा भारतवर्ष जैसे एकछत्र के नीचे आगया था वैसेही यहां एक धर्म का भी प्रचार होजाने से यह देश एकही धर्म और एकही नेशन (ज्ञाति) का स्थान बन जाता परन्तु इसके भाग्य में तो धर्म सङ्कटंसहना लिखा था.

शुद्ध बौद्ध सिद्धान्तों में भी शनैः शनैः मतभेद होकर परस्पर का द्वेष बढ़ने लगा. ब्राह्मण तो अपने आनन्दों के अदृश्य होजाने से निरन्तर बौद्धों के सत्यानाश की घात में लगे हुए ही थे कि गुप्तवंशी राजा उनके पक्षपाती हुए और बौद्धों का विच्छेद आरम्भ हुआ, यहां तक कि विक्रम की सातवीं शताब्दी के अन्त में जब चीनी यात्री हुएन्त्संग हिन्दुस्तान में आया था, उस के (यात्री के) वर्णन से जाना जाता है कि उस वक़्त बौद्ध धर्म बहुत ही निर्बल हो गया था. विक्रम की पांचवीं छठी शताब्दी में हूण (श्वेतहूण) नाम की विदेशी जाति ने हिन्दुस्तान को आन घेरा व गुप्तों को पराजित कर पञ्जाब, गुजरात, मालवा आदि देशों पर अधिकार किया. उन विदेशियों को तथा कितनेक यहीं के पर्वतनिवासियों को अपने मत में ला बौद्धों का नाश कराने का उपाय ब्राह्मणों ने रचा. जिन लोगों को पहिले वे हीन समझते थे संस्कार द्वारा वे ही द्विजन्मा बनाये गये. प्राचीन वैदिक कथाओं व कई बौद्ध वार्त्ताओं का मिश्रण कर पुराणों की रचना की गई और पञ्चदेव पूजा का प्रचार किया. यद्यपि शिव और विष्णु की पूजा का प्रचार पहिले से था तथापि मौर्य्यवंशी महाराजा चन्द्रगुप्त के समय तक ब्राह्मण और श्रमण के सिवा अन्यान्य धर्मगुरुओं का नाम निशान नहीं था. क्रमशः जैसे जैसे नाना प्रकार के मत फैलते गये वैसे वैसे जोगी, जङ्गम, सेवड़े, साधु, बाबा, गुसांई आदि अनेक धर्मगुरुओं की सृष्टि बढ़ती गई. जिन शूद्रों को ब्राह्मण निरेपतित और अछूत समझते थे, पुराणों द्वारा उन पर भी पठन पाठन का द्वार खुला और भील, भामर भङ्गी चमारादि अति शूद्र जातियों के अतिरिक्त अन्य जातियों को ब्राह्मणसंसर्ग का अवसर प्राप्त होने लगा. इस

तरह नई प्रजा बना कर ब्राह्मणों ने अपना बल पीछा बढ़ाया और विक्रम की नवीं शताब्दी के मध्य शङ्कराचार्य्य ने बौद्धों को निर्मूल कर दिया. बौद्ध और जैन मत के प्रचार से ब्राह्मणों के महत्व में धक्का ज़रूर पहुंचा. जो ब्राह्मण सर्वपूज्य समझे जाते थे और जिन को समाजसंशोधन करने, समाज के वास्ते नियम बांधने और वर्णव्यवस्था में फेर फार करने का मात्र अधिकार प्राप्त था वही अधिकार यति योगियों के हाथ में भी आ गया जिन्होंने कई शूद्र जातियों का द्विजन्मा जातियों में प्रवेश करा दिया.

ब्राह्मणों से मिले जुले रहने व कई ब्राह्मणी देवी देवताओं व आचार विचारों को अपने में ले लेने से जैनियों ने जहांतक हो सका अपने को उन के कोप से बचाया. क्षत्रिय राजा और उनकी प्रजा पर पञ्जा जमजाने से ब्राह्मणों को पुनः भोग विलास की प्राप्ति हुई परन्तु इस मर्तबा उस में कई हिस्सेदार होगये, नवीन राजवंशों को पुण्य सम्पादन के अलावा प्रजा को अपनाने और अपना अमल थोड़े विघ्न के साथ जमा लेने को यह एक अच्छा ज़रिया था इस लिये उन्होंने ब्राह्मणों को दानदक्षिणा देकर सदा प्रसन्न रक्खा.

इस धर्मपरिवर्त्तन से भारतभूमि नाना प्रकार के क्लेशों का घर बन रही थी कि उसी समय में मुसलमानों का आगमन इस देश में हुआ अरब के ख़लीफा का सेनापति मुहम्मदक़ासिम पञ्जाब के कई प्रदेश फतह करता हुआ सिंध में आया और वहां के राजा दाहिर को सं० ७६८ वि० (स० ७११ ई०) में लड़ाई में मारकर उसकी राणी व दो बेटियों को जो बहुत रूपवती थीं ख़लीफा के पास भेज दीं *. इन्हीं अरबों ने बलभी के प्रबल राज्य का नाश किया और फिर तो ग़ज़नी के मुसलमान सुल्तान बार बार हिन्दुस्तान पर चढ़ाई कर बिचारे हिन्दुओं के धन प्राण लेने लगे, लाखों आदमियों को तलवार के भय से मुसलमान बनाया और लाखों ही के सिर काटे. लाहौर व दिल्ली के

* ख़लीफा ने जब उन दोनों लड़कियों सूरजदेवी और परिमलदेवी को देखा तो उन पर आशिक़ होगया परन्तु उन भारत बालाओं के हृदय में तो क़ासिम से अपने बाप का बैर लेने की ज्वाला धधकरही थी, ख़लीफा को कहा कि हमें तेरे सेनापति ने भ्रष्ट कर दिया है अब हम तेरे योग्य नहीं, इस झूठी शिकायत से गुस्से में आकर ख़लीफा ने मुहम्मद क़ासिम को जीता बैल के चमड़े में सिलवा कर बग़दाद में मंगवाया अन्त में जब उसे उन लड़कियों का झूंठ उन्हीं की ज़बानी मालूम हुआ तो उन्हें दीवार में चुनवादीं, प्राण दिये परन्तु सतीत्व न जाने दिया.

प्रतापी तंवर राजवंश को ख़ाक में मिलाने वाले, सिन्ध, कालिंजर, कन्नौज, गुजरात, सोरठ, मालवादि देशों के महाराजाओं को अपने बल विक्रम से त्रास देनेवाले सुलतान महमूद ग़ज़नवी को कौन नहीं जानता है, भारत के क्षत्रिय राजाओं में से तंवरों व चौहाणों ने मुसलमानों से बड़ी बड़ी लड़ाइयां लीं परन्तु अन्त में सुलतान शिहाबुद्दीन गौरी ने दिल्ली अजमेर के महाराजा पृथ्वीराज चहुवाण और कन्नौज के महाराजा जयचन्द्र को युद्ध में मारकर उन के महाराज्य छीन लिये और हिन्दुस्तान में मुसलमानों का राज्य क़ायम हो गया तभी से हिन्दू राज्य की क्षति होती गई.

जब अजमेर के चहुवाण, मालवे के परमार और गुजरात के सोलङ्की मुसलमानों के हमलों से हैरान परेशान हुए तब मौक़ा पाकर गुहिल राउल जैत्रसिंह ने नाडोल के चहुवाणों को हराया और सोलंकियों से चित्तोड़गढ़ छीनकर वहां अपनी राजधानी स्थापन की. यद्यपि परमार, चौहाण, पड़िहार और सोलंकियों जैसे प्रतापी गुहिलवंशी न हुए तो भी उन्होंने इतना बल पैदाकर लिया कि वे उन पराक्रमी राजाओं के आक्रमण को रोकने में समर्थ बने रहे. राज्य प्राप्त होने के समय ही से आसपास के पड़ोसी राजा नाडोल के चहुवाण, आबू के परमार, हठूंदी के राठौड़ादि से ही नहीं किन्तु सांभर, अजमेर के चहुवाण, मालवे के परमार, और गुजरात के सोलंकी व बाघेले महाराजाओं के साथ भी मेदपाट के गुहिल राजा बराबर लड़ाइयां लेते और अवसर के अनुसार शीतोष्ण गुण धारण करते रहे. जैत्रसिंह तक तो ये आपस की लड़ाइयां ही चलीं परन्तु फिर मुसलमानों के हमले भी मेवाड़ पर होने लगे. सारांश कि बापा से रत्नसिंह तक ६६० वर्ष के अन्तर में शायद कोई ही गुहिल राजा ऐसा हुआ हो जिसे अपने देश व प्रजा की रक्षा के निमित्त शत्रु का साम्हना न करना पड़ा हो. यद्यपि इस वक़्त कोई ऐसा साधन हमारे पास नहीं कि जिससे हम महारावल समरसिंह तक होने वाले प्रत्येक गुहिलवंशी राजा के गुणदोष की आलोचना सम्यक् प्रकार से करसकें परन्तु सामान्य रीति से उनके राज्य, धन सम्पत्ति और प्रजा व परिवार में वृद्धि होते रहने से यह कहना अन्यथा नहीं कि राजा शीलादित्य या बप्पक से महारावल रत्नसिंह तक प्रायः सबही राजा शूरवीर, बुद्धिमान्, नीतिज्ञ और धर्मात्मा हुए, सब मत मतान्तरों को समान दृष्टि से देखते और सब ही को आश्रय देते थे. ब्राह्मणों को हजारों बीघे भूमि दान में दी, प्रजा को प्रसन्न रक्खा, प्राप्त की हुई भूमि में से भाई बेटों को भाग देते रहे, कृषि और वाणिज्य से राज व प्रजा का सुख बढ़ाने में न चूके, शरणागत की रक्षा की, दुष्ट को दण्ड दिया और शिष्ट का सत्कार किया व प्रतिदिन अपना बल बढ़ा कर प्राप्त की हुई भूमि का संरक्षण भले प्रकार करते गये.

प्रकरण तीसरा

(सीसोदे की शाखा)

महारावल रत्नसिंह से पीछे महाराणा हंमीर तक जो गड़बड़ मेवाड़ के इतिहास में हुई हैं उस का कारण यही है कि पहले ख्यात लिखने वालों ने जान बूझ कर या अज्ञानपन से गुहिलवंश में से जो शाखा रावल रत्नसिंह से क़रीब सौ सवासौ वर्ष पहिले फूटी थी उसके राजाओं के नाम मूल शाखा में मिला दिये इससे समय में अन्तर आकर नाम भी आगे पीछे और न्यूनाधिक लिखे गये.

गुहिल वंश की महती व मूलशाखा में से सीसोदे की शाखा विक्रम की तेरहवीं शताब्दी के शुरू भाग में फूटी थी. महारावल समरसिंह के सं० १३४२ वि० के लेख में तो सिर्फ इतना ही लिखा है कि गुहिलवंश की कई शाखाओं में से * सं० १३६० वि० में सुलतान अलाउद्दीन खिलजी के युद्ध में रावल रत्नसिंह के मारे जाने पर उस के वंश में कोई न रहा और रावल शाखा की समाप्ति वहीं हो गई तब सीसोदे का राणा अरिसिंह चित्तौड़ की गद्दी पर बैठकर शत्रु के सन्मुख युद्ध करता हुआ मारा गया. महाराणा मोकलजी के सं० १४८५ वि० के लेख में वंशावली राणा अरिसिंह ही से दी है।

ख्यातों, राजप्रशस्ति और कर्नल टॉड के पुस्तक राजस्थान के इतिहास के अनुसार अब तक भी यही माना जाता है कि रावल समरसिंह के पुत्र कर्णसिंह के दो कुंवर थे माहप व राहप, माहप के वंशज डुंगरपुर राज्य के बानी और राहप सीसोदे में राजधानी स्थापन करने वाला हुआ, परन्तु गुहिलवंश के प्राचीन शिलालेख और एकलिङ्ग महात्म्य इस विषय में कुछ भिन्न ही बतलाते हैं. अपना मत प्रकट करने के पूर्व प्राचीन लेखों और ख्यातों आदि में जो लेख इस विषय पर मिलते हैं उन का संक्षेप नीचे दर्ज करता हूं कि पाठक स्वयं उस पर विचार कर सकें.

क्योंकि शाखाभेद कर्णसिंह से हुआ जिसका समय सं. १२३९-४९ वि० (स० ११८२-९२ई०) का दिया गया है, पस उस समय से पीछे के जो शिलालेख आजतक मिले

(*) शाखापशाखाकुलितः सुपर्व्वा गुणोचितः पत्रविभूषिताशः।
कृतास्पदो मूर्द्धनाभूधराणां जयति उदारो गुहिलस्य वंशः॥

हैं उन में से केवल महारावल समरसिंह के सं० १३४२ वि० के आबू के लेख में समरसिंह तक मेदपाट के गुहिल राजाओं की वंशावली दी है, उस में तो कर्णसिंह या रणसिंह नाम का कोई राजा नहीं * राणपुर का सं० १४९६ वि० का लेख जो महाराणा कुम्भाजी के समय का है उस में मेदपाट की गद्दी पर विक्रमसिंह के पीछे रणसिंह का राजा होना कहा है.

कुम्भलमेरु की मामादेव की प्रशस्ति सं० १५१७ वि० की महाराणा कुम्भाजी की है उस में लिखा है कि चोड़सिंह के पीछे उस का भाई विक्रमसिंह राजा हुआ विक्रमसिंह के दो पुत्र थे बड़ा रणसिंह गद्दी बैठा था और छोटा महणसिंह था, रणसिंह के पीछे उसके छोटे भाई महणसिंह के पुत्र क्षेमसिंह को राज मिला† †

महाराणा कुम्भाजी के समय में रचे हुए एकलिङ्ग महात्म्य में ऐसा लेख है

" राजा वैरडनामा तत्तनयो.....
तत्पट्टे नरनाथः श्रीपुंजः सकलपृथ्वींद्रः । ४० ।
तस्मिन्नुदक्वनंगेऽप्सरसां समं विनोदयति।
पालयतिस्म धरित्रीं तदङ्गजः कर्णभूमीन्द्रः । ४१ ।
यः शौर्य्येण च हाटकदानेन च मूर्ति नृपकर्णः ।
सो दुर्गं कारितवान् श्री आहोरे पर्वते रम्ये । ४२ । "
अथ कर्णभूमिकाभर्तुः शाखा द्वितीय विभाति भूलोके ।
एका राउलनाम्नी परामहती । ५० ।

आगे अजितसिंह (जैत्रसिंह) तेजसिंह और समरसिंह का वर्णन देकर लिखते हैं.

---

* इस प्रशस्ति के श्लोक पहिले विक्रमसिंह, क्षेमसिंह, सामन्तसिंह और कुमारसिंह के वर्णन में उद्धृत किये हैं ।

† चोडस्याग्रजो जज्ञे बन्धुर्विक्रम केसरी ।
तत्सुतोरणसिंहाख्यो राज्ये रञ्जितसत्प्रजः ॥
श्रीमहणसिंह कनिष्ठभ्रातृश्रीक्षेमसिंहस्तत्सूनुः ।
सामन्तसिंह नामाभूमिपति भूतले ॥

"सरत्नसिंहं तनयं नियुज्य स्वचित्रकूटाचलरक्षणाय ।
महेशपूजाहतकल्मषौघ इलापतिस्स्वर्गपतिर्बभूव ॥ ६६ ॥
अपरस्यां शाखायां माहपराहपप्रमुखा महीपालः ।
यद्वंशं नरपतयो गजपतयः छत्रपतयोपि ॥ ७० ॥

उस का पुत्र बैरड.....उस के पद पर नरनाथ श्रीपुञ्ज हुआ, उस का पुत्र कर्ण भूमीन्द्र था जो शूरवीरता और सुवर्णदान में कर्ण के समान था जिसने आह्वोर के पर्वत पर दुर्ग बनवाया. कर्ण राजा से दूसरी शाखा फटी, बड़ी राउल्ल नाम की जिस में अजितसिंह तेजसिंह और समरसिंह राजा हुए. समरसिंह अपने पुत्र रत्नसिंह को चित्रकूट की रक्षा के वास्ते छोड़ आप स्वर्गलोक को सिधारा. दूसरी शाखा में माहप राहप प्रमुख भूपाल थे जिनके वंश में नरपति गजपति और छत्रपति (राजा) हुए.

सँवत् १७३२ वि० की महाराणा राजसिंह की राजप्रशस्ति में लिखा है कि नरवर्म के पीछे उत्तम राजा हुआ, फिर भैरव, फिर श्रीपुञ्ज, उसका पुत्र कर्णादित्य, फिर गात्रसिंह, गात्रसिंह का पुत्र हंसराज, हंसराज का पुत्र योगराज, फिर बैरड वैरिसिंह और रावल तेजसिंह राजा हुए, तेजसिंह का पुत्र समरसिंह जिस ने पृथ्वीराज भूपति की बहिन पृथा को ब्याहा, साहिबदीनगोरी गज्जनेश के साथ संग्राम कर स्वर्ग को सिधाया. इस युद्ध का विस्तार सहित वर्णन भाषारासा पुस्तक में है. उस का पुत्र कर्ण रावल हुआ. कर्ण का पुत्र माहप रावल डुंगरपुर का राजा हुआ, कर्ण के दूसरा पुत्र राहप था.

कर्नल् टॉड अपने ग्रन्थ ऐनल्स ऐंड ऐंटीक्विटीज आफ राजस्थान (बड़ी जिल्द प्रथम भाग पृष्ठ २६०) में लिखता है कि (समरसी) के पीछे "संवत् १२४६ वि० (स० ११६३ ई०) में कर्णराज गद्दी पर बैठा, उस के भाग्य में मेवाड़ में किसी लाइन का मूलपुरुष होना न बन्धा था. ख्यातों में इस विषय में परस्पर अन्तर है वे चित्तोड़ का राज्य छोटी शाखा को देतीं और बड़ी को पश्चिम दिशा के निःसार जङ्गलों में एक नगर बसाकर जुदी शाखा चलाने को भेजती हैं. बहुधा ऐसा कहा जाता है कि कर्ण के दो पुत्र थे माहप व राहप परन्तु यह ग़लत है. समरसी व सूरजमल दोनों भाई थे, कर्ण समरसी का पुत्र था और कर्ण के पुत्र का नाम माहप था जिस की माता भगूर के चौहाण वंशकी थी. सूरजमल के एक पुत्र भरत था जिस को विरोधियों के षड्यन्त्र के कारण चित्तोड़ छोड़ना पड़ा. उसने सिन्ध में जाकर अरोड़ वहां के मुसलमान राजा से छीना और पुंगल के भट्टी राजा की बेटी से ब्याह किया जिससे उसके राहप नामी पुत्र उत्पन्न हुआ. भरत के चले जाने और माहप के अयोग्य होने ही के रञ्ज में कर्ण का शरीर छूट गया. माहप अपने पिता को

छोड़ कर अपने ननिहाल में चौहाणों के यहां जा रहा था. जालोर का सोनगिरा राव कर्ण की बेटी ब्याहा था जिससे रिणधवल पैदा हुआ. जालोर के रावने गहलोत सर्दारों को दग़ा से मारकर रिणधवल को (चित्तोड़ की) गद्दी पर बैठा दिया. माहप से कुछ न बन पड़ा. यदि उस वक़्त एक चारण सहायता न करता तो बापा रावल का राज चौहाणों के हाथ में चला ही गया था चारण अरोड़ पहुंचा जहां भरत काबुल के आधिपत्य में रह कर राज करता था, सिन्धी सेना सहित वह (राहप) अपना राज्य लेने को चला जिसे माहप ने छोड़ दिया था, पाली के पास सोनगिरों से लड़ाई हुई और वे हारे, मेवाड़ के सर्दार राहप से आन मिले और उन की सहायता से वह चित्तोड़ की गद्दी पर बैठा. उसने अपने पिता और माता राणगदेवी को बुला लिये जिस के महल सिन्ध नदी पर एक छोटे भाई के सुपुर्द हुए उस भाई ने अरोड़ के वास्ते अपना धर्म छोड़कर (मुसल्मान होकर) काबुल का सामन्त बना रहना स्वीकार किया. राहप को संवत् १२५७ वि० में चित्तोड़ मिला. थोड़े ही अर्से पीछे शमशुद्दीन (अलतिमश) ने हमला किया. नागोर के पास राहप से युद्ध हुआ, शमशुद्दीन ने हार खाई. राहप ही रावल से राणा कहलाया."

यही ख्यातें कर्णसिंह और उस के पुत्र राहप माहप का समय संवत् १२४०-५० वि० के लगभग बतलाती हैं और मेदपाट की वंशावली में समरसिंह नाम का एक ही राजा हुआ है जिस के अनेक शिलालेखों से निश्चित है कि उसने संवत् १३२८ वि० से संवत् १३५६ वि० के लगभग तक चित्तोड़ का राज्य किया था तो समरसिंह से क़रीब १०० वर्ष पूर्व होने वाला कर्णसिंह उसका पुत्र कदापि नहीं हो सक्ता. तदतिरिक्त समरसिंह के पीछे उसका पुत्र रत्नसिंह चित्तोड़ की गद्दी पर बैठा था जो दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिल्जी के मुक़ाबले में मारा गया, नकि कर्णसिंह. फिर कर्णसिंह कौन था ? पहिले कह आये हैं कि संवत् १२०० वि० से सं० १२७० वि० तक मेदपाट की गद्दी पर विक्रमसिंह, रणसिंह, क्षेमसिंह, सामन्तसिंह, कुमारसिंह और मथनसिंह राजा हुए उन में से कर्णसिंह का समय लेखों के रणसिंह से मिलता है अतः स्पष्ट है कि एकलिङ्गमहात्म्य का कर्ण-भूमीन्द्र, ख्यातों का कर्णसिंह और लेखों का रणसिंह एक ही मनुष्य थे और वह कर्णसिंह या रणसिंह श्रीपुञ्ज या विक्रमसिंह का पुत्र था.

दूसरा प्रश्न यह उठता है कि ख्यातों में रणसिंह को समरसिंह का पुत्र कैसें ठहराया ?, ख्यातों का विशेष आधार वंशपरम्परा की रिवायतों पर है और उन रिवायतों में फेर फार हो ही जाते हैं तदनुसार यहां भी समय तो क़रीब २ सही बतलाया, परन्तु नामों में फेरफार हो जाना प्रतीत होता है. रणसिंह के पिता विक्रमसिंह के साथ प्रसिद्ध पृथ्वीराज चहुवाण की बहिन पृथाकुंवरी का विवाह होना बन सक्ता है. आश्चर्य्य नहीं कि लेखों का

सामन्तसिंह और ख्यातों का समरसिंह एक ही हों. लेखकदोष या आम बोल चाल में सामन्तसिंह का समतसी हो जाना सम्भव है वही समतसी काल पाकर समरसिंह या समरसी बन गया और क्योंकि सामन्तसिंह से नाडोल या जालोर के चहुवाणों ने मेदपाट का राज्य छीन लिया था इसलिये पीछे से चहुवाणों के भाटों ने उस को समरसी कह कर उसे चहुवाणों के आधीन ठहरा दिया. यह गड़बड़ पृथ्वीराजरासे से फैली मालूम देती है और यही कारण फिर राजपूताने के इतिहासों में सौ वर्ष का अन्तर पड़ने का हुआ. जो काम जालोर के राव कीतू या कीर्तिपाल ने किया था उस का यश रासे के कर्ता ने पृथ्वीराज चहुवाण को देने के अभिप्राय से समतसी को समरसी जानकर उसे पृथ्वीराज का बहनोई बतलाया और पृथ्वीराज के पक्ष में शहाबुद्दीन गोरी से लड़कर अपने बारह हज़ार राजपूतों सहित उस का मारा जाना लिख मारा. वह समतसी (सामन्तसिंह) रणसिंह या कर्णसिंह का पिता तो नहीं किन्तु उसका पौत्र था. ख्यातों में ऐसे उलट फेर प्रायः पाये ही जाते हैं.

अब एक विचारनीय बात यह है कि जैसा महाराणा कुम्भाजी के लेखों व एकलिङ्गमहात्म्य में लिखा है कि विक्रमसिंह के पीछे रणसिंह राजा हुआ वह सही है या नहीं ? एकलिङ्गमहात्म्य में रणसिंह के वास्ते लिखा है कि उसने संग्राम में भीम महीपति को हराया, खंगारक्षेत्र के राजा की भुजा तोड़ी, अंबड़ राजा को जीतकर क़ैद किया, काफर गुर्जर बर्बर हबश हीर सूरसेन कुरु जालंधर सौराष्ट्र महाराष्ट्र अंध्रकर्णाट लाट तोट द्रविड भोट गौड़ चौड़ पञ्चाल उत्कल कोहल डाहल नेपाल अङ्ग बङ्ग कलिङ्ग और शकादि राजा उस की सेवा करते थे. यह प्रत्यक्ष अतिशयोक्ति है. कर्नल् टॉड लिखता है कि चित्तोड़ का राज छूट जाने से कर्णसिंह अर्वली पहाड़ों में जा रहा था. एकलिङ्ग-महात्म्य कहता है कि रणसिंह ने आहोर पर्वत पर गढ़ बंधवाया * और उस के स्वर्गवास करने पर राहप को राणत्व प्राप्त हुआ †. महाराणा कुम्भाजी के लेखों ही से पाया जाता

* यह आहोर का पर्वत उदयपुर से क़रीब दश ग्यारह कोस दक्षिण पश्चिम भूमट इलाके में झड़ोल के पास है कर्नल् टॉड ने उसको सिन्ध का अरोड़ बतला दिया और राहप को सिन्ध में भेजकर उसे काबुल के शाह का सामन्त बताया और राहप को छोटे भाई को मुसलमान बनाया, मैं नहीं कह सक्ता कि यह कल्पना टॉड साहब ने कैसे की. दूसरा, चित्तोड़ उस वक्त तक गुहिलोतों की राजधानी न हुआ था, राजधानी आघाटपुर (आहड़) व नागदा में थी.

† श्रीकर्णेनृपतित्वमुक्त्वा देवेन्द्रतामथप्राप्ते। राणत्वं प्राप्तः सन् पृथ्वीपतिराहपोभूपः ॥
(एकलिङ्गमहात्म्य).

है कि रणसिंह के पीछे उस के पुत्रों को राज्य न मिला. परन्तु उस के छोटे भाई महणसिंह के पुत्र क्षेमसिंह ने राज पाया. इन सब से बढ़कर इस कल्पना को पुष्ट करने वाला प्रमाण यह है कि महारावल समरसिंह के आबू के संवत् १३४२ वि० के लेख में जो वंशावली दी है उसमें रणसिंह का नाम नहीं है, विक्रमसिंह के पीछे क्षेमसिंह का नाम दिया है, क्योंकि रणसिंह उपर्युक्त लेख के समय से क़रीब सौ एक वर्ष पूर्व ही हुआ था अतः यह तो नहीं कहा जा सक्ता कि भूल से या नाम याद न होने से उस वंशावली में उस का नाम छोड़ दिया गया हो और वह लेख महाराणा कुम्भाजी से क़रीब डेढ़सौ वर्ष पूर्व का है इसलिये विशेष प्रामाणिक है इस अवस्था में ऐसा मानना अयुक्त नहीं कि विक्रमसिंह के पीछे किसी कारण से रणसिंह को राज न मिला इसलिये उसने आहोर में जाकर वास किया और वहां गढ़ बनवाया. आश्चर्य्य नहीं कि पाटवी होने से कुम्भाजी के समय में उस का नाम मेदपाट के राजाओं की वंशावली में प्रवेश पा गया हो तदुपरान्त राहप का कर्णसिंह के मरने पर राणत्व प्राप्त करने से यह भी अभिप्राय निकल सक्ता है कि रणसिंह ने अपनी राणा पदवी अपने पुत्र राहप को दी, नकि माहप को, और ख्यातें भी इस की पुष्टि करती हैं कि कर्णसिंह ने माहप को अयोग्य समझकर राहप को अपना पाटवी बनाया. यदि ऐसा हो तो अपने को माहप के वंश के मानने की हालत में डुंगरपुर वालों का यह दावा सही नहीं समझा जा सक्ता है कि वे चित्तोड़ की बड़ी शाखा में से हैं. इसका विशेष वर्णन डुंगरपुर के इतिहास में आगे किया जावेगा.

राणा राहप

यद्यपि महाराणा कुम्भाजी के शिलालेखों में राहप माहप नाम नहीं मिलते तथापि एकलिङ्ग महात्म्य में उन नामों के पाये जाने से इतना तो निरसन्देह है कि उस समय (पन्द्रहवीं शताब्दी) के पूर्व भी राहप माहप का होना माना जाता था. शायद ये नाम प्राकृत भाषा में हों और शुद्ध नाम कुछ और हों. कर्नल् टॉड ने राहप को रावल समरसी के भाई सूरजमल के पुत्र भरत का बेटा बतलाया है परन्तु जब कि प्रायः सब ही ख्यातें उसको कर्णसिंह या रणसिंह का छोटा पुत्र बतलातीं और एकलिङ्ग महात्म्य स्पष्टतया ऐसा लिखता है तो उस के मुक़ाबले में हम कर्नल टॉड के लेख को स्वी नहीं कर सक्ते हैं. एक प्राचीन ख्यात में मैंने ऐसा लिखा देखा है कि रणसिंह पृथाबाई चहुवाण

का पुत्र था, रणसिंह के दो राणियां थीं, एक सोलंकिणी कौड़मदे (कूर्मदेवी), दूसरी राठौड़ण राजबाई, राजबाई से माहप और कौड़मदे से राहप उत्पन्न हुआ. एक वार राहप दूर जंगल में शिकार को गया था जहां हारीत (कोई कपिल भी कहते हैं) नाम का एक ऋषि तपस्या कर रहा था. शिकारियों ने भ्रम से उसे पशु जान तीर मारा, परन्तु जब राहप पर वह भेद खुला तो उसने ऋषि के चरण छूकर अपने अपराध की क्षमा चाही, महात्मा दयालु होते ही हैं, ऋषि ने राहप को निरपराधी समझ उस पर क्रोध न किया, परन्तु उलटा यह कहा कि यहां जल बहुत है और यह भूमि पवित्र है तू यहां एक देवमन्दिर और कुण्ड बनवा और गांव बसा ! राहप ने वैसा ही किया, वह कुण्ड केलवाड़े के पास कपिलकुण्ड के नाम से राहप का बनवाया हुआ प्रसिद्ध है. किसी अवसर पर माहप राहप दोनों साथ उधर गये तब एक शकुनी ने कहा कि इस मंदिर का बनवाने वाला मेदपाट देश का राजा होगा. यह बात माहप को बुरी लगी उसने राहप को किसी ढब से मारना चाहा और अपनी माता से उसको विष दिलवाने का उपाय रचा परन्तु माता के हृदय में दया उत्पन्न हुई उसने राहप को कहा कि पुत्र तू यहां से चला जा! तब राहप अपनी दो राणियों पूरादे परमार और सुहागदे सोलंकिणी, कुंवर नरपत और कितनेक साथियों समेत वहां से (आहोर से) चलदिया. सीसोदे आया, मीणों को मार कर वहां अपना अधिकार किया और गोडवाड़ (सांडेराव) के पल्लीवाल ब्राह्मण सरसल को अपना पुरोहित बनाया जिसके वंश में आज तक उदयपुर की राजपुरोहिताई चली [redacted] फिर तो राहप का प्रताप प्रति दिन बढ़ता गया, उस वक्त [redacted] चहुवाणों के [redacted] साथ युद्ध हुआ हो. सुलतान शमशुद्दीन अलतिमश ज़रूर राहप का समकालीन [redacted] परन्तु राहप के साथ उसका युद्ध होना और सुलतान का शिकस्त खाना सही नहीं समझा जासक्ता. सुलतान शमशुद्दीन ने जालोर के चहुवाण राव उदयसिंह पर सं० १२६७ वि० (स० १२१० ई०) के लगभग चढ़ाई की थी उस में फारसी तवारीखों में तो सुलतान की विजय और सूंधा के लेख में उदयसिंह की जय होना लिखा है, आश्चर्य्य नहीं कि इसी आधार पर भाटों ने राहप के साथ भी शमशुद्दीन का युद्ध लिख दिया हो.

राहप के वास्ते ऐसा प्रसिद्ध है कि उसने मंडोर के राव मोकल पड़िहार को जीत कर उससे गोडवाड़ और राणा पदवी ली यह भी सही नहीं समझा जा सक्ता क्योंकि सं० १२५१ वि० से सं० १३२७ वि० तक तो गोडवाड़ का, जालोर के चहुवाणों के आधीन होने का पता सूंधा पहाड़ी के चहुवाण राजा चाचिगदेव के लेख [redacted]

चाचिगदेव के पूर्वाधिकारी समरसिंह के पुत्र राव उदयसिंह के आधीन नाडोल, जालोर, मंडोर, बाडमेर, सूराचंद्र, राटद्रद, खेड, रामसेन्य, श्रीमाल, रत्नपुर, सत्यपुर (सांचोर). आदि पर्गने थे. ऐसे ही राणा शब्द भी राजा का रूपान्तर है महाराजा अशोक के लेखों में राजा के वास्ते राज्ञा व राज्ञा पाठ मिलते हैं, पहिले छोटे राजाओं को राणा कहते थे. सीसोदे में राजधानी होने से राहप के वंश के सीसोदिये प्रसिद्ध हुए.

राहप के पीछे होने वाले राणा राज्यप्रशस्ति के अनुसार नरपति, जसकर्ण, नागपाल, पुण्यपाल, पृथ्वीपाल हैं जिनका कुछ भी हाल नहीं मिलता है.

राणा भुवनसिंह—कुम्भलमेरु की प्रशस्ति में तो भुवनसिंह का नाम नहीं परन्तु राणपुर के लेख में समरसिंह के पीछे भुवनसिंह का नाम दिया है और लिखा है कि उसने चहुवाण राजा कीतू को जीता और सुलतान अलावुद्दीन को हराया. ये दोनों वृत्त एक दूसरे से टकराते हैं यदि हम भुवनसिंह को कीतू का जीतने वाला मानें तो उसका समय सं० १२३०—६० वि० (स० ११७३–१२०३ ई०) के दर्मियान होना चाहिये क्योंकि कीतू या कीर्तिपाल, नाडोल के चहुवाण राव केल्हण का छोटा भाई था जिसने परमारों से जालोर अथवा सुवर्णगिरि का राज छीनकर वहां अपनी जुदी राजधानी स्थापन की थी और पीछे नाडोल भी जालोर के राज्य में शामिल हो गई थी. यद्यपि कीर्तिपाल का निश्चित समय देने को अबतक कोई साधन नहीं मिला तथापि उसके बड़े भाई केल्हण के लेख सं० १२४६ वि० और केल्हण के पुत्र जयंतसिंह के लेख सं० १२५१ वि० के मिलने से [illegible] कह सके हैं कि कीर्तिपाल सं० १२२० वि० से सं० १२६० वि० या उससे कुछ पहिले तक रहा हो. सम्भव है कि भुवनसिंह अपने भाई आघाटपुर के राजा कुमारसिंह का समकालीन हो और उसने कुमारसिंह को कीतू चौहाण के साथ युद्ध में सहायता दी हो क्योंकि चारण भाटों की कथाओं में बापा रावल ही के समय से चित्तोड़ में गुहिलवंश का राजस्थापन होना माना जाता है इसलिये उन्होंने भुवनसिंह को चित्तोड़ पीछा लेनेवाला लिख दिया.

राणा भीमसिंह–भुवनसिंह के पीछे सीसोदे की गद्दी पर बैठा. कर्नल टॉडने पद्मनी को भीमसिंह की राणी लिखा है सो सही नहीं है.

राणा जयसिंह–भुवनसिंह का पुत्र व भीमसिंह का जानशीन था.

राणा लक्ष्मसिंह–जो आमतौर पर गढ़ लखमसी (भड़लखमसी) करके प्रसिद्ध है, महारावल समरसिंह का समकालीन था. राणपुर की प्रशस्ति में लिखा है कि [illegible] राजा गोगादेव को जीता था. यह गोगादेव सुलतान अलाउद्दीन

खिल्जी के समय में था, जिसको सुलतान के सेनापति ऐनुल् मुल्क ने लड़ाई में शिकस्त देकर क़त्ल किया था. फ़िरिश्ता भी गोगादेव को मालवे का राजा लिखता है परन्तु तारीख़ अलाई का कर्त्ता अमीरख़ुस्रो कहता है कि "गोगा, मालवे के राजा मेहलकदेव का प्रधान था, उसके पास तीस चालीस हज़ार सवार की फ़ौज थी. स० ७०५ हि० (स० १३०५ ई० सं० १३६२ वि०) में ऐनुल् मुल्क के साथ गोगा की लड़ाई हुई और वह मारा गया, ऐनुल् मुल्क ने उसका सिर काट कर बादशाह के पास भेजदिया." * एक फ़ारसी तवारीख़ तजयतुल् अमसर का मुवर्रख़ लिखता है कि मेरी किताब लिखी जाने से तीस वर्ष पहले (स० १२७०–८० ई० के क़रीब) मालवे का राजा मर गया और उसके बेटे और प्रधान में झगड़ा चला, बहुत दिन की दुश्मनी और मार काट के पीछे दोनों ने मुल्क बांट लिया. †

गोगादेव के साथ लक्ष्मसिंह का युद्ध सं० १३६० वि० पहले हुआ होगा और यह भी सम्भव है कि महारावल समरसिंह के समय में मालवे की तर्फ से चित्तोड़ गढ पर हमला हुआ हो और लक्ष्मसिंह, समरसिंह की सहायता में गोगा से लड़ा हो. जब सुलतान अलाउद्दीन खिलजी चित्तोड़ पर चढ़ आया तो सीसोदे से लक्ष्मसिंह ने आकर रावल समरसिंह का हाथ बटाया, और अपने सात पुत्रों सहित शत्रु के सन्मुख युद्ध करता हुआ मारा गया. ‡ लखमसी के पुत्रों में से अजयसिंह तो युद्ध में पतन हुआ + परन्तु कहते

---

* सरऐच० इलियट की तारीख़ हिन्दुस्तान जिल्द २ सफ़ा ६७

† " " " " " " " ३ सफ़ा ३१

‡ मामादेव की प्रशस्ति में राणा गढ़लखमसी को चित्तोड़ के राजाओं में लिखा है यदि रावल रत्नसिंह लक्ष्मसिंह के पहले मारा गया हो तो अरिसिंह के मुवाफ़िक लक्ष्मसिंह का भी चित्तोड़ की गद्दी पर बैठकर मारा जाना सम्भव है।

कर्नलटॉड लिखता है कि लखमसी के मरने पर उस का दूसरा पुत्र अजयसी सीसोदे का राणा हुआ. अजयसी ने अपने एक पुत्र सजनसी को देशनिकाला देदिया जो दखन में जाकर प्रसिद्ध शिवाजी मरहटे के वंश का मूलपुरुष हुआ. परन्तु प्रशस्तियों में लक्ष्मसिंह के पीछे अजयसिंह का नाम होने से अनुमान होता है कि बड़ा अजयसिंह था और अरिसिंह उस से छोटा था।

+ अजयसिंह के दूसरे पुत्र क्षेमसिंह के खेमावत हुए।

हैं कि अरिसिंह को उसने बंश बना रखने के वास्ते गढ़ से बाहर भेज दिया था. अरिसिंह ने चदाना कुलकी एक राजकन्या से विवाह किया जिससे हंमीर उत्पन्न हुआ.

राणा अरिसिंह—महारावल रत्नसिंह के मारे जाने पर रावल शाखा की समाप्ति होगई उस वक़्त अरिसिंह चित्तोड़गढ़ में मौजूद थे, सर्दारों ने मिल कर उनको चित्तोड़ की राजगद्दी पर बिठाया और गढ़ की रक्षा में मुसलमानों के मुक़ाबले में राणा ने अपना शरीर छोड़ा. चित्तोड़गढ़ अलाउद्दीन के क़ब्ज़े में आया. बादशाहने पहले तो उसे अपने बेटे ख़िजरख़ां को दिया था, परन्तु जब सीसोदियों ने पहाड़ों में रह कर मुल्क में धावे मारने और जहां तहां मुसलमानों को खदेड़ने शुरू किये तब मसलहत देख कर पादशाह ने ख़िजरख़ां से चित्तोड़गढ़ लेकर जालोर के राव कान्हड़देव के भाई मालदेव के सुपुर्द किया.

फिरिश्ता लिखता है कि अपनी विजय से घमण्ड में आकर पादशाह (अलाउद्दीन ख़िल्जी) बहुत बदपरहेज़ हो गया था. राजकाज मलिक काफ़ूर के सुपुर्द कर आप ऐश आराम में पड़ा इस से उस की ताक़त दिनबदिन घटने लगी, दखन के राजा स्वतन्त्र हो गये, गुजरात भी हाथ से जाता रहा और चित्तोड़ के हाकिम ने भी खुदसरी इख्तियार करके पादशाही नौकरों को हाथ व गर्दन बांध कर गढ़ से नीचे गिरा दिये, जिस से बादशाह को बहुत रंज हुआ, ग़ुस्से में आकर वह अपना शोक [redacted] टने लगा, और ता० [redacted] द [redacted] साल स० ७१६ हि० (१६ दिसम्बर स० १३१६ ई०) को मर गया. सम्भव है कि चित्तोड़ जैसा गढ़ हाथ में आने और देश की दशा बिगड़ी हुई देखने से चहुवाणों ने पादशाही जूआ कन्धे से उतार कर स्वतंत्र बनने और अपना खोया हुआ जालौर का राज पीछा लेने की कोशिश की हो परन्तु मलिकख़ुस्रो ने उन से पीछा मेल कर लिया हो, क्योंकि तारीख़ फीरोज़शाही में लिखा है कि स० १३२३ ई० सं० १३७६ वि० के क़रीब मलिकख़ुस्रो की मदद पर रणधवल (शायद चहुवाण बंश का हो) सुलतान क़ुतबुद्दीन मुबारिक शाह ख़िल्जी को मारने में शरीक था मलिक ने तख़्त पर बैठकर उसे राय रायान की पदवी और काज़ी ज़ियाउद्दीन की हवेली मय सामान के बख़्शी *

सं० १३६० वि० से सं० १३६५ वि० के क़रीब तक चित्तोड़गढ़ मुसलमानों के अधिकार में रहा क्योंकि तुग़लक़शाह के अहद का एक फ़ारसी लेख बादशाह के नायब

* सरऐच इलियट की तारीख़ हिन्दुस्तान जिल्द ३ सफ़ा २२३.

बारबक और भतीजे असदुद्दीन अरसलां का चित्तोड़गढ़ पर मिला जो अब उदयपुर में विक्टोरियाहाल में मौजूद है. *

पृथक् पृथक् शिलालेखों व पुस्तकों से राणा शाखा की वंशावली महाराणा हंमीर तक.

महाराणा कुंभकर्ण के समय की राणपुर (गोडवाड़) की सं० १४६६ वि० की जैनमन्दिर की प्रशस्ति से	महाराणा कुम्भकर्ण की कुम्भलमेरु की सं० १५१७ वि० की प्रशस्ति से	महाराणा कुंभकर्ण के एकलिङ्गमहात्म्य से	महाराणा जगतसिंह की सं० १७०६ वि० की प्रशस्ति से	महाराणा राजसिंह की सं० १७३२ की राज्यप्रशस्ति से	टॉड राजस्थान से
समरसिंह	समरसिंह	समरसिंह	राहप	समरसिंह	समरसिंह
...	...	कर्णभूमीन्द्र	नरपति	कर्णसिंह	कर्णसिंह
...	...	राहप	दिनकर्ण	राहप	राहप
...	...	हरसू	जसकर्ण	नरपति	भूणसी
भुवनसिंह	...	बबरू	नागपाल	दिनकर्ण	लखमसी
जयसिंह	...	नागपाल	पूर्णपाल	जसकर्ण	अजयसिंह
लक्ष्मसिंह	लक्ष्मसिंह	पूर्णपाल	पृथ्वीपाल	नागपाल	अरिसिंह
अजयसिंह	...	केशर	भुवनसिंह	पुरायपाल	हंमीर
अरिसिंह	अरिसिंह	भुवनसिंह	भीमसिंह .	पृथ्वीपाल	
हंमीर	हंमीर	भीमसिंह	जयसिंह	भुवनसिंह	
		जयसिंह	लक्ष्मसिंह	भीमसिंह .	
		लक्ष्मसिंह	अजयसिंह	जयसिंह	
		अरिसिंह	अरिसिंह	लक्ष्मसिंह	
		हंमीर	हंमीर	अजयसिंह	
				अरिसिंह	
				हंमीर	

(१) ملک سلیمان تاجو تخت و نگین- چو آفتاب جہانگیر و ملک ظل الله یگانه ختم سلاطین عصر تغلق شاه- مملکت ازرائي اومزین باد- مدار ملک اسد الدین ارسلان جوآد- که گشت محکم از و عدل و دادرا بنیاد- از جمادي الاولي گذشته بلاباد- خدا بفضل برین خیر را قبول کناد- جزای حسن عمل را یکی هزار د هاد-

प्रकरण चौथा

महाराणा हमीरसिंह या हंमीर

इन्होंने अपना बालकपन केलवाट (केलवाड़े) में बिताया. मेवाड़ के सर्दार उन से जा मिले, बीर और होनहार थे, छोटी अवस्था ही में यह ख़याल दिल में समा गया कि किसी तरह अपने बुज़ुर्गों का राज पीछा प्राप्त करना चाहिये. धावे मार मार कर शत्रुओं को खदेड़ना शुरू किया, मुञ्जा मेदनीपति को मारा, चेलवाट (जीलवाड़ा) के सोलंकी राघव का गर्व दूर कर अपने आधीन बनाया, और प्रतिदिन सीसोदे की सीमा व अधिकार को बढ़ाने लगे.

बादशाही तर्फ़ से चित्तोड़ का हाकिम राव मालदेव चौहाण था जिसने अपनी कन्या का विवाह हंमीर से करना चाहा. यद्यपि इस विवाह करने की मेवाड़ के सर्दारों की सम्मति नहीं थी तथापि बीर हंमीर ने यह विचार कर, कि इसी बहाने चित्तोड़गढ़ की पवित्र भूमि के दर्शन तो होंगे, विवाह मंज़ूर कर लिया और पांचसौ सवारों से ब्याहने गये. उस राणी ने चित्तोड़ हाथ आने की तर्कीब हंमीर को बतलाई. कुछ अर्से बाद राणी के पुत्र हुआ नाम उस का क्षेत्रसिंह रक्खा गया. राणी ने अपने पिता मालदेव को कहलाया कि खेतसी की बोलवां चित्तोड़ के देवताओं की मानी है इसलिये मैं वहां आना चाहती हूं और आज्ञा पाकर जालू महता नाम के (कहीं मौजीराम भी लिखा है) विश्वासी सेवक के साथ चित्तोड़ गई. महता ने गढ़ के रखवालों व द्वारपालों को मिलाया. हंमीर तो अपना सब सामान दुरुस्त किये तय्यार बैठे ही थे, जब राव मालदेव मदारिये के मेरों का फिसाद मिटाने को गया उस वक्त अच्छा अवसर देखकर महता ने हंमीर को सूचना कराई वह तुरन्त रातोंरात चित्तोड़ पहुंचे, द्वारपालों ने गढ़ के दर्वाज़े खोल दिये और राणा अपने साथियों समेत भीतर दाख़िल हुए. जिसने साम्हना किया यमलोक को पहुंचा और उसी दिन सीसोदियों का झण्डा गढ़ पर फहराने लगा. सं० १३९५ वि० (सं० १३३८ई०) के क़रीब पीछा चित्तोड़गढ़ गुहिलवंश के अधिकार में आया.

कर्नल् टाड लिखता है कि चित्तोड़ छिन जाने की ख़बर सुनकर राव मालदेव सीधा देहली पहुंचा और महमूदशाह फौज लेकर चढ़ आया सींगोली के मुक़ाम लड़ाई हुई

और पादशाह शिकस्त खाकर कैद हुआ. तीन महीने कारागार में रह अन्त में नागोर, अजमेर, सुई शिवपुर और रणथम्भोर के पर्गने देकर छूटा और एकसौ हाथी व ५० लाख रुपये दण्ड में दिये. मैं इसको सही नहीं समझता क्योंकि नागोर, अजमेर, रणथम्भोरादि को फतह करने वाले महाराणा कुम्भकर्ण थे न कि हंमीर. सम्भव है कि कुछ पादशाही सेना आई हो जिसे महाराणा ने शिकस्त देकर भगादी हो. महाराणा हंमीर के चित्तोड़ लेने के वक़ देहली में महोम्मद तुग़लक़शाह, ग़यासुद्दीन तुग़लक़ का बेटा, तख्त पर था जिस को शुरू शुरू में चग़ताई मुग़लों की चढ़ाई से तंग आना पड़ा था और फिर उस के दिल में ख़ुरासान वमावरुल् नहर फतह करने और चीन देश के जीतने की धुन समाई जिस में उसने अपने लाखों सिपाहियों की जानें गमाई. देश में तांबे का सिक्का सोने चांदी के एवज़ चलाने की कोशिश करने में जहां तहां प्रजा का उपद्रव उठ खड़ा हुआ और सूबेदार लोग भी स्वतन्त्र बन बैठे. ग़र्ज़ें कि २५ छब्बीस वर्ष की पादशाहत में ऐसे बड़े झगड़ों से ही उस को फ़ुर्सत न मिली कि मालदेव की मदद के वास्ते आप चित्तोड़ पर चढ़कर आता.

बूंदी के हाडा राव हमीर पर चढ़ाई की और जीरण के पंवार जैतसिंह को शरण दी. उस के बेटे सुन्दरदास की सहायता में वणावदे फौज भेजी, दूसरे कई राव राजों को आधीन कर इन महाराणा ने मेवाड़ के राज्य को बहुत कुछ तरक़्क़ी दी और यहीं से मेवाड़ की औज का सितारा चमकने लगा. चित्तोड़गढ़ पर एक विशाल मन्दिर बनवाकर पास ही एक बड़ा तालाव खुदवाया. क़रीब ३८ वर्ष राज कर सं० १४२१ वि० (स० १३६४ ई०) में महाराणा हंमीर ने इस असार संसार से कूच किया. क्षेत्रसिंह के सिवा महाराणा हंमीर के एक पुत्र वर्सल था जिस के बेटे लूणकर्ण के वंश के लूणावत सीसोदिया हैं.

महाराणा क्षेत्रसिंह

महाराणा हंमीर के पुत्र, सं० १४२१ वि० में चित्तोड़ पर गद्दी बैठे. बूंदी के हाड़ों ने पीछा ज़ोर पकड़कर मांडलगढ़ पर क़ब्ज़ा कर लिया था, महाराणा आप फौज लेकर बूंदी गये और हाड़ों को शिकस्त देकर उन का देश छीन लिया और उन्हें अपने आधीन बनाये. अन्त में वमावदे के हाड़ा सर्दार लालसिंह ने अपनी पुत्री महाराणा को ब्याह कर सुलह कराई और बूंदी वालों ने सेवा स्वीकार की. ईडर के राव रणमल्ल को जा

दबाया और उसे क़ैद कर चित्तोड़ लाये व उस के पुत्र को ईडर का राजा बनाया *

कर्नल् टाड ने हुमायूंशाह के साथ बाकरोल के मुक़ाम महाराणा क्षेत्रसिंह का युद्ध होना लिखा है. देहली के तख़्त पर एक हुमायूंशाह तुग़लक़, नासिरुद्दीन तुग़लक़ का बेटा स० १३९४ ई० (सं० १४५१ वि०) में पादशाह हुआ था परन्तु वह सिर्फ ४५ दिन पादशाहत करके मर गया तदुपरान्त उस का समय भी महाराणा क्षेत्रसिंह के देहान्त से १२ वर्ष पीछे पड़ता है अतः हुमायूंशाह दिल्ली का पादशाह तो हो नहीं सक्ता. महाराणा रायमल्ल की सं० १५४५ वि० (स० १४८८ ई०) की एकलिङ्गजी के मन्दिर की प्रशस्ति में क्षेत्रसिंह के वर्णन में लिखा है कि "यौमी साहि महाहि गर्वगरलं मूलादवादीदहत्" आदि. अर्थात् अमिसाहि-रूपी सर्प के गर्वगरल का गञ्जन किया, उस के गढ़ उजाड़े, योद्धाओं को पराजित किये और खज़ाना लूटा. हम नहीं कह सक्ते कि अमीसाह कौन था, वह मालवे व गुजरात के सुलतानों में से तो हो नहीं सक्ता क्योंकि गुजरात का पहला सुलतान मुजफ्फ़रशाह स० १३९१ ई० में और मालवे का दिलावरशाह स० १३८७ ई० में महाराणा क्षेत्रसिंह की मृत्यु के पीछे स्वतन्त्र बादशाह हुए थे. शायद मालवे के सुलतान महमूद ख़िल्जी का पिता आज़म हुमायूं हो. पनवाड़पुर और एक और गांव एकलिङ्गजी के भेट किया, वहां धर्म-शाला बनवाई और तालाब खुदवाया. अठारह वर्ष राज कर के सं० १४३९ वि० (स० १३८२ ई०) में अपने श्वसुर बमावदे के हाडा लालसिंह के हाथ से मारे गये. कहते हैं कि जब महाराणा बूंदी गये थे तो लालसिंह ने चित्तोड़ के एक चारण बीरू की हतक की इसी पर श्वसुर जमाई में लड़ाई हुई थी. रिवायत है कि चित्तोड़गढ़ पर एक पत्थर की पुतली कहीं से निकली थी जिस का एक हाथ ऊपर को उठा हुआ और दूसरा छाती पर लगा था. महाराणा हंमीर ने अपने दर्बारियों से पूछा कि इस का कारण

* राव रणमल्ल के वास्ते एकलिंगमहात्म्य में लिखा है कि उसने गुर्जरपति दफर (ज़फ़र) का गर्व गञ्जन किया, कई राजाओं को क़ैद रक्खा और अरि-कुल की स्त्रियों को वैधव्य दिया था. तवारीख़ फ़िरिश्ता के मुवाफ़िक मुज़फ्फ़र शाह गुजराती ने सं० १३९३–९८ व १४०१ ई० में ईडर पर चढ़ाइयां की थी रावने बड़ी बीरता व धैर्य्य से मुक़ाबला किया परन्तु अन्त में उसे ईडर छोड़कर बीसल-नगर को जाना पड़ा. अहमदशाह ने स० १४२६ ई० में साबरमती के किनारे छावनी डाल वहां एक गढ़ बनवाया और उस स्थान का नाम अहमदनगर रक्खा. अहमद के बेटे मोहम्मदशाह ने पूंजा की बेटी से व्याह कर उसे अपना इलाका व अधिकार पीछे दिये.

क्या है ? परन्तु किसी ने कुछ उत्तर न दिया. चारण बोला कि यह पुतली बतलाती है कि मैंने स्वर्ग पृथ्वी और पाताल तीनों लोक में हंमीरसा दानी कहीं नहीं पाया. चारण का ऐसा कहना बूंदी वालों को नहीं भाया और जब वह महाराणा के साथ बूंदी आया तो उसे एकान्त में दबाया कि हम से भी दान ले इस पर चारण ने अपना सिर काटकर लालसिंह के पास भेज दिया.

महाराणा लक्षसिंह या लाखाजी

महाराणा क्षेत्रसिंह के पुत्र, सं० १४३६ वि० में गद्दी पर बैठे. अपने पिता का बदला लेने के वास्ते हाड़ावटी पर चढ़ाई की उस वक़्त बूंदी में राव बीरसिंह हाड़ा राज करता था. उस के हाथी घोड़े और कन्या रत्न छीन लिये. जहाजपुर फतह कर अपने राज में मिलाया, मेरवाड़ा लिया, बिराटगढ़ को तोड़ नागर चाल के सांखला को शिकस्त दी * और जावर में चांदी की खान निकाली ‡.

फिरिश्ता लिखता है कि स० ७९८ हि० (स० १३९६ ई० सं० १४५३ वि०) में मांडलगढ़ के राजपूतों ने इतना सिर उठाया कि मुसलमान उन से तङ्ग आ गये. ज़फरख़ां (गुजरात का हाकिम व पहला सुलतान) ने वहां पहुंच कर क़िले का मुहासरा किया और राजपूतों को पकड़ पकड़ कर पत्थरों से मरवाने लगा. मज़बूत होने से जब गढ़ फतह होना कठिन पाया तो सुरंगें लगानी शुरू कीं परन्तु उन से भी कुछ न हुआ और अर्से तक वहां पड़ा रहने से ज़फरख़ां परेशान हो गया. दैवात् गढ़ में मरी और बदरोग फैला और बहुत मनुष्य मरने लगे तब लाचार हो कर राजा दुरगा ने अपने वकील ज़फरख़ां के पास भेजे वे लोग गले में पटका डाले व अपनी २ तलवारें गर्दन से लटकाये हुए आये और नंगे सिर करके औरतों व बच्चों ने गढ़ पर से रोना व आजिज़ी करना शुरू किया ज़फरख़ां को रहम आगया और सोना जवाहरात नज़र नज़राने में लेकर वहां से चला गया, फारसी तवारीख़ों में अकसर जहां इसलाम की फौज को कामयाबी न हुई हो वहां ऐसा ही लिखा मिलता है कि बारिश का मौसम आजाने, रोग फैल जाने या और किसी

* शेखावाटी में झुँजनू सिंधण और नरवाणा के पर्गने नागरचाल कहलाते हैं.

‡ उदयपुर से क़रीब २० मील दक्षिण जावर गांव के पास ये खानें हैं परन्तु अब उन में चांदी नहीं रही.

सबब से पादशाह या सुलतान ने लश्कर हटा लिया या नज़राना लेकर सुलह करली वग़ैरह. कर्नल्टाड ने लिखा है कि राणा लाखा ने फ़ाहंशाह मोहम्मदशाह लोदी के साथ युद्ध किया और एक बार बदनोर के पास शाही सेना को हराया. महाराणा लाखाजी के समय तक लोदी खान्दान तख्त का मालिक न हुआ था उस खान्दान का पहला पादशाह बहलूल लोदी स० १४५१ ई० सं० १५०८ वि० में तख्त नशीन हुआ. सैय्यद खान्दान में अलबत्ता एक मोहम्मदशाह हूआ था जिसने सं० १४९० (स० १४३३ ई०) से सं० १५०२ वि० तक पादशाहत की थी.

इन महाराणा ने युवराज अवस्था में जोगा दुर्गाधिप को जीत कर उस की कन्या हस्ती घोड़ों सहित हरण की (यह जोगा शायद कोई हाडा सर्दार हो) चीरवा (चीरवर) गांव एकलिंगजी के भेट किया, पीपला गांव झोटिंग ब्राह्मण को, और चित्रकूट के पश्चिम पंचदेवालय वाला गांव धनेश्वरभट्ट को दान में दिये, एकलक्ष सुवर्ण मुद्रा से तुलकर वह धन ब्राह्मणों को बांट दिया।

महाराणा लाखा के पाटवी कुंवर चोंडसिंह या चूंडा के साथ मंडोवर के राव रणमल्ल ने अपनी बहन हंसबाई का सम्बन्ध करने को नारियल भेजे थे. राव के सेवक जब नारियल लेकर पहुंचे, चूंडा उस वक़ बाहर शिकार को गया हुआ था. राणा ने हंसी में कहा कि जवानी में हमारे साथ भी सम्बन्ध करने को लोग आते थे अब तो बूढ़े हो गये, जब चूंडा ने यह बात सुनी तो उस ने सगाई से इन्कार कर दिया, पिता ने बहुत समझाया परन्तु एक न मानी. नारियल पीछे भेजने में राव अपना अपमान समझेगा ऐसा विचार राणा ने आप ही वह सम्बन्ध स्वीकारा, परन्तु चूंडा से इकरार लिखवा लिया कि यदि इस राणी से पुत्र हो तो मेवाड़ की गद्दी उस को मिलेगी, दैवगति से राठौड़ण राणी के पुत्र हुआ, नाम उसका मोकल रक्खा गया, जब मोकल पांच वर्ष का हुआ तो राणा ने उस को राज तिलक देकर राज का कुल इन्तज़ाम चूंडा के सुपुर्द किया और आगे के वास्ते यह मर्य्यादा बांध दी कि मेवाड़ के महाराणा की तर्फ से जो पट्टे पर्वाने दिये जावें उन पर चूंडा के बंश वाले अपना भाले का निशान करते रहैं. *

* राव चूंडा के वंश के चूंडावतों में सलूम्बर का राव, जो मेवाड़ के अव्वल दर्जे के उमरा में है, पाटवी है. पहले तो राज के पट्टे पर्वानों पर भाले का निशान सलूम्बर वाले ही किया करते थे, परन्तु कहते हैं कि महाराणा कर्णसिंह के समय में (सं० १६७६ वि० स० १६१९ ई०)आमेट व देवगढ़ के चूंडावत सर्दारों ने

हिन्दुओं के प्रसिद्धतीर्थस्थान गया में क्रूरशकों (मुसलमानों) ने कथा पुराण और स्मृति पन्थ व्यर्थ कर दिया, हिन्दू यात्रियों पर कड़ा कर लगाया और गोवधादि अत्याचारों से तीर्थस्थान को भ्रष्ट कर रक्खा था. अपने गरू प्रबन्ध से फुर्सत पाकर महाराणा सं० १४५४ वि० में गया की तर्फ सिधारे, हिन्दुओं का कर छुड़ाया. तीर्थ को मुसलमानों के अत्याचार से बचाया और आपने वहीं शरीर छोड़ा * महाराणा लाखाजी के और भी कई पुत्र थे दूलहसिंह, राघोदेव, अज्जा, डुंगरसिंह, भांडा, व भीमसिंह, जिनके नाम से दूलावत सारंगदेवोत डुंगरसिंहोत, भांडावत, भीमावत आदि शाखें चलीं

महाराणा मोकलजी

सं०१४५४ वि० (स० १३९८ ई०) में गद्दी बैठे तब बालक थे. राज का काम चूंडा करता था उसने महाराणा को अच्छी शिक्षा दिलवाई. आपस की फूट, कपटकर्म, स्वार्थ और ईर्ष्या राजस्थानों में कई उत्पात पैदा कर ख़राबी के कारण हुए व होरहे हैं. पीहर वालों के बहकाने से मोकलजी की माता ने राव चूंडा पर यह इल्ज़ाम लगाया कि वह राज दबाने की फिकर में है. जिस बात के धनी वीरपुरुष ने अपने पिता के ज़रा से वचन पर राज का हक़ तक छोड़ दिया था भला वह कब ऐसा कलङ्क सह सक्ता था; चित्तोड़ छोड़कर चूंडा मांडू के सुल्तान के पास चला गया जहां हलार का परगना उसे जागीर में मिला. जब राव चूंडाजी के पीछे मंडोर का राज्य रावरणमल्ल के छोटे भाई कान्हा

महाराणा से अर्ज़ की कि हम भी चूंडा के वंश के हैं सो सलूमर की तरह हमारा भी कुछ हक्क क़ायम होना चाहिये. महाराणा ने फर्माया कि आप चूंडावत सरदार मिलकर किसी आदमी को मुक़र्रर कर दें कि वह आपकी तर्फ से भाले का निशान कर दिया करे. पञ्चोली अर्जुनसिंह सहीवाले के बुज़ुर्ग जो पहले पट्टे पर्वानों पर "सही" किया करते थे, इस काम के लिये चुने गये. तब से आजतक सही व भाला दोनों निशान सहीवाले ही पट्टा पर्वाना लिखकर कर दिया करते हैं.

* सं०१४८५ वि० की महाराणा मोकलजी की प्रशस्ति में यह श्लोक है:—

नीतिप्रीतिभुजार्जितानि बहुशोरत्नानि यत्नादयं दायंदायमायायाव्यतनुतधत्स्तांतरायांगयां ।

तीर्थानां करमालय्यविधिनान्यत्रापि युंक्तेधनंप्रौढप्रावीनषद्धतीर्थ सरसि जाप्रद्यशोंभोरुहः ॥ ३८ ॥

व सत्ता के हाथ में चला गया था तो रावरणमल्ल महाराणा लाखाजी के पास आरहा और महाराणा ने उसे चालीस गांव जागीर में देकर अपने अव्वल दर्जे के उमरा में दाखिल किया था. रावसत्ता (शत्रुसाल) शराब बहुत पीता था, राज का काम उसने अपने भाई रणधीर के सुपुर्द किया, परन्तु तीन चार वर्ष पीछे ही सत्ता के पुत्र और रणधीर में अनबन होजाने से रणधीर चित्तोड़ आकर राव रणमल्ल को महाराणा की फौज समेत मारवाड में लेगया, नर्बदने मुक़ाबला किया परन्तु फतह न पाई और मडोवर का राज्य राव रणमल्ल के हाथ आया, तब राव सत्ता और उसका पुत्र दोनों चित्तोड़ में महाराणा के शरण आरहे. इसवक़्त मौका पाकर रावरणमल्ल ने अपने बहन के कान भर दिये और चूंडा को अलग कराया.

बूंदी के हाडा यद्यपि मेवाड़ के आधीन थे तो भी समय समय पर उपद्रव उठाकर स्वतन्त्र बनजाया करते थे सयाने होने पर महाराणा मोकलजी ने हाड़ावटी पर हमला किया, जहाजपुर के पास लड़ाई हुई जिसमें हाडों ने पीठ दिखाई और हालू हाडा के बेटे धीरदेव को मारकर बमावदा उससे छीन लिया.

चित्तोड़गढ़ पर समाधीश्वर महादेव के मंदिर में महाराणा मोकल की सं० १४८५ वि० माघ शुदि ३ गुरुवार (सन् १४२६ ई०) की प्रशस्ति में लिखा है कि उन्होंने शकों (मुसलमानों) के शाह पीरोज को हराया था. वह पीरोज या फीरोज़खां शम्सखां या नुसरतखां का बेटा और गुजरात के प्रथम सुल्तान मुज़फ़्फ़रशाह का भतीजा था. मुज़फ्फर के मरने पर उसने दो एकवार गुजरात की बादशाहत लेने का प्रयत्न भी किया और ईडर के राव रणमल्ल को बहुतसी आशा बंधाकर अपने पक्ष में लिया था परन्तु सुल्तान अहमदशाह से हार खाकर उसे नागोर ही में रहना पड़ा था. फीरोज़ के पुत्र मौदूद या मुइनुद्दीन और मस्तीखां राव रणमल्ल के साथ रहकर सुल्तान अहमदशाह गुजराती से लड़े थे इसलिये सुल्तान ने ईडर पर चढ़ाई की और वहां का गढ़ लेलिया तब मुइनुद्दीन और मस्तीखां भागकर अपने पिता के पास नागोर चले आये. फीरोज़खां उस वक़्त महाराणा मोकल से लड़रहा था, मस्तीखां या मौदूद उस लड़ाई में मारागया और महाराणा के भी तीन हज़ार राजपूत खेत रहे परन्तु फतह उन्हीं के नाम लिखी गई. यह युद्ध सं० १४७० वि० (स० १४१३ ई०) के आस पास हुआ था.

महाराणा मोकलजी की मृत्यु के विषय में मेवाड़ की ख्यात में तो ऐसा विख्यात है कि वे अपने खवासणिये काका मेरा के हाथ से मदारिये गांव में मारे गये. इस का कारण यह बतलाया जाता है कि एक दिन महाराणा अपने सर्दारों सहित बाग़ में बैठे थे वहां एक वृक्ष की ओर इशाराकर किसी सर्दार से उसका नाम पूछा, सर्दार ने मज़ाख के साथ

अर्ज़ की कि इस का ज्ञान मैपाजी को अच्छा है. मैपा, महाराणा खेताजी की खातण जाति की एक पासवान स्त्री के पुत्र मेरा का बेटा था. उसने लज्जित होकर अपने पिता से यह सब वृत्तान्त कहा तब मेरा ने ऐसा विचार कर कि महाराणा हमारी हतक करते हैं, मौक़ा पाकर उन्हें मारडाला. तारीख़ फिरिश्ता व मिरात सिकन्दरी में लिखा है कि सन् ८३६ हि. (स० १४३३ ई० सं० १४९० वि०) में गुजरात का सुल्तान अहमदशाह मेवाड़ नागोर और कोलीवाड़े की तर्फ रवाना हुआ, कई मंदिर तोड़े और डुंगरपुर के राय को ताबे करता, कोलीवाड़े का इलाक़ा लूटता केलवाड़े पहुंचा, वहां उसने राना मोकल का बलन्द क़िला और मंदिर तोड़ डाले, कई बाग़ी राजपूत जो हाथ आये उनको हाथियों के पावों तले डलवा कर मरवा दिये और मलिक मुनीर सुल्तानी को वहां रोकड़िया मुकर्रर कर आप राठौड़ों के मुल्क की तर्फ चला गया * (फिरिश्ता हाड़ोती की तर्फ जाना लिखता है) महाराणा रायमल की एकलिङ्ग जी की प्रशस्ति में लिखा है कि कर में कृपाण धारण किये हुए रणखेत रूपी ताल में स्नान कर सूर्य्यमण्डल को भेद महाराणा मोकल ने कैलाश वास किया †.

महाराणा मोकल भी मेवाड़ के वीर पुरुषार्थी और पराक्रमी महाराजाओं में से एक थे, सैन्यबल भी उनका इतना था कि गुजरात मालवे के मुसलमान सुल्तान उनसे भय ही खाते थे. कई बार मुसलमानों से जंग कर उन्हें नीचे दिखाये और अपने राज्य की वृद्धि की. चित्तोड़गढ़ पर विष्णु का मन्दिर बनवाया और तालाब खुदवाया, समाधीश्वर महादेव के प्राचीन मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया और मेवाड़ की उत्तर सीमा पर चतुर्भुज (विष्णु) के मन्दिर का भी उद्धार किया. ‡ वहां भाद्रपद शुक्ल ११ (जलझूलनी) को

---

* इस से स्पष्ट है कि कुम्भलगढ़ बनने के पूर्व भी केलवाड़े के पास (केलवाड़ा यह नाम कोलवाट या कोलीवाड़े का रूपान्तर है) एक बड़ागढ़ मौजूद था और पास ही एक मंदिर भी था.

† आमज्य संगर सरस्तरवारिवारिण्या सज्यराजशिखरंचकरे कृपाणं ।
निर्भिद्यचण्डरुचिमण्डलमाविवेश शैवँमहः किमपि मोकल भूमिपालः ॥

‡ कर्नल टॉड ने चारभुजा का मन्दिर महाराणा मोकल ही का बनवाया हुआ लिखा है परन्तु उस मन्दिर में सं० १५०१ वि० का एक लेख है जिससे पाया जाता है कि खरवड़ राजपुत्र रा महिपाल ने उस वक्त उस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था अतः वह महाराणा मोकल से बहुत पहिले का बना हुआ होना चाहिये.

बड़ा मेला जुड़ता है, दूर दूर के यात्री दर्शनार्थ आते और व्यौपारी भी अपना माल बचने को लाते हैं. बाधनवाड़ा और रामगांव महादेव के भेट किये. एक राणी सौभाग्य-देवी से महाराणा मोकल के कुम्भकर्ण नामी पुत्र उत्पन्न हुआ और वही उनके पीछे गद्दी बैठा था. कुम्भकर्ण के अलवा पांच पुत्र महाराणा के और थेः— क्षेमराज जिसके बंश के देवलिये प्रतापगढ़ वाले, सूवा के सूवावत, कीताके कीतावत, नाथा के नाथवत और वीर-मदेव के बीरमेदवोत.

राय रायान राणेराय महाराणा कुम्भकर्ण या कुम्भाजी

अपने पिता के मारे जाने पर सं० १४६० वि० (स० १४३३ ई०) में राज्यसिंहासन पर सुशोभित हुए. कर्नल् टॉड ने उनकी गद्दीनशीनी का सं० १४७५ वि० लिखा है वह सही नहीं है. यह महाराणा अपने समय के अनुपम शूरवीर, साहसी, युद्धप्रिय और नीतिनिपुण थे. पैंतीस वर्ष के शासन काल में वे बराबर बड़े २ राजा महाराजाओं और प्रबल व प्रतापी दिल्ली मालवा गुजरात के बादशाहों से लड़ाइयां लेकर उनको ज़ेर करते रहे और अपने खड्गबल से क्षात्रधर्म की उज्ज्वलकीर्ति के उत्कर्ष को सिद्ध कर क्षत्रिय वीरों की आतंक उनके विपक्षी मुसलमानों के दिलों में जमादी. गुजरात मालवा व हाडावटी का बहुतसा इलाक़ा जीत कर अपने राज्य में मिलाया और मेवाड़ को उस उन्नति पर पहुंचाया कि उस वक़ उत्तरी हिन्दुस्तान में कोई हिन्दू राज्य उसकी बराबरी करने वाला नहीं था.

कुम्भलमेरु की मामादेव की प्रशस्ति, एकलिङ्ग माहात्म्य और महाराणा रायमल के एकलिङ्गजी के लेखादि से जाना जाता है कि महाराणा कुम्भकर्ण ने हाड़ावटी में बूंदावती (बूंदी) वमावदादि जयकर मांडलगढ़ सिंहपुर आदि स्थान लिये; खाटू, चाटसू, टोडा व सांभर पर अपना अधिकार किया; आबूगढ़ विजयकर वहां के देवड़ा राव को आधीन बनाया; राठोड़ राव रणमल्ल को मारकर मंडोर उससे छीनली; जन्मेजय के तुल्य अपने बाप का वैर लिया; गागरण व सारंगपुर पर अपनी विजयपताका उड़ाई; और दिल्ली मालवे व गुजरात के मुसलमान बादशाहों से निरंतर युद्ध कर रणभूमि में अनेक बार उनकी पीठ पर विजय शब्द लिखा और उनसे शाही छत्र पाकर "हिन्दूसुरत्राण" की पदवी धारण की. नारदीयनगर (नरवर या नागोर), योगिनीपुर (दिल्ली), यागपुर (जहाजपुर), रणथम्भोर और आमेर फतह किये, हमीरपुर विजय कर वहां के राजा रणवीर की पुत्री ब्याही, वर्द्धमान पर्वत को मेरों से छीनलिया, मालवे की सीमा पर जनकाचल पर बड़ा

दुर्ग बनवाया, मल्लारण्यपुर (मालानी या मालपुर) को जलाया, वीसलपुर को उजाड़ दिया, कोटड़ा के रणखेत में विजयलाभ किया, व हाड़ोती के राजा को आधीन बनाया. जब डुंगरपुर जीता तो वहां का राव गोपाल अपना गढ़ छोड़कर भागगया, सारंगपुर लूटकर कई तुर्कानियों को क़ैद की और वहां के हाकिम मोहम्मद को अपनी सेवा स्वीकार कराई जिसने अपने स्वामि को मार कर ऐश्वर्य्य प्राप्त किया था. बालकपन में महाराणा कुम्भकर्ण ने अच्छी शिक्षा पाई थी और वीरता व क्षात्रवट तो उन में कूट कूट कर भरे थे. सयाने होते ही राव चूंडा की सहायता से चाचा मेरा को मारा, सांभर की लवण की मीलपर कर लगाया, सांभर से एक पार्वती की मूर्ति लाये, बसंतगढ़ का दुर्ग व नगर बसाया, अर्बुदाचल पर सं०१५०५ वि० में अचलदुर्ग और कुम्भश्याम का मंदिर बनवा कर पास ही एक तालाब खुदवाया व यात्रियों का कर छोड़ दिया. चित्तोड़गढ़ पर रामकुण्ड के पास आदिवराह का मंदिर, रामपोल, हनुमानपोल, भैरवपोल, लक्ष्मीपोल, चामुंडापोल, तारापोल और राजपोल के दर्वाज़े बनवाये. राजगुरु, दानगुरु और धर्मगुरु की पदवियां धारण कीं. यद्यपि मंडोर के सिवा हिन्दू राजाओं की दूसरी लड़ाइयों का हाल हम को सविस्तर नहीं मिलता है तथापि दिल्ली गुजरात व मालवे के मुसलमान बादशाहों से जो जो युद्ध महाराणा कुम्भकर्ण ने किये उन का वर्णन कई फारसी तवारीखों में दिया हुआ है. यदि उन तवारीखों में यह हाल न होता तो उन बीरचरित्रों का पूरा पूरा पता लगना ही कठिन न पड़जाता किन्तु गुहिल वंश के शिलालेखादि में दी हुई उन घटनाओं को आज हिन्दू कवियों की अतिशयोक्ति बतला देना कुछ बड़ी बात नहीं थी. कितनीक फारसी तवारीखों में दिया हुआ हाल मैं संक्षेप से नीचे लिखूंगा.

पहिले लिख आया हूं कि लाखाजी का ज्येष्ठ पुत्र चूंडा नाराज़ होकर मालवे में चला गया था और मारवाड़ का राव रणमल्ल बहुत अर्से से चित्तोड़ में रहता था. अवसर पाकर उसने वहां अपना अमल जमाना आरम्भ किया, क़िलेदार कैलवे ठाकुर राघोदेव को जो चूंडा का भाई था क़ाबू पाकर मारडाला और गढ़ अपने हाथ में करलिया. उस वक़्त सब को चूंडा याद आया फौरन् चुपके से उसके पास ख़बर भेजी कि शीघ्र आकर अपने पिता के राज्य की रक्षा करे. राव चूंडा ने पहले अपने आदमियों को चित्तोड़ भेज दिये और आप चुने हुए चालीस सवारों से दिवाली की रात को वहां पहुंचकर अचाँचक गढ़ में घुसगया. क़िलेदार एक भाटी राजपूत था जिसने चूंडा को अपने कटार से घायल किया परन्तु वह भी मौत से न बचा. राव रणमल्ल उस वक़्त शराब के नशे में एक दासी को बग़ल में दबाये मस्त पड़ा था, जब शत्रु सीस पर आन पहुंचे तो उसने बड़ी बीरता से सम्भल कर उनका मुक़ाबला किया और कई आदमियों को मारकर आप भी मारा

गया. राव रणमल्ल का बेटा जोधा उस वक़ गढ़ पर नहीं था जब वह बाहर से आकर गढ़ पर चढ़ने लगा तो ऊपर से एक ढोली ने अपनी सहनाई द्वारा यह सुनाकर कि 'रणमल मारा गया है, तू भागजा' उसको सावधान कर दिया और वह वहीं से पीछा फिर गया. जोधा का पीछा करता हुआ राव चूंडा मारवाड़ की राजधानी मंडोर तक चलागया और उसे जीत कर वहां सीसोदियों का झण्डा फहराया, अपने दो बेटों को मंडोर में छोड़ आप पीछा चित्तोड़ आया. बारह वर्ष तक मंडोर सीसोदियों के कब्ज़े में रही आख़िर हरबा सांखला, पाबू राठौड़ और मेवों की मदद से राव जोधा ने पीछा वहां अपना अधिकार जमाया. चूंडा का एक बेटा तो वहीं मुक़ाबले में मारागया और दूसरा गोडवाड़ के पास क़त्ल हुआ *.

मालवे का सुल्तान महमूदख़िल्जी, गुजरात का सुल्तान महमूदशाह व क़ुतबशाह और दिल्ली का बादशाह बहलूल लोदी महाराणा कुम्भकर्ण के समकालीन थे. फ़िरिश्ता लिखता है कि स०८४६ हि० (स०१४४२ ई० सं०१४६८-६६ वि०) में मालवे का सुल्तान महमूदख़िल्जी बनास नदी उतर कर कुम्भलमेरु के इलाके में पहुंचा (कुम्भलमेरु उस वक़ बनना शुरू हुआ था) वहां राना की तर्फ से दीपा क़िलेदार था (ब्रिग ने अपने अंगरेज़ी तर्जुमे में बेनीराम लिखा है), उसने सुल्तान का मुक़ाबला किया परन्तु अन्त में गढ़ मुसलमानों के हाथ आया. गढ़ के दर्वाज़े के सामने एक बड़ा मंदिर था जिस में राना का लड़ाई का सामान रहता था. सुल्तान ने सख़्त लड़ाई के बाद वह मंदिर लिया, सुल्तान के बहुत आदमी मारे गये, मंदिर को तोड़कर उस में आग लगवादी, मूर्तियों के टुकड़े कर कसाइयों को गोश्त तोलने के वास्ते दिये और एक मैंढे (शायदनन्दी हो) की मूरत का चूना पकवा कर राजपूतों को पान में खिलाया. वहां से सुल्तान चित्तोड़ गया, सुना कि राना कुम्भागढ़ में नहीं है इसलिये उसे गिरिफ़्तार करने के वास्ते फौज भेजी परन्तु उसी अर्से में सुल्तान का बाप आज़महुमायूं

* राव जोधा को मंडोर मिलने के बारे में कर्नल् टॉडने ऐसा भी लिखा है कि जब राव चूंडा ने अपने बेटे के मारे जाने की ख़बर सुनी तो वह मंडोर की तर्फ रवाने हुआ इस से पूर्व ही राणा ने राव जोधा को मंडोर पीछी देदी थी इसलिये "आंवल आंवल (छोटा वृक्ष है) मेवाड़ और बांवल बांवल मारवाड़" ऐसी सीमा निकाल कर चूंडा पीछा चला आया. दूसरी ऐसी भी रिवायत है कि राणा ने मंडोर मारवाड़ के राव सत्ता के पुत्र नर्बद को बख़्श दी थी जो राणा की चाकरी में रहता था, मौका पाकर राव जोधा ने नर्बद से मंडोर छीनली.

मंदसोर के मुकाम मरगथा और बारिश का मौसम भी क़रीब आन पहुंचा. सुल्तान ने एक ऊंचे टीले पर मोर्चे जमाये. जुमा (शुक्रवार) की रात को राना कुम्भा ने बारह हज़ार सवार और सात हज़ार पैदलों से सुल्तान की फौज पर छापा मारा परन्तु कामयाबी न हुई; दूसरी रात सुल्तान ने राणा पर धावा किया और राना ज़ख्मी होकर गढ़ में चला गया. चित्तोड़ का मुहासरा दूसरे साल पर छोड़कर सुल्तान मांडू को चलदिया और वहां सात मञ्जिल का एक मीनार सुल्तान होशंग की मस्जिद के सामने बनवाया. यदि यह मीनार राणा पर फतह पाने की यादगार में बनाया गया हो तो आश्चर्य्य नहीं कि उसी के मुवाफ़िक मीनार महाराणा कुम्भकर्ण ने भी सं० १५०५ वि० में चित्तोड़गढ़ पर तय्यार कराया हो जो कीर्तिस्तंभ कहलाता है *.

स० ८५० हि० (स० १४४६ ई० सं० १५०३ वि०) में महमूद खिल्जी मांडलगढ़ लेने आया, मार्ग में रामपुर की हुकूमत बहादुरखां से लेकर मलिक सैफुद्दीन के सुपुर्द की, राना कुम्भू मांडलगढ़ में मौजूदथा. गढ़ पर से मुसलमानों पर कई धावे हुए परन्तु घेरा न उठा, अन्त में राना ने नज़राना भेज कर सुलह कर ली. लौटते वक्त सुल्तान ने रणथम्भोर के पास आनन्दपुर का गढ़ लिया और ताजखां को वहां से आठ हज़ार सवार व २० हाथी देकर चित्तोड़ भेजा आप कोटे बूंदी की तर्फ गया, वहां के राजासे सवालाख टंका दण्ड लेकर मांडू पहुंचा.

नागोर के पठान हाकिमों से जो गुजरात के सुल्तान के भाइयों में से थे मेवाड़वालों की अनबन पहले से चली आती थी. महाराणा कुम्भा के दिल से लगी थी कि नागोर फतह करे, इसी अर्से में (स० १४५५ ई० के लगभग) फीरोज़खाँ के मरने पर उसका बेटा शम्सखां वहां का हाकिम हुआ परन्तु फीरोज़ के भाई मजाहिदखाँने अपने भतीजे को निकाल कर नागोर पर कब्ज़ा कर लिया. शम्सखां भागकर चित्तोड़ आया और महाराणा से मदद चाही. कुम्भाजी ने भी अपनी मुराद पूरी होने का यह अच्छा अवसर पाकर शम्सखां की विनती स्वीकारी परन्तु इस शर्त पर कि जब नागोर उस के हाथ आजावे तो वह महाराणा को गढ़ के कंगूरे गिराने दे. शम्सखां ने इस बात को मञ्जूर किया और असंख्य दल जोड़कर महाराणा नागोर पंहुचे मजाहिद बिचारे में क्या सामर्थ्य थी कि वैसी सेना के सन्मुख होवे, भागकर गुजरात को चला गया. अपने वचन के अनुसार महाराणा

* ऐसा भी अनुमान होता है कि यह स्तम्भ महाराणा ने प्राचीनशैली के अनुसार भगवान् विष्णु की यादगार में बनवाया हो क्योंकि कुम्भाजी विष्णु के परम भक्त थे.

ने नागोर शम्सखां को देकर चाहा कि वह अपना इक़रार पूरा करे. उस वक़्त उसके सर्दारों में से एक बूढ़े पठान ने पुकार कर कहा कि "अगर फीरोजखां के ऐसे लड़के से तो लड़की पैदा हुई होती तो अच्छा होता क्योंकि वह भी अपने बड़ों की आबरू को विचार कर दुश्मन को गढ़ तोडने की इजाज़त कदापि न देती" शम्सखां के दिल पर इसका बड़ा असर हुआ और उसने महाराणा से अर्ज कराई कि मैं आपकी सहायता का एहसान मानता हूं परन्तु इसवक्त जो आप गढ़ तोड़ेंगे तो ये लोग मुझे मार डालेंगे अतः आप अभी तो लौट जाइये! इस पर खफा होकर महाराणा पीछे फिर गये थोडे ही अर्से बाद सेना सज फिर नागोर आये, शम्सखां भागकर गुजरात के सुल्तान कुतुबशाह के पास गया. महाराणा ने नागोर लूटकर गढ़ तोड़ने का अपना प्रण पूरा किया. नागोरसे महाराणा एक हनूमान की मूर्ति लाये थे जिसे कुम्भलगढ़ पर स्थापन की.

शम्सखां ने अहमदाबाद पहुंचकर अपनी बेटी कुतुबशाह को ब्याह दी. सुल्तान ने शम्स को तो अपने पास रक्खा और राय रामचन्द्र व मलिक गदे की मातहती में एक बड़ी सेना राना के मुक़ाबले को भेजी. कुम्भाजी तो तय्यार ही थे, घोर युद्ध हुआ जिसमें सुल्तान के नामी नामी उमराव मारेगये और मुसलमानों को शिकस्त फाश मिली, बचे बचाये भागकर अहमदाबाद पहुंचे. * जब सुल्तान ने अपने दल की यह दुर्दशा सुनी

* एकलिंगमाहात्म्य में नागोर की फतह के वास्ते लिखा है कि कुम्भकर्ण ने शकों के राजा को जीतकर नागपुर का मार्ग लिया वहां पीरोज को प्रज्वलित कर मशीति (मजाहिद?) को भगाया, नागपुर के वीरों को मारा, दुर्ग गिराकर खाई भर दी और अपना प्रण पूरा किया. हाथी छीने, यवनियों को कैद किया, अनन्त यवनों को दण्ड दिया और गुजरात के स्वामी को जीता. बारह लक्ष गौ यवनों से छुड़ाई और उस भूमिको गौवों के चरने का स्थान बनाकर कुछ अर्से तक नागोर ब्राह्मणों को देदिया.

"शकाधिपानांव्रततामधस्ताद्दर्शय नागपुरस्य मार्गं प्रज्वाल्य पेरोजमशीतिसुरुचां निपात्यतं नागपुरं प्रवीरः। ५९। निपात्य दुर्गं परिखां प्रपूर्य गजाँगृहीत्वा यवनीश्चबध्वा अदंडयद्योयवनाननंतान् विडंबयन् गुर्जरभूमिभर्त्ता । ६० । लक्षाणिचद्वादश गोमतल्लीर मोचयद् यवनालयेभ्यः तंगोचरंनागपुरंविधाय चिराययो ब्राह्मणसाद्-कार्षीत्। ६१ । "

तो आप सेना सजकर आया, परन्तु चित्तोड़ फतह करने से निराश होकर सिरोही की तर्फ गया. वहां के राजा कंथदेव (कहीं खेता लिखा है, सिरोही में उस वक्त राव लाखा था) ने सुल्तान से मिलकर कहा कि राणा ने मेरा पैतृक निवासस्थान आबू का गढ़ छीन लिया है सो आप पीछा दिलवा दीजिये. सुल्तान ने अपने वज़ीर मलिक इमादुल्मुल्क को भेजा कि राना के आदमियों से गढ़ खाली करवा के खेता देवड़ाको दिलवा दे और आप कुम्भल मेरुकी तरफ चला. घाटियों में राना की फौज से इमादुल्मुल्क का मुक़ाबला हुआ, वज़ीर हारखाकर भाग निकला और उसकी बहुतसी सेना कट गई. फिरिश्ता लिखता है कि सुल्तान सिरोही गया, वहां का राजा राना का रिश्तेदार था, राजपूतों ने मुक़ाबला किया उन को शिकस्त देता हुआ पहाड़ों के मार्ग से सुल्तान कुम्मलमेरु पहुंचा. वहां राना ने कई धावे सुल्तान की सेना पर किये परन्तु अन्त में हार खाकर गढ़ में जा बैठा और सुलह का संदेशा भेजा. क़िले की मज़बूती देखकर सुल्तान ने भी सुलह स्वीकर कर ली और बहुतसा ज़र जवाहिर ले गुजरात को लौट गया. मेरे नज़दीक तो यह मुसलमान मुवर्रखों के मामूली शब्द हैं, क़यास तो यही क़बूल करता है कि राजपूतों की तलवार की मार से घबराकर जैसे तैसे सुलतान ने अपना पीछा छुड़ाया.

लौटते वक्त मार्ग में मालवे के सुल्तान महमूदशाह का एलची क़ुतुबशाह के पास हाज़िर हुआ और अर्ज़ की कि महमूदशाह चाहता है कि हम दोनों बादशाह मिलकर राना को अपने दर्मियान से दूर कर दें क्योंकि उसके हाथ से मुसलमानों को बहुत नुक़सान पहुंचा है और उसका मुल्क आपस में बांट लेवें. दक्षिणी भाग गुजरात के ताबे रहे और मेवाड़ व अजमेर मालवे में मिलालिये जावें. चांपानेर में सब शर्तें तै होकर गुजरात मालवे के दर्मियान सन्धिपत्र लिखा गया जिस पर दोनों बादशाहों ने हस्ताक्षर किये तदनुसार स०८६१ हि० (स० १४५७ ई० सं०१५१४ वि०) में क़ुतुबशाह चित्तोड़ पर चढ़ आया और आबूगढ़ लेता हुआ आगे बढ़ा. उसी अर्से में महमूद मालवी भी बड़े लश्करके साथ आन उपस्थित हुआ. महाराणाने चाहा कि पहिले उससे निबट ले परन्तु जब देखा कि गुजरातियों ने घेरा आन लगाया है तो उन्हीं से लड़ाई ली. चित्तोड़ के पास पांच दिन तक तीर तलवार का बाज़ार गर्म रहा. गुजरात का सुलतान जंग में शामिल था. फिरिश्ता लिखता है कि राना शिकस्त खाकर पहाडों में चला गया और सुलह का पैग़ाम भेजा, चौदह मन सोना दो बड़े हाथियों पर लदवाकर दूसरे तुहफों के साथ सुल्तान के पास भेज सन्धि करली. क़ुतुबशाह तो सोना लेकर चलता हुआ, पीछे से महमूद आया. मिराते सिकंदरी में लिखा है कि मन्दसोर और मालवे के चन्द पर्गने जो राना के क़ब्ज़े में आगये थे पीछे देकर मालवियों से भी राना ने सन्धि की. दोनों बादशाहों की सहस्रों सैन्य सिर पर आजाने से भी न घबराकर बीर महाराणा ने

दोनों को वह हाथ बतलाये कि अपनी सन्धि की शर्तों पर कुछ भी ध्यान न देते हुए उन्होंने शत्रु से पल्ला छुड़ाकर जैसे आये थे उसी प्रकार अपने २ मुंह लौट जाने ही में कुशल समझी.

फिरिश्ता लिखता है कि स० ८६२ हि० (स० १४५८ ई० स० १५१५ वि०) में राना ने सन्धि तोड़ दी और पचास हज़ारसवार पैदल की फौज लेकर फिर नागोर आन घेरा. यह ख़बर वहां के हाकिम ने अहमदाबाद पहुंचाई. जिस वक़्त धावक पत्र लेकर आया सुल्तान शराब के नशे में चूर मस्त पड़ा था. वज़ीर इमादुल्मुल्क उसको पालकी में लिटा, कुछ सेना साथ ले तत्काल रवाने हुआ परन्तु मार्ग में सामान की दुरुस्ती और बारबर्दारी के बन्दोबस्त के वास्ते उसे एक महीने तक ठहरना पड़ा इतने में राना चित्तोड़ को लौट गया.

स० ८५७ हि० (स०१४५३ ई० सं० १५१० वि०) में दिल्ली के बादशाह बहलूल लोदी ने क़ुतुबखां की सर्दारी में मेवाड़ पर फौज भेजी और आप अजमेर में ठहरा. राना का भतीजा चतरसाल दश सहस्र सवार लिये उदयपुर के पास मौजूद है, ऐसा सुनकर क़ुतुबखां उधर गया और लड़ाई शुरू हुई. पहिले तो राजपूतों ने मुसलमानों के पांव उखेड़ दिये और कई अफ़ग़ान मारे गये, परन्तु क़ुतुबखां और ख़ानेज़ाना फर्मूली अपनी जान पर खेलकर राजपूतों से जाभिड़े और छुरी कटारी होगये. चतरसाल मैदान जंग में मारा गया व राजपूत भाग निकले और इतने क़त्ल हुए कि उनके सिरों का एक ढेर लग गया. पांच छः हाथी, ४० घोड़े और बहुत सा समान लूट में मुसलमानों के हाथ लगा, आख़िर राना ने सुलह करली. उदयपुर में नमाज़ पढ़ी गई और सुल्तान बहलूल के नाम का सिक्का पड़ा *. स० ८५८ हि० (स०१४५४ ई० सं० १५११ वि०) में महमूद मालवी फिर चित्तोड़ आया. राना ने बहुत से दिरम † नज़र के वास्ते भेजे जिन पर कुम्भा का नाम लिखा हुआ था. ख़फा होकर सुल्तान ने वह नज़राना वापिस भेज दिया और लूटमार शुरू की, मन्दसोर के पास खिल्ज़ीपुर नाम का नगर बसाना चाहा. राना ने

* यह हाल अहमद यादगार की बनाई हुई तारीख़ सलातीन अफ़ाग़ना में है. वह पुस्तक स० १५६२ ई० के क़रीब लिखी गई थी इसीलिये मुबर्रख़ ने उदयपुर का नाम लिखा हो नहीं तो कुम्भाजी के समय से क़रीब एकसौ वर्ष पीछे उदयपुर बसा था.

† वह दिरम चांदी वा सोने का सिक्का होगा. महाराणा कुम्भकर्ण के दो तरह के तांबे के सिक्के मिलते हैं एक पर तो "कुम्भकर्ण" "एकलिङ्ग" और दूसरे पर "राणा श्री कुम्भकर्णस्य" "श्रीकुम्भलमेरु" की छाप है. (ऐसेज़ आन प्रिंसेपस ऐंटीक्विटीज़ जिल्द १ प्लेट ३४ नं० २६ सी० पृष्ठ २८८) शायद पहिले के सिक्कों पर मालवे के बादशाहों का निशान हो और पीछे महाराणा ने वह निशान उड़ा दिया हो इसी से सुलतान ने ख़फा होकर वे सिक्के लौटाये हों.

कहा कि जितना नज़राना चाहें देदूंगा परन्तु नगर न बसाने दूंगा. बारिश का मौसम निकट आजाने से सुल्तान भी भेट लेकर लौट गया.

अजमेर फतह कर वहां महाराणा ने अपना हाकिम मुक़र्रर कर दिया था. स० ८५६ हि० (स० १४५५ ई० सं० १५१२ वि०) में हाड़ौती के मुसलमानों ने सुल्तान महमूद मालवी को अर्जी भेजी कि अजमेर पर काफ़िरों ने क़ब्ज़ा कर लिया है. सुल्तान सेना लेकर आया और गजाधरसिंह से (ब्रिग ने अपने तर्जुमे में राजा गङ्गधर लिखा है) जो राजपूतों की फौज लिये गढ़ की रक्षा करता था, युद्ध हुआ. गढ़ सुल्तान के हाथ आया, गजाधर मारा गया और सुल्तान ने वहां एक बड़ी मस्जिद बनवाकर सैफ़खां को वहां की हकूमत दी. अजमेर से कूचकर मांडलगढ़ आया, राना कुम्भा की फौज से लड़ाई हुई, दोनों तरफ के बहुतसे आदमी मारे गये, जब सुलतान ने अपनी सेना की दशा बिगड़ी हुई देखी तो लौट कर मांडू चला गया, स० ८६२ हि० (स०१४५८ ई० सं० १५१४ वि०) में फिर मांडलगढ़ पर चढ़ आया. ग्यारह मास के घेरे के बाद गढ़ टूटा क्योंकि वहां पानी का खज़ाना ख़ाली होगया था. लाचार राना ने सुलह की और दश लाख टंके नज़राने के दिये. सुल्तान वहां के मंदिर तोड़ता, मस्जिदें बनवाता, क़ाज़ी मुहतसब व मुवज्ज़न (न्यायाधीश नामेदार और अज़ां देनेवाले) मुक़र्रर करता हुआ चित्तोड़ को चला और शाहज़ादे ग़यासुद्दीन को भीलवाड़ा लूटने को भेजा. ऐसे ही स० ८६६ हि० (स०१४६२ ई० सं० १५१६ वि०) में फिर कुम्भलमेरु पर चढ़ाई की. फिरिश्ता लिखता है "गढ़ की मज़बूती देखकर सुल्तान बोला कि इसे फतह करने के वास्ते एक मुद्दत चाहिये इसलिये वहां से डूंगरपुर की तरफ चला गया".

यह थोड़ासा हाल फारसी तवारीखों से महाराणा कुम्भाजी की जंगी कार्रवाइयों का लिखा. महाराणा रायमल्ल की प्रशस्ति बतलाती है कि कुम्भकर्ण ने (सं० १५०५ वि० स० १४४८ ई० में) कुम्भलमेरु का गढ़ बनवाया जिस में चार दर्वाज़े हैं, प्रत्येक द्वार पर पीतल के प्राचीन समय के बने हुए कपाट लगे हैं. सात ताल खुदवाये, चित्तोड़गढ़ पर बड़े २ रथ आसानी से चढ़ जाते थे, उस गढ़ पर विष्णु का मन्दिर व रामकुण्ड बनवाये, कई राजाओं को जीतकर उनकी कन्याओं से विवाह किया, कई डोले आये, नागह्रद कठड़ावण, मलकखेट और भीमाणा गांव उमामाहेश्वर के भेट किये. महाराणा कुम्भकर्ण गीतगोविंद के काव्य पर लुब्ध थे उस पर व चण्डीशतक पर टीका की. संगीतराज व संगीतामृत नामी ग्रन्थ निर्माण किये.

जैसे यह महाराणा बीर व पराक्रमी थे वैसे ही संगीत शास्त्र के ज्ञाता और विचारसिक भी थे. संस्कृत भाषा में इन्होंने और भी ग्रंथ लिखे थे. कुम्भलमेरु के अलावा ३१

छोटे मोटे गढ़ और अनेक मंदिर तय्यार कराये. गोडवाड़ में राणपुर के प्रसिद्ध जैन-मंदिर की तय्यारी में आठ लक्ष रुपया दिया, वह मंदिर प्राग्वाट (पोरवाड़) जाति के महाजन संघवी धनाशाह ने बनवाया था. संस्कृत के अच्छे विद्वान व शिल्पशास्त्र में प्रवीण थे. उन्हीं के समय में मण्डनसूत्रधार ने शिल्प का एक उत्तम ग्रन्थ "राजवल्लभ" संस्कृत भाषा में लिखा था. अपने पूर्व पुरुष रणसिंह के बनवाये हुए आहोर के गढ़ का महाराणा ने पुनरोद्धार कर उस का नाम कलशमेरु दिया.

महाराणा कुम्भकर्ण की पटराणी का नाम कुम्भलदेवी था. कर्नल् टॉड ने मारवाड़ के राव जोधा के बेटे दूदा मेड़तिये की पुत्री मीरांबाई को, जो राजपूताने ही में नहीं किन्तु सारे भारतवर्ष में अपनी भक्ति व भजनों के वास्ते प्रसिद्ध है, महाराणा कुम्भकर्ण की राणी लिखा है, परन्तु यह सही नहीं है, मीरांबाई का विवाह महाराणा सांगाजी के पुत्र भोजराज के साथ हुआ था.

अफ़्सोस कि ऐसे शूरवीर, विद्यानुरागी और धर्मनिष्ठ रईस पूर्ण आयुष्य भोगकर अपने दिली इरादों को यथावत् पूरे न करसके, क्योंकि राज्य के लोभ से उनके पुत्र उदयकर्ण ने उनको मारडाला और गुहिलबंश में हत्यारा कहलाया. पैंतीस वर्ष राज्य करके सं० १५२५ वि० (स० १४६८ ई०) में महाराणा कुम्भकर्ण मारे गये *. एशियाई स्वतंत्र राज्यों में ऐसी असंख्य घटनायें होने की गवाही इतिहास देता है, अपने पराक्रमशील पुरुषार्थी अनेक पुरुषाओं के महान् परिश्रम पर एक अयोग्य भूपाल अल्पकाल में पानी फेर देता और उसकी अयुक्त कार्यवाही का हानिकारक प्रभाव उस पर व उसकी सन्तान पर पड़ने के अतिरिक्त दीन प्रजागण पर बहुत कुछ आपत्ति लाता है.

उदयकर्ण—पितृघाती होने से मेवाड़ की ख्यात में उसे ऊदा हत्यारा करके लिखा व वंशावली में उसका नाम नहीं दिया है. गद्दी पर बैठते ही अपना पक्ष दृढ़ करने के वास्ते जिन बड़े २ राजाओं को कुम्भाजी ने जीतकर आधीन बनाये थे उनको स्वतंत्र करदिये, सांभर का पर्गना मदद की उम्मेद में मारवाड़ वालों के सुपुर्द किया और आबू पीछा सिरोही वालों को दिया. उसकी ऐसी कुचालों से मातहत सर्दारों ने अप्रसन्न होकर उसको गद्दी पर से दूर किया और उसके छोटे भाई रायमल को ईडर से बुलाकर राजतिलक दिया. कर्नल् टॉड लिखता है कि उसने मदद के वास्ते मालवे के सुल्तान के पास जाकर क़रार किया था कि चित्तोड़ का राज पीछा मुझे मिलजावे तो अपनी पुत्री आपको

* यह निश्चय नहीं कि कुम्भाजी कैसे मारे गये, विष प्रयोग से या शस्त्र से. कोई कहते हैं कि मामादेव के मन्दिर के पास उदयकर्ण ने उनपर चूक की.

ब्याह दूंगा परन्तु महल से बाहर निकलते ही उस पर बिजली गिरी और वहीं मर गया. मूँता नैणसी का बयान है कि जब रायमल्ल ने ऊदा को चित्तोड़ से निकाला तो वह कुछ अर्सेतक सोजत में ठहरा फिर बीकानेर की तरफ चलागया और वहीं मरा.

महाराणा रायमल्ल

अपने भाई उदयकर्ण से नाराज़ होकर ईडर चलेगये थे, सं०१५३० वि० में पीछे आकर चित्तोड़ की गद्दी पर बैठे. कर्नलटॉड लिखता है कि उदयसिंह के बेटे सहसमल्ल और सूरजमल्ल को साथ लिये देहली का सुल्तान सीहाड़ गांव में आन पहुंचा, धासे के पास रायमल्ल ने सुल्तान का मुक़ाबला किया. गिरनार का यादव राजा सूरजी राणा की मदद पर आया था जिसे राणा की पुत्री ब्याही गई थी. आबू का देवड़ा राव जगमाल उस वक़्त राणा के साथ था जिसे अपनी पुत्री ब्याहकर आबूगढ़ राणा ने दहेज में दिया था. मैं इस को सही नहीं समझता हूं, क्योंकि रायमल्ल से लड़ने वाला देहली का सुल्तान नहीं किन्तु मालवे का सुल्तान ग़यासुद्दीन था जिसने सन् १४६८ ई० से स० १५०० ई० तक पादशाहत की थी. महाराणा रायमल्ल की एकलिङ्गजी की प्रशस्ति सं० १५४५ वि० चैत्रशुक्ला १० में लिखा है कि चित्रकूट के पास गयासशकेश्वर का गर्वगञ्जन किया. इस युद्ध में गौर नामी एक वीर क्षत्रिय ने शकों की सेना का नाश किया था, इसलिये उसकी कीर्ति चिरस्थायी रखने के वास्ते चित्तोड़गढ़ के एक शृङ्ग (शिखर) का नाम गौरशृङ्ग रक्खा. उसी शृङ्ग पर गौरमारा गया था, और गयासशाह का मुकुट गिराया. सम्भव है कि ग़यासुद्दीन ने दोबार चित्तोड़ पर चढ़ाई की हो. दूसरा, गिरनार का राज्य उस समय से पांच चार वर्ष पूर्व गुजरात के मुसलमान सुल्तान महमूद बैकरा के अधिकार में जा चुका था, अर्थात् स० ८७२ हि० (स० १४६८ ई० सं० १५२५ वि०) में सुल्तान ने राजा मण्डलीक (मुन्तख़बुत्तवारीख़ में राजा का नाम हमीर लिखा है) को शिकस्त देकर गिरनार फतह किया. स०१४७० ई० में सुलतान फिर गिरनार गया, राजा जूनागढ़ के क़िले में जा-बैठा अन्त में हारखाकर स० १४७१ ई० में वह मुसलमान होगया, सुल्तान ने गिरनार के पास मुस्तफ़ाबाद का नगर बसाया. तीसरा आबूगढ़ भी पहिले ही देवड़ों के हाथ में जा चुका था अर्थात् चाहे उदयसिंह ने सिरोही वालों को अपना पक्ष दृढ़ करने के वास्ते देदिया हो चाहे गुजरात के सुल्तान क़ुतुबशाह ने उनको महाराणा कुम्भाजी से दिलवाया हो.

यद्यपि गुजरात के सुल्तानों के साथ महाराणा रायमल्ल की लड़ाई का हाल फारसी तवारीख़ों में नहीं मिलता है, परन्तु एकलिङ्गजी की प्रशस्ति से पाया जाता है कि इन महाराणा ने जाफर (मुज़फ्फ़रशाह गुजराती) के वंश के कई वीरों की चोटियां पकड़ कर उनके सिर काट लिये थे. तदुपरान्त दिल्ली की पादशाहत का उच्छेद किया,

योगिनिपुर के पास गिरिकन्दर में प्रवेश कर–जहां के मन्दिर हीरों हेम और मणि से जड़े हुए थे–राजमल्ल केसरी ने उसे लूटा. इससे अभिप्राय यह हो कि दिल्ली का कोई नगर लूटा और पादशाही सेना को शिकस्त दी. सिन्धु देश के मथने को मंदराचल और गुर्जर पतिरूपी चन्द्र के लिये सूर्य्य था. खैरावाड़ (खैराड़) के पास मालवे देश के यवनों की सेना को परास्त किया.

महाराणा रायमल्ल के तीन पुत्र थे, पृथ्वीराज, जयमल्ल और संग्रामसिंह. तीनों चित्तोड़ की गद्दी की कामना रखते थे. एक दिन अपने काका सूरजमल्ल सहित–जो महाराणा मोकलजी के बेटे खेमकर्ण का पुत्र था–तीनों भाई नाहर मगरे के पास एक देवी के मन्दिर में जाकर शकुन लेने लगे कि राज्य किसको मिलेगा. शकुन संग्रामसिंह के नाम का आया, तब तो तलवार खींचकर पृथ्वीराज ने चाहा कि उसका काम वहीं तमाम कर दे परन्तु सूरजमल्ल ने असिधार अपने तन पर झेलकर सांगा को बचाया इसलिये पृथ्वीराज ने उसे जा दबाया और दोनों लड़कर घायल हुए. संग्रामसिंह अजमेर में श्रीनगर के परमार राजा करमचन्द के पास जा रहा जिसने अपनी कन्या का विवाह उसके साथ कर दिया. जब महाराणा रायमल्ल को इस झगड़े के समाचार पहुंचे तो उन्होंने पृथ्वीराज को चित्तोड़ से निकाल दिया और वह गोडवाड़ में जा टिका. तीसरे पुत्र जयमल्ल ने टोडा के राव सुरतान की बहन से ब्याह करना चाहा. पठानों ने टोडा छीन कर राव को वहां से निकाल दिया था इसलिये उसने यह प्रण किया कि जो सर्दार मुझे टोडा पीछा दिलादे उसीको अपनी बहन ब्याहूंगा. इस प्रण को पूरा करने के पहिले ही जयमल्ल ने तारादेवी से मिलने का उपाय रचा जिस पर क्रोध में आकर राव सुरतान ने जयमल्ल को मारडाला.

सूरजमल्ल ने मैदान ख़ाली पाकर महाराणा लाखा के पोते सारंगदेव से साज़िश की और मालवे के सुल्तान नासिरुद्दीन को चित्तोड़ पर चढ़ा लाया. महाराणा रायमल्ल ने सुल्तान से जंग किया, इसके वास्ते फिरिश्ता लिखता है कि "स०६०६ हि०(स० १५०३ ई०" सं० १५६०वि०) में सुल्तान ने चित्तोड़ पर चढ़ाई की, राना रायमल्ल ने नज़राना पेश किया और जीवनदास नामी राणा के एक क़रीब रिश्तेदार की बेटी सुल्तान के साथ ब्याही गई जिसका नाम राणी चित्तोड़ी रक्खा," फिरिश्ता के बयान से भी सुल्तान की फतह होना तो नहीं पाया जाता. सुल्तान ने किसी राजपूत की कन्या को हरम में रक्खी होगी मुसलमानी मुवर्रखों ने उसे राणा के क़रीब रिश्तेदार की बेटी आदि लिखमारा. सम्भव है कि महाराणा ने कुछ ज़र जवाहिर सुल्तान को दिया हो, कर्नल् टॉड लिखता है कि मालवे का मुज़फ्फरशाह (मुज़फ्फर नाम का कोई सुल्तान मालवे में

न हुआ) चित्तोड़ पर फौज लेकर आया, राणा रायमल्ल के २२ ज़ख्म झगड़े में लगे और राणा भागने ही को था कि अचांचक पृथ्वीराज, गोडवाड़ को सहा सोलङ्की के सुपुर्द कर एक हजार चुने हुए सवारों सहित ऐन मौक़े पर आन पहुंचा और मुसलमानों पर धावा किया. सूरजमल ज़ख्मी होकर सादड़ी की तरफ भागा, * सारंगदेव मारागया, और सुल्तान की फौज तीन तेरह होगई.

महाराणा रायमल्ल ने दाड़िमपुर लूट कर वहां के राजा क्षेम को मारा था †, (मंडोर) वालों ने कुम्भलमेरु लेलिया था, उन्हें पराजित कर पीछा गढ़ स्वाधीन किया, यवनों ने एकलिङ्गजी का मंदिर तोड़कर वहां की जागीर छीनली थी, महाराणा ने अर्जुन सूत्रधार से नया मंदिर तय्यार कराया, चौमुखी मूर्त्ति स्थापन की, गांव पीछे बहाल किये और नैवपुर अपनी तरफ़से भेट किया. नीतिशास्त्र के अनुसार निपुत्रियों के धन का स्वामी राजा होता है परन्तु रायमल्ल ने ऐसा धन कभी अपने कोष में न आने दिया. महाराणा का गुरु गोपालभट्ट यामलतंत्र के प्रयोगों में कुशल था उस के आशिर्वाद से राज्य बढ़ा, दक्षिणा में गोपाल को प्रहाण गांव दिया जो ब्राह्मणों के गांव से भिन्न था, और थूर गांव, जहां अच्छा तालाब व वृक्षादि हैं. महाराणा के दर्बार का कवि दसोरा ब्राह्मण महेश था जिसने एकलिङ्गजी की प्रशस्ति रची, उसको रत्नखेड़ नामी गांव बख्शा.

महाराणा रायमल्ल की एक राणी मारवाड़ के राव जोधा की पुत्री शृंगारदेवी और दूसरी सिरोही के राव लाखा की पुत्री चम्पाकुंवरी थी. महाराणा की एक पुत्री आनन्द-कुंवरी का विवाह सिरोही के राव जगमाल देवड़ा के साथ हुआ था. रावजगमाल ने अपनी सीसोदिनी राणी के साथ कुछ अनुचित बर्त्ताव किया होगा जिसपर पृथ्वीराज ने सिरोही पहुंचकर राव को यथोचित शिक्षा दी. कीने में भरे हुए रावने मित्र बनकर पृथ्वीराज को ज़हर देकर मारडाला. गोडवाड़ में नारलाई गांव के आदिनाथ के मन्दिर की प्रशस्ति से ज़ाना जाता है कि राणा श्री रायमल्ल के राज्य में गोडवाड़ पर महाकुंवर श्रीपृथ्वी-राज अनुशासन करता था. सिरोही के राव लाखाने सोलंकी भोज को मारकर उसका इलाक़ा छीन लिया था, जिस पर उसका बेटा रायमल्ल व पोता शंकरसी, सामन्त-सी, सखरा और भाणकुंवर पृथ्वीराज के पास आ रहे थे. सादड़ेचों से देसूरी छीनकर राणा ने सोलंकियों को जागीर में देदी, जिनके वंश में रूपनगर के ठाकुर हैं.

---

* सादड़ी का पर्गना सूरजमल्ल के पिता खेमकर्ण को महाराणा मोकल ने जागीर में दिया था.

† पता नहीं लगता कि दाड़िमपुर किस स्थान का नाम था.

पृथ्वीराज अपने पिता की मौजूदगी ही में मरगया था, उसका एक पुत्र भैरूंसिंह सं० १५८६ वि० में गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह के पास जमैयत समेत जा नौकर हुआ था. पैंतीस वर्ष राज करके सं०१५६५ वि० (स० १५०८ ई०) में महाराणा रायमल्ल स्वर्ग को सिधारे. यह भी वीर और बुद्धिमान्, धर्मनिष्ठ और प्रजापालक राजा थे, अपने पिता की तरह मुसलमानों से कई लड़ाइयां लड़कर विजय प्राप्त करते रहे.

महाराणा संग्रामसिंह या सांगाजी

अपने पिता रायमल्ल का देहान्त होने पर चित्तोड़ में आकर पाट बैठे. इन महाराणा ने अपनी वीरता व बुद्धिमानी से मेवाड़ के राज को पूरी ओजपर पहुंचाया. एक लाख सवार और ५०० जंगी हाथी उनकी फौज में थे, सात बड़ २ राजा, ९ राव और १०५ रावत इनकी ताबेदारी करते; मारवाड़ व आमेर के राजा उनको अपना सरपरस्त समझते और ग्वालियर, अजमेर, सीकरी, रायसेन, कालपी, चंदेरी, बूंदी, गागरूण, रामपुरा और आबू के राव उन्हें खिराज देते और अपना मालिक मानते थे. महाराणा सांगाजी की एक आंख अपने भाई के साथ लड़ाई में जाती रही थी, एक हाथ दिल्ली के लोदी शाह के साथ जङ्ग में कटगया था, एक लड़ाई में पांव में गोली लगने से वे लंगड़े होगये थे, और बर्छे व तलवार के अस्सी ज़ख्म उनके शरीर पर थे. देहली मालवा और गुजरात के पादशाहों से जंगकर उन्हें कई बार भगाये, मालवे का बहुतसा भाग अपने राज्य में मिलाया और गुजरात के कई प्रदेश लूटे थे. यदि बाबरशाह के मुक़ाबले में फतह पालेते तो दिल्ली की पादशाहत उनके हाथ आजाना मुमकिन था. मेवाड़ की तरक्की मुसलमानों की आंखों में सदा खटकती थी, उनकी यही कोशिश रही की किसी तरह चित्तोड़ के राणा को जो दीनइसलाम का ज़बर्दस्त दुश्मन है ग़ारत करदें, परन्तु सांगाने सब के घमण्ड तोड़ दिये. इन महाराणा की कई जंगी कार्यवाहियों में से जो कुछ जानने में आई उनका संक्षेप से वर्णन करता हूं.

ईडर के राव भीम का भतीजा (सूरजमल्ल का बेटा) रायमल्ल, महाराणा सांगाजी का जमाई था. भीम के बेटे भारमल को निकालकर उन्होंने ईडर का राज रायमल्ल को दिलादिया, भारमल भागकर गुजरात के सुल्तान मुज़फ्फरशाह के पास गया, सुल्तान ने अहमदनगर के हाकिम निज़ामुल्मुल्क को लिखा कि रायमल्ल को दूर कर ईडर पीछा भारमल के सुपुर्द करादो ! निज़ामुल्मुल्क फौज लेकर पहुंचा, शिकस्त खाकर रायमल्ल पहाड़ों में भाग गया. निज़ामुल्मुल्क ने उसका पीछा किया और लड़ाई हुई

वहां निज़ाम ने हार खाई और उसके कई अच्छे २ अफसर मारे गये. सुल्तान ने निज़ाम को बहुत बुरा भला कहा. स० १५१७ ई० में राणा की मदद से रायमल ने फिर ईडर के इलाक़े में प्रवेश किया, सुल्तान ने ज़हीरुल्मुल्क को मुक़ाबले के वास्ते भेजा परन्तु वह लड़ाई में मारा गया, उसके २७० आदमी खेत रहे और गुजरात की फौज शिकस्त खाकर भागी तब सुल्तान ने मलिकनुसरतुल्मुल्क को फौज देकर भेजा. स०१५१६ ई० में सुल्तान को ख़बर मिली कि रायमल ने फिर पट्टन (अणहिलपुर) तक लूट मार कर रक्खी है तब ख़ुद उसे क़ैद करने को गया परन्तु आरज़ू पूरी न हुई.

मालवे के सुल्तान महमूद ख़िल्जी दूसरे के अहद में राजपूतों ने मालवे में बहुत ज़ोर पकड़ लिया था और महाराणा सांगा उन सब के सरपरस्त थे. चंदेरी का राजा मेदनीराय, जो सुल्तान महमूद का प्रधान था, सुल्तान को अपने क़ाबू में कर आप मुल्क का मालिक बन बैठा. मौक़ा पाकर सुल्तान उसकी क़ैद से निकल भागा और मुज़फ्फरशाह गुजराती के पास पहुंच कर उसे अपनी मदद के वास्ते मालवे लाया. फिरिश्ता लिखता है कि महमूद ने भागकर माहेश्वर में पनाह ली, जब मुज़फ्फरशाह को यह समाचार मिले तो उसने सफेद छतर और लाल डेरे महमूद के वास्ते भेजे, अपनी सेना सहायता के वास्ते रवाना की व पीछे से आप भी आन पहुंचा और कई लड़ाइयों में राजपूतों को शिकस्त दी. मेदनीराय, मांडू के गढ़ में चला गया था, वहां अपने बेटे भीम (मिरातें सिकन्दरी में नाथू लिखा है) को छोड़कर आप महाराणा सांगा के पास मदद के वास्ते हाज़िर हुआ, इस अर्से में भीमराय सुल्तान से क़िला ख़ाली कर देने के वास्ते बहाने कर दिन निकालता और समय टालता रहा और क्योंकि महमूद के हरमसरा की बहुतसी स्त्रियां व बेगमें मांडू के गढ़ में थीं इसलिये सुल्तान मुज़फ्फर उन के बचाव के वास्ते भीमराय की बात मानकर गढ़ से थोड़ी दूरी पर अपना लश्कर हटा लेगया. परन्तु जब उसे ख़बर मिली कि राणा निकट आन पहुंचा है तो बुर्हानपुर के हाकिम आदिलख़ां और क़िवामुल्मुल्क को तो राणा की राह रोकने को भेजे और आप पीछा मांडू गया. चार दिन रात बराबर हमले करता रहा, पांचवें दिन गढ़ फतह हुआ, राजपूत अपनी औरतों और बालबच्चों को आग में जलाकर मैदान जंग में कूद पड़े और बड़ी बहादुरी के साथ लड़कर काम आये. फिरिश्ता व मिरातें सिकन्दरी का मुवर्रख़ इस लड़ाई में उन्नीस हज़ार राजपूतों का क़त्ल होना लिखते हैं व तारीख़ बहादुरशाही में चालीस हज़ार की संख्या दी है, मांडू फतह होने की ख़बर सुन महाराणा पीछे फिर गये, यह समाचार राणा को एक घायल राजपूत ने पहुंचाये जो मांडू से आया था.

लड़ाई का हाल कहते हुए उस को इतना जोश आया कि उस के घाव फट पड़े और उन में से रुधिर जारी होकर वह उसी जगह राणा के रूबरू मरगया. मेदनीराय ने निराशा के समुद्र में डूबकर आपघात करने का विचार किया परन्तु महाराणा उसे समझा बुझा कर अपने साथ चित्तोड़ ले आये *. सुल्तान महमूद को पीछा मालवे का मुल्क सुपुर्द कर मुज़फ्फरशाह भी गुजरात को लौट गया.

मुज़फ्फरशाह के गुजरात को लौटते ही महाराणा ने महमूद की तर्फ बाग उठाई. स० ६२५ हि० (स० १५१६ ई०) में महमूद ने गागरून पर चढ़ाई की और वहां के राव को, जो महाराणा के सर्दारों में से था, मारडाला. मेदनीरायको साथ लिये महाराणा वहां जा पहुंचे और जंग शुरू हुआ. कहते हैं कि महमूद के अफसरों ने उसको मना किया था कि अभी लड़ाई मत कर ! परन्तु उसने न माना. थोड़ी ही देर में राजपूतों की तेज़ तरवारों ने रणभूमि को रुधिर से रंग दिया, महमूद के कई नामी सर्दार मारेगये और हज़ारों सिपाह के सिरकटे व बाक़ी भाग निकले, परन्तु सिर्फ दश सवारों से मैदान में डटा हुआ सुल्तान महमूद दुश्मन का मुक़ाबला करता रहा. उसके शरीर पर तीर तलवार और बर्छे के पचास ज़ख़्म लगे, अन्त में बेहोश होकर घोड़े पर से गिरपड़ा और क़ैद होगया. जब महाराणा ने सुना कि सुल्तान घायल होकर मुर्दों के ढेर में ज़ख्मी पड़ा हुआ है तो आप तुरन्त उसके पास पहुंचे और बड़ी इज्ज़तके साथ उसे पालकी में लिटाकर अपने लश्कर में ले आये. सच है, सच्चे वीरपुरुष वीर शत्रुओं की भी रक्षा ही करते हैं. जैसे किसी कवि ने कहा है कि "कायरको न कछू परि है कल सूरन को सुधि है मरदीकी" महाराणाने अपने दुश्मन के साथ वह वर्ताव न किया जैसा कि मुसलमान बादशाह हिन्दू राजाओं के साथ करते थे, परन्तु तीन मास तक चित्तोड़ में महमूद को बड़े मान के साथ रखकर उसका इलाज करवाया, जब घाव भर आये और सुलतान चंगा होगया तो होशंग का जड़ाऊ मुकुट और कमरबन्द नज़राने में लेकर अपने एक हज़ार राजपूत साथ दे महमूद को पीछा मांडू पहुंचा दिया और उसके बेटे को अपने पास ओल में रक्खा. क़ाबू में आये हुए दुश्मन पर दया करना नीति के विरुद्ध है परन्तु महाराणा सांगाजी की यह कार्यवाही उनकी आला दर्जे की बहादुरी, बलन्द हिम्मती और दर्यादिली का एक नमूना है.

* महाराणा सांगाजी ने मालवा फतह कर चंदेरी का राज्य मेदिनीराय को दिया था. सन् ६३४ हि० (स०१५२८ ई०=सं०१५८५ वि०) में राणा पर फतह पाकर बाबर पादशाह ने चंदेरी को जा घेरा. पहिले तो मेदिनीराय गढ़ पर से लड़ाई करता रहा, परन्तु जब देखा कि अब गढ़ टूटने को है तो अपने पांच छः हज़ार राजपूतों को लिये बाबर की फौज पर गिरा और युद्ध कर मारा गया.

इसी साल मुज़फ्फरशाह गुजराती ईडर के राव रायमल को सज़ा देने के लिये चढ़ा परन्तु राजा को क़ैद न करसका. ईडर की हकूमत मलिकहुसैन या निज़ामख़ां के सुपुर्द की (फिरिश्ता उस हाकिम का नाम मुबारज़ुलमुल्क लिखता है). एकदिन निज़ामख़ां के साम्हने किसी भाटने महाराणा सांगा की बहादुरी की चर्चा चलाई जिसपर बिगड़ कर निज़ाम राणा को गालियां देने लगा और एक सग (कुत्ता) अपने दर्वाज़े पर बांधकर उसे सांगा नामसे पुकारा करता था. जब यह ख़बर महाराणा को पहुंची तो वे फौरन् ईडर की तर्फ रवाना हुए क्योंकि अपने जमाई रायमल का बेदख़ल होना निरन्तर उनके जीमें खटकता था. निज़ामखां भी अपना सामान दुरुस्त कर सन्मुख हुआ परन्तु उस की फौज के बहुतसे आदमी कटगये इसलिये शिकस्त खाकर अहमदनगर को भागा. ईडर रायमल को देकर निज़ाम का पीछा करते हुए महाराणा भी वहीं पहुंचे. जिस भाटने निज़ाम के पास राणा की प्रशंसा की थी उसी ने अहमदनगर जाकर फिर उसे कहा कि देखी आपने महाराणा सांगा की तलवार जिसके भयसे भागे भागे फिरते हो, अब भी अगर ज़िन्दगी प्यारी है तो क़िला ख़ाली करके अहमदाबाद चले जाओ! राणा अपने घोड़े को गढ़ के नीचे पानी पिलाकर लौट जावेगा! निज़ाम ने इस बातको मञ्जूर न किया और लड़ाई पर कमर बांधी, गुजरात की फौजके बहुतसे अफसर व सिपाही मारे गये और वहां से भी हार खाकर भागते हुए निज़ाम ने अहमदाबाद में जाकर दम लिया. राणा ने अहमदनगर लूटा और फिर बड़नगर गया, वहां के निवासियों ने निवेदन किया कि हम तो ब्राह्मणहैं हम पर दया कीजिये! उनको किसी तरह की तकलीफ न देकर बेलगांव आये, वहां असदुलमुल्क से लड़ाई हुई. वह अपनी फौज समेत मारागया और उसके बहुतसे हाथी व दूसरा सामान लूट में महाराणा के हाथ पड़ा. ग़र्ज़ कि इसी तरह गुजरात के प्रान्त को लूटते हुए महाराणा पीछे चित्तोड़ में दाख़िल हुए.

स० ६२७ हि० (स० १५२१ ई०=सं० १५७७ वि०) में मुज़फ्फरशाह गुजराती ने मलिक अय्याज़ की मातहती में एक लाख सवार और एकसौ जंगी हाथियों का जर्रार लश्कर चित्तोड़ पर भेजा. सुल्तान आप अहमदनगर में ठहर कर सेना इकट्ठी करता रहा और २० हज़ार कुमकी फौज किवामुलमुल्क की सर्दारी में अय्याज़ के साथ दी. डुंगरपुर बांसवाड़े को फूंकता मलिक अय्याज़ राणा की अमलदारी में दाख़िल हुआ. हिरोल के अफसर शुजाउल्मुल्क बसफदरख़ां से डुंगरपुर के रावल उदयसिंह व बांसवाड़े के रावल अगरसेन ने युद्ध किया परन्तु हार खाई और अगरसेन ज़ख़्मी होकर चित्तोड़ को चला गया. मलिकअय्याज़ ने मन्दसोर पर घेरा डाला और वहीं मालवे का सुल्तान महमूदशाह भी उससे आन मिला. सलहदी पुरबिया सुल्तान के साथ था. राणा

ने मेदनीराय को सलहदी के पास भेजकर मलिक अय्याज़ से सुलह करना चाहा परन्तु प्रयोजन सिद्ध न हुआ, किवामुल्मुल्क ने सुरंगें खुदवा कर तय्यारी की कि उनको उड़ावे और मालवे के सुल्तान ने भी गुजराती फौज से हमला करना चाहा, परन्तु किवामुल्मुल्क और मलिक अय्याज़ के आपस में अनबन होजाने से अय्याज़ ने सुरङ्गें लगाने और हमला करने की कार्यवाही रोकदी और महमूदशाह को भी कहला भेजा कि गुजरात की सेना का सेनापति मैं हूं अतः मेरी राय के विरुद्ध काम करना अच्छा नहीं है और राणा से सुलह कर मलिक अय्याज़ ख़िल्जीपुर को चलागया व वहां से राणा के सर्दारों को ख़िलत देकर बिदा किया. महमूदशाह ने भी मांडू का मार्ग लिया. चांपानेर पहुंचने पर मुज़फ्फरशाह ने मलिक अय्याज को दीव की हकूमत पर भेज दिया. यह बयान फिरिश्ता का है, मिराते सिकन्दरी में लिखा है कि सलहदी अपनी दश हज़ार फौज सहित राणा से मिलगया इसलिये गुजराती सेना मन्दसोर फतह न कर सकी. राणा ने सुलह करके असदुल्मुल्क से छीने हुए हाथी और अहमदनगर की लूट का माल मलिक अय्याज़ के पास भेज दिया. सुल्तान महमूद अपने बेटे को, जो राणा की क़ैद में था, लेकर पीछा मांडू गया. मुज़फ्फरशाह मलिक अय्याज़ पर बहुत नाराज़ हुआ क्योंकि उसने पहिले शेख़ी मारकर कहा था कि अगर यह मुहिम्म मेरे सुपुर्द हो तो मैं राणा को जीता पकड़ कर हाज़िर करदूं. दूसरे ही साल मलिक अय्याज़ मरगया तब सुल्तान कहने लगा कि उसकी मौत तो आही गई थी क्या खूब होता कि वह राणा के साथ लड़ाई करके माराजाता.

स० १२८ हि० (स० १५२२ ई०=सं० १५७८ वि०) में मुज़फ्फरशाह स्वयं फौज सहित चित्तोड़ पर चढ़ाई करने के अभिप्राय से रवाना हुआ, इसकी सूचना गुप्तरूप से मलिक अय्याज़ ने राणा को करदी और कहलाया कि यदि आफत से बचना चाहते हो तो अपने पाटवी कुंवर को नज़र नज़राना देकर सुल्तान के पास भेज दो और इताअत क़बूल करलो ! तदनुसार राणा ने अपने कुंवर रत्नसिंह को भेजा. मड़ासे के मुक़ाम रत्नसिंह की मुलाक़ात सुल्तान से हुई, सुल्तान ने उसकी बड़ी इज़्ज़त की और भारी ख़िलत दिया, आपस में सन्धि होगई और मुज़फ्फरशाह ने अपनी सेना बिखेर दी.

स० १५२४ ई० में मुज़फ्फरशाह का छोटा बेटा बहादुरखां अपने पिता से रूठकर महाराणा सांगा के पास आरहा व फिर दखन में चलागया था. यह वही बहादुरखां था जो पीछे बहादुरशाह के लक़ब से गुजरात के तख्त पर बैठा और चित्तोड़गढ़ तोड़ा था. दूसरे बेटे चांदखां व इब्राहीमखां ने भी अपने भाई सिकन्दरशाह के अन्याय से बचने को सांगाजी की शरण ली. स० १५२६ ई० में मुज़फ्फरशाह मरगया और कुछ अर्से तक

सल्तनत सिकन्दर के क़ब्ज़े में रही थी परन्तु वज़ीर इमादुल्मुल्क ने सिकन्दर को मरवा कर महमूदशाह को पादशाह बना दिया था. थोड़े ही दिन पादशाहत करने पाया था कि बहादुर ने आकर तख्त छीन लिया. सुल्तान सिकन्दर ने चित्तोड़ पर फौज भेजी परन्तु राणा के मुक़ाबले में गुजराती सेनापति मारागया और एक हज़ार सिपाही सवार खेत रहे, बाक़ी सेना भाग छूटी.

देहली के पादशाह सिकन्दर और इबराहीम लोदी से अनेक वार महाराणा सांगाजी की लड़ाइयां हुई, सुल्तान महमूद मालवी के अहद में उस के छोटे भाई मुहम्मदशाह की मदद के बहाने से सिकन्दरशाह लोदीने मालवे का बहुतसा इलाक़ा अपने क़ब्ज़े में कर वहां अपने हाकिम भेज दिये थे. सिकन्दरशाह के उत्तराधिकारी इबराहीमशाह को धौलपुर के पास शिकस्त फाश देकर महाराणा सांगाजी ने मालवे का बहुतसा विभाग लिया और वहां के बड़े बड़े हिन्दू राजाओं ने भी देहली के पादशाह की तावेदारी से मुंह मोड़कर महाराणा की आधीनता स्वीकार करली."

तारीख़ सलातीन अफ़ाग़ना में लिखा है कि सिकन्दर लोदी ने चित्तोड़ के राणा सांगा पर मियां हुसैन व मियां मारूफ को मियां माखन की सर्दारी में फौज देकर रवाना किये. जब वे राणा के मुल्क में पहुंचे तो पादेशाह ने मियां माखन को लिखा कि हुसैनख़ां और मारूफ़ख़ां को क़ैद करके भेज दो ! यह समाचार पाते ही हुसैन तो भागकर राणा की शरण में चला गया और मारूफ क़ैद हुआ. बेशुमार फौज लेकर राणा माखन के मुक़ाबले को आया और लड़ाई शुरू हुई. हिन्दुओं ने बड़ी बीरता से हमलाकर मुसलमानों के कई नामी अफसरों को मारडाले और पादशाही फौज को भगादी. तब हुसैन ने माखन को कहलाया कि देखी तुमने हमारी कार्रवाई, थोड़े से हिन्दुओं ने तीसहज़ार मुसलमानों का मुंह मोड़ दिया. अब भी मारूफ को रात के वक्त मेरे पास भेज देना ! छः हज़ार सवारों सहित मारूफ हुसैन से आन मिला और दोनों ने मिलकर राजपूतों पर अचांचक हमला कर दिया जो अपनी फतह की खुशियां मनाने में लग रहे थे. बहुतसे हिन्दू मारे गये और राणा जख्मी होकर भागा. राणा की लूट के १५ हाथी और १३०० घोड़े हुसैनख़ां ने सिकन्दरशाह के पास देहली भेजे. पादशाह ने बड़ी ख़ुशी मनाई और हुसैन व मारूफ को बहुतसी बख्शिश दी व भारी खिलत अता किये. यदि ऐसा ही हुआ हो तो ज़रूर पठानों ने महाराणा को धोखा देकर विश्वासघात किया. तारीख़ दाऊदी व वाक़ेआत मुश्ताक़ी में राणा की शिकस्त का हाल नहीं दिया है, हुसैन के वास्ते लिखा है कि सुल्तान सिकन्दरशाह (लोदी) के हुक्म से वह चन्देरी में धोखे से मारागया,

उसके क़ातिल को पादशाह ने सातसौ अशर्फी का इनाम और दश गांव जागीर में दिये. *

इबराहीमशाह लोदी के अहद हकूमत में देहली के उमरा का बड़ा फिसाद हुआ, मुलतान के सूबेदार दौलतखां लोदी ने मुग़ल खान्दान के ज़हीरुद्दीन मुहम्मद बाबर बादशाह को काबुल से हिन्दुस्तान में बुलाया. स० ९३२ हि० (स० १५२६ ई०=सं० १५८३ वि०) में पानीपत के मुक़ाम इबराहीमशाह लोदी का बाबर के साथ घोर युद्ध हुआ, यद्यपि उस वक़ बाबर के पास फौज थोड़ी थी और इबराहीमशाह के लश्कर की तादाद एक लाख से कम न थी परन्तु पठानों ने जल्दी कर के हमला कर दिया जिससे उनकी फौज की तर्तीब बिगड़ गई और बाबर को फतह नसीब हुई. इबराहीमशाह मारा गया और बात की बात में हिन्दुस्तान की पादशाहत पठानों के हाथ से निकल कर मुग़लों के अधिकार में चली गई. इसी अर्से में राणा सांगा ने बयाने के शाही सूबेदार निज़ामखां को शिकस्त देकर बयाना उससे छीन लिया. इबराहीमशाह का भतीजा महमूदखां खोई हुई पादशाहत पीछी मिलने की उम्मेद से महाराणा सांगाजी के शरण आया. इतने ही में पाठकगण समझ सक्ते हैं कि हिन्दू राजाओं में सीसोदिये राणा की ताक़त उस वक़ कितनी बढ़ी हुई थी कि देहली के तख्त के उम्मेदवार शरणागत होकर सहायता चाहते थे. इबराहीमशाह को जीत लेने से बाबर हिन्दुस्तान का स्वामी नहीं होगया था क्योंकि गुजरात मालवा के सुलतान और हिन्दूपति राणा सांगा भी इबराहीम की बराबरी ही का दावा करते थे. महाराणा भी यह विचार कर कि मुग़लों का ज़ोर अबतक मुल्क में बढ़ने न पाया है, इस अवसर पर महमूद की सहायता करने में अर्थ और कीर्त्ति दोनों का लाभ हो सक्ता है, बाबर की तर्फ बढ़े, परन्तु परमेश्वर को जो मञ्जूर होता है वही होता है.

बाबर अपनी पुस्तक तुज़के बाबरी में लिखता है कि "जिस वक़ मैंने हिन्दुस्तान फतह किया, पांच पादशाह और दो काफर हिन्द में राज करते थे. काफरों में सब से बड़ा बीजानगर का राजा और दूसरा राणा सांगा था जो अपनी तलवार के ज़ोर से बहुत ज़बर्दस्त होगया है. उसकी असली वलायत चित्तोड़ है परन्तु मालवे का बहुतसा इलाक़ा रणथम्भोर, सारंगपुर, भिलसा, चंदेरी वग़ैरह उसने दबा लिया है." अपने साथ राणा सांगा की लड़ाई का हाल बाबर इस तरह पर लिखता है :—

* सर ऐच. इलियट की तारीख़ हिन्दुस्तान जिल्द ५ सफा

"जिस वक़्त मैं क़ाबुल में था तो रांणा सांगाने मेरे पास एलची भेजकर कहलाया कि अगर आप इधर आवें तो मैं भी अपनी फौज लेकर बढ़ूंगा और देहली आगरा आदि इबराहीम लोदीसे छीनकर आपको सहायता दूंगा. परन्तु मेरे आने पर उसने कुछ न किया और फिर ख़बर मिली कि राना बयाने के पास पहुंच गया है और हुसेनख़ां मेवाती भी उस के साथ है. बयाने का गढ़ राना ने ले लिया. मैंने मीर अख़ोर को कई बेलदार साथ देकर आगे रवाना किया कि पड़ाव की जगह कई कूवे खुदवावे. हिरोल का सर्दार अब्दुल् अज़ीज़ विना विचारे खानवे तक बढ़गया जो सीकरी से पांच कोस है, रानाने पहिलेही कूच कर दिया था. जब सुना कि मुसलमान आगे बढ़ आये हैं तो उसकी चार पांच हज़ार फौज उन पर टूट पड़ी, अब्दुल अज़ीज़ और मुल्ला अयाक के पास सिर्फ हज़ार पंदरहसौ आदमी थे, ग़नीम के लश्कर का अंदाज़ा न करके उन्होंने लड़ाई शुरू करदी जब यह ख़बर मुझे मिली तो मैंने ख़लीफा मुहब्बतअली और मुल्ला हुसैन को मदद पर भेजे मगर इनके पहुंचने से पहिले ही ग़नीम ने अब्दुलअज़ीज़, मुल्ला निआमत मुल्ला दाऊद और उसके छोटे भाई, और मुल्ला अयाक वग़ैरह को क़ैद कर क़त्ल कर दिये थे और उनकी फौज को भी शिकस्त देकर भगा दिया"

"एक कोस आगे बढ़कर जहां पानी की बहुतायत देखी वहां मैंने पड़ाव डाला और मोर्चेबन्दी कर अपने साथ की तोपों को जकड़ कर बंधवा दीं. तोपख़ाने के अफसर मुस्तफ़ा रूमी ने रूमकी लड़ाई के ढंग पर तोपखाना जमाया और जहां तोपें न पहुंच सकीं गहरी गहरी खाइयां खुदवा दीं. शुरू ही में शिकस्त मिलजाने से मेरी सेना कुछ बेदिल सी होगई थी. उमरा मुझको कहने लगे कि अभी आप पंजाब की तर्फ चले जाइये फिर किसी मौक़े पर देखा जावेगा. इसी अर्से में क़ाबुल से क़रीब ५०० आदमी आगये जो ऊंटों पर बहुतसी शराब भरकर लाये थे, उनमें मुहम्मदशरीफ नामी एक अभागा ज्योतिषी भी था उसने मशहूर कर दिया कि इन दिनों में मङ्गल पश्चिम में है इसलिये उस दिशामें लड़ाई करने वाले को ज़रूर शिकस्त मिलेगी, इससे सिपाह की रही सही हिम्मत और भी टूटगई."

बाबर एक निहायत तजरुबेकार और दुनिया के बहुत ऊंच नीच देखा हुआ आदमी था. वह जानता था कि राणा सांगाने भी मेरे मुवाफ़िक मुसीबत के मदर्से में सबक़ सीखा है उस पर फतह पाना कुछ हंसी ठट्ठा नहीं है. इस पर भी अपनी फौज का बेदिल होजाना उसकी सारी उम्मेदों पर पानी पड़ना था. अपने साथियों के दिलों में मज़हबी जोश पैदा करने के सिवा उस वक़्त उसे और कोई सूरत कामयाबी की नज़र न आई. वह ख़ूब जानता था कि अगर इस वक़्त दुश्मन से किनारा कर लिया तो पीछे उसकी ताक़त दुचन्द बढ़ जावेगी और जो कुछ मेहनत व मुसीबत मैंने इस मुल्क के फतह करने में उठाई है वह

सब निरर्थक जावेगी. तब उसने अपने उमरा और अफ़सरों को जमाकर कहा कि हमें अपने गुनाहों से तोबा करना चाहिये, जब हम पाक होजावेंगे तो ज़रूर हमारी फतह होगी. शराब का प्याला जो हरवक्त उसके मुंहसे लगा रहता था फेंक दिया और क़सम खाई कि अब कभी शराब न पीऊंगा. शराब पीनेका जितना सोने चांदी का सामान था वह सब तुड़वाकर ग़रीबों को बांट दिया और जो शराब साथमें थी उस में नमक मिलाकर सिर्का बना डाला और उसी वक्त इस मज़मून के फर्मान जारी किये "इन्द्रियों के वशीभूत होकर मैंने जवानी के दिनों में पादशाहों के दस्तूर के मुवाफ़िक़ कई काम शरह के ख़िलाफ किये, परन्तु जब होश आया तो पश्चात्ताप कर उनसे किनारा करलिया यह शराब जो इस वक़्त तक मुझ से न छूटी थी, आज इस मुबारिक मौक़े पर छोड़ता हूं जब कि मैं एक काफिर से मुक़ाबला करने को तय्यार हूं. मैंने अपने तमाम मुल्क में मनादी करादी है कि आइन्दा कोई शराब न पीवे और न उसे बनावे, न बेचे न ख़रीदे, न अपने पास रक्खे और न कहीं से लावे" वगैरह. शराब के साथ ही बाबर ने डाढ़ी कटाने की भी क़सम ली. जहां शराब उंडेली गईथी उस स्थान पर यादगार के वास्ते एक कूआ खुदवा कर धर्मशाला बनवाई. पादशाह के साथ छः सौ सर्दार सिपाहियों ने शराब से तोबा की. फिर उसने अपनी सेना को कहा–"ऐ मेरे सर्दारो और सिपाहियो ! जो आदमी इस दुनिया में आया है वह ज़रूर एक दिन जावेगा, अमर एक परमात्मा ही है. जो कोई ज़िन्दगी के दस्तरख़ान पर बैठता है, खाना खा चुकने के पहिले ही मौत का प्याला उसे पीना पड़ता है इस हालत में बदनामी के साथ जीने से इज़्ज़त के साथ मरना अच्छा है, उस पाक परवर्दिगार की महर्बानी से आज यह दिन हम को नसीब हुआ है. अगर मैदान जङ्ग में जान गई तो शहीद कहलावेंगे और जो जीते रहे तो अपने पाक दीन के वास्ते जांनिसार की पदवी पावेंगे. इस लिये एकदिल होकर क़ुरान की क़सम खालें कि हममें से कोई भी लड़ाई से मुंह मोड़ने का ख़याल तक दिल में न लावेगा." बाबर की यह हिक्मत कारगर हुई, तीर निशाने पर जालगा, सब ने मिलकर क़सम खाई और क़ुरान उठाई कि मरजायंगे मगर पीठ कभी न दिखायंगे. उसी वक़्त वह ख़ुशी के साथ दुश्मन पर हमला करने को मोर्चों से बाहर निकल आया.

ता० १३ जमादिउल् आख़िर सन् ६३३ हि० (१३ मार्च स०१५२७ ई०=सं०१५८४ वि० चैत्र मास) * को बाबर ने अपनी फौज को तर्तीब दी. वह ख़ुद बीच में रहा,

* ब्रिग्ग साहब ने फिरिश्ता के अंगरेज़ी तर्जुमे में ता० २१ मार्च स० १५२६ ई० को, और कर्नल् टॉड ने इस लड़ाई का सं०१५८५ वि० कार्तिक मास की पंचमी को होना लिखा है.

दाहिनी तर्फ़ शाहज़ादा हुमायूं और बांई ओर सय्यद महदीख्वाजा बाबर का जमाई था. एक बड़ा टुकड़ा फौज का अलहदा रक्खा, दाहिने बायें मुग़ल सवारों की दो टुकड़ियां ज.ाईं, आगे तोपख़ाना, पीछे बन्दूकची और उनके पीछे चुने हुए सवार थे. राणा की फौज में राजा लोग कमान पर थे. भिलसा रायसेन का राजा सलहदी तीस हज़ार सवार से, शाहज़ादा महमूदख़ां लोदी दस हज़ार सवार से, राउल उदयसिंह बागड़ी दस हज़ार सवार से, बूंदी के राव नारायणदास का भाई नर्बद हाड़ा चार हज़ार सवार से, राजा मेदनीराय दस हज़ार सवार से, राव भारमल ईडरी च्यार हज़ार सवार से, और इन के अलावा मारवाड़ आमेर के राव, बीरमदेव, नरसिंहदेव, रावलदेव, राव चन्द्रभाण चौहाण, राय दिलीप, माणकचन्द चौहाण आदि बहुतसे छोटे मोटे रावराजा अपनी २ जमैय्यत समेत महाराणा सांगा के साथ थे. महाराणा की कुल फौज क़रीब दो लाख सवार के थी. *

बाबर ने अपने लश्कर में सख्त हुक्म जारी कर दिया कि जब तक मैं न कहूं कोई भी सिपाही अपनी जगह से न हिले क्योंकि एक दम से आगे बढ़ कर दुश्मन से भिड़ जाने में बड़ा ख़तरा था. प्रभात के साढ़े नौ बजे से लड़ाई शुरू हुई, राजपूतों ने मुसलमानों के दाहिने बाजू पर सख्त हमला किया, मुस्तफा रूमी उन पर गोले बरसाने लगा जिस से महाराणा की फौज का बहुत नुक़सान हुआ. बांई तर्फ भी हमला हुआ, इस्तरह कई घण्टों तक तीर तलवार व छुरी कटार का बाज़ार गर्म रहा. बाबर ने बाजू की फौज व सवारों को हुक्म दिया कि घूम कर हमला करें और साथ ही तोपख़ाने व बन्दूक़चियों को भी बढ़ाये यहां तक कि वे राणा की फौज में दूर तक घुसगये. ऐसे च्यारों ओर से दुश्मन को उमड़ आता देखकर राजपूत घबराये और उनका मर्कज़ (सेना का मध्य-भाग) हिल गया. बाजू पर हमला होने से पीछे हटने के कारण बीच में भीड़ बहुत होजाने से सारी तर्तीब बिगड़ गई, तो भी बीर क्षत्रियों ने पग पीछे न दिये हमले पर हमला करते रहे. शाम तक उन के बहुत से सर्दार सिपाही खेत पड़े और आख़िर पराजित होकर उन्होंने खेत छोड़ दिया. बाबर ने डेरों तक उनका पीछा किया और अपने सवारों को पुकार पुकार कर कहने लगा कि काटो ! काटो ! ये फिर इकट्ठे होकर धावा न करने पावें. तमाम खेत में मुर्दों के ढेर पड़े थे, कोसों तक लाशें ही लाशें नज़र आती

* अबुल्फ़ज़ल् अपनी पुस्तक अकबर नामे में राणा की फौज की तादाद दो लाख दस हज़ार सवार बतलाता, तबक़ाते अकबरी का मुवर्रख़ एक लाख बीस हज़ार कहता और मासिरुल् उमरा का रचयिता एक लाख सवार लिखता है.

थीं. हुसैनखां मेवाती गोली लगने से मरा, रायचन्द्रभाण और माणकचन्द चौहाण, रावल उदयसिंह, सलूम्बर का राव रत्नसिंह, मारवाड़ के राव का बेटा रायमल, सोनगिरा राव रामदास, झाला अज्जा, गोकुलदास पंवार आदि बड़े बड़े राजा और राव काम आये और राणा सांगा ज़ख्मी होकर निकल गया. बाबर ने अफसोस के साथ कहा कि यदि मैं स्वयं शत्रु का पीछा किये जाता और यह काम दूसरों के भरोसे पर न छोड़ता तो राणा का बचकर जाना कठिन था. मुर्दों के सिरों की एक ऊंचे स्थान पर बुर्ज बनवाई और इस फतह के पीछे बाबर अपने नाम के साथ ग़ाज़ी. का शब्द लिखने लगा.

पाठकगणो ! वह वर्तमानकालसा जंग नहीं था कि वर्षों तक जारी रहे, सिर्फ तीन पहर तलवार चलने से हज़ारों रुण्ड मुण्ड रहित होगये और आनन् फानन् भाग्य ने पलटा खाकर हिन्दुओं की सम्पूर्ण आशाओं को मिट्टी में मिलादीं व मुग़लों की पादशाहत की नींव जमगई. महाराणा के चले जाने पर सर्दारों ने राज्य के सारे मरातिब झाला राज अज्जा (अजयसिंह) को देकर महाराणा के हाथी पर बिठाया था ताकि सेना यह न समझ लेकि मालिक फौज में नहीं है. जिस ज्योतिषी ने पहले बाबर की हार होना प्रकट किया था जब वह फतह की मुबारकबादी देने को बादशाह के रूबरू आया तो बाबर ने उसे बहुत फटकारा और एक लाख टंका (करीब ६ हज़ार रुपये) देकर उसे अपने राज्य में से निकलवादिया और आप मेवात फतह करता हुआ आगरे पहुंचा.

महाराणा सांगाजी ने प्रण करलिया था कि जबतक शत्रु पर विजय प्राप्त न करूं अपनी राजधानी में पांव न धरूंगा और जो मौत का दूत शीघ्र ही उनके पास न पहुंच-जाता तो अवश्य वे एकबार और रणखेत में अपने प्रारब्ध की परीक्षा लेते, परन्तु पराजित होने के थोड़े ही अर्से पीछे मुकाम बिसाऊ में सं० १५८५ वि० (स० १५२८ ई०) में इस असार संसार से उठ गये और इन्हीं परमप्रतापी महाराणा के साथ मेवाड़की तरक्की का भी खातमा हुआ. * घर में फूट फैल जाने और आपस के झगड़े खड़े होजाने

* तुज़केबाबरी में महाराणा सांगा की मृत्यु के विषय में लिखा है कि "जब राना ने इरीज (या एरच) नगर को जाघेरा (जिसे पहले बाबर ने जयकर लिया था) तो एक रात कोई फकीर बड़े विकरालरूप से स्वप्न में राना को दिखलाई दिया. उसकी भयङ्कर मूर्ति देखते ही राना चौंक उठा और उसी वक्त उसे बुखार हो आया. दूसरे ही दिन घेरा उठाकर अपनी फौज समेत चलदिया परन्तु थोड़े ही दिनों पीछे मार्ग ही में मौत के हवाले हुआ."

से सीसोदिये राणा तो फिर न संभलसके और मुसलमान प्रतिदिन उन्हें दबाते ही रहे. महाराणा सांगाजी के पुत्र, भोजराज मीरांबाई का पति, कर्णसिंह, रत्नसिंह, विक्रमादित्य, उदयसिंह.

कर्नल टॉड ने महाराणा की हार होने का कारण यह बतलाया है कि ऐन लड़ाई के वक्त अपनी जमैय्यत के तीस हज़ार सवारों सहित सलहदी तंवर महाराणा की सेना से

वास्तव में युद्ध हारजाने से महाराणा को बहुत रंज हुआ था. वे एकान्त में एक महल में बैठगये, न किसी से मिलते और न बात करते थे, मनमें ठान लिया कि अब किसी को अपना मुख न दिखलाना चाहिये. उसी अर्से में टोडरमल्ल छांछल्या नाम का एक चारण कहीं से आया और उसने चाहा कि महाराणा के दर्शन करे परन्तु कामदारों ने सब समाचार कह कर विदा का सिरोपाव सामने रख दिया. चारण बोला कि जबतक दर्शन न होवे मैं कुछ नहीं लूंगा और यदि मैं एकबार महाराणा के सन्मुख पहुंच जाऊं तो हठपूर्वक कहता हूं कि उन को महल के बाहर ले आऊंगा. सर्दारों ने अर्ज़ की कि विना दर्शन किये वह चारण विदा नहीं लेता और चारण का रूठ कर जाना अच्छा नहीं, तब आज्ञा दी कि चिक के बाहर लाकर बिठादो ! पहुंचते ही चारण ने विरुद पढ़कर यह गीत सुनाया:—

सतवार जुरासिंध आगल श्रीधर बेमुहा टीकम दीधबग ।
मालपात पामी मधुसूदन असुरघात नांखी अलग ॥ १ ॥
एको भीम कुमेरां आगल बांहतजेगो जूझबल ।
पामीबेलाँ पछै पंडसुत खेत पछाड़े सोइज खल ॥ २ ॥
हेकरसां अर्जुण हथणापुर हसियो त्रिया पड़ंता हाथ ।
देख जिका कीधी दुरजोधन पछै तिका कीधी सजपात ॥ ३ ॥
रामतणी त्रिया यक रावण कंध धरेगो दस कमल ।
टीकम सोहिज पथर तारिया जगनायक ऊपरां जल ॥ ४ ॥
एकराड़ भवमांह अवत्थी अमरस आणै किसूं उर ।
मालतणां केवा ऋण मांगण सांगण ऊभो खेल गुर ॥ ५ ॥

यह गीत सुनते ही महाराणा बाहर निकल आये और प्रसन्न होकर चारण को बकाण गांव बख्शा जो आजतक उसकी सन्तान खाती है. (यह गीत मुझे माहियारया चारण मोड़सिंह टीटोड़ा ठाकुर से मिला है.)

पृथक् होकर बाबर से जा मिला था, परन्तु यह बात विश्वास के योग्य नहीं है क्योंकि प्रथम तो बाबर ने अपनी पुस्तक में महाराणा के साथियों के नाम ठाम मय उनकी सैन्य-संख्या के दिये हैं उनमें सलहदी का ज़िकर नहीं है; दूसरा बयाने के युद्ध से पीछे भी सलहदी महाराणा रत्नसिंह के पास रहा था और उस के पुत्रों को चित्तोड़ में शरण मिली थी. मेरे नज़दीक तो बाबर की विजय का मुख्य कारण उसकी सेना में नियम का पालन और तोपख़ाना था. *

* क्योंकि सिलहदी का सम्बन्ध मेवाड़ के इतिहास से है इसलिये यहां थोड़ासा हाल उसका लिखता हूं. सिलहदी (सिलाहेदीन) यह पदवी मालवे के सुल्तान महमूद दूसरे ने रायसेन के राजा को दी थी. असली नाम उसका क्या था यह निश्चय नहीं होता. मेवाड़ की ख्यात में सलहदी को तंवर राजपूत बतलाया है और फारसी तवारीख़ों में "पुर्बिया" लिखा है. फिरिश्ता लिखता है कि जब गुजरात के सुलतान बहादुरशाह ने मालवे का मुल्क सं० १५३१ ई० में सुल्तान महमूद ख़िल्जी से छीना तब सलहदी सुल्तान बहादुरशाह के पक्ष में था. सुलतान महमूद मालवी के साथ उसकी तकरार होगई थी तब वह और सिकंदरख़ां का बेटा मोमनख़ां मेवाती अपने प्राणों के डर से भागकर चित्तोड़ आये और सलहदी ने अपने पुत्र भोपत को बांसवाड़े में सुल्तान बहादुरशाह के पास भेजा. सुल्तान ने उसकी बड़ी इज्ज़त की, सात घोड़े उसे दिये और साथवालों को ७०० सिरोपाव सुनहरी पार्चे के अता किये. कुछ अर्से बाद राणा रत्नसिंह के साथ सलहदी भी सुल्तान से मिला. सलहदी की साज़िश से बहादुर ने मालवा जीता था इसलिये उसको उज्जैन सारंगपुर आदि पर्गने इनायत किये थे और भिलसा उसे महाराणा सांगा ने बख़्शा था. दूसरे ही साल बहादुरशाह ने चाहा कि किसी बहाने से उज्जैन सलहदी से लेलेवे. तब यह हीला उठाकर कि सलहदी ने अपने ज़नाने में सुल्तान महमूद की हरमसरा की कई मुसलमान बेगमों को रख छोड़ा है, उनको छुड़ाने और सलहदी को सज़ा देने के वास्ते सुल्तान धार को रवाना हुआ. वहां पहुंच कर भूपत की मार्फत सलहदी को अपने पास बुलाया और धोखे से उसे क़ैद कर लिया. क्योंकि सलहदी अपने बेटे भोपत को उज्जैन में छोड़ आया था इसलिये उसकी गिरफ्तारी के वास्ते बहादुरशाह ने इमादुल् मुल्क को उज्जैन भेजा. अपने पिता के क़ैद होने के समाचार सुनकर भोपत चित्तोड़ को भागगया. क़ैद होते वक़्त सलहदी के साथ उसके दो नौकर भी थे उन में से एक

महाराणा सांगाजी के तांबे के जो सिक्के मिलते हैं उन पर "श्रीसंग्रामसिंह स० १५८०" की छाप है परन्तु कई सिक्कों पर एक तर्फ महाराणा का नाम और दूसरी तर्फ सुल्तान मालवा और मांडू के सिक्कों का ऐसा ⅄ चिन्ह भी है अतः कह सक्ते हैं कि पहले मालवे के सुल्तानों ने चित्तोड़ के सिक्कों पर अपनी छाप लगवाई हो, परन्तु जब मालवे के सुल्तान को महाराणा ने जीता तब वह चिन्ह उड़ा दिया हो.

इन महाराणा का एक लेख भी चित्तोड़गढ़ पर कुकड़ेश्वर महादेव के कुण्ड पर सं० १५७४ (वि०) वैशाख सुदी १३ का है "श्रीगणेशभवानी प्रसादातु सं० १५७४ वर्षे वैशाख सुदी १३ दिन राजाधिराज महाराणा श्री संग्रामसिंहजी विजयराज्ये प्रधान सोलंकी कवीराम देवीराज हरकचंद नरसिंघ जमी बीघा २ आघाटी श्री भवानी चढ़ाई मेटेती है नाग जोण हत्या लागे"

ने मुसलमानों का मुक़ाबला किया, परन्तु जब देखा कि कुछ बस नहीं चलता है तो कटार खाकर यह कहता हुआ 'कि मुझ से अपने स्वामि की ऐसी अप्रतिष्ठा नहीं देखी जाती' सलहदी के पांवों पर गिरकर मरगया. सलहदी के भाई लोकमनसिंह (मिरात सिकंदरी में लक्ष्मणसेन लिखा है) ने रायसेन के गढ़ में लड़ाई का सामान दुरुस्त किया. सुल्तान ने गढ़ को जाघेरा. मुसलमानों को देखते ही राजपूतों ने गढ़ पर से हमला किया और बहुत से मारेगये. सुल्तान ने उस वक्त दस राजपूतों को अपने हाथ से क़त्ल किये. सुरंगें लगवाकर गढ़ की दीवारें तोड़ीगईं और तोपों की मार से दो बुर्ज उड़गये. यह देखकर सलहदी ने सुलतान से कहलाया कि मैं मुसलमान होता हूं आप मेरे बाल बच्चों को न सताइये ! मैं गढ़ पर जाकर लड़ाई बन्द करवा दूंगा. सुल्तान ने इसको स्वीकार किया, उसे कलमा पढ़ाया और ख़िलत पहना कर अपने साथ खाना खिलाया. सुलह का झण्डा पकड़े सलहदी गढ़ के नीचे गया और अपने भाई को कहने लगा कि क्यों नाहक़ प्राण देते हो, मैं तो मुसलमान होगया हूं, गढ़ खाली करदो ! लक्ष्मणसेन ने उत्तर दिया कि सहायता के वास्ते भूपत चितोड़ गया है और राणा चालीस सहस्र सेना लिये आता है, इतने में तुम सुल्तान को धोखा देकर गढ़ पर हमला मत करने दो ! सलहदी ने वैसा ही किया और चाहा कि गढ़ खाली करने के वास्ते सुल्तान उनको कुछ अर्से की मोहलत देकर लड़ाई बन्द रक्खे. बहादुर ने भी मंजूर किया और अपनी सेना समेत थोड़े फ़ासले पर हटगया. इतने में

55883

महाराणा रत्नसिंह.



महाराणा सांगाजी के तीसरे पुत्र थे इन के दो बड़े भाई पहले ही परलोकवास कर चुके थे इसलिये सं० १५८५ वि० (स० १५२९ ई०) में चित्तोड़ पर पाट बैठे. बाबर बादशाह लिखता है कि "ता० १४ मुहर्रम स० ९३५ हि० (ता० २९ सितम्बर स० १५२९ ई०) को राणा रत्नसिंह अपने पिता की गद्दी पर बैठा. उसका दूसरा भाई विक्रमादित्य रणथम्भोर में था जिसने अपनी मा पद्मावती की कोशिश से राज पाया."

महाराणा के छोटे भाई विक्रमादित्य की माता हाड़ी पद्मावती (कर्मेती) अपने पुत्र को चित्तोड़ का राज्य दिलाने के प्रयत्न रचने लगी और रणथम्भोर से, जो महाराणा सांगा ने विक्रमादित्य को जागीर में दिया था, बाबर पादशाह के पास वकील भेजकर कहलाया कि यदि मेरा बेटा चित्तोड़ की गद्दी पर बैठा दिया जावे तो रणथम्भोर आप के नज़र कर दिया जावेगा और सुल्तान महमूद मालवी से लिया हुआ जड़ाऊ ताज व कमरबन्द भी दे दूंगी. हमें रणथम्भोर के एवज़ बयाना देदिया जावे. बाबर ने शाहाबाद देना चाहा. महाराणा सांगा के शिकस्त खाने से मेवाड़ की ताक़त वैसे ही टूटगई थी जिस पर भी साथ ही यह ख़ानगी झगड़े उठ जाने से ज़ियादा ख़राबियां पेश आईं.

लक्ष्मणसेन ने गढ़ की मरम्मत कराली और सलहदी का छोटा बेटा दो हज़ार सवार लेकर रात को सुल्तान के लश्कर पर आगिरा परन्तु सुल्तान की सेना सावधान थी, लड़ाई हुई जिस में सब राजपूत मारे गये. सुल्तान ने सलहदी को कैद कर के मांडू भेज दिया और गढ़ का घेरा फिर से लगाया, आप बहुतसी सेना लिये भोपत के मुक़ाबले को चला. ख़बर मिली कि सलहदी का एक पुत्र पूरनमल दस हज़ार सेना सहित चितोड़ से चल चुका है और राणा भी रवाना होगया है, परन्तु राणा ने पहले अपने गुप्तचर ठीक ठीक समाचार लाने को भेजे और जब सुना कि सुल्तान खुद पास आन पहुंचा है तो मार्ग में ही से पीछा चितोड़ को लौट गया. तब तो लक्ष्मणसेन ने निराश होकर सुल्तान से कहलाया कि मेरे भाई को मांडू से बुलवा दीजिये ! हम गढ़ ख़ाली कर देंगे. सुल्तान ने क़बूल किया क्योंकि वह जानता था कि यदि हमला किया जावेगा तो मुसलमान बेगमें बचने की नहीं, हिन्दू उनको भी अपनी स्त्रियों के साथ जीती आग में जला देंगे. सलहदी मांडू से बुलाया गया और राणी दुर्गावती के कहलाने पर

ऐसे समय में सुल्तान महमूद मालवी ने मेवाड़वालों से अपना इलाक़ा पीछा लेने का अच्छा अवसर जान एक बड़ी फौज भेजी जिसने आकर मेवाड़ में लूट मार मचाई. महाराणा रत्नसिंह उसके मुक़ाबले को रवाना हुए. सुल्तान बहादुरशाह गुजराती उस वक़्त बांसवाड़े में था, राणा ने सुल्तान से मुलाक़ात की तब सलहदी भी राणा के साथ था. सुल्तान महाराणा के साथ बड़ी ख़ातिर से पेश आया, तीस हाथी व कई घोड़े महाराणा के भेट किये और साथ वालों को १५०० सुनहरी पार्चे के सिरोपाव दिये. वहां महाराणा रत्नसिंह और सुल्तान बहादुरशाह ने सलाह कर मालवे पर चढ़ाई करना तै किया. दोनों तर्फ से चढ़ाइयां होने और हिन्दू राजाओं के राणा से मिलजाने से हताश

सुल्तान ने ताजख़ां और एक दूसरे अफसर की निगरानी में सलहदी को गढ़ पर भेजा. दुर्गावती राणा सांगा की पुत्री और सलहदी की पटराणी थी, यह वीराङ्गना ७०० दूसरी स्त्रियों के साथ जीती चिता पर चढ़ने को तय्यार थी. अपने पति को देखते ही उसने उसे धिक्कारना शुरू किया और कहने लगी कि ऐसी बेशर्मी के साथ जीने से तो मरना ही अच्छा है. मैं तो अपना प्राण तजती हूं परन्तु तुम यदि रजपूती का दावा रखते हो तो हमारा वैर शत्रुओं से लेना ! राणी के इन वचनों का सलहदी के चित्त पर बड़ा प्रभाव पड़ा और असिधारा में प्राणत्याग करना ठान कर वह पीछा सुल्तान के पास न गया, जब ताजख़ां ने उसे चलने की कही तो उत्तर दिया कि "जिस सलहदी के ज़नाने में एक क्रोड़ पान और कई सेर काफूर रोज़ ख़र्च होता था और जहां तीनसो औरतें नित नई पोशाक पहनती थीं उस प्रतिष्ठा को धूल में मिला कर अपना कुटुम्ब कटवा के फिर जीता रहना यह सलहदी से कदापि नहीं होसक्ता." राणी दुर्गावती ने तो ७०० स्त्रियों और दो बच्चों सहित अग्नि में प्रवेश किया और सलहदी व लक्ष्मणसेन दोनों भाई अपने खड्ग खोल कर साथियों सहित मुसलमानों से जा भिड़े और मारे गये. सलहदी के दोनों पुत्र भूपत और पूर्णमल्ल भाग कर चितोड़ चले गये और गढ़ सुलतान के हाथ आया. जब शेरशाह सूर ने मालवा और गुजरात फतह किये उस वक़्त पूर्णमल्ल ने पीछा अपने राज्य पर क़ब्ज़ा करलिया था और वह पादशाही चाकरी करता था. स० ९५० हि० (स० १५४३ ई० सं० १६०० वि०) में वह पादशाह से बाग़ी होगया. उस के अन्तःपुर में दो हज़ार हथियारबन्द स्त्रियां सदा रहती थीं. जब शेरशाह रायसेन पर चढ़ आया तो पूर्णमल्ल

होकर सुलतान महमूद ने बहादुरशाह से कहलाया कि मैं आपके पास आता हूं, परन्तु समय टालता रहा. बहादुर मांडू में पहुंच गया, थोड़ीसी लड़ाई के पीछे गढ़ गुजरातियों के हाथ आया और ता० ८ मार्च स० १५३१ ई० को सुलतान महमूद मालवी कैद हुआ. मालवे का मुल्क गुजरात की पादशाहत के शामिल कियागया, राणा रत्नसिंह को कुछ भी लाभ न हुआ बल्कि जो प्रदेश सांगाजी ने लिये थे वे भी हाथ से निकल गये. सुलतान महमूद अपने बीस पुत्रों सहित चांपानेर के गढ़ में भेजागया परन्तु मार्ग में उनपर डाका पड़ा, गुजराती सिपाहियों ने यह सोचकर कि शायद इस गड़बड़ में महमूद भाग न जावे, उसे वहीं मारडाला. *

स०९३७ हि० (स० १५३० ई० सं० १५८७ वि०) में महाराणा ने डुंगरपुर के रावल पृथ्वीराज के छोटे भाई जग्गा या जगमाल की सिफारिश बहादुरशाह से करके उसे बांसवाड़े का इलाक़ा बागड़ में से दिलाया.

अपने कुटुम्ब और ४००० राजपूतों समेत गढ़ छोड़कर बाहर निकल गया. इतने पर भी शेरशाह ने चाहा कि उसे कैद करले तब तो उसने पादशाही फौज से वह युद्ध किया कि रुस्तम व इस्फन्दयार की कहानियां बालकों के खेल होगई, अन्त में अपनी स्त्रियों और बाल बच्चों को आग में जला कर आप बीरता के साथ शत्रु से जूझता हुआ काम आया. उस के तीन पुत्रों को शेरशाह ने पकड़ कर हिंजड़े करवादिये और यहीं सलहदी के ख़ान्दान का ख़ातमा हुआ.

* मिरातेसिकंदरी में लिखा है कि जब सुलतान बहादुरशाह डुंगरपुर से बांसवाले जाता था तो करची के घाटे में राना के वकील डुंगरसिंह और जाजराय ने क़दमबोसी कर ख़िराज व नज़राना पेश किया और अर्ज़ की कि सुलतान महमूद मालवी का सेनापति शहरज़ाखां (तबक़ाते अकबरी में मांडू का शिकदार कहा है) मेवाड़ का इलाक़ा लूटता है. तारीख़ अलफी का बयान है कि इस के तीन कारण थे. प्रथम तो सुलतान महमूद राणा से बिगड़ा हुआ था, दूसरा मालवे का बहुतसा इलाक़ा जो राणा ने दबालिया था पीछा लेना चाहता था, तीसरा सिलहदी राजपूत से नाराज़ था जो राणा से जामिला था. महमूद मालवी का इरादा था कि सीवास के हाकिम सिकंदरखां और सिलहदी दोनों को मरवाडाले इसलिये वे दोनों भाग कर राणा रत्नसी के शरण आये—थे, पहले तो सिकंदरखां और सिलहदी का पुत्र भूपत बहादुरशाह के पास आये फिर सिलहदी को लिये

कहते हैं कि आमेर के राजा पृथ्वीराज की पुत्री की मंगनी महाराणा रत्नसिंह के साथ हुई थी (कर्नल टॉड लिखता है कि गुप्त रीति से रत्नसिंह के खड्ग के साथ कछवाहे राजा की बेटी ने फेरे भी फिरलिये थे) परन्तु फिर उसका विवाह पृथ्वीराज ने बूंदी के राव सूरजमल से करदिया, इसी रंज से मौक़ा पाकर महाराणा रत्नसिंह ने नांदते गांव के पास शिकार में सूरजमल को मारडाला, परन्तु मरते मरते हाडाराव ने भी सं० १५८८ वि० (स०१५३२ ई०) में राणा का काम तमाम करदिया. यद्यपि बूंदी वाले उस वक़्त मेवाड़ के आधीन थे, परन्तु परस्पर शत्रुता होजाने के कई कारण बतलाये जाते हैं. * हमारी समझ में तो इस वैमनस्य का मुख्य कारण यही था कि महाराणा रत्नसिंह का छोटा भाई विक्रमादित्य बूंदी के राव का भाञ्जा था जिसको राव सूरजमल महाराणा रत्नसिंह के विरुद्ध सहायता देता और चित्तोड़ का राणा बनाना चाहता था.

महाराणा रत्नसिंह के प्रधान ओसवाल महाजन कर्मराज डोसी ने शत्रुंजयगिरिपर जो सोरठ देश में जैनियों का एक बड़ा तीर्थ स्थान है सातवां उद्धार कराया और पातसाह बहादुरशाह से फर्मान हासिल कर पर्वतपर नया मन्दिर बनवा कर सं० १५८७ वि० वैशाख कृष्ण ६ को उस में आदिनाथ का बिम्ब पधराया. मुसलमानों के राज्य में नया मन्दिर बनवाकर मूर्ति बिठाना कब सम्भव था परन्तु यह महाराणा रत्नसिंह की सत्ता का प्रभाव था कि उनसे मित्रता रखने और उनको प्रसन्न करने के वास्ते सुल्तान ने कर्मराज को ऐसा फर्मान लिखदिया था.

राणा रत्नसी भी सुल्तान से आकर मिला. राणा तो पीछा लौट गया परन्तु सिकंदर, सिलहदी, ईडर का राजा दलपतराय, राना के वकील और डुंगरपुर का राजा सुल्तान के साथ रहे जब उसने मांडू फतह किया था. मांडू का गढ़ शृंगार चित्तोड़ी नाम की पहाड़ी की तर्फ से हमला कर के फतह किया.

* बूंदी के इतिहास में लिखा है कि जब सूरजमल राजतिलक लेने के वास्ते चित्तोड़ गया तो वहां दर्बार में अफीम की पीनक में ऊंघने लगा, राणा के एक चौहाण सर्दार (कोठारिये का राव) ने हंसी से उस के कान में तिनका डाला, चौंक कर सूरजमल ने उस सर्दार का सिर वहीं उड़ादिया. चौहाण राव के बेटे ने अपने बाप का बैर लेने के वास्ते राणा को सूरजमल से नाराज़ कर दिया था.

महाराणा विक्रमादित्य

अपने भाई के मारे जाने पर सं० १५८८ वि० में चित्तोड़ की गद्दी पर बैठे. यह महाराणा अपने पिता सांगाजी जैसे बीर व बुद्धिमान् नहीं थे, अपना बहुतसा समय पहलवानों की कुश्ती देखने और दूसरे व्यर्थ कामों में व्यतीत किया करते थे. देशकाल का विचार न करके इन्होंने अपने मातहत सर्दारों को भी अप्रसन्न कर दिये थे, राज्यप्रबन्ध की ओर पूरा ध्यान न देने से देश में उपद्रव फैला और चारों तर्फ से लूट खसोट की ख़बरें आने लगीं.

मालवे का मुल्क हाथ आजाने से बहादुरशाह गुजराती की ताक़त बहुत बढ़ गई थी. ऐसे मौक़े को ग़नीमत जान, मेवाड़नाथ के पुराने एहसान को उसने बिल्कुल अपने मन से भुला दिया और राणा को ज़ेर करने के वास्ते बहुतसी सेना लेकर सं० १५९१ वि० स० १५३४ ई० में चित्तोड़ पर चढ़ाई की. गढ़ के पास एक पहाड़ी पर तोपें चढ़ा कर गोले बरसाने लगा और चारों ओर मोर्चे जमाये. अलफख़ां को तीस हज़ार सवारों से लाखोटे की बारी पर रक्खा, तातारख़ां मण्डली राव और कई अफ़ग़ान सर्दारों को हनुमन्तपोल पर मुक़र्रर किये, और मेवाड़ लूटने को जुदा फौज भेजी. तोपों की मार से गढ़ की दीवारें टूटने लगीं, माजी पद्मावती ने हुमायूं पादशाह के पास वकील भेज कर सहायता चाही. हुमायूंशाह ग्वालियर में आया और बहादुरशाह को कहलाया कि चित्तोड़ का घेरा उठा लेवे परन्तु उसने न सुना. दो मास ग्वालियर में ठहर कर बिहार में बलवा हो जाने के समाचार सुन हुमायूं पीछा आगरे चला गया, तब निराश हो कर माजी ने बहादुरशाह के पास सन्धि का सन्देशा भेजा. सुलतान महमूदमालवी का जड़ाऊ मुकुट और कमरबन्द उसे दिया * और मालवे के जो पर्गने मेवाड़ के आधीन थे वे छोड़ दिये इन के अलावा दस हाथी एक सौ घोड़े और एक क्रोड़ रुपया नक़द लेकर बहादुर ने थोड़े काल के वास्ते लड़ाई बन्द करदी, परन्तु उस को तो चित्तोड़ विजय का मान मिल-

* मालवे के सुलतान महमूद ख़िल्जी ने वह मुकुट और कमरबन्द गुजरात के सुलतान कुतबुद्दीन से स० १४५२ ई० में छीना था. बहादुरशाह के पास से वे दोनों चीज़ें सुलतान रूम के पास पहुंची.

ने की लालसा लगी हुई थी इस से फिर जङ्ग छेड़दिया * तब तो माजी पद्मावती ने अपने सब सर्दारों को इकट्ठे कर कहा कि यह समय आपस के झगड़े और रंज का नहीं है, सब का यही धर्म है कि अब चित्तोड़गढ़ की रक्षा के वास्ते तन मन धन से कोशिश करें. चित्तोड़ के पवित्र नाम पर राजपूत अपने प्राण देने को तय्यार थे. देवलिये का राव बाघसिंह, सिरोही, जालोर और बूंदी के राव और दूसरे सब सर्दार अपनी अपनी जमैय्यत समेत आन हाज़िर हुए. उधर हुमायूं पादशाह भी फौज समेत सारंगपुर आन पहुंचा और बहादुर के पास एक क़िता (छन्द) लिख कर भेजा..

ایکه هستي غنیم شهر چتوڑ * کافرانرا چه طور میگیري
پاد شاهي رسید بر سر تو * تو نشسته چتوڑ میگیري

इस के उत्तर में बहादुरशाह ने पीछा लिखा–

منکه هستم غنیم شهر چتوڑ * کافرانرا بزور میگیرم
هر که بکند حمایت چتوڑ * تو ببین کسي چه طور میگیرم

तू शहर चित्तोड़ का ग़नीम है, काफरों को किस तौर से पकड़ता है.
पादशाह तेरे सिरपर आन पहुंचा, तू बैठा हुआ चित्तोड़ लेता है.
मैं शहर चित्तोड़ का ग़नीम हूं, काफरों को बल से जीतता हूं.
जो कोई चित्तोड़ की हिमायत करे तो देखे कि मैं किस तरह से लेता हूं.

फिर बहादुर ने अपने सर्दारों से सलाह की कि अब क्या करना चाहिये तो कितनेक ने कहा कि हुमायूं पादशाह शरह का बडा पाबन्द है काफिरों से लड़ाई करते हुए वह कभी हम पर हमला न करेगा, आप क़िला फतह करने का काम जारी रक्खें. सुल्तान ने वैसा ही किया. राजपूत बड़ी बीरता से युद्ध करते रहे. तोपख़ाने के अफसर रूमीख़ां ने पोर्च्यूगीज और दूसरे यूरोपियन अफसरों की मदद से सुरङ्ग लगा कर गढ़ का एक बड़ा बुर्ज उड़ा दिया जिस से बूंदी के राव सूरजमल का भाई अर्जुन हाड़ा अपने पांचसौ राजपूतों समेत मारा गया. जब क्षत्रिय बीर गढ़ के बचाने से निराश हो गये तो उन्हों ने

* मूंता नैणसी लिखता है कि बहादुरशाह महाराणा के भाई उदयसिंह को अपने साथ लेगया था, उस ने चाहा कि उदयसिंह को मुसलमान बनाले. परन्तु साथ के सर्दार उसे किसी ढब से भगा लाये जिस पर चिड़ कर सुलतान ने दुबारा चित्तोड़ गढ़ आन घेरा.

महाराणा विक्रमादित्य और उन के छोटे भाई उदयसिंह को तो किसी ढब से गढ़ के बाहर भेज दिये और देवलिये के राव बाघसिंह को महाराणा के स्थान में अपना अफसर बना कर मुसलमानों पर टूट पड़े और बहादुरी के साथ लड़ कर काम आये. कर्नल् टॉड लिखता है कि, राठौड़ण राणी जवाहिर बाई और कई अन्य बीर क्षत्रियाणियों ने भी शस्त्र बांधकर इस युद्ध में शत्रु के मुक़ाबले में अपने प्यारे प्राण दिये थे. माजी पद्मावती या कर्मवती अपनी पुत्री कलावती और दूसरी कई स्त्रियों के साथ जीती आग में जल मरी और हज़ारों राजपूत खेत रहे. ता० ८ मार्च्च स० १५३५ ई० को चित्तोड़गढ़ दुश्मन के हाथ आया. * इस युद्ध में सीसोदिया बम्मा रत्नसिंहोत, रावत दूदारत्नसिंहोत, सोनगिरा माला बाला का, राव पंचाइण करमचन्दोत, रावत सत्ता रत्नसिंहोत, सोलंकी भैरवदास नाथावत आदि अनेक राव राजा मारे गये थे.

बहादुरशाह के चित्तोड़ फतह करने तक सचमुच हुमायूं ने शस्त्र न उठाये. बहादुर ने रूमीख़ां से क़रार किया था कि फतह हो जाने पर चित्तोड़गढ़ तुम को दे दिया जावेगा परन्तु कई सर्दारों ने सुल्तान से अर्ज़ की कि अगर ऐसा क़िला रूमीख़ां के हाथ आगया तो फिर आप उस से तावेदारी की उम्मेद न रखियेगा. यह बात सुल्तान के जी में भी जचगई और अपना इक़रार पूरा करने में टाल टूली करने लगा. रंजीदा होकर रूमीख़ां ने चुपकेसे हुमायूं पादशाह को बुलाया और ऐन लड़ाई के वक़्त आप तोपख़ाना लेकर उस से जा मिला. मन्दसोर के मुक़ाम हुमायूं ने बहादुरशाह को शिकस्तफाश देकर मालवा और गुजरात के मुल्क देहली की पादशाहत में मिला लिये. बिचारे बहादुरशाह की मालवा लेने और चित्तोड़ फतह करने की सब ख़ुशियां ख़ाक में मिल गईं और वह अपने प्राण बचाकर भागा.

बहादुरशाह के भागने पर चितोड़ पीछा महाराणा विक्रमादित्य के हाथ आया. इतना कष्ट उठा कर भी इन महाराणा ने कुछ अनुभव प्राप्त न किया और न अपनी आदतों को सुधारा. एकबार भरे दर्बार श्रीनगर के राव परमार करमचन्द के थप्पड़ मारदिया जिस पर सारे सर्दार बिगड़ बैठे, पृथ्वीराज के पासवानिये पुत्र बणवीर का ज़ोर उस वक़्त बढ़ा हुआ था, सर्दारों ने भी मिलकर उसे राजा बनाना ठान लिया. एक रात नंगी तलवार लिये बणवीर अन्तःपुर में गया और सोते हुए विक्रमादित्य का सिर उस ने वहीं उड़ा दिया व सं० १५९२ ई० में आप चित्तोड़ की गद्दी पर बैठगया.

* यह चित्तोड़ का दूसरा शाका कहा जाता है. कर्नल् टॉड ने चित्तोड़ फतह होने का समय ज्येष्ठ शुदि १२ सं० १५८९ वि० (स० १५३३ ई०) बतलाया है.

विक्रमादित्य के मारे जाने के वक़्त उदयसिंह क़रीब १३ वर्ष का था, महाराणा रत्नसिंह ने उसे कुम्भलगढ़ जागीर में दिया इसलिये वह वहीं रहा करता था.* केवल पांच वर्ष के राज्य में महाराणा विक्रमादित्य ने मेवाड़ राज्य में से बहुतसा इलाक़ा खोदिया और अपना भी प्राण गमाया.

बणबीर—चित्तोड़ का राज मिलजाने से बणबीर का घमण्ड बहुत बढ़ गया था. मेवाड़ के महाराणा जब भोजन पर बैठते हैं तो अपने थाल में से साथ जीमने वाले सर्दारों को दूने बख्शने की रीति है. बणबीर ने चाहा कि मैं भी ऐसा ही करूं और उसने कोठारिये के चहुवाण राव खानजी को दूना दिया परन्तु राव ने लेने से इन्कार किया और इसी पर सब सर्दार बणबीर से बिगड़ बैठे. कुम्भलगढ़ जाकर उन्होंने उदयसिंह को पाट बिठाने की रस्म अदा की और सोनगिरि के चहुवाण वंश के राव ने अपनी कन्या उस के साथ व्याहदी. सर्दारों की फौज समेत उदयसिंह चित्तोड़ आये, माहोली के पास बणबीर ने युद्ध किया परन्तु हार खाई और भाग कर अपने कुटुम्ब सहित गुजरात की तर्फ चला गया. † क़रीब पांच साल तक मेवाड़ का राज्य किया और अपने नाम का सिक्का भी चलाया, उसके दो लेख सं० १५६३ वा ६५ के चित्तोड़गढ़ पर हैं.

---

* कर्नल् ट ड लिखता है कि उदयसिंह उस वक़्त बालक था. चौहाण जात की एक राजपूतानी उस की धाय थी जिसने अपने पुत्र को उदयसिंह की जगह सुलादिया और टोकरे में छिपा कर एक बारी की सहायता से उदयसिंह को गढ़ के बाहर निकाल दिया. विक्रमादित्य को मारकर उदयसिंह का सिर उड़ाने को बणबीर खड्ग पकड़े आन पहुंचा और उस बालक का सिर तन से जुदा किया. वह धाय और बारी उदयसिंह को लेकर कुम्भलमेरु पहुंचे जहां के हाकिम आशाशाह देपुरे महाजन ने उसे अपना भाञ्जा प्रसिद्ध कर के अपने पास रक्खा.

† लड़ाई हारने के पीछे बणबीर का क्या हुआ इसका सही पता नहीं लगता, कोई तो कहते हैं कि वह युद्ध में मारा गया और कोई गुजरात की तर्फ जाना बतलाते हैं. कर्नल् टॉड ने बणबीर का दक्षिण में जाकर भौंसले वंश का बानी होना लिखा वह सही नहीं समझा जासक्ता.

महाराणा उदयसिंह.

इन का जन्म सं० १५७६ वि० (स० १५२२ ई०) में हुआ था. सं०१५६७ वि० (स० १५४० ई०) में १८ वर्ष की अवस्था में गद्दी बैठे. उस वक़्त चनारगढ़ के हाकिम शेरख़ां पठान ने हुमायूं पादशाह से देहली की पादशाहत छीन ली थी और आप शेरशाह के लक़ब से तख़्त पर बैठा था.

स०६५० हि० (स०१५४३ ई० सं० १६०० वि०) में मारवाड़ के राव मालदेव को शिकस्त दे कर शेरशाह चित्तोड़गढ़ की तर्फ बढ़ा और बारह कोस दूर रहा था कि राणा ने क़िले की कुंजियां भेज दीं. सुलह के साथ गढ़ जीत कर ख़वासख़ां के छोटे भाई मिया अहमद सरवानी और हुसैनख़ां ख़िल्जी को वह वहां छोड़ गया, परन्तु थोड़े ही समय पीछे महाराणा ने मुसलमानों को चित्तोड़ से निकाल दिये, बहुत से बादशाही थाने लूटे, और कई मुसलमानों को उन की औरतों व बालबच्चों समेत क़ैद कर लिये. *

चौदह वर्ष आपत्ति उठाने पीछे स० १५५४ ई० में हुमायूं शाह ने ईरान से लौटकर सिकन्दरशाह सूर से बादशाहत पीछी ली. दो वर्ष ही राज करने पाया था कि हुमायूं तो कोठे पर से गिर कर मर गया और उस का बेटा जलालुद्दीन अकबर बादशाह तख़्त पर बैठा. देहली के मुसलमान बादशाहों में अकबर के जैसा प्रतापी और नीतिनिपुण पादशाह दूसरा न हुआ. उस ने कुल राजपूत राजाओं को अपने आधीन कर उन के साथ ब्याह शादी का नाता जोड़ दिया था और गुजरात व मालवे की जुदा सल्तनतों को सदा के लिये देहली की पादशाहत के शामिल कर दी थीं. तबक़ाते अकबरी में लिखा है कि मालवे के आख़िरी पठान सुल्तान बाज़ बहादुर ने अकबर के सेनापति पीरमुहम्मद को आसेर बुर्हानपुर के पठान हाकिमों से मिल कर सन् १५६२ ई० में शिकस्त दी और पीरमुहम्मद मांडू की तर्फ भागता हुआ नर्मदा नदी में डूब कर मर गया, तब अकबर ने अब दुल्लाख़ां उजबक को बाज़ बहादुर के मुक़ाबले के वास्ते भेजा. मुग़लों की सेना से परास्त हो कर भागते हुए बाज़ बहादुर ने चित्तोड़ में आकर महाराणा उदयसिंह की शरण ली और कुछ अर्से तक वहां ठहर कर वह गुजरात की तर्फ चला गया.

चित्तोड़ के राणाओं ने कभी किसी मुसलमान बादशाह की आधीनता न स्वीकारी थी अतः उन को आधीन बनाने में अपनी पूर्ण प्रतिष्ठा समझकर स० ६७४ हि०

* सर ऐच इलियट की तारीख़ हिन्दुस्तान जिल्द ४ सफ़ा ४०६.

(स०१५६७ ई० सं०१६२४ वि०) में शाहन्शाह अकबर ने चित्तोड़ पर चढ़ाई की जिस का हाल अबुल्फ़ज़्ल अपनी पुस्तक अकबर नामे में इस तरह पर लिखता है:—

"मुक़ाम धौलपुर में राणा उदयसिंह का बेटा शक्तिसिंह बादशाह के साथ था. * बादशाह ने उस से पूछा कि राणा ने अब तक ख़िद्मत क़बूल नहीं की है इसलिये अगर उस पर चढ़ाई की जावे तो तू क्या मदद देगा ? सगतसिंह ने बादशाह के सवाल कर कुछ जबाब न दिया और दूसरे ही दिन रुख़्सत हासिल किये विना चित्तोड़ की तर्फ कूच किया. उस ने बिचारा कि शायद मेरे निस्बत लोग यह शक करेंगे कि यही पादशाह को चित्तोड़ पर चढ़ा लाया है. उस की ऐसी हर्कत से बादशाह बहुत नाराज़ हुआ और हाड़ोती फतह करता, शिवपुर को लेता हुआ चित्तोड़ की तर्फ बढ़ा. आसिफ़ख़ां और वज़ीरख़ां को कोटे के मुक़ाम से आगे भेज दिये थे कि जाकर मांडलगढ़ का क़िला लेवें. यहां राणा की तर्फ से बल्लू सोलंकी क़िलेदार था. चित्तोड़गढ़ में राणा ने पांच हज़ार राजपूत और बहुतसी रसद इकट्ठी की थी. एक महीने के मुहासरे बाद क़िला छोड़ कर राणा पहाड़ों में भाग गया, परन्तु क़िलेदार जयमल बादशाह का मुक़ाबला करता रहा." †

"बादशाह ने हुसैन कुलीखां को राणा के गिरिफ्तार करने के वास्ते भेजा उसने उदयपुर पहुंच कर, जो राणा की राजधानी थी, ‡ लूटमार मचाई परन्तु राणा का पता न लगने से लौट आया. पादशाही फौज रोज़ क़िले पर हमला करने जाती और निराश

* कहते हैं कि ज्योतिषियों ने शक्तिसिंह के लक्षण बतलाकर महाराणा के मन में सन्देह डाल दिया था इस से उन्होंने शक्तिसिंह को अलग करने के प्रयत्न किये, फिर वह रूठ कर पादशाही चाकरी में चला गया था. भींडर के महाराज उस के वंश में है.

† यह जयमल, मारवाड़ के राठौड़ राव जोधा के पुत्र दूदा मेड़तिये का पोता था. बादशाह अकबर के हुक्म से नागोर का सूबेदार शर्फ़ुद्दीन हुसैन मेड़ते पर फौज लेकर गया और तीन दिन के घोर युद्ध के पीछे मेड़ता फतह हुआ तब जयमल क़िला खाली करके वहां से निकल गया और महाराणा उदयसिंह के पास आरहा था. मेवाड़ के अव्वल दर्जे के मातहत सर्दारों में बदनोर के ठाकुर जयमल के वंश में हैं.

‡ उदयपुर का नगर महाराणा उदयसिंह ने सं०१६१६वि० (स० १५५९ ई०) में अपने नाम पर बसाया था.

होकर लौट आती थी, इस तरह से बहुतसी सिपाह मारी गई. बादशाह ने फर्माया कि ये आसमानी लोग ऐसे कभी हम ज़मीन वालों के हाथ न आवेंगे इसलिये गढ़ के बुर्जों में सुरंग लगाये जावें, जगह २ कई मोर्चे और साबात बनवाये * जिन में तीन मोर्चे बड़े थे-एक लाखोटी दर्वाज़े के पास, उस में पादशाह आप रहता था और दूसरे दो मोर्चों में बड़े २ सर्दार थे. गोलंदाज़ी शुरू हुई. जब क़िले वालों ने यह हाल देखा तो धोखा देने के वास्ते अर्ज़ कराई कि हमने ख़िद्मत क़बूल की, साल ब साल ख़िराज भेजा करेंगे.† इस बात से राज़ी होकर कितने ही उमरा ने भी बादशाह को यह सलाह दी कि अब लड़ाई बन्द कर देना चाहिये परन्तु उसने मञ्जूर न किया और साबात बनाने व सुरंग लगाने का काम जारी रक्खा. क़िले वाले आग बरसाते थे जिस से सौ सौ दो दोसौ आदमी रोज़ मारे जाते थे, पादशाह सोने चांदी के इनाम से लोगों को काम करने पर आमादा करता रहा." ‡

"ता०१५ जमादिउल् आख़िर को क़िले का एक बुर्ज उड़ा और बादशाही फौज भीतर घुसने लगी क़िले वाले उन्हें रोकते थे कि अचांचक दूसरे सुरङ्ग में आग लग गई, और वे सब वहीं जल भुन कर ख़ाक हुए. + एक दिन बादशाह मोर्चे में बैठा था और

---

* साबात वह होता था कि दोनों तर्फ लम्बी दीवारें बनाकर उन्हें लकड़ी के तख्तों या चमड़े से पाट देते थे.

† यह पैग़ाम सर्दारगढ़ ठाकुर का बुज़ुर्ग सांडा डोडिया बादशाह के पास लाया था. उसकी बात चीत से खुश होकर पादशाह ने फर्माया कि मांग ! तब उसने अर्ज़ की कि मुझे अपने मालिक की भलाई के सिवा कुछ दर्कार नहीं है; परन्तु जब दुबारा पादशाह ने कहा तब उस ने यही मांगा कि जब मैं लड़ाई में मारा जाऊं तो बादशाह मेरे शव को जलवा दें. कहते हैं कि अकबर ने अपना इक़रार पूरा करने के वास्ते सब लाशों को इकट्ठी करवा उन में आग लगवा दी थी.

‡ तारीख़ अलफी में लिखा है कि साबात बनाने में रोज़ पांच हजार सुतार लुहार, बेलदार वग़ैरह काम करते थे.

+ फिरिश्ता लिखता है कि यहां पादशाही पांचसौ सर्दार और १५०० सिपाही मारे गये. तारीख़ अलफी का मुबर्रख़ कहता है कि इस सुरंग में इतना बारूद बिछाया था कि सौ सौ दो दो सौ मण के पत्थर उड़कर दो दो तीन तीन

जलालख़ां पास खड़ा हुआ था, उसने दीवार पर से सिर निकाला कि गढ़ पर से सनसनाती हुई गोली आई और उस के कान को छूती हुई निकल गई. बादशाह ने फर्माया कि यह कोई बड़ा गुलचला है जिसने हमारे कई आदमी मार डाले हैं. इसी तरह खुद पादशाह भी कई वार गोली की चोट से बाल बाल बचा. एक वार एक तोप का गोला क़िले पर से मोर्चे के भीतर गिरकर फटा, जिससे पादशाह के पास खड़े हुए बीस आदमी मर गये. दो रात और एक दिन पादशाह बराबर मोर्चे में रहकर सुरंग दिलवाता, गोली चलाता और दोनों तर्फ के बहादुरों की लड़ाई का तमाशा देखता रहा, आख़िर २५ शाबान सेशम्बा को क़रीब ४ माह के घेरे के पीछे क़िला फतह हुआ. पहिली रात को उन सूराखों के द्वारा, जो जगह जगह गोलों की मार से दीवारों में पड़ गये थे, दीख पड़ा कि बहुतसे आदमी लकड़ी रूई घी आदि इकट्ठा कर रहे हैं और बहुतसे लड़ाई के वास्ते तय्यार होते हैं. उसी रात पादशाह ने देखा कि एक आदमी गिरी हुई दीवार की मरम्मत कराने के वास्ते इधर उधर फिर रहा है, वह कोई सर्दार मालूम होता था मगर पहचाना न गया. बादशाह ने अपनी सङ्गराम नामी बन्दूक उस पर चलाई, और शुजाअतख़ां व भगवानदास कछवाहे को कहा कि ज़रूर मेरी गोली निशाने पर लगी है. ख़ानेजहां ने अर्ज़ की कि वह आदमी दो तीन वार इधर उधर फिरा है अगर अब न आवे तो जानिये कि ज़रूर ज़ख्मी हुआ. थोड़ी ही देर पीछे गढ़ पर आग जलती हुई दिखलाई दी, भगवानदास ने अर्ज़ की कि यह आग जोहर की है. सुबह मालूम हुआ कि पादशाह के हाथ की गोली क़िले के सर्दार जयमल के लगी थी जिससे वह मर गया."* ऐसे वीर क़िलेदार के मरने से क़िले वालों की हिम्मत टूट गई और अपनी औरतों व बाल बच्चों को आग में जलाकर आप मरने मारने को तय्यार हुए.

" पत्ता सीसोदिया और राठौड़ों के घरों में जलती हुई वह आग जोहर की थी जिसमें राणा की ख़वासें और दूसरी औरतें जल मरीं. चौहाणों के डेरों में भी ईसरदास

कोस की दूरी पर जा पड़े और आदमियों की लाशें भी बहुत दूर दूर तक जाकर गिरीं, धूल के गोट उड़ने से अन्धकार छा गया और बहुत देर तक बादशाही लश्कर कुछ काम न कर सका.

*प्रसिद्ध ऐसा है कि वह गोली जयमल के पांव में लगी थी जिससे वह मरा नहीं किन्तु घायल हो गया दूसरे दिन एक आदमी के कन्धे पर सवार हो दुश्मन के मुक़ाबले को आया और तलवार चलाता हुआ इनवन्तपोल के पास मारा गया.

की निगरानी में बड़ा जोहर हुआ और तीनसौ औरतें वहां जलाई गईं. सुबह होते ही पादशाही फौज किले में घुस पड़ी, राजपूत भी तलवारें सूंत कर सामने आये. बादशाह हाथी सवार होकर किले पर गया और हाथियों से दीवारें तुड़वाईं. ईसरदास चौहाण ने फुर्ती के साथ उछल कर मदकर नामी एक हाथी का दांत एक हाथ से पकड़ दूसरे हाथ से उस के पेट में जमधर मारा, इतने में दूसरे राजपूत ने पहुंच कर तलवार के एक ही हाथ से उस हाथी की सूंड काट डाली, हाथी जख्मी होकर भागा और उसने कई आदमियों को मारे."

"बादशाह फर्माते थे कि जब हम फतह करते हुए गोविन्दश्याम के मन्दिर तक पहुंचे तो क्या देखते हैं कि सामने से एक (शाही) फीलवान एक मुर्दे आदमी को हाथी की सूंड में उठवाये लिये आता है. उसने अर्ज़ की कि इस आदमी का नाम मैं नहीं जानता लेकिन बहुतसे राजपूतों ने इसके साथ अपने प्राण दिये हैं. पीछे मालूम हुआ कि वह पत्ता सीसोदिया था जो इस तरह हाथी के पांवों में गिरजाने से मारा गया." *

---

* कर्नल् टॉड लिखता है कि केलवे का पत्ता सीसोदिया पादशाह से लड़ता रहा और पत्ता की माता स्त्री और दूसरी राजपूतानियां भी दुश्मन के मुकाबले में मारी गईं. पत्ता के वंश में आमेट के रावत मेवाड़ के अव्वल दर्जे के सर्दारों में हैं. बर्नेर नामी यूरोपियन् यात्री जो सन् १६६३ ई० में देहली आया था लिखता है कि अकबर ने किले के बाहर दर्वाज़े के दोनों तर्फ पत्थर के दो हाथियों पर चित्तोड़ के दो राजपूत पत्ता और जयमल की मूर्तियां बनवाई हैं. इसकी पुष्टि मूंता नैणसी की ख्यात से भी होती है. वह लिखता है कि अकबर ने महाराणा के स्वामिभक्त सेवक सीसोदिया पत्ता जगावत और राठौड़ जयमल बीरमदेवोत की तो दो मूर्तियां बनवाकर गढ़ के दर्वाज़े के बाहर हाथी पर बिठाईं और उनके पास ही नीचे राव सुर्जन हाड़ा की एक कुत्ते की मूरत बनवाई क्योंकि उसने अपने स्वामि से विश्वास-घात किया था. इससे राव सुर्जन इतना लज्जित हुआ कि राज व दर्गाह छोड़कर काशी में जारहा. बूंदी के राव उस वक्त तक मेवाड़ के आधीन राजाओं में थे. महाराणा उदयसिंह ने अपने गोतीभाण सीसोदिये को मारा था इसलिये गोत्रहत्या का प्रायश्चित्त करने को द्वारिका की यात्रा की, राव सुर्जन भी साथ था वहां उसने रणछोड़जी का मंदिर बनवाया. राव सुर्जन को अपना विश्वासपात्र सेवक समझकर

"क़िले के भीतर क़रीब आठ हज़ार राजपूत और चालीस हज़ार प्रजा के मनुष्य थे. सुबह से दोपहर तक सख्त लड़ाई होती रही और क़रीब तीस हज़ार आदमी दुश्मन के मारे गये. इतने आदमियों के क़त्ल होने का सबब यह था कि प्रजा के लोगों को बहुत रोका कि वे लड़ाई में शामिल न होवें परन्तु जब उन्होंने न माना तो क्रोध में आकर बादशाह ने क़त्ले आम का हुक्म दे दिया." *

"क़िले पर के बन्दूक़ची जो बक़सरिये पठानथे पहिले ही से भेष बदलकर निकल भागे थे इसलिये गिरिफ़्तार न होसके. उस दिन कोई घर, कोई गली और कोई मार्ग ऐसा न होगा जहां मुर्दों के ढेर न पड़े होवें, परन्तु पादशाही फौज का सिर्फ एक आदमी मारा गया." †

महाराणा ने रणथम्भोर के गढ़ की क़िलेदारी दूसरे १७ पर्गनों सहित दी थी. चित्तोड़गढ़ फतह करने के एक वर्ष पीछे अकबर ने रणथम्भोर पर चढ़ाई की और २१ रमजान स० ६७६ हि० (१७ मार्च स० १५६९ ई०) को वहां घेरा डाला तब आमेर के राजा भगवानदास की मार्फ़त राव सुर्जन ने बादशाही सेवा स्वीकार गढ़ बादशाह के सुपुर्द कर दिया.

मुंतख़बुत्तवारीख़ का मुसन्निफ मुल्ला बदायूनी कहता है कि रणथम्भोर मुहम्मद अदलीशाह के एक गुलाम संगरामख़ां के कब्ज़े में था. ख़ानेख़ांना के एक नौकर ज़ेबअलीख़ां व दूसरे सर्दारों ने मिलकर गढ़ का घेरा डाला. एक साल के पीछे संगरामख़ां ने तंग आकर बहुतसा रुपया ले गढ़ राय सुर्जन (हाड़ा) के सुपुर्द करदिया और आप हाजीख़ां अलवरी के साथ गुजरात की तर्फ़ चला गया. राय सुर्जन ने गढ़ की मज़बूती कर उस के आसपास के कई पर्गनों पर भी अधिकार कर लिया.

* गोकि देहली के मुसलमान पादशाहों में अकबर बड़ा न्यायी और दयालु गिना जाता है परन्तु यहां तो उसने ख़ूनी अलाउद्दीन से भी बढ़कर ख़ून किया. अबुल्फ़ज़ल का यह बयान कि प्रजा को रोकने पर भी वे युद्ध में शरीक हुए इसलिये गुस्से में आकर पादशाह ने क़त्ले आम का हुक्म दिया, क़ाबिल ऐतबार नहीं है, क्योंकि तारीख़ अलफी और तबक़ाते अकबरी में सिर्फ इतना ही लिखा मिलता है कि "क़िले पर चढ़ते वक़्त पादशाह ने क़त्ले आम का हुक्म दिया."

† यहां भी अबुल्फ़ज़ल का बयान ख़ुशामद से ख़ाली नज़र नहीं आता है

इस लड़ाई में जो चित्तोड़ का तीसरा शाका कहा जाता है सलूमरका राव सांईदास, मदारिये का रावत दूदा, ईसरदास चौहाण, दूदासद्दानी (शेखावत), देवलिये का राव और मेवाड़ के कई दूसरे भी नामी नामी सर्दार मारे गये थे.

चित्तोड़ की हकूमत आसिफ़ख़ां के सुपुर्द कर तीसरे दिन पादशाह किले पर से उतरा. चढ़ाई करने के वक्त ख़्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की मन्नत मानी थी कि जो चित्तोड़ फतह होगया तो मैं पैदल यात्रा करने को आऊंगा तदनुसार पादशाह पापियादा सीधा अजमेर की तर्फ रवाने हुआ. मांडल तक पैदल गया, वहां ख़्वाजा के पुजारियों ने पहुंच कर अर्ज़ की कि हमें ख़्वाजा साहब ने स्वप्न में आकर फर्माया है कि हमने पादशाह की ज़ियारत क़बूल की, अब उसे जाकर कहदो कि सवारी पर आवे.

खेत छोड़कर चले जाने का काम महाराणा उदयसिंह का क्षत्रिय धर्म के विरुद्ध था और इस में प्रश्न उठते हैं कि क्या महाराणा उदयसिंह ने राज व रमणी के लोभ से खेत छोड़ा. जैसे पृथ्वीराज चौहाण ने संयोगता के प्रेम से कन्नौज के युद्ध का भार अपने सामन्तों की भुजा पर धर दिल्ली की तर्फ पयान किया था; या अपने सर्दारों पर संदेह कर मारवाड़ के राव मालदेव की तरह चले गये, जिसने शेरशाह से युद्ध किये विना ही जोधपुर का मार्ग पकड़ा था. मेरे नज़दीक तो जब मेवाड़ के सामन्तों ने जानलिया कि अब गढ़ रहने का नहीं और शत्रु प्रबल है तो उन्होंने महाराणा को हठ पूर्वक वहां से अलग किया, प्रबल शत्रु के मुक़ाबले में ऐसी कार्य्यवाही नीतिसङ्गत है. उदयपुर को राजधानी बनाने के अतिरिक्त महाराणा ने उदयसागर नामी बड़ा तालाव अपने नाम पर बनवाया और ३१ वर्ष राज्य करके ५० वर्ष की अवस्था में सं० १६२८ वि० (स० १५७१ ई०) फाल्गुन शुदि १५ को गोगूंदे के पास संसार से कूच कर गये. महाराणा उदयसिंह के २५ पुत्र थे जिनकी सन्तान राणावत कहलाती है और उन के कई छोटे २ ठिकाने मेवाड़ में हैं.

इन महाराणा ने अपने पाटवी पुत्र प्रतापसिंह को अपना उत्तराधिकारी न बनाकर दूसरे पुत्र जगमाल को जानशीन किया था, परन्तु महाराणा की मृत्यु के थोड़े ही अर्से पीछे सलूमर के राव ने जगमाल को गद्दी से उतार कर प्रतापसिंह को, जो हक़दार और सब तरह से योग्य थे, राजसिंहासन पर विठाया. जगमाल बिगड़ कर पादशाह अकबर

मुमकिन नहीं कि दो पहर तक लड़ाई होवे और पादशाही फौज का सिर्फ एक आदमी मारा जावे. गढ़ फतह होने पर किसी कवि ने यह तारीख़ी मिसरा कहा- "दिलगुफ्त कि ब कुशाद बजूदे चीतोर" ९७५ (हि०)

की सेवा में चला गया. उन दिनों में सिरोही का देवड़ा राव सुरतान पादशाह से बाग़ी होरहा था इसलिये सिरोही का आधा राज्य पादशाह ने जगमाल को बख़्श दिया. जगमाल ने जाकर सिरोही पर अधिकार किया, बीजा देवड़ा भी उस के साथ था. जगमाल का विवाह सिरोही के राव मानसिंह की पुत्री से हुआ था. एक दिन उस राणी ने ईर्ष्यावश अपने पति से कहा कि मेरे देखते मेरे पिता के महल में दूसरे रहें, यह मैं सहन नहीं कर सक्ती. तब तो जगमाल ने राव सुरतान की अनुपस्थिति में महल पर हमला कर दिया परन्तु हार खाकर पीछा हटा और पादशाह से सहायता की प्रार्थना की. पादशाह ने मारवाड़ के राव चन्द्रसेन के तीसरे पुत्र रायसिंह को सेना समेत जगमाल की सहायता के वास्ते भेजा. राव सुरतान आबू पर जारहा था. रायसिंह और जगमाल का डेरा गांव दताणी में था, वहां राव सुरतान ने उनपर धावा किया और जगमाल व रायसिंह दोनों को मारलिया और सिरोही पर पीछा अधिकार किया. यह लड़ाई सं० १६४० वि० में हुई थी. अबुल्फ़ज़ल लिखता है कि जगमाल थोड़े ही दिन सिरोही का राज करने पाया था कि राव सुरतान ने छापा मारकर एक रात जगमाल और रायसिंह दोनों को महल के भीतर मारडाले और सिरोही पर पीछा क़ब्ज़ा करलिया. राजपूताने में प्रसिद्ध चारण आडा दुरसा भी जगमाल के साथ था, वह लड़ाई में ज़ख़्मी होकर पड़ा था, राव सुरतान ने उसको मारना चाहा परन्तु उसने कहा कि मैं चारण हूं. उससे कहा गया कि कोई रूपक पढ़! तब उसने समरा देवड़ा की तारीफ में यह दोहा पढ़ाः—

धर रावां जश डूंगरां व्रदपोतां सत्रहाण।
समरै समर सुधारियो चहु थोकां चहुवाण॥

इस पर प्रसन्न होकर राव सुरतान उसको अपने साथ लेगया और अपना पोलपात बनाकर जागीर दी. इसी दुरसा ने महाराणा प्रतापसिंह की प्रशंसा में ७६ सोरठे कहे हैं.

यद्यपि महाराणा उदयसिंह के कई राणियां और ख़वासें थीं तथापि एक पातुर के वास्ते उन्होंने हाजीख़ां पठान से युद्ध किया, उसकी कथा इस तरह पर कही जाती है कि जब हाजीख़ां ने अजमेर नागोर पर अधिकार करलिया तो जोधपुर के राव मालदेव ने उसपर फौज भेजी उस वक़्त हाजीख़ां ने महाराणा से सहायता के वास्ते अर्ज कराई. महाराणा का प्रताप बढ़ा हुआ था, बूंदी के राव सुर्जन हाड़ा, रामपुरे के राव दुर्गा सीसोदिया, राव जयमल मेड़तिया, बीकानेर के राव कल्याणमल, ईडर के राव नाराय-

णदास, डुंगरपुर के रावल आशकर्ण, बांसवाले के रावल व देवलिये के राव आदि को साथ ले बड़े ठाट से महाराणा भारी सेना सहित सहायतार्थ आये और अजमेर से १२ कोस गांव हरमाड़े के मुक़ाम राठौड़ों से युद्ध हुआ. राठौड़ पराजित हुए और मालदेव का सेनापति पृथ्वीराज जैतावत मारा गया. महाराणा की यह कार्य्यवाही राव मालदेव को न भाई. महाराणा ने सुना कि हाजीख़ां के पास एक पातुर अतिस्वरूपवान्, गुणकी खान और पूर्ण युवती है तब सर्दारों के मना करने पर भी हाजीखां को कहलाया कि उस पातुर को हमारे पास भेजदो ! हाजीख़ां ने उत्तर दिया कि और जो चाहें लेसक्ते हैं परन्तु अपनी प्यारी स्त्री को मैं कैसे भेजदूं. अप्रसन्न हो महाराणा ने बलपूर्वक उस सुन्दरी को लेना चाहा और हाजीख़ां पर पांच हज़ार सेना सहित चढ़ धाये. पठान ने उस वक़ राव मालदेव की शरण ली, राव ने यह बदला लेने का अच्छा अवसर जान राठौड़ देवीदास के साथ १५०० सवार हाजीख़ां की सहायता को भेजे. पठान व राठौड़ों ने मिलकर मेवाड़ की फौज को शिकस्त दी और महाराणा के सर्दारों में से तेजसिंह डुंगरसिंहोत, बालीसा सूजा, डोडिया भीम, चूंडावत छीतर और दूसरे एकसौ राजपूत इस युद्ध में मारे गये.

ऐसे ही मारवाड़ में खैरवा ठिकाने के जागीरदार झाला जैतसी की कन्या को बरकर कुम्भलमेरु में ला बिठाई. इस झाली राणी की बड़ी बहन जोधपुर के राव मालदेव के साथ व्याही गई थी. राव ने उसकी छोटी बहन को भी व्याहना चाहा जो परम सुन्दरी थी परन्तु झाला सर्दार ने इस बात को मञ्जूर न किया और महाराणा को समाचार भेजे. कहते हैं कि महाराणा ने जाकर एक वट वृक्ष के नीचे उस से व्याह किया था. राठौड़ों ने झाली राणी को लाने के वास्ते कई प्रयत्न किये और कुम्भलगढ़ पर चढ़ाई भी की परन्तु उन का मनोर्थ पूरा न होसका. *

---

* राजपूताने में आमतौर पर यह झाली राणी की बात महाराणा कुम्भाजी के समय की कही जाती है और कर्नल् टॉड ने भी उसको कुम्भाजी के हाल ही में लिखा है, परन्तु उस के लिये जो छन्द प्रसिद्ध है उससे यह घटना महाराणा उदयसिंह के समय की ही सिद्ध होती है क्योंकि उस में झाली को राव मालदेव की राणी कही है, राव मालदेव महाराणा उदयसिंह का समकालीन था न कि कुम्भाजी का. वही झाली राणी राठौड़ों की कुलदेवी नागणेची को मेवाड़ में लाई जो अबतक उदयपुर में मौजूद है और माघ व भाद्रपद शुक्ला ७ को उस की पूजा होकर त्यौहार मनाया जाता है.

महाराणा के पुत्रों में से ८ तो निस्सन्तान मरे; प्रतापसिंह गद्दी बैठे; जगमाल के वंशज जहाज़पुर में; शक्तिसिंह के शक्तावत, कान्हजी के कानावत; जैतसिंह; बीरमदेव के वंशज लांगच आंबा पूंख्या हमीरगढ़ खैराबाद महुवा सणवाड़ मंडप्या व चौगामड़ी के जागीरदार; रायसिंह की सन्तान मालवे में; सगरजी जो अर्से तक चित्तोड़ के राणा रहे उन के वंश के ऊमरी भदोड़ा गणेशगढ़ गाडोली में; अगरजी के अगरावत टोडा की डाबर में; सीहा की सन्तान छापरेड़ में; पंचानन के बंशज पचाणपुर जुलोला खजूरी हाजीवास में; सुरताण के रेडवास में; लूणकर्ण के लोड़खेड़ी गुणेशरी व दादश में, माछल के गोडवाड़ में सांडा में; महेशदास के वंशज टांटोल व श्रीजीद्वार के पास; रुद्रसिंह के सिरोही इलाके सैणवास में, व नगराज के वंश के मालवे में रोल गांव धावड़या व खाखदरा में हैं. एक कन्या हरकुंवर बाई का विवाह सिरोही के राव रायसिंह के पुत्र उदयसिंह के साथ हुआ था. उदयसिंह ने अपने चचेरे भाई मानसिंह दूदावत की जागीर खोसली तब मानसिंह ने महाराणा की शरण ली. राव उदयसिंह के मरने पर मानसिंह, महाराणा से आज्ञा लिये विना चुपके से रातोंरात सिरोही जाकर गद्दी पर बैठ गया था जिससे अप्रसन्न होकर महाराणा ने उसको सज़ा देना चाहा परन्तु उसने सेवा स्वीकार पीछे महाराणा को प्रसन्न कर लिये.

महाराणा प्रतापसिंह प्रथम

इनका जन्म संवत् १५९६ वि० (स० १५३९ ई०) में हुआ और सं० १६२८ वि० (स० १५७१ ई०) में गद्दी विराजे. अपने दादा सांगाजी के सदृश्य ये शूरवीर, साहसी और बलन्द हौसला थे. जैसे गद्दी बैठने के पूर्व अपने भाइयों से आहत होकर महाराणा सांगाजी ने अपना बहुतसा समय विपत्ति में बिताया * उसी प्रकार राज्य पर आने के

* महाराणा सांगाजी के वर्णन में यह बात रह गई कि जब अपने भाई पृथ्वीराज के साथ युद्ध में घायल होकर सांगाजी बीदा नामी एक राजपूत के पास पहुंचे तो उसने उन का आतिथ्य कर चढ़ने को घोड़ा दिया. सवार होने ही को थे कि दूसरे भाई जयमल ने उनको आन लिया उस वक़्त अपने पाहुने के प्राण बचाने को बीदा जयमल के सन्मुख हुआ और मारा गया. इतने में सांगाजी दूर निकल गये. इंगलिस्तान के बादशाह ऐलफ्रेड आज़म की तरह भेष बदल कर उनको

पीछे भाइयों ही के द्रोह ने महाराणा प्रतापसिंह को भी आराम न लेने दिया. गद्दीनशीनी के समय कुम्भलगढ़, उदयपुर व उसके आस पास की चन्द घाटियों के सिवा मेवाड़ के सब देश पर मुसलमानों ने अधिकार कर रक्खा था. महाराणा प्रताप ने प्रण कर लिया कि जबतक चित्तोड़गढ़ दुश्मन से पीछा न लेलूं आराम न करूंगा, पत्तों में खाऊंगा, चटाई पर सोऊंगा और नक्कारा फौज के पीछे बजवाऊंगा. सारे देश को उन्होंने ऊजड़सा बना दिया ताकि दुश्मन उस से लाभ न उठासकें और अकबर जैसे प्रबल व प्रतापी दुश्मन के मुक़ाबले में कमर कस कर उससे लड़ाई ठानी. मोटा चौड़ा टोप, चर्म का मज़बूत कोट या बख्तर और वैसा ही घुटना आपकी प्रियपोशाक; लम्बा तेज़ अणियाला भाला, पैना कटार, आबदार तलवार और ताते तरल तुरंग ही आप के मित्र थे, जिन को कभी अपने से अलग न किये. सदा पादशाही फौज को तंग करना, शाही थाने लूटना और जब मौक़ा मिले दुश्मन को सजा देकर मातृभूमि, पैतृकधर्म और हिन्दू प्रजा की रक्षा करना ही वे अपना परमकर्तव्य समझते थे और यही आपके सच्चे चित्तविनोद थे. महाराणा प्रताप को ज़ेर करने के वास्तेअकबर ने कई बार सेना भेजी और आप भी आया परन्तु उस की मुराद पूरी न हुई. देश की कोई घाटी, कोई विकट मार्ग, कोई पर्वत पहाड़ी और कोई बनझाड़ी उन से छिपी हुई न थी, प्रायः अपनी अवस्था उन्होंने एकान्त पर्वतीय स्थानों ही में बिताई थी.

शाहन्शाह अकबर के दिल से लगी थी कि राणा को आधीन करे. जब स० ९८१ हि० (स० १५७३ ई० सं० १६३० वि०) में ईडर व बड़नगर की तर्फ राजा भगवानदास कछ-वाहे की मातहती में फौज भेजी और ईडर के राव नारायणदास ने ख़िदमत क़बूल कर नज़राना दाख़िल किया तो लौटती हुई वह फौज गोगूंदे में आकर ठहरी. अकबरनामे में लिखा है कि "राणा कीकाने ख़िदमत में तक़सीर करने के लिये पश्चात्ताप और शर्मिंदगी ज़ाहिर की, राजा भगवानदास से मिलकर उसे इज़्ज़त के साथ अपने महल को ले गया और मेहमानदारी की व अपने पिसररशीद (प्यारे पुत्र) को साथ कर दिया और यह कहा कि आप के वसीले से कुंवर को दर्गाह में भेजता हूं जब मेरी तबियत ठीक होगी मैं भी कभी हाज़िर होऊंगा. यह नहीं मालूम होता कि कुंवर पादशाह के पास पहुंचा हो क्योंकि फिर उसका कुछ जिकर नहीं है और साथ ही उसी साल का यह भी लेख उसी किताब में मिलता है कि कुंवर मानसिंह पादशाही फौज लिये ईडर की तर्फ से लौटता हुआ उदयपुर पहुंचा, महाराणा ने उसको गोठदी और बड़ी खातिर के साथ मेहमानदारी की,

भी एक गडरिये के घर रहना पड़ा और चरवाही के काम में चूक जाने से गडेरिन की झिड़कियां सहनी पड़ी थीं.

परन्तु भोजन के वक़्त आप उस के पास न रहे क्योंकि उसके पिता भगवानदास ने अपनी बहन का विवाह शाहन्शाह अकबर के साथ किया था. मानसिंह ने इस में अपना बड़ा अपमान समझा, उसके चित्त पर इसकी ऐसी चोट पहुंची कि जिस को वह मन से न भुला सका, उस वक़्त तो चुपचाप चला गया परन्तु स० ६८४ हि० (स० १४७६ ई०= सं० १६३३ वि०) में शाही सेना लिये मेवाड़ पर आया. अबुलफ़ज़्ल लिखता है:—

"राणा की सर्कशी अन्दाज़ से बढ़कर गुज़र जाने के कारण बादशाह ने कुंवर मानसिंह को, जो एक अक़्लमन्द सर्दार है और उसे फ़र्ज़ंद ख़ास का ख़िताब भी इनायत हुआ है, इस मुहिम पर मुक़र्रर किया *. लूणकर्ण †, जगन्नाथ, माधोसिंह ‡ आदि राजा और दूसरे कितने ही मुसलमान उमरा साथ थे. कुछ अर्सेतक मानसिंह मांडलगढ़ में ठहरा, राणा भी वहीं पहुंचा, मानसिंह को वह अपना ज़ेरदस्त समझता था. दोनों में लड़ाई हुई, मानसिंह हटकर गोगूंदे की तर्फ़ आगया, राणा भी मुक़ाबले को आन मौजूद हुआ. पादशाही फौज में राव लूणकर्ण व ग़ाज़ीख़ां बाज़ूपर, जगन्नाथ व ख्वाजा गयासुद्दीन हिरोल में, और माधोसिंह वग़ैरह पीछे की तर्फ़ थे. इधर बीच में राणा, दाहिनी तर्फ़ ग्वालियर का राजा रामसाह, बाईं तर्फ़ मानसिंह झाला और जयमल का बेटा रामदास था. पहर दिन चढ़े के क़रीब खमनोर गांव के पास हलदी घाटी में लड़ाई शुरू हुई, दोनों तर्फ़ से ख़ूब मर्दानगी के हाथ दिखाये गये, जान सस्ती और जस महंगा हुआ अर्थात् अपने नाम के वास्ते बहादुरों ने जान को कुछ माल न समझा.

---

* कर्नल् टॉड ने इस फौज का अफ़सर शाहज़ादे सलीम को लिखा है (जो पीछे जहांगीर के लक़ब से बादशाह हुआ) और यह भी कहा है कि सलीम का नायब महाबतख़ां सगरजी सीसोदिया का बेटा था जो पीछे से मुसलमान होगया. शाहज़ादा सलीम तो उस वक़्त ६ वर्ष का था और महाबतख़ां का जन्म भी न हुआ था. महाबत का बाप गयूरबेग क़ाबुल का रहने वाला था. बादशाह जहांगीर ने गयूर के बेटे जमानहबेग को महाबतख़ां का ख़िताब दिया था.

† लूणकर्ण शेखावत सांभर का राजा था.

‡ जगन्नाथ और माधोसिंह दोनों मानसिंह के भाई थे जो अकबरशाह की चाकरी में रहते थे.

रुधिर की नदियां बह चलीं और पृथ्वी लोहू से लाल होगई. ग़नीम के दाहिने बाज़ू की फौज ने बादशाही फौज पर सख्त हमला किया और हिरोल वालों ने भी ज़ोर दिया. पादशाही लश्कर में से जंगी हाथी दुश्मन की फौज में छोड़े गये, राणा के हाथी लूनाने बादशाही हाथी गजमुक्ता को मारकर भगा दिया. राणाप्रताप रामप्रसाद नामी हाथी पर सवार होकर मैदान जंग में आडटा और कई बहादुरों को उसने जख्मी किये. कमाल खां राणा के मुक़ाबले पर आया और राणा के महावत को तीर से मार गिराया. जयमल का बेटा रामदास जगन्नाथ के हाथ से मारा गया, राजा रामसाह अपने तीनों बेटों, शालिवाहन, भानुसिंह और प्रतापसिंह समेत बड़ी बहादुरी से लड़कर खेत रहा." *

"मानसिंह और राणा परस्पर भिड़े, राणा ने वह बहादुरी बतलाई कि उस दिन फतह उसी के नाम लिखी जाने को थी परन्तु पादशाही गिर्दावरी सेनाने ऐन मौके पर पहुंच कर झूठा शोर मचा दिया कि "बादशाह आन पहुंचा है" इससे घबरा कर राणा की फौज भाग निकली और राणा भी ज़ख्मी होकर पहाड़ों में जा घुसा. पादशाही फौज के १५० और राणा के ५०० आदमी मारे गये. राणा का हाथी रामप्रसाद पादशाह के पास भेजा गया. इस फतह के समाचार सुन कर पादशाह बहुत प्रसन्न हुआ और खूब इनाम इकराम बांटा. बादशाही लश्कर गोगूंदे में ठहरा रहा."

मुन्तख़बुत्तवारीख़ का मुसन्निफ मुल्ला बदायूनी लिखता है, जो इस लड़ाई में शरीक था, कि राना कीका तीन हज़ार सवार से घाटी के पिछवाड़े से निकला और इस ज़ोर से

* रामसाह, ग्वालियर के तंवर राजा विक्रमादित्य का पुत्र था, जब उसको मुग़लों से ग्वालियर मिलने की आशा न रही (जिस पर बाबर ने क़ब्ज़ा कर-लिया था) तब वह शेरशाह से जा मिला और उसके सर्दार शुजाख़ां को मदद देकर मालवा मुग़लों के अधिकार में से निकलवा दिया. सं० १५५६ ई० में शाहन्शाह अकबर ने ग्वालियर पर फौज भेजी और वहां के अफ़ग़ान हाकिम सुहेलख़ां ने अपने में उस गढ़ को बचाने की ताक़त न देखी तो राम-साह को क़िला सौंप देने के वास्ते ग्वालियर बुलाया, परन्तु मार्ग ही में अकबर के सेनापति इक़बालख़ां से शिकस्त खाकर रामसाह भागा और महाराणा उदय-सिंह के शरण आरहा. कोई ऐसा भी लिखते हैं कि तीन दिन की सख्त लड़ाई के पीछे काबाख़ां ने ग्वालियर से रामसाह को भगाया था. रामसाह के बेटे शालिवा-हनको राणा उदयसिंह ने अपनी कन्या ब्याहदी थी.

हमला किया कि ग़ाज़ीख़ां बदीकरी के शेख़ज़ादों ने पीठ दिखाई और ऐसे भागे कि पांच छः कोस तक पीछे फिर कर न देखा. राना व मानसिंह हाथी पर सवार थे मानसिंह के पीछे के हाथी का फीलबान हुसैनखां गिरपड़ा तो मानसिंह आप लपक कर महावत की जगह जा बैठा. राना का हाथी रामप्रसाद बादशाही हाथी से भिड़ा और टक्करों के धक्के से राणा का महावत नीचे गिरगया उस वक़्त फुर्ती के साथ कूद कर शाही फीलवान राणा के हाथी पर जा बैठा और चंदावल की फौज ने नक़ारा बजाकर पुकारा कि बादशाह आन पहुंचे हैं तब तो माधोसिंह के मुक़ाबले में तीर से ज़ख्मी हुआ राणा भाग निकला परन्तु किसी की जुरअत न हुई कि उस का पीछा करे. मुसन्निफ रामप्रसाद हाथी को लेकर फतहपुर में बादशाह के पास हाज़िर हुआ. बादशाह ने हाथी का नाम हरप्रसाद रक्खा. पहिले भी बादशाह ने इस हाथी को राणा के पास से मंगवाया था परन्तु राणा ने नहीं भेजा था.

कहते हैं कि महाराणा का भाई शक्तिसिंह पादशाही सेना में था, जब महाराणा प्रताप घायल होकर चेटक पर सवार पहाड़ों की तर्फ जाते थे तो दो पादशाही इक्कों ने उनका पीछा किया. महाराणा का घोड़ा भी ज़ख्मों से पूर और थकान से चूर हो रहा था इसलिये इक्कों ने उसे जा ही लिया था. यह देखकर शक्तिसिंह से न रहा गया, ख़ून ने जोश मारा और आप भी घोड़े को तेज़ कर तुरन्त उधर सिधारा, अपने खुले हुए खड्ग से इक्कों का सिर तन से उतारा और अपना घोड़ा भाई के नज़र कर आप पैदल ही पीछा लश्कर को लौट आया. महाराणा का चेटक से उतरना था कि उसने वहीं दम तोड़ दिया. तबक़ाते अकबरी में लिखा है कि रसद न मिलने से जब बादशाही लश्कर के आदमी भूखों मरने लगे तब लाचार बादशाह ने फौज पीछी बुलाली और हाल पूछा, चन्द अफसरों ने अर्ज़ की हमारे पास अनाज न रहने पर भी मानसिंह ने हमें राणा का मुल्क न लूटने दिया. इस पर नाराज़ होकर बादशाह ने कई दिनों तक मानसिंह का दर्बार बन्द कर दिया.

"राजा भगवानदास वग़ैरह को पादशाह ने फिर गोगूंदे भेजे. अचांचक पहाड़ों में से निकल कर राणा अपने राजपूतों समेत, जो प्राणों को हथेली पर धरे रहते थे, पादशाही अनी पर आन गिरा और कई नामी सर्दारों को मारकर पीछा पहाड़ों में चला गया." मुसलमानों ने जगह जगह थाने बिठाकर चाहा कि राणा को खमनोर की घाटियों में से निकाले परन्तु जब देखा कि कुछ बस नहीं चलता है तो क़ुतबुद्दीनखां और राजा भगवान-

दास पादशाही इजाज़त के विना वहां से चले आये इसलिये अकबर उनसे बहुत नाराज़ हुआ *.

दुश्मन को शिकस्त देकर कई कड़ी घाटियों और बिकट स्थानों पर महाराणा ने पीछा क़ब्ज़ा करलिया, तब शाहन्शाह अकबर को बड़ा अंदेशा हुआ और फिर फौज भेजी. शाही सेनापति शाहबाज़ख़ां ने सख्त लड़ाई के पीछे कुम्भलगढ़ लेकर केलवे के क़स्बे पर क़ब्ज़ा करलिया. तबक़ाते अकबरी का मुवर्रख़ लिखता है कि 'क़िले पर एक बड़ी तोप के फटजाने से मेगजीन उड़गया. गढ़ के द्वारपर दिलेर राजपूतों ने खूब मुक़ाबला किया परन्तु सब मारे गये. राणा कीका (फारसी तवारीखों में महाराणा प्रताप का नाम कीका ही लिखा है) बांसवाड़े की तर्फ भागगया. ग़ाज़ीख़ां बदख़शी को वहां छोड़कर शाहबाज़ आगे बढ़ा, गोगूंदा फतह किया और उदयपुर को जा लूटा जहां बहुत सा माल उस के हाथ आया.'

इसी तरह बादशाह बराबर फौज भेजता रहा और रातदिन की लड़ाई से महाराणा भी तंग आगये, पास पैसा न रहा परन्तु इतने पर भी दुश्मन की ख़बर बराबर पहुंचती रही. जब उसे ग़ाफिल पाया तुरन्त लौट पड़े, धनकी सहायता के लिये परमात्मा ने भामाशाह नामी साहूकार को भेज दिया जिसने अपना असंख्य द्रव्य महाराणा के भेट किया. बल पाकर फिर शत्रु को खदेड़ने लगे. घोर आफत आने पर भी धैर्य्य को हाथ से न दिया, यहांतक कि चित्तोड़ और मांडलगढ़ के सिवा अपना सारा देश उन्होंने दुश्मन से छुड़ा लिया.

सं० १६३८ वि० में जब बादशाह अकबर गोगूंदे के मार्ग से डुंगरपुर बांसवाड़े से गुजरात की तर्फ गया था तो अजमेर के सूबेदार मिर्ज़ाख़ां की बेगम को गोगूंदे छोड़ गया था. कुंवर अमरसिंह ने शाही सिपाह को शिकस्त देकर बेगम को क़ैद करलिया परन्तु महाराणा ने उसको बड़ी इज्ज़त के साथ अपने पति के पास अजमेर पहुंचा दिया. क्षत्रिय धर्मपर आरूढ़ हिन्दूपति की उदार प्रकृति का यह दूसरा उदाहरण है.

महाराणा की विपत्ति का चित्र खींचते हुए कर्नल् टॉड लिखता है कि 'एकबार अपने बालकों को रोटी के वास्ते तरसते हुए देखकर प्रताप का जी भर आया और बादशाह

---

* उस समय एक दोहा किसी कवि ने कहा है:—

धर बांकी दिन पाधरा, मरद न मूके माण।
घणा नरिंदां घेरियो, रहै गिरिंदां राण॥

को लिखा कि "मेरी मुसीबत कम कीजिये!" उस चिट्ठी के पढ़ने से पादशाह बहुत प्रसन्न हुआ और बीकानेर के राजा पृथ्वीराज को वह पत्र बतलाया. उसने अर्ज़ की कि प्रतापसिंह के किसी दुश्मन ने यह जाल रचा है, अगर हुक्म हो तो मैं इसकी तसदीक़ करलूं. पादशाह ने इजाज़त दी तब पृथ्वीराज ने १४ दोहे का एक पत्र राणा को लिखा. उस पत्र के पढ़ते ही प्रताप को जोश पैदा हुआ और उसने अपना इरादा बदल दिया आदि.

सम्भव है कि ऐसा महान् आपत्काल आन उपस्थित हुआ हो क्योंकि शाहन्शाह जहांगीर ने स्वयं अपने रोज़नामचे में ऐसा लिखा है कि "दर हर मर्तबा अफ़वाज क़ाहिरा कार रावरोतंग साख्ता चुनां मे करदंद कि बदस्तदर आयद या ख़राब व आवारा गर्दद." (अर्थात् मेरे वालिद बुज़ुर्गवार ने चित्तोड़गढ़ फतह करने पीछे कई बार लश्कर जर्रार राना पर भेजा जिसने हरमर्तबा राणा को इतना तंग किया कि वह क़ैद में आजावे या ख़राब व आवारा होजावे). परन्तु सम्भव नहीं कि प्रण का पक्का प्रताप पादशाह से मुआफी मांगे, और जो ऐसा किया होता तो फिर अपनी बात से मुकरना यह तो प्रताप जैसे सत्यवादी से कभी होना नहीं था. ऐसा लेख दृढ़व्रत वीर की कीर्ति को बढ़ाने वाला नहीं परन्तु उस के सिरपर प्रतिज्ञा भङ्ग करने और फिर लजाकर अन्यथा कहने का दोषारोपण कर उस के निर्मल यश में कलङ्क लगाने वाला है. असम्भव है कि अकबर को प्रार्थनापत्र लिखकर पृथ्वीराज के पूछनेपर प्रताप राणा मुकर जावे. उन सत्यवादी वीर शिरोमणि की प्रतिज्ञा और बचन ध्रुव के तारे के समान अटल थे. मेरी समझ में तो राणा को रिझाकर अपने चंगुल में चढ़ाने की यह भी एक चाल पादशाह ने चली थी. अकबर की आज्ञानुसार ये तीन दोहे लिख कर बीकानेर के राजा कल्याणसिंह के तीसरे पुत्र पृथ्वीराज ने महाराणा की सेवा में चारण सूरचन्द टापरिया * के हाथ भेजेः—

पातल जो पतसाह, बोलै मुखहूतां बयण
महर पछमदिस मांह, ऊगे कासपरावउत ॥ १ ॥
पटकूँ मूंछां पाण, कै पटकूं करतन करद
दीजे लिख दीवाण, इण दो मांहली बात इक ॥ २ ॥

* उस चारण को बड़वाई गांव बख्शा गया था जो आज तक उन्हीं की सन्तान खाती है.

समजूं जहर सवाद, किना बाद जीतूं कलम ।
यां दो मँहली याद, सोह लिख दीजे सीसवद ॥ १ ॥

तो उनके उत्तर में महाराणा ने ये तीन दोहे लिखेः—

दोहा-तुरक कहासी मुख पतो, इण तन सूं इकलिंग
ऊगै जांही ऊगसी प्राची बीच पतङ्ग ॥ १ ॥
खुसहूतां पीथलकमध, पटको मूंछां पाण
पछटण है जेते पतो, कलमा सिर कैवाण ॥ २ ॥
सांग मूंछ सहसीसको, समजस जहर सवाद
भड़ पीथल जीतो भलां, बणे तुरक सूं बाद ॥ ३ ॥

इस पर प्रसन्न होकर पृथ्वीराज ने एक दोहा और एक गीत धन्यवाद के तौर महाराणा को लिखाः—

दोहाः-हिन्दू हिन्दूकार, राणा जे राखत नहीं ।
(तो) अकबरियो एकार पोह सह करत प्रतापसी ॥

गीतः-नर जेथ निमाणा निलजनारी, अकबर गाहक बट अबट ।
आवे जिण हाटे ऊदावत, बेचे नहं रजपूत बट ॥ १ ॥
परपंच दिठ बँध लाज निकापत, खोटो लाभ कुलाभ खरो ।
रज बेचवान आवै राणो, हाटे मीर हमीर हरो ॥ २ ॥
रोजायतां तणै नव रोजे, जेथ मसाणा जगत जन ।
घोहटे तण आवे चीतोड़ो, पतो न खरचै खित्रि पण ॥ ३ ॥
पंड आपणातणे पुरसातम. रोहणियाल़ तणे बलराण ।
खत्त बेचियो जठे अन खित्रिये,
खत राख्यो जठै खुम्माण ॥ ४ ॥
जासी हार बातरहसी जग, अकबर ठग जासी एकार ।
हैराख्यो खित्री भ्रमराणा, सारो ले वरतै संसार ॥ ५ ॥

अपनी वंशपरम्परा की कीर्त्ति को क़ायम रखने के वास्ते सांसारिक सुख तो क्या चीज़ है, किन्तु प्राणों को भी तुच्छ समझ घोर विपत्तियों का सामना कर स्वधर्म में

निश्चल रहने वाले शूरवीर महाराणा प्रताप जैसे कई और भी संसार में हुए होंगे, परन्तु हम तो उनकी सच्ची वीरता इसमें समझते हैं कि जब दूसरे राजा महाराजाओं ने अपन राज्य बचानेही को नहीं किन्तु बढ़ाने के वास्ते मुसलमान पादशाहों की सेवा स्वीकार उनको अपनी बहन बेटियां ब्याहदीं, उस वक्त एक प्रतापसिंह ने शत्रुसे प्रभुता और प्रतिष्ठा के वास्ते प्रार्थना करना व अपनी स्वतंत्रता को तिलांजलि देना अपने आली खान्दान की शानके ख़िलाफ समझकर शत्रु की प्रबलता और प्रताप पर ध्यान न देता हुआ केवल पुरुषार्थ और भुजबल के भरोसे तलवार के ज़ोर से अपना खोया हुआ राज्य पीछा लिया और अपने पुत्रको भी अन्तिम शिक्षा यही दी कि स्वतंत्रता को सदा बनाये रखना ! बादशाह अकबर के दखन की तर्फ उलझजाने से मृत्यु के दो एक बरस पहिले महाराणा को कुछ चैन मिला था, तो भी चित्तोड़गढ़ का शत्रुके हाथमें होना निरन्तर उनके जी में कसकता रहा. कहते हैं कि अन्तकालमें आपके आत्मा को जब सर्दारों ने दुखी देखा तो अर्ज़ की कि इसका क्या कारण है. आपने फ़र्माया कि मुझे अमरसिंह की तर्फसे विश्वास नहीं, वह अपने आराम के वास्ते तुर्कों की ताबेदारी क़बूल कर लेगा और चित्तोड़गढ़ पीछा लेनेके पूर्वही महल बनाकर उनमें रहेगा. सलूमर के रावने महाराणा के चरण छूकर शपथ की कि आप खातिरजमा रक्खें ऐसा कभी न होने पावेगा, तब सं० १६५३ वि० (स० १५९६ ई०) माघशुदि ११ को ५७ वर्ष की अवस्था में पच्चीस वर्ष राजसिंहासन की शोभा बढ़ाकर चावण्ड गांवमें यह वीरशिरोमणि महाराणा अमरपद को प्राप्त हुए *, इनके १७ पुत्रों में से पाटवी अमरसिंह पाट बैठे ॥

* महाराणा प्रतापसिंह की मृत्यु का कारण सिंह की शिकार भी बतलाया जाता है. एक बार आप आखेटार्थ गये, सिंह कूद कर एक गढ़े में जा छिपा, एक टोकरे में बैठ रस्से द्वारा राणा भी गढ़े में उतरा और वहां इस जोर से तान कर कमान मारा कि सिंह का काम तो एक ही बान में तमाम होगया, परन्तु विशेष बल करने से महाराणा की आंत फट गई और उसी से आपका शरीर छूटा.

जैसे महाराणा प्रतापसिंहजी अपने प्रण के पक्के थे वैसे ही उनके प्रतिद्वंदी कुँवर मानसिंह कछवाहे का भी पूर्ण स्वामिधर्म प्रकट करने को मुल्ला बदायूनी लिखता है कि "जब स० ९९६ हि० में बादशाह ने मानसिंह को बिहार हाजीपुर व पटने की सूबेदारी पर भेजा तो ख़िलवत में बुलाकर उसकी वफादारी आज़माने को चंद सवाल किये. अर्ज़ की कि बादशाही ख़िदमत में सिर को हथेली पर धरे हुए हूं, इससे बढ़कर क्या जां निसारी कर सक्ता हूं और मज़हब का मामला हो तो मैं हिन्दू हूं अगर फर्मावें तो मुसलमान होजाऊं,

महाराणा प्रतापसिंह के मरसिये में कहा हुआ छप्पयः—

अशलेगो अणदाग, पागलेगो अण नामी।
गो आड़ा गवड़ाय, जिको बहतो धुरवामी॥
नवरोजे नहंगयो, नगो आतशांनवल्ली।
नगो झरोखा हेट, जेथ दुनियाण दहल्ली॥
गहलोत राणजीती गयो, दसण मूंद रसना डसी।
नीशासमूक भरियानयण, तोमृत शाह प्रतापसी॥

महाराणा प्रतापसिंह के पुत्र—अमरसिंह गद्दी बैठे, नाथजी, प्रचुरजी की सन्तान जोलावास में, सहसमल्ल के वंशज धर्यावद में, रामजी की सन्तान ऊदल्या व मानकरी में, हस्तिसिंह की वोरचावास दांतड़ा व गेंदला में, श्यामलदास की जांबूड़ा में, जसवन्तसिंह के कारूंडा व जलोदा में, शेखजी के नाणाबेड़ा व बीजापुर में, कल्याणदास के फलसाद में, और बारवें पूरा के वंश के पूरावत मगरोप गुरला गाडरमाला और आरज्या में हैं.

पाठकगण! हमने मुग़लों का साम्राज्य हिन्दुस्तान में स्थापन होने तक मेदपाटेश्वर गुहिलवंशी महाराणों के प्रताप की सैर आपको कराई, अब कुछ ठहर कर रावल रत्नसिंह से महाराणा प्रतापसिंह तक क़रीब ३०० वर्ष के समय पर साधारण रीति से दृष्टि डालते हैं. अदृष्ट ने इतने से अन्तर में कैसे २ खरे खेल दिखलाये, भारत के भाग ने क्या क्या पलटे खाये, कैसी २ विचित्र घटनायें सामने आईं, ज़माने ने क्या क्या रंग बदले और आर्य्यावर्त्त की रंगभूमि पर कैसे २ अद्भुत नाटक खेले गये. सच है, राग, मद, मोह, चक्रता व चंचलतादि गुणों से युक्त यह भ्रमरीरूप राजलक्ष्मी योद्धाओं के खड्ग मंडल रूपी कमल बन में बास करती हुई भी रूप गुण कुल धर्म चातुर्यतादि बन्धन का विचार न करके इन्द्रजाल के तुल्य पलायन कर जाती है, इसीसे इसको कुलटा की पदवी मिली है. सन् ईसवी की बारहवीं शताब्दी के अन्त से भारत के क्षत्रिय राज्यों का प्रकाश मन्द पड़कर मुसलमानों के प्रताप का सूर्य्य बढ़ता जाता था. अफ़ग़ानिस्तान के पठान सूत्रधारों ने बलात्कार हिन्दू राजाओं के अधिकार की जवनिका फाड़ कर इस महान् रंगशाला में अपनी विजयलक्ष्मी के ऐसे ऐसे रोचक व भयानक दृश्य दिखलाये कि दर्शकगण चकित व थकित होगये और उन क्रूर भयंकर कर्मों का प्रभाव उनके हृदय पर ऐसा पड़ा कि फिर उस अधिकार के प्रवाह को रोकने में वे निरे असमर्थ बन गये. चहुवाणों से दिल्ली छिनकर मुसलमानी महाराज्य की राजधानी वहां स्थापन हुई. गुजरात के सोलंकी, मालवे के परमार, मध्य भारत के कलचूरी व चन्देल और बङ्गाल के सेनवंशी राजाओं के भाग्य का भानु अस्ताचल को जा चुका था. सिंध पंजाब में

मुसलमानी झण्डा फहरा ही रहा था, केवल राजपूताने और दक्षिण के राजपूत शेष रह गये थे.

दिल्ली के आनन्ददायक आवास में बास कर गोरी वंश के बादशाह भारत के राज्य का सुखविलास पूरे सौ वर्ष भी भोगने न पाये थे कि ख़िल्जियों ने आकर खेल बदल दिया. बिचारा बूढ़ा फीरोज़ ख़िल्जी राज्य के वास्ते अपने कृतघ्नी भतीजे अलाउद्दीन की कपट क्रिया से मारा गया, उस विश्वासघाती ने अपनी पाशविक वृत्ति की तृप्ति के वास्ते असंख्य नर नारियों के प्राण लिये और दक्षिण के यादववंशियों को जीतकर भारत के उस विभाग में भी अपनी विजयपताका उड़ाई. अन्यायी की आयु सदा ओछी हुआ करती है. इस न्याय के अनुकूल अला के वंश का नाश भी थोड़े ही काल में होकर तीसरे तुग़लक़ तख़्त के मालिक हुए. सन् ईस्वी की चवदवीं शताब्दी के मध्य में मोहम्मद तुग़लक़ के कई बड़े २ सूबे स्वतन्त्र हो जाने से देहली का मूल महाराज्य जौनपुर, गुजरात, मालवा, और दक्खन की कई बादशाहतों में बंट गया, और तुग़लक़ वंश के अन्तिम शाह महमूद के समय में ख़ुरासान का मुग़ल अमीरतैमूर स० १४०० ई० में हिन्दुस्तान में आया. महमूद दिल्ली छोड़ कर भागा और अमीर ने अनाथ हिन्दू प्रजा पर घोर अत्याचार कर घास पात की तरह लाखों के गले काट डाले और क्रोड़ों का माल ले गया. तत्पश्चात् सौ एक साल फूटी दिल्ली में सैय्यद व लोदियों ने राज्य किया होगा कि मुग़ल वंश का बाबर बादशाह पानीपत के भारत में इबराहीमशाह लोदी और बयाने के युद्ध में राणा सांगा को शिकस्त देकर दिल्ली के राजसिंहासन का स्वामी हुआ. उसी बाबर का पुत्र हुमायूंदीन दिल्ली का बादशाह अपने राज्य व धन की वृद्धि में लगा हुआ मौज कर रहा था कि अचांचक उसके प्रारब्ध ने पलटा खाया, चनारगढ़ के पठान हाकिम शेरशाह ने बंदगी से सिर फेर जिधर तिधर बादशाही सेना को परास्त करना आरम्भ किया और बिचारे हुमायूं को अपने प्राणों के लाले पड़ गये, जमना नदी के पूर में पड़ कर भागा जहां उसे डूबते हुए को एक भिश्ती ने बचाया. जो राजा उस शाहन्शाह की कृपाकटाक्ष के अभिलाषी बने रहते थे उन की शरण उस को ताकनी पड़ी, बन पर्वत और रेगिस्तानों में अन्न जल के कष्ट से उसके कई साथी मारे गये, सवारी तक न मिलने से बादशाह और उस की बेगमों को तप्त बालू के थलों में पापियादा चलना पड़ा, सगे भाइयों ने सहायता देने से मुंह मोड़ा और उलटे उस की जान के गाहक बन गये. अपने तीन वर्ष के बालक पुत्र अकबर को काबुल में छोड़ हैरान व परेशान फिरते अन्त में ईरान में जाकर हुमायूं ने विश्राम लिया, वहां १४ वर्ष का बिखा काट पीछा भारत में आया, दिन फिरे और राज्य पाया. उसी हुमायूं का पुत्र अकबर था जिसने साम दाम दण्डभेद से बड़ी २ बादशाहतों को तोड़कर सारे भारत को अपने छत्रछाया में लिया और क्षत्रिय राजाओं को सेवक से बनालिये.

अब इस लीला को यहीं छोड़ थोड़ा धर्म की ओर भी ध्यान देलें. बौद्ध मत का तो बीज भी भारत में न रहा था परन्तु जैनियों ने तेरहवीं शताब्दी में उन्नति की. गुजरात मालवा और राजपूताने में यह मत बहुत फैला, लाखों मनुष्य उसके अनुयायी होकर श्रावकों की श्रेणी में आये. वेद वेदाङ्ग का पठनपाठन ब्राह्मणों में पहिले ही से लुप्त होगया था, पुराणों की नूतन सृष्टि के अनुसार शैव शाक्त वैष्णव गाणपत्यादि मतों का प्रचार होचुका था, अब उन में नाना भेद, नाना पंथ, नाना सम्प्रदायें होगईं, यहांतक कि धुनिये जुलाहे, छीपे, दरजी, डोम, चमारादि अशिक्षित मनुष्यों ने नये नये पंथ चलाकर लाखों भारतवासियों के विश्वास अपनी ओर खींचलिये. विद्या के नष्ट होजाने से विज्ञान और कलाकोशल दिन दिन घटते गये और उनका स्थान अविद्या और अंधविश्वास ने पूर्ण-रूप से लिया. कण्ठी माला पहनने और तिलक छापे लगाकर साधु बन बैठने से जब विना प्रयास ही सब प्रकार के सुख मिलने लगे तो भारत में साधुओं की बबा फैली, आलस्य और दुराचार के बस हुए असंख्य मनुष्यों ने काम काज छोड़ मांगखाने की शरणली. इन्हीं मत मतान्तरों ने हिन्दू घरों में देवासुर संग्राम सा मचादिया और उधर उन के विरोधी मुसलमान उनको व उनके धर्मगुरुओं को सताते और मारते थे इसलिये साधु संन्यासी और सेवड़ों के थोक विशेष कर हिन्दू राज्यों में आन जमे जहां उनकी चैन से गुज़रने लगी. अतः मतभेद देश की अवनति में एक मुख्य कारण हुआ, स्वतंत्रता गई, धन गया, धर्मगया, सेवकाई और भिखारीपन से निर्वाह करने की नौबत पहुंची. उधर मत द्वेष से हिन्दू प्रजा पर मुसलमानों का अन्याय बढ़ता गया. हिन्दुओं के मंदिर व मूरतें तोड़ी जातीं, उन से जिज़िया (एक प्रकार का कर) वसूल किया जाता, लाखों स्त्री पुरुष और बालक बर्बस लौंडी गुलाम बनाये जाते या क़त्ल किये जाते, देश में पठानों का उपद्रव प्रायः मचा ही रहता था, काफरों के जानमाल को हर-वक़्त ख़तरा था, कभी सुख से सोने नहीं पाये. सेनाओं के इधर उधर चलते रहने और मारकाट लगी रहने से कृषिकार व व्यौपारियों का तो चूर्ण होजाता था. राजा व उन के आश्रित राजपूत पराजित होने पर अपने कुटुम्ब को शत्रु के दुष्ट व्यवहार से बचाने के वास्ते जोहर कर हज़ारों स्त्रियों व बालकों को जीते आग में जला देते थे.

ऐसे संकट के समय में जबतक राजपूताने के क्षत्रिय राजाओं ने अपनी स्वतंत्रता स्थिर रखने के वास्ते पूज्यपावन सीसोद वंश की साया में रह कर अपनी सामुदायिक शक्ति बनाये रक्खी तबतक तो मेवाड़ का प्रताप भी दिन दिन बढ़ता गया और अन्य राजाओं को भी विधर्मियों के सन्मुख सीस झुकाने और हाथ बांधे खड़े रहने के कष्ट न सहने पड़े, परन्तु राजकुलों में यह शक्ति कब ठहरने वाली थी और मुख्यतः भारत

के क्षत्रियों में मुग़लों का राज हिन्द में आने तक तो मुसलमान सुलूतान राजपूत राजाओं से दण्ड ले लेते या ख़िराज ठहरा लिया करते थे, परन्तु हुमायूं के समय ही से पादशाहत के साथ राजाओं का नया सम्बन्ध जुड़ा, राजा लोग बादशाही सेवा में नियुक्त हुए जिसके बदले उनको बड़े बड़े मंसब व जागीरें और अच्छे २ सैनिक पद मिलने लगे. इस लोभ ने राजपूतों के घरों में फूट डालदी, छोटे भाई भतीजे चाके बाबे आदि अपने पाटवी का साथ छोड़ पादशाही सेवा में जाने लग गये और देशी राज्यों को निर्बल बनाने के वास्ते शाही दर्बारों में उन लोगों की पूछ भी होजाती थी. राज्य के पटे उनके नाम लिख दिये जाते, जिससे वे आपस ही में लड़ कट कर मर जाते. इस तरह देशी राज्य प्रतिदिन दीन व शक्तिहीन होकर पूर्ण रीति से पराधीन होगये.

मेवाड़ में जब तक इस प्रथा का प्रभाव न पड़ा और स्वामिधर्म की वंशपरम्परागत प्रणाली में बंधे हुए यहां के भाई बेटे और सामन्तगण तन मन धन से राज्य की सेवा में तत्पर रहे, ऐसे ही प्राचीन कुल मर्य्यादानुकूल राज्य की तर्फ से भी अपने उस महान् उपयोगी अङ्ग की रक्षा यथोचित होती रही तब तक दिल्ली मालवा और गुजरात के मुसलमान महाराजा इस देश का बाल भी बांका न कर सके. अपने ही भाई बेटों की सहायता और भुजबल का फल था कि महाराणा हमीर ने प्रबलशत्रुओं से अपने पूर्वजों का खोया हुआ राज पीछा लिया, क्षेत्रसिंह ने बादशाही नगर लूटे और मेवाड़ को तरक्की दी; लक्षसिंह ने गया तीर्थ में जाकर मुसलमानों से लड़ाइयां लीं, मोकल ने मालवा और गुजरात के सुलूतानों से कई जंग किये, और महाराणा कुम्भकर्ण ने तो दिल्ली मालवा और गुजरात के मुसलमान बादशाहों के हौसले ही पस्त करदिये और अनेक वार उन्हें युद्ध में पीठ दिखानी पड़ी. अफसोस कि महाराणा कुम्भकर्ण के पुत्र पितृघाती उदयकर्ण ने उस स्वामिधर्म की जड़ ढीली कर अपने घर में फूट का बीज बोया और फिर तो ईर्ष्या द्वेष के जल सिञ्चन से वह पौदा पनपता ही गया. यद्यपि महाराणा रायमल की नीति निपुणता और महाराणा सांगाजी के शौर्य्य, वर्ताव व बुद्धिमत्ता ने उसके उभार को रोका व सांगाजी ने अपने दान मान मृदुता और स्नेह से सामन्त दल का बल व उत्साह और प्रजागण की प्रीति सम्पादन के द्वारा अपना इरादा यहांतक बढ़ालिया कि भारत में पुनः हिन्दू राज्य कायम होजाने की आशा बंधगई और यदि बयाने में बाबर से लड़ाई जीत लेते तो उस आशा के पूरी होने में कोई सन्देह नहीं था, तो भी महाराणा सांगाजी के स्वर्गवास करते ही उस यंत्र के कील पुर्जे ढीले होगये, माजी पद्मावती ने उदयकर्ण के बोये हुए बीज के अङ्कुर को बढ़ाया, महाराणा रत्नसिंह और विक्रमादित्य का झगड़ा चला जिसमें दोनों के प्राण गये और बणबीर की बन आई. महाराणा उदयसिंह के पुत्र

शक्तिसिंह ने अपने भाई प्रताप का साथ छोड़ शाहन्शाह अकबर की सेवा स्वीकारी और ऐसे ही जगमाल और सगरजी भी शाही दर्बार में चले गये. मसल मशहूर है कि "घर का भेदी लङ्का ढहावे" डूंगरपुर बांसवाड़े के राजाओं ने गुजरात के बादशाहों से सम्बन्ध जोड़ा, मारवाड़ आमेर बूंदी के रावों ने अकबर की आधीनता में रह कर अपना अपना स्वार्थ सिद्ध किया. मेवाड़ का सामुदायिक बल टूट जाने का फल यह हुआ कि देश मुसलमानों के हाथ में चला गया. इतने पर भी महाराणा प्रतापने अपनी टेक रखदी, यद्यपि हल्दी घाटी की लड़ाई के सिवा महाराणा प्रताप पर्वतों में रहकर दौड़ते हुए लड़ाइयां लेने ही में समर्थ रहे परन्तु इतने पर भी उनके अपूर्व साहस व अनुपम वीरता को देख शत्रुता रखते हुए भी बादशाह को उनकी प्रशंसा करनी पड़ी. महाराणा प्रतापसिंह के साथ ही मेवाड़ की स्वतंत्रता ने भी पयान किया.



प्रकरण पांचवा.

महाराणा अमरसिंह

इन का जन्म सं० १६१६ वि० (सं० १५५६ ई०) में हुआ था और स० १६५४ वि० (स० १५९७ ई०) में गद्दी बैठे उस समय का एक लेख इन महाराणा का गोडवाड़ पर्गने के सादड़ी गांव में है *. महाराणा प्रतापसिंह के परलोकवास करने पीछे आठ वर्ष तक शाहन्शाह अकबर ने पादशाहत की, परन्तु फिर उसे मेवाड़ पर चढ़ाई करने का मौक़ा न मिला. अकबर के मरने पर शाहज़ादा सलीम नूरुद्दीन जहांगीर के लक़ब से स० १०१४ हि० (स० १६०५ ई०-सं० १६६२ वि०) में आगरे में तख़्त पर बैठा. उसी साल उसने एक बड़ीभारी फौज शाहज़ादे पर्वेज़ की मातहती में मेवाड़ पर भेजी. बादशाह अपनी किताब तुज़के जहांगीरी में लिखता है कि "राणा चलायतहिन्द का ज़बर्दस्त काफिर है, मेरे वालिद ने कई मर्तबा उस पर लश्कर भेजा मगर उसका फिसाद दूर न हुआ. मैंने फर्ज़न्द पर्वेज़ को शुभसाअत में जड़ाऊ खंजर, तलवार, बहत्तर हज़ार रुपयों की मोतियों की माला और उम्दा घोड़े हाथी देकर रुख़सत किया. आसिफ़ख़ां सेनापति था, राणा सगरा को भी जो अमरसिंह का काका था ख़िलअत और जड़ाऊ तलवार देकर साथ भेजा †, मानसिंह (कछवाहा) का भाई माधोसिंह, रायसाल शेखावत, महासिंह

---

* "श्रीगणेशाय नमः । श्रीब्रह्मणे नमः । लक्ष्मीनारायणाय नमः । श्रीउमा महेश्वराय नमः अथ श्री नृपविक्रमार्क सम्वत् १६५४ वर्षे शाके १५२० प्रवर्त्तमाने महा मांगल्यप्रद वैशाखमासे कृष्णपक्षे द्वितीयायां तिथौ बृहस्पतवासरे श्री सादड़ी नगर महाराजाधिराज महाराणा श्री श्री अमरशंघजी विजयराज्यः उसवाल ज्ञातीय कावेड़िया गोत्र श्रावक वरद विराजमान साह श्री भारमल तद्भार्या .....नादेचा गोत्र.....माई श्री कपूरा नाम्नी तयस पुत्रस्य साह श्री ताराचन्दस्य एकादस सती सहित सपुण्यर्थ तारावावि नामक तीर्थ कारितं" (भावनगर शोध संग्रह पृष्ठ १४४)

† यह सगरजी महाराणा प्रतापसिंह का छोटा भाई था, मेवाड़ का राज मिलने की नियत से बादशाही ख़िदमत में चला गया था. मूंता नैणसी सगरजी

(कछवाहा), मनोहरदास शेखावत और कई दूसरे नामी उमरा भी साथ थे, ग़र्ज़ कि उम्दा उम्दा सर्दार और राजपूत सबही इस फौज में शामिल थे और एक ऐसा जर्रार लश्कर बनगया कि बड़ा बादशाह भी उसका मुक़ाबला न करसके."

यद्यपि बरसों के लड़ाई झगड़ों से मुल्क वीरान होगया था, महाराणा के अच्छे २ सर्दार राजपूत भी काम आचुके थे और घर में फूट फैल कर कई भाई बेटे और सर्दार बादशाही ख़िद्मत में चले गये थे, तथापि महाराणा अमरसिंह व कुंवर कर्णसिंह ने दुश्मन का खूब मुक़ाबला किया. पादशाह लिखता है कि मैंने पर्वेज़ को पीछा बुलालिया, राना ने आसिफख़ां को कहलाया कि मैं अपने छोटे बेटे बाघसिंह को ख़िद्मत में भेजता

के दर्गाह जाने का कारण यह लिखता है कि उसने चाहा कि महाराणा सिरोही के राव से अपने भाई जगमाल के मारने का बैर ले, परन्तु जब महाराणा ने उधर ध्यान न दिया तो वह बादशाही चाकरी में चला गया. शाहन्शाह जहांगीर ने अपने हाथ से उस की कमर में तलवार बांध कर उसे चित्तोड़ का राणा बनाया और कई वर्ष तक वह चित्तोड़ में रहा था. महाराणा अमरसिंह उस वक्त चावण्ड में रहते थे. बादशाह की दी हुई इस इज्ज़त को मेवाड़ वाले कब मानते थे. बादशाह ख़ुद लिखता है कि सिवागढ़ में बैठे रहने के राना सगरा से कुछ भी न बन पड़ा. पुष्कर तीर्थ में बराह का मंदिर राणा सगरा ही का बनाया हुआ है. तुज़के जहांगीरी में लिखा है जबकि बादशाह पोकर को गया था "इस तालाब के चारों तर्फ बहुतसे देहरे नज़र आते हैं, उन तमाम में राना सगर ने, कि उम्म अमरसिंह का है और मेरे दर्बार के बड़े उमरा में है, बड़े तकल्लुफ से एक देहरा बनवाया जिस में एक लाख रुपया ख़र्च हुआ. उस में काले पत्थर में तराशी हुई मूरत मैंने देखी जिस का गर्दन से ऊपर का हिस्सा सूक (सूवर) का और नीचे का आदमी का सा हिन्दुओं के नाक़िस विश्वास के मुवाफ़िक है. मसलहत समझ कर मैं भी एक मर्तबा इस मंदिर में गया था तब हुक्म दिया कि इस भूंडी मूरत को तोड़ कर तालाब में डालदो !" कर्नल् टॉड का बयान है कि एकबार भरे दर्बार पादशाह ने सगरजी को झिड़का जिस पर वह कटार खाकर मरगया. इस झिड़की का कारण शायद यह हो कि राणा अमरसिंह पर चढ़ाई करने के वक्त सगरजी ने पादशाह के रूबरू महाराणा को ज़ेर करा देने की बात कही थी परन्तु वह हार खाकर लज्जित हो पीछा लौटा था.

हूं मेरा क़सूर मुआफ किया जावे मगर पर्वेज़ ने मञ्जूर न किया और जवाब दिया कि यातो ख़ुद आओ या करण को भेजदो ! फिर मसलहत वक़ समझ कर बाघसिंह ही का आना क़बूल किया. वह मांडलगढ़ में शाहज़ादे के पास पहुंचा, राजा जगन्नाथ वग़ैरह को वहां छोड़कर बाघसिंह को साथ लिये पर्वेज़ हाजिर हुआ."

स० १०१७ हि० (स० १६०८ ई०-सं० १६६५ वि०) में बादशाह ने बारह हज़ार सवार, ५०० अहदी, दो हज़ार बर्क़न्दाज़, सत्तर तोप गजनाल शुतरनाल, और साठ जंगी हाथी का लश्कर देकर महाबतख़ां को फिर मेवाड़ की तर्फ रवाना किया. महाराणा भी अपनी सेना सजकर सन्मुख आन उपस्थित हुए. बादशाह लिखता है कि "इस लड़ाई में किशनसिंह (राठौड़, जोधपुर के राजा सूरजसिंह का भाई और कृष्णगढ़ के राज का मूलपुरुष) ने बड़ी बहादुरी दिखलाई, उस के पांव में बर्छे का ज़ख्म आया, राना के कई आदमी उसने मारे और क़रीब तीन हज़ार को क़ैद किये इसलिये उस का मंसब दो हज़ारी जात दो हज़ार सवार का कर दिया गया." इस अवसर पर भी पादशाही लश्कर सीसोदियों को ज़ेर न कर सका. फिर अब्दुल्लाख़ां फीरोज़जंग फौज लेकर आया और राणपुर के मुक़ाम शिकस्त खाकर पीछा लौटा. इस लड़ाई में महाराणा के सर्दारों में से संग्रामसिंह चौहाण का बेटा केशवदास, भाणशक्तावत के बेटे पूर्णमल्ल और आसकरण, राठौड़ जयमल का बेटा मुकुन्ददास, राठौड़ बल्लू का बेटा हरीदास, दूदा चूंडावत और भूपतभाला मारे गये. इसी तरह बादशाही फौज के कई बार शिकस्त खाकर लौटने से स० १०२२ हि० (स० १६१३ ई०-सं० १६७० वि०) में ख़ुद जहांगीर ने इस मुहिम्म के वास्ते कमर कसी और अजमेर आया, वहां से शाहज़ादे ख़ुर्रम को (जो पीछे शाहजहां के लक़ब से बादशाह हुआ था) उस की जाती फौज के अलावा बारह हज़ार सवार देकर मेवाड़ फतह करने को भेजा.

सैकड़ों वर्षों से बराबर बड़े बड़े बादशाहों के मुक़ाबले में जंग करते रहने, चित्तोड़गढ़ पर बड़े बड़े शाके होने, शत्रुओं की लूट मार से देश का नाश हो जाने और अपने नामी नामी सामन्त सूरमाओं के रणखेत में सीस देने से अब मेवाड़ में वह ताक़त न रही थी कि शाहन्शाहों से वैर भाव बना रक्खे इसलिये लाचार महाराणा अमरसिंह को सुलह करनी पड़ी *.

* कहते हैं कि महाराणा ने एक दोहा ख़ानेख़ानां के पास लिखकर भेजा;—

गोड़ कछाहा राठवड़, गोखां जोख करन्त ।
कीज्यो खानाखान नै, बनचर हुआ फिरन्त ॥

बादशाह लिखता है कि "बाबा ख़ुर्रम की अर्ज़ी पहुंची कि राणा का हाथी आलम-गुमान और दूसरे १७ हाथी जो मेरे हाथ आये भेजता हूं. मैंने उन हाथियों को ख़ासा फीलख़ाने में दाख़िल किये और उनपर सवार होकर ख़ुशी में बहुतसा रुपया लुटाया"*.

शाहज़ादे ने जगह २ विकट थाने बिठाये और बहुतसी सेना पर्वत घाटियों में गश्त देने के वास्ते नियत की. राजपूतों ने कई स्थानपर ज़ोर शोर से हमले किये परन्तु अन्त में महाराणा ने अपने मामा शुभकर्ण और हरदासझाला को शाहज़ादे के पास सुलह के वास्ते भेजे और कहलाया कि जो मेरी तक़सीर माफ़ कीजावे और निशान पञ्जे मुबारक का आजावे तो मुझे तसल्ली हो और मैं भी हाजिर होऊं व अपने पाटवी कुंवर कर्ण को बादशाही दर्गाह में भेजदूं. बुढ़ापे के कारण मैं ख़ुद नहीं जा सक्ता हूं. शाहज़ादेने अपने दीवान मुल्लाशकरुल्ला और सुन्दरदास मीरसामान को अर्ज़ी लिख कर बादशाह के पास भेजे. बादशाह लिखता है कि "इस ख़िदमत के वास्ते मैंने शकरुल्ला को अफ़ज़लख़ां का और सुन्दरदास को राय रायान का ख़िताब दिया और जवाब लिखा कि हम राना के पुराने ख़ान्दान को जहांतक मुमकिन हो ख़राब करना नहीं चाहते हैं, हमारी ग़र्ज़ सिर्फ यही थी कि राना अमरसिंह और उसके बुज़ुर्गों ने अपने पर्वतीय स्थानों की मज़बूती के घमंड में किसी हिन्द के बादशाह की आधीनता क़बूल न की थी, अब मेरे अहद में वह मुक़द्दमा फैसल हो गया. इसलिये फ़र्ज़न्द इक़बालमन्द की दरख़्वास्त के बमूजिब राना की तक़सीर माफ कर एक फर्मान उस के नाम मिहर्बानी का भरा हुआ लिखा जिससे उसकी तसल्ली हो जावे और निशान पञ्जे मुबारिक का भेजा. शाहज़ादे को भी फर्मान लिखा कि जहां-तकहो सके इस उम्दा ख़िदमत को हमारी इच्छा के अनुकूल पूरी करो! उन दोनों फर्मानों को शाहज़ादे ने शकरुल्ला व सुन्दरदास के साथ राना के पास भेज दिये ताकि उस की तसल्ली होजावे. यह क़रार पाया कि इतवार ता० २६ माह वहमन को अपने बेटों सहित राना शाहज़ादे के पास हाज़िर होवेगा. जब मैं अजमेर के बाहर शिकार खेल रहा था तो मुहम्मदबेग सुल्तान ख़ुर्रम की अर्ज़ी लेकर पहुंचा जिस में लिखा था कि राना बेटों समेत हाज़िर आया. यह ख़बर पढ़कर मैं ख़ुदा का लिज़्दा शुकर बजा लाया, घोड़ा

जिसके उत्तर में ख़ानेख़ाना ने लिखा:—

धर रहसी रहसी धरम, खिस जासी खुरसाण।
अमर विसम्भर ऊपरै, राखो निहचो राण॥

* आलमगुमान हाथी की तसवीर भी पादशाह के हुक्म से खींची गई थी वही तसवीर अब देहली के अजायब ख़ाने में मौजूद है.

हाथी और जड़ाऊ खञ्जर मुहम्मदबेग को दिया और ज़ुलफिकारख़ां का ख़िताब इनायत किया. शाहज़ादे ने लिखा था कि जैसे दूसरे बन्दे आदाब बजालाते हैं उसी तरह राना ने भी मुलाज़मत की."

एक बड़ा लाल जिसकी क़ीमत साठ हज़ार रुपया थी*, कई जड़ाऊ हथियार, सात हाथी और नौ घोड़े शाहज़ादे के नज़र कर राना ने क़ुसूर की माफी मांगी. शाहज़ादे ने उसका सिर उठाकर बहुतसी तसल्ली दी और बहुत भारी ख़िलअत, जड़ाऊ तलवार, जड़ाऊ ज़ीन समेत घोड़ा, एक ख़ासा हाथी मय चांदी के सामान के देकर साथवालों को एकसौ सिरोपाव पचास घोड़े और बारह जड़ाऊ खपवे दिये.

राना के रुख़सत होने के पीछे पाटवी कुंवर कर्णसिंह शाहज़ादे के पास आया. बादशाह लिखता है कि "इन ज़मीदाँरों में दस्तूर है कि पाटवी कुंवर पिता के साथ बादशाही मुलाज़मत को नहीं आता है इसलिये राना करन को साथ न लाया." कुंवर कर्ण को भी तलवार जड़ाऊ खञ्जर सुनहरी साज समेत एक घोड़ा एक ख़ासा हाथी और भारी ख़िलअत देकर शाहज़ादा उस को अपने साथ ले उसी दिन अजमेर को रवाने होगया. बादशाह ने अपने तमाम उमरा को शाहज़ादे की पेशवाई के वास्ते भेजे और बड़े ठाट व ख़ुशी के साथ वह दर्बार में आया. कुंवर कर्णसिंह बादशाह के दाहिनी तर्फ तख़्त के पास खड़ा किया गया. नित नई बख़्शिशों और मिहर्बानियों से बादशाह कुंवर के साथ पेश आता और सदा उस का दिल बढ़ाकर प्रसन्न रखने की कोशिश करता था. पांच हज़ारी ज़ात पांच हज़ार सवार का मंसब देने के अलावा चार मास में, जबतक कि कर्णसिंह वहां रहा, दो लाख रुपये नक़द और जिल, ११० घोड़े, पांच हाथी, बादशाह ने कर्ण को दिये और नूरजहां बेगम और शाहज़ादे ख़ुर्रम की तर्फ से भी प्रायः ख़िलअत वग़ैरह आते रहे. सर टामसरो अंगरेज़ी एलची, जो इंगलिस्तान के शाह की तर्फ से जहांगीर के दर्बार में आया था, लिखता है कि "कारण पोरस के वंश में था †, वह शस्त्रबल से नहीं किन्तु द्रव्यबल से वशीभूत हुआ था."

---

* दो बड़े मोती के दानों के साथ शाहन्शाह जहांगीर इस लाल को सदा अपनी भुजापर बांधे रहता था.

† पोरस पंजाब का राजा था जो सिकन्दर आज़म से लड़ा था. पहिले के यूरोपियन लेखकों ने बहुतसे भारत के राजाओं को पोरस के वंश ही के लिख दिये हैं.

यद्यपि महाराणा अमरसिंह ने सन्धिकर पादशाही आधीनता स्वीकारी, परन्तु प्रतिष्ठा के साथ. सन्धि की शर्तों में प्रथम शर्त यही थी कि स्वयं महाराणा कभी पादशाही दर्बार में न जावेंगे परन्तु अपने पाटवी कुंवर को भेजा करेंगे. चित्तोड़ के अलावा फूलिया, खैराड़, बदनोर, मांडलगढ़, जीरण, नीमच और भैंसरोड़ के पर्गने जो पादशाही अधिकार में थे वे पीछे महाराणा को दे दिये गये और डूंगरपुर बांसवाड़े के राजा मेवाड़ के मातहत रक्खे गये. इस पर भी स्वाधीनता को हाथ से देने की महाराणा अमरसिंह को इतनी ग्लानि आई कि राज पाट अपने कुंवर कर्णसिंह के सुपुर्द कर आप उदयपुर में एकान्त एक महल में जा बैठे जहां से अन्तिम समय तक कभी बाहर न निकले. सन्धि होने से पांच वर्ष पीछे सं० १६७६ वि० माघ शुदि २ (स० १६१९-२० ई०) को महाराणा अमरसिंह अमरपद को प्राप्त हुए. शाहन्शाह जहांगीर लिखता है कि "स० १०२९ हि० में सुल्तानपुर के मुक़ाम राना के मरने की ख़बर पहुंची जो उदयपुर में अज़लतबई (अपनी मौत) से मर गया था. उसका बेटा भीमसिंह और पोता जगतसिंह मेरे साथ थे उनको ख़िलअत देकर रुख़सत दी और राजा किशनदास को कुंवर कर्णसिंह के वास्ते राणा का ख़िताब, फर्मान, ख़िलअत हाथी घोड़ा वग़ैरह देकर उदयपुर भेजा" सन्धि होजाने पर जहांगीर ने राणा अमरसिंह और कुंवर कर्णसिंह की दो संगमर्मर की प्रतिमा बनवाकर आगरे में अपने पाईबाग़ में रक्खी थीं.

कर्णसिंह के अतिरिक्त महाराणा अमरसिंह के ६ पुत्र और थे. भीमसिंह *, सूरजमल जिसके पुत्र सुजानसिंह के वंशज गांगावास बर्सल्यास शाहपुरा और सर्वाणयां में हैं; बाघसिंह और दो दूसरे निस्सन्तान मरे.

---

* यह भीमसिंह मेवाड़ की जमैयत का अफसर था जो बादशाही चाकरी में रहती थी. शाहन्शाह जहांगीर की उस पर बहुत मिहर्बानी रही और उसे राजा की पदवी, मंसब और टोडे का पर्गना जागीर में दिया, जहां बनास नदी के तटपर एक नगर बसाकर राजमहल की इमारत राजा भीमसिंह ने बनवाई जो अब जयपुर राज्य के अधिकार में है. फिर बादशाह ने भीमसिंह का मंसब पांच हज़ारी कर उसे महाराजा का पद प्रदान किया. गुजरात गोंडवाना और दखन की मुहिम्मों में महाराजा भीम शाहज़ादे खुर्रम के साथ रहा और उसका इतना विश्वासपात्र होगया कि जब उसने अपने पिता जहांगीर से बग़ावत की तो महाराजा भीमसिंह को बहुतसी सेना देकर पटना फतह करने को भेजा जो उस वक्त शाहज़ादे

महाराणा कर्णसिंह

शाहन्शाह जहांगीर के साथ सन्धि होजाने से देश में पीछी शान्ति स्थापन हुई. महाराणा ने उदयपुर के गिर्द पक्की शहरपनाह बनाना आरम्भ किया, ज़नाने महलों की नींव डाली, पीछोले के बन्द की मरम्मत करवाई और दूसरे भी कई मकानात बनवाये. सिरोही के राव अखैराज को ज़ेर किया. आठ साल अमन के साथ राज्य कर ४४ वर्ष की थोड़ी अवस्था में ही महाराणा कर्णसिंह सं० १६८४ वि० के फाल्गुन मास (स०१६२७ ई०) में संसार से उठ गये. कर्णसिंह के पुत्रों में से पाटवी जगतसिंह; ग़रीबदास के वंश के केरवा बांसड़ा घोसूंडा में; छत्रसिंह का बेटा दलसिंह; और ४ निस्सन्तान मरे.

पर्वेज़ की जागीर में था, महाराजा ने वह नगर अपने अधिकार में कर लिया और जब बादशाही फौज का शाहज़ादे खुर्रम के साथ झांसी के पास युद्ध हुआ तो भीम शाहज़ादे की सेना के हिरोल में था. शाहज़ादे का तोपख़ाना छिनगया, दर्याख़ां पठान जो बाज़ू पर था भाग निकला और दूसरी सेना ने भी पैर छोड़ दिये, उस वक्त खड्ग खोल कर महाराजा भीमसिंह अपने राजपूतों समेत शाही लश्कर पर आन गिरा. पापियादा ढाल तलवार पकड़े, शत्रुओं के सीस काटता और काई के तुल्य शत्रुसेना को चीरता शाहज़ादे पर्वेज़ के हाथी तक जा पहुंचा. पर्वेज़ के सिपाहियों ने महाराजा को चारों तर्फ से घेर लिया, तलवार और बर्छे के सात जख्मकारी लगने से वह खेत पड़ा परन्तु मरते दमतक खड्ग हाथ से न छोड़ा. महाराजा भीम के मारे जाते ही खुर्रम की फौज तीन तेरह हो गई. उस वक्त किसी कवि ने एक रूपक कहा है:—

इस्या रूप सूं भीम खग बाहतो आवियो विखम भारत तणी बणी वेला ।
भाजदल पैद गजसिंह सूं भेलिया भाज गजसिंह जयसिंह भेला ॥ १ ॥
खत्रवट प्रगट अमरेस रो खेलतो ठेलतो ठाट रहियो समर ठांय ।
मार कूरम दिया कमधजां दल महीं मार कमधां दिया कूरमां मांय ॥ २ ॥
असंख दल दिलीरा उजाड़तो समर भीमेण दीठो सवाई ।
घेंच मंडोर आमेर में घातियो घेंच आंबेर मंडोर मांही ॥ ३ ॥

महाराणा जगतसिंह

सं० १६८४ वि० में गद्दी बैठे, अपने पिता की मौजूदगी में बाल्यावस्था में ये शाहन्शाह जहांगीर के दर्बार में गये थे. बादशाह लिखता है कि "यद्यपि उसकी (कुंवर जगतसिंह की) उमर उस वक़ सिर्फ १२ साल की थी परन्तु उस के चेहरे पर बड़प्पन के सब लक्षण दिखलाई देते थे. मैंने ख़िलअत वग़ैरह देकर उस का दिल ख़ुश किया और रामदास को भी घोड़ा सिरोपाव दिया."

चित्तोड़गढ़ बादशाह ने महाराणा को इस शर्त पर पीछा दिया था कि उस की मरम्मत न कराई जावे, परन्तु महाराणा के गद्दी बैठने के समय ही में शाहन्शाह जहांगीर मरगया और अपने भाइयों को मारकर शाहज़ादा ख़ुर्रम शाहजहां के लक़ब से देहली के राजसिंहासन पर बैठा. महाराणा ने गढ़ की मरम्मत कराना आरम्भ किया, जब यह समाचार बादशाह को पहुंचे तो उसने वज़ीर सादुल्लाख़ां को तीस हज़ार सवार की सेना देकर चित्तोड़ भेजा और वहां के सब मन्दिर मकान गिरवा दिये.

डुंगरपुर बांसवाड़ा और देवलिये के रईस पहिले मेवाड़ के आधीन थे परन्तु गुजरात के सुल्तानों ने डुंगरपुर बांसवाड़े वालों को अपने बाज गुज़ार से बना लिये थे, अन्त में

भीम सांगाह रो भड़ां करतो भसम भीषंड आय सावरत्त खग्ग उजाळो।
असुरे सुरे घणो माथो पटक कटकमर मारियो नीठ काळो ॥ ४ ॥

इस लड़ाई में बादशाही सेना के साथ मारवाड़ के महाराजा गजसिंहजी भी थे. मारवाड़ की ख्यात में ऐसा भी लिखा है कि शाहज़ादा ख़ुर्रम जोधपुर का भाञ्जा था इसलिये महाराजा गजसिंह शाहज़ादे से लड़ना न चाहकर अलग खड़े होगये थे परन्तु जब भीमसिंह ने उन्हें ललकारा तो युद्ध में शामिल हुए.

महाराजा भीमसिंह का पुत्र रायसिंह सीसोदिया था. ख़ुर्रम ने तख़्त पर बैठते ही रायसिंह को ख़िलअत, राजा की पदवी और दो हज़ारी मँसब दिया. फिर दखन काबुल क़न्दहार आदि स्थानों में बादशाह के साथ रहने और लड़ाइयों में वीरता बतलाने से राजा रायसिंह का मंसब पांचहज़ारी होगया. स० १०८३ हि० (स० १६७२ ई०=सं० १७२९ वि०) में रायसिंह का देहान्त हुआ उस के पुत्र मानसिंह, महासिंह और अनोपसिंह बादशाह औरंगज़ेब की चाकरी में थे.

शाहन्शाह अकबर ने उन्हें जुदे मंसब दिये तब से वे अपने को स्वतन्त्र समझने लग गये थे. महाराणा जगतसिंह ने अपने मुसाहब अखैराज को फौज देकर डुंगरपुर भेजा, उसने रावल पूंजा को परास्त कर नगर को लूटा. रामसिंह राठौड़ ने महाराणा की आज्ञा से देवलिये जाकर रावत जसवन्तसिंह और उस के पुत्र मानसिंह को ज़ेर किये. भागचन्द ने बांसवाड़ा जा लिया और रावल समरसिंह से दो लाख रुपया दण्ड लेकर उसे फिर मेवाड़ के आधीन बनाया. सिरोही के राव अखैराज ने कुछ सिर उठाया, महाराणा ने उसे ज़क देकर तूंगावाली उस से छीनली और गिरवा कर उस के मसाले से मेरुमन्दिर व मोहनमन्दिर के महल बनवाये.

उदयपुर में पीछोला झील के बीच जगमन्दिर के नामी महल (जिन का कुछ हिस्सा पहिले बन चुका था) और जगदीश का विशाल मन्दिर महाराणा जगतसिंह के बनवाये हुए हैं *. जगदीश का मन्दिर पन्द्रह लाख रुपये की लागत से सं० १७०८ वि० (स० १६५१ ई०) में तय्यार हुआ था.

---

* जगमन्दिर के महलों में एक स्थान मुसलमानी तर्ज़ का बना हुआ है उसके वास्ते ऐसा कहते हैं कि जब खुर्रम (शाहजहां) अपने पिता जहांगीर से बागी हुआ था तो कुछ अर्से तक उदयपुर में इस स्थान में रहा था. खुर्रम ने स० १०२१ हि० स० १६२१ ई० में बग़ावत की थी. उस वक़्त से जहांगीर के स० १०३७ हि० स० १६२७ ई० में मरने व शाहजहां के तख़्त पर बैठने तक महाराणा कर्णसिंह ही गद्दी पर थे जैसा कि तुज़के जहांगीरी में लिखा है:—स० १०३० हि० "जगतसिंह वल्द राना करन बकुमक लश्कर दकन रुख़्सत याफ्त अस्पख़ासा मयज़ीन बाओ मरहमत शुद." (कुंवर) जगतसिंह राना करन के पुत्र को दकन के लश्कर की कुमक के वास्ते रुख़्सत मिली ख़ासा घोड़ा मय ज़ीन के उसको बख़्शा.

स० १०३१ हि० बादशाह जहांगीर के कश्मीर से लाहोर को लौटते वक़्त—"बिहारीदास बिरहमनरा बाफरमान मरहमत अनवान निज़द राना करन फिरिस्तादम कि पिसर ओरा बाजमैय्यत बमुलज़मत बियावरद" बिहारीदास ब्राह्मण को फर्मान देकर राना करन के पास भेजा कि उसके पुत्र को जमैय्यत समेत नौकरी में लावे.

शाहन्शाह शाहजहां के अहद में शाही दर्बार से मैत्री बनी रही और पच्चीस वर्ष राज्य कर के ४५ साल की अवस्था में सं० १७०६ वि० फाल्गुन वदि ४ (स० १६५२ ई०) को महाराणा जगतसिंह ने इस जगत् को छोड़ परलोक का मार्ग पकड़ा. महाराणा के पाटवी पुत्र का नाम राजसिंह था. महाराणा का छोटा भाई ग़रीबदास सीसोदिया अपने भतीजे से रूठ कर बादशाह शाहजहां की ख़िद्मत में चला गया था, बादशाह ने उसे डेढ़ हज़ारी ज़ात सातसौ सवार का मंसब दिया, औरंगज़ेब आलमगीर के पक्ष में राजपुर के मुक़ाम दाराशिकोह के साथ युद्ध में वह मारा गया. कुंवर राजसिंह के सिवा महाराणा जगतसिंह के दूसरे पुत्र अरिसिंह की सन्तान हींता पूंख्या और तीरोली में है, दो पुत्र निस्सन्तान मरे और दो कन्या थीं जिन में से एक का विवाह बूंदी के राव शत्रुसाल के पुत्र बहादुरसिंह से और दूसरी का बीकानेर के राजा अनूपसिंह से हुआ था.

स० १०३२ हि० मुक़ाम अजमेर–"जगतसिंह पिसर रानाकरन अजवतन आम्दा दौलत ज़मीन बोस दर्याफ़्त" राना करन के पुत्र जगतसिंह ने वतन से आकर मुजरा किया.

स० १०३८ हि० में जब जहांगीर के मरने की ख़बर पाकर शाहजहां पाय तख़्त को जाता था तो रास्ते में मांडल के मुक़ाम पर ठहरा "दरीं वक्त मोकब इक़्बाल बहदूद मुल्क राना पैवस्त वराना करन दरमुक़ाम गोलकुंडा (नाम लिखने में भूल हुई है) कि साबिक़ दर अय्याम शाहज़ादगी बा पिदरश राना अमरसिंह वइदराक सआदत आस्तांबोस मफ्तख़रूमख़ाही गश्ताबूद बतारक इख़लास शिताफ़्ता दौलतज़मीन बोस दर्याफ़्त वपेशकश दर ख़ूरबेश गुज़रानीदा सआदत ज़ावेद अंदोख़्त वशाहँशाह दर्यादिल आंबर्गज़ीदे बेशरा बअनवाअ व अक़्साम मराहिम बनवाज़िश सर्फ़राज़ी बख़्शीदा ख़िलअत बाधुकधुकी-लालकुतबी कि सेहज़ार रुपया क़ीमत दाश्त बशमशेरमुरस्सा वख़ंजरमुरस्सा वफीलख़ासा बारखूतनुक़रा वअस्पख़ासा बाज़ीनतिला इनायत फर्मूदंद. व-महालजागीरआरा बदस्तूर साबिक़ मुक़र्ररदाश्तंद वबर किनार कोल मांडल ज-श्न वज़्म मुबारिकशम्शी सालगिरहफ़्तम अज़ उमर अबदपैवंद आरास्तगी याफ़्त." इसवक्त राना करन के मुल्क की हद में बादशाह पहुंचा गोलकुण्डे (घोसूंडा) अपने पिता अमरसिंह के ज़माने में उसको (राना को) (शाहजहां) के साथ रहने की इज़्ज़त हासिल हुई थी, उसी मोहब्बत बस दौड़कर मुजरे को हाज़िर हुआ और नज़राना किया. शाहंशाह ने भी तरह तरह की बख़्शिशें कीं

महाराणा राजसिंह

सं० १७०६ वि० में २१ वर्ष की अवस्था में गद्दी बैठे, स्वभाव के तेज और वीर प्रकृति के राजा थे. जब वज़ीर सादुल्लाख़ां चित्तौड़गढ़ के बुर्ज दर्वाजे तोड़ कर पीछा गया तो महाराणा ने बड़े शाहज़ादे दाराशिकोह के द्वारा शाहन्शाह शाहजहां से सिफारिश करवा क्षमा चाही. बादशाह ने जवाब दिया कि दस्तूर के मुवाफिक़ टीकेत कुंवर को ख़िदमत में भेजो! और जमीयत के एक हज़ार सवार दखन में तैनात रक्खो! महाराणा ने लिखा कि यदि शेख़ अब्दुलक़रीम दीवान सर्कार को भेज दिया जावे तो मैं टीकेत कुंवर को उस के साथ हुज़ूर में भेजदूंगा. अब्दुलक़रीम के आनेपर कुंवर को, जिसकी अवस्था उस वक़्त ६ वर्ष की थी. बादशाही दर्बार में भेजा और जमीयत भी भेजदी. मालपुर के मुक़ाम कुंवर ने बादशाह से मुजरा किया, क्योंकि उस वक़्त तक कुंवर का नाम कुछ नहीं रक्खा गया था इसलिये बादशाह ने सुहागसिंह नाम दिया और पांच दिन साथ रखकर जड़ाऊ सिरपेच, मोतियों का तुर्रा, मोतियों का बालाबन्द और ख़िलअत हाथी घोड़ा आदि देकर रुख़सूत दी. कुंवर के साथ राव रामचन्द्र (चौहाण) आदि आठ सर्दार थे उन सब को घोड़े सिरोपाव मिले.

महाराणा राजसिंह ने टोंक, मालपुरा, बगरू, सांभर, लालसोट, चाटसू, केकड़ी, रणथम्भोर फतहपुर बयाना और अजमेर के नगर लूटे. सं० १७९६ वि० में डूंगरपुर के रावल गिरधर को आधीन बनाया; महाराणा के मुसाहब फतहचन्द ने बांसवाड़ा फतह किया और वहां के रावल (खुशालसिंह) से एक लाख रुपया नक़द, एक हाथी और

ख़िलअत मयधुकधुकी जिसके बीच का लाल तीन हज़ार रुपये की क़ीमत का था, जड़ाऊ तलवार व ख़ंजर, चांदी की झूल समेत ख़ासा हाथी व सोने के ज़ीन समेत ख़ासा घोड़ा दिये और उसकी जागीर को साबिक़ दस्तूर बहाल रक्खी. मांडल के तालाव पर बादशाह की ३७ वीं सालगिरह का जलसा हुआ.

इससे जाहिर है कि जगमान्दिर के महल राना करणसिंह के वक़्त में या उससे पहिले बनने शुरू हो गये थे परन्तु उनकी समाप्ति जगतसिंह ने कराई इसी से जगमान्दिर नाम रक्खा गया. कर्नल् टाड भी ऐसा ही लिखता है कि जगतसिंह ने जगनिवास में तरक्क़ी की. शाहजहां उन महलों में बग़ावत की हालत में नहीं किन्तु उस वक़्त रहा हो जब वह महाराणा अमरसिंह पर फौज लेकर आया था.

एक हथनी दण्ड में लिये और दश गांव ज़ब्त किये परन्तु महाराणा ने पीछे दिलवा दिये. उसी फतहचन्द ने देवलिये का भी घेरा लगाया, महारावत हरीसिंह भाग गया, उस की माता अपने पोते प्रतापसिंह को लेकर उदयपुर आई जिसे महाराणा ने अपने उमरावों में दाख़िल किया.

सं० १७२० वि० में सिरोही के राव अखैराज दूसरे के पुत्र उदयभान ने अपने पिता को क़ैद कर लिया और आप सिरोही का राजा बन बैठा. महाराणा ने अपने एक सर्दार राणावत रामसिंह को फौज देकर राव अखैराज की मदद पर भेजा. रामसिंह ने राव को क़ैद से छुड़ा पीछा सिरोही की गद्दी पर बिठाया और उदयभान को उस के सुपुर्द किया. राव अखैराज ने उदयभान और उस के एक पुत्र को सिरोही के बाहर बर्छे से मार डाले *. शाहपुरे के दौलतसिंह से २२०००) रुपया दण्ड लिया.

बादशाह शाहजहां का राजपूतों के साथ अच्छा बर्त्ताव होने से सब राजा रईस उस से प्रसन्न थे. स० १०६८ हि० (स० १६५८ ई० सं० १७१५ वि०) में बादशाह का छोटा पुत्र मक्कार औरंगज़ेब अपने बूढ़े बाप को क़ैद कर आप बादशाह बन गया. जब वह दखन से यह मंसूबा बांध कर आगरे को आता था तो उस के बड़े भाई दाराशिकोह ने बादशाह की आज्ञा ले जोधपुर के महाराजा जसवन्तसिंह को कई दूसरे राजे महाराजों और मुसलमानी उमरा व बड़ी सेना के साथ औरंगज़ेब का मार्ग रोकने को भेजा था. उज्जैन के पास सं० १७१४ वि० में दोनों सेनाओं में परस्पर घोर युद्ध हुआ परन्तु अन्त में महाराजा जसवन्तसिंह हार खाकर भागे. उस वक़्त औरंगज़ेब ने महाराणा राजसिंह को अपनी तर्फ मिलाना चाहा था परन्तु उस का परिश्रम फलीभूत न हुआ. जैसे मतद्वेष के कारण औरंगजेब आलमगीर हिन्दू मात्र का शत्रु था वैसे ही राजनैतिक दृष्टि से वह राजपूत राजाओं से भी दिल में पूरा द्वेष रखता था. तख़्त पर बैठते ही उन से बदला लेने की तीव्र इच्छा हुई, परन्तु था बड़ा नीतिनिपुण, सोचा कि यदि सब के साथ एक दम बिगाड़ करलिया जावेगा तो बड़ा उपद्रव होने की आशङ्का है अतः हिकमत और तदबीर के साथ उन का काम बनाना चाहिये. इसलिये महाराजा जसवन्तसिंह का भी क़ुसूर मुआफ़ कर उसे गुजरात की सूबेदारी देदी और महाराणा राजसिंह का मंसब भी

* ऐसा भी लेख मिलता है कि उदयभान अपने पिता से रूठ कर महाराणा राजसिंह की शरण आया, महाराणा ने उस की सहायता कर उसे सिरोही की गद्दी पर बिठाया, तब उसने अपने पिता को क़ैद कर दिया. सिरोही के सर्दारों ने अखैराज को कारागार से छुड़ा पीछा राजा बनाया और अखैराज ने अपने पुत्र व पौत्र को मार गिराया.

६ हज़ार ज़ात, ६ हज़ार सवार और एक हज़ार सवार दुअस्पा से अस्पा करके एक क्रोड़ दाम की जमाबन्दी की जागीर बख्शी.

पहिले तो उसने अपने भाई भतीजों के कांटे अपने पथ में से दूर किये, बड़े भाई दाराशिकोह और उसके पुत्रों को मरवा डाले और शुजा को भी शिकस्त देकर ठिकाने लगाया. शुजा के युद्ध में महाराणा राजसिंह ने भी अपने कुंवर सर्दारसिंह की रक्षा में मेवाड़ की जमीयत पादशाही लश्कर के साथ भेजी थी *. तीसरे भाई मुराद को

* यह सर्दारसिंह, महाराणा राजसिंह का छोटा पुत्र था. उसकी माता ने अपने पुत्र को राज्य प्राप्त कराने की कुवासना से राज्यपुरोहित को मिलाया. पाटवी कुंवर सुरताणसिंह को तो पहिले ही महाराणा के क्रोध का पात्र बना अपने मार्ग में से सदा के लिये दूर करादिया था. पुरोहित को लिखा कि सुरताण को तो दूर कर ही दिया है अब महाराणा को भी ठिकाने लगाओ तो सर्दारसिंह राज्य पावे. वह पत्र पुरोहित ने अपने कटार में रखलिया. एक दिन जब उस का कामदार दयालदास किसी कार्य्य वश बाहर जाने को था तब उसने पुरोहित से कुछ शस्त्र मांगा और विना सोचे समझे पुरोहित ने वह कटार ज्यों का त्यों दयाल को देदिया. दयाल ने वह पत्र निकाल कर जब पढ़ा तो तुरन्त जाकर उसे महाराणा के नज़र किया. क्रोधवश महाराणा ने राणी को गुर्ज से मारडाला, पुरोहित का प्राण लिया, सर्दारसिंह अपने प्राणभय से विष खाकर मरगया और दयालशाह को महाराणा ने अपना प्रधान बनाया. मरते हुए सर्दारसिंह ने यह सोरठा कहा था:—

पाणी पंडतणाह पंडजातां पाणी रहै,
चीतारसी घणाह सपना ज्यूं सरदारसी ॥

महाराणा के बारठ ने ऐसे कर्म करने से राणा की निन्दा की जिसपर बिगड़ कर उस चारण का सिर भी गुर्ज से तोड़ दिया.

ऐशियाई, और हिन्द के क्षत्रिय राजाओं के राज्य में समय समय पर बहुत से फितूर उठने, राजा और राणियों ही के नहीं किन्तु असंख्य निरपराधी बालकों के प्राणों की हानि होने, परस्पर के वैरभाव और विरोध को फैलाने, और विशेष कहांतक कहा जावे राजा महाराजों के सुख का नाशकर उनको नर्कयातना के समान संकट और शोकसागर में डुबोने वाली, उनके शारीरिक बल वीर्य्य का क्षय कर बुद्धि में विकार उत्पन्न करने वाली, पति पत्नी के प्रेमभाव को पाताल में पहुंचा कर गृहस्थाश्रम के सच्चे सुखपर कुठार चलाने वाली, और भावी सन्तति-

गवालियर के गढ़ में बन्धी बना रक्खा था, उसको भी काल के हवाले कराया. सइतरह कुटुम्ब को काट कर फिर राजपूत राजाओं की ओर झुका. मेवाड़, मारवाड़ और आमेर के रईसों का ज़ोर उस वक़्त बहुत बढ़ा हुआ था, मारवाड़ के महाराजा जसवन्तसिंह को तो उसने दखन से बुलाकर जमरूद की थानेदारी पर भेजदिये जहां से वे फिर पीछे न आने पाये; आमेर के मिर्ज़ा राजा जयसिंह को दखन में उलझाया और उनका वहीं अन्त आया.

सं० १७३५ वि० (स० १६२८ ई०) में जमरूद में महाराजा जसवन्तसिंह का शरीर छूट गया और उनकी सगर्भा राणी को लेकर मारवाड़ के सर्दारों ने पादशाही इजाज़त के विना ही वहां से पयान किया. मार्ग में लाहोर के मुक़ाम राणी के पुत्र हुआ, नाम उसका अजीतसिंह दिया गया. जब माता व पुत्र दिल्ली में पहुंचे तो पादशाह ने उन्हें क़ैद करना चाहा, परन्तु राठौड़ सर्दार दुर्गदास और सोनिङ्ग आदि की परम स्वामिभक्ति से बालक महाराजा अजीतसिंह अन्यायी आलमगीर के पञ्जे से निकल कर सिरोही राज्य में पहुंच गये और उनके कई राजपूत दिल्ली में लड़कर मारे गये. मारवाड़ का राज्य बादशाह ने ख़ालसे कर वहां नागोर के राव रायसिंह के पुत्र इन्द्रसिंह को भेज-दिया. महाराणा राजसिंह ने बालक महाराजा की रक्षा करने और मारवाड़ के राज्य को बचाने में पूरी सहायता दी इसलिये बादशाह को यह अच्छा बहाना राणा से भी छेड़ छाड़ शुरू करने का मिलगया. एक सख़्त फर्मान महाराणा के नाम लिखा कि जिज़िया क़बूल करो और जसवन्तसिंह के बेटे की मदद से हाथ खींचो! आलमगीर नामे में लिखा है कि जवाब में राणा ने अर्ज़ कराई कि जिज़िये के एवज़ दो तीन पर्गने देदूंगा और जसवन्तसिंह के बेटे की मदद न करूंगा. मगर अपना वादा पूरा न किया *.

पर नाना प्रकार की विपत्ति लाने वाली बहुविवाह करने की ऐसी कुरीति चिर-काल से प्रचलित है कि उससे उत्पन्न होनेवाली बुराइयों के अनेकानेक प्रमाण पढ़ते सुनते और देखते हुए भी क्षत्रियवर्ण उसके दूर करने का मनोर्थ नहीं करते हैं. यदि ऐसा कहा जावे तो कोई अत्युक्ति नहीं कि भारत में क्षत्रिय राज्य के मूल को ढीलाकर क्षत्रियों को पादाक्रांत बनाने का यह कुरीति एक मुख्य कारण है.

* कर्नल् टॉड लिखता है कि राणा राजसिंह ने एक चिट्ठी जिज़िये के बाबत बादशाह को लिखी थी, उस का आशय यह है:—"मुझ को मालूम है कि इस ख़ैर-ख़्वाह के ख़िलाफ़ जो तदबीरें अमल में आईं उनमें बहुतसा रुपया ख़र्च होने से शाही ख़ज़ाने में टोटा पड़ गया, उसको मिटाने के लिये हज़ूर ने जिज़िया वसूल

पादशाह ने मेवाड़ के वास्ते एक बड़ी सेना तय्यार की अपने दोनों बेटे आज़म और मुअज्ज़म को बङ्गाल और दखन से बुलाये और तीसरे बेटे मुहम्मद अकबर को बड़े सैन्य बल सहित राणा पर भेजा. यह ख़बर सुनकर राणा ने उदयपुर ख़ाली कर दिया और पहाड़ों में चले गये.

राठौड़ों के पच्चीस हज़ार सवार महाराणा की सहायता को आन उपस्थित हुए. बादशाह आप तो उदयसागर तालाव की पाल पर ठहरा और शाहज़ादा अकबर उदयपुर की तर्फ़ बढ़ा. मुअज़्ज़म को हुक्म हुआ कि वह अपनी सेना सहित मांडल में रहे, एक दूसरा लश्कर मेवाड़ में लूट मार करने को भेजा गया, और शाहज़ादा आज़म पहाड़ी इलाक़ों में होता हुआ राठौड़ों के देश में पहुंचा. बादशाह का हुक्म यह था कि मुल्क को

करने का हुक्म दिया है. आप जानते हैं कि आप के बुज़ुर्ग शाहन्शाह अकबर ने ५२ वर्ष की हकूमत में हर मज़हब और हर मिल्लत के आदमी पर एकसां निगाह रक्खी; शाहन्शाह जहांगीर का भी यही हाल रहा; और आप के पिता शाहजहां ने भी बड़ी नेकनामी हासिल की; परन्तु आप के वक्त में रैय्यत पामाल और मुल्क का बुरा हाल हो गया है. जब कि पादशाह और शाहज़ादों के घरों में दरिद्र घुसगया तो अमीरों का तो कहना ही क्या है. ग़रीबों को रोज़ की रोटी मिलना मुश्किल हो गया. फिर जो बादशाह ऐसे आदमियों से कर वसूल करे उसकी शान क्योंकर क़ायम रह सक्ती है. ग़र्ज़े कि जो महसूल आप विचारे हिन्दुओं से तलब करते हैं वह बिलकुल बेजा है. अगर मज़हबी जोश ने हुज़ूर को इस बात पर उतारू किया हो तो पहिले रामसिंह (महाराजा आमेर) से यह कर वसूल कीजिये ! और फिर मुझे याद फर्माइये ! ग़रीब कीड़ों मकोड़ों को सताना उलू-हिम्मती और दर्यादिली से दूर है आदि.

कई मुवर्रखों का बयान है कि यह चिट्ठी मारवाड़ के महाराजा जसवन्तसिंह ने लिखी थी; और मिस्टर ग्राण्टडफ अपनी "तारीख़ मरहटा" में लिखते हैं कि मरहटे उस चिट्ठी को सेवाजी की लिखी बतलाते हैं. हमारी समझ में तो महाराजा जसवन्तसिंह तो पादशाही सेवक होने से ऐसी चिट्ठी कदापि लिख ही नहीं सक्ते और दखन में जिज़िये के बाबत ऐसी ताकीद होना पाया नहीं जाता अतः सम्भव है कि ऐसे कठोर शब्द राणा की तर्फ से कान में पड़ने से बादशाह की क्रोधाग्नि विशेष भड़क कर उसने एक दम चढ़ाई की हो.

उजाड़ दो! खेती का नाम निशान न रक्खो! सब फलदार वृक्ष काट डालो! मन्दिर और मकानों को तोड़ो! राजपूतों को जहां पाओ मारो! और उनकी औरतों व बालबच्चों को क़ैद करो! राणा के पास रसद न पहुंच सके इस का पूरा बन्दोबस्त किया गया. पादशाह ने हसनअलीख़ां को राणा की खोज के वास्ते भेजा और रूहुल्लाख़ां और ताजख़ां ने उदयपुर में आकर राजमहल के पास का बड़ा मन्दिर तोड़ना चाहा. मन्दिर की रक्षा के लिये बीस राजपूत थे जो कई मुसलमानों को मार कर मर मिटे. जब हसनअलीख़ां की कुछ ख़बर बादशाह को न मिली तो मीर शिहाबुद्दीन को रवाने किया. हसनअली राणा के डेरों की लूट से बीस ऊंट भर कर लाया और अर्ज़ की कि मैंने बड़े मन्दिर के सिवा १७१ मन्दिर और तोड़े हैं, बादशाह ने उसे 'बहादुर आलमगीर शाही' का ख़िताब दिया.

आलमगीरनामे में लिखा है कि बादशाह तो फिर चित्तोड़गढ़ देखने चला गया, जहां ६२ मन्दिर तुड़वाकर अजमेर को रवाने हुआ और राजपूतों ने शाहज़ादे अकबर की फौज पर हमला कर उनकी रसद लूटली और उसे धोखा देते हुए पहाड़ों में दूर तक लेगये *. घाटियों में जगह जगह राजपूत ताक में बैठे थे उन्होंने उतर उतर कर मुसलमानों को मारना शुरू किया इससे बादशाही फौज को बहुत नुक़सान पहुंचा, परन्तु शाहज़ादा अकबर तहव्वुरख़ां आदि सर्दारों की बहादुरी से बचकर निकल आया. महाराणा के सर्दार शक्तावत ग़रीबदास और सोहकमसिंह ने बड़ी वीरता बतलाई, बदनोर के ठाकुर सांवलदास राठौड़ ने अजमेर से चित्तौड़ के बीच का मार्ग बन्द कर दिया. पादशाह ने ख़ानजहेले (रूहुल्लाख़ां) को सांवलदास के मुक़ाबले को भेजा, पुरमांडल के पास लड़ाई हुई, ख़ान जहेला हार खाकर भागा. शाहज़ादा अकबर सेनासहित चित्तोड़ आ रहा जहां बादशाह ने अदोतसिंह भदोरिये को क़िलेदार मुक़र्रर किया था. महाराणा के प्रधान दयालदास ने मालवे में जाकर बादशाही मुल्क लूटना आरम्भ किया, दिलावरख़ां की उसके साथ लड़ाई हुई और भागते वक़्त दयालदास अपनी स्त्री को क़त्ल कर गया. उसकी बेटी दूसरे आसामियों सहित पकड़ी जाकर पादशाह के पास भेजी गई.

महाराणा के एक कुंवर भीमसिंह ने गुजरात में जाकर लूट मार शुरू की †, जहां

* कर्नल टॉड लिखता है कि ख़ुद पादशाह को राणा ने घेरकर दो दिन तक मार्ग रोक दिया और फिर दया कर अपने राजपूतों को हटा लिये.

† यह भीमसिंह बनेड़े के ख़ान्दान का मूलपुरुष था जिसकी सन्तान आजतक मेवाड़ दर्बार के मातहत सर्दारों में बनेड़े की जागीर पर काबिज़ है. कर्नल

बादशाह ने अहमदाबाद के हाकिम अमीनख़ां को राजपूतों के मुक़ाबले के वास्ते मुक़र्रर किया. इस तरह चारों ओर युद्ध की आग भड़क रही थी कि उसी समय में अन्यायी औरंग के चंगुल से छूटने के वास्ते राजपूतों ने एक और उपाय रचा. पहिले तो दुर्गदास राठौड़ व पारसोली का राव कैसरीसिंह चौहाण और रावत रत्नसिंह किशनावत मांडल में शाहज़ादे मुअज़्ज़म के पास गये और उसे पादशाहत दिलाने का दम दिया परन्तु शाहज़ादे की मा ने जो उस वक़्त उस के साथ थी यह समाचार पाकर अपने पुत्र को समझाया कि ऐसी बातों पर कान न देवे और राजपूतों को अपने लश्कर में घुसने से रोक दिया *. वहां से निराश होकर वे शाहज़ादे अकबर के पास पहुंचे, उस क कितने ही सर्दारों को

टाड लिखता है कि जयसिंह और भीमसिंह साथ पैदा हुए थे परन्तु जयसिंह के जन्म की ख़बर राणा के पास पहिले पहुंची इसी से वह पाटवी माना गया. भीमसिंह की मृत्यु के बारे में भिन्न भिन्न कथायें हैं, बनेड़े वाले कहते हैं कि भीम को कसरत का शौक़ था, दौड़ते हुए घोड़े पर से वह वृक्ष की डाली पकड़ कर पेड़ पर चढ़ जाता था. एक बार डाली हाथ से छूट गई और वह पृथ्वी पर आन गिरा जिससे रीढ़ की हड्डी टूट जाने के कारण मर गया. जोधपुर की ख्यात में अमीनख़ां के मुक़ाबले में भीमसिंह का मारा जाना लिखा है, परन्तु फारसी तवारीख़ों से पाया जाता है कि अपने भाई के गद्दी बैठते ही भीमसिंह बादशाही ख़िद्मत में चला गया था. स० ११०५ हि० (स० १६९४ ई० सं० १७५१ वि०) में दक्षन में मर गया. भीमसिंह के सिवा महाराणा राजसिंह के दो और पुत्र इन्द्रसिंह और बहादुरसिंह ने भी बादशाही चाकरी स्वीकार की थी.

* अंगरेज़ी मुवर्रख़ उर्मी (जिसने स० १७४५ ई० से हिन्दुस्तान में अंगरेज़ों की जंगी कार्रवाई का पुस्तक लिखा है) के हवाले से टॉड साहब लिखते हैं कि बादशाह औरंगज़ेब की एक सर्केशियन बेगम राणा की क़ैद में आगई थी परन्तु राणा ने बड़ी इज्ज़त के साथ उसे पादशाह के पास पहुंचा दी. बहुतसे मुवर्रख़ों ने शाहज़ादे कामबख्श की माता का नाम उदयपुरी बेगम लिखा है परन्तु ग्राण्टडफ साहब अपनी तारीख़ मरहटा जिल्द १ सफा २७२ में उसको जोधपुरी लिखते हैं, इण्डियन् ऐंटीकेरी मार्च स० १९११ ई० के पृष्ठ ८२ में विलियम इर्विन साहब ने औरङ्गज़ेब की बेगमों और उनकी सन्तानों का हाल लिखते हुए बतलाया है कि कामबख्श की मा 'बाई उदयपुरी' की असालियत कहीं लिखी नहीं मिलती परन्तु 'बाई' शब्द से पाया जाता है कि वह बेगम किसी उच्च

मिलाये और शाहज़ादे को कहा कि चालीस हज़ार राजपूत सवार आप की पीठ पर हो कर आप को बादशाह बनाये देते हैं. लालच बुरी बला है, शाहज़ादे का मन फिर गया और उसने अपने तईं बादशाह प्रसिद्ध कर सिक्का भी अपने नाम का चला दिया व राजपूतों की फौज समेत अपने पिता औरंगज़ेब के मुक़ाबले को अजमेर की तर्फ रवाना हुआ. मुअज़्ज़म को इस मामले की ख़बर पहुंच गई थी, उसने अपने भाई अकबर को समझाने के वास्ते एक चिट्ठी लिखी और पिता को भी इस की सूचना की, परन्तु बादशाह को उस की बात का विश्वास न आया. जब अकबर निकट आन पहुंचा और यह ख़बर सारे फैल गई तब तो बादशाह घबराया, क्योंकि उस वक़्त उसके पास सातसौ आठसौ आदमियों से अधिक न थे. शाहज़ादे मुअज़्ज़म को फौज समेत फौरन् अपने पास बुलवा लिया परन्तु फिर तो आलमगीर को अपने बेटों का भरोसा न रहा.

जब शाहज़ादा अकबर अजमेर के पास पहुंचा तो उसके कई सर्दार पादशाह से जामिले और तहव्वुरख़ां भी इसी नियत से हुज़ूर में गया था परन्तु पादशाह ने फर्माया कि हथियार उतार कर हाज़िर होवे, यह बात उसने मञ्जूर न की तब पादशाह ने अपनी तलवार सम्भाल कर उसके हाज़िर होने का हुक्म दिया. शाहज़ादे मुअज़्ज़म के इशारे से एक दर्बान ने तहव्वुरख़ां को धक्का देकर भीतर जाने से रोका, क्रोध में आकर तहव्वुर ने उस द्वारपाल के एक घूंसा मारा और पीछा फिरते समय उसका पांव फर्श में उलझ जाने से वह गिरपड़ा तब लोगों ने उस को वहीं मार गिराया. तहव्वुरख़ां के मारे जाने से अकबर की फौज में फूट पड़गई. इसी अर्से में बादशाह ने चालाकी के साथ एक चिट्ठी शाहज़ादे अकबर के नाम लिखकर किसी ढब से दुर्गदास के डेरे के पास डलवादी, वह चिट्ठी दुर्गदास के पास पहुंची और उसके पढ़ने से संदिग्ध होकर राजपूतों ने अकबर का साथ छोड़ दिया. चिट्ठी में लिखा था कि "खूब किया जो तुम इन राजपूतों को धोखा देते हुए यहांतक ले आये अब हम आसानी से इन का सिर कुचल डालेंगे." निराश होकर अकबर भागा, दुर्गदास ने अपने पांचसौ सवार उस के साथ दे कर उसे दखन में पहुंचा दिया जहां शिवाजी के पुत्र सम्भा के पास उसने शरणली और

कुल की नहीं थी और इसका विश्वास करने को प्रमाण भी है कि वह वेश्या थी (बूंदी का इतिहास वंशभास्कर का रचयिता चारण सूरजमल मिश्रण भी कामबख़्श को रण्डी का बेटा लिखता है) एक जगह तो यह भी लेख है कि वह जार्जिया के किसी क्रिष्टान कुटुम्ब की थी और पहिले दाराशिकोह के हरम में रह चुकी थी. जून स० १७०७ ई० में वह ग्वालियर में मर गई.

फिर एक अंगरेज़ी जहाज़ पर सवार हो ईरान की तर्फ गया. मार्ग में मसक़त के अमीर ने उसे क़ैद करलिया और बादशाह आलमगीर को लिखा कि अगर दो लाख रुपये नक़द दो और सूरत के बन्दर में उतरने वाले हमारे सौदागरी के माल पर महसूल माफ करो तो हम शाहज़ादे को छोड़ देंगे. बादशाह ने दोनों बातें मञ्जूर कीं, इतने में शाह ईरान को ख़बर होने पर उसने अपने सर्दारों को अकबर को छुड़ा लाने के वास्ते भेजे वे उसे अमीर की क़ैद से छुड़ाकर आदर सहित ईरान में लेगये और शाह ने उसको अपने पास रक्खा. जब वह शाह मरगया अकबर खुरासान में आरहा और वहीं मरा.

बादशाह के साथ महाराणा राजसिंह का युद्ध सवा बरस तक चलता रहा जिससे मेवाड़ को बहुत हानि पहुंची. सं० १७३७ वि० फाल्गुन बदि १० (स० १६८० ई०) को अट्ठाईस वर्ष राज करके ४९ साल की उमर में गांव ओड़ां में महाराणा राजसिंह का एकाएक स्वर्गवास होगया. कर्नल् टॉड लिखता है कि महाराणा को विष दिये जाने का गुमान करते हैं. महाराणा राजसिंह जैसे वीर और बात के धनी थे वैसे ही धर्मरक्षक और प्रजा पालक भी थे.

बादशाह औरंगज़ेब आलमगीर अपने मत का बड़ा कट्टर और हिन्दू साधुओं को सताने वाला था. मथुरा गोकुल में वल्लभकुल के गुसाईं उसके दुःख से दुखी होकर श्री-नाथजी की मूर्ति को लिये सब रजवाड़ों में फिरे परन्तु बादशाह के भय से किसी की हिम्मत न हुई कि उसको स्थान दे. महाराणा राजसिंह ने सादर उन गुसाइयों को बुला-कर अपने राज में रक्खे और सीहाड़ गांव श्रीनाथजी के भेट हुआ जहां अब नाथद्वारा बसता है. ऐसे ही द्वारिकानाथजी की मूर्ति को कांकड़ोली में स्थापन कराई.

महाराणा के गद्दी बैठने से सात वर्ष पीछे देश में दुर्भिक्ष पड़ा तब अपनी प्रजा को पालने के वास्ते उन्होंने राजसमुद्र का विशाल ताल बनवाना आरम्भ किया. उसकी तय्यारी और प्रतिष्ठा आदि कार्य्यों में एक क्रोड़ ६ लाख रुपया ख़र्च हुआ था, इस के बनने में पंद्रह वर्ष लगे. सं०१७३२ वि० माघशुदि १५ गुरुवार को प्रतिष्ठा हुई जब कई राजा व राव महाराणा के मेहमान हुए थे. अपनी राणियों और सर्दार व उनकी ठकुरा-णियों सहित छः दिन में पैदल झील की परिक्रमा देकर महाराणा ने डोरा फिराया. इस झील के बन्द पर उम्दा नक़ाशी के काम की सफेद पत्थर की नौचोकी नाम की छत-रियां * और पास ही राजनगर नाम का क़स्बा है. उदयपुर के पास देवबारी का दर्वाज़ा

* इन छतरियों में से एक में महाराणा राजसिंह का कहा हुआ एक छप्पय लिखा है:-

और ख़ास शहर में सर्वऋतुविलास नाम का बाग़ व महल इन्हीं महाराणा के बनवाये हुए हैं.

रूपनगर के रईस रूपसिंह राठौड़ की एक कन्या चारुमती का विवाह बादशाह औरङ्गज़ेब या उसके किसी शाहज़ादे के साथ होना तजवीज़ हुआ था परन्तु उस कुंवरी ने गुप्तरीति से महाराणा राजसिंह को कहलाया कि मैं तुर्क का मुख देखना नहीं चाहती हूं. जिस पर सं० १७१७ वि० में महाराणा उसे, तुर्क सेना को परास्त कर, हरलाये और अपनी राणी बनाई

कहते हैं कि बहुत समयतक बादशाह से जंग चलते रहने के कारण सब दुखी हो गये थे और कुंवर जयसिंह व सर्दारों ने महाराणा से खींच कर अर्ज़ की कि बादशाह से मिल कर सन्धि कर लेना चाहिये, तब एक वार महाराणा शाहज़ादे से मिलने को जाने के वास्ते तय्यार हुए. सर्दारों ने सख्त बन्दोवस्त कर दिया था कि कोई चारण उस वक़्त वहां न आने पावे. यह चर्चा सारे नगर में फैल गई कि आज महाराणा बादशाह से मिलने को जाते हैं. उदयपुर के किसी नाई के यहां ढूंढाड़ का एक नाई कम्मा पाहुना आया हुआ था, वह बोला कि यदि किसी प्रकार मैं महाराणाजी तक पहुंच जाऊं तो उन का जाना रोक सक्ता हूं. किसी ने उस को लेजा कर ऐसे स्थान पर खड़ा कर दिया जहां से उस के शब्द महाराणा के कान तक पहुंच सके. ज्योंही महाराणा घोड़े पर सवार होने को बढ़े कि नाई ने यह छप्पय पढ़ाः—

अजे सूर भलहले अजे प्राजले हुतासण ।
अजे गङ्ग खलहले अजे सावत इन्द्रासण ॥
अजे धरा ब्रहमण्ड अजे फल फूल धरत्ती ।
अजे नाथ गोरक्ख अजे अहबात सगत्ती ॥
धू अटल अजे हल्ले पवन वेद धरम बाणारसी ।
पतसाह हूँत चीतोड़पत राण मिलै कित राजसी ॥

कहां राम कहां लखण नाम रहिया रामायण, कहां कृष्ण बलदेव प्रगट भागोत पुरायण । बालमीक शुकव्यास कथा कविता न करंता, कुण सरूप सेवता ध्यान मन कोण धरंता । जग अमर नाम चाहो जिके सुणो सजीवण अक्खरां । राजसी कहे जग राणरो पूजो पाव कवीसरां ॥

यह छन्द सुनते ही महाराणा ने अपना विचार बदल दिया और नाई को बहुतसा इनाम बख्शा *.

महाराणा राजसिंह के सुरताणसिंह, सर्दारसिंह, जयसिंह, भीमसिंह, गजसिंह, सूरतसिंह, इन्द्रसिंह, बहादुरसिंह आदि पुत्र हुए जिन में से सुरताणसिंह व सरदारसिंह महाराणा की मौजूदगी ही में मर चुके थे और जयसिंह पाट बैठे. बहादुरसिंह के वंश में भूणावास वाले हैं.

महाराणा जयसिंह.

सं० १७३७ वि० (सं० १६८० ई०) में गद्दी बैठे. दक्खन में मरहटों का उपद्रव बढ़ जाने से बादशाह आलमगीर राजपूतों से सन्धि करलेने को आतुर होरहा था और महाराणा जयसिंह भी अपने देश की दुर्दशा पर ध्यान दे इस काम को चाहते थे जो दिलेरखां की कोशिश से पूरा हुआ. महाराणा की तर्फ से गरीबदास सीसोदिये का बेटा श्यामसिंह मोंमला करने को मुकर्रर हुआ. बड़ी नर्म शर्तों पर शाहज़ादे आज़म ने सुलह करली. †

* महाराणा राजसिंह की वीरता का एक प्राचीन सोरठा है:—

औरंग समन्द अथाह, अगस्त राणो राजसी।
पच गैंदो पतसाह, हेकण घूंट उतारियो ॥

† कर्नल् टॉड ने सुलह की शर्तें ये लिखी हैं:—

(१) चित्तौड़गढ़ पीछा देदिया जावे.

(२) आगे को मन्दिर न तोड़े जावें और न उनकी जगह मस्जिदें बनवाई जावें.

(३) राणा पर किसी तरह का नया हुक्म जारी न होवे.

(४) सयाना होने पर अजीतसिंह को जोधपुर का राज्य मिल जावे.

इसके अलावा शाहज़ादे आज़म ने गुप्तरीति से एक अहदनामा महाराणा से इस उम्मेद पर किया था कि औरंगज़ेब के मरने के पीछे देहली की बादशाहत शाहज़ादे आज़म को दिलवाने में महाराणा मददगार हो परन्तु उन उम्मेदों के पूरी होने के पहिले ही उन्होंने ने शरीर छोड़ दिया.

मासिर आलमगीरी में लिखा है कि "राणा ने मुआफ़ी चाही, पुर मांडल और बदनोर के पर्गने जिज़िये के एवज़ देना क़बूल किया और राजसमंद तालाव पर शाहज़ादे से मिला. पांचसौ अशर्फी और १८ घोड़े सुनहरी साज समेत नज़र किये, बांये हाथ की तर्फ़ बैठा. शाहज़ादे ने ख़िलअत, जड़ाऊ तलवार, जमधर, फूलकटार, सुनहरी ज़ीन सहित घोड़ा, और चांदी के साज सहित एक हाथी राणा को दिये, पांच हज़ारी मंसब और राणा का ख़िताब बहाल रक्खा, और साथवाले सर्दारों को घोड़े सिरोपाव दिये गये." सुलह की दर्ख़्वास्त पादशाह के पास भेजी वहां से फौरन मंजूर होकर राणा के नाम शाही फर्मान आया. दिलेरख़ां ने महाराणा से इक़रार किया था कि मैं जल्द ही आपका गया हुआ इलाक़ा पीछा दिलवा दूंगा, कुछ अर्से पीछे पुर मांडल और बदनोर के पर्गने इस शर्त पर बादशाह ने पीछे देदिये कि उनके एवज़ एक लाख रुपया साल क़िस्त के बमूजिब अजमेर के बादशाही ख़ज़ाने में राणा दाख़िल करता रहे.

महाराणा जयसिंह के दो राणियां थीं, एक छप्पन देश (ईडर) के राजा की बेटी, और दूसरी बूंदी के राव शत्रुसाल हाड़ा की कन्या. राठौड़णी राणी (कर्नल् टॉड ने पर-मारण लिखी है) पर महाराणा राजी थे, उस के उमेदसिंह और उमेदकुंवरी नाम के दो सन्तान हुए. उमेदकुंवरी का विवाह बूंदी के राव बुधसिंह हाड़ा के साथ हुआ था. राणी हाड़ी के पुत्र का नाम अमरसिंह था जो पाटवी था. महाराणा की इच्छा थी कि अमरसिंह को गद्दी से वञ्चित रखकर उमेदसिंह को राज देवे इसलिये अमरसिंह अपने पिता से बाग़ी होगया और पिता पुत्र में झगड़ा चला. अपने ननिहाल बूंदी जाकर वहां से अपनी सहायता के वास्ते सेना लाया, बीजोल्यां के राव बैरीसाल, सलूमर के रावत कांधल, घाणेराव के मेड़तिया ठाकुर गोपीनाथ, और रूपनगर देसूरी के सोलङ्की ठाकुर के सिवा प्रायः सब ही सर्दारों ने कुंवर का पक्ष लिया, उनमें मुखिया बेगम का चूंडावत रावत अनूपसिंह था. महाराणा उदयपुर छोड़ कुम्भलगढ़ जारहे, कुंवर अमरसिंह वहां भी पहुंचा परन्तु किलेदार ने, जो एक देपुरा महाजन था, उसको ऊपर चढ़ने से रोका. अन्त में बेगम के रावत ने पिता पुत्र में सन्धि करवा दी. अमरसिंह को राजनगर का पर्गना जागीर में दिया गया और अपने जीते जी महाराणा ने उसे राजधानी में न आने दिया. वंशभास्कर का कर्त्ता चारण सूरजमल्ल लिखता है कि जब बाग़ी अमरसिंह बूंदी से फौज लेकर उदयपुर में आया तो उसकी माता को अपने पुत्र के ऐसे कामों से बहुत शोक हुआ, नंगी शमशेर पकड़े गङ्गाबाई ज़नानी ड्योढ़ी पर आन खड़ी हुई और रावत अनूपसिंह को बुलाकर खूब डाँटा, तब रावत ने पिता पुत्र में सन्धि करादी. कर्नल् टॉड लिखता है कि राजकाज कुंवर अमरसिंह को सौंप कर महाराणा जयसमुद्र पर जारहे थे. एकवार अमरसिंह ने एक मस्त हाथी को नगर में छुड़वा दिया, जिस पर

दीवान बिहारीदास पंचोली ने उसे उलाहना दिया. क्रोध में आकर कुंवर ने दीवान की हतक की, यह समाचार सुन राणा उदयपुर आया, परन्तु उसके पहुंचने से पहिले ही अमरसिंह बूंदी को रवाने होगया और वहां से फौज लाया.

अठारह वर्ष राज करके ४५ वर्ष की अवस्था में सं० १७५५ वि० आश्विन वदि १४ (स० १६९९ ई०) को महाराणा जयसिंह का परलोकवास हुआ. इन महाराणा ने सं० १७४४ वि० में जयसमुद्र की विशाल झील उदयपुर से क़रीब ३४ मील दक्षिण पहाड़ों में बनवाई जिसे ढेबर भी कहते हैं और पालपर महल तय्यार कराये जो रूठी राणी के महल कहलाते थे. महाराणा के दूसरे पुत्र उमेदसिंह के वंशज कारोईवाले हैं; तीसरे प्रतापसिंह की सन्तान बावलासमें, और चौथा पुत्र तख्तसिंह था.

महाराणा अमरसिंह दूसरे

सं० १७५६ वि० में सत्ताईस वर्ष की अवस्था में गद्दी बैठे. यह वीर प्रकृति के रईस थे. डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ के राजाओं को फिर से ज़ेर किये और उनसे ख़िराज लेने लगे; शक्तावत जैत्रसिंह ने ईडर फतहकर वहां के राजा को निकाल दिया. ऐसी शिकायतें सुनकर पादशाह आलमगीर महाराणा से अप्रसन्न हो गया था परन्तु वज़ीर असदखां ने बादशाह को समझा बुझा कर बात न बढ़ने दी. इक़रार के बमूजिब क़िस्त दाख़िल न होने से पुर मांडल व बदनोर के पर्गने फिर ज़ब्त होकर बादशाह की तर्फ से सुजानसिंह आदि राठौड़ों के सुपुर्द हुए थे, जिनकी सन्तान अब अजमेर में जूनिया आदि ठिकानों पर अधिकार रखती है, परन्तु महाराणा ने उनको तङ्ग करना शुरू किया. अपने मातहत सर्दार शक्तावत चूंडावतों में परस्पर झगड़ा उठ जाने से महाराणा इन कामों से विशेष लाभ न उठा सके.

रामपुरे का राव गोपाल जब देहली में बादशाही चाकरी में था तो पीछे से उसके बेटे रत्नसिंह ने रामपुरे पर अधिकार कर लिया. राव ने बादशाह से अर्ज़ कर इन्साफ चाहा परन्तु रत्नसिंह बादशाही कोप से बचने और आलमगीर की कृपा सम्पादन करने के वास्ते मुसलमान बन गया, इसलिये बादशाह ने उसका अपराध क्षमा कर रामपुरा उस के बहाल रक्खा. राव गोपाल ने महाराणा अमरसिंह की शरण ली और महाराणा ने रामपुरे पर फौज भेजी परन्तु हार खाकर पीछी फिरी. बादशाह ने फिर महाराणा को सज़ा देना चाहा परन्तु दखन में बलवा होजाने से वह कुछ न कर सका *.

* रामपुरे के राव चन्द्रावत शाखा के सीसोदिये और चित्तोड़ के सामन्तों में थे. सीसोदियों की इस शाखा के मूलपुरुष चन्द्रसिंह को किसी ने तो राणा

महाराणा अमरसिंह के गद्दी बैठने से सात वर्ष पीछे सं० १७६३ वि० (स० १११८ हि०, स० १७०७ ई०) में औरङ्गज़ेब आलमगीर मरगया. आज़म ने गुजरात से आकर बादशाहत अपने हाथ में ली परन्तु मुअज्ज़म या आलमशाह काबुल से आया, ग्वालियर व आगरे के बीच जाजव के मुक़ाम आलमशाह व आज़म के दर्मियान लड़ाई हुई. आज़म के साथ आमेर का राजा जयसिंह, कोटे का रामसिंह, दतिया का दलपतसिंह, बुंदेला, नरवर का गजसिंह, सिरोही का राव मानसिंह और बीकानेर जेसलमेर के राजा थे. इस लड़ाई में महाराजा जयसिंह ने विश्वासघात कर ऐन मौक़े पर आज़म का साथ छोड़ मुअज्ज़म से मिलगये. आज़म लड़ाई हारकर मय अपने पुत्र दीदारबख़्श के मारा गया. मुअज्ज़म, बहादुरशाह के लक़ब से तख़्त पर बैठा. जब वह अपने दूसरे भाई कामबख़्श के मुक़ाबले को दखन की तर्फ़ जाता था, तो मारवाड़ के महाराजा अजीतसिंह और आमेर के महाराजा जयसिंह दोनों बादशाह के साथ थे. क्योंकि मारवाड़ और आमेर दोनों राज्य उस वक़्त बादशाही ज़ब्ती में थे इसलिये अपने राज्य पीछे लेने का यह अच्छा अवसर जान महाराजा अजीतसिंह व जयसिंह मार्ग ही में से बादशाह

भुवनसिंह का व किसी ने अरिसिंह का पुत्र कहा है. मैंने एक ख्यात में देखा कि राणा भीमसिंह के बड़े पुत्र जयसिंह सीसोदे की गद्दी पर बैठे और छोटे जेणोजी ने जावद बसाया व रामपुरे निवास किया. तीसरे मल्लोजी उत्तरखण्ड की तर्फ़ चले गये. जेणोजी के पुत्र चन्द्रसिंह के वंशज चन्द्रावत कहलाये. वंशावली:—जेणोजी, चन्द्रसिंह, सुर्जन, खेमसिंह, शिवसिंह, हंसा, अचलदास, दुर्गभाण. राव दुर्गभाण या दुर्गा सीसोदिया, जो महाराणा प्रतापसिंह का विश्वासपात्र सेवक था पीछे शाहन्शाह अकबर की चाकरी में चला गया. शाहन्शाह जहांगीर ने उस का मंसब चार हज़ारी कर दिया था. स० १०१६ हि० (स० १६०७ ई०, सं० १६६४ वि०) में ८२ वर्ष की उमर पाकर राव दुर्गा मरगया. उस का पुत्र चन्द्रसिंह पहिले सातसौ का मंसबदार था, बादशाह ने उस का मंसब बढ़ाकर राव की पदवी प्रदान की. चन्द्रसिंह के बेटे राव दूदा को दो हज़ारी जात १५०० सवार का मंसब और निशान अता हुआ. दखन में दौलताबाद की लड़ाई में राव दूदा अपने किसी सम्बन्धी की लाश ले आने के वास्ते शत्रुओं के गोल में घुस पड़ा और चारों ओर से घिर गया, तब घोड़े से उतर कर पैदल हो लिया और नंगी तलवार घुमाता अछूता निकल आया. दूदा के बेटे हरिसिंह को डेढ़ हजारी ज़ात हजार सवार का मंसब, ख़िलअत और राव का ख़िताब अता हुआ था. कई साल

का साथ छोड़ चले आये और उदयपुर आकर महाराणा अमरसिंह से सहायता मांगी. दोनों राजाओं ने महाराणा के पग पकड़े, महाराणा ने उन को उठाकर छाती से लगाये. वहीं मुग़लों की बादशाहत ग़ारत करने की सलाह हुई और यह भी निश्चय हुआ कि आगे को आमेर मारवाड़ के राजा तुर्कों को बेटी न ब्याहें. महाराणा प्रतापसिंह के समय से इन राज्यों से उदयपुर का शादी विवाह का सम्बन्ध छुटा हुआ था वह पुनः इस शर्त पर स्थापन हुआ कि महाराणा की कन्या सदा पटराणी रहे और उससे जो पुत्र हो वही पाटवी समझा जावे. तब महाराणा ने अपनी पुत्री का विवाह महाराजा जयसिंह के साथ किया, और अपने काका की कन्या अजीतसिंह को ब्याहदी. अपनी सेना साथ दे दोनों महाराजों को बिदा किया जिन्होंने सांभर में बादशाही सेनापति सैय्यद घीसीख़ां व नुसरुद्दीन को मारकर शाही फौज को शिकस्त दे भगादी, और अपने २ राज्यों पर अधिकार जमा लिया.

कामबख़्श को जीतकर जब बहादुरशाह पीछा फिरा तो वह राजपूतों की ऐसी कार्य्यवाही से बहुत क्रोधित हो जयपुर जोधपुर व उदयपुर के राजाओं को सज़ा देने के वास्ते सेना सहित अजमेर आया. महाराजा जयसिंह अजीतसिंह और महाराणा के वकील बादशाह के पास हाज़िर हुए. मुंशी ख़फीख़ां लिखता है कि "उन्होंने ख़ानेख़ाना मुअज़्ज़मख़ां और महाबतख़ां की मार्फत क़सूर की मुआफी के वास्ते अर्ज़ कराई परन्तु कितनीक बातें बादशाह ने मञ्जूर न फर्माईं. आख़िर लाहोर और दिल्ली के पास सिक्खों

तक दखन की मुहिम में रहकर उस ने वहीं शरीर छोड़ा. हस्तिसिंह के सन्तान न होने से राव चन्द्रसिंह के पोते और मुकुन्दसिंह के बेटे रूपसिंह को रामपुरा देकर पादशाह शाहजहां ने ६०० का मंसब बख़्शा. औरंगज़ेब के साथ रूपसिंह बलख़ बदख़शां की लड़ाई में गया और वहां बड़ी बीरता बतलाई. वह पादशाही लश्कर के हिरोल में रहता था. मंसब उस का दो हज़ारी ज़ात १२०० सवार का हो गया. राव रूपसिंह के पुत्र न होने से राव चांदा के पोतों में से अमरसिंह को रामपुरा मिला. वह औरंगज़ेब के साथ क़न्दहार की लड़ाई में सं० १६६८ ई० में सालहेर के गढ़ के नीचे युद्ध में काम आया और उस का पुत्र मुहकमसिंह राव हुआ. मुहकमसिंह का पुत्र राव गोपाल था. राव रत्नसिंह बड़ा कंजूस और ज़बान का हलका था. मालवे के सूबेदार अमानतख़ां के साथ उस की लड़ाई हुई उसकी फौज ने साथ न दिया और रत्नसिंह मारा गया. फिर सं० १७७६ वि० में महाराणा सङ्ग्रामसिंह को बादशाह फर्रुख़सियर ने रामपुरा पीछा दिया.

का उपद्रव बढ़जाने से बादशाह बेताब होगया, वकीलों की दर्ख्वास्तें मंज़ूर हुईं, और यह क़रार पाया कि राजा जयसिंह, राजा अजीतसिंह राणा के वकील और दूसरे राजपूत भी, जो पोशकों उन्हें मिली हैं पहन कर, बादशाही तावेदारी में हाज़िर होवें. इस तरह चालीस हज़ार अच्छे २ राजपूत अपने हाथ रूमालों से बांधे बादशाह को तसलीम करते हुए उसके साम्हने से गुज़रे, फिर हाथी घोड़े और ख़िलअत अता हुए". महाराजा सवाई जयसिंह और महाराजा अजी तसिंह को जयपुर व जोधपुर का क़ब्ज़ा बहाल रहने की सनदें लिखदीं, और राणा अमरसिंह के नाम फर्मान में "महाराणा" का शब्द लिखा. पादशाह पंजाब की तर्फ रवाने हुआ. पांचसाल की पादशाहत के पीछे मौत का प्याला बहादुरशाह के मुंह से लगा और उस के बेटे जहांदारशाह को सैय्यदों की सहायता से उस के छोटे भाई अज़ीमुश्शान के पुत्र फर्रुखसियर ने मारकर दिल्ली का महाराज्य अपने आधीन किया *. जोधपुर के महाराजा अजीतसिंह ने अपने सच्चे स्वामिभक्त वीरशिरोमणि सेवक दुर्गदास राठौड़ को निकाल दिया और वह उदयपुर आया, महाराणा ने पांचसौ रुपये रोज़ उस के ख़र्च के नियत कर उसे अपने पास रखलिया.

---

* कर्नल टाड लिखता है कि बादशाहत पाने के पहिले गुप्तरीति से बहादुरशाह ने भी एक अहदनामा राणा अमरसिंह के साथ किया था और अपने निशान में महाराणा को लिखा कि ६ शर्तें तुमने पेशकीं उनको हम मंज़ूर करते हैं और ख़ुदा चाहे तो कभी उन के ख़िलाफ अमल न होगा—

१—शाहजहां के अहद में जैसे चित्तौड़ तुम्हारे क़ब्ज़े में था वैसे ही फिर कर देना.

२—गोहत्या न करना.

३—जो पर्गने ज़ब्त हुए उन्हें फिर बहाल करदेना.

४—धर्मसम्बन्धी कामों में अकबरशाह के मुवाफिक आज़ादी देना.

५—जिसको तुम अपने पास से निकालोगे वह हुज़ूर में न आने पावेगा.

६—दखन की जमैय्यत को घटादेना.

इन्हीं महाराणा ने फर्रुखसियर के पास भी नीचे लिखी शर्तें पूरी होने की दर्ख्वास्त भेजी थी:—

१—मंसब सात हज़ारी होवे.

२—पञ्जा मुहरछाप और ख़ास दस्तख़ती फर्मान इस मज़मून का आवे कि आइन्दा हिन्दुओं से जिज़िया वसूल नहीं होगा, और चग़ताई नसल का

पहिले मेवाड़ के सर्दार जागीरदारों की जागीरें महाराणा की इच्छानुसार बदलती या ख़ालसे होती रहती थीं परन्तु महाराणा अमरसिंह ने हरेक की जागीर मुक़र्रर कर चाकरी आदि का नियम बांधा और अमरशाही पाग की नई बन्दिश अपने नाम पर नियत कर उसे दर्बारी पोशाक में दाख़िल की. बारह वर्ष राज कर के ३८ साल की युवावस्था ही में सं० १७६७ वि० पोषसुदि १ (स० १७१० ई०) को महाराणा अमरसिंह अमर पद को प्राप्त हुए (कर्नल् टॉड ने देहान्त सं० १७७३ वि० लिखा है) यह एक वीर, साहसी और मुन्तज़िम रईस थे, यदि काल शीघ्र ही न उठा लेता तो ज़रूर दिल्ली की गड़बड़ में मेवाड़ को लाभ पहुंचाने के प्रयत्न किये जाते.

महाराणा सङ्ग्रामसिंह दूसरे

सं० १७६७ वि० (स० १७१० ई०) में गद्दी बैठे. जैसे मेवाड़ के राज्य में क्षति आती गई वैसे ही दिल्ली की बादशाहत में भी औरङ्गज़ेब आलमगीर के मरते ही अवनति होना

कोई बादशाह मेवाड़ से कभी जिज़िया न लेगा, इस को क़िलई मुआफ़ कर देना चाहिये.

३–दखन की जमैय्यत माफ़ होजावे.

४–हिन्दूधर्म के सब मन्दिर फिर से बनाये जावें और धर्म व पूजा में आज़ादी हो.

५–अगर मेरे काका भाई या सर्दारों में से कोई हुज़ूर में आवे तो उन को मदद न मिले.

६–देवलिया, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और सिरोही के भूमिये और दूसरे ज़मींदार भी जिनपर मेरी हकूमत है बादशाही दर्बार में न आने पावें.

७–मेरे पास जो फौज है वह मेरे जागीरदार हैं. अगर मुक़र्रर मियाद के वास्ते जमैय्यत तलब हो तो पावती दिलवाई जावे, नौकरी हो चुकने पर हिसाब हो जाया करेगा.

८–हक़दार, मंसबदार और ज़मींदार जो हुज़ूर के नौकर हैं उन की एक फर्द मिल जावे, जो फर्मांबर्दारी न करेंगे उनको सज़ा दूंगा, परन्तु इस काम में पायमाली की कुछ बूझ न होवे. फूलिया, मांडल, बदनोर, पुर, बस्सर, गयासपुर आदि जो पर्गने अभी ख़ालसे में हैं वे पीछे मिल जावें.

आरम्भ हो गया था. सैय्यद अब्दुल्लाख़ां और हुसैनअलीख़ां की सहायता से जिस फर्रुख़सियर ने जहांदार को मारा था, थोड़े ही अर्से पीछे वह आप भी सैय्यदों का शिकार बना. फर्रुख़सियर के समय में आमेर के महाराजा सवाई जयसिंह का ज़ोर बहुत बढ़ गया था. जोधपुर के महाराजा अजीतसिंह भी बहुत दिनों तक बादशाह के हज़ूर में देहली न गये थे इसलिये हुसैनअली सेना लेकर जोधपुर आया, महाराजा ने बहुतसा नज़र नज़राना देकर सैय्यद को प्रसन्न किया और सन्धि करली. जो शपथ महाराणा अमरसिंह के सन्मुख की थी उसका सङ्कोच न कर अपनी छोटी पुत्री को फर्रुख़सियर की बेगम बनाने के वास्ते दिल्ली भेज दी, बादशाह ने बड़ी धूमधाम के साथ उससे विवाह किया. और महाराजा के मंसब में तरक़्क़ी होकर उन को गुजरात की सूबेदारी मिली. बादशाह के प्रतिकूल महाराजा अजीतसिंह सैय्यदों के पक्ष में बंधे और बादशाह के प्राण लेने में सहायक हुए. इन्हीं सैय्यदों ने रफिउद्दोला और रफिउद्दर्जात को नाम के वास्ते बादशाह बनाकर मार दिये और अन्त में रौशन अख्तर के सिर पर ताज धर उसे मुहम्मदशाह के लक़ब से बादशाह बनाया. अवध के सूबेदार बुर्हानुल्मुल्क की मदद से मुहम्मदशाह ने सैय्यदों को ठिकाने लगाये लेकिन विषयी और मन्दमति होने से आप देश का प्रबन्ध न कर सका.

सं०१७७६ वि० में महाराणा ने आमेर के महाराजा सवाई जयसिंह के द्वारा चित्तोड़गढ़ पीछा मिलने की प्रार्थना पादशाह से कराई परन्तु बूंदी के राव बुधसिंह के भांजी मार देने से चित्तोड़गढ़ तो न मिला और तीन लाख रुपया नज़राने के लेकर बादशाह ने रामपुरे का पर्गना पीछा महाराणा के सुपुर्द किया. महाराणा ने आधे पर्गने पर तो अपना अधिकार रक्खा और आधा राव सङ्ग्रामसिंह को देकर उसे अपने उमरावों में दाख़िल किया.

सैय्यद हुसैनअली के मारे जानेपर महाराजा सवाई जयसिंह दिल्ली गये, मुहम्मदशाह ने सं० १७७८ वि० में आगरे की सूबेदारी महाराजा को दी और सं० १७८२ वि० में अजमेर का सूबा भी उन के सुपुर्द हुआ. उस वक़्त महाराजा ने कई बादशाही पर्गने अपने राज्य में मिलाकर उसे बहुत कुछ तरक़्क़ी दी. दखन में मरहटों का ज़ोर प्रतिदिन बढ़ता जाता था, उन्होंने दखन मालवा गुजरात आदि देशों पर अपना अधिकार जमाया जहां बड़ोदा, इन्दौर, गवालियर आदि बड़े बड़े राज्य स्थापन हो गये. बूंदी के राव बुधसिंह को महाराजा जयसिंह ने बूंदी से निकाल कर वहां सालमसिंह के बेटे दलेलसिंह को गद्दी पर बिठा दिया और उसे अपनी पुत्री ब्याह दी. बेगम के चूंडावत राव की कन्या से बुधसिंह के उमेदसिंह नामी पुत्र हुआ था, वह बूंदी लेने की आशा में जगह जगह फिरता रहा

परन्तु महाराजा जयसिंह के जीते जी उस को बूंदी न मिली. पूर्वी राजपूताने में सिनसिनी के जाटों ने ज़ोर पकड़ कर भरतपुर का राज्य स्थापन कर लिया. ग़र्ज़ कि इस गड़बड़ में कई राज्य बन गये और कई बिगड़गये परन्तु मेवाड़ के महाराणों ने ऐसे अवसर का लाभ न लिया, इस में मुख्य कारण तो सांगाजी और प्रतापसिंह जैसे वीर राणाओं का न होना और स्वामिभक्त सामन्तों का अभाव था; तदुपरान्त मेवाड़ वाले अपने उसी सिद्धान्त पर जमे रहे कि "चाहे देश बने या बिगड़े हमें तो दूसरे राजाओं की तरह बादशाही दर्बार में विशेष पांव फैलाना मंजूर नहीं" क्योंकि ये तो बराय नाम अपने को मातहत समझते और विशेष ख़िद्मत या ख़ुशामद करने में अपना अपमान गिनते थे.

सं० १७८५ वि० में महाराजा सवाई जयसिंह के राणावत राणी से माधोसिंह उत्पन्न हुआ. इसी साल मुसलमानों ने जावद का नगर लूटा, महाराजा फौज लेकर महाराणा की सहायता को आये; महाराणा ने भी सेना भेजी, मुसलमानों का उपद्रव मिटाया और महाराजा जयसिंह उदयपुर में आकर महाराणा के मेहमान हुए. उस वक़्त महाराजा ने यहांतक महाराणा का मान किया कि अपने हाथों से चमर उन पर उड़ाया. एक दिन बात ही बात में महाराणा ने फर्माया कि रामपुरे का राव सङ्ग्राम चाकरी बराबर नहीं देता है, महाराजा जयसिंह चट बोल उठे कि आप रामपुरा मेरे सुपुर्द कीजिये! मैं उसे सीधा कर दूंगा और साथ ही मुजरा भी किया. महाराणा की उस वक़्त इतनी हिम्मत न पड़ी कि जयसिंह को जवाब साफ दे, किन्तु उस के प्रतिकूल जयसिंह का मुजरा स्वीकारने से रामपुरा उन्हें देना पड़ा और अपने भाञ्जे माधोसिंह के नाम उस का पटा लिख दिया. महाराणा के प्रधान पञ्चोली बिहारीदास ने पटे पर छाप न की तब महाराजा जयसिंह स्वयं प्रधान के घर गये और ज्यों त्यों कर छाप करवाली, इस तरह सदा के लिये रामपुरे का बड़ा पर्गना मेवाड़ राज्य से निकल गया. राव सङ्ग्राम को चूक करवाके महाराजा जयसिंह ने मरवा डाला और वहां अपना अधिकार कर लिया.

सं० १७६० वि० में जोधपुर के महाराजा अभयसिंह के भाई बख्तसिंह ने राजा सुजानसिंह के समय में बीकानेर पर चढ़ाई की थी, अन्त में महाराणा सङ्ग्रामसिंह ने दोनों में मेल करा दिया. ऐसे ही बीकानेर की सहायता कर महाराजा सवाई जयसिंह ने जोधपुर के महाराजा अभयसिंह को जा दबाया और उनसे बहुतसा दंड लिया, परन्तु महाराणा ने मध्यस्थ होकर पीछा दोनों महाराजों में मेल कराया.

तेईस वर्ष तक शान्तिपूर्वक राज्य कर सं० १७६० वि० माघ बदि ३ (कहीं माघ सुदि १२ भी लिखा मिलता है, स० १७३४ ई०) को महाराणा सङ्ग्रामसिंह ने स्वर्गवास किया.

यह अपने प्रबन्ध के बड़े पक्के थे. इन के चार पुत्रों में से बड़े जगतसिंह तो मेवाड़ की गद्दी पर बैठे, दूसरे नाथजी को बाघोर मिली, तीसरे बाघजी ने करजाली पाई, चौथे अर्जुनसिंह को शिवरती दीगई, और एक कन्या ब्रजकुमारी थी जिस का विवाह सं० १७६१ वि० में कोटे के महाराव दुर्जनसाल के साथ हुआ.

महाराणा जगतसिंह दूसरे

सं० १७६० वि० में गद्दी बैठे. अब देहली के बादशाहों में तो बल रहा ही न था, वे तो वज़ीरों के खेल बन रहे थे. इस फूटी दिल्ली में जयपुर के सवाई महाराजा जयसिंह अपना मतलब बनाते और बल बढ़ाते जाते थे. मरहटों की बढ़ती दौलत देख कर उन्होंने बादशाह से मालवा उन को दिलवा दिया और गुप्त रीति से बाजीराव पेशवा को अपना पक्षपाती बना लिया था. जब बादशाह मोहम्मदशाह को महाराजा का यह छल जान पड़ा तो उस ने दखन से निज़ामुल्मुल्क कलीज़खां को बुलाकर अपना सेनापति बनाया. सं० १७६४ वि० में बाजीराव ने दिल्ली पर चढ़ाई की, परन्तु हार खाकर लौटा. फिर खानदौरान और कलीजखां में अनबन हुई, कलीज़ ने वज़ीर कमरीद्दीं को मिलाया, दोनों ने सं० १७६५ वि० में नादिरशाह को ईरान से बुलाया. नादिर ने दिल्ली लूटी, क़त्लेआम कर लाखों के सिर उड़ाये, क्रोड़ों का माल और शाहजहां का बनाया हुआ सात क्रोड़ की लागत का तख्तताऊस लेगया. फिर अहमदशाह दुर्रानी के कई हमले हुए, इधर मरहटों का प्रताप बढ़ता गया, यहांतक कि देहली का बादशाह सेंधिया का पेंशनख्वार होकर निर्वाह करने लगा. इसी गड़बड़ में सं० १८३२ वि० (स० १७७५ ई०) में माछेड़ी के राव प्रतापसिंह ने बादशाही सर्दार नजफखां की कृपा से शाही सनद हासिल कर राजपूताने में अलवर का जुदा स्वतंत्र राज्य स्थापन कर लिया.

पीपलिये का रावत शक्तावत बाघसिंह का पुत्र जयसिंह पूना में पेशवा के पास मेवाड़ की तर्फ से वकील था. जब वह महाराणा संग्रामसिंह का परलोकवास सुन उदयपुर आने लगा तब बाजीराव पेशवा ने अपनी माता को जो काशी की यात्रा को जाती थी, उस का साथ कराया. जब वह उदयपुर में आई तो महाराणा ने उसकी बहुत ख़ातिर की और जयपुर तक सलूमर के राव केसरीसिंह व जयसिंह को उस के साथ भेजे.

सं० १७६२ वि० में महाराणा ने शाहपुरे फौज़ भेजी और उस जागीर को ज़ब्त कर लिया क्योंकि राजा उमेदसिंह ने अमरगढ़ के रावत को छल से मरवाडाला था.

आख़िर एक लाख रुपये शाहपुरे से दण्ड के लेकर अमरगढ़ वालों का राज़ीनामा कराया गया. इसी साल महाराजा सवाई जयसिंह का बुलाया हुआ बाजीराव पेशवा राजपूताने में आया, महाराणा ने सलूमर के राव केसरीसिंह को लूणावाड़े तक पेशवा के साम्हन भेजा. पशवा ने राव केसरीसिंह की पेशवाई की और बड़ी इज़्ज़त से उसके साथ पेश आया. जब उदयपुर पहुंचा तो चम्पाबाग़ में डेरे दिये. महाराणा ने पांच हज़ार रुपया नक़द और गोठ का सामान भेजा, दूसरे दिन दर्बार में बुलाया गया, वहां महाराणा के सन्मुख पेशवा के वास्ते दूसरी गादी बिछाई गई थी, परन्तु पेशवा ने उस पर बैठना स्वी नहीं किया, महाराणा से अर्ज़ की कि आप तो हमारे स्वामी के भी स्वामी हैं, और अदब के साथ सर्दारों की भांति फर्श पर बैठ गया. मामला ठहरा और मेवाड़ दर्बार ने १६०००) सालियाना मरहटों को देना मंज़ूर किया. दूसरे दिन बाजीराव का विचार जगमन्दिर देखने का था परन्तु किसी कारण से उस को कुछ सन्देह हो गया, बिगड़ बैठा और सात लाख नक़द लेकर कृष्णगढ़ की तर्फ कूच किया.

सं०१८०० वि० में जयपुर के महाराजा सवाई जयसिंह मर गये. उन्होंने जो इक़रार महाराणा अमरसिंह के साथ किया था कि राणावत राणी का पुत्र सदा पाटवी माना जावेगा, उसके विरुद्ध अपने बड़े बेटे ईश्वरीसिंह को अपना उत्तराधिकारी बनाकर महाराणा के भाञ्जे माधोसिंह को गद्दी न दी. महाराणा ने माधोसिंह को जयपुर का राज्य दिलाने के प्रयत्न शुरू किये और इस बखेड़े में मेवाड़ को बहुत नुक़सान पहुंचा. उधर कोटे के महाराव दुर्जनसाल ने उम्मेदसिंह की सहायता कर उसको बूंदी पीछी दिलाना चाहा. महाराव दुर्जनसाल नाहरमगरे में आकर महाराणा से मिले और कहा कि अब माधोसिंह को राज मिलने का समय है. उनकी सलाह से महाराणा ने अपनी सेना भेजी और उधर से दुर्जनसाल भी सेना सहित आया, जहाजपुर के पास जामोली में दोनों सेना मिलीं. ईश्वरीसिंह बूंदी के बचाने को रवाना हुआ, जयपुर के प्रधान राजामलखत्री ने महाराणा से मिल कर अर्ज़ की कि महाराजा जयसिंह ने ईश्वरीसिंह को बादशाही दबाव से गद्दी दी है, आप क्यों लड़ते हैं. हम माधोसिंह को पांच लाख के पर्गने देते हैं और साथ ही टोंक आदि पर्गनों का पटा भी नज़र किया. महाराणा ने भी सोच समझ कर उस वक़्त सन्धि करना ही उचित समझा और लड़ाई से हाथ खींचा. दूसरे दिन मातमपुर्सी के वास्ते महाराजा ईश्वरीसिंह के डेरों पर गये. महाराव दुर्जनसाल अप्रसन्न होकर बूंदी लूटता हुआ कोटे को चला गया.

फिर महाराणा ने सलूमर के राव केसरीसिंह और काका बख़तसिंह को सहायता के वास्ते मल्हारराव हुलकर के पास भेजे, मल्हारराव ने सहायता देना

स्वीकारा और राणोजी सेंधिया का पुत्र जयाजी बखतसिंह का पगड़ी बदल भाई बना. चौसठ लाख रुपया महाराणा ने मरहटों को देना मंजूर किया और यही पहिला मौका था कि मरहटों के मनहूसक़दम मेवाड़ में जमे. साथ ही महाराणा ने नागोर के राव बख़्तसिंह से भी मदद चाही और उस के पास बहुत सा सोना भेजा, राव ने सोना तो ले-लिया और समय पर सेना न भेजी. महाराणा और माधोसिंह ३५ हज़ार सैन्य सहित जयपुर पर चढ़े, उस वक़्त ईश्वरीसिंह दिल्ली में था. झलाय के ठाकुर जसवन्तसिंह, उणियारे का राव, व बख्शी हेमराज आकर महाराणा से मिले और वे प्रत्यक्ष में माधोसिंह के पक्षपाती बन गये. कई दिन तक दम देकर महाराणा को हमला करने से रोक रक्खा. महाराणा भी उन के छल को न समझ कर उन्हें दस हज़ार रुपये रोज़ देते रहे, उन्होंने गुप्त रीति से ईश्वरीसिंह को पत्र लिखा, जिसे पढ़ वह तुरन्त आन पहुंचा. उस के प्रधान राजामल ने बहुतसा द्रव्य देकर मरहटों को अपनी तर्फ कर लिये और व लोग कोटा लूटते हुए मेवाड़ की फौज से लड़ने को आन उपस्थित हुए, लाचार महाराणा ने २२ लाख रुपया मरहटों को देकर उन से पीछा छुड़ाया और पीछे राजधानी में आये. उधर ईश्वरीसिंह ने आकर बूंदी पीछी ली व दलेलसिंह को पुनः राज दिलाया.

महाराजा ईश्वरीसिंह अपने लिखित के अनुसार पांच पर्गने माधोसिंह को देने में टालाटूली करते रहे तब महाराणा ने फिर मल्हारराव की सहायता मांगी. मल्हारराव का पुत्र खण्डेराव, माधोसिंह और उमेदसिंह को साथ लेकर जयपुर की तर्फ चला, महाराणा ने भी अपनी सेना भेजी. राजमहल के पास मेवाड़ आमेर की सेना में युद्ध हुआ, हाडों और मरहटों ने भी कछवाहों पर धावा किया, परन्तु कोटे की फौज के नायक एक चारण के भाग जाने से मेवाड़ की फौज में भी खलबली मच गई और उन्होंने पीछे पग दिये. महाराणा ने जयसिंह शक्तावत के पुत्र तख़्तसिंह, भींडर महाराज कुशालसिंह और सादड़ी के झाला रायसिंह को ताज़ः फौज देकर कुमक पर भेजे परन्तु कुछ सफलता न हुई. महाराजा ईश्वरीसिंह ने अपने परम स्वामिभक्त प्रधान राजामल के पुत्र केशवदास खत्री को हरगोविन्द नाटानी के चुगली खानेपर विष प्रयोग से मरवा डाला और हर-गोविन्द को प्रधान बनाया था. बंशभास्कर का कर्त्ता लिखता है कि हरगोविन्द की बेटी के साथ महाराजा का अनुचित सम्बन्ध हो गया था इसलिये अन्तःकरण में हरगोविन्द ईश्वरीसिंह पर जलता था. जब मोहम्मदशाह के बुलाने पर श्रीमन्त व मल्हारराव सेना लेकर बादशाही मदद को गये और वहां युद्ध की आवश्यकता न हुई तो उसी सेना को लिये हुलूकर जयपुर पहुंचा. देवगढ़ के रावत जसवन्तसिंह, शाहपुरे के राजा उमेदसिंह

और प्रधान भवानीदास की अफसरी में महाराणा ने भी सेना भेजी. उस वक्त हरगोविन्द की दग़ाबाज़ी से महाराजा ईश्वरीसिंह ने मरहटों का मुक़ाबला करने में अपने को असमर्थ पाकर, निराश हो विष खा लिया और अपना प्राण दिया. मल्हारराव ने माधोसिंह को जयपुर की राज्यगद्दी पर बैठाया. यद्यपि अपनी मृत्यु के एक वर्ष पूर्व महाराणा जगतसिंह ने अपने भाञ्जे माधोसिंह को जयपुर का महाराजा बनादिया परन्तु मेवाड़ राज्य को महाहानि पहुंचा कर. रामपुर का पर्गना जो महाराणा ने एक हज़ार सवार व दो हज़ार पैदल की चाकरी पर माधोसिंह के नाम लिख दिया था वह माधोसिंह ने मल्हारराव हुल्कर को देदिया, जो आजतक इन्दोर राज्य के अधिकार में है.

इस तरह १८ वर्ष राज्य करके सं० १८०८ वि० आषाढ़ बदि ७ को महाराणा जगतसिंह ने ४२ वर्ष की अवस्था में ही इस जगत् से अपना सम्बन्ध तोड़ा. कर्नल् टॉड लिखता है कि मरहटों से अपना देश बचाने की अपेक्षा महाराणा को हाथियों की लड़ाई देखने का विशेष शौक़ था, वे अपना बहुतसा समय ऐश आराम में बिताते थे, आलस्य और अय्याशी को बढ़ाने वाले कितने ही त्यौहार उदयपुर में इन्हीं महाराणा के प्रचलित किये हुए हैं जो अब जड़ पकड़ गये हैं. उदयपुर के आस पास जहां तहां मृगया के वास्ते मूल बनवाये और लाखों रुपये की लागत से पीछोला झील में जगनिवास नामी दूसरे विशाल महल तय्यार करवाये. महाराणा के पाटवी पुत्र प्रतापसिंह, और दूसरा अरिसिंह था.

महाराणा प्रतापसिंह दूसरे

महाराणा जगतसिंह के शरीर छोड़ने के समय कुंवर प्रतापसिंह क़ैद में थे, इस का कारण बूंदी के इतिहास वंशभास्कर में यह लिखा है कि बूंदी के राव बुधसिंह की चूंडावत राणी ने अपने छोटे पुत्र दीपसिंह के वास्ते कुछ पट्टा प्राप्त करने को अपने पुरोहित को उदयपुर भेजा, पुरोहित सलूमर के राव केसरीसिंह से मिला, परन्तु क्योंकि केसरीसिंह दलेलसिंह हाडा से मिला हुआ था और उसने अपने छोटे पुत्र रोड़सिंह के वास्ते पैंतीस हज़ार साल की आमदनी की जागीर बूंदी राज्य में से निकलवा ली थी इसलिये उसने पुरोहित की बात पर विशेष ध्यान न दिया. पुरोहित ने दूसरे द्वार से महाराणा के हज़ूर में अर्ज़ कराई परन्तु सन्तोषदायक उत्तर न पाया. तब वह कुंवर प्रतापसिंह से मिला, कुंवर ने पिता की इच्छा के प्रतिकूल दीपसिंह को कुछ जागीर देना चाहा जिस पर पिता

पुत्र में विरोध बढ़ गया और महाराणा ने उसे दण्ड देने का विचार किया. स्वामी की क्रूरदृष्टि होने से सामन्तों ने भी कुंवर का साथ छोड़ा, परन्तु दारू के शक्तावत ठाकुर सूरतसिंह का पुत्र उमेदसिंह उनका साथी बना रहा. एक दिन धोखे से महाराणा ने कुंवर को कृष्णविलास नामी महल में बुलवाया, वहां बाघोर का नाथजी, राणावत भारतसिंह, देवगढ़ रावत जसवन्तसिंह, और देलवाड़े का झालाराज राघोदेव मौजूद थे. उन्होंने महाराणा का इशारा पा वहीं प्रतापसिंह को बांधकर बन्दीगृह में पहुंचा दिया, तब उमेदसिंह क्रोधवश खड्ग खोले दर्बार में आन पहुंचा, महाराणा ने उसके काका को मुक़ाबले के वास्ते भेजा परन्तु उमेदसिंह ने उसे मार गिराया, तब तो उस के पिता सूरतसिंह को आज्ञा हुई कि पुत्र का बल देखे. अपने पिता को सामने आता देख उमेदसिंह ने कर से कृपाण फेंकदी, परन्तु क्षत्रियधर्म का पालन करने वाले सूरतसिंह ने पुत्र का सिर उड़ाकर स्वामी को मुजरा किया.

महाराणा जगतसिंह के शरीर छोड़ने पर सलूमर के राव ने प्रतापसिंह को बन्दीगृह में से निकाल कर गद्दी पर बैठाया. आपत्काल में अमरचन्द बड़वा ने कुंवरजी की अच्छी चाकरी की थी, इसलिये पाट बैठते ही उसे अपना प्रधान बनाया. बाघोर का नाथजी अपने प्राणों के भय से अपने पुत्र भीमसिंह सहित भागा, नरसिंहगढ़ के ऊमठ परमार राजा की कन्याओं से पिता पुत्र ने विवाह किये और बूंदी होते हुए दोनों जयपुर पहुंचे, पीछे से देवगढ़ का राव और राघोदेव झाला भी नाथजी से आन मिले, महाराजा सवाई माधोसिंह को मिलाकर सब ने महाराणा प्रतापसिंह को राजच्युत करने की सलाह की. महाराजा माधोसिंह ने भी मेवाड़ की गद्दी नाथजी को दिलाने का मंसूबा बांधा. जिस माधोसिंह के हित के वास्ते मेवाड़ ने अपने अनेक बहुमूल्य रत्नों का नाश किया था, उस उपकार का बदला उसने यह दिया कि रामपुरे का बड़ा पर्गना मेवाड़ के अधिकार से खोया और अन्त में राज्यमद में आकर उपकारक के पुत्र के साथ ही अपकार करने को तय्यार हो गया, परन्तु ऐसा करने के वास्ते हम एक माधोसिंह ही को क्या दोष दें, राजपुत्रों में तो ऐसे व्यवहार प्रायः हुआ ही करते हैं.

इन महाराणा के समय में भरहटों ने कई धावे मेवाड़ पर किये और लाखों रुपये का ज़र जवाहिर ले गये. तीन साल राज्य करके सं० १८१० वि० माघ बदि २ (स० १७५३ई०) को २८ वर्ष की पूर्ण युवावस्था में ही महाराणा प्रतापसिंह काल कवलित हो गये. इन का विवाह महाराजा सवाई जयसिंह की पुत्री से हुआ था जिसके पेट से कुंवर राजसिंह ने जन्म लिया.

महाराणा राजसिंह दूसरे

जब राजगद्दी पर बिठाये गये, निरे बालक थे. केवल सात वर्ष राणा कहलाने पाये थे कि सं० १८१७ वि० चैत्र बदि १३ को मृत्यु ने आन सम्भाला. राजा के बालक होने और सामन्तों में परस्पर फूट फैल जाने से मरहट्टों की बन आई, उन्हें मेवाड़ लूटने का अच्छा अवसर मिला और सात वर्ष में सात चढ़ाइयां कीं. महाराणा राजसिंह के निस्सन्तान उठजाने पर उनके काका, महाराणा जगतसिंह दूसरे के छोटे पुत्र अरिसिंह मेवाड़ की गद्दी पर बैठ गये.

महाराणा अरिसिंह या अरसीजी

महाराणा राजसिंह के बाल्यावस्था में काल प्राप्त होजाने से मेवाड़ के कितनेक सामन्तों ने नाथजी को, जो बाघोर में था, गद्दी बिठाने की तजवीज़ की थी इसलिये महाराणा अरिसिंह अपने मातहत सर्दारों से अप्रसन्न थे. सं० १८१७ वि० (स० १८६० ई०) में महाराणा के राज्य पर आते ही कई धरू झगड़े ऐसे उठ खड़े हुए कि जिनके कारण मेवाड़ का बहुतसा हिस्सा हुलकर सेंधिया और मारवाड़ के अधिकार में चला गया. महाराणा मिजाज़ के बड़े सख्त थे इससे सलूमर, आमेट, बीजोल्यां, घाणेराव और बदनोर के उमरावों के सिवा दूसरे सब सर्दार महाराणा से पलट गये और उन्होंने प्रसिद्ध किया कि महाराणा राजसिंह की राणी झालीजी, गोगूंदे के झालाराजा जसवन्तसिंह की पुत्री, जो गर्भवती थी उसके पुत्र उत्पन्न हुआ है, नाम उसका रत्नसिंह रक्खा और गोगूंदा, देवगढ़, बेगम, भींडर, कोठारिया आदि स्थानों के सर्दार उसके पक्ष में बंधगये. सं० १७६३ वि० में भैंसरोड़ के रावत लालसिंह के द्वारा महाराणा ने नाथजी को मरवा डाला. देवगढ़ का रावत जसवंतसिंह जयपुर गया और अपने दोहिते महाराजा पृथ्वीसिंह से मिलकर महाराणा अरिसिंह को गद्दी से उतारने के उपाय करने लगा.

फितूरी रत्नसिंह को लेकर बागी सर्दार कुम्भलमेरु गये और वहां उसे मेवाड़ का राणा बनाकर उसके नाम की दुहाई फेरी. माधोराव सेंधिया को इस शर्त के साथ अपनी सहायता को बुलाया कि यदि मेवाड़ का राज्य रत्नसिंह को मिल जावेगा तो सवाक्रोड़ रुपये तुम को देंगे. सर्दारों और सेंधिया की सम्मिलित सेना उदयपुर की तर्फ बढ़ी, उसी

अर्से में ज़ालिमसिंह झाला कोटे के महाराव गुमानसिंह से रूठकर महाराणा अरिसिंह की सेवा में आरहा था और महाराणा ने उसे चीताखेड़ी जागीर में देकर महाराणा जयसिंह के एक पुत्र तख्तसिंह के बेटे की कन्या से उसका विवाह भी करादिया था. अपनी इस प्रतिष्ठा को बहुत ग़नीमत समझ कर ज़ालिमसिंह महाराणा का विश्वासपात्र सेवक बनगया. महाराणा ने अगरचन्द महता को साथ देकर उसे मरहटों के पास मदद के वास्ते भेजा और वह सिंधियों व राघोजी को १५००० सिपाह सहित लेकर आया.

बाग़ी सर्दारों व सेंधिया के मुक़ाबले के वास्ते महाराणा ने सेना भेजी, जिसमें सलूमर का राव भीमसिंह, आमेट का फतहसिंह, घाणेराव ठाकुर वीरमदेव, बदनोर ठाकुर अखैसिंह, बनेड़े का राजा रायसिंह, शाहपुरे का राजा उमेदसिंह, बीजोल्यां का राव शुभकरण और भैंसरोड़ का रावत आदि दूसरे भी सर्दार और ज़ालिमसिंह झाला साथ थे. सेंधिया की सेना से उज्जैन में युद्ध हुआ, मेवाड़ के सर्दारों ने अच्छी बहादुरी बतलाई और मरहटों को शिकस्त देकर भगादिये. अपनी जीत समझकर जब मेवाड़ वाले इधर उधर बिखर गये, इतने में ताज़ा फौज पहुंच जाने से सेंधिया ने फिर धावा किया, मेवाड़ के सर्दार तय्यार तो थे ही नहीं, अचानचक हमला होजाने से घबरा कर भाग निकले. सलूमर का रावत पहाड़सिंह और शाहपुरे का राजा उमेदसिंह शत्रु के सन्मुख होकर मारे गये, बनेड़े का राजा घायल हुआ, और ज़ालिमसिंह झाला भी क़ैद होगया, विजयी सेंधिया रत्नसिंह को साथ लिये उदयपुर आया और छः मास पर्यन्त नगर का घेरा डाले पड़ा रहा.

अमरचन्द बड़वा प्रधान के पद से अलग हो चुका था, सिन्धी सिपाही अपने वेतन के वास्ते महाराणा को तंग करते थे, मरहटों ने धूम मचा रक्खी थी, लाचार अमरचन्द को पीछा दीवान बनाया. सेंधिया ने जब देखा कि रत्नसिंह के पक्षपातियों से ठहराया हुआ द्रव्य मिलने की आशा नहीं है तो उसने उनका साथ छोड़ दिया और अमरचन्द की मार्फत सत्तर लाख रुपया लेनाकर महाराणा से सन्धि करली. बड़वा ने ज़र ज़ेवरादि बेचकर रुपया चुकाने का प्रबन्ध कर दिया, तब तो सेंधिया को लालच ने घेरा, अस्सी लाख मांगे, अमरचन्द ने क्रोधित हो सन्धिपत्र फाड़कर उसके टुकड़े सेंधिया के पास भेज दिये और तुरन्त सिन्धी सिपाह को तनख्वाह बांट लड़ने के वास्ते तैयार किये, एकलिङ्गगढ़ पर बड़ी तोप चढ़ाई और जगह २ मोर्चेबन्दी की, यह समाचार सुनते ही सेंधिया सहम गया, साढ़े छह लाख फौज ख़र्च के काट साढ़े त्रेसठ लाख ही लेने मञ्जूर किये. तीस लाख तो नक़द दिये गये और शेष द्रव्य के एवज़ जावद, जीरण, नीमच और मोरवण के पर्गने गिरवी के तौर सेंधिया के सुपुर्द इस शर्त से किये गये कि जब इन पर्गनों की आमदनी से रुपया चुकजावे तो पर्गने पीछे मेवाड़ के सुपुर्द किये जावेंगे, उनके हिसाब की

जांच के वास्ते मेवाड़ दर्बार की तर्फ से एक अफसर भी रहता था परन्तु स० १८२५ ई० में सेंधिया ने उसको अलग कर दिया, और मोरवण हुलकर को देकर बाकी पर्गने अपने राज में मिला लिये. अफसोस कि न्यायशील ब्रिटिश सर्कार के समय में भी आजतक मेवाड़ की अमानत मेवाड़ को न मिली.

हुलकर ने भी ऐसे अवसर को हाथ से न दिया, मेवाड़ को धमकाना शुरू किया और पांच लाख का नींबाहेड़े का पर्गना छीन कर अपने नौकर अमीरखां पठान को देदिया जो आजतक उसकी सन्तान के अधिकार में है. इसी तरह फितूरी रत्नसिंह से बचाने के वास्ते गोडवाड़ का उर्वरा प्रान्त महाराणा ने जोधपुर के महाराजा विजयसिंह को इस शर्त पर सौंपा था कि उसके एवज़ तीन हज़ार सवार सदा चाकरी में उदयपुर बने रहें, परन्तु न तो नौकरी की शर्त पूरी हुई और न गोडवाड़ ही पीछा हाथ आया.

सं० १८२६ वि० (स० १७७२ ई०) में महाराव राजा बूंदी की दर्ख्वास्त पर महाराणा अरिसिंह मेवाड़ के बिलहटे गांव के फैसले के वास्ते उधर गये थे वहीं चैत्र कृष्णा १ को बूंदी के युवराज अजीतसिंह ने मेवाड़ के चन्द सर्दारों की साज़िश से धोखे से महाराणा की छाती में बर्छा मार उन का काम तमाम कर दिया, मेवाड़ के सर्दारों में से कुछ तो लड़कर खेत रहे और शेष अपने २ ठिकानों को चले गये. उस वक़्त महाराणा के साथ एक छड़ीदार था जिसने अपनी छड़ी उठाकर ज़ोर से अजीतसिंह के सिर में मार उसे घायल किया, और ऐसा भी कहते हैं कि उसी चोट से तीन मास पीछे अजीतसिंह मर गया. सात पासवानें तो वहीं महाराणा के शव के साथ सती हुई व दो राणियों और ११ पासवानों ने उदयपुर में सत किया. इस तरह बारह वर्ष के राज्य में महाराणा अरिसिंह ने लाखों रुपये साल की आमदनी के इलाके मेवाड़ में से खो दिये. महाराणा अरिसिंह का एक विवाह कृष्णगढ़ हुआ था, उनके दो कुंवर थे हमीरसिंह और भीमसिंह.

महाराणा हमीरसिंह दूसरे

अपने पिता के मारे जाने पर ग्यारह वर्ष की किशोर अवस्था में महाराणा हमीरसिंह गद्दी बैठे, राज का काम उन की माता ने अपने हाथ में लिया. रामप्यारी नाम की एक सहेली माजी की कृपापात्र थी उस के शिकायत करने पर माजी ने अपने परमहितैषी प्रधान अमरचन्द को विषप्रयोग से मरवा दिया. देशपति को बालक और देश में उप-

द्रव देखकर सामन्तगणों ने जहां तहां स्वामी की भूमि दबानी शुरू की. शक्तावत और चूंडावतों में आपस की अनबन तो पहिले ही से चली आती थी इस वक़ माजी की मर्ज़ी शक्तावतों पर होने से बेगम के चूंडावत राव ने सिर उठाकर ख़ालसे का बहुतसा इलाक़ा दबा लिया. तब तो फिर सेंधिया बुलाया गया, उसने राव को पराजित कर उससे १२ लक्ष दण्ड के लिये, और रत्नगढ़, खेड़ी, सींगोली के पर्गने उस से छुड़ाये परन्तु फौज ख़र्च के जो ६ लाख मेवाड़ दर्बार से लेने किये थे उन के एवज़ सेंधिया ही उन पर्गनों का स्वामी बन बैठा और बिल्ली बन्दर कासा न्याय हो गया. इतना ही नहीं किन्तु अरणिया, जोथ, भिचोर और नडोई हुलकर को दिलवा दिये. आपस की फूट से तीसरे को लाभ पहुंचा. छः वर्ष महाराणा कहला कर १८ वर्ष की उठती अवस्था में सं० १८३४ पौषसुदि ८ (स० १७७८ ई०) को महाराणा हमीरसिंह का स्वर्गवास हुआ, क्योंकि उन के कोई पुत्र न था इसलिये उन के छोटे भाई भीमसिंह गोद लिये गये.

महाराणा भीमसिंह

सं० १८३४ वि० (स० १७७७ ई०) में जब गद्दी बैठे तो दश वर्ष के बालक थे इसलिये कई वर्ष तक अपनी माता की देख रेख में ज़नाने में रहे थे. कर्नल टॉड लिखता है कि स्त्रियों में विशेष रहने से महाराणा भीमसिंह की प्रकृति में पुरुषार्थ उतना न रहा था, और फिर विपत्ति ने उन के मिजाज़ को विशेष निर्बल कर दिया. फितूरी रत्नसिंह का बखेड़ा थोड़ा बहुत चला ही जाता था.

सं० १८०४ वि० में चूंडावतों ने ज़ोर पकड़ कर अपने पुराने प्रतिस्पर्द्धी शक्तावतों से छेड़ छाड़ तो शुरू कर ही रक्खी थी, इस अवसर पर सलूमर और आमेट के रावत और कुरावड़ के अर्जुनसिंह ने मिलकर भींडर को जा घेरा, और महाराज मोहकमसिंह के महल पर तोपें लगा दीं. यह देखकर सङ्रामसिंह शक्तावत, जिस ने पूरावतों से लावे का गढ़ छीन लिया था, कुरावड़ पहुंचा और वहां लूट मार शुरू की. अर्जुनसिंह का पुत्र सालमसिंह सन्मुख हुआ परन्तु संग्राम के बर्छे से मारा गया. अपने पुत्र की मृत्यु सुनते ही अर्जुनसिंह ने सिरपर से पाग फैंक दी और शपथ ली कि जब तक बेटे का बैर न लेऊं, पगड़ी न बांधूंगा. प्रकट में झूठ मूठ तकरार कर के वह भींडर से चलदिया और सीधा शिवगढ़ आया जहां संग्रामसिंह के वृद्ध पिता लालजी की रक्षा में संग्राम का कुटुम्ब था, सत्तर वर्ष के बूढ़े लालजी ने अपने जीते जी अपने परिवार को आंच न आने

दी, उस के मारे जाते ही अर्जुनसिंह गढ़ी में घुस पड़ा, सङ्ग्रामसिंह के बालकों को बाहर घसीट लाया, और बड़ी निर्दयता के साथ उन निरपराधियों के सिर काट डाले, लालजी की स्त्री अपने पति के साथ सती हो गई. इस झगड़े से दोनों दल में दुश्मनी की आग ज़ियादा भड़क गई.

सलूमर का राव बहुत घमण्डी था उस ने महाराणा और माजी के साथ कई बेअदबियां कर उन्हें अप्रसन्न कर दिये और उदयपुर से निकाले जानेपर सिन्धी सिपाह को अपनी ओर मिला उसने चित्तोड़ पर अमल जा जमाया, और चित्तोड़ से उदयपुर तक चूंडावतों का अधिकार हो गया, तब उन को सीधा करने के वास्ते माजी ने भींडर महाराज को अपना मुसाहब बनाया, परन्तु जब शक्तावतों ने चूंडावतों के मुक़ाबले में अपने को निर्बल पाया तो कोटे के फौजदार ज़ालिमसिंह झाला को मदद पर बुलाया.

इसी अर्से में महाराणा के प्रधान महता मालदास ने नीमाहेड़ा और नीमच मरहटों से छुड़ा लिये और बेगम के चूंडावत राव ने भी उन को अपने इलाक़े से निकाल दिये. इन्दोर की राणी अहल्या बाई सेना लेकर मेवाड़ में आई और सेंधिया से मिलकर दोनों ने हड़किया खाल के पास चरडू गांव में मेवाड़ की सेना को पराजित किया. मालदास महता युद्ध में मारा गया, सादड़ी और कानोड़ के सामन्त घायल होकर सादड़ीराज मरहटों की क़ैद में आगया, और दो वर्ष पीछे अपनी जागीर में से चार गांव दण्ड में देकर छूटा, नीमच आदि पर्गने फिर हाथ से निकल गये. जावद में उस वक़्त महाराणा की तर्फ से दीपचन्द महता हाकिम था उस ने मरहटों से लड़ाई ली, परन्तु अन्त में उस को अपने मेगज़ीन व तोपख़ाने सहित हट कर आना पड़ा *.

रामप्यारी सहेली द्वारा अपना अपराध माजी से क्षमा करवाकर सलूमर का राव पीछा उदयपुर आया, परन्तु प्रधान सोमजी गांधी से कुछ तकरार होजाने के कारण भदेसर के रावत सर्दारसिंह और कुरावड़ के रावत अर्जुनसिंह ने महलों ही में सोमजी को कटार से मार डाला, जिस पर नाराज़ होकर महाराणा ने फिर चूंडावत सर्दारों को उदयपुर में से निकाल दिये. सोमजी के बेटे शिवदास और सतीदास ने अपने पिता के मारने वालों को मार कर बाप का वैर लिया परन्तु फिर वे दोनों भाई भी मारे गये.

---

* ऐसा भी कहते हैं कि शम्भूबाणनामी एक बड़ी तोप वह मरहटों से छीन लाया था जो अब उदयपुर में है.

चूंडावतों से चित्तोड़ ख़ाली कराने के वास्ते ज़ालिमसिंह झाला की सलाह से फिर सेंधिया से मदद मांगी गई. उस ने अपने एक सूबेदार अम्बाजी इंगलिया को फौज देकर मेवाड़ में भेजा. अम्बाजी ने चित्तोड़ तो ख़ाली कराया परन्तु मेवाड़ के सर्दार ज़ालिमसिंह से पूरा द्वेष रखने लग गये और उन्होंने अम्बाजी को, जो केवल द्रव्य का तर्फदार था, लालच देकर अपने में मिला लिया, तब लाचार ज़ालिमसिंह को मेवाड़ छोड़ना पड़ा. फिर तो मेवाड़ का कुल अधिकार अम्बाजी के हाथ में था, आठ साल तक वह सेंधिया की तर्फ से मेवाड़ का सूबेदार रहा और मुल्क को खूब लूटा. कभी चूंडावतों के ठिकाने छीने, और कभी शक्तावतों से दण्ड लिया, सर्दारों ने भी जहां वार देखा ख़ालसे की भूमि पर हाथ बढ़ाये, यहांतक कि महाराणा का कुछ भी इख्तियार मुल्क में न रहा.

ऐसे समय में सेंधिया और हुल्कर के दर्मियान लड़ाई हुई, हार खाकर हुल्कर मेवाड़ की तर्फ आया. नाथद्वारे के गुसांइजी से इस बहाने से तीन लाख दण्ड के लिये कि श्रीनाथजी ने युद्ध में मेरी सहायता न की. कोठारिये का राव श्रीनाथजी की मूर्ति को उदयपुर पहुंचा कर पीछा अपने ठिकाने को जाता था कि मार्ग में मरहटों से मुटभेड़ होगई और राव उन के मुक़ाबले में मारा गया. बनेड़े और शाहपुरे के राजाओं से दण्ड लेता हुआ हुल्कर तो पीछा लौट गया और सेंधिया उदयपुर आया; तीन लाख रुपया नक़द और बहुतसा माल असबाब लेकर पीछा फिरा, तब हुल्कर ने दुबारा अपनी बाग इधर मोड़ी और राज्य व सर्दारों आदि से कई लाख वसूल किये. सारांश कि इन लुटेरों ने मेवाड़ को निर्बल पाकर ज़र ज़ेवर और अधिकार से बिल्कुल ख़ाली करदिया. एक बार अम्बाजी ने मेवाड़ का हुल्कर और सेंधिया के दर्मियान बंटजाना तजवीज़ किया था परन्तु हुल्कर ने उस को स्वी नहीं किया.

जब बलवान ब्रिटिश सर्कार की विजयी सैन्य ने पिंडारों को जगह २ शिकस्त देकर हिन्दुस्तान से भगाये तो उन्होंने मेवाड़ मारवाड़ में अपना घर कर लिया. अम्बाजी के हिन्दुस्तान में जाने पर बापू सेंधिया इधर आया. अमीरख़ां पठान का जमाई जमशेदख़ां भी लुटेरों का गिरोह लिये उदयपुर पहुंचा और उसने नगरनिवासियों को यहां तक सताये कि उसका अन्याय आज तक "जमशेदगर्दी" के नाम से प्रसिद्ध है. बापू और जमशेद दोनों ने मिलकर मेवाड़ की सात लाख साल की आमदनी परस्पर बांटली. महाराणा बिल्कुल् बेबस थे, और उनकी विपत्ति यहांतक बढ़ गई कि अर्से तक ज़ालिमसिंह झाला से उधार लेकर उन्हें अपना व्यवहार चलाना पड़ा था. मालदार सर्दार और सेठ साहूकारों को पकड़ कर बापू सेंधिया अजमेर लेजाता और मनमाना दण्ड लेकर उन्हें छोड़ता था.

देश की यह दशा हो रही थी, कि सं० १८६१ वि० (स० १८०४ ई०) में एक नया उपद्रव उठा. महाराणा भीमसिंह की कन्या कृष्णकुमारी की सगाई जोधपुर के महाराजा भीमसिंह के साथ हुई थी, उनके गुज़र जाने पर जयपुर से भले आदमी सगाई के वास्ते आये, परन्तु महाराजा मानसिंह ने, जो भीमसिंह के पीछे जोधपुर की गद्दी पर बैठे थे, पोहकरण ठाकुर सवाईसिंह की बहकावट से कृष्णकुमारी के साथ व्याह करना चाहा. जयपुर और जोधपुर के दर्मियान यह मांग का झगड़ा चला तब सेंधिया ने जयपुर के सर्दारों को उदयपुर से बिदा कर देने के वास्ते महाराणा को दबाये, और लौटते वक़्त जोधपुर की फौजने उन्हें लूट भी लिये, अतएव जयपुर जोधपुर में वैर बंधकर लड़ाई ठनी. अमीरख़ां पठान पहिले तो जयपुर के पक्ष में था, फिर महाराजा मानसिंह ने उसे मिला कर अपना पगड़ी बदल भाई बना लिया. वह जयपुर लूट कर इस झगड़े को निबटाने के वास्ते उदयपुर में आया. अमीरख़ां ने कृष्णकुमारी को मारडालने के वास्ते महाराणा को विवस किया. हा ! क्या ही नाज़ुक समय था, एक तर्फ राज्य और प्रजा का नाश, और दूसरी तर्फ अपनी प्रियात्मजा की हत्या, इसपर भी महाराणा का एक बाइख़्तियार सर्दार अजीतसिंह अमीरख़ां से मिला हुआ था. महाराणा को तो उस वक़्त सिवा मौन-साधन के कुछ भी उपाय न सूझा और अजीतसिंह ने हलाहल का प्याला ज़नाने में उस निरपराधी बाला के सन्मुख रखवाया. कृष्णा की माता का हृदय पुत्रीमोह से विदीर्ण होता था, वह चीखें मार २ कर चिल्लाने लगी, तब उस राजकुमारी ने धैर्य्य के साथ जननी को कहा कि माताजी ! क्यों रोती हो, यदि मेरे ही मरने से पिताजी का सङ्कट दूर होता है तो मैं अपने प्राण उनपर निछावर करती हूं; और ऐसा कहते हुए विष का प्याला मुंह से लगा लिया. गले से उतरते ही गरल ने अपना प्रभाव प्रकट किया, वह निर्दोष नव-यौवना ऐसी दीर्घनिद्रा में सोई कि फिर कभी न उठी, और यह कलङ्क सदा के लिये हत्यारों के सिर पर रह गया .

इस प्रकार अमीरख़ां अपनी बहादुरी और ज़माने की यारी से एक अदना सिपाही से नव्वाब पद को पहुंच कर हज़ारों सिपाह का स्वामी बन गया था. जब से उस ने जसवन्तराव हुल्कर की सेवा स्वीकारी तब ही से उसके नसीबे का नक्षत्र चमका. टोंक और सिरोंज के पर्गने हुल्कर से जागीर में पाये और राजपूताने का ख़िराज भी उसी के सुपुर्द हुआ. अमीरख़ां ने इस ज़िले में धुंद मचाना शुरू किया. राजपूताने की सब रियासतों में उसके हुक्म की तामील होती और किसी में यह हिम्मत न रही कि उसके बांधे को छोड़े. कभी जयपुर से मिलकर जोधपुर पर व कभी जोधपुर के पक्ष में बंध कर जयपुर पर आफत ढहाता, कभी बूंदी जाघेरी, तो कभी शेखावाटी में जाकर डंका

बजाया. इस तरह पिशाचरूप पठानों के विकट दल को लिये जगह जगह जाकर द्रव्य लेता था. अमीरख़ां के नाम से लोग कांपते थे, जहां वह पहुंचा वहीं आफत आई, दया धर्म और न्याय का कुछ काम न था, लूट खसोट, मारकाट, उखाड़ पछाड़, और छल प्रपंच ही में उसको आराम था. जोधपुर के महाराजा मानसिंह ने भी उसे जागीर दी थी और उसने सांभर में अपना कैम्प डाल कर सारे मारवाड़ को हाथ में कर लिया था.

ज़ालिम मरहटे, निर्दयी पठान, और लुटेरे पिण्डारी गण जहां तहां राजपूताने में पड़ाव डाले यहां के राजा और प्रजा को सैंकड़ो प्रकार के कष्ट दे रहे थे. कर्नल टॉड ने उस समय की मेवाड़ की दशा का बहुत ही अच्छा चित्र खींचा है. वह लिखता है कि जब "अंगरेज़ी फौज महाराणा की सहायता को गई तो जहाज़पुर से कुम्भलगढ़ तक क़रीब १४० मील के अन्तर में सिर्फ दो गांवों में थोड़ीसी बस्ती नज़र आई, बाक़ी सब सुनसान था, यहां तक कि मनुष्य के पांव के चिन्ह भी कहीं दीख नहीं पड़ते थे. जगह २ बम्बूलों के बन खड़े थे, रास्तों पर लम्बा लम्बा घास उग रहा था, और सिंह चीते रींछ आदि हिंसक पशु बेखटके वहां विचरते थे. भीलवाड़े का क़स्बा, जहां पहिले छः हज़ार घर की बस्ती थी, अब बिलकुल ऊजड़ होगया था और ठाकुरजी के मन्दिर में से निकलते हुए एक कुत्ते के सिवा कोई आदमी वहां नज़र न आया."

सं० १८०० वि० से लगाकर पचास वर्ष के अर्से में करोड़ों रुपये नक़द, ज़ेवर व जवाहिर आदि के अतिरिक्त तीस लाख रुपये वार्षिक आय का मुल्क मेवाड़ के हाथ से निकलगया, देश वीरान हुआ, व्यौपार बन्द होगया, भूमि बिना जोती बोई पड़ी रही, दरिद्र ने चारों ओर से आन घेरा, और यदि कुछ दिन और यही हाल रहता तो न जाने क्या दशा होती.

स० १८१७ ई० में जब सर्कार अङ्गरेज़ी ने पिण्डारों का उपद्रव देश से दूर कर के प्रजा में शान्तिस्थापन करने के वास्ते राजपूताने के राजा महाराजाओं के साथ फिर से सन्धि कर अहदनामे किये तब स०१८१८ ई० की तारीख़ १६ जनवरी को महाराणा भीमसिंह के साथ भी अहदनामा होकर मेवाड़ का राज्य सर्कार अङ्गरेज़ी की रक्षा में आया. जो इलाके मातहत सर्दारों ने दबालिये थे वे पीछे दिलाये गये, महाराणा ने ब्रिटिश गवर्मेण्ट की बुज़र्गी क़बूल कर पांच वर्ष तक राज्य की आय का चतुर्थांश और फिर रुपये पीछे छः आने ख़िराज देना मञ्ज़ूर किया. अहदनामे की सातवीं शर्त में मेवाड़ के जो पर्गने दूसरे राज्यों के अधिकार में चले गये थे उन को पीछे मेवाड़ के सुपुर्द कराने के विषय में सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से यह इक़रार हुआ कि "इस वक़्त सही सही हालात मालूम न होने से किसी तरह की क़ितई शर्त इस विषय में नहीं की जासक्ती है परन्तु

राज्य उदयपुर की बेहबूदी को सर्कार हमेशा मद्देनज़र रक्खेगी और हरेक मामले का सही हाल दर्याफ्त होने पर रियासत की मुराद बरलाने को भरसक कोशिश करेगी. सर्कार अंगरेज़ी की सहायता से जो २ स्थान उदयपुर दर्बार को पीछे मिलें उनकी आमदनी में से रुपये पीछे छः आने रियासत हमेशा ब्रिटिश सर्कार को देती रहेगी आदि."

मेवाड़ में पहिली पोलिटिकल् एजण्ट सर्कार अङ्गरेज़ी की तर्फ से कप्तान टॉड आया, उस वक़्त देश की दशा बहुत बिगड़ी हुई थी, उसे पीछी दुरुस्ती पर लाने के वास्ते कप्तान टॉड को राज का कुल काम अपने हाथ में लेने की सर्कार से हिदायत हुई. स० १८१६ ई० में राज्य की आय केवल ४४१२२८) रु० रहगई थी परन्तु सर्कारी प्रबन्ध से स० १८२१ में ८७७६३४) रु० तक पहुंच गई. जब राजकार्य्य पीछा महाराणा के सुपुर्द हुआ तो फिर वही दशा होगई, दो वर्ष ही में क़रीब आठ लाख रुपये का क़र्ज़ रियासत पर बढ़ कर आय घट गई, इसलिये फिर साहब पोलिटिकल् एजण्ट की निगरानी में कार्य्य होने लगा. महाराणा के ख़र्च को एक हज़ार रुपये रोज नियत होकर सर्कारी बाक़ियात और ख़िराज की रक़म चुकने के वास्ते चन्द पर्गनों की आमदनी जुदी की गई. स० १८२६ ई० में फिर महाराणा ने अपना काम सम्भाला, ख़िराज की रक़म चढ़गई, ऋण बढ़ने लगा और आमदनी में दो लाख साल की कमी हुई. महाराणा और उन के आधीनस्थ सर्दारों के दर्मियान टॉड साहब की मध्यस्थता से सुलह होकर दश शर्तों का एक क़ौलनामा लिखा गया था परन्तु उसपर कुछ अमल न हुआ.

स० १८१६ व स० १८२१ ई० में अङ्गरेज़ी फौज ने मेवाड़ व मारवाड़ दर्बार की सम्मिलित सेना सहित मेरवाड़े का इलाक़ा सर किया था, वह तीन भागों में विभक्त होकर चार पर्गने तो सर्कार अंगरेज़ी के अधिकार में रहे, तीन मेवाड़ के सुपुर्द हुए, और दो मारवाड़ वालों को दिये गये, परन्तु बंटवाड़े की कोई जाब्ताई तहरीर न हुई और न अहदनामे में उस का ज़िकर किया गया. फिर अंगरेज़ी अफसरों ने देखा कि एक ही प्रान्त में तीन अधिकारी होने से वहां का प्रबन्ध यथोचित नहीं होसक्ता है इसलिये मेरवाड़े का सारा इलाक़ा सर्कार अंगरेज़ी ने अपने आधीन कर लिया. मेवाड़ के हिस्से के दश गांव दश वर्ष के वास्ते सर्कार के सुपुर्द उन की इच्छानुसार किये गये, और मेरवाड़े में जो अंगरेज़ी सेना रहे उस के ख़र्च में १५०००) चित्तोड़ी वार्षिक मेवाड़ दर्बार की तर्फ से सर्कार को देने ठहरे. जब अवधि पूरी होगई तो फिर दूसरा ठेका लिया गया और सर्कार की तर्फ से वाअदा हुआ कि मेवाड़ के हिस्से की आय को जांचने के वास्ते राज का एक अहल्कार व्यावर में रहे, यदि ख़र्च के बनिस्बत आमदनी अधिक

होगी तो वह मेवाड़ दर्बार को देदी जावेगी. यह प्रबन्ध एक अर्से तक चलता रहा परन्तु खर्च ही अधिक होने से उल्टे हज़ारों रुपये मेवाड़ के ज़िम्मे सर्कारी बाक़ी निकाले गये. अन्त में परिणाम यही हुआ कि वह बाक़ियात की रक़म मुआफ होकर मेवाड़ के हिस्से का मेरवाड़ा सर्कार अङ्गरेज़ी ने क़ितई अपने आधीन करलिया.

ऐसे ही समय के कई फ़ेर फार सहने और ५० वर्ष तक राज्य करने उपरान्त ६० वर्ष की अवस्था में सं० १८८५ वि० चैत्र सुदि ५ (सन् १८२८ ई०) को महाराणा भीमसिंह परलोकवासी हुए उनके बहुतसी सन्तान हुई थी परन्तु उनमें से केवल एक जवानसिंह जीवित रहे और फिर पांच पीढ़ी तक औरस पुत्र न होने से निरन्तर गोद लेने की ज़रूरत पड़ी.

महाराणा भीमसिंह दातार और दयालु थे उनकी दातारी की कई कहानियां आजतक प्रसिद्ध हैं, परन्तु बक़ौल टॉडसाहब, वे बातों के अच्छे और कर्तव के पोचे थे. वृथा आडम्बर, क्षुद्र विनोद, और अनियमित दातारी ही उनका काम था, राज काज के वास्ते वे अपने ऐश आराम में बाधा डालना पसन्द नहीं करते थे. राज्य की ज़ेरबारी देखकर खर्च की कमी के वास्ते महाराणा के बहन चांदजी बाई ने अपने नाम पर चांदोड़ी रुपया चलाया जो उदयपुरी बारह आने में चलता था. तब से आज तक रीझ बख़्शिश में बहुधा यही रुपया दिया जाता है. कहते हैं कि महाराणा भीमसिंह का शारीरिक बल अच्छा था, एक बार उन्होंने जमशेदख़ा पठान के सामने गैंडे की एक मज़बूत ढाल को दोनों हाथों से चीर डाली जिसको जमशेदखां न चीर सका था.

पाठक ! जिस राज्य की औज व उन्नति का प्रकाश करने को लेखनी सहर्ष बढ़ती जाती थी उसी की यह गिरी हुई दशा देख शोक के साथ आगे चलने के पूर्व कुछ विश्राम लेकर पिछले २२५ वर्षों के वृत्तान्त पर दृष्टिपात करना चाहती है. यह तो प्रत्यक्ष है कि बनाने की अपेक्षा बिगाड़ना सुगम होता है, और जबकि बिगाड़ का बीज भूमि में पड़कर अङ्कुर छोड़ दिया फिर उस का समूल नाश होना बहुत कठिन है; ऐसे ही जब तक मनुष्य अपने उद्देश्य और प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहता और घोर विपत्तियों का सामना होने पर भी प्रण को नहीं छोड़ना चाहता है तब तक उसमें एक ऐसी शक्ति बनी रहती है कि जो उसकी दृढ़ता को दिनो दिन दूनी करती जाती, परन्तु जहां एक बार डोर ढीली छोड़ कर प्रतिज्ञा के पंथ में से पांव हटाया कि फिर मन में वह दृढ़ता नहीं रहती, और शनैः शनैः मनोवृत्ति शिथिल होकर प्रतिकूल विचारों को स्थान देती जाती है. मनके क़ाबू से छूटते ही इन्द्रियां उसी मन को विषय वासना की ओर खींच लेजातीं और दूसरे अङ्ग प्रत्यङ्ग भी अपना कर्तव्य यथाविधि पालन न करके ढांचे को बिगाड़ डालते हैं. जब तक

राजा से दीन प्रजा तक राज्य का प्रत्येक अङ्ग समष्टिरूप से अपना कार्य्य बराबर करते तब तक पूर्त्ति की विशेषता होने से शक्ति बढ़ती जाती है, परन्तु जहां विभाग हुए कि क्षति अपना बल बतलाकर सब को क्षीण कर देती है।

बादशाह से सन्धि होजाने के कारण मेवाड़ को मुसलमानों के उत्पात का खटका मिटगया और महाराणा कर्णसिंह और जगतसिंह का समय सुखपूर्वक बीता, परन्तु उन्होंने आयुष्य थोड़ी पाई. औरङ्गज़ेब आलमगीर के तख्त पर आते ही मतद्वेष की आग पीछी भड़की, अकबर, जहांगीर और शाहजहां के समय में जो सुख हिन्दू प्रजा को प्राप्त हुआ था उस का अभाव होने लगा. अब राजपूतों में वह बल तो न रहा था परन्तु फिर भी केवल मेवाड़ मारवाड़ ही के मिलाप से वह प्रबल शक्ति उत्पन्न होगई कि आलमगीर जैसे प्रतापी शाहन्शाह की भी अकल ठिकाने आ लगी. राजपूत ज्ञाति का वह एक अन्तिम क़ौमी जोश और देश व राज्यभक्ति का अद्भुत दृश्य था जो शीघ्र ही दूध के उफान की भांति जाता रहा, और उस कट्टर विषैले सर्प को छेड़ कर उन्होंने लाभ के बदले हानि उठाई. आलमगीरी कोप का भारी बोझ मेवाड़ पर गिरने से उसको बड़ी हीं हानि पहुंची और उस की रही सही शक्ति का चूर्ण हो गया. औरङ्गज़ेब के मरते ही देहली की बादशाहत में ज़वाल शुरू हुआ, और दक्षिण में शिवाजी ने ज़ोर पकड़ कर मरहटों की उन्नति का बीज बोया. ऐसे समय का लाभ लेकर मारवाड़ ढूंढाड़ आदि के महाराजों ने तो अपने २ राज्य में जैसे तैसे वृद्धि की और मेवाड़ ने खोया. उस वक़्त भी मेवाड़ ने अपनी कुलपरम्परागत परोपकार वृत्ति को न छोड़ी और मारवाड़ व आमेर को सहायता देकर उनके राज्य पीछे उन को दिलवाये जो औरंगज़ेब ने ख़ालसे कर लिये थे.

यद्यपि कितनेक अफ़ग़ान बादशाहों ने हिन्दू राजा महाराजों के साथ मतद्वेष को लिये अच्छा वर्त्ताव न किया था, और कई बड़े २ राजवंशों को नष्टभ्रष्ट कर उन के राज्य छीन लिये थे, तथापि जिन्होंने सेवा स्वीकारी उनसे ठहराये हुए ख़िराज के अतिरिक्त उन की आन्तरिक स्वतंत्रता में विशेष हस्तक्षेप न किया; और मुग़ल साम्राज्य के समय में तो मतद्वेष भी बहुत घटगया था. मुग़ल शाहन्शाहों ने हिन्द को अपना देश समझ कर राजरीति के अनुसार उस का शासन किया, मातहतों पर दबाव बना रहने से वे परस्पर के लड़ाई झगड़ों से बचे रहे, और कितनेक शाही स्वत्व को अमल में लाने के अलावा उन मुसलमान सम्राटों की नीति सदा हिन्दू राज्यों को बने रखने ही की रही. परन्तु मरहटों के दिमाग़ वैसे कहां थे, बल पाते ही उन्होंने अपने जौहर दिखाने शुरू किये, जहां तहां लूट खसोट मारकाट के सिवा उत्तम नीति का आश्रय न लेने से वैभव

प्राप्त कर उन्होंने देश का नाश ही किया और साथ ही आप भी शीघ्र ही अस्त होगये. मुग़ल महाराज्य की अवनति और मरहटों की उन्नति के बीच का समय फिर भी राजपूतों को अपना बल बढ़ाकर अपने समाज की उन्नति करने का मिला था, परन्तु महाराजा सवाई जयसिंह की स्वार्थपरायणता से मेल के बदले परस्पर की फूट फैल जाने के कारण वह अवसर भी यों ही गया. सच तो यह है कि व्यक्ति, जाति, समाज व देश की उन्नति व अवनति का आधार उन की शिक्षा व सदाचार पर अवलम्बित है, ईरान व टर्की के मुसलमान महाराज्यों की वर्तमान विपत्तियों ने प्रत्यक्ष कर दिखाया कि केवल अपने पुरुषाओं के प्रताप और यादगारों के आधार पर कोई जाति या राज्य स्थिर नहीं रह सक्ता है; परन्तु जब कि शिष्टता की उत्कृष्ट स्थिति में भी आराम, सुख सम्पत्ति और विद्या, धन व राज्यमद से मनुष्य में स्वार्थपरायणता आही जाती है तो फिर विद्या और सद्दर्शन के अभाव में तो ऐसा होना स्वाभाविक बात है.

मुग़ल साम्राज्य का दबाव दूर होते ही राजपूताने में आपस के झगड़े चले, साथही स्वामिभक्ति के बन्धन भी ढीले पड़ कर सामन्तगणों ने भी स्वामि की सेवा से सिर फेर अपने २ ठिकानों को बढ़ाने का लालच किया. इस प्रकार भीतर व बाहर दोनों ओर से लड़ाई लगी और मेवाड़, मारवाड़, आमेर आदि सबही राजाओं को मरहटों से सहायता मांगनी पड़ी. मरहटों ने सहायता दी परन्तु साथही सन्ताप भी यहांतक पहुंचाया कि राजा और प्रजा सब त्राहि त्राहि करने लग गये. निर्बल का बल और निराधार का आधार कर्त्तार है, उसने न्यायशील परमप्रतापी ब्रिटिश गवर्नमेन्ट को राजपुत्रों का संकट मिटाने को भेजा, मेवाड़ के मुरझाये हुए खेतों में फिर से जीवन पड़ा और ब्रिटिश सर्कार की रक्षा में आते ही इस प्राचीन राज्य में पुनः शान्ति स्थापन होकर उसकी उन्नति होने लगी.



प्रकरण छठा.

महाराणा जवानसिंह

सं० १८८५ वि० (स० १८२८ ई०) में गद्दी बैठे. स० १८३२ ई० में गया की यात्रा को जाते वक़्त मार्ग में अजमेर में लार्ड बैंटिंक गवर्नर जनरल हिन्द से मुलाक़ात की. उदयपुर के दक्षिण पश्चिम पहाड़ी इलाक़े में भीलों की जंगली जाति बसती है, वहां कितनेक छोटे छोटे ठिकाने गिरासिये या भूमिये राजपूतों के होने से वह प्रान्त भूमट कहलाती*. वे भूमिये जागीरदार सदा से मेवाड़ दर्बार के आधीन चले आते हैं. इस वक़्त उपद्रव उठाकर वे दर्बार से बागी हो गये और उन को दण्ड देने के वास्ते महाराणा को सर्कार अंगरेज़ी से फौजी सहायता लेनी पड़ी, तब सं० १८३८ ई० में सर्कार अंगरेज़ी ने यह तजवीज़ की कि आगे के वास्ते इन भूमिये, गिरासिये, और भीलों में शान्ति बनी रखने के वास्ते एक भीलपल्टन तय्यार करके खैरवाड़े और कोटड़े में अंगरेज़ी छावनियां रक्खी जावें.

महाराणा जवानसिंह की वृत्ति भी ऐश आराम की ओर विशेष झुकी हुई थी इसलिये राज्यप्रबन्ध उत्तम रीति से नहीं चलता था, सर्कारी ख़िराज की रक़म चढ़ गई और रियासत पर ऋण का भार भी बढ़ता गया, तब ख़िराज दाख़िल करने और मुल्की कारोबार को सुधारने के वास्ते सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से ताकीद हुई. सं० १८६५ वि० भाद्रपद सुदि १० को ३८ वर्ष की युवावस्था ही में महाराणा के जीवन का अन्त आ गया, और सन्तान न होने से बाघोर महाराज शिवदानसिंह के पुत्र सर्दारसिंह गोद लिये गये.

महाराणा सर्दारसिंह

सं० १८६५ वि० में गद्दी बैठे उस वक़्त राज्य पर बीस लाख के लगभग ऋण था. महाराणा ने सर्कार अङ्गरेज़ी से दरख़्वास्त की कि मेरी रक़्ता पूर्ण रूप से जमाने के वास्ते

* भूमट इलाक़े में जवास, पहाड़ा, मादड़ी, जूड़ा, ओगणा, पानरवा, ऊमरिया आदि ठिकाने भूमिये राजपूतों के हैं. कहते हैं कि वे पहिले शुद्ध राजपूत थे परन्तु दीर्घकाल से भीलों में रहने और उनके साथ सम्बन्ध जुड़जाने से अब दूसरे राजपूत उन से परहेज़ करते हैं.

थोड़े काल तक अङ्गरेज़ी सेना उदयपुर में रखकर मुझे सहायता दीजावे परन्तु इस को सर्कार ने स्वी नहीं किया. महाराणा की प्रकृति तेज़ होने से सामन्तगण उन से प्रसन्न न थे. स० १८४० ई० में मेवाड़ के पोलिटिकल् एजण्ट मेजर रार्बिसन साहब की मध्यस्थता में महाराणा व उन के सामन्तों के दर्मियान एक और क़ौलनामा हुआ.

स० १८४१ ई० में खैरवाड़े और कोटड़े में अंगरेज़ी छावनियां स्थापन हुई और फौज ख़र्च में मेवाड़ के हिस्से के मगरे मेरवाड़े की आय महाराणा ने सर्कार अंगरेज़ी को देना मञ्जूर किया जो उस वक्त क़रीब ४५०००) साल की थी, और इसके सिवा चार हज़ार रुपये वार्षिक भूमट के गिरासियों के ख़िराज के आते थे वे भी इस के शामिल किये गये. खैरवाड़े की भीलपल्टन का ख़र्च पहिले तो १२०००) साल का था परन्तु फिर घटाकर ६८०००) साल का रक्खा गया जिस में पचास हज़ार साल मेवाड़ दर्बार की तर्फ से दिये जाते हैं.

चार वर्ष राज कर के महाराणा सर्दारसिंह ने सं० १८६६ आषाढ़ सुदि ६ को संसार से पयान किया, सन्तान न होने के कारण उन्होंने बाघोर से अपने छोटे भाई स्वरूपसिंह को गोद लेकर अपना उत्तराधिकारी बनाया था.

महाराणा स्वरूपसिंह

सं० १८६६ वि० (स० १८४२ ई०) में गद्दीनशीन हुए. पहिले सर्कार अंगरेज़ी को तीन लाख रुपये उदयपुरी वार्षिक ख़िराज के दिये जाते थे परन्तु राज्य की दशा अच्छी न देखकर मास जून स० १८४६ ई० से सर्कारी ख़िराज की रक़म दो लाख कल्दार सालाना करदी गई.

दीर्घकाल से राज्य में गड़बड़ चलने के कारण मातहत सर्दारों ने स्वतंत्र से बन कर आज्ञा पालने से सिर फेर रक्खा था, महाराणा ने उन को ठिकाने लाना चाहा; सलूमर व देवगढ़ के जागीरदारों के चन्द गांव जब्त किये, जिस पर उन्होंने राज्य की सेना से मुक़ाबला किया. ता० ८ फरवरी स० १८४५ ई० को कर्नल् रार्बिसन पोलिटिकल् एजण्ट मेवाड़ की मध्यस्थता में महाराणा और उन के सर्दारों के दर्मियान फिर क़ौलनामा हुआ परन्तु उस पर भी अमल न होने से सं० १८५४ ई० में कर्नल् सर हेनरी लारेन्स की सलाह से तीस शर्तों का दूसरा क़ौलनामा लिखा गया, उस पर भी देवगढ़, भैंसरोड़, कानोड़ के जागीरदारों और प्रधान महता शेरसिंह के सिवा दूसरे सर्दारों ने हस्ताक्षर

न किये इसलिये वह भी रद्द ही रहा. राज की फौज से मुक़ाबला करने के क़सूर में सलू-मर व देवगढ़ के सर्दारों पर पच्चीस २ हज़ार रुपये जुर्माना हुआ.

स० १८५७ ई० (सं० १९१४ वि०) के ग़दर में महाराणा ने सर्कार अंगरेज़ी के साथ बड़ी ख़ैरख्वाही प्रकट की, कई अंगरेज़ अफसर व मेमों आदि को जगनिवास महल में पनाह देकर उन के प्राण बचाये. उस वक़्त मेवाड़ में पोलिटिकल् एजण्ट कप्तान शावर (फिर जनरल् शावर) था, उसने अपनी पुस्तक "ए मिलिंग चेप्टर आफ इण्डियन् म्यू-टिनि" में महाराणा की ख़ैरख्वाही का बहुतसा हाल लिखा है उसी में से थोड़ासा यहां दर्ज किया जाता है:—

"चारों ओर ग़दर और बलवे के समाचार सुनकर अपने ताल्लुक़ के इलाक़े में शान्ति बनी रखने के वास्ते मैंने महाराणा साहब से सलाह की, उन्होंने मुझे हर प्रकार की सहायता देने का क़रार कर अपनी ख़ास भरोसे की सेना मेरे सुपुर्द करदी और बेदले के राव बख्तसिंह को भी साथ दिया. रजीडेंसी की रक्षा के वास्ते चार मौतबिर सर्दार मुक़र्रर किये गये."

"नीमच से मिस्टर बार्न और रोज नामी दो अंगरेज़ अफसरों ने आकर ख़बर दी कि नीमच की छावनी की देशी फौज बदलगई है और चालीस अंगरेज़ (साहब, मेम व-बालक) भागकर अपने प्राण बचाने को डूंगले गांव में आये हैं परन्तु वहां भी उन की दशा अच्छी नहीं है, यदि समय पर सहायता न पहुंची तो अवश्य मारे जावेंगे. मैं उसी रात मिस्टर बार्न को साथ लेकर महाराणा की फौज समेत उधर रवाने हुआ, इस फौज का अफसर महता शेरसिंह था. मेवाड़ के सर्दार उस वक़्त महाराणा से बिगड़ रहे थे और अंदेशा था कि कहीं मेवाड़ ही में उपद्रव न उठजावे इसलिये मैंने सर्दारों के पास एक नोटिस भेजदिया कि पीछा लौट कर मैं तुम्हारे दुखड़े सुनूंगा, परन्तु इस अर्से में यदि किसी ने सिर उठाया तो वह सर्कार अंगरेज़ी और महाराणा साहब दोनों का क़सूरवार समझा जावेगा, और महाराणा को सलाह दी की बीजोल्यां और आमेट के गोद के फैसले आप अभी मुलतवी रक्खें."

"फस्ट बङ्गाल क्यावलरी की बाग़ी फौज का एक दस्ता खैरवाड़े की तर्फ जाता था परन्तु कप्तान ब्रुक ने जो उस वक़्त खैरवाड़े का कमान अफसर था, उस को रोका, और भील भी बागियों के शामिल न हुए किन्तु उन्हें गिरिफ्तार करने में मदद देते रहे."

" ता० ७ जून (स० १८५७ ई०) की रात को उदयपुर से चल कर दूसरे दिन मैं बहुत रात गये डूंगले में पहुंचा, रास्ते में सिर्फ खैरोदे में थोड़ासा आराम लिया था.

बाग़ी सिपाहियों को पहिले ही खबर होगई थी कि मेवाड़ दर्बार ने हमारे मुक़ाबले को फ़ौज भेजी है इसलिये वे भय खाकर वहां से (डूंगले से) चलदिये थे. साहब लोग और मेमें वहां गन्धे घरों में छुपे हुए बहुत बुरी हालत में थे, यहांतक कि उन में से एक को तो हैजा होगया था. महाराणा साहब की तर्फ से औरत बच्चे और बीमारों के वास्ते तो पालकी और अफसरों के वास्ते सवारी को हाथी घोड़े भेजे गये थे, और बारबर्दारी को गाड़ियों आदि का बन्दोबस्त पहिले ही से होगया था. बेदले के राव बखतसिंह की रक्षा में वे सब लोग उदयपुर भेजे गये जहां बड़ी ख़ातिर और आराम के साथ महाराणा ने उन्हें जगनिवास के महल में पनाह दी जो पीछोला झील के बीच में है. इस ख़ैर-ख्वाही के वास्ते नव्वाब गवर्नर जनरल् हिन्द और महाराणी विक्टोरिया ने महाराणा के नाम शुक्रिये की चिट्ठियां भेजीं."

"उन शर्णागत साहब लोगों में से कप्तान ऐन्सली लिखता है कि महाराणा साहब स्वयं हम से मिलने आये और पूछा कि हमें किसी प्रकार की तकलीफ तो नहीं है, बालकों को उन्होंने दो दो अशर्फियां अपने हाथ से दीं, और शाम को महाराणी साहिबा की तर्फ से भी दो दो अशर्फियां हरेक बालक के वास्ते आईं."

"नीमच से भागे हुए डाक्टर मुरे और गेन पैदल केसूंदे गांव में पहुंचे और वहां के पटैल से पनाह मांगी, उसने बड़ी ख़ातरी के साथ दोनों को अपने घर में रख कर खाने पीने का सब बन्दोबस्त कर दिया. थोड़ी ही देर पीछे बागियों के सवार साहब लोगों का पीछा करते हुए आन पहुंचे और पटैल से कहा कि दोनों फिरङ्गियों को हमारे सुपुर्द कर दे! परन्तु गांव वालों की सहायता ले उस ने शर्णागत को सौंपने से इन्कार किया और बागियों से लड़ने को तय्यार हो गया, तब तो वे पीछे फिर गये. इस ख़िदमत के बदले महाराणा साहब ने केसूंदे के पटैलों को सिरोपाव बख्शे और कुछ ज़मीन भी दी."

"मैं उदयपुर की फौज को लिये बागियों के पीछे पड़ा. हमीरगढ़ और महुवे के जागीरदार बड़ी ख़ातिर से पेश आये और अपनी अपनी जमैयत समेत मेरे साथ हो लिये. जब हम शाहपुरे पहुंचे तो नगर के दर्वाज़े बन्द पाये, कोई पेशवाई को न आया, और न कुछ सरबराह का बन्दोबस्त हुआ, वहां के लोगों के तेवर भी बदले हुए थे. देवली की छावनी से भागे हुए एक अङ्गरेज़ और दस मेमों को जहाजपुर के हाकिम ने हिफाज़त के साथ मेरे पास पहुंचा दिये."

"सलूम्बर का रावत खुल्लमखुल्ला बदल रहा था, और मुंहामुंह कहता था कि यदि महाराणा साहब शीघ्र ही मेरी दर्ख्वास्त को मंजूर न करेंगे तो आठ दिन के भीतर मैं

उन को गद्दी से उतार दूसरे को बिठा दूंगा. सर हेनरी लारंस साहब ने तो अपनी रिपोर्ट में यह तजवीज़ लिखी थी कि भींडर और सलूमर के सर्दार अपने २ ठिकानों से ख़ारिज किये जाकर राजपूताने के बाहर भेज दिये जावें. रावत सलूमर की बग़ावत का ख़ास कारण यह था कि प्राचीन काल से ऐसी रीति चली आती है कि जब नया राव ठिकाने का मालिक होवे तो महाराणा का पाटवी कुंवर सलूमर जाकर मातमपुर्सी की रस्म अदा करता और राव को अपने साथ उदयपुर ले आता है. रावत केसरीसिंह सलूमर का मालिक हुआ तब महाराणा के कुंवर न होने से उन्होंने बेदले के राव को सलूमर रावत को उदयपुर लाने के वास्ते भेजना चाहा, परन्तु केसरीसिंह ने इस को मंज़ूर न किया और कहा कि ऐसी हालत में दर्बार ख़ुद पधार कर मुझे ले जावें. महाराणा के इंकार करने पर वह दूसरे बाग़ी सर्दारों से मिल गया, जो चाकरी के बदले नक़द रुपया दाख़िल करने की लगान के वास्ते उस वक़्त महाराणा से बदल रहे थे, और कहलाया कि आठ दिन के भीतर यदि दर्बार न पधारे तो मैं चित्तोड़ पर दूसरे को गद्दी बिठाऊंगा. महाराणा ने यह बात मुझे कहलाई तो मैंने पीछा जवाब भेजा कि आप पीछा कहला दें कि इस का उत्तर साहब एजण्ट से सलाह कर के दिया जावेगा. मैंने एक चिट्ठी रावत सलूमर को इस मज़मून की लिखीः—आप के पुरुषा अपनी राजभक्ति और आज्ञापालन के वास्ते प्रसिद्ध हुए हैं, मुमकिन नहीं कि आप उन के नाम को बट्टा लगावें. मैंने अफ़वाहन् सुना है कि आप चन्द बुरे आदमियों की सलाह में आकर बग़ावत करना चाहते हैं परन्तु याद रखिये ! कि जो इस वक़्त मेवाड़ की शान्ति का कुछ भी भङ्ग हुआ तो उपद्रव शान्त होने पर आप दर्बार मेवाड़ और सर्कार अंगरेज़ी दोनों के बाग़ी समझे जावेंगे आदि. रावत ने जवाब भेजा कि मेरे दुश्मनों ने ऐसी गप्प उड़ा दी है आप मेरी तर्फ से ख़ातिरजमा रक्खें. जगनिवास में जो अङ्गरेज़ थे वे आबू को भेज दिये गये."

"मन्दसोर में एक आदमी ने अपने को देहली का शाहज़ादा मशहूर कर के बाग़ियों की सर्दारी इख़्तियार की और चारों तर्फ वकील भेज कर ग़दर की आग को भड़काया. नीमच की देशी पल्टन और रिसाले के बाग़ी होने पर नीमच से अजमेर तक रास्ता खुला रखने को मैंने नीमाहेड़े पर क़ब्ज़ा करना मुनासिब समझा, थोड़ीसी अंगरेज़ी सिपाह और महाराणा की फौज व दो तोप लेकर वहां पहुंचा. कर्नल् जैक्सन भी साथ था. वहां के आमिल के पास अपना चौबदार भेज कर कहलाया कि शान्ति स्थापन होने तक यह क़स्बा हमारे सुपुर्द कर दो ! और ख़ुद भी हाज़िर होओ ! वहां के बख़्शी ने चोबदार को कहा कि "कृष्टान का नौकर" (इस पर शावर साहब बहुत चिड़े). पटेल ने आकर जवाब दिया कि क़स्बा खाली करने को हम तय्यार हैं परन्तु सिपाहियों के शस्त्र हम नहीं छीन

सक्के, मालूम हुआ कि वे बहाना करते हैं. नीमाहेड़े पर हमला करने की तय्यारी की गई, उन लोगों ने भी दर्वाज़े पर मोर्चे जमाये. दूसरे दिन प्रभात होते ही हमला किया, एक सार्जण्ट मारा गया और दो अंगरेज़ी अफसर व २२ सिपाही ज़ख्मी हुए. नव्वाब (टोंक) के अफसर व कई सिपाही तो दिन निकलने के पहिले ही भाग गये थे, उन में से दो अफसर गिरफ्तार हुए परन्तु बख्शी हाथ न आया. नीमाहेड़े पर अधिकार कर चोबदार की हतक करने के जुर्म में पटेल को फांसी दी गई." दो साल तक नीमाहेड़ा मेवाड़ दर्बार के क़ब्ज़े में रहा परन्तु फिर सर हेनरी लारेंस ने सर्कार में सिफारिश कर वह पर्गना पीछा टोंक वालों को दिलवा दिया.

"ग़दर मिटजाने पर मैं (कप्तान शावर) हुज़ूर मलिका मुअज़्ज़मा (क्वीन विक्टोरिया) की तर्फ से दिया हुआ घोषणापत्र लेकर महाराणा के पास गया और भरे दर्बार उसे पढ़ सुनाया, महाराणा को बड़ी ख़ुशी हुई, उसी दिन सारे शहर महल व तालाब पर रोशनी करवाई व आतिशबाज़ी छोड़ी गई. महाराणा ने हुज़ूर मलिका मुअज़्ज़मा को मुबारिकबादी का एक ख़रीता लिख कर साहब एजण्ट गवर्नर जनरल् राजपूताना के द्वारा रवाना किया."

ख़रीते का मुलामा—बादशाही घोषणापत्र के द्वारा यह बात विदित होने से, कि अब इंगलिस्तान की महाराणी हम पर शासन करेंगी, इस देश में ऐसा प्रकाश और प्रफुल्लितता छागई जैसे अंधियारे में चन्द्र के निकल आने से उजाला होजाता है. इस अवसर पर अपनी हार्दिक उमंग की प्रेरणा से अपनी वफादारी प्रकट करने को क़दम बढ़ाकर आप की भारतीय प्रजा की तर्फ से मैं आप को मुबारिकबादी देता हूं, और उस में अपनी शुकरगुज़ारी के इज़्हार को शामिल करने की इच्छा रखता हूं. तमाम हिन्दूस्तान में इस बात से बड़ी ख़ुशी हुई है कि आपने हम सब को अपनी निज रक्षा में लेकर पहिले की दर्मियानी कड़ी को दूर कर दिया, और अपने प्रेम की ज़ंजीर को सीधी इस मुल्क से मिलादी, जिससे मेरी गद्दी आप के तख्त के निकट पहुंचजाने से दोनों सदा के लिये ऐसे जुड़ गये हैं कि फिर कभी जुदा न होवेंगे. हमारी तरक्क़ी के वास्ते आप के लिहाज़ की इससे बढ़ कर सबूत क्या होगी कि आप ने अपने शाही फर्मान के द्वारा लोगों को विश्वास दिलाया कि आप हिन्द के रईसों के हक़ूक़ इज़्ज़त आबरू और धर्म को वैसा ही प्रिय समझेंगे जैसा आप अपने हक़ूक़ वग़ैरह को समझते हैं. इस फर्मान से मेरी और कुल रऊसाय हिन्द की दिलजमई होगई. ख़ास मेरी ही तसल्ली के वास्ते तो मुझे ऐसे विश्वास दिलाने की ज़रूरत नहीं थी, क्योंकि मुझे हमेशा

पूरा भरोसा रहा है कि जो बादशाह ऐसी ज़बर्दस्त क़ौम पर हुक्मरानी करता वही अपनी हिमायत में लिये हुए रईसों की तर्फ अपनी उदार प्रकृति का परिचय देसक्ता है.

इस महान बलवे का सिर कुचल देने के वास्ते मैं आप को मुबारकबाद देता हूं. उसका सुपरिणाम होने में मुझे कुछ भी सन्देह न था और वह ठीक मेरी आशा के अनुकूल हुआ, ऐसे ही इस बात की भी मुझ को बहुत ख़ुशी है कि उस भयभरे हुए विषम काल में मैंने अपने कर्तव्य का पालन कर अपने कई रिश्तेदार रईसों को, जिन्होंने अंगरेज़ी फौज की साधारण सहायता से निराश होकर मुझ से सलाह पूछी थी, आपकी ज़ात और तख्त की ख़ैरख्वाही में मेरे साथ अचल बने रहने की सलाह दी, और उन्हें जतलाया कि सर्कार अङ्गरेज़ी की रक्षा में हम सब को क्या क्या सुख नसीब हुए हैं. उसी मुताबिक़ सब रईसों ने चरप्रकार के क्लेश उठाकर भी अपनी वफादारी प्रकट की. लेकिन जो बात अहोभाग्य से मुझे नसीब हुई वह थोड़ों को हुई होगी कि कई पनाह चाहने वाले अंगरेज़ों को—जिन के साथ मेरे इलाक़े के बाग़ी सिपाहियों ने दग़ा किया था—अपनी तुच्छ सहायता पहुंचा कर सुरक्षित रखने से अंगरेज़ी सर्कार की तर्फ अपनी बे बदल वफादारी ज़ाहिर करसका आदि यह ख़रीता एक सोने की पेटी में बन्द करके, जिस पर जगनिवास महल का नक़शा खुदा हुआ और वह पेटी हाथी की सूंड पर धरी हुई थी, भेजा गया था, परन्तु न मालूम किसी कारण से वह महाराणी की सेवामें न पहुंच सका.

महाराणा स्वरूपसिंहजी ने मुल्की इंतिज़ाम में दुरुस्ती कर देश की आय को बढ़ाया, राज का कुल क़र्जा भी चुका दिया, लाखों रुपये नक़द और जेवर ख़जाने में छोड़ गये, ख़ैराती कामों में भी लाखों ही खर्च किये, और कई महल व मकानात बनवाये. बीमारी के कारण उन का नीचे का धड़ रहगया था और उसी हालत में बीस वर्ष राज्य कर के सं० १९१८ वि० कार्तिक सुदि १५ को (स० १८६१ ई०) ४७ वर्ष की अवस्था में परलोक सिधारे, एक पासवान उन के साथ सती हुई और यहीं से मेवाड़ में सती होने की रस्म बन्द होगई. इन महाराणा ने अपने नाम पर स्वरूपशाही रुपया चलाया. महाराणा स्वरूपसिंहजी न्यायी परन्तु मिज़ाज के कठोर थे, सन्तान न होने के कारण उन्होंने अपने भाई शार्दूलसिंह के पुत्र शम्भूसिंह को गोद लिया. किसी कारण से नाराज़ होकर उन्होंने शार्दूलसिंह को उदयपुर में क़ैद कर दिया और वह उसी हालत में मर गया.

महाराणा सर शम्भूसिंह जी. सी. ऐस. आई.

सं० १९१८ वि० में १४ वर्ष की अवस्था में गद्दीनशीन हुए. कम उमरी के कारण राज का काम साहब पोलिटिकल् एजण्ट की निगरानी में रिजंसी कौंसिल द्वारा होने लगा, एजंसी का महकमा, जो पहिले नीमच में था, उदयपुर में उठ आया. नीमच से खैरवाड़े व नसीराबाद तक पक्की सड़कें बनवाई गईं, पाठशाला और अस्पताल खुले, दर्बार की शिक्षा के वास्ते पण्डित रत्नेश्वर नियत हुआ, उदयपुर का बड़ा स्कूल उसी समय में बनकर नाम उस का शम्भूरत्नपाठशाला रक्खा गयाथा.

स० १८६२ ई० में पोलिटिकल् एजण्ट मेजर टेलर ने कौंसिल की राय से देवगढ़ रावत के दावों का फैसला कर जो रुपये रावत रणजीतसिंह से तलवार बंधाई के मेवाड़ दर्बार ने लेलिये थे वे पीछे दिलवाये और आगे को देवगढ़ को तलवार बंधाई के नज़राने से बरी किया. चित्तोड़ पर्गने की जमाबन्दी डकार कर महता शेरसिंह, प्रधान साबिक़, कोठारिये जाबैठा था और तलब करने पर भी कोठारिये के राव ने उसे न भेजा, इस सर्कशी और साहब पोलिटिकल् एजण्ट के साथ अशिष्टता से पेश आने के अपराध में राव का एक गांव उस की ज़िन्दगी भर के वास्ते ज़ब्त किया गया. इसी वर्ष सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से महाराणा को गोद रखने के इख्तियार की सनद् मिली.

सलूमर का रावत केसरीसिंह मरगया और उस का दूर सम्बन्धी जोधसिंह दर्बार की आज्ञा के बिना ही सलूमर का राव बन बैठा. भदेसर रावत भूपालसिंह ने अपने हक़ का दावा पेश किया जिस पर दर्बार ने जोधसिंह को सजा देने के वास्ते अंगरेज़ी फौज मांगी परन्तु जवाब मिला कि ब्रिटिश गवर्नमेण्ट मेवाड़ दर्बार को अपने फराइज़ मनसबी को अदा करने के भार से हलका करना नहीं चाहती है, और सर्दारों से इस मामले में राय लीगई. तब जोधसिंह ने दो लाख रुपया नजराने का दाख़िल कर दर्बार से अपना कब्ज़ा बहाल करवा लिया. स० १८६६ ई० में महाराणा सलूमर पधार कर, मातमपुर्सी की रस्म अदा करने उपरान्त, रावत जोधसिंह को अपने साथ उदयपुर ले आये. भदेसर का दावा इस दलील से ख़ारिज हुआ कि रावत भूपालसिंह चावंड से गोद आया है और राजपूताने के रिवाज व हिन्दू धर्मशास्त्र के अनुकूल वह दुबारा गोद नहीं जासक्ता है.

स० १८५७ ई० में आमेट का रावत पृथ्वीसिंह मरगया था, उस की ठकुराणी ने बेमाली रावत जालिमसिंह के पुत्र अमरसिंह को गोद लेलिया. दर्बार मेवाड़ की तर्फ से भी वह गोद जायज़ न समझी गई और तलवार बंधाई का दस्तूर भी न हुआ था कि देवगढ़ रावत की मदद से चतरसिंह ने, जो पृथ्वीसिंह का निकट सम्बन्धी था और आमेट पर उस का हक्क पहिले से क़ायम होचुका था, कुछ लड़ाई के पश्चात् आमेट पर अधिकार करलिया. क्योंकि जालिमसिंह महाराणा का कृपापात्र था इसलिये अमरसिंह को ख़ालसे में से मेजे का पर्गना बख़्शा गया और आमेट से दो गांव उसको दिलवा कर दर्बार में उसकी बैठक आमेट के बराबर कर झगड़ा मिटाया.

स० १८६७ ई० में पण्डित लक्ष्मणराव को प्रधान के पद से पृथक् कर कोठारी केसरीसिंह को प्रधान बनाया, यह आदमी मेहनती, दयानतदार और माल के काम में होशियार था. स० १८६८ ई० के भयङ्कर दुष्काल में महाराणा ने देशी बिदेशी दीन दुखियारे और भूखों की अच्छी पर्वरिश की, अनाज की राहदारी और महसूल बिल्कुल् मुआफ़ कर दिया, व्यौपारियों की ख़ातिरी कर बाहर से अनाज लाने के वास्ते राज्यकोष से उन को रुपये दिलवाये, अपने कोठार खोल दिये, जगह जगह इमदादी काम जारी किये, और कई ग़रीबख़ाने खोले जहां १६ हज़ार भूखों को रोज पका पकाया भोजन मिलता था. महाराणा की ऐसी प्रजापालकता से सर्कार अंगरेज़ी ने बहुत प्रसन्नता प्रकट की और धन्यवाद का ख़रीता भेजा. इसी साल दीवानी फ़ौजदारी की बाक़ायदा अदालतें क़ायम की गईं.

सं० १९२७ वि० (स० १८७० ई०) में लार्ड मेओ वाइसराय व गवर्नर जनरल् हिन्द ने अजमेर आकर दर्बार किया जिसमें राजपूताने के सब ही रईस आये थे. महाराणा भी निमंत्रण के अनुसार अजमेर पधारे और उन का वर्त्ताव वहां बहुत ही अच्छा रहा. दर्बार में उन की बैठक अव्वल दर्जे पर थी. सरकार अंगरेज़ी की तर्फ से राजराणा झालरापाटण की पेशवाई के वास्ते मेवाड़ के पोलिटिकल् एजण्ट कर्नल् निक्सन् भेजा गया था. राजराणा ने उससे कहा कि महाराणा साहब से मेरी मुलाक़ात करा दीजिये, और हाड़ोती के एजण्ट ने भी इस मामले में कोशिश की, मेवाड़ के सर्दारोंने इस में ऐतराज़ उठाया परन्तु कर्नल् निक्सन् ने दर्बार में अर्ज़ की कि सर्कार अंगरेज़ी ने झालरापाटण के रईस को स्वतंत्र राजा बनाया है, और राजपूताने के रईसों ने उन के साथ अबतक बराबरी का वर्त्ताव नहीं किया तो सिवा आपके यह उम्मेद और किससे की जासक्ती है क्योंकि आप का बख़्शा हुआ मान सब जगह मान्य होता है. श्रीदर्बार ने

साहब एजण्ट की दर्ख्वास्त को मंज़ूर कर राजराणा से बराबरी की मुलाक़ात की और उनकी इज़्ज़त बढ़ाई.

कर्नल् जान ब्रुक एजण्ट गवर्नर जनरल् राजपूताना ने स० १८७१ इ० में उदयपुर आकर महाराणी विक्टोरिया की तर्फ से इनायत हुआ जी. सी. ऐस. आई. (नाइट ग्राण्ड-कमाण्डर आफ दी मोस्ट ऐक्ज़ाल्टेड आर्डर आफ दी स्टार आफ इण्डिया) का महामाननीय पदक और ख़िलअत महाराणा को पहनाया.

कोठारी केसरीसिंह प्रधान के मरने पर राज के बड़े २ काम महक्मे ख़ास के ताल्लुक़ किये जाकर वहां का हाकिम प्रधान के स्थानापन्न माना गया. राय महता पन्नालाल सी. आई. ई. महक्मे ख़ास. का हाकिम मुक़र्रर हुआ जिसने २५ वर्ष तक उम्दगी के साथ अपने उहदे का काम अंजाम देकर अपने स्वामी और राज्य की अच्छी सेवा बजाई. उस की कारगुज़ारी से ख़ुश होकर देहली के दर्बार क़ैसरी में लार्ड लिटन वाइसराय ने उसे राय की पदवी दी, और स० १८८७ ई० में श्रीमती महाराणी विक्टोरिया क़ैसरेहिन्द की तर्फ से सी. आई. ई. की उपाधि प्रदान हुई.

महाराणा शम्भूसिंहजी एक प्रजापालक, विद्यारसिक, दयालु और उदार प्रकृति के रईस थे परन्तु पास रहने वाले स्वार्थी लोगों ने उन की तबियत को मदिरा और अय्याशी की तर्फ झुका कर उन की आरोग्यता के प्याले को उलट दिया. २७ वर्ष की पूर्ण युवावस्था ही में १२ साल राज्य कर के सं० १९३१ वि० आश्विन वदि १२ को उन का परलोकवास होगया. पीछोला झील पर शम्भूनिवास के महल इन्हीं महाराणा ने बनवाये.

महाराणा सर सज्जनसिंह जी. सी. ऐस. आई.

महाराणा शम्भूसिंहजी के निस्सन्तान गुज़रने पर महाराणी साहिबा और सर्दार अहलकारों की सलाह से महाराज शक्तिसिंह के पुत्र सज्जनसिंह स० १८७४ ई०= सं० १९३१ वि० आश्विन बदि १३ को गोद लिये जाकर पाट बिठाये गये. उस वक़्त उन की अवस्था १५ वर्ष की थी. होशियार होने तक राजकाज रिजेंसी कौंसिल के द्वारा साहब पोलिटिकल् एजण्ट की निगरानी में होने लगा, जानी विहारीलाल महाराणा का शिक्षक नियत किया गया.

महाराणा शम्भूसिंहजी ने स्वर्गवास करने से कुछ पहिले महकमे ख़ास का काम राय महता पन्नालाल से लेकर उसे क़ैद कर दिया था और कितनेक जाहिलों ने यह भी प्रसिद्ध किया कि महताजी ने दर्बार पर जादू करवाया है. जब कि वह महाराणा के शव के साथ महासत्तियों में गया तो एक सिपाही ने अचांचक उस पर तलवार का वार किया परन्तु ज़ख्मकारी न लगा और वह सिपाही पकड़ा गया. ज़ख्म से फ़ुर्सत पाने पर विरोध बढ़ जाने से महता पन्नालाल को उदयपुर छोड़ कर अजमेर में रहना पड़ा, परन्तु इस अर्से में राज का काम ठीक तौर पर न चलने से साहब पोलिटिकल् एजण्ट की सलाह के मुवाफ़िक महाराणा साहब ने उस को पीछा बुला कर महकमे ख़ास का हाकिम बनाया.

सं० १९३२ वि० में महाराणा सज्जनसिंहजी का प्रथम विवाह ईडर महाराजा केसरीसिंहजी की बड़ी बहन के साथ हुआ, इसके अतिरिक्त दो विवाह ईडर व कृष्णगढ़ किये थे. स० १८७५ ई० में प्रिन्स आफ वेल्स के, वलीअहद मलिका मुअज्ज़मा क्वीन विक्टोरिया, हिन्दुस्तान में तशरीफ लाने पर महाराणा उन की मुलाक़ात के वास्ते बम्बई पधारे.

महाराणा के काका बाघोर महाराज सोहनसिंह ने महाराणा शंम्भूसिंहजी के देवलोक होने पर उदयपुर की गद्दी मिलने का दावा किया था परन्तु सफलता न होने से वह अपनी जागीर में जा बैठा और राज के हुक्म की तामील से सिर फेरा, इसलिये खैरवाड़े की भील-पल्टन, राज की फौज और तोपख़ाने समेत बाघोर भेजी गई. महाराज ऐसा भयभीत हुआ कि एक भी फैर किये बिना अपने तईं साहब कमांडिंग अफसर के सुपुर्द कर दिया, और क़ैद होकर उदयपुर आया, फिर पांचसौ रुपये माहवार की तनख्वाह पर बनारस भेज दिया गया. कई वर्ष उपरान्त सर ऐडवर्ड ब्राड फोर्ड एजेण्ट गवर्नर जनरल् राजपूताना की सिफारिश से महाराणा ने उसे पीछा उदयपुर बुला लिया. बाघोर का पर्गना महाराज शक्तिसिंह को जागीर में बख्शा गया था परन्तु उसके निस्सन्तान मर जाने पर ख़ालसे में शामिल हो गया, फिर महाराज सोहनसिंह भी निस्सन्तान मरगया और उसी के साथ बाघोर के ख़ान्दान का ख़ातमा हुआ.

इसी साल लार्ड नार्थब्रुक, वाइसराय व गवर्नर जनरल हिन्द बतौर सैर उदयपुर आये. नाथद्वारे के गुसांई गिरिधरलाल महाराज ने राज्य के हुक्म की तामील से सिर फेर कर अपनी प्रजा पर अन्याय करना आरम्भ किया. श्री दर्बार ने महाराज की चश्मनुमाई के वास्ते सेना भेजी और वह क़ैद किये जाकर मेवाड़ बाहर किये गये. नाथद्वारे की गद्दी पर उनके पुत्र मौजूदा टीकेत महाराज गोवर्द्धनलालजी बिठाये गये व उनकी कम उमरी में ठिकाने का काम सम्भालने को दर्बार मेवाड़ की तर्फ से एक मौतबिर अफसर भेजागया.

सं० १६३३ वि० (स० १८७७ ई०) में महाराणा दहली के दर्बार क़ैसरी में पधारे जो लार्ड लिटन वाइसराय व गवर्नर जनरल हिन्द ने महाराणी विक्टोरिया के "क़ैसरेहिन्द" की पदवी धारण करने की तक़रीब में किया था. यह पहिला ही मौक़ा था के उदयपुर के महाराणा दिल्ली पधारे. वहां महाराणा की ज़ाती सलामी २१ तोप की की गई. उसी साल सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से महाराणा को राज के इख़्तियारात मिले तब उन्होंने अदालत दीवानी और फौजदारी की अपील सुनने और दूसरे अदालती काम के वास्ते, जो पहिले महकमे ख़ास में होता था, एक जुदी कौंसिल राज के बड़े बड़े सर्दार और कारकुनों की क़ायम की. इस कौंसिल का नाम पहिले इजलास ख़ास रक्खा गया था परन्तु फिर बदल कर महद्राजसभा कर दिया गया.

इसी साल स्काच प्रेस बिटीरियन मिशन की तर्फ से आये हुए पादरी डाक्टर जेम्स शिफर्ड को शहर के बाहर उत्तर की तर्फ एक टुकड़ा जमीन का मिला जहां मिशनघर बनाया गया. पादरी साहब ने धीरे २ अपने इलाज मालजे और शिष्ट व्यवहार से सब को मोह लिया, एक मिशन अस्पताल और पाठशाला भी नगर में खोली, और जमीन प्राप्त कर गिर्जाघर भी बनाया, लड़कियों का स्कूल स्थापन किया, और आस पास गांवों में भी पाठशाला बिठाई. जंगली भीलों को सुधारने और उन्हें मंगल समाचार सुनाने में यह बड़ा प्रयत्न करते हैं सम्भव है कि काल पाकर पादरियों के अच्छे वर्ताव और उपदेश का असर उस जंगली जाति पर पड़ जावे.

सं० १६३७ वि० (स० १८८१ ई०) में भीलों ने बलवा किया, महाराणा ने कविराजा श्यामलदास दधिवाड़िया चारण को, जो उन का विश्वासपात्र मुसाहब और महद्राज-सभा का मेम्बर था, सेना सहित बलवा शान्त करने को भेजा. वह समझा बुझा कर लौट आया. जंगली जातियां बिना सज़ा दिये सीधी नहीं होतीं इसलिये उसका इन्तिज़ाम फिर राय महता पन्नालाल दीवान के सुपुर्द हुआ, चन्द मुखिया भील पकड़े जाकर क़त्ल किये गये और उन के सिर उदयपुर के बाहर दरख्तों पर लटकाये, कई बदमाशों के घर झोंपड़े जलाये, तब उन जंगलियों ने भय मानकर पीछे सिर झुकाये.

सं० १६३८ वि० (स० १८८२ ई०) में लार्ड रिपन वाइसराय व गवर्नर जनरल हिन्द ने चित्तोड़ आकर बड़ी धूमधाम के साथ महाराणी विक्टोरिया क़ैसरेहिन्द की तर्फ से अता किया हुआ जी. सी. ऐस. आई. का तमग़ा और ख़िलअत महाराणा को पहनाया. इसी साल ईडर वाली छोटी महाराणी साहिबा के पुत्र जन्मा परन्तु सिर्फ ४ पहर संसार की हवा खाकर कालकवलित होगया.

सं० १९४० वि० (स० १८८३ ई०) में बोहेड़े के रावत अदोतसिंह ने महाराणा की मर्ज़ी के विरुद्ध अपने एक रिश्तेदार केसरीसिंह को गोद रख लिया था, वह अदोतसिंह के मरने पर बोहेड़े पर क़ाबिज़ हो गया, भींडर महाराज मदनसिंह ने अपनी हक़दारी का दावा पेश किया इसलिये दर्बार ने राय महता पन्नालाल के छोटे भाई लक्ष्मीलाल महता हाकिम जहाजपुर को फौज देकर बोहेड़े भेजा. केसरीसिंह रात के वक्त कुछ माल असबाब लेकर निकलता था कि राज की फौज ने उस का पीछा किया, थोड़ीसी लड़ाई हुई जिस में दोनों तर्फ के चन्द आदमी मारे गये व ज़ख्मी हुए और केसरीसिंह क़ैद होकर उदयपुर आया. फौज ख़र्च में बोहेड़े की जागीर में से मंगलवाड़ का गांव ख़ालसे के शामिल होकर बाक़ी जागीर महाराणा ने भींडर महाराज के छोटे भाई रत्नसिंह को बख्श दी.

सं० १९४१ वि० पौष सुदी ६ स० १८८४ ई० ता० २३ दिसम्बर को दस वर्ष अढ़ाई महीने राज्य करके पच्चीस वर्ष की पूर्ण युवावस्था में महाराणा सज्जनसिंहजी संसार से उठ गये. इन्होंने जयपुर जोधपुरादि राज्यों से पीछी मैत्री जोड़कर जोधपुर महाराजा जसवन्तसिंहजी और कृष्णगढ़ महाराजा शार्दूलसिंहजी को उदयपुर में महमान किये और आप भी दो एक बार जोधपुर पधारे थे. बुद्धिमान् होने पर भी आख़िरी वक्त में शराब का शौक़ इतना बढ़ा लिया था कि उस कम्बख्त ने प्राण ही लेकर पीछा छोड़ा. थोड़े से समय में बहुत से सुधार किये, विद्या की चर्चा फैलाई, नगर में सज्जन अस्पताल नाम का बड़ा शफाख़ाना खोला जो पीछे लैंसडाउन अस्पताल के नाम में बदल गया, राज का छापाखाना खोल उसमें से सज्जनकीर्तिसुधाकर नाम का साप्ताहिक समाचार पत्र प्रकाशित करवाया, मेवाड़ गज़ट का पर्चा भी पहिले छपने लगा था परन्तु फिर बन्द हो गया. मेवाड़ में मालगुजारी का बाक़ायदा बन्दोवस्त कराने के वास्ते मिस्टर ए. विंग्रेट साहब आई. सी. एस. को सर्कार अंगरेज़ी की मार्फत बुलाकर पैमायश शुरू कराई. उस वक्त मेवाड़ के किसानों ने बन्दोवस्त कराने से इन्कार कर अपनी खेती छोड़ दी और कहने लगे कि यदि पुराने दस्तूर में फेरफार हुआ तो हम देश छोड़ कर और जगह जा बसेंगे. राय महता पन्नालाल ने इस मौके पर भी किसानों को समझा बुझा कर बन्दोवस्त का काम जारी करा दिया. फौज और पोलिस में दुरुस्ती हुई, सज्जननिवास बाग़, और बांसदरे की पहाड़ी पर सज्जनगढ़ नाम की इमारत बनवाई, कई पुराने महल मकानात की मरम्मत में लाखों रुपये ख़र्च किये, और शम्भूनिवास महल के पास एक विशाल महल बनवाने की नींव डाली. शादी गमी के अति व्यय रोकने और चारण भाटों आदि के त्याग का नियम बांधने में कोशिश की.

महाराजाधिराज महाराणाजी श्री सर फतहसिंहजी बहादुर जी. सी. ऐस. आई., जी. सी. आई. ई.

क्योंकि अपने जीते जी महाराणा सज्जनसिंहजी ने किसी को अपना उत्तराधिकारी नियत न किया था इसलिये उन के स्वर्गवास करने पर उसी दिन महाराणी साहिबा, व राज के प्रतिष्ठित सर्दार अहलकारों की सलाह से शिवरती महाराज गजसिंह के छोटे भाई और दत्तकपुत्र विद्यमान महाराणा श्रीफतहसिंहजी का गोद लेना निश्चय हो कर्नल् वाल्टर रजीडेण्ट मेवाड़ पर प्रकट किया गया. ता० २४ दिसम्बर स० १८८४ ई० को आप गद्दी बिराजे और ता० ४ मार्च स० १८८५ ई० को सर ऐडवर्ड ब्राडफोर्ड एजंट गवर्नर जनरल् राजपूताना ने उदयपुर आकर गवर्नमेण्ट हिन्द की तर्फ से महाराणा साहब को गद्दी बिठाने की रस्म अदा की, और उसी साल ता० २२ अगस्त को राज के कुल इख्तियारात आप को दिये गये.

ता० १० नवम्बर को लार्ड डफरिन वाइसराय व गवर्नर जनरल् हिन्द उदयपुर आये, महाराणा साहब ने ख़ातिर के साथ मेहमान्दारी की और उस समय ज़नाने अस्पताल के वास्ते एक नई इमारत तय्यार होने का हुक्म दिया, लेडी डफरिन साहिबा ने उस नये "वाल्टर फीमेल हास्पिटल्" का बुनियादी पत्थर रक्खा.

महाराणा सज्जनसिंहजी के पीछे धर्मार्थ व्यय करने को जो रुपया निकाला गया था उन में से दो लाख रुपया कर्नल् वाल्टर रजीडेण्ट मेवाड़ की सलाह से बतौर फण्ड जुदा रखवा कर उस के ब्याज से मेवाड़ के जिलों में कई पाठशाला और अस्पताल स्थापन होने का प्रबन्ध किया गया, और उपरोक्त आय के सिवा सैटल्मैण्ट आफिस (महकमे-बन्दोबस्त) मेवाड़ से मालगुज़ारी की आमदनी पर पहले सात वर्ष के वास्ते रुपये पीछे आधा आना, दूसरे पांच साल के लिये पौन आना, और फिर फी रुपया एक आना लगान मुक़र्रर की गई.

स० १८८७ ई० में श्रीमती महाराणी विक्टोरिया क़ैसरेहिन्द की पचास साला ज्युबिली की ख़ुशी में श्रीमन्महाराणा साहब ने अफयून के सिवा और सब जिंस की राहदारी का कर छोड़ देने की आज्ञा दी, दश सहस्र रुपया इम्पीरियल् इंस्टीटयूट लयडन

और पांच सहस्र रुपया कौण्टेस डफरिन के ज़नाने अस्पतालों के फण्ड में प्रदान किये; क्वीन विक्टोरिया की पचास साला ज्युबिली की यादगार में सज्जननिवास बाग़ में विक्टोरिया हॉल नामी महल का बुनियादी पत्थर रक्खा व बड़े ख़र्च के साथ उस विशाल भवन को बनवाकर सार्व जनिक हित और विद्यावृद्धि के वास्ते वहां एक बड़ा पुस्तकालय और म्यूजियम (अजायबघर) स्थापन कर शाहंशाह हिन्द की तर्फ अपनी सच्ची प्रीति और ख़ैरख्वाही और अपनी प्रजा की उन्नति चाहने का परिचय दिया. इसी साल आपको जी. सी. ऐस. आई. की पदवी और ख़िलअत श्रीमती महाराणी क़ैसरेहिन्द की तर्फ़ से प्रदान हुए.

स०१८८६ ई० में बम्बई के गवर्नर लार्ड रे और मार्च में भारतवर्ष के कमान्डर इन्-चीफ जनरल् सर फ्रेड्रिक राबर्ट्स (अब अर्ल राबर्ट्स) सैर के वास्ते उदयपुर आये और इस प्राचीन हिन्दू राज्यधानी की शोभा देख परमप्रसन्न हुए. इसी वर्ष ता० ३ अप्रेल को महाराणी विक्टोरिया के छोटे पुत्र शाहज़ादे ड्यूक आफ कनाट मय डचेज आफ कनाट के सैर के वास्ते यहां पधारे. इंगलिस्तान के। राज्यवंशी राजकुमार का मेवाड़ में शुभा-गमन होने का यह पहिला ही अवसर था इसलिये श्री दर्बार ने उनकी मेहमान्दारी में लाखों रुपया ख़र्च किया और इस शुभ समय की यादगार स्थिर रखने को उदयपुर से क़रीब एक मील उत्तर पश्चिम दिवाली गांव के तालाब का नया बन्द बनवा कर प्रजा के फायदे के वास्ते उस तालाब को बढ़ाने की तजवीज़ की. उस बन्द का बुनियादी पत्थर शाहज़ादे साहब के हाथ से रखवा कर नाम उस का 'कनाटबन्द' रक्खा और तालाब का नाम फतहसागर.

स० १८६० ई० में इंगलिस्तान के वलीअहद (प्रिन्स आफ वेल्स) के बड़े राजकुमार प्रिन्स ऐलबर्ट विक्टर (मरहूम) हिन्दुस्तान की सैर करते हुए उदयपुर पधारे. जशन ज्युबिली के मौक़े पर श्रीमती महाराणी विक्टोरिया क़ैसरेहिन्द की एक सफ़ेद संगमर्मर की प्रतिमा हज़ारों रुपये के ख़र्च से इंगलिस्तान से तय्यार करवा कर मंगवाई गई थी वह विक्टोरिया हॉल के साम्हने स्थापन कीगई और उस प्रतिमा को प्रकट में लाने की रस्म प्रिन्स विक्टर ने अदा की.

ता० ११ अक्टूबर स० १८६० ई० को लार्ड लैंसडौन वाइसराय व गवर्नर जनरल् हिन्द उदयपुर तशरीफ लाये, उस मौक़े की यादगार में श्री दर्बार ने एक बड़ा अस्पताल नगर के बीच बनवाना तजवीज़ फर्माकर नाम उस का "लैंसडौन अस्पताल" रखना ठहराया. इसी साल जोधपुर के महाराजा जसवन्तसिंह का स्वर्गवास होने से श्री दर्बार मातमपुर्सी के वास्ते जोधपुर पधारे.

महाराणा सज्जनसिंहजी ने चित्तोड़ से देबारी तक रेलवे बनाना तजबीज़ किया था, परन्तु उक्त महाराणा का शरीर छूट जाने से वह तजवीज़ कुछ काल तक अमल में न आई. श्रीमन्महाराणा फतहसिंहजी साहब ने उस लाइन के बनने की आज्ञा दी और मिस्टर कयाम्पबल् टामसन् इञ्जीनियर की निगरानी में तय्यार होकर नाम उस का 'उदयपुर चित्तोड़ रेलवे' रक्खा गया और ता० १ अगस्त स० १८६५ ई० को श्रीमन्महाराणा साहब ने उस को खोलने की रस्म अदा फर्माई.

ता० २२ फर्वरी स० १८६५ ई० को उदयपुर में सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से तारघर खोला गया. इसी साल राय महता पन्नालाल सी. आई. ई. ने अपने पद से इस्तैफा दिया और कोठारी बलवन्तसिंह व सहीवाला अर्जुनसिंह महकमे खास के हाकिम मुक़र्रर किये गये.

रेलवे लाइन के नगर से ८ मील दूर होने के कारण लोगों को उसका पूर्ण आराम मिलता न देखकर श्रीमन्महाराणा साहब ने उदयपुर तक उस लाइन को बढ़ा देने का हुक्म फर्माया और यह काम मिस्टर जी. ई. लिली इञ्जीनियर की मातहती में बना. पीछोला झील के तट पर शिवनिवास के आलीशान महल लाखों रुपये की लागत से बनवाये.

श्रीमती महाराणी विक्टोरिया कैसरेहिन्द की हीरकज्युबिली (सन् ६० जुलूस) की खुशी के मौक़े पर सर्कार अंगरेज़ी में महाराणा साहब की ज़ाती सलामी २१ तोप की होगई, और श्री महाराणी चावड़ीजी साहिबा को महाराणी विक्टोरिया की तर्फ से सी. आई. ई. (मैम्बर आफ दी इम्पीरियल आर्डर आफ दी क्राउन आफ इण्डिया) का पदक मिला, राजपूताने के इतिहास में यह प्रथम ही अवसर था कि किसी राजमहिषी को शाहंशाह हिन्द की तर्फ से इस तरह पदवी मिली हो.

ता० १२ नवम्बर स० १८६६ ई० को लार्ड एलगिन् वाइसराय व गवर्नर जनरल् हिन्द व ता० १२ नवम्बर स० १६०२ को लार्ड कर्जन वाइसराय व गवर्नर जनरल् हिन्द उदयपुर पधारे तब श्री दर्बार ने बड़े आदर सत्कार सहित उनका स्वागत किया. ता० १ जनवरी स० १६०३ ई० के देहली के दर्बार कैसरी के मौक़े पर, जो लार्ड कर्जन वाइसराय के अहद हुकूमत में किङ्ग एडवर्ड सप्तम शाहंशाह हिन्द के इंगलिस्तान के राज्य सिंहासन पर विराजने की खुशी में भरा था, श्रीमन्महाराणा साहब भी दिल्ली पधारे थे परन्तु अचांचक तबियत अलील होजाने से आप जनाब वाइसराय से मुलाक़ात तक न कर सके और पीछे पधार आये.

सं० १६५६ वि० (स० १८६६–१६०० ई०) में देश में बड़ा भयङ्कर दुष्काल पड़ा, असंख्य पशु और लाखों मनुष्य विना घास चारे और अन्न के भूख के मारे मर गये. माता पिता ने अपने प्यारे बच्चों को अन्न के वास्ते बेच डाले, सड़कों और गलियों में कंगलों की लाशें गिरने लगीं; ऐसे विकराल काल में महाराणा फतहसिंहजी साहब ने अपनी प्रजा का संकट दूर करने के वास्ते लाखों रुपये ख़र्च कर दिये, परन्तु साथ ही महामारी और कालज्वर का दूसरा दैवी प्रकोप होजाने से मेवाड़ की आबादी में लाखों मनुष्य कम होगये.

अपने स्वास्थ्य में कुछ विकार होजाने से कोठारी बलवन्तसिंह ने महकमे ख़ास के काम से इस्तीफा दिया अतः श्रीमान् महाराणा साहिब ने महता भूपालसिंह और महासहाणी हीरालाल को उस पद पर नियत फर्माये, परन्तु बहुत काल व्यतीत न हुआ था कि रोगग्रस्त होकर दोनों का शरीर छूट गया अतः फिर कोठारी बलवन्तसिंह को इंचार्ज नियत फर्माया.

स० १६०५ ई० के नवम्बर महीने में किंग एडवर्ड सप्तम ब्रेटब्रिटेन व आयरलैण्ड के बादशाह व क़ैसरेहिन्द के युवराज (वर्त्तमान किंग जार्ज पञ्चम क़ैसरेहिन्द) प्रिन्स आफ वेल्स उदयपुर सपत्नी पधारे और महाराणा साहब ने जीखोल कर आप की पहुनई की. हुज़ूर प्रिंस आफ वेल्स ने जो भाषण उदयपुर में दिया उस में आप फर्माते हैं कि " हमने राजपूतों के विषय में बहुत कुछ सुना और आपके (महाराणा साहब के) कई सघर्णियों से इंगलिस्तान में मिलने का सौभाग्य भी हमें प्राप्त हुआ परन्तु शौर्य्य, स्वतंत्रता और सन्मानसूचक उम्दा परम्परागत कथाओं के, जो राजपूत का प्यारा धन है, साक्षात् करने के वास्ते हमें राजपूत से उसके घर ही में मिलना चाहिये और मैं अपनी और प्रिंसेज की ओर से सचसच कहता हूं कि राजपूताना के विषय में जितना हमने पढ़ा और सुना था, वह एक ही दिन में जो कुछ हमने यहां देखा उस के सामने बहुत थोड़ा प्रतीत होने लगगया."

स० १६०६ ई० में श्रीमान् महाराणा साहब हरिद्वार की यात्रा को पधारे और वहां सुवर्ण का तुलादान किया. मार्ग में देहरादून में लार्ड मिण्टो वाइसराय व गवर्नर जनरल् हिन्द से भी मुलाक़ात की. माह नवम्बर के शुरू में लार्डमिण्टो उदयपुर तशरीफ लाये और "मिण्टो दर्बार हाल" की इमारत का बुनियादी पत्थर रक्खा. इस अवसर पर जनाब वाइसराय ने भारत के देशी राज्यों के साथ गवर्नमेण्ट आलिया की नीति क्या है वह अपने भाषण में प्रकट की, उस भाषण का सारांश यह है:—

देशी राज्यों के वास्ते ब्रिटिश गवर्नमेण्ट की पालिसी (नीति) का मूल क्वीन विक्टोरिया ने अपने स० १८५८ ई० के घोषणापत्र में स्थापन किया, और हिजमैजस्टी किङ्ग एडवर्ड ने उसी को अपने राज्याभिषेक के सन्देश में पुनः प्रकाशित फर्माया. स० १८५८ में क्वीन विक्टोरिया ने हिन्द के राजाओं को यह लिखा था कि "भारत के देशी राज्यों पर हम यह प्रकट करते हैं कि ऑनरेबल् ईस्ट इंडिया कम्पनी के साथ या उस की आज्ञा से जो सर्व सन्धिपत्र या क़ौलनामे किये गये उन को हम मान्य रखते हैं, और जैसे उन पर हमारा पूर्ण ध्यान रहेगा वैसे ही राज्यों की तर्फ से भी रहना चाहिये. हम अपने मौजूदा राज्य को बढ़ाना नहीं चाहते वैसे ही यह भी नहीं चाहते कि कोई हमारे राज्य में उपद्रव उठावे या बाधा डाले. दूसरों का राज्य दबाने की आज्ञा हम कभी न देंगे. देशी राजाओं की मान मर्य्यादा और स्वत्व का हम वैसा ही लिहाज़ करेंगे जैसा कि हम अपने स्वत्वों का करते हैं और हमारी यही इच्छा है कि हमारी प्रजा के अनुसार उन को भी उस समृद्धि और सामाजिक सुख की प्राप्ति होवे जो केवल घर के अमन और सुराज्य से मिल सक्ते हैं." चंवालीस वर्ष पीछे किङ्ग ऐम्परर ने भी जनाया कि "भारत के अपने सब भूमिपतियों और प्रजा को मैं उनकी स्वतन्त्रता का लिहाज़ रखने, उन की मान मर्य्यादा और स्वत्व का आदर करने, उन की उन्नति की तर्फ ध्यान रखने, और उन की भलाई में दत्तचित्त रहने का पुनः विश्वास दिलाता हूं और कहता हूं कि मेरे शासन के मुख्य अभिप्राय यही रहेंगे और सर्वशक्तिमान् ईश्वर की कृपा से वे (मेरे अभिप्राय) मेरे भारत के महाराज्य की सुखसम्पत्ति और वहां की प्रजा के सुख को बढ़ावेंगे".

"इन वचनों के अनुसार विरल अग्राह्यता के अतिरिक्त देशी राज्यों के अन्दरूनी मामलात में हस्ताक्षेप नहीं करना यही हमारी नीति है, परन्तु भीतरी स्वतंत्रता स्थिर रखने और बाह्य के शत्रु से उनकी रक्षा करने की ज़िम्मेवरी लेने में यह बात स्वाभाविक आजाती है कि इम्पीरियल् गवर्नमेण्टने उन के राज्यप्रबन्ध की साधारण उत्तमता का भी किसी क़दर ज़िम्मा लिया है और अन्याय में अव्यक्त कारण होने का अपवाद उठाने को वह स्वीकार नहीं कर सक्ती है. कई बातें ऐसी हैं कि उनकी, सर्व प्रजा, वैसे ही साम्राज्य के हितार्थ, इम्पीरियल् गवर्नमेण्ट को रक्षा करनी आवश्यक है, जैसे रेल, तार या दूसरे शाहाना कार्य्य."

"मेरे शासनकाल में तो मुख्य ध्यान इसी पर रहा है और रहेगा कि इम्पीरियल् गवर्नमेण्ट और देशी राज्य दोनों के स्वत्व पर समान रीति से निगाह रक्खी जावे और राजाओं के घरू मामलों में जहांतक होसके बहुत ही कम हस्ताक्षेप होवे, परन्तु आला

गवर्नमेण्ट का सम्बंध रियासतों के साथ आधिपत्य का है, राज्यों की भिन्न २ अवस्था होने से सब के साथ एक ही प्रकार की नीति वर्तने में कठिनता होती है अतः मेरा मुख्य उद्देश्य यही रहा है कि प्रचलित सन्धि के सम्बन्ध में जो जो प्रश्न उठें उन प्रत्येक का निबटारा अभियोग की स्थिति, देश काल, पहिले हालात और फ्यूडल व कांस्टिटयूशनल् राज्यों की ख़ास व्यवस्थानुकूल होवे. ब्रिटिश राज्य के राष्ट्रीय प्रबन्ध के तरीक़ों को अपने राज्य में प्रवेश करने के वास्ते दर्बारों पर दबाव डालने का मैं सदा से विरोधी रहा हूं, मैं चाहता हूं कि दर्बार आप वैसा सुधार करें जो राज्य की रीति भांति के अनुकूल पड़ता हो. मैं पोलिटिकल् अफसरों का ध्यान इस तर्फ खींचता हूं कि वे अपने को केवल गवर्नमेण्ट के मुख या शाही नीति के रक्षक ही न समझें किन्तु वे दर्बारों की इच्छा और अभिप्रायों को यथावत् जनाने वाले भी हैं. पोलिटिकल् अफसर और इण्डियन् राजाओं के मिल जुलकर काम करने ही में बहुत कुछ लाभ है, भारत में नूतन विचारों का काल आरम्भ हुआ है, समय बीतने पर हमें कठिनाइयां और सन्ताप भरे हुए कई नवीन प्रश्नों का साम्हना करना पड़ेगा, मुझे भरोसा है कि भारत के राजा महाराजा सद इस पर ध्यान रक्खेंगे कि उन के व उनकी प्रजा के लाभालाभ गवर्नमेण्ट आलिया के लाभालाभ से मिले हुए हैं" आदि.

किङ्ग ऐडवर्ड सप्तम क़ैसरेहिन्द के ता० ६ मई स० १९१० ई० को स्वर्गवास करने पर उन के युवराज वर्त्तमान महाराजाधिराज परमेश्वर किङ्ग जार्ज पञ्चम क़ैसरेहिन्द ब्रिटिश महाराज्य के सिंहासन पर बिराजे और अपनी भारतवर्ष की प्रजा का आनन्द बढ़ाने के वास्ते अपनी राजमहिषी श्रीमती महाराणी मेरी सहित अपने राज्याभिषेक का दर्बार हिन्दुस्तान में करने के निमित्त देहली पधारे. ता० १२ दिसम्बर स० १९११ ई० को (सं० १९६८ वि० पौषवदि ७ मङ्गलवार) दिल्ली नगर में यह शाहन्शाही दर्बार भरा और उसी अवसर पर श्रीमान् शाहन्शाह हिन्द ने भारत सर्कार की राज्यधानी कलकत्ते नगर से हटाकर दिल्ली में स्थापन होने की आज्ञा प्रकट की. उस आनन्दवर्धक शुभ समय पर भारतवर्ष के समस्त राजा महाराजा महाराजाधिराज परमेश्वर पञ्चम जार्ज क़ैसरेहिन्द को बधाई देने और आदाब बजालाने के वास्ते दिल्ली में आये थे. उदयपुर के राजकुल में चिरकाल से यह रीति चली आती है कि स्वयं महाराणा दिल्ली न जावें परन्तु क्योंकि अब दिल्ली में मेवाड़ दर्बार के मित्र व रक्षक ब्रिटिश गवर्नमेण्ट का घर है अतः वहां जाना अनुचित नहीं इसी विचार से महाराणा सज्जनसिंहजी अपनी सग़ीरसिनी में पहले पहल क्वीन विक्टोरिया के दर्बार क़ैसरी में दिल्ली गये थे तदनुसार महाराणा फतहसिंहजी साहब भी इस शुभ अवसर पर ता० ३ दिसम्बर स० १९११ ई० को

नाहर मगरे से रेल सवार होकर फिर दिल्ली पधारे. उदयपुर के महाराणा भारतवर्ष के सब राजवंशों में श्रेष्ठ और प्रतिष्ठित समझे जाते हैं इसलिये न्यायशील व उदार महाराजाधिराज पञ्चम जार्ज ने इस प्राचीन राजवंश की मान मर्य्यादा और कुलपरम्परा का भङ्ग करना अनुचित समझ कर महाराणा साहब को शाही सवारी में साथ रहने व दर्बार में हाज़िर होने से बरी रक्खा. जब शाहन्शाह जार्ज दिल्ली में पधारे तो आप का स्वागत करने के वास्ते श्री दर्बार रेलवेस्टेशन को पधारे और वैसे ही बिदायगी का आदाब बजालाने को भी, जिस दिन शाहन्शाह देहली से विदा हुए उसी दिन श्री दर्बार भी रवाना होकर ता० १८ दिसम्बर स० १९११ ई० को पीछे नाहर मगरे पधार आये.

श्रीमान् महाराणा साहब का पहिला विवाह (पाट विराजने के पूर्व) गोडवाड़ इलाके में खोड़ के मेड़तिये ठाकुर के यहां हुआ था, उस ठकुराणी से एक कन्या उत्पन्न हुई, जिन की शादी ता० २१ नवम्बर स० १८९२ ई० को वर्तमान कोटे महारावजी श्री उमेदसिंहजी साहब के साथ हुई थी, परन्तु एक साल पीछे ही प्रसव वेदना से बाईजी का देहान्त हो गया. पहिली ठकुराणी का शरीर छूटने पर श्रीमान् महाराणा साहब ने दूसरा विवाह गुजरात में बरसोड़ा के चावड़ा ठाकुरों के यहां (गद्दी विराजने के पूर्व) किया. इन महाराणी साहिबा के पहिले एक पुत्र–विद्यमान कुंवरजी बापजी श्री भूपालसिंहजी युवराज–और गद्दी पर पधारने के पीछे दो पुत्र और तीन कन्या हुईं. दोनों पुत्रों का शरीर बालकपन ही में छूटगया और एक कन्या का भी, जिस की मंगनी वर्त्तमान बीकानेर महाराजा श्री गङ्गासिंहजी साहब के साथ हुई थी, तेरह चौदह वर्ष की अवस्था में परलोकवास होगया. दूसरी राजकुमारियों में से बड़ी बाईजी साहिबा का विवाह कृष्णगढ़ महाराजा श्रीमदनसिंहजी साहब के साथ,और छोटी का जोधपुर महाराजा सर्दारसिंहजी के साथ हुआ था परन्तु अफसोस कि विवाह होने के दो ही वर्ष पश्चात् जोधपुर महाराजा का स्वर्गवास हो गया.

श्रीमान् महाराणा श्री सर फतहसिंहजी साहब सदा से सादा मिजाज़ और शान्त वृत्ति के रईस हैं, परन्तु पूर्ण परिश्रमी, दृढव्रती न्यायशील और दयालु हैं, सच पूछा जावे तो आज भारतवर्ष के राजा महाराजों में ऐसे राजा विरले ही मिलेंगे जो राज और प्रजा की सेवा करना ही अपना परमधर्म समझते हों. शराब आदि दुर्व्यसनों से आप बचे हुए और सब से बढ़कर प्रशंसनीय बात यह है कि राजपूत रईसों के दस्तूर के मुवाफ़िक आपने अनेक विवाह नहीं किये परन्तु एक पत्नीव्रत धर्म के पालनेवाले हैं. अपने कुल की मान मर्य्यादा को भलीभांति निबाहना और कुलधर्म का पालना ही आप का परमसिद्धान्त

है. यदि हिन्द के दूसरे रईस अपनी चाल चलन का सांचा बनाने के वास्ते कोई नमूना ढूंढें तो उन्हें महाराणा श्री फतहसिंहजी से बढ़कर नेकचलन और सादा मिजाज़ रईस शायद ही कोई मिल सक्ता है. राज काज के कर्तव्य को पूरा करने के सिवा आप को दूसरा कोई शौक़ ही नहीं, केवल अपनी आरोग्यता बनी रखने के वास्ते राजधर्म के अनुसार सिंह बाघ चीते शूकरादि हिंसक और प्रजापीड़क पशुओं का शिकार अलबत्ता खेलते हैं. गोली चलाने में आप बेनज़ीर, प्रण के पक्के और स्वभाव के धीर हैं, अमीरो ग़रीब सब की फर्याद सुनने से सबल की ताक़त नहीं कि निर्बल को सता सके. आपकी प्रजागण में विद्या धन और कलाकौशल की वृद्धि कराता हुआ परमात्मा आप के सुख सम्पत्ति और प्रताप को बढ़ावे और आप को चिरायु करे!

अपने पूज्यपिता के सदृश श्रीमान् युवराज कुंवरजी बापजी श्री भूपालसिंहजी भी विद्यारसिक, गुणग्राहक, बुद्धिमान् और दयालु हैं. आप का पहिला विवाह मारवाड़ में आउवे के ठाकुर की कन्या से हुआ था, परन्तु रोगवशात् उन कुंवराणीजी का शरीर शीघ्र ही छूट ग या और दूसरा विवाह जयपुर राज्य में अचरोल ठाकुर की कन्या से हुआ है.



मेदपाटेश्वरों की वंशावली

संख्या	राजा का नाम.	पाट संवत् विक्रमी.	कैफियत.
१	महीदेव गुहदत्त	०	आनन्दपुर से आया.
२	भोज	०	
३	महेन्द्र	०	
४	नाग	०	शायद नागहद या नागदा बसाया हो.
५	नृपशील या शीलादित्य	७०३ का लेख मिला	बप्प या बापा कहलाया.
६	राजा अपराजित	७१८ का लेख मिला	
७	माहेन्द्र	०	
८	कालभोज	०	
९	शुमांण वा खुम्माण	०	
१०	मत्तट	०	
११	भर्तृभट	०	
१२	सिंहजी	०	
१३	खुमांण दूसरा	०	
१४	महायक	०	
१५	खुमांण तीसरा	०	
१६	भर्तृभट दूसरा	१०००	आघाटपुर या आहड़ में गंगोद्भव नामी स्थान
१७	नरनाथ अल्लट	१०१०	में एक प्राचीन त्रुटक लेख मिला.
१८	नृप नरवाहन	१०२८ का लेख मिला	लेख का संवत् है. आघाटपुर को राजधानी बनाई.
१९	,, शालिवाहन		
२०	,, शक्तिकुमार	१०३४ का लेख मिला	इसका विवाह चालुक्य वंश की राजकुमारी से हुआ था.
२१	अम्बाप्रसाद	०	चहुवाण राजा वाक्पतिराज के
२२	शुचिवर्म	०	हाथ से मारा गया
२३	नरवर्म	०	
२४	कीर्तिवर्म	०	
२५	योगराज	०	
२६	वैरट	०	
२७	हंसपाल	०	

संख्या	राजा का नाम	पाट संवत् विक्रमी	कैफियत.
२८	वैरिसिंह	११५०	
२९	विजयसिंह	११७३ का लेख मिला	
३०	अरिसिंह	०	
३१	चौडसिंह	०	
३२	विक्रमसिंह या श्रीपुञ्ज	०	इस के पुत्र रणसिंह या कर्णसिंह से सीसोदे की शाखा फटी.
३३	क्षेमसिंह	०	
३४	सामन्तसिंह	०	जालोर के चौहाण राजा कीतू ने राजधानी लेली.
३५	कुमारसिंह	०	गुजरात के सोलङ्की राजा की सहायता से पीछा राज लिया.
३६	मथनसिंह	०	
३७	पद्मसिंह	०	
३८	महाराजाधिराज जैत्रसिंह या जयन्तसिंह	१२७०-८४ के लेख मिले	चित्तोड़गढ़ जीत वहां राजधानी स्थापन की.
३९	महाराजाधिराज राउल तेजसिंह	१३१७-२८	लेखों के संवत् हैं.
४०	महारावल समरसिंह	१३३०-३२-४२-५६	लेखों के संवत् हैं.
४१	महारावल रत्नसिंह	१३६०	सुल्तान अलाउद्दीन खिल्जी के युद्ध में मारा गया, यहीं रावल शाखा की समाप्ति हुई.
४२	राणा अरिसिंह	१३६०	सीसोदे का राणा चित्तोड़गढ़ की गद्दी पर बैठा.
४३	,, हमीरसिंह		
४४	,, क्षेत्रसिंह	१४२१	
४५	,, लक्षसिंह या लाखाजी	१४३९	गया तीर्थ में शरीर छोड़ा.
४६	,, मोकलजी	१४५४	
४७	रायरायान महाराणा कुम्भकर्ण या कुम्भाजी	१४९०	अपने पुत्र उदयकर्ण से मारे गये.
४८	महाराणा रायमल्ल	१५३०	सं० १५२५ से ३० तक उदयकर्ण राणा रहा.
४९	महाराणा सङ्ग्रामसिंह या सांगाजी	१५६५	बाबर बादशाह से बयाने के पास सं० १५८४ में जंग किया.

संख्या	राजा का नाम	पाट संवत् विक्रमी	कैफियत.
५०	महाराणा रत्नसिंह	१५८५	
५१	,, विक्रमादित्य	१५८८	बहादुरशाह गुजराती ने चित्तोड़गढ़ फतह किया.
५२	,, उदयसिंह	१५९२	शाहंशाह अकबर ने चित्तोड़गढ़ फतह किया. उदयपुर बसाकर वहां राजधानी स्थापन की.
५३	,, प्रतापसिंह	१६२८	मुसलमानों से राज पीछा लिया.
५४	,, अमरसिंह	१६५३–५४	शाहंशाह जहांगीर के साथ सन्धि कर आधीनता स्वीकारी.
५५	,, कर्णसिंह	१६७६	
५६	,, जगत्सिंह	१६८४	
५७	,, राजसिंह	१७०९	शाहंशाह औरंगजेब आलमगीर के साथ युद्ध किया.
५८	,, जयसिंह	१७३७	बादशाह से पीछी सन्धि की.
५९	,, अमरसिंह दू०	१७५५	
६०	,, सङ्गामसिंह दू०	१७६७	
६१	,, जगतसिंह दू०	१७९०	
६२	,, प्रतापसिंह दू०	१८०८	
६३	,, राजसिंह दू०	१८१०	
६४	,, अरिसिंह दू०	१८१७	
६५	,, हमीरसिंह दू०	१८२९	
६६	,, भीमसिंह	१८३४	ब्रिटिश गवर्नमेण्ट के साथ स० १८१८ ई० में सन्धि की.
६७	,, जवानसिंह	१८८५	
६८	,, सर्दारसिंह	१८९५	
६९	,, स्वरूपसिंह	१८९९	
७०	,, शम्भूसिंह	१९१८	
७१	,, सज्जनसिंह	१९३१	
७२	महाराणाजी श्री सर फतहसिंहजी	१९४१	विद्यमान महाराणा.

नृप शीलादित्य या बापा के निश्चित सं० ७०३ वि० से सं० १९४१ वि० तक १२३८ वर्ष में (जिस में कुम्भाजी के पुत्र उदयकर्ण व बणवीर के राज्य के १२ वर्ष भी शामिल हैं, परन्तु उनके नाम वंशावली में नहीं) ६९ राजा मेवाड़ की गद्दी पर बैठे, औसत हिसाब से प्रत्येक का राजसमय १७. ९४ वर्ष का आता है.

प्रकरण सातवां

मेवाड़ राज्य के अव्वलदर्जे के सर्दार और भाई बेटे

राज्य मेवाड़ के मुख्य सामन्तों में दर्बार के भाई बेटे और दूसरे वंश के सर्दार भी हैं जिनकी संख्या पहिले १६ थी और वे सोलह उमराव कहलाते थे, परन्तु अब बीस हो गये हैं. दूसरे दर्जे के सर्दार ३२ और तीसरे दर्जे में बहुतसे जागीरदार हैं जिन को गोल के सर्दार कहते हैं. अव्वलदर्जे के सर्दारों और भाई बेटों का बर्त्ताव बड़ी इज्ज़त के साथ होता यहां तक कि दर्बार में पाटवी कुंवर की बैठक इन उमरावों के नीचे है. उनके हुकूक़ बहुत बढ़े हुए और अपने अपने ठिकानों में वे राजाई ठाठ से रहते हैं. भाई बेटों में शाहपुरा, बनेड़ा, बाघोर, शिवरती और करजाली के सर्दार, और उमरा में ११ तो महाराणा के वंश के अर्थात् ८ चूंडावत–सलूमर, देवगढ़, बेगम, आमेट, मेजा, भैंसरोड़गढ़, कुरावड़ और आसींद; कानोड़ के राउत सारंगदेवोत, और भींडर व वानसी के शक्तावत हैं. नौ सर्दार दूसरे वंशों के हैं, बेदला, कोठारिया, पारसोली के चहुवाण; सादड़ी, देलवाड़ा और गोगूंदे के झाला; बीजोल्यां के परमार; बदनोर के राठौड़, और सर्दारगढ़ के ठाकुर डोडिया हैं. इनके सिवा एक सिन्धी जमादार भी हैं जिन की बैठक व इज़्ज़त दर्बार में उमरा के बराबर है.

मेवाड़ के सर्दार अपनी २ जागीर के एवज़ नियत पैदल सवारों से एक वर्ष में तीन मास के वास्ते और कोई ज़ियादा भी चाकरी देते और इस के अलावा वार्षिक छुट्टूंद के नक़द रुपये भी दर्बार मेवाड़ के ख़ज़ाने में दाख़िल करते हैं. पहिले हरेक सर्दार अपनी २ वार्षिक आय या रेख के अनुसार एक हज़ार रुपये के साथ दो सवार और चार पैदल चाकरी में रखता था परन्तु महाराणा सर्दारसिंहजी के समय में वैशाख वदि १४ सं० १८९७ वि० (स० १८४० ई०) को मेजर राबिंसन साहब पोलिटिकल् एजण्ट मेवाड की मार्फत मेवाड़ दर्बार और सर्दारों में क़ौलनामा हुआ तब से आधी चाकरी के एवज़ छुट्टूंद दाख़िल करना और आधी में एक हज़ार रुपये की आय तथा रेख के साथ एक सवार व दो पैदल से चाकरी देना क़रार पाया. छुट्टूंद की मुक़र्ररा रक़म आमदनी या रेख पर दो क़िस्तों में दाख़िल की जाती है. इस के अलावा तलवार बंधाई, नये महाराणा के पाट बैठने का, पाटवी कुंवर के प्रथम विवाह का और श्रीदर्बार के बहन बेटियों के विवाह का नज़राना अलग दाखिल किया जाता है आमेट गोगूंदा, कानोड़ और बनेड़े के सर्दार और कुल किशनावत तलवार बंधाई से बरी हैं परन्तु एवज़ में नज़राना दाख़िल करते हैं.

बड़ी सादड़ी

सादड़ी राज के बुज़ुर्ग झाला राजपूत थे. काठियावाड़ में हलवद के राजा राजधर के पुत्र अज्जा (अजयसिंह) और सज्जा (सज्जनसिंह) दोनों भाई किसी घरू झगड़े के कारण सं० १५६३ वि० में महाराणा रायमल्ल के पास आकर नौकर हुए. कई लड़ाइयों में वीरता प्रकट करने से उन्होंने बड़ा नाम पाया. सन् १५२८ ई० को बयाने के प्रसिद्ध युद्ध में, जो महाराणा सांगाजी और बाबर बादशाह के दर्मियान हुआ था, जब महाराणा सख़्त जख़्मी होकर रणखेत से चले गये तो राजपूत सर्दारों ने झाला अज्जा को महाराणा के हाथी पर बिठाकर राज का कुल लवाज़मा उस के साथ रक्खा ताकि सेना को यह न जान पड़े कि महाराणा युद्ध में नहीं हैं और उसी ठाठ में अज्जा शत्रु के सन्मुख जूझकर काम आया; तब से सादड़ी का दर्जा मेवाड़ के उमरामें अव्वल माना जाकर राज के कुल मरातिब उन को रखने की आज्ञा दी गई.

स० १५३५ ई० में अज्जा का भाई सज्जा और बेटा सिंहजी महाराणा विक्रमादित्य के समय में बहादुरशाह गुजराती के मुक़ाबले में चित्तौड़ पर काम आये. सिंहजी से पांचवीं पीढ़ी में झाला हरीदास बड़ा नामी हुआ. वह मेवाड़ दर्बार की तर्फ से दिल्ली के शाहंशाही दर्बार में जाया करता था. तुज़्के जहांगीरी में शाहंशाह जहांगीर लिखता है कि "राणा अमरसिंह ने अपने कुंवर करण के साथ शुभकरण पंवार और झाला हरीदास को सुलह करने के वास्ते भेजे थे".

मेवाड़ के महाराणाओं ने सादड़ी के झाला राज को अपनी बेटियां ब्याही हैं. विद्यमान राजराणा दूलहसिंह भूतपूर्व राज रायसिंह के छोटे भाई सुलतानसिंह का पुत्र है. बड़ी सादड़ी उदयपुर से ५० मील पूर्व है, जागीर में ६६ गांव ४८०००) की रेख के हैं तदनुसार १०२४) रु० साल छठूंद के दाख़िल करते हैं.

वंशावली ॥

राजराणा	अज्जा	राजराणा	देदा	राजराणा	कीर्त्तिसिंह
,,	सिंहजी	,,	हरीदास	,,	रायसिंह दूसरा
,,	असजी	,,	रायसिंह	,,	सुल्तान तीसरा
,,	सुलतान	,,	सुलतान दूसरा	,,	चन्दनसिंह
,,	बीदा	,,	चन्द्रसेन	,	कीर्त्तिसिंह दूसरा
					(देलवाड़े गोद आया)

राजरणा शिवसिंह, राजरणा रायसिंह तीसरा राजरणा दूलहसिंह (मौजूद)

बेदला

बेदले के राव का मूलपुरुष राव चन्द्रभाण चौहाण, देहली और अजमेर के अन्तिम महाराजाधिराज चौहाण पृथ्वीराज के वंश में था. सं० १५८४ वि० में महाराणा सांगाजी की सेवा में आकर बयाने के युद्ध में मारा गया. चन्द्रभाण के पुत्र राव समरसिंह ने कई लड़ाइयां शत्रुओं से चित्तोड़गढ़ पर लड़ीं. समरसिंह के पुत्र राव बालू को महाराणा अमरसिंह प्रथम ने सं० १६७३ वि० में बेगम और रत्नगढ़ जागीर में दिये, परन्तु दो तीन वर्ष पीछे बेगम पीछी रावत मेघसिंह को बख्श दीगई और राव बालू को उस के एवज़ गंगराड़ और बेदला मिले जो आज तक उसकी सन्तान के कब्ज़े में हैं. राव बालू का पुत्र राव रामचन्द्र, कुंवर जगत्सिंह और उनके पुत्र राजसिंह के साथ (जो दोनों पीछे उदयपुर के महाराणा हुए) शाहन्शाह जहांगीर और शाहजहां के दर्बार में गया था. राव रामचन्द्र के दो बेटे थे, बड़ा सबलसिंह और छोटा केसरीसिंह. सबलसिंह ने महाराणा राजसिंह प्रथम की सेवा में शाहन्शाह औरंगज़ेब आलमगीर की सेना से कई लड़ाइयां कीं और उस के छोटे भाई केसरीसिंह को पारसोली जागीर में मिली. राव रामचन्द्र की बेटी महाराणा जयसिंह के साथ ब्याही गई थी और सबलसिंह के पोते राव बख्तसिंह प्रथम की कन्या का विवाह महाराणा अमरसिंह दूसरे के साथ हुआ जिसके गर्भ से महाराणा संग्रामसिंह दूसरे उत्पन्न हुए. राव बख्तसिंह के पोते राव प्रतापसिंह ने पारसोली के रावत रघुनाथसिंह के पुत्र केसरीसिंह को गोदलिया था, उस का पुत्र राव बख्तसिंह दूसरा अपने मालिक का सच्चा स्वामिभक्त और महाराणा स्वरूपसिंह और शम्भूसिंह का मंत्री था. स० १८५७ ई० के गदर में महाराणा स्वरूपसिंह की आज्ञा से कई अंगरेज़ व मेमों को वह अपनी हिफाज़त में नीमच से उदयपुर लाया, उस ख़िदमत के एवज़ सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से राव को एक तलवार इनाम में मिली और स० १८७७ ई० के देहली के दर्बार कैसरी में "रावबहादुर" की पदवी अता हुई. स० १८७८ ई० में सी. आई. ई. का तमग़ा सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से बख्शा गया. राव बख्तसिंह के पुत्र राव तख्तसिंह को भी रावबहादुर की पदवी मिली और वह मेवाड़ दर्बार की कौंसिल का मेम्बर भी था. राव तख्तसिंह का पुत्र राव कर्णसिंह था जो युवावस्था ही में मदिरा के व्यसन से मर गया. राव कर्णसिंह का पुत्र मौजूदा राव नाहरसिंह है. बेदले की जागीर में ६८ गांव ६४०००) सालियाना की रेखके हैं, उसी हिसाब से ५००२) रु० साल छुटूंद के मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते हैं.

वंशावली

राव चन्द्रभाण	राव संग्रामसिंह	राव रामचन्द्र दूसरा
,, समरसिंह	,, प्रतापसिंह	,, प्रतापसिंह ,,
,, भीखमजी	,, बालूजी	,, केसरीसिंह
,, भीमसेन	,, रामचन्द्र	,, बहादुर राव बख्तसिंह. सी. आई. ई.
,, देवीसेन	,, सबलसिंह	,, ,, ,, तख्तसिंह
,, रूपसेन	,, सुलतानसिंह	,, कर्णसिंह
,, दलपतसेन	,, बख्तसिंह	,, नाहरसिंह (मौजूद)

कोठारिया

कोठारिया के रावत चौहाणराजपूत महाराजाधिराज पृथ्वीराज चौहाण के वंश के हैं. उनका मूलपुरुष पृथ्वीराज का काका कन्हराय माना जाता है. जब महाराणा सांगाजी ने बाबर बादशाह से जंग किया तो चौहाण माणकचन्दने बादशाही सेना के हरावल पर हमला कर लालरंग के पादशाही पेशख़ेमे छीन लिये और रणथम्भोर में लाकर महाराणा के नज़र किये तभी से महाराणा के डेरों का रंग लाल होता है. माणकचन्द बयाने के युद्ध में मारा गया. स० १५६८ ई० में जब शाहंशाह अकबर ने चित्तोड़गढ़ पर चढ़ाई की तो कोठारिये का रावत बादशाह के मुक़ाबले में बड़ी वीरता के साथ लड़कर मारा गया. स० १६८०–८१ ई० में रावत रुक्मांगद ने महाराणा राजसिंह की सेवा में शाहंशाह औरंगज़ेब आलमगीर की फौज पर हमला किया. रुक्मांगद का पुत्र रावत उदयभान कई बार आलमगीर के दर्बार में भेजा गया था.

कोठारिया, उदयपुर से ३० मील उत्तर पश्चिम, बनास नदी के किनारे पर है. जागीर में ५० गांव ३२०००) सालियाना की रेखके हैं तदनुसार १५०२) रु० साल मेवाड़ दर्बार में छठूंद के दाख़िल करते हैं.

वंशावली

रावत माणकचन्द	रावत जयपाल	रावत तत्थर खान
,, सारंगदेव	,, खानजी	,, धर्मांगद

रावत साहिबखान	रावत देवभान	रावत मोखमसिंह
,, पृथ्वीराज	,, बुधसिंह	,, जोधसिंह
,, रुक्मांगद	,, फतहसिंह	,, संग्रामसिंह
,, उदयभान	,, विजयसिंह	,, केसरीसिंह
		,, जवानसिंह (मौजूद)

सलूमर

सलूमर के रावत चूंडावतों के पाटवी और महाराणा लाखाजीके बड़े पुत्र चूंडा के वंश के हैं जिसने अपने छोटे भाई मोकलजी को मेवाड़ की गद्दी का हक़ देदिया था.

रावत चूंडा का पोता रावत रत्नसिंह बयाने के युद्ध में बाबर बादशाह के मुक़ाबले में मारागया. रतनसिंह का बड़ा पुत्र सावनदास स० १५६८ ई० की चित्तोड़ की लड़ाई में सूरजपोल दर्वाज़े के मोर्चेपर शाहंशाह अकबर के मुक़ाबले में काम आया. इसी सावनदास ने महाराणा उदयसिंह के छोटे पुत्र शक्तिसिंह के प्राण बचाये जब कि महाराणा ने उसे मारडालने की आज्ञा दी थी. रावत सावनदास का पुत्र भी अपने पिता के साथ युद्ध में मारागया और उसका छोटा भाई खेंगार अपने पिता का उत्तराधिकारी हुआ. खेंगार के बड़े पुत्र रावत किशनदास को सलूमर जागीर में मिली और उसके वंशज किशनावत कहलाये. किशनदास का पुत्र रावत जैतसिंह महाराणा अमरसिंह की सेवा में शाहंशाह जहांगीर की सेना से लड़कर खेत पड़ा. रावत जैतसिंह के परपोते रावत रघुनाथसिंह से महाराणा ने सलूमर लेकर पारसोली के चहुवाण केसरीसिंह को बख़्शदी थी, परन्तु तीन पीढ़ी पीछे रावत रघुनाथसिंह के परपोते रावत केसरीसिंह को महाराणा जयसिंह ने सलूमर पीछी बख़्शी. रावत केसरीसिंह का परपोता रावत जैतसिंह दूसरा सं० १७५५ ई० में नागोर में आपाजी सेंधिया के किसी नौकरके हाथ से मारागया. जैतसिंह के पीछे उसका छोटा भाई जोधसिंह वारिस हुआ जिसको महाराणा अरिसिंह या अरसीजीने ज़हर मिला हुआ बीड़ा जबरन खिलाकर हलाक किया. बीड़ा खाते वक़्त जोधसिंहने महाराणा से अर्ज़ की कि मैं तो आपकी आज्ञा सिरपर चढ़ाता हूं परन्तु मेरी मृत्यु पीछे आप को और आप के वंशवालों को दुःखदायी होगी और थोड़े ही समय पश्चात् बूंदी के पाटवी कुंवर ने मेवाड़ के सर्दारों की साज़िश से महाराणा अरिसिंह को मारडाला.

रावत जोधसिंह का पुत्र पहाड़सिंह उज्जैन में मरहटों के मुक़ाबले में मारागया इसलिये उसका छोटा भाई भीमसिंह सलूमर पाया. कर्नल् टॉड लिखता है कि बदनोर के राठौड़ ठाकुर और रावत भीमसिंह ने महाराणा को मरहटों के हाथ से बचाया. रावत

भीमसिंह के परपोते रावत केसरीसिंह दूसरे के निस्सन्तान मरने पर बंभोरे से गोद आकर जोधसिंह दूसरे ने सलूमर पर क़ब्ज़ा कर लिया परन्तु हक़दार भदेसर वाले थे इसलिये रावत जोधसिंह ने भदेसर रावत के छोटे बेटे तेजसिंह को गोदलिया और उसके अचांचक मरजाने पर उसका बड़ा भाई गोद रक्खा गया वह भी रावत जोधसिंह की मौजूदगी ही में मरगया, अन्त में जोधसिंह के मरने पर बंभोरे से औनाड़सिंह गोद आया.

सलूमर का क़स्बा उदयपुर से ३० मील दक्षिण २५०० घर की बस्ती का है जागीर में १६० गांव ८००००) रु० सालियाना की रेख के हैं सलूमर वाले छठूंद नहीं देते हैं.

रावत	चूंडा	रावत	केसरीसिंह
,,	कांधल	,,	कुबेरसिंह
,,	रत्नसिंह	,,	जैतसिंह दूसरा
,,	सावनदास	,,	जोधसिंह
,,	खेंगार	,,	पहाड़सिंह
,,	किशनदास	,,	भीमसिंह
,,	नेतसिंह	,,	भवानीसिंह
,,	मानसिंह	,,	पद्मसिंह (*)
,,	पृथ्वीराज	,,	केसरीसिंह दूसरा
,,	रघुनाथसिंह	,,	जोधसिंह
,,	रत्नसिंह दूसरा	,,	औनाड़सिंह (मौजूद)
,,	कांधल		

बीजोल्यां (†)

यहां के राव परमार वंश के धार के परमारों के घराने में से हैं, उन के बुज़ुर्ग महाराणा सांगाजी के समय में जगनेर से आकर महाराणा की सेवा में रहे. मूलपुरुष राव

(*) रावत पद्मसिंह ने सलूमर में जुदा टकसाल खोलकर अपने नाम पर पद्मशाही पैसा चलाया परन्तु सं० १८७० ई में वह टकसाल बन्द कर दी गई.

(†) कर्नल् टॉड ने बीजोल्यां का शुद्ध नाम विजयावली लिखा है परन्तु वहां से मिले हुए प्राचीन लेखों में उस का नाम विंध्यपलिका दिया है. इस प्रदेश को

अशोक जिस की पुत्री महाराणा सांगाजी को ब्याही गई और उस की पोती का विवाह महाराणा प्रतापसिंह प्रथम के साथ हुआ था. राव इन्द्रभाण की कन्या महाराणा राजसिंह प्रथम को ब्याही गई जिस के गर्भ से महाराणा जयसिंह का जन्म हुआ. स० १८१४ ई० में महाराणा भीमसिंह के कुंवर हमीरसिंह का विवाह राव केशवदास दूसरे की बेटी से हुआ था. स० १६१४ ई० में राव शुभकर्ण और झाला हरीदास शाहज़ादे ख़ुर्रम और शाहंशाह जहांगीर के दर्बार में मेवाड़ दर्बार की तर्फ से भेजे गये. बादशाहनामे में लिखा है कि राव शुभकर्ण बड़े डीलडौल वाला ज़बर्दस्त जवान था. स० १६६३ ई० में जब महाराणा जयसिंह और उनके कुंवर अमरसिंह के दर्मियान झगड़ा चला तब मेवाड़ के बहुत से सर्दार कुंवर अमरसिंह से जा मिले परन्तु राव बैरीसाल, जो महाराणा का मामू था, अपने स्वामीका वफादार सेवक बना रहा और कितनेक दूसरे सर्दारों को भी अपनी तर्फ मिलाकर उस ने पिता पुत्र में मेल करा दिया. महाराणा जगत्सिंह दूसरे ने (स० १७३४–५२ ई०) राव मान्धाता को बीजोल्यां फिर से बख्शी, पहिले यह गांव दूसरी जागीर के साथ राव अशोक को मिला था परन्तु पीछा लेलिया गया था. स० १७६८ ई० में महाराणा अर्सीजी के अहद में राव मान्धाता का पुत्र शुभकर्ण दूसरा उज्जैन में महाराणा की फौज के साथ माधोराव सेंधिया से लड़कर ज़ख्मी हुआ, उस चाकरी के एवज़ महाराणा ने उसे "सवाई" की पदवी बख्शी. राव सवाई शुभकर्ण के पुत्र राव सवाई केशवदास से

ऊपरमाल कहते हैं. बीजोल्यां एक बहुत प्राचीन स्थान है गांव के बाहर एक कुण्ड और कई शिवालय हैं जिसे वहां वाले मदाकण्यां (मंदाकिनी) कहते. कुण्ड पर कई छोटे छोटे लेख विक्रम की चवदवीं शताब्दी के खुदे हैं. बीजोल्यां के बाहर कुछ दूर अग्निकोण में पार्श्वनाथ का एक प्राचीन मन्दिर है जिस में विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी के शुरू का दिगम्बरी जैन भट्टारकों का लेख और एक बड़ा लेख चट्टान पर खुदा हुआ अजमेर के चहुवाण महाराजाधिराज सोमेश्वर का सं० १२२६ फाल्गुण वदि ३ का है जिससे चहुवाणों के प्राचीन इतिहास का बहुत कुछ पता लगता है. बीजोल्यां से पांच २ चार २ मील की दूरी पर कई प्राचीन कुण्ड, शिवालय और विशाल भवन बने हुए हैं जिन्हें सात मंदाकिनी कहते हैं. ऐसे ही कई प्राचीन त्रिमूर्तियां, और पाशुपत जटाधारी जोगियों की मूर्तियां भी वहां देखने में आतीं इससे अनुमान होता है कि वह स्थान पहिले पाशुपत योगियों के अधिकार में था जो शायद मालवे के मौर्य्य व अजमेर के चहुवाण राजाओं की तर्फ से उनको उदक में मिला हो.

मरहटों ने बीजोल्यां छीन ली थी परन्तु राव ने उन्हें शिकस्त देकर वहां पीछा अपना अधिकार कर लिया. केशवदास का पुत्र शिवसिंह अपने पिता की मौजूदगी ही में मर गया था उस के तीन बेटे थे–गिरिधरदास, नाथजी और गोविन्ददास. गिरिधरदास तो पहिले ही गुज़र चुका था, दूसरे पुत्र नाथजी का हक़ ख़ारिज करके केशवदास ने अपने तीसरे पौत्र गोविन्ददास को अपना वारिस माना था. सन् १८५६ ई० में केशवदास के मरने पर नाथजी और गोविन्ददास में झगड़ा चला परन्तु गोविन्ददास का पक्ष प्रबल होने से मेवाड़ दर्बार ने उसी को बीजोल्यां का राव बनाया.

बीजोल्यां. मेवाड़ की पूर्वी हद्द पर, उदयपुर से क़रीब १०० मील है, जागीर में ५० गांव ५७०००) रु० की रेख के हैं तदनुसार ३५७६) रु० साल मेवाड़ दर्बार में छटूंद के दाख़िल करते हैं.

वंशावली

राव अशोक	राव केशवदास	राव मान्धाता
,, सज्जनसिंह	,, इन्द्रभाण	,, सवाई शुभकर्ण दूसरा
,, मम्मरखान	,, बैरीसाल	,, ,, केशवदास ,,
,, डूंगरसिंह	,, दुर्जनसाल	,, ,, गोविन्ददास
,, शुभकर्ण	,, विक्रमादित्य	,, ,, कृष्णदास
		,, ,, पृथ्वीसिंह (मौजूद)
		कामा गांवसे गोद आया

देवगढ़

यह घराना महाराणा लाखाजी के पोते और चूंडा के बेटे कांधल से निकला है *. स० १६६१ ई० में महाराणा जयसिंह ने रावत द्वारकादास को देवगढ़ की जागीर बख़्शी, उसके पुत्र रावत संग्रामसिंह ने देवगढ़ के क़स्बे के शहर कोट बनवाया और कई लड़ाइयों में वीरता प्रकट करने से महाराणा अमरसिंह ने उसे और भी जागीर दी. सङ्ग्रामसिंह के पुत्र रावत रणजीतसिंह ने महाराणा अर्सीजी के ख़िलाफ रत्नसिंह का पक्ष लिया और

* कांधल का दूसरा बेटा सिंहजी आमेट के ख़ान्दान का बानी था और सिंहजी के छोटे पुत्र सांगा से देवगढ़ का ख़ान्दान चला इसी से वे सांगावत कहलाते हैं.

मरहटों से मिल गया जो रत्नसिंह की मदद पर आये थे. इस अपराध में वह देवगढ़ से निकाल दिया गया परन्तु महाराणा अर्सीजी के मारेजाने पर अवसर पा रणजीतसिंह ने पीछा देवगढ़ पर अधिकार कर लिया. रणजीतसिंह का पुत्र रावत कृष्णसिंह था, कृष्णसिंह के पुत्र जसवन्तसिंह ने अपने पिता की आज्ञा विना ही बदनोर के राठौड़ ठाकुर की बेटी से ब्याह कर लिया इसलिये रावत कृष्णसिंह उससे नाराज होगया और थोड़े ही अर्से पीछे जसवंतसिंह, उस की स्त्री, और एक कन्या जो उससे हुई थी, अचांचक एक ही दिन मर गये. कहते हैं कि देवगढ़ के कामदार की साज़िश से उन को ज़हर दिया गया. रावत कृष्णसिंह ने संग्रामगढ़ ठाकुर के पुत्र को गोद लिया वहभी अधिक न जीया.

देवगढ़ का क़स्बा मेवाड़ के उत्तरी भाग में उदयपुर से ६५ मील है. जागीर में १६४ गांव ७२११७) रु० की रेख के हैं और छूंद के ७१४२) सालियाना मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते हैं.

वंशावली

रावत सांगा	रावत द्वारिकादास	रावत नाहरसिंह
,, दूदा	,, संग्रामसिंह	,, रणजीतसिंह
,, ईश्वरीदास	,, जसवन्तसिंह	,, कृष्णसिंह
,, हमीरसिंह	,, गोकुलदास दूसरा	,, विजयसिंह (मौजूद)
,, गोकुलदास		

बेगम

यह खान्दान सलूमर से निकला है. रावत खेंगार के बड़े पुत्र रावत कृष्णदास को सलूमर और उस के छोटे भाई गोविन्ददास को गोथलां जागीर में मिली थी. जावद के पास नावां गांव में गोविन्ददास शाहंशाह अकबर के मुक़ाबले में मारा गया. उसके पुत्र मेघसिंह ने महावतखां की सेना को पराजित किया जो महाराणा अमरसिंह के मुक़ाबले को ऊंटाले आई थी. शाहंशाह जहांगीर और महाराणा अमरसिंह में सन्धि हो जाने पर महाराणा ने बेगम का पर्गना, जो रावत मेघसिंह ने शक्तावतों से छीन लिया था, बेदले के चौहाण राव बालूजी को बख़्श दिया इस से नाराज़ होकर रावत मेघसिंह बादशाही ख़िद्मत में दिल्ली चला गया. बादशाह जहांगीर ने रावत की पोशाक की वजह देख कर उसे "काली मेघ" की पदवी और मालपुर का पर्गना जागीर में दिया. तीन वर्ष पीछे कुंवर कर्णसिंह मालपुर जाकर कालीमेघ को मना लाये और महाराणा ने बेगम पीछी उसे बख़्शी *. कालीमेघ के बड़े पुत्र नरसिंहदास को मालपुर में जागीर मिल

* मूंता नैणसी अपनी ख्यात में लिखता है कि राणा सगराने बूंदी के राव

चुकी थी इसलिये बेगम का अधिकारी उसका छोटा पुत्र राजसिंह हुआ. रावत कालीमेघ के मरने पर दोनों भाइयों में झगड़ा चला तब महाराणा ने नरसिंहदास को गोथलाई दी, नरसिंहदास के वंशज अठाणे के रावत हैं, और बेगम पर राजसिंह को बहाल रक्खा. महाराणा राजसिंह प्रथम के वक़्त में रावत राजसिंह का पुत्र महासिंह डुंगरपुर की फौज के साथ बड़ी बहादुरी से लड़ा था. महासिंह के पांच पुत्र थे–मोखमसिंह, कुशालसिंह, भूपालसिंह, अल्लू और हरीसिंह. रावत मोखमसिंह के पुत्र न होने से उस का छोटा भाई भूपालसिंह और भूपालसिंह का जानशीन उसका छोटा भाई अल्लूजी हुआ. अल्लूजी के पुत्र रावत अनूपसिंह के निस्सन्तान मरनेपर उस के काका हरीसिंह को बेगम मिली. इस हरीसिंह ने अपने जमाई बूंदी के रावराजा बुधसिंह को अपने पास रक्खा. जिसे जयपुर के महाराजा सवाई जयसिंह ने बूंदी से निकाल दिया था, और उसे बूंदी पीछी लेने में सहायता भी दी परन्तु कामयाबी न हुई. रावत मेघसिंह दूसरे ने महाराणा असींजी के विरुद्ध रत्नसिंह का पक्ष लिया और सलूमर के रावत भीमसिंह और कुराबड़ के रावत रत्नसिंह से, जो महाराणा के पक्ष में थे, शत्रुता की इसलिये महाराणा ने बेगम उससे छीन ली. महाराणा असींजी के मारे जाने पर स० १७७५ ई० में रावत मेघसिंह ने बेगम पर पीछा अधिकार कर लिया तब महाराणा हमीरसिंह की माताने मेघावतों को ज़ेर करने के वास्ते सेंधिया को बुलाया, उस ने ख़ालसे के पर्गने मेघसिंह से छुड़ाकर साढ़े नौ लाख रुपये उससे दण्ड के लिये जिन में से पांच लाख तो नक़द दिये गये और बाक़ी के वास्ते भिंचोर पर्गने के ५५ गांव गिरवी रक्खे जो आज तक हुलकर और सेंधिया के क़ब्जे ही में चले जाते हैं.

नारायणदास को बेगम व रत्नगढ़ के पर्गने देदिये थे परन्तु जब बादशाह से संधि होजाने पर राणा अमरसिंह ने पीछा अपने राज्यपर अधिकार पाया तब उस ने रावत मेघ को भेजा कि राव नारायणदास को उन पर्गनों में से निकाल दे. रावत मेघ ने बूंदी के राव का दख़ल उठा कर बेगम पर क़ब्ज़ा कर लिया, परन्तु जब महाराणा ने बेगम राव बालू चौहाण को बख़्श दी तो नाराज़ होकर रावत मेघ उदयपुर आया और अर्ज़ की कि मरने के वक़्त तो दर्बार ने मुझे आगे किया और सुख भोगने को दूसरे आगये, तब कुंवर कर्णसिंह ने ताने में उत्तर दिया कि जो ऐसा अहंकार रखते हो तो बादशाह से मालपुरे का पट्टा लोगे, इसी बात पर मेघ दर्गाह में चला गया.

रावत मेघसिंह के पोते महासिंह ने बेगम की हकूमत अपने पुत्र किशोरसिंह के सुपुर्द की और आप नाथद्वारे आ रहा परन्तु किशोरसिंह को एक ब्राह्मण ने सोते हुए को मार डाला, तब महासिंह पीछा बेगम गया और अपने छोटे पुत्र माधोसिंह को अपना जानशीन बनाया, परन्तु वह भी मर गया और उस का पुत्र रावत मेघसिंह अपने दादा का अधिकारी हुआ. दर्बार में देवगढ़ और बेगम की बराबर बैठक है अन्तर इतना ही है कि देवगढ़ वाले महाराणा के दाहिनी तर्फ और बेगम वाले बाईं तर्फ बैठते हैं.

बेगम उदयपुर से ७० मील पूर्व में है, जागीर में १५७ गांव ४८०००) रुपये की रेख के हैं. छूटूंद के ६५३२) रु० साल मेवाड़ दर्बार में दाखिल करते हैं.

वंशावली

रावत गोविन्ददास	रावत सवाई कुशालसिंह	रावत सवाई मेघसिंह दू०
,, सवाई कालीमेघ	,, ,, भूपालसिंह	,, ,, प्रतापसिंह
,, ,, राजसिंह	,, ,, अल्लूजी	,, ,, महासिंह दू०
,, ,, महासिंह	,, ,, अनूपसिंह	,, ,, किशोरसिंह
,, ,, मोखमसिंह	,, ,, हरीसिंह	,, ,, मेघसिंह तीसरा
	,, ,, देवीसिंह	,, ,, अनूपसिंह (मौजूद)

देलवाड़ा

झालाराजपूत हैं. मूलपुरुष सज्जा (सज्जनसिंह) अज्जा (अजयसिंह) का भाई था जो काठियावाड़ के हलवद इलाके झालावाड़ से स० १५०७ ई० में मेवाड़ में आये थे. महाराणा विक्रमादित्य के समय में गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने चित्तोड़ पर चढ़ाई की उस वक्त गढ़ को बचाता हुआ सज्जा दुश्मन के मुकाबले में मारा गया. सज्जा का पुत्र जैतसिंह रूठकर कुछ अर्से तक जोधपुर जा रहा था, वहां राव मालदेव को उस ने अपनी बेटी ब्याही और खैरवा गांव जागीर में पाया, परन्तु वह पीछा मेवाड़ में आगया. जैत्रसिंह के चार पुत्र थे–बड़े मानसिंह को देलवाड़ा मिला और महाराणा उदयसिंह की कन्या का विवाह उसके साथ हुआ. मानसिंह हलदीघाटी की लड़ाई में महाराणा प्रतापसिंह की सेवा में मारा गया. उस के तीन पुत्र थे–चत्रसाल, कल्याणसिंह और आसा. चतरसाल महाराणा का भाञ्जा था वह रूठ कर जोधपुर के महाराजा सूरजसिंह

के पास चला गया, महाराणा ने देलवाड़ा ख़ालसे कर मनमनदास (राठौड़) को बख़्श दिया. राज चतरसाल के दोनों भाई एक ब्राह्मण की सलाह से चीरवे गांव में रहने लगे. महाराणा अमरसिंह के समय में कल्याणसिंह महाराणा की सेवा में शाहंशाह अकबर और जहांगीर की फौजों से बड़ी वीरता के साथ लड़ता रहा. सं० १६६८ वि० में मनमनदास के मरने पर देलवाड़े की जागीर महाराणा ने कल्याणसिंह को बख़्शी और मनमनदास के बेटे श्यामलदास को बदनोर का पट्टा दिया. गोगूंदे की ख्यात में लिखा है कि कल्याणदास अपने भाई को लेने के वास्ते जोधपुर गया था लौटते वक़्त सं० १६७१ वि० में शाहज़ादे ख़ुर्रम की फौज के सर्दार अबदुल्ला ने उस को ज़ख़्मी कर क़ैद कर लिया था. (इस बयान की तस्दीक़ पादशाहनामे से भी होती है. उस में लिखा है कि "सं० १६६० वि० पौष सुदि ३ को कल्याणझाला राणा जगतसिंह की तर्फ से अर्ज़ी व हाथी लेकर हाज़िर हुआ. बादशाह (शाहजहां) शाहज़ादगी के ज़माने में राणा अमरसिंह को सर करने के वास्ते उदयपुर में रहता था, उस वक़्त अबदुल्लाख़ां फीरोज़ जंग कल्याणझाला को क़ैद कर हुज़ूर में लाया था, जांबख़्शी कर के छोड़ दिया गया. वह इस वक़्त राणा जगत्सिंह के उम्दा राजपूतों में से है उसे घोड़ा सिरोपाव देकर मथुरा के मुक़ाम से रुख़्सत हुई")

कल्याणदास का वारिस उस का पुत्र राघोदेव हुआ जिस ने अपना गांव सीहाड़ श्री नाथजी के भेट किया और स०१७३७ ई० में महाराणा जगत्सिंह दूसरे ने भी इस भेट को मञ्जूर फर्माया. श्रीनाथजी की मूर्ति रथ में वहां पहुंचाई गई और पास ही एक मन्दिर बना जो नाथद्वारा कर के प्रसिद्ध है. राघोदेव ने देवी रट्टसेना (राष्ट्रश्येना) को हाथी का बलिदान दिया, अब तक देलवाड़े राज दसहरे के पूर्व हर साल हाथी के एवज़ ६ भैंसे और १८ बकरों का बलिदान उस देवी को चढ़ाते हैं. महाराणा राजसिंह की पादशाह आलमगीर से लड़ाई हुई उस में राघोदेव मारा गया. इस को सं० १०८५ हि० (स० १६७४ ई०=सं० १७३१ वि०) में शाहंशाह औरंगज़ेब आलमगीर ने ७०० ज़ात व ५०० सवार का मंसब भी दिया था.

देलवाड़ा उदयपुर से १५ मील ईशान में है. जागीर में ६७ गांव ७२००० की रेख के तदनुसार ६१२४) रु० साल छठूंद के मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते हैं.

वंशावली

राजरणा	सज्जा	राजरणा	सज्जा दूसरा	राजरणा	वैरीसाल *
,, ,,	जैत्रसिंह	,, ,,	मानसिंह	,, ,,	,, रावबहादुर फतहसिंह
,, ,,	मानसिंह	,, ,,	कल्याण	,, ,,	,, ज़ालिमसिंह
,, ,,	कल्याणसिंह	,, ,,	राघोदेव	,, ,,	,, मानसिंह तीसरा (मौजूद) +
,, ,,	राघोदेव	,, ,,	सज्जा तीसरा		
,, ,,	जैतसिंह दूसरा		कल्याण ,,		

आमेट

आमेट के रावत महाराणा के भाइयों में से चूंडावत वंश के हैं, उन का मूलपुरुष महाराणा लाखाजी का पोता और चूंडा का पुत्र कांधल था जिस के एक पुत्र सिंहजी को कोठारिया जागीर में मिला. कांधल के दो और पुत्र थे–जग्गा और सांगा, जग्गा की सन्तान जगावत चूंडावत कहलाई. जग्गा का पुत्र रावत फत्ता स० १५६८ ई० में चित्तोड़गढ़ पर बादशाह अकबर से लड़कर मारा गया था. बदनोर के ठाकुर जयमल राठौड़ और रावत फत्ता की बहादुरी से बादशाह ऐसा ख़ुश हुआ कि उसने दिल्ली में अपने महल के बाहर दर्वाज़े पर उन दोनों की मूर्तियां बनवा कर रखवाईं, ऐसा बर्नेर नाम का यूरोपियन यात्री लिखता है. महाराणा प्रतापसिंह ने रावत फत्ता के पुत्र रावत कर्णसिंह को आमेट जागीर में बख्शी. रावत कर्णसिंह से आठवीं पीढ़ी में रावत प्रतापसिंह मरहटों के मुक़ाबले में मारा गया. उस के पोते रावत पृथ्वीसिंह के निस्सन्तान मरने पर बेमाली के चूंडावत ज़ालिमसिंह ने पृथ्वीसिंह की ठकुराणी को मिलाकर अपने छोटे बेटे अमरसिंह को उस के गोद रख दिया, परन्तु जीलोली के चतरसिंह ने, जो आमेट का निकटतर रिश्तेदार था, अपना हक़ मिलने का दावा दर्बार में पेश किया. महाराणा ने उस को आमेट पर अधिकार कर लेने की आज्ञा दी और चतरसिंह ने देवगढ़ के रावत रणजीतसिंह की सहायता से आमेट पर हमला किया. लड़ाई में ज़ालिमसिंह का एक बेटा पद्मसिंह मारा

* इस का भाई बैरीसाल सादड़ी गोद गया.

† कीर्तिसिंह का तीसरा बेटा था सादड़ी से गोद आया. स्टेट कौन्सिल का मेम्बर था, सर्कार अंगरेज़ी से रावबहादुर की पदवी पाया. इस का छोटा पुत्र विजयसिंह कोटे राज्य में कुनाड़ी की जागीर पर गोद गया.

+ राज मानसिंह भी अभी उठती जवानी में क्षई से मर गया.

गया, लसाणी ठाकुर सुल्तानसिंह घायल हुआ, और अन्त में ज़ालिमसिंह को आमेट छोड़नी पड़ी, वह अमरसिंह और पृथ्वीसिंह की ठकुराणी को लेकर सलूमर भाग आया, और आमेट पर चतरसिंह का क़ब्ज़ा हो गया. फिर ज़ालिमसिंह और अमरसिंह ने कई बार आमेट लेने की कोशिश की परन्तु कामयाबी न हुई. महाराणा शम्भूसिंहजी के गद्दी बैठने पर ज़ालिमसिंह उन का मुसाहब व कृपापात्र बन गया, उस वक़्त महाराणा ने चतरसिंह से इक़रार लिखवा लिया कि आमेट की आमदनी में से आठ हज़ार रुपये साल अमरसिंह को देता रहूंगा परन्तु अमरसिंह ने इस बात को मञ्जूर न किया, और महाराणा ने कृपापूर्वक पचीस हज़ार साल की आय का पट्टा उसे ख़ालसे में से, आमेट में से मिलने वाली आमदनी के सिवा, बख़्श कर अपने अव्वल दर्जे के उमरावों में दाख़िल फर्माया और आमेट के बराबर बैठक बख़्शी. चतरसिंह ने अपने जीते जी आठ हज़ार रुपये साल अमरसिंह को न दिये परन्तु उस के मरने पर आमेट पट्टे के दो गांव डूंगच और सोडास २५००) रु० साल पर अमरसिंह के सुपुर्द कराये गये और ५५००) रु० नक़द मिलते रहने का हुक्म हुआ. इन आठ हज़ार रुपये की छठूंद आमेट वाले दाख़िल नहीं करते है. मौजूदा रावत शिवनाथसिंह चतरसिंह का पुत्र है.

आमेट, उदयपुर से ५० मील उत्तर चन्द्रभागा नदी के किनारे पर है, जागीर में ४६ गांव २८०००) रु० की रेख के तदनुसार छठूंद के ३४१५) रु० साल मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते हैं:—

वंशावली

रावत सिंहजी	रावत दूलहसिंह	रावत सालमसिंह
,, जग्गा	,, पृथ्वीसिंह	,, पृथ्वीसिंह दूसरा
,, फत्ता	,, मानसिंह दूसरा	,, चतरसिंह (जीलोली
,, कर्णसिंह	(इसके तीसरे पुत्र नाथू-	से गोद आया)
,, मानसिंह	सिंह को महाराणा असीं	,, शिवनाथसिंह
,, माधोसिंह	जी ने जीलोली बख़्शी)	(मौजूद)
,, गोवर्द्धनसिंह (इसके	,, फतहसिंह (मानसिंह का-	
,, चौथे पुत्र हरीसिंह	बड़ा बेटा)	
,, को बेमाली मिली थी)	,, प्रतापसिंह	

मेजा

यह जागीर बेमाली रावत ज़ालिमसिंह के बेटे अमरसिंह को महाराणा शम्भूसिंहजी ने बख़्शी थी. अमरसिंह पहिले आमेट का रावत बन गया था परन्तु फिर ख़ारिज कर दिया गया, और उसे महाराणा ने आमेट के बराबर बैठक देकर अपने अव्वलदर्जे के उमरा में दाख़िल किया. मेजे की जागीर के अलावा आमेट में से भी ८०००) रु० साल दिलवाये, जिन में से दो गांव टूंगच और सोडास २५००) साल के और बाक़ी ५५००) नक़द आमेट से दिलवाये जाते हैं. रावत अमरसिंह के मरनेपर उस का पुत्र राजसिंह वारिस हुआ. जागीर में ११ गांव २५०००) की रेखके और छूंद के ३१२१) रु० साल मेवाड़दर्बार में दाख़िल करते हैं.

गोगूंदा

यहां के राज भी सादड़ी और देलवाड़ा के ख़ान्दान के झालाराजपूत हैं. सज्जा के पोते राज मानसिंह को महाराणा उदयसिंह की कन्या ब्याही गई जिससे शत्रुसाल उत्पन्न हुआ जो देलवाड़े का हक़ीक़ी वारिस था परन्तु जब वह महाराणा प्रतापसिंह से रूठ कर जोधपुर चलागया, तो महाराणा ने पहिले तो देलवाड़े की जागीर मनमनदास राठौड़ को बख़्शी और फिर शत्रुसाल का भाई कल्याणसिंह देलवाड़ा पाया. जब शाहज़ादा ख़ुर्रम फौज लेकर उदयपुर आया तो महाराणा अमरसिंह ने शत्रुसाल को बुलाने के वास्ते कल्याण को जोधपुर भेजा, लौटते वक़्त गोडवाड़ के घाटे में अम्बल सम्बल के मुक़ाम बादशाही फौज के अफ़सर अब्दुल्लाख़ां का दोनों भाइयों के साथ मुक़ाबला हुआ. कल्याण तो ज़ख्मी होकर क़ैद हो गया और शत्रुसाल का घोड़ा घायल हो उसे पहाड़ों में ले भागा. थोड़े अर्से पीछे गोगूंदे के पास शत्रुसाल ने बादशाही लश्कर से फिर युद्ध किया और खेत रहा तब महाराणा ने उस के छोटे पुत्र कान्हसिंह को उस के पिता की चाकरी के बदले गोगूंदा जागीर में बख़्शा.

गोगूंदा उदयपुर से २० मील उत्तर पश्चिम में सतेसमंदर से २७५७ फुट की ऊंचाई पर है. जागीर में ६८ गांव २४०००) की रेख के और २५५२) रु० साल छूंद के दाख़िल करते हैं.

वंशावली

रणा शत्रुसाल	रणा कान्हसिंह दूसरा	रणा मानसिंह
,, कान्हसिंह	,, जसवंतसिंह ,,	,, अजयसिंह
,, जसवंतसिंह	,, शत्रुसाल ,,	,, पृथ्वीसिंह
,, रामसिंह	,, लालसिंह	,, दलपतसिंह (मौजूद)
,, अजयसिंह.		

कानोड़

महाराणा लाखाजी के दूसरे पुत्र अज्जा के बेटे सारङ्गदेव के वंश के होने से सारङ्गदेवोत कहलाते हैं. महाराणा मोकलजी के पोते सूरजमल (देवलिये प्रतापगढ़ वालों का मूलपुरुष) की सहायता से महाराणा रायमल के पुत्र पृथ्वीराज से सारङ्गदेव कई लड़ाइयां लड़ा अन्त में बाठरड़े के मुक़ाम पृथ्वीराज के हाथ से मारा गया. सारङ्गदेव से नवीं पीढ़ी में रावत महासिंह हुआ जो हुर्दा के पास काली नदी पर बादशाही फौज के अफसर रणवाज़ख़ां से लड़कर अपने कई राजपूतों समेत मारा गया. महासिंह के पुत्र रावत सारंगदेव दूसरे को महाराणा सङ्ग्रामसिंह दूसरे ने कानोड़ की जागीर बख़्शी. यह महाराणा एक दिन भोजन पर बैठे ही थे कि ख़बर आई कि मालवे के पठानों ने मेवाड़ के कई गांव लूट कर बहुतसे आदमियों को क़ैद कर लिये हैं. महाराणा ने तुरन्त भोजन से हाथ खींच लिया और हथियार बांधकर नक़ारा बजवाया, सब सर्दार आन हाज़िर हुए और अर्ज़ की कि ऐसे तुच्छ शत्रु के सन्मुख आप का पधारना उचित नहीं हम लोग जाकर उनसे समझ लेंगे. पीछे से कानोड़ रावत भी, जो बीमार था, उठकर आया और झगड़े पर जाने को तय्यार हुआ. महाराणा ने हरचन्द फर्माया कि आप बीमार हैं, न जावें ! परन्तु उसने अर्ज़ की कि स्वामि के कार्य्य के वास्ते इस तरह युद्ध में शरीर त्यागने का अवसर मुझ को फिर कब मिल सक्ता है, और दूसरे सर्दारों के साथ आप भी गया व पठानों के मुक़ाबले में काम आया. इसी लड़ाई में उस का बेटा भी सख़्त जख़्मी हुआ था. कानोड़, उदयपुर से ४५ मील पूर्व में है. जागीर में ६४ गांव ३२०००) की रेख के, तदनुसार ३१६६) रु० साल छटूंद के मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते हैं.

वंशावली

रावत अज्जा	रावत जगन्नाथ	रावत जगत्सिंह
,, सारंगदेव	,, मानसिंह	,, अजीतसिंह
,, जोगा	,, महासिंह	,, उमेदसिंह
,, नर्बद	,, सारंगदेव दूसरा	,, नाहरसिंह
,, नेतसिंह	,, पृथ्वीसिंह	,, केसरीसिंह (मौजूद)
,, भानुसिंह		

भींडर

शक्तावतों की भाणावत शाखा में हैं. महाराणा उदयसिंह के २४ पुत्र थे जिन में से बड़े प्रतापसिंह तो मेवाड़ की गद्दी पर बैठे और दूसरा शक्तिसिंह भींडर के खान्दान का मूलपुरुष हुआ. शक्तिसिंह के पैदा होने पर ज्योतिषियों ने उसे मेवाड़ की ख़राबी करने वाला बतलाया था इसलिये महाराणा ने उसे मारडालने की आज्ञा दी परन्तु सलूमर के रावत सांवलदास ने उस के प्राण बचाये, महाराणा से अर्ज़ की कि मेरे पुत्र नहीं है इसलिये यह बालक मुझ को बख़्श दीजिये. महाराणा उदयसिंह का देहान्त होने पर महाराणा प्रतापसिंह ने अपने भाई शक्तिसिंह को, जो बादशाह अकबर की चाकरी में चला गया था, पीछा अपने पास बुला लिया परन्तु थोड़े ही अर्से में दोनों भाइयों का मेल टूट गया और शक्तिसिंह फिर मेवाड़ बाहर किया गया, तब वह पीछा बादशाही सेवा में जा रहा. हलदी घाटी की प्रसिद्ध लड़ाई में वह बादशाही सेना के साथ था. जब महाराणा प्रतापसिंह पराजित होकर पहाड़ों की तर्फ जाते थे तब शक्तिसिंह ने देखा कि महाराणा अकेले हैं और दुश्मन के दो सवार उन के पीछे लगे हैं, क़रीब था कि वे सवार महाराणा को जा लेवें कि इतने में फुर्ती के साथ पीछे से शक्तिसिंह जा पहुंचा और दोनों मुग़ल सवारों के सिर उड़ा दिये व महाराणा के घोड़े चेटक को निपट घायल देखकर अपनी सवारी का घोड़ा महाराणा के नज़र कर दिया. फिर भैंसरोड़ का पर्गना मुसलमानों से छीन कर महाराणा के अधिकार में लाया और महाराणा ने वह पर्गना शक्तिसिंह ही को जागीर में बख़्श दिया जो एक अर्से तक शक्तावतों के अधिकार में रहा था.

शक्तिसिंह के ११ पुत्र थे उन में से बड़े भाणजी पर महाराणा अमरसिंह प्रथम की कृपा थी जब महाराणा रतलाम की तर्फ से लौट कर आते थे तो भींडर के राठौड़ों ने उन से कुछ बेअदबी की. भाणजी ने राठौड़ों से भींडर खाली कराली और भैंसरोड़ के

अलावा भींडर भी उसे जागीर में बख़्शी गई. भैंसरोड़ पर चूंडावतों का अधिकार होने पर भींडर ही शक्तावतों का ख़ास ठिकाना रहा. भाणजी का पुत्र पूर्णमल्ल स० १६७१ वि० में राणपुर की लड़ाई में मारागया. उस के पीछे सबलसिंह और मोखमसिंह भींडर के अधिकारी हुए. मोखमसिंह शाहजहां बादशाह के दर्बार में चला गया था जहां उस को मंसब मिला. उसने मेवाड़ की फौज में रहकर बादशाह आलमगीर का मुक़ाबला किया और शाही निशान छीन लाया जो अबतक भींडर वाले अपने पास होना कहते हैं. मोखमसिंह के पीछे उस का पुत्र अमरसिंह वारिस हुआ, उस के ४ बेटे थे–बड़ा पृथ्वीसिंह तो मेवाड़ की जमीयत के साथ दखन में बादशाही चाकरी में मारा गया और दूसरा जैतसिंह भींडर पाया. जैतसिंह के पोते मोखमसिंह दूसरे के तीसरे पुत्र फतहसिंह को महाराणा जगत्सिंह दूसरे ने रावत की पदवी देकर बोहेड़ा जागीर में बख्शा. महाराज ज़ोरावरसिंह के निस्सन्तान मरने पर भींडर की गोदनशीनी के लिये झगड़ा उठा था परन्तु महाराणा की आज्ञानुसार शक्तावतों के ठिकाने पानूसल से हमीरसिंह गोद लिया गया. महाराज हमीरसिंह के ४ पुत्र थे–बड़ा मदनसिंह भींडर का स्वामी हुआ, और दूसरा शक्तिसिंह बोहेड़े गोद गया था परन्तु उस के निस्सन्तान मरजाने पर उस का छोटा भाई रत्नसिंह उस के गोद रक्खा गया, और चौथा दूलहसिंह था. महाराज मदनसिंह ने अपने भाई दूलहसिंह के पुत्र केसरीसिंह को गोद लिया था परन्तु वह शराब अधिक पीने के कारण जवान ही चल बसा और उसके दो पुत्रों में से बड़ा माधोसिंह भींडर का मालिक हुआ.

भींडर का क़स्बा उदयपुर से ३० मील पूर्व दक्षिण पक्की शहरपनाह में बसा हुआ है. जागीर में ६३ गांव ४८०००) रु० की रेख के तदनुसार ४००२) स० साल छट्ठूंद के मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते हैं.

वंशावली

महाराज	शक्तिसिंह	महाराज	अमरसिंह	महाराज	जोरावरसिंह *
,,	भाणजी	,,	जैतसिंह	,,	हमीरसिंह
,,	पूर्णमल्ल	,,	उमेदसिंह	,,	मदनसिंह
,,	सबलसिंह	,,	कुशालसिंह	,,	केसरीसिंह
,,	मोखमसिंह	,,	मोखमसिंह दूसरा	,,	माधोसिंह (मौजूद)

* स० १७९९ ई० से स० १८२७ ई० के दर्मियान महाराज ज़ोरावरसिंह ने भींडर में एक टकसाल खोल तांबे का पैसा चलाया जो भींडरिया पैसा कहलाता था.

बदनोर

बदनोर के ठाकुर जोधपुर राज्य के राव जोधा के पुत्र दूदा मेड़तिये के वंश के राठौड़ राजपूत हैं. राव दूदा ने स० १४८६ ई० में मारवाड़ में मेड़ते का नगर बसाया इसी से उस के वंश के मेड़तिये राठौड़ प्रसिद्ध हुए. दूदा का पुत्र राव बीरमदेव स० १५२७ ई० में महाराणा सांगा की सेवा में बयाने की मशहूर लड़ाई में बादशाह बाबर से लड़कर अपने भाई रायमल और रत्नसिंह समेत मारा गया. जोधपुर के राव मालदेव ने बीरमदेव से मेड़ता छीन लिया था. तवारीख़ राज बीकानेर में लिखा है कि शेरशाह सूर की सहायता से बीरमदेव को मेड़ता पीछा मिला; परन्तु बीरम के पुत्र जयमल्ल को राव मालदेव ने तांबे किया और बादशाह अकबर के सेनापति शर्फ़ुद्दीनहुसैन मिर्ज़ा से शिकस्त खाकर जयमल्ल महाराणा उदयसिंह की सेवा में आरहा. स० १५६८ ई० में जयमल्ल चित्तोड़ के घेरे में शाहंशाह अकबर की गोली से सख्त जख्मी हुआ परन्तु वैसी अवस्था में भी एक आदमी के कंधे पर सवार होकर दूसरे दिन दुश्मन से लड़ता हुआ मारा गया. मीरांबाई, जिसे कर्नल् टॉड ने महाराणा कुम्भाजी की राणी लिखा है, रत्नसिंह मेड़तिये की पुत्री और जयमल्ल की काका की बेटी बहन थी उस का विवाह महाराणा सांगाजी के पुत्र भोजराज से हुआ था.

जयमल का पुत्र रामदास स० १५७६ ई० में हलदी घाटी की लड़ाई में मारागया और उस का भाई मुकुन्ददास राणपुर की लड़ाई में काम आया. बदनोर का पर्गना मुकुन्ददास को जागीर में मिला था उस के मारेजाने पर उस के पुत्र मनमनदास को देलवाड़ा और बदनोर दोनों पर्गने मिले, मनमनदास देलवाड़े में मरा, वहां उसकी छतरी बनी हुई है. उस के पुत्र सांवलदास का बदनोर पर अधिकार रहा और देलवाड़ा झालाराज कल्याण को बख्शा गया. ठाकुर सांवलदास ने महाराणा राजसिंह के समय में बादशाह औरंगज़ेब आलमगीर की सेना पर कई धावे किये थे. उसका पुत्र जसवंतसिंह भीलों की लड़ाई में घायल हुआ. ठाकुर जयसिंह ने डुरड़े के पास बादशाही फौज के सर्दार रणबाज़खां से युद्ध कर उसकी ढाल तलवार और नक़ारा छीन लिये जो अबतक बदनोर वालों के पास हैं. यही जयसिंह मसूदे ठाकुर सुल्तानसिंह के साथ मेरवाड़े के मेरों से लड़ा था उस लड़ाई में सुल्तानसिंह मारागया और जयसिंह घायल हुआ. ठाकुर जयसिंह का पोता ठाकुर अखैसिंह ने महाराणा अरिसिंह के समय में महाजी सेंधिया से युद्ध किया और अखैसिंह के पुत्र गजसिंह ने गंगराड़ के मुकाम महापुरुषों (गुसाईं)

के मुक़ाबले में बड़ी वीरता दिखलाई. ये महापुरुष महाराणा अरिसिंह के प्रतिपक्षी रत्नसिंह के सहायक होगये थे.

बदनोर का क़स्बा उदयपुर से ६२ मील ईशान में है, जागीर में ६२ गांव ७०००) की रेख के तदनुसार छठूंद के ४०८४) रु० साल मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते हैं.

वंशावली

ठाकुर जयमल्ल	ठाकुर जयमल्ल दूसरा	ठाकुर जैतसिंह
,, मुकुन्ददास	,, जयसिंह	,, जोधसिंह
,, मनमनदास	,, सुल्तानसिंह	,, प्रतापसिंह
,, सांवलदास	,, अखैसिंह	,, केसरीसिंह
		,, गोविन्दसिंह (मौजूद)

बानसी

बानसी के रावत भींडर के शक्तावत खान्दान के हैं, उनका मूलपुरुष अचलदास, महाराज शक्तिसिंह का दूसरा बेटा था. अचलदास का पुत्र नरहरिदास अपने पिता की मौजूदगी में भैनाल के मुक़ाम बादशाही फौज के मुक़ाबले में मारा गया. नरहरिदास के पुत्र जसवन्तसिंह को कन्नोज का पट्टा मिला जो अब टोंक के पर्गने नीमाहेड़े के ताल्लुक़ है. जसवन्तसिंह के पुत्र केसरीसिंह को महाराणा राजसिंह प्रथम ने बानसी की जागीर बख़्शी. रावत केसरीसिंह के पुत्र रावत गंगदास ने बादशाह औरंगज़ेब आलमगीर की फौज पर कई हमले किये, मेवाड़ के चारण भाट आजतक गंगदास की बहादुरी का यश गाते हैं. पहिले बानसी की जागीर थोड़ी थी परन्तु महाराणा जवानसिंह ने ननवाणिया गांव फिर बख़्शा जो दश बारह हज़ार साल की आमदनी का है. बानसी, उदयपुर से ५० मील दक्षिण पूर्व में है. जागीर में ४८ गांव २४०००) रु० की रेख के तदनुसार छठूंद के २००२) साल मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते हैं.

वंशावली

रावत अचलदास	रावत हरीसिंह	रावत अजीतसिंह
,, नरहरिदास	,, हटीसिंह	,, नाहरसिंह
,, जसवन्तसिंह	,, अचलदास दूसरा	,, प्रतापसिंह
,, केसरीसिंह	,, किशोरसिंह	,, मानसिंह
,, गंगदास	,, अमरसिंह	,, तख्तसिंह (मौजूद)

भैंसरोड़गढ़

सलूमर के खान्दान के चूंडावत हैं. महाराणा जगत्सिंह दूसरे के समय में (स० १७३४-५२ ई०) वे सलूमर से जुदा हुए थे. सलूमर रावत केसरीसिंह के छोटे पुत्र लालसिंह को स० १७४१ ई० में रावत पदवी देकर महाराणा अर्सीजी ने भैंसरोड़ का पर्गना जागीर में बख्शा. रावत लालसिंह ने महाराणा के हुक्म से बाघोर के महाराज नाथजी को मारडाला और तीन वर्ष पीछे आप भी एक असाध्य रोग से मृत्यु को प्राप्त हुआ. रावत मानसिंह उज्जैन में मरहटों से लड़कर सख्त ज़ख्मी हुआ और कैद होकर मरहटों की सेना के साथ उदयपुर आया. चम्बल, ब्राह्मणी और खाल इन तीन नदियों के सङ्गमपर उस वीर राजपूत की छतरी बनी है. मौजूदा रावत इन्द्रसिंह भदेसर से गोद आया है, इसने छठूंद के अलावा ५०००) साल मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते रहने का इक़रार लिखदिया.

भैंसरोड़गढ़ चम्बल और बामणी नदियों के सङ्गमपर उदयपुर से १४० मील ईशान में है. जागीर में १३१ गांव ८००००) रु० साल की रेख के तदनुसार छठूंद के ७५०२) रु० साल मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते हैं.

वंशावली

रावत लालसिंह	रावत अमरसिंह	रावत इन्द्रसिंह (मौजूद)
„ मानसिंह	„ भीमसिंह	भदेसर से गोद आया
„ रघुनाथसिंह	„ प्रतापसिंह	

पारसोली

यहां के राव बेदले के चहुवाण वंश के हैं. राव रामचन्द्र के दो पुत्र थे-बड़ा सबलसिंह बेदले रहा और छोटे केसरीसिंह को महाराणा राजसिंह प्रथम ने पारसोली की जागीर बख्शी. स० १६६६ ई० में सलूमर के रावत रघुनाथसिंह से नाराज़ होकर महाराणा ने सलूमर उससे छीन ली और केसरीसिंह को बख्श दी और राव की पदवी भी इनायत की. स० १६६२ ई० में महाराणा जयसिंह और उनके कुंवर अमरसिंह के दर्मियान अनबन हो

गई तब राव केसरीसिंह ने कुंवर अमरसिंह का पक्ष लिया और सलूमर के ख़ारिज रावत रघुनाथसिंह का पोता कांधल दूसरा—जिसके पास केवल चावण्ड की जागीर रह गई थी, महाराणा के पक्ष में दृढ़ रहा. कहते हैं कि रावत कांधल ने राव केसरीसिंह को अपने स्वामी का हरामख़ोर कहकर थूर के तालाव के पास कटार से मार डाला परन्तु मरते मरते केसरीसिंह ने भी अपना कटार कांधल के पेट के पार कर दिया और दोनों ने साथ ही प्राण छोड़े. दोनों सर्दारों की स्त्रियां अपने २ पति के साथ सती हुईं. महाराणा जयसिंह ने कांधल के पुत्र रावत केसरीसिंह को सलूमर पीढ़ी बख़्शी. पहिले पारसोली की जागीर केवल ४०००) साल की थी परन्तु महाराणा स्वरूपसिंह और शम्भूसिंह ने राव लक्ष्मणसिंह को और जागीर दी.

पारसोली चित्तोड़गढ़ से २८ मील ईशान में और उदयपुर से ६८ मील है. जागीर में ४० गांव २००००) की रेख के तदनुसार ६२६) रु० साल मेवाड़ दर्बार में छूटूंद के दाख़िल करते हैं.

वंशावली

राव केसरीसिंह	राव राजसिंह	राव लालसिंह
,, नाहरसिंह	,, संग्रामसिंह	,, लक्ष्मणसिंह
,, रघुनाथसिंह	,, सावन्तसिंह	,, रत्नसिंह
		,, लालसिंह (मौजूद)

कुरावड़

यह ख़ान्दान सलूमर के चूंडावतों से निकला है. सलूमर रावत केसरीसिंह के छोटे पुत्र अर्जुनसिंह को महाराणा जगत्सिंह दूसरे ने स० १७४७ ई० में कुरावड़ की जागीर बख़्शी. यह वही अर्जुनसिंह था जिस ने स० १७६४ ई० में ऊंटाले के मुक़ाम हुल्कर से ५१ लाख रुपये में मामला ठहराया था. चार वर्ष पीछे महाराणा अर्सीजी के विरुद्ध होकर जब सर्दारों ने बग़ावत की तो सलूमर का रावत अपने भाइयों समेत महाराणा के पक्ष में बना रहा इसी से उस वक़्त राज में किशनावत चूंडावतों का जोर बहुत बढ़ गया. महाराणा अरिसिंह के पाटवी कुंवर महाराणा हमीरसिंह का १६ वर्ष की अवस्था में स्वर्गवास हो जाने से उनके छोटे भाई भीमसिंह दश वर्ष की वय में उदयपुर की गद्दी पर बैठे उस वक़्त शक्तावत सङ्ग्रामसिंह ने कुरावड़ जा घेरी, लड़ाई में रावत अर्जुनसिंह का पुत्र ज़ालिमसिंह मारा गया. अपने बेटे का वैर लेने का अर्जुनसिंह ने प्रण किया और शिवगढ़

पहुंच कर सङ्गामसिंह के बाल बच्चों को निर्दयता के साथ मार डाला सङ्गामसिंह का बूढ़ा बाप लालजी लड़ाई में काम आया और उस की स्त्री अपने पति के साथ सती हुई. इसी अर्जुनसिंह ने भदेसर के रावत सर्दारसिंह से मिलकर महाराणा के प्रधान सोमजी गांधी को मारा था *. अर्जुनसिंह के भतीजे भीमसिंह ने राज्य में कुल मुख्तार होकर अपने स्वामी महाराणा भीमसिंह को नाराज़ कर दिया और उन की माता के साथ भी बेअदबी की इसलिये उस का ज़ोर तोड़ने के वास्ते माजी साहिबा ने शक्तावतों की मार्फत कोटे से ज़ालिमसिंह झाला को बुलाया.

कुराबड़ उदयपुर से २५ मील दक्षिण पूर्व में है जागीर में ६३ गांव ४००००) रु० की रेख के हैं छटूंद नहीं देते.

वंशावली

रावत अर्जुनसिंह	रावत ईश्वरीसिंह	रावत किशोरसिंह
कुंवर ज़ालिमसिंह	,, रत्नसिंह	(मौजूद)
रावत जवानसिंह	,, जैतसिंह	

आसींद

आसींद के रावत भी सलूमर की शाखा के किशनावत चूंडावत हैं. सलूमर के तेरहवें रावत केसरीसिंह के चार पुत्र थे. बड़ा कुंवरसिंह सलूमर रहा, दूसरे लालसिंह ने

* कहते हैं कि जब महाजी सेंधिया ने उदयपुर आन घेरा था तब उसका साला पुरवासियों पर बड़ी अनीति करने लगा, कई भले घर की स्त्रियों को ज़बरदस्ती से बुलवा कर उनकी इज्ज़त लेता था. अर्जुनसिंह से यह अनीति देखी न गई एक रात स्त्री का वेष धर मरहटे के पास पहुंचा. उसने अन्धेरे में अर्जुन को न पहिचाना और अपनी इच्छित नायका समझ कर प्यार करने लगा. अर्जुन ने छल से उसे बहुतसा शराब पिला मस्त कर दिया और फिर उसका सिर काट दबेपांव पीछा अपनी हवेली पर आ पेट में शूल चलने का बहाना कर बुरी तरह तड़पने लगा यहां तक कि एक डाम भी दिलवादिया और सारी रात कराहने में काटी. प्रभात को जब मरहटे के मारे जाने का शोर मचा और सेंधिया क्रोध के मारे उफनने लगा तो राघोदेव झाला आदि ने, जो अर्जुन के विरोधी थे, सेंधिया से कहा कि यह काम अर्जुनसिंह का है परन्तु उसके मित्रोंने उसके बीमार होने और डाम दिलवाने आदि का पूरापूरा प्रमाण देकर सेंधिया को शान्त किया.


भैंसरोड़ पाई, तीसरे अर्जुनसिंह को कुराबड़ मिली, और चौथे रोड़सिंह को साटोला बख़्शा गया. अर्जुनसिंह के पीछे उसका पौत्र जवानसिंह कुराबड़ का रावत हुआ और अर्जुनसिंह के चौथे पुत्र अजीतसिंह को महाराणा भीमसिंह ने स० १८१८ ई० में बारह गांव सहित गोरख्या जागीर में बख़्शा. उसी साल मेवाड़ दर्बार का सर्कार अंगरेज़ी के साथ अहदनामा हुआ जिसपर महाराणा की तर्फ से अजीतसिंह ने दस्तख़त किये थे. पुत्र न होने से अजीतसिंह ने साटोले के रावत दूलहसिंह को गोद लिया था, जिसे गोदजाने के पूर्वही महाराणा भीमसिंह के पाटवी कुंवर अमरसिंह ने रावत की पदवी और दूसरे गांवों सहित आसींद जागीर में दी थी. अजीतसिंह दूसरे दर्जे का सर्दार और ठाकुर कहलाता था परन्तु दूलहसिंह अव्वल दर्जे के उमरावों में दाख़िल किया गया. उसने चंगेड़ी के ठाकुर दौलतसिंह के पुत्र खुमाणसिंह को गोद लिया, खुमाणसिंह के पुत्र रावत अर्जुनसिंह को महाराणा सज्जनसिंहजी ने चंगेड़ी ठाकुर के मारेजाने और उस के कोई वारिस न होने से चंगेड़ी की जागीर भी बख़्श दी. रावत अर्जुनसिंह के निस्सन्तान मरनेपर कुराबड़ से रावत जैतसिंह का दूसरा पुत्र मौजूदा रावत रणजीतसिंह गोद आया.

आसींद की जागीर में ५५ गांव ८००००) रु० सालियाना की रेख के हैं. १२००) रु० छटूंद के दाख़िल करते हैं.

बंशावली

ठाकुर अजीतसिंह	रावत खुमाणसिंह	रावत रणजीतसिंह
रावत दूलहसिंह	,, अर्जुनसिंह	(मौजूद)

सर्दारगढ़.



यह ठिकाना डोडिये राजपूतों की जागीर में है यहां के ठाकुर अव्वल दर्जे के उमरावों में गद्दी के सामने तीसरे दर्जे की बैठक रखते हैं. यह घराना मेवाड़ के प्राचीन सेवकों में से है. महाराणा लाखाजी (सन् १३८३-९८ई०) की माता द्वारिकानाथजी की यात्रा को गई थी, मार्ग में डाकुओं ने आन घेरा उस वक़्त गुजरात के रहने वाले धवलसिंह डोडिया के पिता ने डाकुओं से झगड़ा कर उन्हें भगा दिया परन्तु आप घायल होकर मारा गया. इस चाकरी के लिये महाराणा लाखाजी ने धवलसिंह को बुलाकर अपने सर्दारों में दाख़िल किया और नन्दराय, मसूदा जो (अब अजमेर में है), और बदनोर जागीर में दिये.

दूसरी बार जब महाराणा की माता गया तीर्थ को गई तब धवलसिंह साथ था. मार्ग में पादशाही सूबेदार शेरखां से युद्ध हुआ मुसलमानों ने शिकस्त खाई और धवलसिंह घायल हुआ. चित्तौड़ में आने के पीछे बदनोर के मुक़ाम ग़यासुद्दीन के साथ महाराणा का युद्ध हुआ जिसमें धवलसिंह और उसका पुत्र नर्कू दोनों मारे गये. बाघोर के मुक़ाम महाराणा मोकलजी और फीरोज़शाह के युद्ध में महाराणा का घोड़ा मारा गया तब धवलसिंह के पुत्र सलजी ने अपना घोड़ा महाराणा के नज़र किया और आप पैदल ही युद्ध कर खेत पड़ा. स० १५२८ ई० में बयाना के प्रसिद्ध युद्ध में ठाकुर रणसिंह बहादुरी के साथ लड़कर काम आया. स० १५३५ ई० में जब बहादुरशाह गुजराती ने चित्तौड़ पर हमला किया तब भाणजी डोडिया ने उस के मुक़ाबले में अपना सिर दिया. स० १५६८ ई० में अकबर बादशाह ने चित्तौड़गढ़ को आन घेरा तब गढ़पर से सांडाजी डोडिया सुलह का संदेशा लेकर बादशाह के पास आया, उसकी बातचीत से बादशाह इतना प्रसन्न हुआ कि उसे इनाम मांगने का हुक्म दिया. सांडा ने अर्ज़ की कि मुझे अपने स्वामि की भलाई के सिवा और किसी चीज़ की दर्कार नहीं है. बादशाह ने दुबारा फर्माया कि मांग! तब सांडा ने कहा कि यही मांगता हूं कि जो भाग्यबल से मैं लड़ाई में मारा जाऊं तो बादशाह मेरी लाश को जलवा देवें. गढ़ फतह होने पर बादशाह ने अपने इक़रार को याद कर सांडा की लाश ढुंढवाई परन्तु पता न लगा तब हुक्म दिया कि कुल हिन्दुओं की लाशें जलादी जावें. स० १५७५ ई० में हलदी घाटी की लड़ाई में सांडा का पुत्र भीमसिंह बादशाही सेना से लड़ कर काम आया. भीमसिंह के पुत्र जयसिंह ने मेवाड़ की फौज के साथ मेरवाड़े पर धावा किया और वहीं मारा गया. महाराणा जगत्सिंह के समय में ठाकुर सर्दारसिंह की निगरानी में जगनिवास के महल बने. इसी ठाकुर ने अपनी जागीर के गांव लावा में (जिसे अब सर्दारगढ़ कहते हैं) महल और गढ़ बनवाये *.

* कर्नल् टॉड लिखता है कि नाहरमगरे के पास चन्द्रभाण (इन्द्रभाण) डोडिया राजपूत रहता था, धनसम्पत्ति के नामसे उसके पास केवल एक बैलकी जोड़ी थी जिससे वह कुछ भूमि जोत बोकर अपना कुटुम्ब पालता था. एक दिन शाम को जब चन्द्रभाण खेतसे घर को जाता था तो पीछे से उसने एक आवाज़ सुनी, सिर फेर कर देखा कि एक सर्दार घोड़े सवार उसको पुकारता आरहा है. उस सवार ने थोड़ा जल चन्द्रभाण से मांगा, जल के साथ मक्की की दो मोटी मोटी रोटियां भी चन्द्रभाण ने एक चिथड़े में से निकाल कर उस सर्दार के भेट की.

सर्दारसिंह का पुत्र निर्बल और दिल का बोदा था इसलिये भींडर के शक्तावत सङ्ग्रामसिंह ने स० १७८४ ई० में लावे का गढ़ छीन कर सामन्तसिंह डोडिये को वहां से निकाल दिया. क़रीब ६५ वर्ष तक लावा शक्तावतों के अधिकार में रहा फिर स० १८४६ ई० में महाराणा स्वरूपसिंहजी ने डोडिये ठाकुरों को राज्य के पुराने और स्वामिभक्त सेवक समझ कर लावे फौज भेजी और शक्तावत चतरसिंह से वह गढ़ खाली करवाकर ठाकुर ज़ोरावरसिंह डोडिया को बख़्शा. महाराणा सज्जनसिंहजी ने ठाकुर ज़ोरावरसिंह के पुत्र ठाकुर मनोहरसिंह को और भी जागीर देकर अपने अव्वल दर्जे के उमरावों में दाख़िल किया. आमदनी २४०००) छूटूंद के १७४०) रु० साल दाख़िल करते हैं.

सर्दारगढ़ उदयपुर से ५६ मील ईशान चन्द्रभागा नदी के किनारे पर है. पहाड़ी जिस पर गढ़ बना हुआ है सते समन्दर से १६८४ फुट की ऊंचाई पर है. यहां पहिले एक बड़ा ताल था जो किसी समय में टूट गया था ठाकुर मनोहरसिंह ने उस की पाल को नये सिर से पक्की बनवा दी.

वह सर्दार महाराणा जगत्सिंह था जो शिकार में अपने साथियों से बिछुट गया था. चन्द्रभाण को महाराणा अपने साथ उदयपुर लाये और कंवारिया जागीर में बख़्शा. महाराणा जगत्सिंह के पीछे महाराणा राजसिंह गद्दी बैठे, चन्द्रभाण का पुत्र सर्दारसिंह महाराणा की चाकरी में था, उस के सिर पर टाट थी, महाराणा ने पूछा कि सिर के बाल कहां गये ? जवाब दिया कि पूर्व जन्म में दर्बार गुरु और मैं चेला था, धूनी के वास्ते लकड़ियां ढोते ढोते सिर के केश उड़ गये. प्रसन्न होकर महाराणा ने लावा जागीर में बख़्शा परन्तु वह गांव माजी के पट्टे में था, उन्होंने कहा कि चाहे सारी मेवाड़ सर्दारसिंह को देदी जावे परन्तु लावा कभी न दूंगी. महाराणा ने कहा कि ठीक और तीन दिन के वास्ते सर्दारसिंह को मेवाड़ का राणा बना दिया. उस अर्से में सर्दारसिंह ने राणा के ख़ज़ाने में से बहुतसा द्रव्य अपनी जागीर में पहुंचाया. चौथे दिन लाचार माजी ने लावा देना मंजूर किया. तीन दिन के राज्य में लिये हुए द्रव्य से सर्दारसिंह ने दश लाख रुपया लगाकर एक बड़ा गढ़ और बावड़ी लावे में बनवाये और एक तालाब भी तय्यार कराया. उदयपुर में जो अब आमेट की हवेली है वह महाराणा ने सर्दारसिंह को बख़्शी थी.

वंशावली

ठाकुर धवलसिंह
„ सलजी
„ नाहरसिंह
„ किशनसिंह
„ कर्णसिंह
„ भाणजी

ठाकुर सांडाजी
„ भीमसिंह
„ गोपालदास
„ जयसिंह
„ नवलसिंह
„ इन्द्रभाण

ठाकुर सर्दारसिंह
„ सामन्तसिंह
„ राजसिंह
„ ज़ोरावरसिंह
„ मनोहरसिंह
„ सोहनसिंह
„ लक्ष्मणसिंह (मौजूद)



प्रकरण आठवां

मेवाड़ दर्बार के भाई बेटे

भाई बेटों से अभिप्राय महाराणा अमरसिंहजी प्रथम व उनसे पीछे होनेवाले मेदपाटाधिपति के छुटभैय्यों से है जिनमें मुख्य जागीरें शाहपुरा, बनेड़ा, बागोर, करजाली और शिवरती की हैं.

शाहपुरा

यह जागीर दो सर्कारों के मातहत है अर्थात् फूलिये के पर्गने के लिये तो शाहपुरे वाले सर्कार अंगरेज़ी के ख़िराजगुज़ार और मातहत सर्दार हैं; और काछोला के पर्गने के एवज़ उदयपुर दर्बार की सेवा करते हैं. शाहपुरे के राजा महाराणा अमरसिंह प्रथम के तीसरे पुत्र सूरजमल के वंश में हैं, सूरजमल के पुत्र सुजानसिंह को बादशाह शाहजहां ने मेवाड़ में से फूलिये का पर्गना जुदा जागीर में दिया था. उदयपुर दर्बार में राजाधिराज शाहपुरे की बैठक गद्दी के साम्हने, जागीर में मेवाड़ की तर्फ से ७४ गांव ५००००) रु० की रेख के तदनुसार चाकरी के अलावा ३०००) रु० साल छूटूंद के मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते हैं. शाहपुरा, उदयपुर से क़रीब १०० मील उत्तर पूर्व, रक़बा क़रीब ४०५ वर्गमील और आबादी स० १९११ ई० की मर्दुमशुमारी के बमूजिब ४७३९७ मनुष्यों की अर्थात् फी मील मुरब्बा ११७ मनुष्यों के लगभग बसते हैं. शाहपुरे के ख़ास क़सबे में ७९२९ आदमी हैं.

सं० १६७१ (स० १६१४ ई०) में जब शाहज़ादे ख़ुर्रम की महाराणा अमरसिंह के साथ सुलह हुई और महाराणा शाहज़ादे से मिले, उस वक्त सूरजमल शाहज़ादे के दर्बार में गया था. कर्नल् वाल्टर अपने पुस्तक "नोबल्स ऑफ मेवाड़" में लिखता है कि शाहज़ादे ने सूरजमल को राजा की पदवी दी थी, शाहपुरेवाले अपने बुज़ुर्ग भारतसिंह को बादशाह बहादुरशाह की तर्फ से राजा का ख़िताब मिलना कहते हैं. परन्तु फारसी तवारीख़ों से इसकी सहत नहीं होती है. सूरजमल के पुत्र सुजानसिंह को सं० १६८६ वि० (स० १६२९ ई०) में शाहजहां बादशाह ने फूलिये का पर्गना मेवाड़ में से दिया

तभी से शाहपुरे वालों की चाकरी का सिलसिला बादशाही दर्बार में शुरू हुआ. महाराणा अर्सीजी ने राजा उमेदसिंह को खैराड़ के इलाके में से काछोला का पर्गना जागीर में बख्शा. स० १८४८ ई० में राजा जगत्सिंह को सर्कार अङ्गरेज़ी की तर्फ से सनद अता हुई उसके बमूजिब शाहपुरे के राजा १०००) रु० साल ख़िराज के सर्कार अंगरेज़ी में दाख़िल करते हैं. फूलिये के पर्गने की कार्रवाई पहिले अजमेर की कमिश्नरी में होती थी, स० १८६६ ई० से हाड़ोती की एजंसी के ताल्लुक़ करदी गई, परन्तु अब मेवाड़ रेजीडेंसी से उसका सम्बन्ध है. वार्षिक आय क़रीब तीन लाख रुपया, फौज में ४२ तोप २४ गोलंदाज, २६५ सवार और २४० पैदल हैं. पहिले शाहपुरे में चांदी का ग्यारह सना रुपया और सोने की अशर्फी भी पड़ती थी परन्तु स० १८७० ई० में सर्कार अंगरेज़ी ने शाहपुरे की हैसियत जुदा सिक्का चलाने की न देखकर उनकी टकसाल को बन्द करवादी.

सुजानसिंह सीसोदिया



सूरजमल के दो पुत्र थे, बड़ा सुजानसिंह और दूसरा वीरमदेव. अपने पिता के मरने पर सुजानसिंह राज का स्वामी हुआ. स० १६२६ ई० में बादशाह शाहजहां ने उसे फूलिये का पर्गना बख्शा. पहिले सुजानसिंह का मंसब ८०० ज़ात और ३०० सवार का था, फिर उस में तरक्की होती रही. बादशाह शाहजहां के सन् १६ जुलूस में शाहज़ादे मुरादबख्श के साथ बलख़ बदख़शां की मुहिम पर भेजा गया और सन् २२ जुलूस में मंसब १५०० ज़ात ७०० सवार का हो गया. दो बार शाहज़ादे औरंगज़ेब के और एक बार शाहज़ादे दाराशिकोह के साथ क़न्दहार गया. सन् ३० जुलूस में मुअज़्ज़मख़ां के साथ दक्खन में शाहज़ादे औरंगज़ेब के पास तैनात हुआ, वहां आदिलखानिया के जंग में बड़ी वीरता दिखलाई और पीछा हुज़ूर में हाज़िर आया. स० १०६८ हि० (स० १६५८ ई०= सं० १७१५ वि०) में मारवाड़ के महाराजा जसवन्तसिंह की मातहती में बादशाही लश्कर के साथ शाहज़ादे औरंगज़ेब के मुक़ाबले को भेजा गया और उज्जैन के पास फतहाबाद की लड़ाई में बड़ी बहादुरी के साथ काम आया. सुजानसिंह का बेटा फतहसिंह बादशाही मंसबदारों में था. सुजानसिंह का मंसब दो हज़ारी ज़ात ८०० सवार तक पहुंच गया था.

सुजानसिंह का भाई वीरमदेव भी महाराणा की चाकरी छोड़ कर बादशाही ख़िद्मत में चला गया था. पहिले तो उसे ८०० ज़ात ४०० सवार का मंसब मिला परन्तु शाहज़ादे

औरंगज़ेब के साथ काबुल क़न्दहार की लड़ाइयों में कारनुमायां करने से मंसब में तरक़्क़ी होगई. सन् २६ जुलूस (शाहजहानी) में बीरमदेव की कन्या का विवाह जोधपुर के महाराजा जसवन्तसिंह के साथ मथुरा में हुआ. पीछे वह औरंगज़ेब के तर्फदारों में हो-गया था, सं० १७१५ वि० में दक्खन में आदिलखानिया के जंग में बीरमदेव ने बड़ी वीरता का काम किया, जब कि राजा रायसिंह सीसोदिया (टोडे का) उस लड़ाई में दुश्मनों से घिर गया तो बीरमदेव अपने घोड़े पर से उतर कर पैदल रायसिंह की सहायता को जापहुंचा और अपनी तलवार के जौहर दिखला कर उसे बचा लाया. उस वक़्त बीर-मदेव का मंसब तीनहज़ारी ज़ात एक हज़ार सवार का था. समूगढ़ (दक्खन) की लड़ाई में वह दाराशिकोह के हिरोल में था और उज्जैन की लड़ाई में औरंगज़ेब के पक्ष में बंध गया. दूसरे साल बंगाल के शाह शुजा के मुक़ाबले को भेजा गया, तब बादशाह आलमगीर ने उसे एक जड़ाऊ धुकधुकी और सोने के साज समेत घोड़ा बख़्शा था. एक मुद्दत तक बीरमदेव दक्खन में रहा फिर सन् १० जुलूस (आलमगीरी) में राजा राम-सिंह कछवाहे के साथ आसाम की मुहिम पर गया, वहां से लौट कर सफशिकनख़ां की मातहती में नौकरी देने लगा. अन्त में सं० १७२५ वि० के लगभग मथुरा में उसका शरीर छूट गया.

दौलतसिंह सीसोदिया

फारसी तवारीख़ मासिरुल्उमरा में तो फतहसिंह, सुजानसिंह के बड़े बेटे को बादशाही मंसबदारों में लिखा है परन्तु शाहपुरे की ख्यात के अनुसार उसका बादशाही चाकरी में जाना पाया नहीं जाता. गांगास व बरसल्यास के ठाकुर फतहसिंह के वंश में हैं. फतहसिंह का छोटा भाई दौलतसिंह चाकरी में गया इसलिये बादशाह ने फूलिये का पट्टा उसी को दिया, और एक जगह ऐसा भी लेख मिलता है कि उज्जैन के युद्ध में सुजानसिंह अपने पांच पुत्रों समेत काम आया, उस का पोता हिम्मतसिंह छः साल तक शाहपुरे का स्वामी रहा परन्तु अन्त में दौलतसिंह राजा हुआ. उसके राज्यसमय में महाराणा राजसिंहजी प्रथम ने २२०००) रुपये उससे जुर्माने के लिये थे. सं० १७४२ वि० में मृत्यु को प्राप्त हुआ.

भारतसिंह सीसोदिया

दौलतसिंह का पुत्र, सं० १७४२ वि० में शाहपुरे का स्वामी हुआ. कहते हैं कि बाद-शाह शाहआलम बहादुरशाह ने भारतसिंह को राजा की पदवी और साढ़ेतीन हज़ारी

मंसब बख्शा था परन्तु मासिरुल्उमरा नामी पुस्तक से, जिसमें दिल्ली के बादशाह शाहआलम दूसरे तक बादशाही उमरा व मंसबदारों का हाल लिखा है, न तो सुजानसिंह को और न भारतसिंह को राजा का ख़िताब मिलना पाया जाता है. बूंदी के इतिहास वंशभास्कर का कर्त्ता सूरजमल मिश्रण कहता है कि आमेर के महाराजा सवाई जयसिंह ने जब कि वह जोधपुर के महाराजा अभयसिंह से युद्ध कर रहा था, उमेदसिंह को राजा कह कर पुकारा. "ऐसे दूजी बेर पैलेन को प्रतना में पैठत देख राजा जयसिंह साहिपुरा के अधिराज रानावत उमेदसिंह सों राजा कह बुल्ल्यो अरु बखतसिंह को पैने लोह चखायबे को सिद्धान्त खुल्ल्यो। आगे राजा न कहतो अब कह्यो यातें साहिपुरा के अधीश राजा उम्मेदसिंह बड़ी उम्मेद सों ओट होय कबंधन को कलाप झेल्यो* " उदयपुर में जो शाहपुरे की हवेली है वह आजतक 'भारतसिंहजी के महल, करके मशहूर है. ४४ बरस राज करके सं० १७८६ वि० (स० १७२६ ई०) में शरीर छोड़ा.

राजा उमेदसिंह

भारतसिंह का पुत्र, बीर और साहसी राजपूत था. इस के वक़्त में जयपुर और जोधपुर के दर्मियान लड़ाई हुई. जोधपुर के महाराजा अभयसिंह ने बीकानेर पर चढ़ाई की थी तब बीकानेर वालों ने जयपुर के महाराजा सवाई जयसिंह से सहायता मांगी. महाराजा जयसिंह ने जोधपुर जा घेरा, उस वक़्त उन के साथ बूंदी, करौली, शाहपुरा, भरतपुर व रूपनगर (कृष्णगढ़) के राजा थे. गंगवाने के मुक़ाम महाराजा अभयसिंह के भाई बखतसिंह ने जयपुर की फौज पर हमला किया. शाहपुरे वाले कहते हैं कि इस लड़ाई में राजा उमेदसिंह ने बखतसिंह से युद्ध कर उसे शिकस्त दी थी.

स० १७६८ ई में महाराणा अर्सीजी के विरुद्ध मेवाड़ के सर्दारों ने साज़िश कर उन्हें गद्दी से उतारना और फितूरी रत्नसिंह को राणा बनाना चाहा था, उस वक़्त राजा उमेदसिंह महाराणा के पक्ष में बने रहे, इसलिये महाराणा ने काछोला का पर्गना उसे जागीर में बख्शा. रत्नसिंह के तर्फदारों ने माधोराव सेंधिया को मदद के वास्ते बुलाया था, मेवाड़ की फौज ने, जिसमें राजा उमेदसिंह भी शामिल था, पहिले तो मरहटों को मारकर उज्जैन तक भगा दिया परन्तु ताज़ा कुमक पहुंच जाने से मरहटों ने संभल कर फिर

* वंशभास्कर, उम्मेदसिंह चरित्र पृष्ठ ३३००

मेवाड़ियों पर हमला किया उस वक़्त उमेदसिंह ने दूसरे सर्दारों के साथ मरहटों के मुक़ाबले में बड़ी बहादुरी से युद्ध किया और उसी युद्ध में सं० १८२५ वि० (स० १७६८ ई०) में शरीर छोड़ा. राजा उमेदसिंह का पुत्र अदोतसिंह अपने पिता की मौजूदगी ही में मर गया था*. इसलिये अदोतसिंह का पुत्र रणसिंह वारिस हुआ और छः वर्ष राज करके गुज़र गया.

मेवाड़ के एक छोटे सामन्त अमरगढ़ के रावत दलेलसिंह को-जो शाहपुरे के पड़ोस में था-राजा उमेदसिंह ने दबाना चाहा परन्तु दलेलसिंह की वीरता के आगे उसका कुछ बस न चला, अन्त में दलेल से दोस्ती पैदा कर एक दिन दावत के बहाने धोके से उमेदसिंह ने उस को मार डाला. मेवाड़ दर्बार से उमेदसिंह पर अताब हुआ, वह उदयपुर बुलाया गया परन्तु हाज़िर न होने पर महाराणा ने उस की जागीर ज़ब्त करली. दो वर्ष तक ज़ब्ती रहने पर उमेदसिंह हाज़िर हुआ और दलेलसिंह के पुत्र को पांच गांव मूंडकटी में महाराणा ने शाहपुरे से दिलवाये.

राजाधिराज अमरसिंह

रणसिंह के पीछे राजा भीमसिंह ने २२ वर्ष तक हकूमत की सं० १८५३ वि० (सं० १७६६ ई०) में भीमसिंह का देहान्त होने पर राजा अमरसिंह उस का उत्तराधिकारी

* कहते हैं कि राजा उमेदसिंह ने अपने छोटे पुत्र ज़ालिमसिंह को अपना उत्तराधिकारी करना चाहा था इसलिये बाटवी पुत्र अदोतसिंह को मरवाडाला और उसके पुत्र रणसिंह को मारने के वास्ते भी एक सिपाही को भेजा परन्तु रणसिंह के बेटे भीमसिंह ने उस घातक का सिर उड़ा दिया तब तो उमेदसिंह ने ठानलिया कि रणसिंह के वंशका नाशकर ज़ालिमसिंह को राज दूंगा। एक महडू चारण कृपाराम ने जब यह हाल सुना तो उसने जाकर उमेदसिंह को यह सोरठा सुनाया:—

मिण चुण मोटोड़ाह, तैं आगे खाया घणा।
चेलक चीतोड़ाह, अब तो छोड़ उमेदसी॥

इसका प्रभाव उमेदसिंह के चित्तपर ऐसा पड़ा कि वह अपने दुष्ट विचार से बाज़ आया.

हुआ. महाराणा भीमसिंह के समय में डाकुओं के एक दलने उदयपुर में डाका डाला और बहुतसा माल लूटकर ले गये. राजा अमरसिंह ने उन लुटेरों का पीछा किया और युद्ध हुआ जिस में कितने ही डाकू मारे गये, बाक़ी को क़ैद कर अमरसिंह महाराणा के हुज़ूर में लाया जिस पर प्रसन्न होकर महाराणा ने उस को 'राजाधिराज' की पदवी दी. सं० १८८४ वि० (स० १८२७ ई०) में राजाधिराज अमरसिंह अमरपद को प्राप्त हुआ और उस का पुत्र माधोसिंह शाहपुरे का राजा हुआ जिसने सं० १९१० वि० तक राज किया, फिर उस का पुत्र जगत्सिंह राजा हुआ.

राजाधिराज जगत्सिंह

ता० २७ जून स० १८४८ ई० को फूलिये के पर्गने बाबत सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से सनद अता हुई. खुलासा सनद का:—

"शाहपुरे के राजा से पर्गने फूलिया का ख़िराज ठहराना एक अर्से से सर्कार के विचार में था. तहक़ीक़ात से मालूम हुआ कि पहिले फूलिये का पर्गना देहली के बादशाह औरङ्गज़ेब आलमगीर ने राजा सुजानसिंह को दिया था *, उस वक़्त से वह पर्गना आज तक राजा मौसूफ़ की सन्तान के अधिकार में चला आता है इसलिये सर्कार अंगरेज़ी ने फैसला दिया कि आगे के लिये भी पर्गना मज़कूर राजा जगत्सिंह और उस के वारिसों के क़ब्ज़े में बहाल रहेगा और उस के ख़िराज के रु० १००००) दश हज़ार साल राजा मौसूफ़ सर्कार अंगरेज़ी में दाख़िल करता रहेगा. इस में नीचे लिखी चन्द शर्तें दर्ज की जाती हैं"

(१) "अगर कभी अजमेर इलाक़े में दान वग़ैरह लागत मुआफ की जावे तो उसी मूजिब फूलिये के पर्गने में भी मुआफ करना होगा. अगर लागत बिल्कुल मुआफ़ होगी तो उस हालत में सर्कारी ख़िराज २०००) दो हज़ार सालियाना कर दिया जावेगा, और अगर कुछ हिस्सा छोड़ा जावेगा तो नुक़सान भी उसी अन्दाज़पर भर दिया जावेगा परन्तु २०००) साल से कम ख़िराज़ किसी हालत में न होवेगा".

(२) "दीवानी और फौजदारी के मुताल्लिक़ जो ज़ाबिता और क़ानून अभी जारी हैं उन्हीं का अमलदरामद होता रहेगा परन्तु फौजदारी मुक़द्दमात में किसी को क़ायदे के

* फूलिये का पर्गना सुजानसिंह को बादशाह शाहजहां ने बख़्शा था. औरङ्गज़ेब के बादशाहत पर आने के पहिले ही उसी के मुक़ाबले में सुजानसिंह फतहाबाद के जंग में मारा गया था.

ख़िलाफ बेइंसाफी से सजा न दी जा सकेगी, जैसा कि रजवाड़ों में अकसर होता है. तमाम संगीन जुर्म के मुक़द्दमात और सज़ाय मौत और उमरक़ैद के मामलात की रिपोर्ट पोलिटिकल् एजण्ट वा कमिश्नर को करनी होगी और उन की सलाह के मुवाफ़िक फैसले होंगे."

(३) "राजा के भाई बेटों आदि के जो हक़ूक़ अब हैं वैसे ही बहाल रक्खे जावेंगे लेकिन् उन लोगों को वाजिब है कि चाकरी करते रहें और पेशकश बराबर दाख़िल किया करें, इस में किसी तरह का क़सूर न करें."

(४) "अगर सर्कार अंगरेज़ी पर्गने फूलिये में कभी बदइंतज़ामी देखेगी तो राजा को इत्तिला देगी कि उसका बन्दोवस्त करे, इस पर भी जो दुरुस्ती न हुई तो सर्कार या तो राजा की मार्फत या बाला बाला मुनासिब इन्तिज़ाम करेगी."

(५) "राजा, सर्कारी ख़िराज की रक़म दो क़िस्तों में बिला उज़र सर्कारी ख़ज़ाने में दाख़िल करता रहे."

राजाधिराज जगत्सिंह के निस्सन्तान जगत् से उठ जाने पर लक्ष्मणसिंह गोद आकर राजा हुआ.

राजाधिराज लक्ष्मणसिंह

सं० १९१० वि० में गद्दी बैठा. स० १८६२ ई० में सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से उसको गोद लेने के इख़्तियारात की सनद और २ रियासतों के मुवाफिक़ अता हुई. सोलह वर्ष राज करके निस्सन्तान गुज़र गया.

राजा लक्ष्मणसिंह की मृत्यु के पीछे कामदार फौजमल ने चालाकी से यह मशहूर कर दिया कि मरते वक़्त लक्ष्मणसिंह ने विशनिया के ठाकुर के बेटे को गोद लिया है. तहक़ीक़ात से यह बात ग़लत साबित हुई, तब सर्दारों आदि की सम्मति से धनोप ठाकुर बलवन्तसिंह के पुत्र नाहरसिंह को, जो नज़दीक रिश्तेदार था, गोद लेकर गद्दी बिठाया. उस वक़्त मेवाड़ दर्बार की तर्फ से इस गोदनशीनी में उज़र पेश हुआ था कि शाहपुरे का राजा मेवाड़ दर्बार के मातहत सर्दारों में से है इसलिये ऐसे मामले में मेवाड़ दर्बार की इजाज़त हासिल करना चाहिये. सर्कार ने जवाब दिया कि मेवाड़ दर्बार का यह उज़र वाजिब नहीं है क्योंकि शाहपुरे का पर्गना असल में देहली के बादशाहों की तर्फ से मिला है और अब सर्कार अंगरेज़ी ने (शाहपुरे के राजा को) दिया है. इस हालत में

राजाधिराज को उदयपुर दर्बार की तर्फ से जागीर होने पर भी जानशीनी के मुआमले में दर्बार दख़ल नहीं दे सक्ते हैं. उदयपुर और शाहपुरे के दर्मियान जो ज़ाहिरा ताल्लुक़ात हैं, उन में सिर्फ उस हिस्से के मुताल्लिक़ जो उदयपुर के महाराणा की तर्फ से शाहपुरे के राजा को मिला है, ब्रिटिश गवर्नमेण्ट किसी तरह की दस्तंदाज़ी नहीं करती, परन्तु उदयपुर दर्बार का दावा राजा पर मेवाड़ के हिस्से की आमदनी के मुताबिक़ हद इंसाफ से बाहर नहीं होना चाहिये.

राजाधिराज सर नाहरसिंहजी के० सी० आई० ई०

आप का जन्म ७ नवम्बर स० १८५५ ई० को हुआ, सं० १८६६ ई० में शाहपुरे के राजा हुए और स० १८७५ ई० में राज के इख़्तियारात सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से अता हुए. राजाधिराज एक मुंतज़िम मिलनसार विद्यारसिक, सादा मिज़ाज और सुधरे हुए ख़यालात के राजा हैं, व शाहपुरे के राज को बहुत कुछ तरक़्क़ी दी है. थोड़े वर्षों से मेवाड़ दर्बार की चाकरी के बाबत उज़र उठाया था, परन्तु अन्त में सर्कार अंगरेज़ी से यही फैसला हुआ कि हर दूसरे साल शाहपुरे का राजा एक महीने के वास्ते बराबर मेवाड़ दर्बार में चाकरी के लिये उदयपुर हाज़िर हुआ करे और पहिले जो क़ुसूर किया उसके बाबत एक लाख रुपया जुर्माना मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करे, और दस्तूर के मुवाफ़िक़ जमीयत हरसाल भेजता रहे.

स० १९०३ ई० के देहली के शाहन्शाही दर्बार में राजाधिराज को के. सी. आई. ई. की पदवी और तमगा सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से अता हुआ. राजाधिराज का बड़ा पुत्र उम्मेदसिंह श्रीमती महाराणी विक्टोरिया शाहन्शाह हिन्द की पचाससाला ज्युबिली के जलसे में शरीक होने को लण्डन गया था, और स० १९११ ई० में हुज़ूर शाह जार्ज पञ्चम शाहन्शाह हिन्द के ताजपोशी के जलसे में राजाधिराज ने भी लण्डन जाकर शाहंशाह की क़दमबोसी हासिल की.

वंशावली

सूरजमल सीसोदिया	राजा उमेदसिंह	राजाधिराज माधोसिंह		
सुजानसिंह ,,	,, रणसिंह	,,	,,	जगत्सिंह
दौलतसिंह ,,	,, भीमसिंह	,,	,,	लक्ष्मणसिंह
भारतसिंह ,,	राजाधिराज अमरसिंह	,,	,,	नाहरसिंहजी (मौजूद)

बनेड़ा

महाराणा जयसिंह (स० १६८१–९९ ई०) का छोटा भाई भीमसिंह बनेड़े के ख़ान्दान का मूलपुरुष था. कर्नल् टॉड लिखता है कि भीमसिंह और जयसिंह साथ ही पैदा हुए थे परन्तु महाराणा राजसिंह के पास जयसिंह के जन्म की ख़बर पहिले पहुंची इसलिये वही पाटवी माना गया. उस वक़्त महाराणा के दो पुत्र और भी थे, सुल्तानसिंह और सर्दारसिंह, परन्तु उन दोनों के मरजाने से जयसिंह ही गद्दी के मालिक हुए. जब महाराणा जयसिंह और शाहंशाह औरंगज़ेब आलमगीर के दर्मियान सुलह हो गई तो भीमसिंह अपने पुत्रों सहित बादशाही चाकरी में चला गया. मआसिर आलमगीरी का मुवर्रख़ लिखता है कि "राणा राजसिंह मरहूम का बेटा और मौजूदा राणा जयसिंह का भाई भीमसिंह (भादों सुदि १४ सं० १७३८ वि०) अजमेर के मुक़ाम दर्बार में हाज़िर हुआ." ता० २७ सफर स० ११०६ हि० (स० १६९५ ई०=सं० १७५२ वि०) में राजा भीमसिंह, जो पांचहज़ारी मंसब तक पहुंच गया था, गोलकुण्डे के मुक़ाम (दक्खन में) मर गया. भीमसिंह का बड़ा बेटा अजबसिंह अपने पिता का उत्तराधिकारी न हुआ परन्तु महाराणा की सिफारिश से दूसरे पुत्र सूरजमल को उस के पिता का मंसब बादशाह ने बख़्शा. इस ख़ान्दान की बादशाह ऐसी इज़्ज़त करता था कि उसने सूरजमल के बेटे को सुल्तान की पदवी दी. सूरजमल के पीछे सर्दारसिंह राजा हुआ जिसने स० १७५० ई० में बनेड़े का गढ़ बनवाया. स० १७५६ ई० में शाहपुरे वालोंने बनेड़ा ले लिया था. सर्दारसिंह भागकर उदयपुर आया और वहीं मरा. महाराणा राजसिंह दूसरे ने उदयपुर से फौज भेजकर शाहपुरे वालों से बनेड़ा खाली करवा लिया और सर्दारसिंह के पुत्र रायसिंह को बख़्शा और अपने दूसरे उमरावों के मुवाफिक़ उसे भी एक उमराव बनाकर तलवार बंधाई के नज़राने में पचास हज़ार रुपये लिये.

स० १८१८ ई० में जब सर्कार अंगरेज़ी का मेवाड़ दर्बार के साथ अहदनामा हुआ तब बनेड़े का यही दर्जा था परन्तु राजवंश में होने के कारण दूसरे उमरा के बनिस्बत इनके हक़ूक कुछ बढ़े हुए थे अर्थात् बनेड़े के राजा के मरनेपर उसका पुत्र तलवार बंधाने को उदयपुर नहीं आता किन्तु तलवार बनेड़े भेजी जाती थी, तब वह गद्दीनशीनी के तिलक के वास्ते उदयपुर हाज़िर होता था. राजा संग्रामसिंह के निस्सन्तान मरनेपर बनेड़े के लोगों ने गोविन्दसिंह को उदयपुर दर्बार की इजाज़त हासिल करने के विनाही बनेड़े का राजा बनादिया. तब सर्कार अंगरेज़ी ने महाराणा का पक्ष लेकर स० १८५५ ई० में

गोविन्दसिंह को अलग करने के वास्ते बनेड़े सर्कारी फौज भेजना तजवीज़ किया परन्तु गोविन्दसिंह ने महाराणा की ताबेदारी मंजूर कर तलवार पहुंचने के पहिले ही उदयपुर हाज़िर होगया और महाराणा स्वरूपसिंह से अपने क़सूर की मुआफ़ी चाही, इक्कीस हज़ार रुपया जुर्माना दाख़िल कर एक इक़रारनामा लिखदिया कि आगे को उदयपुर दर्बार की इजाज़त हासिल किये विना बनेड़े की जानशीनी जायज़ न समझी जावेगी.

बनेड़े का क़स्बा उदयपुर से ६० मील है जागीर में १०१ गांव ८८०००) की आयके, छठूंद के ६१२४) रु० साल मेवाड़ दर्बार में दाख़िल करते हैं.

वंशावली

राजा भीमसिंह	राजा रायसिंह	राजा संग्रामसिंह
,, सूरजमल	,, हमीरसिंह	,, गोविन्दसिंह
,, सुल्तानसिंह	,, भीमसिंह दूसरा	,, अक्षयसिंह
,, सर्दारसिंह	,, उदयसिंह	,, अमरसिंह (मौजूद)

बाघोर

महाराणा संग्रामसिंह दूसरे के दूसरे पुत्र नाथजी को बाघोर जागीर में मिली थी. स० १७६४ ई० में भैंसरोड़गढ़ के रावत लालसिंह ने नाथजी को मारडाला. सलूमर के रावत और दूसरे सर्दारों ने, जो महाराणा अरिसिंह के ख़िलाफ थे, नाथजी के बड़े पुत्र भीमसिंह को उदयपुर की गद्दी पर बिठाना चाहा परन्तु भीमसिंह अपना स्वामिधर्म प्रकट करने को चित्तोड़गढ़ में ज़हर खाकर मरगया और उसका पुत्र शिवदानसिंह बाघोर का स्वामी हुआ. शिवदानसिंह के ४ पुत्र थे–बड़ा सर्दारसिंह महाराणा जवानसिंह के गोद आया, दूसरा सज्जनसिंह बालक मरा, तीसरा शेरसिंह बाघोर पर रहा, चौथा स्वरूपसिंह अपने भाई महाराणा सर्दारसिंह के गोद आकर उदयपुर का महाराणा हुआ. महाराजा शेरसिंह के पांच बेटों में से शार्दूलसिंह तो अपने पिता की मौजूदगी ही में उदयपुर में क़ैद में मर गया, उसका पुत्र शम्भूसिंह दो वर्ष तक बाघोर का महाराज रहकर उदयपुर में महाराणा स्वरूपसिंह के गोद आया, दूसरा सोभागसिंह बालक मरा, तीसरा समर्थसिंह बाघोर पाया लेकिन् निस्सन्तान मर गया, महाराज समर्थसिंह के मरने पर उस के छोटे भाई शक्तिसिंह को बाघोर मिलनी चाहिये थी परन्तु ऐसा न होकर सब से छोटा सोहनसिंह मालिक हो गया. स० १८७४ ई० में महाराणा शम्भूसिंह के निस्सन्तान स्वर्गवास होने पर शक्तिसिंह का पुत्र सज्जनसिंह गोद आकर उदयपुर के सिंहासन पर

बैठा, तब उन के काका सोहनसिंह ने राज्य की हक़्दारी का दावा किया था, परन्तु क़ैद करके बनारस भेज दिया गया और बाघोर शक्तिसिंह को उनकी ज़िन्दगीभर के लिये मिली. कुछ अर्से बाद सर्कार अंगरेज़ी की सिफारिश से महाराणा ने सोहनसिंह को बनारस से बुला लिया और बाघोर व उदयपुर की गद्दी का उससे निर्दावा लिखवा कर दश हज़ार रुपये साल उस के ख़र्च को मुक़र्रर कर दिये. शक्तिसिंह के मरने पर बाघोर ख़ालसे में मिलाली गई और फिर सोहनसिंह भी निस्सन्तान मर गया और उसी पर बाघोर के ख़ान्दान का ख़ातमा हुआ.

करजाली

यह ठिकाना महाराणा संग्रामसिंह के तीसरे पुत्र बाघसिंह ने पाया था. मेवाड़ की ख्यात में बाघसिंह को बड़ा बीर, विद्वान् और कलाकुशल होना लिखा है. स० १७६८ ई० में जब माधोराव सेंधिया ने मेवाड़ पर हमला किया तो बाघसिंह ने उस के मुक़ाबले में बड़ी बीरता दिखलाई थी. उस के पुत्र भैरूंसिंह के निस्बत यह ख़याल करके कि वह मंत्र जंत्र और जादू टोना जानता है, महाराणा भीमसिंह ने उसे मरवा डाला. भैरूंसिंह के पीछे दौलतसिंह शिवरती से गोद आकर वारिस हुआ, जिस के दलसिंह और अनोपसिंह दो पुत्र थे. दलसिंह तो शिवरती गोद गया और अनोपसिंह करजाली पर रहा, उस ने दलसिंह के छोटे पुत्र महाराज सूरतसिंह को गोद लिया था. विद्यमान महाराज सूरतसिंह के ४ पुत्र हैं. जिन में से बड़ा हिम्मतसिंह शिवरती गोद गया. वार्षिक आय २२०००) है.

शिवरती

यह ठिकाना महाराणा संग्रामसिंह दूसरे के चौथे पुत्र अर्जुनसिंह को मिला था. अर्जुनसिंह ने महाराणा भीमसिंह की अच्छी चाकरी की और मरहटों के हमलों में उनका ख़ैरख़्वाह बनारहा वह बड़ा वीर धर्मात्मा और विद्वान् था, अन्तसमय में काशीवास करके वहीं शरीर छोड़ा. अर्जुनसिंह के दो पुत्र थे–शिवसिंह और बहादुरसिंह, शिवसिंह अपने पिता की मौजूदगी ही में दो पुत्र छोड़कर मरगया, जिनमें बड़ा सूरजमल तो अपने दादा के पीछे शिवरती का मालिक हुआ और छोटा दौलतसिंह करजाली गोद गया. सूरजमल के निस्सन्तान मरने पर दौलतसिंह का दूसरा पुत्र दलसिंह करजाली से गोद आया. महाराज दलसिंह के तीन पुत्र हुए–बड़ा गजसिंह शिवरती रहा. दूसरा सूरतसिंह करजाली गोद गया, और तीसरे फतहसिंह जिनको पहिले गजसिंह ने गोद रक्खा थे, परन्तु माह दिसम्बर स० १८८४ ई० में महाराणा सज्जनसिंह के निस्सन्तान स्वर्गवास होनेपर गोद आकर उदयपुर की गद्दी पर विराजे हैं. महाराज गजसिंह स्टेटकौंसिल के मेम्बर बड़े नीतिनिपुण और वीर सर्दार थे उनके निस्सन्तान गुज़रने पर विद्यमान महाराज सूरतसिंह का बड़ा पुत्र हिम्मतसिंह करजाली से गोद आया है. वार्षिक आय ४५०००) है.

प्रकरण नवम

राज्य डुंगरपुर का इतिहास

यह राज्य, जो बागड़ के नाम से प्रसिद्ध है, २३ अंश ३१ कला से २४ अंश ३ कला उत्तर अक्षांश और ७३ अंश ३७ कला से ७४ अंश १६ कला पूर्व देशान्तर के दर्मियान पूर्व से पश्चिम को ४० मील लम्बा और उत्तर से दक्षिण को ३५ मील चौड़ा है. क्षेत्रफल १४०० वर्गमील के लगभग और आबादी स० १९११ ई० की मनुष्यगणना के अनुसार १५११९२ मनुष्यों की है, अर्थात् फी मील मुरब्बा ११३-६९ मनुष्य बसते हैं. आबादी में हिन्दुओं की संख्या १५२४८७ है जिन में से ७४२८१ मनुष्य भील मीने आदि जंगली जातियों के हैं.

उत्तर में उदयपुर का राज्य, पूर्व में उदयपुर का राज्य और मही नदी जो डूंगरपुर को बांसवाड़े के इलाक़े से जुदा करती है, और दक्षिण व पश्चिम में रेवाकांठा और मही-कांठा की पजन्सी है. डूंगरपुर का इलाक़ा प्रायः पहाड़ी और छोटी छोटी झाड़ियों के जंगलों से आच्छादित है परन्तु उत्तरी और पश्चिमी विभाग अच्छा उपजाऊ है. क़स्बे डूंगरपुर से ६ मील पूर्व काले पत्थर की खान है जिसे पलेवा कहते, यह पत्थर बहुत नर्म होता और प्याले रकाबी व मूर्तियां बनाने के काम में आता है. सगवाड़े के पास जो पत्थर निकलता उस के चक्की और सिलबट्टे बनते हैं. इस इलाक़े में खड़ियामिट्टी की भी खानें हैं परन्तु खोदी नहीं जातीं. कठीले पेड़ों में महुवा बहुतायत से होता है जिस के फूलों से नशीली शराब बनती है, जंगलों में साग, सीसम, हलदू आदि और और क़ीमती काठ के वृक्ष भी होते हैं.

नदियां—मही और सोम दो बड़ी नदियां हैं जिन का बागेश्वर के पास संगम होता जहां प्रतिवर्ष बड़ा मेला भरता है. इन नदियों में पानी बारहों महीने रहता है. पांच छोटे २ तालाब भी हैं. भाषा यहां की बागड़ी, अर्थात् मेवाड़ी, भीली और गुजराती भाषा का मिश्रण है. आबोहवा तर और ज्वर तिल्ली आदि बीमारियों की विशेष शिकायत रहती है.

डूंगरपुर राज्य में कुल ७१६ गांव और छोटे मोटे ४८ जागीरदार हैं. राजधानी डूंगरपुर ६४७० आदमियों की बस्ती एक पहाड़ी के दामन में लम्बा बसा हुआ है. एक सिरेपर महारावल के महल और दूसरी तर्फ एक छोटासा तालाब है. यह क़स्बा रावल डुंगरसिंह ने सं० १४६० वि० के लगभग अपने नाम पर बसाया था *, इस के अलावा गलियाकोट जो दाऊदी बोहरों का तीर्थस्थान है और सगवाड़ा दो बड़े क़स्बे इस राज्य में हैं.

सिक्का—यहां पुराना चित्तोड़ी और प्रतापगढ़ का सालमशाही रुपया चलता है. डूंगरपुर वालों का बयान है कि हमारे बुज़ुर्गों को अपना ही सिक्का बनाने के हक़ूक हासिल थे. त्रिशूलिये पैसे यहीं के बतलाये जाते. स० १८६० ई० में एक तांबे का पैसा बना जिस पर "सरकार गिरपुर" की छाप है.

डूंगरपुर राज्य की ख़ालसे की आमदनी क़रीब दो लाख रुपये सालियाना है जिन में से पहिले ३५०००) रु० सालमशाही साल के सर्कार अंगरेज़ी को ख़िराज में दिये जाते थे परन्तु स० १९०४ ई० से १७५००) कलदार देते हैं. फौज रियासत की २५१ सवार, ५३५ पैदल, दो तोप और ६ गोलंदाज़ हैं. सर्कार अंगरेज़ी में इस राज्य की सलामी १५ तोप की है.

वंश—डूंगरपुर के राजा गुहिल वंश के हैं जो अपने को मेवाड़ के राजवंश की रावल शाखा में कहते और माहप को अपना मूलपुरुष मानते हैं. कर्नल् टॉड लिखता है कि "अकसर ऐसा कहते कि कर्णसिंह के (जिस को रावल समरसिंह का पुत्र बतलाया है) दो बेटे थे माहप और राहप, परन्तु यह ग़लत है, समरसी और सूरजमल दोनों भाई थे. कर्ण समरसी का पुत्र और माहप कर्ण का पुत्र था, उस की माता चहुवाण वंश की थी. सूरजमल के पुत्र का नाम भरत था जिससे राहप उत्पन्न हुआ, अर्थात् माहप और राहप दोनों सगे भाई नहीं किन्तु काका बाबा के भाई थे. माहप मेवाड़ के दक्षिणी इलाक़े में चला गया जहां उस के वंशजों ने जुदा राज स्थापन किया."

ख्यातों व राजप्रशस्ति आदि में ऐसा लेख है कि चित्तोड़ का राज छूट जाने पर सं० १२४६ वि० में कर्णसिंह अर्बली पहाड़ों में जा रहा उस वक़्त मण्डोर का पड़िहार राणा मोकल मेवाड़ का इलाक़ा लूटता था. कर्णसिंह ने अपने बड़े पुत्र माहप को इस का

* ऐसा भी प्रसिद्ध है कि पहले यहां भीलों का राज्य था और डूंगा नामी भील ने अपने नाम पर डूंगरपुर बसाया.

प्रबन्ध करने को कहा परन्तु उससे कुछ न बन पड़ा, छोटे राहप ने मण्डोर पर धावा कर पड़िहार राणा को क़ैद कर लिया, जिस पर प्रसन्न होकर कर्ण ने राहप को अपना युवराज बनाया और पड़िहार की राणा पदवी छीन कर उसे दी, तभी से मेवाड़ के महाराजा रावल से राणा कहलाने लगे. माहप ने दक्षिणी हिस्से में जुदा राज स्थापन किया. रावल की प्राचीन पदवी आज तक उस के वंश में चली आती है.

"नेटिव चीफ्स ऑफ इण्डिया" नामी अंग्रेज़ी पुस्तक में डुंगरपुर की वंशावली कर्णसी के पुत्र माहप ही से शुरू की है और उसके पीछे पद्मसिंह, जैत्रसिंह, सामन्तसिंह, रत्नसिंह, नरवर्म आदि नाम दिये हैं.

मेवाड़ के राजाओं का राणा कहलाने और सीसोदिये प्रसिद्ध होने का वर्णन उदयपुर के इतिहास में लिखा गया और वहां यह भी बतलाया है कि सं० १२४६ वि० में होने वाला कर्णसिंह किसी प्रकार से रावल समरसिंह के पीछे, अलाउद्दीन ख़िल्जी के चित्तोड़गढ़ विजय करने उपरान्त, मेवाड़ का राजा हो नहीं सक्ता. वास्तव में कर्णसिंह, बैरट के पुत्र श्रीपुञ्ज या विक्रमसिंह का पुत्र रणसिंह ही था जो मेवाड़ की गद्दी न मिलने से अर्बली पहाड़ों में चला गया हो और वहां आहोर में अपना राज्य स्थापन किया हो. एकलिङ्ग महात्म्य में स्पष्ट लिखा है कि राउल नाम की बड़ी शाखा में जैत्रसिंह, तेजसिंह, समरसिंह चित्तोड़ पर हुए और दूसरी शाखा में माहप राहप प्रमुख भूपाल हुए. अलबत्ता कुम्भलमेरु की मामादेव की प्रशस्ति में रणसिंह या कर्णसिंह को नागदह व आघाटपुर का राजा कहा है, जिसके पीछे उस के छोटे भाई महणसिंह का पुत्र क्षेमसिंह गद्दी पर बैठा था. परन्तु सं० १३४२ वि० की रावल समरसिंह की प्रशस्ति में जो वंशावली दी है उस में रणसिंह का नाम न होने, रणसिंह के पीछे उस के पुत्रों को मेवाड़ कराज्य न मिल कर छोटे बेटे महणसिंह के पुत्र क्षेमसिंह के राजा होने, एकलिङ्ग महात्म्य में भी ऐसा लेख रहने कि "अपरस्यां शाखायां माहप राहप प्रमुख महीपालाः" और राहप ने रणसिंह की मृत्यु होने पर राणत्व प्राप्त किया" व कर्नल् टॉड के इस लेख से, कि "चित्तोड़ का राज छूट जाने पर कर्णसिंह अर्बली पहाड़ों में जा रहा था और उस ने अपने छोटे पुत्र राहप को अपना पाटवी बनाया" पाया जाता है कि अपने पिता विक्रमसिंह ही के समय में रणसिंह को या तो अर्बली पहाड़ों में जागीर मिली हो या उस को किसी कारण से वहां जाकर रहना पड़ा हो. एकलिङ्ग महात्म्य व ख्यातें, सब ही माहप राहप को कर्णसिंह या रणसिंह के पुत्र बतलाते हैं इस हालत में उपलब्ध सामग्री के अनुसार जहां तक जांचा जावे एक रावल पदवी के अतिरिक्त अन्यान्य प्रमाणों से माहप का चित्तोड़ की बड़ी शाखा में होने का विषय संदेह उत्पन्न कराये विना नहीं रहता.

डूंगरपुर वालों का आहड़िया कहलाना उन की बड़ी शाखा में होने को काफ़ी नहीं समझा जा सक्ता है क्योंकि गुहिलवंश की प्राचीन राजधानी आहड़ में होने से मेवाड़ के महाराणा भी आहड़िये ही कहलाते हैं.

मोंता नैणसी की ख्यात में ऐसा भी लेख है कि चित्तोड़ के रावल समरसिंह ने चित्तोड़ का राज तो अपने छोटे भाई को देदिया और आप बागड़ में गया, एक डोम उस का अगुवा बना, बागड़ फतह की और उसके वंशज वहां राज करने लगे. परन्तु उसी ख्यात मे पहिले डूंगरपुर वालों का मूलपुरुष माहप को बतलाया है:—"रावल करण रा बेटा दो, राहप ने माहप. राहपराणा चित्तोड़ रा धणी, रावल माहप बागड़ राधणी सो सदा चित्तोड़ रा राणारी चाकरी करता."

डूंगरपुर राज्य में उस राजवंश के मिले हुए प्राचीन लेखों में माहप का नाम न होने परन्तु पद्मसिंह, जैत्रसिंह, रत्नसिंहादि चित्तोड़ के राजाओं के नाम के पीछे नरब्रह्म (नरवर्म) का नाम रहने से ऐसा मानलें कि माहप कोई था ही नहीं, रत्नसिंह के किसी वंशज नरवर्म ने चित्तोड़ से राज्य छूटने पर मेवाड़ के दक्षिणी भाग में जाकर राजस्थापन किया इसी से चित्तोड़ के राजाओं की प्राचीन रावल पदवी अबतक डूंगरपुर के राजवंश में चली आती है. परन्तु सैकड़ों वर्षों से प्रचलित वंशपरम्परागत रिवायत बिलकुल मिथ्या नहीं हो सक्ती, हां उस में फेर फार अवश्य हो जाते हैं; अतः माहप को निरा कल्पित मनुष्य मानकर डूंगरपुर के राजवंश के साथ उस का कुछ भी सम्बन्ध न होना सहसा स्वीकार नहीं किया जा सक्ता है. इस राजवंश का प्राचीन से प्राचीन लेख सं० १४५३ वि० (स० १३९६ ई०) का मिला है. यदि उसी पर आधार रक्खा जावे तो उस में दिये हुए चित्तोड़ के राजाओं के नाम बहुत आगे पीछे हैं अतः स्पष्ट है कि उस लेख के लिखने वाले को या उस के समय में, चित्तोड़ के कितनेक गुहिलवंशी राजाओं के नाम मात्र याद थे सो आगे पीछे धर दिये; और कई लेखों में अकसर ऐसा होता है कि मूल पुरुष से वंशावली लिखने के एवज़ अपने किसी प्रसिद्ध पुरुष से वंशावली शुरू कीजाती है, तदनुसार डूंगरपुर के रावल कर्मसिंह के लेख में भी माहप का नाम छोड़ कर उस की सन्तान में होने वाले नरवर्म ही से वंशावली आरम्भ करना भी सम्भव है.

मूल शाखा से जुदा होने के पीछे डूंगरपुर के राजा कभी स्वतंत्र और कभी मेवाड़ के मातहत रहे; और फिर अकसर गुजरात के मुसलमान बादशाहों के हमले उनपर होते रहे जिन को कभी तो नज़र नज़राना देकर टाले और कभी फर्मांबर्दारी भी क़बूल की.

मिराते अहमदी में मुज़फ्फ़र शाह गुजराती दूसरे के समय में गुजरात की सल्तनत के आधीन २५ सर्कारों में डूंगरपुर को भी लिखा है, माकरेज पर्गने में ५० गांव राना डूंगरपुर के इनाम में थे, और वह एक हज़ार घोड़ों से बादशाही चाकरी करता था. मालगुज़ारी उनको माफ थी परन्तु जब नाज़िम चाहता, दण्ड ले लेता था. उस वक्त ये पहाड़ी इलाक़ों के राय व राना आसिये कहलाते थे. महाराणा मोकल या कुम्भाजी से महाराणा सांगाजी के समय तक डूंगरपुर वाले मेवाड़ के आश्रित रहे और पीछे भी महाराणा राजसिंह आदि ने उनको ताबे किये थे. उदयपुर के बाहर दक्षिण की तर्फ एक पहाड़ी पर प्राचीन मकान के खंडहर अब तक मौजूद हैं जो डूंगरपुर के महल करके प्रसिद्ध हैं. शाहंशाह अकबर ने इनको मेवाड़ से बिल्कुल अलग कर स्वतंत्र रईस बना दिये थे. मुग़लिया बादशाहत पर ज़वाल आते ही राजपूताने के और और राज्यों की तरह डूंगरपुर पर भी मरहटों ने अपना अमल जमाकर उन्हें अपने ख़िराजगुज़ार बनाये. पहिले तो वहां के ख़िराज को सेंधिया हुल्कर व धार के पंवारों ने आपस में बांट लेना तजवीज़ किया था, परन्तु अन्त में धारवालों ही का उसपर हक़ बनारहा. स० १८१८ ई० में महारावल जसवन्तसिंह दूसरे के साथ आनरेबल् ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी का अहदनामा होकर डूंगरपुर का राज्य मरहटों के ज़ुल्म से छूटकर सर्कार अंगरेज़ी की शरण में आया.

इतिहास—विक्रम की तेरहवीं शताब्दी के मध्य या उससे कुछ पूर्व गुहिल राजा रणसिंह या कर्णसिंह का पुत्र माहप किसी कारण से अपने पैतृक राज्य का हक्क खोकर मेवाड़ के दक्षिणी भाग में पहाड़ों में गया, जहां उस वक्त भोमट में चहुवाण वंश के आसिये थे. माहप की सन्तानमें से नरवर्म ने भीलों से कुछ इलाक़ा लेकर डूंगरपुर के राज्य की नीम डाली. नरवर्म के पीछे भल्ला, केसरीसिंह और सामन्तसिंह नाम के राजा हुए जिनका कुछ भी हाल नहीं मिलता है. सामन्तसिंह का पुत्र सीहड़देव था जिसने गुजरातियों से कुछ लड़ाइयां लीं.

रावल देदू या देदा से रावल उदयसिंह तक—सीहड़देव के पुत्र रावलदेदा ने अपना राज्य कुछ बढ़ाया. देदा का पुत्र रावल वरसिंह या वीरसिंह था जिसने डूंगानामी भील को मारकर डूंगरपुर की बुनियाद डाली. कहते हैं कि वह भील एक महाजन की बेटी से ज़बरदस्ती विवाह करना चाहता था, रावल वीरसिंह ने डूंगा को अपने यहां पाहुना कर साथियों समेत उसे भोजन में धतूरे का विष खिला दिया. जब सब भील अचेत होगये तो उन्हें एक कोठरी में मूंद कर आग लगादी जिससे वे सब वहीं जल कर राख होगये.

वीरसिंह के पीछे रावल भर्तृभट्ट भचुगड या भुचगड हुआ उसका पुत्र रावल डूंगरसिंह था जिसने विक्रम की पंदरहवीं शताब्दी के शुरू में (सं० १४२५=स० १३६८ ई०) के लगभग डूंगरपुर का नगर अपने नामपर बसाकर राजधानी बनाया.

रावल डूगरसिंह के पीछे रावल कर्मसिंह गद्दी बैठा. उसका एक लेख गांवडेसा इलाक़े डूंगरपुर में सं० १४५३ वि० कार्तिक वदि ७ सोमवार का मिला उससे पाया जाता है कि गुहिल वंशोद्भव भूप भचुगडसुत डूंगरसिंह तत्सुत रावल कर्मसिंह की भार्या बाई माणकदे ने एक वापी बनवाई और उसी वापी का उद्धार सं० १५२० वि० में आहड़ वंशोत्पन्न रावल श्री कर्मसिंह के पुत्र रावल श्रीगेयके एक बेटे राजश्री तेजा भार्या बाई मुक्तादे के पुत्र राजश्री बीकाने कराया *.

कर्मसिंह के पीछे रावल कान्हड़देव गद्दी बैठा. कान्हड़देव का उत्तराधिकारी रावल प्रतापसिंह या पाता था जिसने पातेरा तालाब और डूंगरपुर में पातेरा दर्वाज़ा बनवाया.

प्रतापसिंह का पुत्र रावल गजपाल हुआ जिसको गोपाल भी कहते थे (ख्यात में गैपू या गैवा लिखा है). उसका एक लेख डूंगरपुर राज्य के आंतरी गांव में पार्श्वनाथ के मंदिर में है जिसका आशय यह है कि बागड़देश में गिरिपुर पर राजा गजपाल हुआ, उसके सेवक सोम के पुत्र सालुराज ओसवाल ने सं० १४९५ वि० में यह मंदिर बनवाया. रावल गोपाल मेवाड़ के महाराणा कुम्भकर्ण का समकालीन था. कुम्भलमेरु की मामादेव की प्रशस्ति से पाया जाता है कि महाराणा कुम्भाजी ने डूंगरपुर को लूटा वहां का राजा गढ़ छोड़कर भाग गया. फारसी तवारीख़ तबकाते अकबरी में लिखा है कि स० ८३६ हि० (सन् १४३३ ई०=सं० १४८९ वि०) में गुजरात का सुलतान अहमदशाह मेवाड़ नागोर और कोलीवाड़े की मुहिम सर करने को रवाना हुआ. सिद्धपुर में पहुंच कर उसने अपनी सेना के कई विभाग किये और चारों तर्फ उन्हें लूटमार करने को भेजे. जहां कहीं मंदर मूरत मार्ग में आये तोड़े गये. कुछ अर्से बाद सुलतान डूंगरपुर आया वहां का राजा गनेसा (नाम अशुद्ध लिखा है) पहिले तो भागगया परन्तु फिर पछताकर हाज़िर हुआ. सुल्तान ने उसे अपने सामन्तों के मुवाफिक इज्ज़त दी और उसने भी ख़िराज देना मंजूर किया " रावल गैवाने गेबसागर का तालाब बनवाया और गलियाकोट परमारों से लेकर अपने राज्य में मिलाया.

रावल गोपाल का पुत्र रावल सोमदास था जिसके समय में स० ८६६ हि० (स० १४६२ ई०=सं० १५१९ वि०) में मालवे का सुलतान महमूद ख़िल्जी कुम्भलमेरु का गढ़ फतह

* यह अचली लेख अब अजमेर के म्यूजियम में है.

करने से निराश होकर लौटता हुआ डूंगरपुर आया था, रावल पहाड़ों में भागगया परन्तु फिर दशलाख रुपये नज़राने के देकर सुलह करली. रावल सोमदास के पीछे रावल गङ्गू या गङ्गदास हुए.

रावल उदयसिंह

चित्तोड़ के महाराणा सांगा के समकालीन और मेवाड़ के आश्रित राजाओं में से थे. मिराते सिकंदरी का मुवर्रख़ लिखता है कि सुल्तान मुज़फ्फ़रशाह गुजराती दूसरे के समय में ईडर के हाकिम निज़ामुल्मुल्क ने सुल्तान के पास अर्ज़ी भेजी कि राणा सांगा ४० हज़ार सवार की सेना से बागड़ में पहुंचा है और ईडर को लूटना चाहता है, ईडर में सिर्फ पांच हज़ार फौज है. सुल्तान के वज़ीरों ने वह अर्जी एक अर्से तक दबा रक्खी परन्तु जब जाना कि सुल्तान पर यह भेद खुल जायगा तो पेशकी. सुल्तान ने उनसे सलाह पूछी तो कहा कि निज़ामुल्मुल्क अकसर ऐसी भय उत्पन्न करने वाली ख़बरें भेजा करता है. पहिले भी जब राना सिरोही गया था तो उसने लिख दिया कि वह ईडर पर चढ़ाई करने का इरादा रखता है. अब भी राना सांगा बागड़ में ख़िराज वसूल करने को आया है हमारे जासूस वहां मौजूद हैं यदि कोई ऐसी बात होगी तो फौरन् इत्तिला देंगे. तारीख़ अलफी में लिखा है कि डूंगरपुर का राजा राना के साथ हो लिया जिससे निज़ामुल्मुल्क की तबाही हुई और बहुतसे मुसलमानों का खून बहाया गया.

स० १५२१ ई० में सुल्तान मुज़फ्फ़रशाह दूसरे ने मलिक अय्याज़ और किवामुल्मुल्क की मातहती में दो फौजें राना सांगा के मुक़ाबले को भेजीं वे दोनों मोड़ासे में आकर इकट्ठी हुईं और फिर बागड़ इलाक़े के गांव धामोली में पड़ाव डाला वहां से अलग २ टुकड़ियां आसपास के इलाक़े को तबाह करने को भेजी गईं और क्योंकि बागड़ का राजा, राना से मिल गया था इसलिये उस की राजधानी डूंगरपुर को जलाकर ख़ाक कर दिया. फिर वहां से सागवाड़े के मार्ग से सेना बांसवाड़े की तर्फ गई.

सुलतान मुज़फ्फ़रशाह के मरने पर उस के वज़ीर इमादुल्मुल्क ने सिकंदरशाह को मरवा कर नसीरख़ां को महमूद दूसरे के लक़ब से गुजरात के तख़्त पर बिठाया था. बहादुरख़ां उस के डर से भागकर पहिले डूंगरपुर आया, रावल उदयसिंह ने उसकी बड़ी खातिर की और उसको सहायता देने का क़रार किया *. इमादुल्मुल्क ने चित्तोड़

* तारीख़ फ़िरिश्ता और मिराते सिकन्दरी के मुवर्रख़ बागड़ के राजा का

के राणा सांगा से सहायता मांगी और बाबर बादशाह को भी चिट्ठी लिखी कि यदि आप मदद के लिये फौज भेजेंगे तो दीव बन्दर और एक क्रोड़ टंका फौज ख़र्च का दिया जावेगा. वह चिट्ठी बाबर के पास न पहुंच सकी राजा उदयसिंह ने मार्ग ही में उसे उड़ाली और बाहदुरख़ां के तर्फदार ताज़ख़ां को इस बात की इत्तिला दी.

रावल उदयसिंह के गद्दी बैठने का सही संवत् नहीं बतला सके परन्तु सम्भव है कि सं० १५६० वि० के लगभग राज पर आये हों और सं० १५८४ वि० (स० १५२८ ई०) में दश हज़ार सवार की सेना लेकर महाराणा सांगाजी की सहायता के वास्ते बाबर बादशाह के मुक़ाबले को गये और बयाने के घोर युद्ध में बड़ी वीरता के साथ मुसलमानों के मुक़ाबले में काम आये. अपने भाई बन्धु और कुटुम्बियों का साथ दे क्षत्रिय वर्ग के सामाजिक बल बढ़ाने के वास्ते अपने प्राण तक निछावर कर देना ही रावल उदयसिंह की सच्ची वीरता और बुद्धिमत्ता का नमूना है. युद्ध में अपने साथ दश सहस्र सवारों की सेना रखना बतलाये देता है कि उस वक़्त बागड़ का राज्य कैसा प्रबल था. रावल उदयसिंह के दो पुत्र थे पृथ्वीराज और जगमाल.

रावल पृथ्वीराज



अपने पिता के मारे जाने पर सं० १५८४ वि० में गद्दी बैठे. जिस बहादुरख़ां को रावल उदयसिंह ने आपत्काल में सहायता दी थी वही फिर बहादुरशाह के लक़ब से गुजरात का सुल्तान हुआ और बागड़ के राजा को अपने ताबे करने के वास्ते उस ने फौजकशी की. पहली मर्तबा तो रावल उदयसिंह के अहद में वह बागड़ में आया और माकरेज में ठहरा था. रावल उदयसिंह मुजरे को गया. वहां से सुल्तान डूंगरपुर आया और कई दिन तक तालाब के किनारे डेरा डाले रहा व मछलियों का शिकार किया. दूसरी बार स० ९३७ हि० (स० १५३१ ई० सं० १५८८ वि०) में उसने ईडर के मार्ग से बागड़ पर चढ़ाई की और जब खानपुरे गांव में पहुंचा जो महींद्री नदी के किनारे है तो ख़ाने आज़म असफख़ां और ख़ुदावन्दख़ां दो बड़े मौतबिर सर्दारों को तो सेना सहित आगे रवानेकिये और आप थोड़े चुने हुए सवार लेकर खम्भात और दीवबन्दर की तर्फ गया. वहां से

नाम रायसिंह लिखते हैं परन्तु तुज़के बाबरी वग़ैरह में साफ लिखा है कि सं० १५८४ वि० में महाराणा सांगा की सहायता के वास्ते राजा उदयसिंह बागड़ी आया था जो लड़ाई में मारा गया.

लौटकर मोड़ासे में पीछा अपनी सेना से आन मिला. सनीला गांव में रावल पृथ्वीराज ने हाज़िर होकर मुजरा किया. मिरांते सिकन्दरी का मुवर्रिख़ लिखता है कि राजा का बेटा परशुराम मुसलमान होगया. तबकाते अकबरी कहती है कि "सुल्तान की उस चढ़ाई का कारण सरहद्दी छोटे राज्यों को सज़ा देकर दुरुस्ती पर लाने का था, जहां जहां वह विजय करता गया वहां अपने थाने बिठादिये. जब डुंगरपुर के राजा ने देखा कि अब कोई आशा बचाव की नहीं है तब ताबेदारी क़बूल कर सुलह कर ली. उस के पुत्र का मुसलमान होजाना शायद सुल्तान की कृपा सम्पादन करने के लिये हो, परन्तु राजा का भाई जग्गा (जगमाल) कई मौतबिर आदमियों समेत भागकर पहिले तो पहाड़ों में जारहा और फिर चित्तोड़ के राणा रत्नसी के शरण गया. राना की सिफारिश से सुल्तान ने बागड़ का आधा राज्य जग्गा को दे दिया".

मिरांते सिकंदरी में लिखा है कि "जब सुल्तान बहादुरशाह डूंगरपुर से बांसवाड़े की तर्फ रवाने हुआ तो करची के घाटे में राना रत्नसी के वकील डूंगरसी व जाजराय हाज़िर हुए, सुल्तान उन के साथ बड़ी मिहरबानी से पेश आया. उन्होंने राना की तर्फ से नज़राना पेश किया. सुल्तान ने सनीला (फिरिश्ता में सम्बल लिखा है) गांव परशुराम को दिलवाकर बागड़ का आधा इलाक़ा पृथ्वीराज को और आधा जग्गा को बांट दिया." "जब सुल्तान वहां शेरों का शिकार कर रहा था तो एक दिन एक बड़ा नामी शेर निकला. सुल्तान ने उसे अलमख़ां को दिखलाया जो बड़ा वीर और बलवान मनुष्य था, देखते ही मस्त हाथी की तरह अलमख़ां उस शेर की तर्फ झपटा, सिंह ने भी एक जख़्मकारी उस के लगाया और दूसरा हाथ चलाने के पहिले ही अलमख़ाने उसे मारगिराया परन्तु आप भी उस जख़्म से तीसरे ही दिन मरगया". यहीं से सुल्तान मांडू को लौट गया उस वक़ रावल पृथ्वीराज भी उसके साथ गये थे. बागड़ राज्य के दो हिस्से होजाने से उसका बल टूटगया. रावल पृथ्वीराज के पीछे उनका पुत्र आशकरण गद्दी बैठा.

रावल आशकरण

दिल्ली के बादशाह हुमायूं ने सुल्तान मुज़फ्फ़रशाह गुजराती को शिकस्त देकर गुजरात को फतह कर लिया था परन्तु जब हुमायूं शेरशाह सूर से पराजित होकर ईरान की तर्फ चला गया तो सुल्तान मुज़फ्फ़र ने पीछा गुजरात पर अधिकार कर लिया. शेरशाह ने

बाज़बहादुर पठान को मालवे का सूबेदार नियत किया था. मौक़ा पाकर बाज़-बहादुर स्वतन्त्र बन बैठा तब शेरशाह के बेटे सलीमशाह सूर ने उस पर चढ़ाई की. मुक़ाबले की ताब न लाकर बाज़बहादुर भागा और डूंगरपुर में आकर शरण ली. यह घटना सं० १६०३-४ वि० (स० १५४६-४७) के लगभग हुई हो, सम्भव है कि उस वक़्त रावल आशकरण ही राज्य पर हो. रावल आशकरण के समय के तीन लेख मिले हैं. पहिला डूंगरपुर में बनेश्वर के विष्णु मन्दिर की सं० १६१७ ज्येष्ठ सुदि ३ की प्रशस्ति में लिखा है कि रावल आशकरण चिरंजीवतु बाई श्री सज्जनबाई प्रासाद कराव्यूं छै. दूसरा सागवाड़ा के पार्श्वनाथ के मंदिर में "संवत् १६२२ शाके १४८८ माघ सुदि १३ शुक्रे श्रीगिरिपुरे महारावल श्री ५ आशकरण विजयराज्ये". तीसरा खड़गदे के पास पहाड़ी पर खीरम महादेव के मंदिर में "संवत् १६ आषाढ़ादि २४ वर्षे.....क्षी नाम्नी संवत्सरे शाके १४५१ प्रवर्त्तमाने राज श्री रावल श्री.....गजी सुत रावल पृथ्वीराजजी सुत रावल श्री आशकरणजी वजैराज कुंवर सहसमलजी मंत्री जगन्नाथ".

स० ९८० हि० (स०१५७२ ई०=सं० १६२९ वि०) में शाहंशाह अकबर ने गुजरात फतह करके कुंवर मानसिंह कछवाहे, जगन्नाथ और राजा गोपाल आदि को हुक्म दिया कि ईडर के रास्ते से डूंगरपुर जावें और वहां के ज़मीदार और राना से ख़िदमत क़बूल करवावें. जब बादशाही लश्कर डूंगरपुर पहुंचा तो राजा भागकर उदयपुर चला गया, लश्कर वालों ने लूटमार करके उसका इलाक़ा उजाड़ दिया. स० ९८३ हि० (स० १५७५ ई०=सं० १६३२ वि०) में मालवे को जाते हुए मार्ग में शाहंशाह अकबर का मुकाम बांसवाड़े हुआ. वहां का रावल प्रतापसिंह और डूंगरपुर का रावल आशकरण बादशाही ख़िदमत में हाज़िर हुए. दोनों ने मेवाड़ से जुदा होकर बादशाही ताबेदारी में दाख़िल होने की दरख़्वास्त की बादशाह को तो हर तरह मेवाड़ का ज़ोर तोड़ना मंजूर ही था, उनकी दरख़्वास्त मंजूर कर दोनों को अपने अपने इलाक़े में बहाल रहने के फर्मान लिख दिये. अकबरनामे में लिखा है कि डूंगरपुर के राजा ने अर्ज़ कराई कि मेरी बेटी बादशाही हरमसरा में रक्खी जावे जिसपर बादशाह ने राजा बीरबल और राय लूणकरण (कछवाहे) को उसे लाने के वास्ते डूंगरपुर भेजे.

स० ९९३ हि० (स० १५८५ ई०=सं० १६४२ वि०) में अकबर बादशाह ने महाराणा प्रतापसिंह पर फौज भेजी थी, वह निराश होकर लौटती हुई डूंगरपुर पहुंची. अकबरनामे में लिखा है कि वहां का राजा डकैतपेशा था जब उसने बादशाही फौज की आमद सुनी तो बहुतसा तुहफा भेट किया. राजा का नाम नहीं दिया है परन्तु सम्भव है कि वह या तो रावल आशकर्ण या उस का पुत्र सहसमल हो जो अपने पिता के पीछे गद्दी पर बैठा था.

रावल सहसमल—रावल पृथ्वीराज ही के समय से डूंगरपुर का ताल्लुक़ मेवाड़ से छुट कर पीछा गुजरात की बादशाहत के साथ हो गया था. मिरातें अहमदी से पाया जाता है कि सुल्तान मुज़फ़्फ़रशाह गुजराती तीसरे के अहद में डूंगरपुर का राना सहसमल एक हज़ार सवार से सुल्तान को नौकरी देता था. डूंगरपुर राज्य में सूरपुर गांव में माधवरायजी के मन्दिर की सं० १६४७ ज्येष्ठ शुदि ५ सोमवार की प्रशस्ति में लिखा है कि रावल सहसमल की राणी चावड़ी सूरजदे ने सूरजपुर गांव में उस मन्दिर की प्रतिष्ठा करवाई थी. रावल सहसमल के पीछे उन का पुत्र कर्मसिंह गद्दी बैठा.

कर्मसिंह के बाद रावल पूंजा हुए जिसने पूंजपुर गांव बसाया. इन के समय के दो लेख मिले हैं—प्रथम डूंगरपुर में गैबसागर तालाव की पाल पर गोवर्द्धननाथ के मन्दिर का सं० १६७६ वैशाख शुदि ५ का जिस में वंशावली के बाद लिखा है कि रावल पुंजराज ने गोवर्द्धननाथ का मन्दिर बनवाया. दूसरा सागवाड़े गांव के नये मन्दिर में सं० १६८३ शाके १५४८ श्रीपुंज विजय राज्ये. बादशाह शाहजहां के अहद में उम्दा कारगुज़ारी के वास्ते रावल पूंजा को डेढ़ हज़ारी ज़ात व सवार का मंसब मिला था. महाराणा जगतसिंह (प्रथम) ने अपने मुसाहब अखैराज को फौज देकर डूंगरपुर भेजा, लड़ाई में रावल पूंजा को शिकस्त देकर अखैराज ने डूंगरपुर का नगर लूटा था. रावल पूंजा के पुत्र रावल गिरिधर हुए जिस को पादशाह शाहजहां ने एक हज़ारी मंसब दिया था. सं० १७१६ वि० (स० १६५६ ई०) में महाराणा राजसिंह ने डूंगरपुर पर फौज भेजी रावल गिरधर ने आधीनता क़बूल की. रावल गिरधर के पीछे रावल जसवन्तसिंह और फिर रावल खुमांण गद्दी बैठे जिन्होंने सं० १७५५ वि० में बादशाह औरंगज़ेब आलमगीर को मेवाड़ के महाराणा की शिकायत की थी कि वे चित्तोड़गढ़ की मरम्मत कराते हैं.

रावल खुमांण के पुत्र रावल रामसिंह थे जिसने भीलों को दण्ड देकर लूणावाड़ा इलाक़े के कितनेक गांव अपने राज्य में मिलाये और कई छोटी २ गढ़ियां बनवाई. इनके पीछे रावल शिवसिंह राजा हुए जिन्होंने डूंगरपुर की राजधानी के गिर्द पक्की शहरपनाह बनवाई और अपने राज्य भर में एक तोल और एक नाप जारी किया. शिवशाही पगड़ी की बन्दिश रावल शिवसिंह की निर्माण की हुई है. शिवसिंह के पुत्र रावल बैरीसाल के राज्य में मरहटे बागड़ में आये और रावल फतहसिंह के समय में मरहटों पिंडारों का ज़ोर वहां बढ़ा. रावल फतहसिंह के पुत्र रावल जसवन्तसिंह दूसरे से सेंधिया ने डूंगरपुर छीन लिया था जो सर्कार अंगरेज़ी की सहायता से पीछा उन के हाथ आया.

महारावल जसवन्तसिंह दूसरा

मरहटों के ज़ुल्म से बचने को उन्होंने स० १८१८ ई० में सर्कार अंगरेज़ी के साथ अहदनामा कर ब्रिटिश राज्य की शरण ली. स० १८२० ई० में एक नया क़ौलनामा सर्कार के साथ हुआ जिस में ख़िराज की रक़म की पिछली बाक़ी के रुपये ३५०००) सर्कार को देने ठहरे और आगे को शुरू तीन साल के लिये पहिले वर्ष में रु० १७०००), दूसरे में २००००) और तीसरे में २५०००) देना क़रार पाया; फिर सदा के लिये रु० ३५०००) सालमशाही सालियाना मुक़र्रर हो गये.

सं० १८२४ वि० में महारावल ने अपने मातहत सर्दारों को ज़ेर करने के वास्ते डूंगरपुर में कुछ अंगरेज़ी फौज रखने और उस के ख़र्च के ८४००) रु० सालियाना भर देने की दर्ख़्वास्त सर्कार अंगरेज़ी में पेश की परन्तु फिर वह तजवीज़ मुल्तवी रही. पहिले पहिल तो पहाड़ी भीलों को सर करने के वास्ते अंगरेज़ी सेना की आवश्यकता हुई थी परन्तु स० १८२५ ई० में भीलों के मुखियों के साथ क़ौलनामा हो गया.

अय्याशी और मद्यपान ने रावल जसवन्तसिंह को राज काज सम्भालने से ग़ाफिल रक्खा इसीलिये सर्कार अंगरेज़ी ने उन्हें गद्दी से उतार कर प्रतापगढ़ के महारावत सावन्तसिंह के पोते दलपतसिंह को गोद रख डूंगरपुर का राजा बनाया. महारावत सावन्तसिंह के निस्सन्तान गुज़र जाने से दलपतसिंह पीछा प्रतापगढ़ चला गया. उस वक़्त सर्कार अंगरेज़ी ने विचार किया था कि या तो डूंगरपुर और प्रतापगढ़ के राज्य एक कर दिये जावें या लावारिसी में प्रतापगढ़ को सर्कारी ख़ालसे के शामिल कर दे, परन्तु फिर कुछ सोच समझ कर दलपतसिंह को इजाज़त दी कि डूंगरपुर की गद्दी के वास्ते किसी को अपने गोद रख लेवे. दलपतसिंह ने सबली ठाकुर के पुत्र उदयसिंह को गोद लिया और आप दोनों राज्यों का काम सम्भालते रहे. उस मौक़े पर जसवन्तसिंह ने फिर से इख़्तियार हासिल करने और मङ्गला ठाकुर के बेटे हनवन्तसिंह को गोद बिठाने की नीयत से कुछ फ़िसाद उठाना चाहा था परन्तु उसमें सफलता न हुई और नतीजा यह निकला कि १२००) साल की पेंशन पर सर्कार अंगरेज़ी ने उसे नज़रबन्द कर के वृन्दाबन को भेज दिया और वहीं उस का शरीर छूटा.

महारावल उदयसिंह

सबली गांव से गोद आकर गद्दीपर बैठे. स० १८४४ ई० से स० १८५२ ई० तक तो प्रतापगढ़ व डूंगरपुर दोनों राज्यों का काम दलपतसिंह ही के हाथ में था परन्तु अन्त में सर्कार अंगरेज़ी ने डूंगरपुर पर से उस का इख्तियार उठाकर एक अंगरेज़ी अफसर वहां इन्तिज़ाम के वास्ते नियत कर दिया. स० १८५७ ई० के ग़दर में महारावल उदयसिंह ने सर्कार को अच्छी सहायता दी इसलिये उसी साल उन को राज के इख्तियारात दिये गये. महारावल की कन्या का विवाह जेसलमेर के महारावल के साथ, और पाटवी कुंवर खुमाणसिंह का विवाह रतलाम महाराज की पुत्री से हुआ था. माह अक्टूबर स० १८६३ ई० में कुंवर खुमाणसिंह ऐन जवानी में कालकवलित हो गये जिस से महारावल को बहुत रंज हुआ और ता० १३ फर्वरी स० १८६८ ई० को ४५ वर्ष राज्य करके साठ वर्ष की अवस्था में उन का भी शरीर छूट गया. बहुत दयालु और दातार होने और तबियत का झुकाव विषय वासना की तर्फ रहने से वे राज्य का प्रबन्ध यथोचित न कर सके इसलिये क़र्ज़ा बढ़ गया.

राय रायान महारावल श्री सर विजयसिंहजी बहादुर के. सी. आई. ई.

आप महारावल उदयसिंह के पौत्र और कुंवर खुमाणसिंह के पुत्र हैं. अपने दादा के स्वर्गवास करने पर ता० १४ फरवरी सन् १८६८ ई० को ग्यारह वर्ष की अवस्था में गद्दी बिराजे. महारावल साहब के बालकपन में पहिले तो राज्य का इन्तिज़ाम साहब रेजीडेण्ट मेवाड़ की निगरानी में होता रहा परन्तु फिर सर्कार अंगरेज़ी ने एक जुदा पोलीटिकल् अफसर डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ के राज्यों के वास्ते नियत कर दिया जो असिस्टेण्ट पोलीटिकल् एजण्ट कहलाता है. महारावल साहब ने मेओकॉलेज अजमेर में अंगरेज़ी की अच्छी शिक्षा प्राप्त की है. राज के इख्तियारात मिलने पर आप राज काज बहुत अच्छी तरह से संभालते और प्रतिदिन अपने राज्य की उन्नति करते जाते हैं. आप का विवाह सैलाने के राठौड़ राजा की कन्या के साथ हुआ है. श्रीमान् किङ्ग पञ्चम जार्ज शाहंशाह हिन्द ने अपनी वर्षग्रन्थी के उत्सव पर स० १९१२ ई० में आप की योग्यता से प्रसन्न हो आप को के. सी. आई. ई. की पदवी और तमग़ा प्रदान किया है.

डुंगरपुर के राजाओं की वंशावली

क्योंकि मुझ को प्रत्येक राजा के गद्दी बैठने व देहान्त के शुद्ध समय का पता ठीक २ न लग सका अतः शिलालेखों वा पुस्तकों द्वारा जो जो राजा जिस २ समय में मौजूद थे वही संवत् कैफियत में लिख दिया है.

नं.	राजा का नाम.	कैफियत
	माहप	कर्णसिंह या रणसिंह का पुत्र सं० १२४०–५० वि० के लगभग.
१	रावल नरवर्म	यदि माहप के वंश में हो तो उससे चौथी पांचवीं पीढ़ी में होना चाहिये.
२	,, भल्ला	
३	,, केशरीसिंह	
४	,, सामन्तसिंह	
५	,, सीहा या सीहड़देव	
६	,, देदा या देदू	
७	,, वीरसिंह या वरसिंह	
८	,, भचुगड या भुचगड	
९	,, डुंगरसिंह	सं० १४२५ वि० के लगभग डुंगरपुर बसाया.
१०	,, कर्मसिंह	सं० १४५३ वि०
११	,, कान्हड़देव	
१२	,, प्रतापसिंह या पाता	
१३	,, गजपाल या गोपाल, गैबू	सं० १४८९–९५ वि०
१४	,, सोमदास	सं० १५१९ वि०
१५	,, गङ्गू या गंगदास	

नं.	राजा का नाम.	कैफ़ियत
१६	रावल उदयसिंह	सं० १५८४ वि० में महाराणा सांगा के साथ थे, बाबर के मुक़ाबले में मारे गये.
१७	,, पृथ्वीराज	सं० १५८८ वि०
१८	,, आशकरण	सं० १६०४-४२ वि०
१९	,, सहसमल्ल	सं० १६४७ वि०
२०	,, कर्मसिंह दूसरा	
२१	,, पुंजराज या पुंजा	सं० १६७९-८३ व १७०० वि० तक था व उस से कुछ पीछे भी
२२	,, गिरधर	सं० १७१६ वि०
२३	,, जसवन्तसिंह	
२४	,, खुमाणसिंह	सं० १७५५ वि०
२५	,, रामसिंह	
२६	,, शिवसिंह	
२७	,, बैरीसाल	
२८	,, फतहसिंह	
२९	महारावल जसवन्तसिंह दूसरा	सं० १९०१ वि०
३०	महारावत दलपतसिंह	
३१	महारावल उदयसिंह दूसरे	सं० १९५५ वि०
३२	महारावल विजयसिंहजी	विद्यमान

राज्य डुंगरपुर के ख़ास ख़ास जागीरदार *

नं०	नाम जागीर	वंश	जागीर का दर्जा	वार्षिक आय	कैफियत
१	नांदली	सीसोदिया	५	१८००)	रावल जसवन्तसिंह के पोते पृथ्वीसिंह के दूसरे बेटे के वंश के हैं.
२	सबली	ऐज़न्	५	१२००)	रावल गिरधर के वंश के हैं.
३	ओघड़ा	ऐज़न्	३	१२००)	रावल जसवन्तसिंह के वंश के हैं.
४	बणकोड़ा	चहुवाण	३८	३३०००)	पृथ्वीराज चहुवाण के वंश के हैं रु.३६०२) सालियाना छठूंद दाख़िल करते हैं.
५	पीट	ऐज़न्	५०	५६००)	पृथ्वीराज चहुवाण के वंश के हैं १५४७) साल छठूंद के दाख़िल करते हैं.
६	बीछीवाड़ा	ऐज़न्	६	४०००)	पृथ्वीराज चौहाण के वंश में हैं १४०८) साल छठूंद के दाख़िल करते हैं.
७	मंडवा	ऐज़न्	१७	६६००)	पृथ्वीराज चौहाण के वंश के हैं १२७५) साल छठूंद के दाख़िल करते हैं.
८	ठाकरड़ा	ऐज़न्	१७	७७००)	पृथ्वीराज चौहाण के वंश के हैं १४०८) साल छठूंद के दाख़िल करते हैं.
९	लोडावल	ऐज़न्	५	१८००)	पृथ्वीराज चौहाण के वंश के हैं छठूंद देते हैं
१०	बमासा	ऐज़न्	३	१५००)	पृथ्वीराज चौहाण के वंश के हैं २५२) रु. साल छठूंद दाख़िल करते हैं.
११	सुलज	सीसोदिया चूंडावत	११	४०००)	सलूमर के रावत के वंश के हैं २६६) रु० साल छठूंद के दाख़िल करते हैं.
१२	कूवा	मेड़तिया राठौड़	३६	४५००)	६०२) साल छठूंद के दाख़िल करते हैं.

* यह जागीरदारों का हाल मैंने बेली साहब की "चीफ्स एण्ड नोबल्स ऑफ राजपूताना" नामी पुस्तक से लिया है.

प्रकरण दशवां

राज्य बांसवाड़े का इतिहास

बांसवाड़े का राज्य २३ अंश १० कला से २३ अंश ४८ कला उत्तर अक्षांश और ७४ अंश २ कला से ७४ अंश ४१ कला पूर्व देशान्तर के दर्मियान उत्तर से दक्षिण को क़रीब ४५ मील लम्बा और पूर्व से पश्चिम को क़रीब ३५ मील चौड़ा है. क्षेत्रफल १६४६ मील मुरब्बे के लगभग और आबादी स० १९११ ई० की मर्दुमशुमारी के बमूजिब १६५४६३ आदमियों की है अर्थात् फी मील मुरब्बा ८५-०२ मनुष्यों की बस्ती है. इस राज्य के उत्तर और उत्तर पश्चिम में उदयपुर का राज्य, पूर्व व उत्तर में प्रतापगढ़, दक्षिण में सैंगट्रल् इंडिया एजन्सी के राज्य, और पश्चिम में रेवाकांठा का इलाक़ा है.

पश्चिमी भाग खुला हुआ मैदान और उपजाऊ, बाक़ी सब प्रान्त छोटी मोटी पहाड़ियों और जंगल झाड़ियों से आच्छादित है जहां जंगली भील रहते हैं. माही नदी राज्य के उत्तर पूर्व में एक ही बड़ी नदी है शेष सब छोटे बड़े बर्सातो नाले हैं. कुल गांव १०७१ जिन-में कुशलगढ़, सिंगवाड़ा और कलिंजर के क़स्बे बड़े हैं. राजधानी बांसवाड़ा ७६६५ आदमियों की बस्ती पक्की शहरपनाह में बसा हुआ है. उसके दक्षिण भाग में महारावल के महल और पास ही एक तालाब है जिस पर पक्के घाट बने हुए हैं. पुराना बांसवाड़ा ख़ास राजधानी से अलग है. बांसवाड़ा नाम होने के विषय में जुदी जुदी रिवायतें हैं, कोई तो कहते कि रावल जगमाल ने बसना भील से वह स्थान लिया जहां उस के नाम पर पहिले बसनवाड़े की पाल थी और बसनवाड़ा ही आम बोलचाल में बांसवाड़े के नाम से प्रसिद्ध होगया; पुरानी फारसी तवारीखों में बांसवाला लिखा मिलता है जिस पर यह अनुमान हो सक्ता है कि वहां बांस बहुत होने से उस स्थान का नाम बांसवहाला या बांसवाला पड़ा हो. राज्य की वार्षिक आय २०४११०) रुपया, फौज में ५१५ सवार, ६०० पैदल, चार तोप और पांच गोलंदाज़ हैं. सर्कार अंगरेज़ी में रियासत की सलामी १५ तोप की है.

सिक्का–बांसवाड़े में पहिले सिर्फ तांबे का सिक्का बनता था, स० १८७० ई० से कुछ पीछे महारावल लक्ष्मणसिंह ने अपने नामपर लक्ष्मणशाही रुपया चलाया जो तेरह आने कल्दार के बराबर था, अब सर्कार अंगरेज़ी के हुक्म से टकसाल बन्द होगई है.

बांसवाड़े के महारावल डूंगरपुर की छोटी शाखा में हैं. वास्तव में यह राज्य मेवाड़ की रियासत का एक हिस्सा था परन्तु सर्कार अंगरेज़ी की रक्षा में आने के पूर्व ही बांसवाड़े के रईस स्वतंत्र राजा बना दिये गये थे इसलिये सर्कार ने भी उनको जुदा ही रक्खे. इस राज्य को स्थापन हुए क़रीब ३८१ वर्ष गुज़रते हैं जब कि डूंगरपुर के रावल उदयसिंह वागड़ी के छोटे पुत्र जग्गा जगमाल या जगत्सिंह को गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने महाराणा रत्नसिंह की सिफारिश से बागड़ का आधा राज्य उसके भाई पृथ्वीराज से दिलवाया था.

रावल जगतसिंह या जगमाल–बांसवाड़े वालों का मूलपुरुष, डूंगरपुर के रावल उदयसिंह का छोटा पुत्र था. फारसी तवारीख़ तबक़ाते अकबरी, मिरातेसिकन्दरी आदि से जाना जाता है कि स० ९३७ हि० (स० १५३१ ई०=सं० १५८८ वि०) में गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने बागड़ पर चढ़ाई की. पहिले तो रावल पृथ्वीराज और उसके छोटे भाई जगमाल ने सुल्तान की सेना का मुक़ाबला किया परन्तु अन्त में विवश होकर रावल पृथ्वीराज ने तो आधीनता स्वीकार करली और जगमाल कितनेक मौतबिर मनुष्यों सहित पहाड़ों में भाग गया, फिर वह राणा रत्नसिंह के शरण गया. महाराणा ने अपने वकीलों के द्वारा सुल्तान से जगमाल की सिफारिश करवाई जिस पर सुल्तान ने बागड़ का आधा राज्य उसको दिलवा दिया क्योंकि सुलतान तो अपने सहदी राय रानों का ज़ोर तोड़ना चाहता ही था *. स० १५४० ई० (सं० १५९७ वि०)

* रावल जगमाल को राज्य मिलने के विषय में और भी कई रिवायतें प्रसिद्ध हैं. बांसवाड़े वाले कहते हैं कि जगमाल ने अपनी तलवार के बल से राज्य लिया, डूंगरपुर वालों का बयान है कि रावल पृथ्वीराज ने अपनी खुशी से अपने छोटे भाई को आधा राज्य बांट दिया, मेवाड़ का दावा है कि हमने दोनों भाइयों में आपस की तक़रार देखकर डूंगरपुर को निर्बल करने के वास्ते आधा राज जगमाल को दिलवाया, कोई कहते कि डूंगरपुर के रावल उदयसिंह ही ने अपने दोनों पुत्रों को आधा आधा राज बांट दिया था. ऐसा भी प्रसिद्ध है कि पृथ्वीराज

में रावल जगमाल का देहान्त होजाने से उस का पुत्र जयसिंह अपने पिता के प्राप्त किये हुए राज्य का स्वामी हुआ.

रावल प्रतापसिंह—रावल जयसिंह के पुत्र और उत्तराधिकारी थे. सं० १६३१ वि० (स० १५७५ ई०) में मालवे को जाते हुए शाहन्शाह अकबर का मुक़ाम बांसवाड़े हुआ उस वक़्त रावल प्रतापसिंह वहां का राजा था. उन्होंने बादशाह की ख़िदमत में हाज़िर होकर ताबेदारी में दाख़िल होने की दर्ख़्वास्त की. बादशाह ने उस को मञ्जूर फर्माकर बांसवाड़े के राज का फर्मान, प्रतापसिंह को लिख दिया.

रावल प्रतापसिंह के पीछे उन का पुत्र मानसिंह गद्दी बैठा *. रावल उग्रसेन कल्याणमल

और जगमाल दोनों भाई महाराणा सांगा की सेवा में बाबर बादशाह के मुक़ाबले को गये थे (शायद अपने पिता उदयसिंह के साथ हों), लड़ाई में जगमाल सख़्त ज़ख़्मी हुआ, कुछ समय बीतने पर घावों से फ़ुर्सत पाकर वह अपने बड़े भाई के पास आया परन्तु पृथ्वीराज ने उसे झूठा और फरेबी बनाकर निकलवा दिया, तब बांसवाड़े के उत्तरी तर्फ़ पहाड़ों में रहकर जगमाल अपने बाप का मुल्क लूटने लगा. जिस जगह वह रहा था उस को आजतक जगमेर कहते हैं. उस वक़्त माहीनदी के पूर्व में कूबानिये का एक बड़ा जागीरदार था, बरसों तक जगमाल की उसके साथ लड़ाई रही परन्तु अन्त में मेल होकर जागीरदार के मरने पर उस का ठिकाना सहज ही में जगमाल के हाथ आया.

* मोंता नैणसी अपनी ख्यात में लिखता है कि मानसिंह, प्रतापसिंह की पद्मनी खवास का पुत्र था, दूसरा पुत्र न होने से योग्य देखकर सर्दारों ने उस को गद्दी पर बिठाया. जब मानसिंह चहुवाणों के यहां व्याहने को गया तो पीछे से बन्धू के भीलों ने फिसाद कर रावल मान के प्रधान को हराया और उसके घोड़े छीन लिये. मानसिंह ने आते ही कांकण डोरड़े बंधे ही भीलों पर चढ़ाई की और मुखिया भील को पकड़ लाया. रास्ते में उस भील ने किसी ढब से तलवार ले मानसिंह को मार डाला. मानसिंह सांवलदासोत नामी एक चहुवाण सर्दार ने बांसवाले का राज्य दबा लिया तो डूंगरपुर के रावल सहस्रमल्ल ने बांसवाले पर चढ़ाई की परन्तु मान चहुवाण ने रावल को पराजित किया. फिर राणा प्रतापसिंह ने

का पुत्र मानसिंह का उत्तराधिकारी था जिसने स० १०११ हि० (स० १६०२ ई०=सं० १६५६ वि०) में बादशाही तावेदारी से सिर फेरा. मालवे के सूबेदार मिर्ज़ा शाहरुख़ ने तत्काल उस को जा दबाया और बांसवाड़ा छीन लिया. उग्रसेन ने मालवे में जाकर कुछ फौज इकट्ठी की और उपद्रव उठाया, जब सूबेदार उधर पहुंचा तो रावल ने आकर बांसवाड़े पर पीछा अधिकार कर लिया. उग्रसेन के पीछे उदयसिंह या उदयभान गद्दी बैठा.

रावल समरसिंह—रावल उदयसिंह के पुत्र थे. स० १०२६ हि० (स० १६१७ ई० सं० १६७४ वि०) में बादशाह जहांगीर के दर्बार में हाज़िर होकर रावल समरसिंह ने तीस हज़ार रुपया नक़द, तीन हाथी, एक जड़ाऊ पान्दान और एक जड़ाऊ तलवार बादशाह के नज़र की. बादशाह शाहजहां ने तख्त पर बैठते ही स० १०३७ हि० (स० १६२७ ई०=सं० १६८४ वि०) में रावल समरसिंह का मंसब एक हज़ारी ज़ात एक हज़ार सवार का कर दिया. कहते हैं कि समरसिंह ने प्रतापगढ़ का बहुतसा इलाक़ा छीनकर अपने राज्य में मिलाया. राजप्रशस्ति में लिखा है कि महाराणा जगत्सिंह

रावत रायसिंह खंगारोत और सीसोदिया रत्नसिंह कांधलोत को फौज देकर बांसवाड़े भेजे. चहुवाण मान के मुक़ाबले में रायसिंह मारा गया और सीसोदियों की फौज भागी. उसी मानसिंह ने उग्रसेन कल्याणमलोत को अपने मौसालसे बुलाकर बांसवाले की गद्दी पर बिठाया परन्तु आधा राज अपने अधिकार में कर लिया. मारवाड़ के राव चन्द्रसेन का पुत्र आसकरण बांसवाले ब्याहा था, जब आसकरण मर गया तो उस की राणी हाड़ी जो जवान और खरूपवान थी बांसवाले आई. मान चहुवाण ने हाड़ीपर बुरी दृष्टि डाली जिससे वह कटार खाकर मर गई. जब रावल उग्रसेन के एक सर्दार सूरजमल जैतमालोत नौ हज़ार के पटायत ने यह बात सुनी तो वह चोली माहेश्वर के केशोदास से जाकर मिला और कहा कि मान चहुवाण को निकाल दो तो उग्रसेन की तीनों बहिनें आप को ब्याह देंगे. केशोदास संकेतानुसार १५०० आदमियों से अचांचक चढ़ आया, मान चहुवाण गढ़ की बारी कूद कर भागा और दर्गाह (बादशाही हज़ूर) में गया, वहां बहुतसा खर्च कर बांसवाले का पट्टा हासिल किया और बादशाही फौज लेकर आया परन्तु अन्त में तुर्कों ने उसे हरामख़ोर समझ कर उस का साथ छोड़ दिया और वह एक ब्राह्मण के हाथ से मारा गया. सूरजमल को २५०००) का पट्टा मिला.

प्रथम ने अपने मुसाहब भागचन्द की सर्दारी में बांसवाड़े फौज भेजी, उसने रावल समरसिंह से दो लाख रुपया दण्ड लेकर उसे महाराणा के आधीन बनाया.

रावल खुशालसिंह-समरसिंह के पुत्र थे-शायद इन्हीं के समय में महाराणा राजसिंह प्रथम ने अपने मन्त्री फतहचन्द की मातहती में फिर बांसवाड़े सेना भेजी. फतहचन्द ने बांसवाड़ा फतह कर रावल से एक लाख रुपया नक़द, एक हाथी और एक हथनी दण्ड में लिये और दश गांव ज़ब्त किये जो महाराणा ने पीछे दिलवा दिये.

रावल खुशालसिंह के पुत्र रावल अजबसिंह ने महाराणा अमरसिंह दूसरे के समय में (सं० १७५५-६८ वि०) मेवाड़ की सीमापर झगड़ा उठाया था, महाराणा ने उन की चश्मनुमाई के वास्ते फौज भेजी परन्तु बादशाह आलमगीर के वज़ीर सादुल्लाख़ां ने दोनों को समझा कर आपस में फैसला करवा दिया. डूंगरपुर बांसवाड़े प्रतापगढ़ के राजाओं का शाहंशाही दर्बार में जाना मेवाड़ वालों को अच्छा न लगता था, क्योंकि महाराणा अमरसिंह दूसरे ने जो सन्धि बहादुरशाह और फिर फर्रुख़सियर से की थी उन में से प्रथम में एक शर्त यह भी थी कि "जिस को तुम अपने पास से निकालोगे वह बादशाही हुज़ूर में न आने पावेगा"; और दूसरी में जो शर्तें महाराणा ने पेश कीं उन में से एक में साफ लिखा था कि "देवलिया, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और सिरोही के भूमिये और दूसरे ज़मींदार भी जिन पर मेरी हकूमत है, बादशाही दर्बार में न आने पावें". रावल अजबसिंह के पीछे रावल भीमसिंह, विष्णुसिंह *, उदयसिंह और विजयसिंह क्रमवार बांसवाड़े की गद्दी पर बैठे.

राजपूताने की और और रियासतों के मुवाफ़िक बांसवाड़े पर भी मरहटों ने अपना अधिकार जमा कर धार के मरहटे राजा ने उन्हें अपना ख़िराजगुज़ार बनाया. स० १८१२ ई० में अपने राज में से मरहटों को निकाल देने की शर्त पर रावल विजयसिंह के पुत्र महारावल उमेदसिंह ने सर्कार अंगरेज़ी के साथ अहदनामा करने के वास्ते अपने वकील को अंगरेज़ी रजीडण्ट के पास बड़ोदे भेजा था. वहां से उस को दिल्ली जाने की हिदायत हुई परन्तु फिर बहुत दिनों तक वह कार्यवाही बन्द रही. ता० १६ सितम्बर स० १८१८ ई०

* रावल विष्णुसिंह के दूसरे पुत्र पृथ्वीसिंह के ५ बेटे थे, उन में से बड़ा तो रावल उदयसिंह के गोद बैठकर बांसवाड़े का राजा हुआ, दूसरे बख्तसिंह को खांडू मिली, तीसरे रणसिंह ने तेजपुर पाया, चौथे खुशालसिंह को सूरपुर और पांचवें फतहसिंह को खुम्बेरा जागीर में मिला.

को महारावल उमेदसिंह के साथ आनरेबल् इंगलिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी का अहदनामा मार्क्विस ऑफ हास्टिंग्स गवर्नर जनरल् हिन्द की हकूमत में हुआ. महारावल ने सर्कार अंगरेज़ी की सलाह के मुवाफ़िक काम करने, दूसरे रईसों के साथ (पोलिटिकल्) ताल्लुक़ न रखने, अपने राज्य की वार्षिक आय में से एक रुपये पीछे छः आना सर्कार अंगरेज़ी को ख़िराज के देने, और ज़रूरत के वक़्त तलब करने पर अपने वित्त के अनुसार सर्कारी चाकरी में सेना भेजने आदि शर्तें पहिले तो मंजूर करलीं परन्तु फिर मुकर गये. उसी साल महारावल उमेदसिंह का देहान्त हुआ और उन के पुत्र भवानीसिंह गद्दी बैठे.

महारावल भवानीसिंह

ता० १० जनवरी स० १८१६ ई० के अहदनामे के मुताबिक़ धार के राजा ने डूंगरपुर बांसवाड़े का ख़िराज सर्कार अंगरेज़ी के सुपुर्द कर दिया था इसलिये ता० १३ फर्वरी स० १८१६ ई० को महारावल भवानीसिंह के साथ दूसरा अहदनामा हुआ जिसमें ऊपर लिखी शर्त्तों के अतिरिक्त ये शर्त्तें और बढ़ाई गईं कि धार आदि किसी दूसरी रियासत का जो ख़िराज बांसवाड़े के ज़िम्मे बाक़ी हो वह सर्कार अंगरेज़ी में दाख़िल करे और आगे को अपनी वार्षिक आय में से रुपये पीछे छः आना महारावल अदा करता रहे. यदि महारावल का कोई जागीरदार या रिश्तेदार, महारावल उन के वारिस व जानशीनों की फर्मांबर्दारी से सिर फेरेगा तो सर्कार अंगरेज़ी उस जागीरदार या रिश्तेदार को महारावल के आधीन बनाने में जहांतक हो सके मदद देगी. स० १८२० ई० में एक और क़ौलनामा हुआ जिसके मुताबिक़ बांसवाड़े का ख़िराज डूंगरपुर के बराबर देना ठहरा. स० १८३६ ई० तक क़रीब १७०००) रुपये सालमशाही ख़िराज के चढ़ गये और राज का प्रबन्ध भी यथोचित न होने से राजकाज सर्कार अंगरेज़ी ने अपने हाथ में लेना चाहा परन्तु महारावल ने वादा किया कि मैं इन्तिज़ाम की दुरुस्ती कर लूंगा. उसी साल हमेशा के लिये ३५०००) रु० सालमशाही सालियाना ख़िराज के मुक़र्रर हो गये. उन्नीस वर्ष राज करके सन् १८३६ ई० में महारावल भवानीसिंह ने संसार से कूंच किया और उन के कोई सन्तान न होने से बहादुरसिंह तेजपुर से गोद आकर गद्दी बैठा. वह भी पांच वर्ष महारावल कहला कर मृत्यु को प्राप्त हुए तब सूरपुर से लक्ष्मणसिंह गोद लाया गया.

महारावल लक्ष्मणसिंह



इन की गोदनशीनी के वक्त खांडू के ठाकुर मानसिंह ने अपनी हक़दारी का दावा किया था परन्तु उस की छुटूंदादि में सालियाना १३००) रुपया सदा के लिये घटा देने से उसने अपना दावा छोड़ दिया. स० १८४२ ई० में लक्ष्मणसिंह गद्दी बैठे उस वक्त वे बालक थे अतः सयाने होने तक राज का इन्तिज़ाम मामूल के मुवाफिक़ अंगरेज़ी एजण्ट की निगरानी में होता रहा.

सं० १८६६ ई० में कुशलगढ़ के राव से महारावल की अनबन हो गई. कुशलगढ़ की जागीर एक लाख रुपये साल से अधिक आय की है और बांसवाड़े की जागीर के अलावा ६० गांव रतलाम राज्य में भी जागीर के हैं. मूल उस फ़िसाद का यह था कि राव कुशलगढ़ पर महारावल ने यह दोष लगाया कि उसने बांसवाड़े राज के एक थानेपर हमला करके अपनी जागीर के एक अपराधी को छुड़ा लिया जो उस थाने में क़ैद था और राज के तीन आदमियों को मारडाले. उस अपराधी को पीछा सुपुर्द करने के वास्ते राव को कई बार लिखा गया परन्तु उस ने हुक्म की तामील न की इसलिये रतलाम राज्य में जो जागीर राव की थी वह ज़ब्त करली. राव कुशलगढ़ ने साहब पोलिटिकल् एजण्ट के पास महारावल के ज़ुल्म की फर्याद की और तहक़ीक़ात शुरू हुई. मालूम हुआ कि राज बांसवाड़े की तर्फ से यह झूंठा मुक़द्दमा खड़ा किया जाकर उस से सम्बन्ध रखने वाले कुल काग़ज़ात महारावल के इशारे से जाली बनाये गये हैं इसलिये महारावल लक्ष्मणसिंह पर सर्कार अंगरेज़ी का कोप हुआ और उनकी सलामी में चार तोपें घटादी गईं. गांव ज़ब्त करने के बदले राव कुशलगढ़ को ६३६७) रुपये हर्जाने के दिलवाने तजवीज़ होकर हुक्म हुआ कि आइन्दा कुशलगढ़ के अन्दरूनी मामलात में बांसवाड़े की तर्फ से कुछ भी दख़ल न होवे. अपने इलाक़े में से जाने वाली व्यौपार की वस्तुओं का महसूल राव लेवे, और ११००) रुपये सालियाना बांसवाड़े दर्बार को ख़िराज के देता रहे इस के सिवा जो बात अंगरेज़ी अफसर बांसवाड़े का हक़ समझ कर कहें, उस की तामील करे.

स० १८७० ई० से बांसवाड़े में एक असिस्टेण्ट पोलिटिकल् एजण्ट साहब रजीडण्ट मेवाड़ की मातहती में रहने लगा जिस की तनख़्वाह और अमले ख़र्च के ११७४१॥=) कल्दार सालियाना राज के ज़िम्मे लगाये गये. स० १८८४ ई० में इस हुक्म में तर्मीम हुई कि बांसवाड़े का पोलिटिकल् अफसर प्रतापगढ़ का भी काम करता है इसलिये उस की तनख़्वाह के ५००) माहवार और भत्ते व अमले ख़र्च का मुनासिब हिस्सा बांसवाड़े के ज़िम्मे रहे.

स० १८७१ ई० में राज के एक बड़े जागीरदार गढ़ी ठाकुर रत्नसिंह ने, जिसने अपनी बेटी उदयपुर के महाराणा शम्भूसिंह को ब्याह कर महाराणा से राव की पदवी प्राप्त की थी, आज्ञा से सिर फेरा परन्तु उस तकरार का फैसला आपस में हो गया. उसी साल गुड़े ठाकुर हिम्मतसिंह ने बग़ावत की और राज की फौज से लड़कर मारा गया.

स० १८७५ ई० में कुशलगढ़ की तलवारबन्दी का नज़राना सर्कार अंगरेज़ी के हुक्म से मुआफ हुआ. स० १८७३ ई० में बांसवाड़े और प्रतापगढ़ के दर्मियान सर्हद्दी झगड़ा हुआ. उस में भी बांसवाड़े की तर्फ की ज़ियादती साबित होने पर स० १८८० ई० तक महारावल की सलामी की तोपें, जो पहिले घटा दी गई थीं, पीछी न बढ़ीं. महारावल की अन्तावस्था में राजकाज ठीक २ न चलने से इन्तिज़ाम अंगरेज़ी अफसर के सुपुर्द हुआ था. महारावल लक्ष्मणसिंह ने १२ विवाह किये जिन से ३ पुत्र उत्पन्न हुए. पाटवी कुंवर शम्भूसिंह का अपने पिता के साथ बिगाड़ होजाने से वह एक अर्से तक बांसवाड़े में न रहने पाये थे.

सर्कारी ख़िराज के ३५०००) से घटाकर १५०००) रु० साल रख दिये गये परन्तु वह भी अधिक जानकर स० १८९६ ई० में सर्कार अंगरेज़ी ने सिर्फ ५०००) रु० कल्दार सालियाना ख़िराज मुक़र्रर कर दिया. सं० १९६२ वि० (स० १९०५ ई०) में महारावल लक्ष्मणसिंह ने शरीर छोड़ा और कुंवर शम्भूसिंह गद्दी बिठाये गये.

महारावल शम्भूसिंहजी—गद्दीनशीनी के वक़्त उनकी उमर ३७ साल की थी. तीन ही वर्ष के राज्य में उन से कई बातें ऐसी हुईं कि लाचार सर्कार अंगरेज़ी ने उन को राज करने के योग्य न समझा और स० १९०८ ई० के अक्टूबर मास में उन को राज्य से इस्तैफा देना पड़ा. अब बांसवाड़े राज्य का प्रबन्ध सर्कारी पोलिटिकल् एजण्ट के हाथ में है. महारावल शम्भूसिंहजी ने ६ विवाह किये जिन से सात पुत्र और दो कन्या हुईं. युवराज पृथ्वीसिंहजी ने मेओ कालेज अजमेर में शिक्षा पाई और अब राज काज भी सम्भालते हैं उन का विवाह सिरोही के महाराव की राज कुमारी के साथ हुआ है.

वंशावली

सं०	नाम	संवत् वि०	कैफियत
१	रावल जगमाल या जगतसिंह	१५९७ में देहान्त हुआ	डूंगरपुर के रावल उदयसिंह का छोटा पुत्र था जिसको गुजरात के सुलतान बहादुर-शाह ने बागड़ राज्य में से आधा इलाक़ा दिलवाकर बांसवाड़े का जुदा राजा बनाया.
२	रावल जयसिंह		
३	,, प्रतापसिंह	१६३१	
४	,, मानसिंह		औरस पुत्र नहीं था.
५	,, उग्रसेन	१६५९	एक वंशावली में रावल मानसिंह और उग्रसेन के दर्मियान कल्याणसिंह का नाम भी दिया है जो उग्रसेन का पिता था.
६	,, उदयभान या उदयसिंह		
७	,, समरसिंह	१६८४	
८	,, खुशालसिंह		खुशालपुर बसाया.
९	,, अजबसिंह	१७६०	
१०	,, भीमसिंह	१७७०	देहान्त हुआ.
११	,, विष्णुसिंह	१७९४	,,
१२	,, उदयसिंह दू०	१८०४	,,
१३	,, पृथ्वीसिंह	१८४२	,, नं० १२ के छोटे भाई थे.
१४	,, विजयसिंह	१८७२	,,
१५	महारावल उमेदसिंह	१८७४	,, स० १८१८ ई० में सर्कार अंगरेज़ी के साथ अहदनामा किया परन्तु उसपर अमल न हुआ.
१६	,, ,, भवानीसिंह	१८९५	,, स० १८१९ ई० में सर्कार अंगरेज़ी के साथ दूसरा अहदनामा होकर बांसवाड़े का राज्य सर्कारी रक्षा में आया.
१७	,, ,, बहादुरसिंह	१९००	
१८	,, ,, लक्ष्मणसिंह	१९६२	
१९	,, ,, श्रीशम्भूसिंहजी		सं०१९६५ वि० तक राज्य पर रहे फिर इस्तैफा देना पड़ा, विद्यमान हैं.

३७७ वर्ष में १६ राजा गद्दी बैठे, प्रत्येक का राज्य समय औसत हिसाब से १६-८४ वर्ष का आता है.

राज्य बांसवाड़े के सर्दार

मेवाड़ के मुवाफिक़ यहां भी १६ बड़े दर्जे के सर्दार थे अर्थात् आठ तो सीसोदिये व चहुवाण और आठ राठौड़ परन्तु राठौड़ अब केवल तीन ही रहे हैं. चहुवाण-मोटागांव, मेटवाला, गढ़ी, गणोर, अर्थूणा, बणकोड़ा, ठाकरड़ा और मंडवा. बणकोड़ा, ठाकरड़ा और मंडवा वाले डूंगरपुर के जागीरदार हैं परन्तु बांसवाड़े में भी जागीर रखते हैं. राठौड-कुशलगढ़, तिलवाड़ा, ओडवाड़ा. शक्तावत सीसोदिया जो भाई कहलाते-खांडू, सूरपुर, खुशालगढ़.

उपरोक्त सब सर्दार ताज़ीमी हैं. गढ़ी, कुशलगढ़, खांडू और सूरपुर के सिवा, जिनको बांसवाड़े का राज जुदा होने के पीछे जागीरें मिलीं, बाक़ी सब सर्दार पहिले से जागीरें रखते हैं, ज़रूरत के वक्त सब राज की चाकरी में हाज़िर होते और यदि रईस आप फौज के साथ जावे तो सर्दार भी खुद साथ जाते वर्ना अपने नायब को भेज देते हैं. रेख सब दाख़िल करते हैं.

बांसवाड़े राज्य में सब से बड़ी जागीरें गढ़ी के चहुवाण और कुशलगढ़ के राठौड़ों की हैं. अब कुशलगढ़ वाले बराय नाम बांसवाड़े के मातहत हैं, वे साहब असिस्टेण्ट रजीडेण्ट मेवाड़ से बाला बाला लिखा पढ़ी करते और मुक़र्ररा ख़िराज भी अंगरेज़ी पोलिटिकल् अफसर की मार्फत भेजते हैं. कुशलगढ़ का क़स्बा बांसवाड़े से ६० मील दक्षिण में है. ठिकाने की वार्षिक आय क़रीब सत्तर हज़ार रुपया और बांसवाड़े की जागीर के सिवा रतलाम राज्य में भी राव कुशलगढ़ के ६० गांव जागीर के हैं जिन के ख़िराज के १२००) रुपये साल रतलाम राज्य में दाख़िल किये जाते हैं. यह जागीर सन् १८७२ ई० में रतलाम की तर्फ से मिली थी.

कुशलगढ़ के राव, मारवाड़ के राव जोधाजी के वंश में हैं. राव जोधाजी के परपोते आसकर्ण को बादशाह औरंगज़ेब आलमगीर ने कुशलगढ़ जागीर में दिया था. राव रामसिंह के वंशज होने से अब कुशलगढ़ वाले रामावत राठौड़ प्रसिद्ध हैं. स० १६३१ ई० में रामसिंह, चहुवाणों के साथ झगड़े में मारागया. सन् १६७० ई० में अखैराज ने कुशलगढ़ बसाया. मेवाड़ के महाराणा भीमसिंहजी ने राव ज़ालिमसिंह को राव की पदवी प्रदान की. कुशलगढ़ में जब नया राव हो तो बांसवाड़े का रईस कुशलगढ़ जाकर तलवार बांधने की रस्म अदा करते हैं.

प्रकरण ग्यारहवां

प्रतापगढ़ राज्य का इतिहास

प्रतापगढ़ का राज्य जिसे कांठल व गयासपुर भी कहते, राजपूताने के दक्षिणी विभाग में मेवाड़ रजीडेन्सी से ताल्लुक़ रखता है. उस के उत्तर और उत्तर पश्चिम में मेवाड़; पूर्व और उत्तर पूर्व में सेंधिया के इलाक़े नीमच, मन्दसोर, जावद, पिपलोदा और रतलाम का राज्य; और दक्षिण व पश्चिम में बांसवाड़े का राज्य है. २३ अंश १७ कला से २४ अंश १८ कला उत्तर अक्षांश, और ७४ अंश ३१ कला से ७५ अंश ३ कला पूर्व देशान्तर के बीच का प्रदेश प्रतापगढ़ राज्य कहलाता जिसका क्षेत्रफल १२१५ मील मुरब्बा है. आबादी सन् १६११ ई० की मर्दुमशुमारी के बमूजिब ६२७०४ मनुष्यों की अर्थात् औसत हिसाब से फी मील मुरब्बा ५१·६० मनुष्य बसते हैं. जनसंख्या इतनी कम होने का कारण विशेषतर सं० १६५६ वि० (स० १८६६–१६०० ई०) का भयङ्कर दुष्काल था.

प्रतापगढ़ का उत्तर पश्चिमी भाग पहाड़ी है जहां कई तरह के बड़े वृक्षों के अलावा बांस बहुत अच्छे होते, बलूम और बड़ों के ठोस बांस बहुधा यहां से दूर दूर तक जाते हैं. कांठल की भूमि नीची होने के कारण वहां गेहूं और अफयून की खेती अच्छी होती है. व्यौपार की वस्तुओं में अनाज अफयून और देशी कपड़ा मुख्य हैं.

तालाब—रायपुर में सरपटा नामी एक तालाब है. पृथ्वीतल से चालीस पचास फुट नीचे पानी निकल आता है और मालवे से मिलता हुआ होने के कारण यहां बारिश का औसत भी सालभर में २८ तीस इञ्च तक पहुंच जाता है. इस राज्य में बड़ी नदी कोई नहीं है और आबाद गांव व क़स्बों की संख्या ६१८ है.


राजधानी प्रतापगढ़ ८३२६ आदमियों की बस्ती सते समन्दर से १६६० फुट की ऊंचाई पर पक्की शहरपनाह में बसा है. महारावत प्रतापसिंह ने अपने नाम पर उसे ढोडोरिया खेड़े की जगह अठारहवीं शताब्दी के दर्मियान बसाकर अपनी राजधानी बनाया था. पुरानी

राजधानी देवलिया प्रतापगढ़ से ७॥ मील पश्चिम में है जिस के दक्षिण में एक छोटासा गढ़ है जिसे जूनागढ़ कहते हैं. प्रतापगढ़ में थोड़े से कारीगर हरे काच पर सुनहरी काम सुन्दर बनाते हैं. राज्य की आमदनी क़रीब २६२४००) साल, जिसमें से ७२७००) रु० सालमशाही सर्कार अंगरेज़ी को ख़िराज के दिये जाते हैं. फौजमें ३२७ सवार, ४१४ पैदल, २ तोप और १३ गोलंदाज़ हैं.

सिक्का–इस राज्य में पहिले सालमशाही चलता था जो महारावत सालमसिंह ने अपने नाम पर चलाया. प्रतापगढ़ के सिवा मालवा डुंगरपुर बांसवाड़ा आदि में भी उस सिक्के का चलन बहुत था. पहिले तो उस में खोट कम होती परन्तु जब अधिक मिलने लगी तो ता० १० सितम्बर स० १८२४ ई० को ऑनरेबल् इङ्गलिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी की तर्फ से महारावत को अपने सिक्के के सुधार के वास्ते लिखा गया था. अब तो कलदार का चलन मुख्य है.

प्रतापगढ़ के राजा चित्तोड़ के महाराणा के वंश में सीसोदिये राजपूत हैं उनका मूल-पुरुष खेमकर्ण या क्षेमसिंह, महाराणा मोकलजी का छोटा पुत्र था जिसे महाराणा ने मेवाड़ राज्य में से बड़ी सादड़ी और धर्यावद के पर्गने जागीर में दिये थे. अपने भाई महाराणा कुम्भकर्ण से नाराज़ होकर वह बादशाही (मालवे के सुल्तान से मुराद हो) सेवा में जा रहा और मुसल्मानों को मेवाड़ पर चढ़ा लाया. खेमकर्ण की सन्तान कुछ समय तक सादड़ी में रहकर देवलिये की तर्फ आई जहां मेरों का अधिकार था और वह प्रान्त मेरों से छीनकर वहां अपना जुदा राज्य स्थापन किया. आज से क़रीब ४६० वर्ष पूर्व प्रतापगढ़ वाले मेवाड़ से अलग हुए और फिर यद्यपि एक अर्से तक मेवाड़ दर्बार के आधीन रहे परन्तु दूसरे सर्दारों की अपेक्षा उन की बैठक और बर्त्ताव बहुत बढ़कर था. बादशाह शाहजहां के अहद में उन्होंने बादशाही तावेदारी क़बूल की. बादशाह फर्रुख़सियर ने महारावल पृथ्वीसिंह को टकसाल खोलने की इजाज़त दी. दिल्ली की बादशाहत कमज़ोर होने पर मरहटों ने उन को जा दबाया और ख़िराज ठहराया, अन्त में स० १८१८ ई० में सर्कार अंगरेज़ी की कृपा से प्रतापगढ़ का राज्य मरहटों के पञ्जे में से छूट कर अंगरेज़ी रक्षा में आया.





महारावत सूरजमल

महारावत क्षेमकर्ण का पुत्र था. सं० १५५५ वि० (स० १४६८ ई०) के लगभग अपने पिता के मरने पर बड़ी सादड़ी का स्वामी हुआ. वह महाराणा रायमल्ल से खसाखस करता रहा और मेवाड़ की बहुतसी भूमि दबाली अन्त में महाराणा के बड़े कुंवर पृथ्वीराज ने उस को सादड़ी से निकाल दिया. जब पृथ्वीराज के साथ युद्ध में सूरजमल्ल घायल हुआ तो उस के साथी राजपूत उस को डोली में डाल कर पहाड़ों में ले गये. सूरजमल का सेवक महिया भाखरोत और पृथ्वीराज का अनुचर बन्ना देवड़ा परस्पर लड़े और बन्नाने महिया को मार लिया. कर्नल् टॉड लिखता है कि चित्तोड़ के राणा रायमल्ल के पुत्र पृथ्वीराज ने अपने काका सूरजमल से कई लड़ाइयां लड़ीं और वही सूरजमल राणा लाखा के पोते सारङ्गदेव से मिल कर मालवे के सुल्तान को मेवाड़ पर चढ़ा लाया, परन्तु अपने पुत्र पृथ्वीराज के मौके पर सहायतार्थ पहुंच जाने से राणा रायमल्ल ने सुल्तान को शिकस्त दी. सूरजमल ज़ख्मी होकर सादड़ी की तर्फ भागा परन्तु वहां भी न ठहर सका तब मेवाड़ के दक्षिण पूर्व जङ्गली इलाके में जाकर देवलिये का जुदा राज स्थापन किया और वहां एक गढ़ बनवाया. प्रतापगढ़ वालों का बयान है कि देवलिया बसाने वाला महारावत बीका था जो सूरजमल से दो पीढ़ी पीछे हुआ. सूरजमल्ल के बेटों में से राजधर, रणधीर और सहसमल्ल तो महाराणा की सेवा में मुसल्मानों के मुक़ाबले में युद्ध में मारे गये और बाघसिंह अपने पिता का उत्तराधिकारी हुआ. सहसमल्ल के बेटे कांधल के वंश के धमोतर आदि के ठाकुर सहावत कहलाते हैं.

महारावत बाघसिंह

सं० १५८७ वि० (स० १५३१ ई०) में गद्दी बैठे. चित्तोड़ के महाराणा विक्रमादित्य ने उनकी जागीर ज़ब्त करली थी इससे अप्रसन्न होकर वे मालवे के सुल्तान महमूद ख़िल्जी दूसरे के पास चले गये और वहां डेढ़ लाख रुपये साल की जागीर प्राप्त कर बाघनवाड़ा गांव अपने नाम पर बसाया.

सं० १५६२ वि० (स० १५३५ ई०) में गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने चित्तोड़ पर चढ़ाई की तो महारावत बाघसिंह अपनी जमैय्यत समेत सुल्तान से युद्ध करने को

चित्तोड़ आये, बूंदी सिरोही आदि के राव भी वहां मौजूद थे. सर्दारों की सलाह से महाराणा विक्रमादित्य और उन के छोटे भाई उदयसिंह तो चित्तोड़ से दूर सुरक्षित स्थान में भिजवा दिये गये और सब ने मिलकर महारावत बाघसिंह को महाराणा के स्थानापन्न अपनी सेना का नायक बनाया, छत्र छंगी आदि राज्यचिन्ह उन पर रक्खे गये. महारावत ने सब सर्दार व सेना को साथ लेकर बहादुरशाह पर हमला किया व बड़ी बहादुरी के साथ शत्रु के संमुख हो युद्ध करते हुए रणखेत में पतन हुए. तभी से देवलिये के राजा भी अपने को दीवान कहने लगे जो उदयपुर के महाराणा की पैतृक पदवी है. महारावत बाघसिंह के पुत्र रायसिंह चित्तोड़ पर ही अपने पिता के जानशीन हुए. उन के छोटे भाई खानसिंह के वंशज खानावत कहलाते हैं. महारावत रायसिंह के चार पुत्र थे–विक्रमसिंह या बीका, उदयकर्ण, आसकर्ण और पूर्णमल्ल.

महारावत विक्रमसिंह या बीकाजी

सं. १६०६ वि० (स० १५५२ ई०) में गद्दी बैठे. कहते हैं कि वे मेवाड़ की आधीनता त्याग मंदसोर के बादशाही सूबेदार के पास गये, सूरजमल का पुत्र कांधल भी मेवाड़ की नीमाहेड़े की जागीर छोड़ उनके साथ हो लिया. कुछ दिनों ग़यासपुर और बसार में रह कर उन्होंने सोनगिरे चहुवाणों से सुहागपुर लिया और फिर खैरोट कोटड़ी आदि पर्गने दबाकर अपने काका कांधल को धमोतर जागीर में दिया. जब महाराणा उदयसिंह ने महारावत बीका को अपनी जागीर में से निकाल दिया तो वह देवलिये में आसा नाम मेरों के सर्दार के पास जा रहे फिर होली के दिन मस्त हुए मेरों को दग़ा से मार कर उनकी भूमिपर अधिकार कर लिया. मूंता नैणसी के समय तक आसा की सन्तान के देवलिये की तर्फ से एक गांव जागीर में था.

शाहंशाह अकबर के सेनापति कुंवर मानसिंह कछवाहे के साथ हल्दी घाटी में महाराणा प्रतापसिंह ने युद्ध किया तब महारावत बीका का काका कांधल महाराणा की सेवा में आया था और उसी लड़ाई में वह बड़ी वीरता के साथ लड़ता हुआ मारा गया. महाराणा ने गांव आगरां मूंडकटी में महारावत को दिया. महारावत का दूसरा पुत्र कृष्णदास भी उसी युद्ध में खेत रहा. कृष्णदास का बेटा समरसिंह बादशाही चाकरी में दिल्ली चलागया और महारावत के तीसरे पुत्र सुर्जनदास के बेटे मुहकमसिंह ने मुहकमपुर गांव बसाया जो अब बांसवाड़े के अधिकार में है.

महारावत तेजसिंह से महारावत हरीसिंह तक

महारावत बीका के पीछे ६५ वर्ष के अन्तर में पांच राजा गद्दी बैठे. महारावत तेजसिंह बीकाजी का पाटवी पुत्र सं० १६३५ वि में राजा होकर पन्द्रह वर्ष राज्य करने उपरान्त परलोकवासी हुए. तेजसागर तालाव बनवाया.

महारावत भानुसिंह, तेजसिंह का पुत्र, सं० १६५० वि० में गद्दी बैठे. महाराणा अमरसिंह के किसी जागीरदार जोधसिंह ने सं० १६५६ वि० में मंदसोर ज़िले में उपद्रव उठाया इसलिये बादशाही सूबेदार मक्खनखां के साथ महारावत भानुसिंह, जोधसिंह का फिसाद मिटाने को भेजे गये और जीरण के मुक़ाम दोनों सेनानायक लड़ाई में खेत रहे परन्तु जोधसिंह भी जीता न बचा. महारावत भानुसिंह की छतरी जीरण में मौजूद है. पुत्र न होने से उनके छोटे भाई सिंहाजी राज के स्वामी हुए.

महारावत सिंहाजी—सं० १६६० वि में गद्दी बैठे और १६ वर्ष राज्य करके सं० १६७६ वि० में काल प्राप्त हुए. सिंहाजी के छोटे बेटे जगन्नाथ के वंश के सिंहावत कहलाते हैं.

महारावत जसवन्तसिंह—सं० १६७६ वि० में गद्दी बैठे. उनके चार पुत्र थे—महासिंह या मानसिंह, हरीसिंह, केसरीसिंह और उदयसिंह. सं० १६८६ वि० में उदयपुर के महाराणा जगत्सिंह प्रथम ने महारावत को उदयपुर बुलाया, वे अपने युवराज महासिंह समेत आये और चम्पा बाग़ में डेरा दिया. क्योंकि देवलिये के राजाओं ने महाराणा की सेवा त्याग बादशाही बन्दगी स्वीकार ली थी इसलिये महाराणा उनसे अप्रसन्न थे. धोखे के साथ महाराणा ने अपने एक सर्दार रामसिंह राठौड़ को भेजा और उसने जाकर चम्पाबाग़ घेर लिया. जब महारावत ने देखा कि अब सिवा युद्धके और कोई चारा नहीं तो कुंवर महासिंह और अपने साथी राजपूतों सहित मुक़ाबले को आन मौजूद हुए और खूब लड़कर सब के सब खेत रहे. राजप्रशस्ति में लिखा है कि महाराणा (जगत्सिंह) की आज्ञा से रामसिंह राठौड़ ने देवलिये के रावत जसवन्तसिंह और उसके पुत्र मानसिंह को पराजित किये और देवलिया लूटा. महारावत के तीसरे पुत्र केसरीसिंह से जसवन्तसिंहोत शाखा चली.

महारावत हरीसिंह—महारावत जसवन्तसिंह के दूसरे पुत्र थे, अपने पिता और बड़े भाई के मारे जाने पर उन्होंने दिल्ली जाकर महाराणा के ज़ुल्म की शिकायत बादशाह शाहजहां से की. बादशाह ने ख़िलअत व मंसब देकर उनको ढाढस बंधाई और मंदसोर के हाकिम के नाम फर्मान जारी हुआ कि देवलिये के इलाक़े से मेवाड़ वालों का दख़ल उठा देवे. हरीसिंह को महारावत की पदवी और देवलिये का पट्टा भी बादशाह ने इनायत किया जिसके एवज़ १५०००) रुपये साल ख़िराज के बादशाही ख़ज़ाने में दाख़िल करते रहने का इक़रार महारावत ने लिख दिया. जब हरीसिंह ने पीछा राज्य पाया तो परधां और झांतलां पर्गने के ३२ गांव मेवाड़ में से दबा लिये. महाराणा राजसिंह ने फिर मुसाहिब फतहचन्द को सेना सहित देवलिये भेजा. हरीसिंह भाग गया और उस की माता अपने पोते प्रतापसिंह को लेकर उदयपुर आई महाराणा ने प्रतापसिंह को अपने उमरावों में दाख़िल किया. इस तरह ज़माने के ऊंच नीच देखते सं० १७३० वि० में हरीसिंह हरिशरण हुए. उनके चार पुत्र थे—प्रतापसिंह, अमरसिंह, मुहकमसिंह, माधोसिंह.

महारावत प्रतापसिंह

सं० १७३० वि० (स० १६७३ ई०) में गद्दी बैठे. उनका एक विवाह बीकानेर और दूसरा ईडर हुआ था. ईडर जाते वक़ मार्ग में सलूमर ठहरे और रावत कृष्णदास के पोते मनोहरदास को अपने साथ लिया. सं० १७३५ वि० में प्रतापगढ़ में से बड़लिया प्रमुख गांव मनोहरदास को जागीर में दिये, उसके वंश में लारपुरा और बड़लिया दो ठिकाने चूंडावतों के हैं.

सं० १७५४ वि० (स० १६९७ ई०) में महारावत प्रतापसिंह ने प्रतापगढ़ का नगर अपने नामपर बसाकर उसे राजधानी बनाया और वहां एक गढ़ भी बंधवाया.

महारावत प्रतापसिंह के समय में कांठल का इलाक़ा उदयपुर के महाराणा ने जोधपुर के कुंवर रामसिंह को दहेज में देना चाहा था परन्तु व्याहने के वास्ते उदयपुर आते वक़ देवगढ़ के पास पीपाड़ा राजपूतों ने, जो सीसोदियों की एक शाखा है, रामसिंह को मार डाला. चौंतीस वर्ष राज्य करके सं० १७६४ वि० में महारावत प्रतापसिंह ने शरीर छोड़ा. उनके दो पुत्र थे—पृथ्वीसिंह और कीर्तिसिंह, कीर्तिसिंह ने अपने नामपर कीर्त्तिगढ़ गांव बसाया.

महारावत पृथ्वीसिंह



सं० १७६४ वि० (स० १७०७ ई०) में गद्दी बैठे. सं० १७७० वि० में बादशाह फर्रुख़सियर के दर्बार में गये, वहां उनको राव की पदवी और प्रतापगढ़ में टकसाल खोलने की इजाज़त मिली. रतलाम के राजा मानसिंह ने प्रतापगढ़ पर चढ़ाई की परन्तु हार खाकर पीछा फिरा. नौ वर्ष राज्य करने उपरान्त महारावत पृथ्वीसिंह पृथ्वीपर न रहे. उनका बड़ा बेटा पहाड़सिंह उदयपुर के महाराणा संग्रामसिंह दूसरे की चाकरी में था, वह अपने पिता की मौजूदगी ही में मरगया, और उसका पुत्र रामसिंह अपने दादा का जानशीन हुआ.

महारावत रामसिंह—सं० १७७३ वि० में गद्दी बैठे और ६ मास राज्य करके निस्सन्तान गुज़र गये इसलिये उनके काका उमेदसिंह को राज मिला.

महारावत उमेदसिंह—पांच वर्ष राज्य करके निस्सन्तान चल बसे और उनका छोटा भाई गोपालसिंह गद्दी बैठा.

महारावत गोपालसिंह—इन के वक़्त में मरहटों ने ज़ोर पकड़ा, मल्हारराव हुल्कर और पेशवा की फौज ने डूंगरपुर को घेरा. रावल शिवसिंह ने महारावत गोपालसिंह को सहायता के वास्ते बुलाया, उन्हों ने मरहटों से मामला ठहरा कर डूंगरपुर बांसवाड़े की तर्फ से पेशवा को सालियाना ख़िराज बंधवा दिया. प्रतापगढ़ में गोपालगंज बाज़ार बनवाया और अपने पाटवी कुंवर सालमसिंह को उदयपुर भेजा. चौंतीस वर्ष राज करके परलोक का मार्ग पकड़ा.

महारावत सालमसिंह



सं० १८१४ वि० (स० १७५७ ई०) में गद्दी बैठे. सं० १८१८ वि० में जसवन्तराव हुल्कर ने प्रतापगढ़ आन घेरा और तीन महीने तक घेरा डाले पड़ा रहा परन्तु कृतकार्य्य न होने से पीछा लौट गया. मेवाड़ में महता सूरतसिंह ने महाराणा से बग़ावत की, उसका उपद्रव महारावत सालमसिंह ने मिटाया. सं० १८२४ वि० में इंदोर गये वहां हुल्कर ने उनसे बराबरी की मुलाक़ात की. सं० १८२६ वि० में जब कि महाराणा अरि-

सिंह के विरुद्ध उपद्रव उठाकर रत्नसिंह ने राज का दावा किया और सेंधिया को अपनी मददपर बुलाकर उदयपुर नगर का मुहासरा करवाया था, उस वक़्त महारावत सालमसिंह महाराणा की सहायतार्थ उदयपुर गये. जो पदवी रावत और राव की बादशाही दर्बार से अता हुई थी वह महाराणा ने बहाल रक्खी और धर्याबद का पर्गना उनको फिर से जागीर में दिया. सतरह वर्ष राज करने के उपरान्त महारावत सालमसिंह का देहान्त हुआ. उन्होंने प्रतापगढ़ के गिर्द नया कोट बनवाया, सालमपुर गांव बसाया, अपने नाम पर सालमशाही रुपया चलाया, और द्वारिका में सदाव्रत बिठाया जो आज तक चलता है.

महारावत सावन्तसिंह

सं० १८३१ वि० में गद्दी बैठे. पर्गने धर्याबद के एवज़ प्रतापगढ़ के चन्द जागीरदार उदयपुर में चाकरी देते थे परन्तु महारावत की माता ने उन्हें उदयपुर जाने से रोक दिया इसलिये महाराणा भीमसिंह ने वह जागीर ज़ब्त करली और फिर कभी प्रतापगढ़ को न मिली.

मरहटों के ज़ुल्म से तंग आकर स० १८०४ ई० में महारावत ने सर्कार अंगरेज़ी की रक्षा का हाथ सिरपर धरना चाहा परन्तु उस वक़्त लार्ड कार्नवालिस गवर्नर जनरल् हिन्द की यह पालिसी (नीति) थी कि हिन्दुस्तान के देशी राज्यों से किसी तरह का सम्बन्ध न बढ़ाया जावे, इसलिये महारावत की आशा पूर्ण न हो सकी. आख़िर स० १८१८ ई० तारीख़ ६ अक्टूबर को बृटिश सर्कार के साथ प्रतापगढ़ का अहदनामा हुआ और वह राज्य सर्कारी शरण में आया. पचास सवार और दोसौ पैदल की एक ख़ास फौज सर्कारी सेवा के वास्ते रखना क़रार पाया, जिसके ख़र्च के १२०००) रु० साल स० १८२३ ई० से स० १८२६ ई० तक देना महारावत ने मंज़ूर किया और फिर उस रक़म को द्विगुण कर देने का क़रार हुआ. परन्तु स० १८४० ई० में सर्कार अंगरेज़ी ने कृपाकर उस शर्त को रद्द रक्खी और रुपया लेना मुआफ किया.

महाराजा हुल्कर का सर्कार अंगरेज़ी के साथ अहदनामा हुआ उसके अनुसार राज्य प्रतापगढ़ के ख़िराज के ७२०००) रु० सालमशाही या ५६८८७॥) कलदार हर साल सर्कार अंगरेज़ी को देना ठहराया था परन्तु वह ख़िराज की रक़म सर्कार अपनी तर्फ से महाराजा हुलकर को दे देती है.

महारावत सावन्तसिंह के कुंवर दीपसिंह ने अपने पिता से राज काज के इख्तियारात हासिल कर प्रजापर अन्याय करना आरम्भ किया और कई आदमियों को मरवा डाले जिसपर सर्कार अंगरेज़ी ने दीपसिंह को हुकूमत से ख़ारिज कर देवलिये में रहने की आज्ञा दी, उसने दुबारा प्रतापगढ़ में आकर दुंद मचाया तब क़ैद किया जाकर गिरनार के गढ़ में भेज दिया गया, वहां सं० १८८२ वि० में वह मरगया. दीपसिंह के दो पुत्र थे–केसरीसिंह और दलपतसिंह. दलपतसिंह डूंगरपुर गोदगया था परन्तु केसरीसिंह के निस्सन्तान गुज़र जाने और सं० १९०० वि० में महारावत सावन्तसिंह का स्वर्गवास होनेपर जब प्रतापगढ़ का कोई वारिस न रहा तो वह पीछा अपने दादा के राज्य का अधिकारी हुआ.

महारावत दलपतसिंह

सं० १९०० वि० में डूंगरपुर से पीछे आकर प्रतापगढ़ की गद्दीपर बैठे. थोड़े समय तक वे डूंगरपुर राज्य का काम भी करते रहे थे परन्तु अन्त में सर्कार अंगरेज़ी ने वहां से उनका दख़ल उठाकर दूसरे को गोद रखदिया. स० १८५७ ई० के बलवे में अपनी फौज नीमच भेज कर महारावत ने सर्कार अंगरेज़ी को सहायता दी. बीस वर्ष राज्य करके सं० १९२० वि० में शरीर त्यागा.

महारावत उदयसिंह

सं० १९२० वि० (स० १८६४ ई०) में राज्यपर आये, स० १८६५ ई० में उनको सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से राज्य के इख्तियारात मिले. सन् १८६६ ई० में वाइसराय व गवर्नर जनरल् हिन्द के दर्बार में आगरे गये. ऐशइशरत में डूब जाने से राज्यकाज भलीभांति न चला और बहुतसा ऋण राज्यपर होगया. छब्बीस वर्ष राज्य करके स० १८९० ई० में निस्सन्तान संसार से उठगये तब अर्णोद महाराज खुशालसिंह के पुत्र रघुनाथसिंह गोद आकर गद्दी बैठे.

विद्यमान महारावत सर रघुनाथसिंहजी बहादुर के० सी० आई० ई०



आप का जन्म स० १८५६ ई० में हुआ था, ३२ वर्ष की उमर में गोद आकर प्रतापगढ़ के राजा हुए. ता० १० जनवरी स० १८९१ ई० को सर्कार अंगरेज़ी की तर्फ से राज के इख्तियारात अता हुए. आपने दो विवाह किये हैं मेवाड़ में खवासे, और सैलाने राज्य में सेमल्ये. आपकी कन्या का विवाह बीकानेर महाराजा गंगासिंहजी के साथ हुआ. एक अर्से से आपने राज का काम अपने पाटवी कुंवर मानसिंहजी के सुपुर्द कर दिया है. ता० १२ दिसम्बर स० १९११ ई० के शाहंशाही दर्बार देहली में आपको श्रीमान् शाह जार्ज पञ्चम शाहंशाह हिन्द की तर्फ से के. सी. आई. का पदक प्रदान हुआ, गो कि आपका जाना दर्बार कैसरी में न हुआ था. कुंवर मानसिंहजी का विवाह हिमालय प्रदेश के टेहरी के राजा की कन्या के साथ हुआ है.



प्रतापगढ़ के राजाओं की वंशावली

नम्बर	नाम	देहान्त सं० वि०	कैफियत
१	रावत क्षेमसिंह या क्षेमकर्ण		चित्तोड़ के महाराणा मोकलजी के छोटे पुत्र.
२	रावत सूरजमल्ल	१५८७	दूसरे पुत्र सहसमल्ल के वंश में धमोतर वाले, और तीसरे रणमल्लके वंशके कल्याणपुरवाले हैं.
३	महारावत बाघसिंह	१५९२	चित्तोड़गढ़ पर बहादुरशाह गुजराती के मुक़ाबले में मारे गये.
४	,, रायसिंह	१६०९	
५	,, बीकाजी	१६३५	देवलिये को राजधानी बनाकर जुदा राज स्थापन किया. एक पुत्र कृष्णदास के वंश के बरलिये वाले और सुर्जनदास के वंश के रायपुर वाले हैं.
६	,, तेजसिंह	१६५०	
७	,, भानुसिंह	१६५९	
८	,, सिंहाजी	१६७९	नं० ७ के छोटे भाई.
९	,, जसवन्तसिंह	१६८९	इन के चौथे पुत्र उदयसिंह के वंश में झांतला वाले हैं.
१०	,, हरीसिंह	१७३०	इन के दूसरे पुत्र अमरसिंह के वंश के सलीमगढ़ वाले और चौथे माधोसिंह के वंश में अचलोद वाले हैं.
११	,, प्रतापसिंह	१७६४	अपने नामपर प्रतापगढ़ का नगर बसाकर राजधानी बनाया.
१२	,, पृथ्वीसिंह	१७७३	
१३	,, रामसिंह	१७७३	
१४	,, उमेदसिंह	१७७८	नं० १३ का छोटा पुत्र.
१५	,, गोपालसिंह	१८१४	नं० १४ का छोटा भाई.
१६	,, सालमसिंह	१८३१	इन के दूसरे पुत्र लालसिंह के वंश में अर्णोद वाले हैं.
१७	,, सावन्तसिंह	१९००	
१८	,, दलपतसिंह	१९२०	डूंगरपुर गोद गये थे परंतु पीछे प्रतापगढ़ आगये
१९	,, उदयसिंह	१९४६	
२०	,, रघुनाथसिंहजी	विद्यमान	अर्णोद से गोद आये.

क़रीब ३६६ वर्ष में १९ राजा हुए. औसत हिसाब से प्रत्येक का राज्यसमय १९-२६ वर्ष का आता है.

राज्य प्रतापगढ़ के बड़े दर्जे के सर्दार

इस राज्य में कुल ५० जागीरदार हैं जिनकी जागीर में ११६ गांव क़रीब अढ़ाई लाख रुपये साल की आमदनी के हैं. अव्वल दर्जे के ताज़ीमी सर्दार नौ हैं जो सब सीसोदिये हैं. हरेक जागीरदार को दत्तक पुत्र लाने के समय पहिले प्रतापगढ़ दर्बार की मञ्जूरी हासिल करनी पड़ती और ख़िराज के अलावा चाकरी भी सब ही देते हैं.

नम्बर	नाम जागीर	ग्राम जागीर में	वार्षिक आय	ख़िराज सालियाना	कैफियत
१	धमोतर	११	६०००)	६०००)	महारावत बाघसिंह के छोटे भाई सहसमल्ल के वंश के सहावत हैं. सहसमल्ल का पुत्र कमलजी हल्दीघाटी की लड़ाई में महाराणा प्रतापसिंह की सेवा में मारा गया. प्रतापगढ़ राज्य में सब से बड़े जागीरदार हैं, दर्बार में रईस के दाहिनी तर्फ अव्वल बैठक है. इन की सलाह के विना नया राजा प्रतापगढ़ की गद्दीपर नहीं बैठाया जाता है.
२	रायपुर	८	३८०००)	४३६२)	दर्बार में रईस के बांई तर्फ अव्वल बैठक है, महारावत बीकाजी के तीसरे पुत्र सुर्जनदास के बेटे रामदास के वंश में होने से रामावत कहलाते हैं.

नम्बर	नाम जागीर	जागीर में गांव	वार्षिक आय	खिराज सालियाना	कैफियत
३	कल्याणपुर	२	८०००)	२१६५)	महारावत बाघसिंह के भाई सूरजमल के तीसरे बेटे रणमल के वंश में हैं. रणमल स० १५४१ ई० में मेवाड़ की तर्फ से बूंदी वालों के मुक़ाबले में मारा गया, उस का बेटा सुल्तानसिंह महावतख़ां के मुक़ाबले में मेवाड़ की फौज का अफसर था. महारावत बीका के साथ प्रतापगढ़ आये.
४	बरलिया	२	८०००)	१३२२)	महारावत बीका के दूसरे बेटे कृष्णदास के वंश में हैं कृष्णदास के ६ बेटों में से बड़ा जेटसिंह सलूमर गोद गया था. महारावत प्रतापसिंह सलूमर से मनोहरदास को साथ लाया और बरलिया जागीर में दिया.
५	अचलोद	७	८०००)	१८३३)	महारावत हरीसिंह के तीसरे बेटे माधोसिंह के वंश में हैं.
६	भांतलां	५	१२०००)	१४१६)	महारावत जसवन्तसिंह के तीसरे बेटे केसरीसिंह के वंश के हैं.
७	अम्बेरामा	४	६०००)	१६२६)	
८	अरणोद	६	३००००)	२०२५)	
६	सालमपुर	४	११०००)	१७६६)	

शेष संग्रह

मेदपाट—यह नाम मेद या मेव जाति का निवासस्थान होने से प्रसिद्ध हुआ है. मेद या मेव मेर या मीनों से भिन्न जाति नहीं थी. उन का मूलस्थान ईरान का एक प्रदेश मीडिया हो जहां से वे सन् ईसवी की तीसरी या चौथी शताब्दी में आकर सिंध, सौराष्ट्र, गुजरात व राजपूताने में रहे हों. गुहिलवंश के मूलपुरुष बापा का मेरों या मेवों से यह प्रान्त लेना बन सक्ता है.* मेदपाट कहलाने के पूर्व राजपूताने के इस विभाग का नाम सिवि या सिबि होना कह सक्ते हैं जो उत्तर में मरु व पूर्व में मालवे तक फैला हुआ था. शायद पीछे सिवि ही सिवालिक नाम से प्रसिद्ध हुआ हो. सिवि देश का मुख्य नगर मझमिका (मध्यमिका) था. चित्तोड़ से छः सात मील पूर्व नगरी नामक प्राचीन स्थान का नाम मझमिका होना वहां से मिलेहुए हज़ारों सिक्कों से सिद्ध होता है. अब लोग उसका पुराना नाम तांबावती बतलाते हैं जो भारतवर्ष में प्राचीनतम गांव है. वहां और भी कई प्रकार के सिक्के मिले जिनमें से एक पर " मालवानां जय " की छाप है, जो शायद मालवगण के हों जिनके नाम पर देश का नाम मालवा प्रसिद्ध होना माना जाता है और आजकल जो विक्रम संवत् प्रचलित है वह भी उसी मालवजाति का चलाया हुआ समझा जाता है. जैन ग्रन्थकारों ने भी मझमिका का ज़िकर किया है और पातञ्जलि के महाभाष्य से जाना जाता है कि यवन राजा यूक्रेटाइडस ने, जो मिनिंदर या मलिंद का पुत्र था, सन् ईसवी से दोसौ वर्ष पूर्व मझमिका पर चढ़ाई की थी. बौद्ध ग्रन्थ वैसन्तर जातक में मझमिका के पास जयतूर नामी गढ़ होना बतलाया जो चित्तोड़ का प्राचीन नाम हो, पुराने अरब मुवर्रखों ने भी जीतूर या जेतूर नाम लिखा है. बृहत्संहिता में वराहमिहर ने सैव्य नाम की एक जाति बतलाई जो शायद सिवि के निवासियों का नाम हो. नगरी में प्राचीन पाली लिपि का एक लेख और एक स्तूप भी मिला है.

आघाटपुर—मेदपाट की प्राचीन राजधानी जिसका नाम भी लोग तांबावती नगरी बतलाते हैं. वहां एक प्राचीन कुण्ड है जिसे गंधर्वसेन का कुण्ड कहते हैं. गुहिल-

---

* अरबमुवर्रखों ने मेद को मंड लिखा है. शायद मंडही के कारण मारवाड़ की पुरानी राजधानी मंडोर कहलाई हो, पीछे से संस्कृत में उसका नाम मांडव्यपुर बनाया गया जैसा कि बूंदी का वृन्दावती और नारलाई का नारदीयपुर आदि.

वंश की प्राचीन रिवायत के अनुसार आघाटपुर बसानेवाला गुहिल राजा कालभोज का पिता आशादित्य (लेखों का महीन्द्र ?) माना जाता है. आशादित्य ने भागीरथ के समान गङ्गा की आराधना की, प्रसन्न होकर गङ्गा ने स्वप्न में राजा को कहा कि मैं तेरी भक्ति से तुष्ट हुई, अमुक स्थान में मेरी धारा प्रकट होवेगी. दूसरे दिन वहां एक धारा बहने लगी, तब से वह तीर्थस्थान प्रसिद्ध हुआ. आघाटपुर में वराह के एक प्राचीन मन्दिर में भर्तृभट दूसरे का सं० १००० वि० का लेख है जिसमें उसी गङ्गोद्भव तीर्थ का उल्लेख होने से सिद्ध है कि भर्तृभट के बहुत समय पूर्व वह तीर्थ प्रसिद्ध हुआ था. आश्चर्य्य नहीं कि महीन्द्र के पौत्र भर्तृहरि प्रथम या उसके पिता ने विक्रम की आठवीं शताब्दी में वह कुण्ड बनवाया हो (आघाटपुर के वर्णन में मैंने जो ग्यारहवीं शताब्दी का बना हुआ स्थान कहा है वह इस कुण्ड से भिन्न समझना चाहिये). गुहिल राजा भर्तृहरि का समय विक्रम की आठवीं शताब्दी के अन्त में स्थिर किया जासक्ता है. उसी भर्तृहरि के वंशज गुहिल बालादित्य का लेख जयपुर राज्य के चाटसू गांव में मिला है. चाटसू का पुराना नाम भी तांबावती कहा जाता और वहां भर्तृहरि (उज्जैन का) की समाधि बतलाई जाती है * ऐसे ही उदयपुर से २० मील पूर्व भटेवर (भर्तृहरिपुर) गांव में भी भर्तृहरि की गुफा होना मानते हैं. निस्सन्देह भटेवर का बसानेवाला गुहिलवंशी राजा भर्तृहरि था और भटेवर के नाम से गुहिलोतों की एक शाख भटेवरा कहलाती थी. अस्तु स्पष्ट है कि लोगों ने भ्रम से इन स्थानों का उज्जैन के भर्तृहरि से सम्बन्ध जोड़ दिया व ऐसे ही बहुतसे प्राचीन गावों को तांबावती नामसे बतलाने लगे. मेरी समझ में तो इस भ्रम का कारण यह है कि गुहिल भर्तृहरि का नाम तो प्रसिद्धि में न रहा, बैतालपच्चीसी, भर्तृहरिनिर्वेदनाटक आदि पीछे से बने हुए ग्रन्थों में भर्तृहरि की कहानी बांचकर जहां कहीं भर्तृहरि का नाम सुना उसी स्थान को तांबावती मानकर प्रत्येक भर्तृहरि को उज्जैन का राजा और विक्रमादित्य का भाई समझ लिया.

जैसे दन्तकथाओं की तांबावती गुहिल भर्तृहरि उसके पितामह और वंशजों की बसाई हुई हैं, सम्भव है कि उसी प्रकार संस्कृत के सुप्रसिद्ध काव्य 'भर्तृहरिशतक' का रचयिता भी गुहिल भर्तृहरि हो. सिवा प्राचीन दन्तकथा के और कोई प्रमाण यह नहीं सिद्ध करता कि उस ग्रन्थ का बनाने वाला उज्जैन का राजा भर्तृहरि था जिस का होना सन् ईसवी से ५७ वर्ष पूर्व माना जाता है. ग्रन्थकर्त्ता ने तो अपना नाम ग्रन्थ में दिया ही नहीं. प्रोफेसर विल्सन, मिस्टर पीटरसन् और ऐम रेनाड प्रमुख यूरोपियन संस्कृत विद्वान् उसको आठवीं

* आर्कियालाजिकल् सर्वे आफ इण्डिया रिपोर्ट जिल्द ६ पृष्ठ ११६.

शताब्दी का बना हुआ मानते हैं जो समय गुहिलवंशी राजा भर्तृहरि प्रथम के समय से मिलता है न कि उज्जैन के भर्तृहरि से. प्रायः यूरोपियन विद्वानों का तो यही मत है कि 'शतक' प्राचीनतर कवियों के काव्य में से चुना हुआ संग्रह है. * चाणक्य, कालिदासादि प्राचीन कवियों की कविता में कई श्लोक ऐसे पाये जाते हैं जिनका आशय शतक के श्लोकों से मिलता है अतः सम्भव है कि शतक के रचयिता ने उन उक्तियों को अपनी रचना में बांधकर प्रकाशित की हों. नवीं शताब्दी से पीछे बने हुए संस्कृत काव्य सुवृत्ति-तिलक, दशरूपावलोक, शार्ङ्गधरपद्धति, सुभाषितावली, ध्वन्यालोक, अलङ्कारशेखर, काव्यप्रकाश, कुवलयानन्द, सरस्वतीकण्ठाभरण आदि में कई श्लोक शतक के भर्तृहरि के नाम से उद्धृत किये हुए मिलते वैसे ही कई विना नाम के भी मिलते हैं. † इस पर ऐसा अनुमान करना अन्यथा नहीं कि शतक का रचयिता नवीं दसवीं शताब्दी से क़रीब सौ दोसौ वर्ष पूर्व हुआ हो. गुहिलवंशी राजा शैव हैं, पाशुपत योगियों के शिष्य हैं, ‡ पहिले के राजा संस्कृत के भी अच्छे विद्वान् हुए हैं, इत्यादि कारणों को लिये हुए क्यों नहीं ऐसा माना जासक्ता कि भर्तृहरिशतक का रचयिता गुहिलवंशी राजर्षि भर्तृहरि प्रथम था. सम्भव है कि उसने वैराग्यवश या अन्य किसी कारण से संसार को त्याग दिया हो जैसा कि प्राचीन काल में राजा लोग अकसर किया करते थे. इस विषय का विशेष निर्णय मैं विद्वानों पर छोड़ता हूं.

---

* देखो ! कैटेलोगस कैटेलोगोरम् पृष्ठ १९७, संस्कृत के ग्रन्थ व ग्रन्थकर्त्ताओं की सूची जिसे थिओडोर आफ्रेख्ट ने जर्मन ओरिऐण्टल् सोसाइटी के वास्ते तय्यार किया.

† देखो ! पण्डित गोपीनाथ पाठक के किये हुए भर्तृहरिशतक के भाषा व अंगरेज़ी अनुवाद की भूमिका.

‡ कोई तो ऐसा कहते कि भर्तृहरि अपनी एक राणी के अन्यायाचरण से शोकातुर हो योगी होगया और कोई उसकी प्रिया पिङ्गला का शरीर छूट जाने पर मोहवश राज पाट त्याग योग धारण कर लेना कहते हैं. गोरखनाथ से ज्ञान पाकर वह उसका शिष्य हुआ. भारत में गोरखनाथ का नाम बहुत प्रसिद्ध है वह नाथ फिर्के का कनफटा योगी था और नौ नाथों में सातवां माना जाता है. उसका समय यद्यपि निश्चित नहीं, परन्तु दशवीं शताब्दी से परे का नहीं होसक्ता. मेरे ख़याल में तो विक्रम संवत् के शुरू में नाथ फिर्के का प्रादुर्भाव ही नहीं हुआ हो. इन नाथों में एक फिर्क़ा भरथरी (भर्तृहरि) नाम का भी है जो भर्तृहरि के शिष्यों ने अपने गुरु के नाम से प्रसिद्ध किया हो.

राजपूताने के गुहिलवंशी राजाओं के अतिरिक्त नैपाल के महाराजा, प्रसिद्ध शिवाजी के वंशज बम्बई इहाते में कोल्हापुर के राजा, मध्यहिन्दुस्तान में बड़वानी के राणा, गुजरात में धर्मपुर के राणा, और दक्खन में विजयानगर के ज़मींदार अपने को सीसोदिये वंश के बतलाते अतः जहांतक पता लगा, उनके वंश का बहुत संक्षेप वर्णन पाठकों के सन्मुख धरता हूं.

नैपाल—उत्तरी हिन्दुस्तान की सीमापर एक प्रसिद्ध महाराज्य है जिसकी लम्बाई लगभग ५०० मील और चौड़ाई ९० से १०० मील तक है, क्षेत्रफल ५४००० मील मुरब्बे के क़रीब, और जनसंख्या चालीस लाख के लगभग है. आमदनी क़रीब दो क्रोड़ रुपया साल, और ४५००० पैदल सैन्य है. टॉड राजस्थान के अनुसार ऐसा माना जाता है कि चित्तोड़ के महारावल समरसिंह का एक पुत्र कल्याणराय नैपाल के मौजूदा राजवंश का मूलपुरुष था. * कल्याणराय तो अपने पिता के साथ प्रसिद्ध पृथ्वीराज चौहाण की सहायता में सुलूतान शिहाबुद्दीन ग़ोरी के मुक़ाबले में मारागया और उसका एक पुत्र टाटाराय २७ दिन चित्तोड़ का राणा रहा फिर रावल कर्णसिंह ने उसे गद्दी से उतार कर भीलाड़ा जागीर में दिया. सं० १३५८ वि० तक भीलाड़े में रहे फिर नैपाल में गये. मेरी समझ में तो यह वर्णन उतना ही सही समझा जासक्ता है जितना कि महारावल समरसिंह का पृथ्वीराज चौहाण के समकालीन होने का है. हां एक प्राचीन ख्यात में ऐसा लेख देखा गया है कि सीसोदे के राणा भीमसिंह के (जो सं० १३४० वि० के क़रीब हुआ) तीन पुत्र थे-बड़ा जयसिंह सीसोदे की गद्दी पर बैठा, छोटे जेणोजी ने जावद का नगर बसाकर वहां रहना इख्तियार किया, और तीसरा मल्होजी उत्तराखण्ड की तर्फ चलागया. सम्भव है कि यह मल्होजी गुरखे राजवंश का मूलपुरुष हुआ हो.

कोल्हापुर—यह राज प्रसिद्ध शिवाजी छत्रपति की सन्तान के अधिकार में है. शिवाजी की असलियत के विषय में कर्नल् टॉड ने तो ऐसा लिखा है कि राणा लखमसी (लक्षसिंह) के मरने पर उसका दूसरा पुत्र अजयसी राणा हुआ. अजयसी ने अपने एक पुत्र सजनसी को देशनिकाला देदिया जो दक्खन में जाकर प्रसिद्ध शिवाजी मरहटे के वंश का मूलपुरुष हुआ. परन्तु दूसरे कई प्रामाणिक इतिहासों से यह रिवायत सही नहीं समझी जासक्ती. जहांतक पता लगा यही कहना बनता है कि शिवाजी के वंश का मूलपुरुष साहू भोंसला राणा लाखाजी के पासवानिये पुत्र चाचामेरा के वंश में था. जब महाराणा

* कोई पृथ्वीराज रासे में कहे हुए रावल समरसिंह के पुत्र कुम्भकर्ण को नैपाल के राजवंशका बानी बतलाते हैं.

कुम्भकर्ण ने चाचामेरा को मारकर अपने पिता का बैर लिया तो उसका पुत्र मैपा या उसका बेटा भागकर दक्खनकी तर्फ गया हो जहां उसने अपने तईं राणाका पुत्र प्रसिद्ध किया. इसकी तस्दीक मूंता नैणसी स्पष्टरीति से करता है जो शिवाजी का समकालीन था. तदतिरिक्त फारसी तवारीख़ मुन्तख़बुल्लुबाब का मुवर्रख़ मुंशी ख़फीख़ां लिखता है कि–"शिवाजी की अस्लियत और जात के बारे में जो मैंने दक्खन के मौतबिर आदमियों और मरहटों से सुना उस का ज़िकर करता हूं. उस के बुज़ुर्ग चित्तोड़ के रानाओं की नसल में से थे, राजपूत और दूसरी हिन्दू क़ौमों में पासवान का पुत्र अनौरस और हक़ीर समझा जाता है. कहते हैं कि शिवाजी का एक बुज़ुर्ग, जिससे उस वंश का नाम भोंसला पड़ा, राना के मुल्क में रहता था, उस का एक नीची जाति की स्त्री से प्रेम हो गया और उसने उस स्त्री को घर में रखली. उसके एक पुत्र हुआ, उस लड़के और उस की माता को लेकर वह दक्खन में आया जहां गो कि उसने ऐसा प्रसिद्ध किया कि यह मेरी विवाहिता स्त्री है परन्तु असली राजपूतों ने उस के साथ सम्बन्ध न किया, इसलिये उस लड़के का विवाह एक मरहटे की कन्या के साथ हुआ. उससे सातवीं या आठवीं पीढ़ी में साहू भोंसला पैदा हुआ *.

बड़वानी–यह छोटासा राज्य मध्य हिन्दुस्तान में क़रीब एक लाख रुपये साल की आमदनी का है. यहां के राणा अपने को सीसोदिया वंश के कहते परन्तु जो कुछ प्राचीन हाल वे अपना बतलाते वह निराकल्पित ही मालूम देता है. उनकी ख्यातों में लिखा है कि बापा के २४ बेटों से गुहिलोतों की २४ शाखें चलीं, बड़ा पुत्र खुमांण चित्तोड़ की गद्दीपर बैठा और दूसरे धङ्ग के वंशज बड़वानी के राणा हैं. प्राचीन राजधानी अवासगढ़ थी. इन की सही वंशावली विक्रम की १६ वीं शताब्दी के मध्य के लगभग से शुरू होती उससे पहिले कोई पतेवार हाल नहीं मिलता है. इन का सम्बन्ध अलीमोहनपुर, झाबवा, पूरखेड़ी के सोलङ्की आदि के साथ होना पाया जाता है.

धर्मपुर–यह छोटासा राज्य बम्बई इहाते में सूरत एजेन्सी के ताल्लुक़ है. रक़बा क़रीब ८०० मील मुरब्बा और आमदनी २५०००) रु० साल के लगभग है. यहां के राणा भी अपने को सीसोदिया वंश के बतलाते और अपने मूलपुरुष रामशाह को सीसोदे के राणा राहप का वंशज मानते हैं. इनके इतिहास का सारा वृत्तान्त राणा राहप तक टॉड राजस्थान से मिलता है, आश्चर्य्य नहीं कि उसी से उद्धृत किया हुआ हो. लिखा है कि राहप


* सर ऐच. इलियट की तारीख़ हिन्दुस्तान जिल्द ७ सफ़ा २५४,

के पीछे ३६ वर्ष में ६ राजा चित्तोड़ की गद्दी पर बैठे जो प्रयाग व दूसरे पवित्र स्थानों में से मुसलमानों को निकालने के उद्योग में युद्ध में मारे गये. उसी कुटुम्ब में से रामशाह नामी कुंवर गुजरात की तर्फ़ आया, वह या तो राहप ही का पुत्र या उस के पीछे होने वाले एक दो राजाओं के वंश में था. उसने स० १२६२ ई० में धर्मपुर के राज्य को स्थापन किया. रामशाह के पीछे क़रीब ३०० वर्ष में ८ राजाओं के नाम मात्र बतलाते हैं जो भी कल्पित ही मालूम देते हैं. इन का भी ठीक हाल स० १५६६ ई० के पीछे मिलता है. मूंता नैणसी की ख्यात से पाया जाता है कि चित्तोड़ का राज्य छूटने पर बणवीर गुजरात की तर्फ चला गया था, शायद उसी की सन्तान ने गुजरात के सुल्तान महमूदशाह से कुछ इलाक़ा पाकर राज्य स्थापन किया हो परन्तु इस विषय में निश्चितरूप से कुछ भी नहीं कहा जा सक्ता क्योंकि धर्मपुर राज्य का पुराना इतिहास निरे अन्धकार में है. इन के सम्बन्ध छोटे उदयपुर, राजपीपला, बांसवाड़ा और जाड़ेजे ठाकुरों के साथ हुए हैं.

विजयानगरम–दक्षिण में विजिगापट्टम ज़िले में बड़ी ज़मींदारी है, रक़बा क़रीब ८००० मील मुरब्बा और आमदनी क़रीब २० लाख रुपये साल की है. एक छोटीसी पुस्तक स० १८८३ ई० में इस राजवंश के संक्षिप्त इतिहास की विजियानगरम में छपी जिसमें लिखा है कि "महाराजा के पुरुषा उदयपुर के राणा के वंश के हैं इसलिये वे वशिष्ठगोत्री गुहिलोतों की सीसोदिया शाखा में हैं. जब महाराज कुमारिका विजयानगरम का विवाह रीवां होना निश्चय हुआ तो यह बात तै होगई कि उदयपुर व विजयानगर के राज्य की वंशावली मिलती है. उस के काग़ज जो मौजूद हैं उन पर उदयपुर के महाराणा शम्भूसिंह और जयपुर के महाराजा रामसिंह के मोहर दस्तख़त हैं."

"गुहिलोतों के एक बुज़ुर्ग विजयभूप ने अयोध्या जीत कर दक्खन की तर्फ पयान किया, एक गढ़ बनवा कर विजयनगर का शहर बसाया. राजा शालिवाहन के शक सं० ५१४ में (स० ५६१ ई०=सं० ६४८ वि०) (विजयभूप) के वंश का माधव वर्मा इस वंश का मूलपुरुष हुआ." मैं नहीं कह सक्ता कि यह बयान कहांतक सही है परन्तु विजयनगरम का सिलसिलेवार इतिहास केवल बादशाह औरङ्गज़ेब आलमगीर के ज़माने से मिलता है जिस वक़्त यह प्रान्त कलिङ्ग कहलाता था. हां कई फ़ारसी तवारीख़ों से गुहिलोतों का राज्य पहिले दक्खन में होना पाया जाता है और उन के प्राचीन लेखों से भी महेन्द्र राजा का चोड़ कर्णाट देश जीतने का पता लगता है, फिर राजा अल्लट के लेख से जाना जाता है कि उस की राजधानी में कर्णाट आदि देशों से व्यौपारी आते थे तो क्या अजब है कि गुहिल वंश के किसी राजकुमार ने वहां (दक्खन में) अपना कोई राज्य भी स्थापन कर लिया हो.

* शुद्धिपत्र *



पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध.	शुद्ध.
११	७	पेट चर्चा की बातें	पेट चर्चा
१७	१४	ह	हैं
२१	२	आनन्दपुर विनिर्गत	आनन्दपुरविनिर्गत
२१	२	श्री गुहदत्तः	श्रीगुहदत्तः
२१	३	श्रीगुहिल वंशस्य	श्रीगुहिलवंशस्य
२१	१७	श्रीगुहिल बंशस्य	श्रीगुहिलवंशस्य
२४	६	यहि	यदि
२५	१२	श्रीमानभून्नृपति	श्रीमानभून्नृपपति
२५	१३	मधुजित्प्रभावः" "	मधुजित्प्रभावः
२५	१३	गौहिलवंश भव	गौहिलवंशभव
२७	२१	बल्लभीपर	बल्लभीपुर
३०	२५	मा	मारा
३०	२६	आ	आप
३०	२७	नागह्रद	नागह्रद
३२	४	भेद	मेद
३३	५	किय	किया
३४	२६	ह्रदे	ह्रदे
३७	१०	महेन्द्र	अपराजित के पीछे महेन्द्र
३७	१७	काल कराल कर्कश	कालकरालकर्कश
३७	२३	धनुष्काल	धनुष काल
३८	२१	मम्मठ	मम्मट
४०	२४	पुत्रागोत्रं	पुत्रगोत्रं
४२	२०	नाढोल	नाडोल
४६	६	समूरा	सूमरा
४६	१२	महेशपूजा हतकलमषौघ,	महेशपूजाहत्कलमषौघ

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध.	शुद्ध.
४६	१२	इलापति	इलापतिः
५०	२४	गोरिपति	गोरिपतिं
५०	२४	सूर्यबिंबभित	सूर्यबिंबभित्
५०	२५	पुस्तकेस्य ।	पुस्तकेस्य
५२	२०	ड़ाईनैस्टी	डाइनैस्टी
५६	४	गौरी	गोरी
५७	२४	शखोपशाखाकुलितः	शाखोपशाखाकुलितः
५७	२५	मूर्द्धना	मूर्द्धनि
५७	२५	जयति उदारो	जयत्युदारो
५८	१५	मूर्ति नृपकर्णः	मूर्तिनृपकर्णः
५८	१६	सोदुर्ग	सदुर्ग
५८	१७	शाखा द्वितीय	शाखाद्वितीयं
५८	२२	विक्रम केसरी	विक्रमकेसरी
५८	२५	सामन्तसिंह नामा भूमि पति भूतले	सामन्तसिंह नामा भूमिपतिर्भूतले
५६	३	महीपालः	महीपालाः
५६	४	यद्वंशं	यद्वंशे
५६	४	गजपतयः छत्रपत	गजपतयच्छत्रपत
६०	११	संवम्	संवत्
६०	२४	थ	थे
६१	२५	को छोड़े	के छोटे
६६	१७	औज	ओज
७२	२	शहंशाह	शाहंशाह
७२	६	हूआ	हुआ
७२	१०	पीपला	पीपली
७३	७	चलों	चलीं
७३	२४	दायंदायमायाया	दायंदायममायस्या
७३	२५	गयां	गयाम्
७३	२६	करमालय्य	करमाकलय्य

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
७३	२६	निषद्धतीर्थसरसि	निबद्धतीर्थसरसि
७४	२	अब्बल	अव्वल
७४	६	मडोवर	मंडोवर
७५	२३	संगर सरस्तरवारि	संगरसरस्तरवारि
७५	२३	वारिणया सज्य	वारिणयासज्य
७५	२४	शैवंमहः	शैवमहः
७६	२	बचने	बेचने
७६	४	अलवा	अलावा
७६	२७	नरवरयानागोर	नौरलाई
७७	७	सहायना	सहायता
७७	६	बसाया	बनाया
७८	२६	चाकरीम	चाकरीमें
७९	१	मरगथा	मरगया
८०	२३	दृर्शय	दर्शय
८०	२४	परिषां	परिखां
८०	२४	गजाँगृहीत्वा	गजान् गृहीत्वा
८०	२६	गोमतल्लीर मोचयद्	गोमतल्लीरमोचयद् यो
८०	२६	चिराययो	चिराय यो
८३	२५	नागहृद	नागहूद
८८	६	बड़	बड़े
८८	१०	तादारी	ताबेदारी
९०	७	वह्व	वहां
९०	२४	करन	करना
९३	१५	वगैरह	वगैरह
९५	१६	दीं	दीं
१०७	११	بحور	بحور
१०९	१५	टड	टॉड
१०९	१९	धय	धाय

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध.	शुद्ध.
११०	५	स	से
११०	८	मिया	मियां
१११	५	कर	का
१२६	१२	नहा	नहीं
१२७	२	अपन	अपने
१२७	२५	पूण	पूर्ण
१२७	२७	बफादारी	वफादारी
१२८	१	मरसिये	मर्सिये
१३३	३	स० १६५४	सं० १६५४
१३४	६	महाराण	महाराणा
१४३	८	अब्दुलक़रीम	अब्दुल्करीम
१४६	१	सइतरह	इसतरह
१४६	२०	बादा	वादा
१५८	३	पोशाकों	पोशाकें
१६०	२६	इन्दौर	इन्दोर
१६१	२	क जाटों	के जाटों
१६३	४	पशवा	पेशवा
१६४	११	वलोग	वे लोग
१७६	१२	दखेकर	देखकर
१८१	२३	दी की	दी कि
१८४	२१	हिन्दूस्तान	हिन्दुस्तान
१६७	१४	सद	सदा
२०२	७	कणसिंह	कर्णसिंह
२०६	२४	धर्मौगद	धर्मोगद
२१६	२५	"चौथे पुत्र हरिसिंह को "बेमाली मिलीथी	चौथे पुत्र हरिसिंह को बेमाली मिलीथी
२२०	७	बारिस	वारिस
२४०	२८	रक्ख	रक्खे
२४३	२०	क राज्य	का राज्य
२५०	११	रावल श्रो	रावल श्री

V
(AA)


00055883

- 5 SEP 1983
31 DEC 1983

Digitized with financial assistance from
Avinash Alegaonkar
on 29 July, 2018